कृष्णदास संस्कृत सीरीज ११५

श्रीमद्भगवत्पतञ्जलिमहर्षिप्रणीतम्

व्याकरण-महाभाष्यम्

(१--५ आह्निकानि)

प्रदीपोद्द्योत-भावबोधिनी-हिन्दीव्याख्योपेतम्

हिन्दीव्याख्याकारः सम्पादकश्च
प्रो० जयशङ्करलालत्रिपाठी

कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

श्री मुमुक्षु भवन वेद वेदाङ्ग पुस्तकालय
वा रा ण सी

सदस्य संख्या—

नाम .... कक्षा ... ...

पिता का नाम ... .

वर्तमान पता ... ...

स्थायी पता ....

मैं ग्रन्थालय की सदस्यता की प्रार्थना करता हूँ। एतदर्थ ग्रन्थालय के नियमों के पालन का वचन देता हूँ।

ह० प्रधानाचार्य

हस्ताक्षर

दिनांक—

कृष्णदास संस्कृत सीरीज
११५

****

श्रीमद्भगवत्पतञ्जलिमहर्षिप्रणीतम्

व्याकरण-महाभाष्यम्

(१--५ आह्निकानि)

स'प्रदीप''-भावबोधिनी'-हिन्दीव्याख्योपेतम्

द्वितीयाह्निकाद् उद्द्योतेनापि विभूषितम्

हिन्दीव्याख्याकारः सम्पादकश्च
प्रो० जयशङ्करलालत्रिपाठी
व्याकरणाचार्यः (लब्धस्वर्णपदकः)
एम० ए०, पी-एच० डी०, डी० लिट्०
आचार्यः
संस्कृत-विभागः, कलासङ्कायः, काशी हिन्दू विश्वविद्यालयः, वाराणसी

कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

प्रकाशक : कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
संस्करण : प्रथम, वि० सं० २०५५

पो० बा० नं० १११८
के० ३७/११८, गोपाल मंदिर लेन, वाराणसी–२२१००१
(भारत)
☎ : ३३५०२०

अपरं च प्राप्तिस्थानम्

चौखम्बा संस्कृत सीरीज़ आफिस

के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० १००८, वाराणसी–२२१००१ (भारत)
☎ आफिस : ३३३४५८
आवास : ३३४०३२, ३३५०२०

KRISHNADAS SANSKRIT SERIES

115

SHRIMAT-PATAÑJALI'S

VYĀKARAṆA-MAHĀBHĀṢYA

WITH 'PRADIPA' OF KAIYATA

AND 'UDDYOTA' OF NAGESHA BHATTA

And Edited With

'BHAVA-BODHINI'-HINDI-EXPOSITION

By

Prof. Jaya Shankar Lal Tripathi

Vyakaranacharya (Goldmedalist)

M. A., Ph. D., D. Litt.

Professor

Department of Sanskrit, Faculty of Arts

Banaras Hindu University, Varanasi.

KRISHNADAS Academy

VARANASI-221001

प्राक्कथन

संस्कृत-व्याकरण की सर्वोत्कृष्टता विश्वविदित है। इसका प्रमुख श्रेय आचार्य पाणिनि को प्राप्त है। इनके अल्पाक्षर परन्तु सुव्यवस्थित तथा सुविचारित सूत्रों की महत्ता संस्कृतज्ञमात्र से छिपी नहीं है। पाणिनि के सूत्रों पर उनके उत्तरवर्ती आचार्य कात्यायन के समीक्षात्मक वार्तिक हैं जो किसी भी स्थिति में सूत्रों से कम महत्त्वपूर्ण नहीं हैं। वार्तिकों के बिना पाणिनीय व्याकरण अधूरा है।

अल्पाक्षर सूत्रों तथा वार्तिकों का वास्तविक अभिप्राय आचार्य पतञ्जलि के महाभाष्य के बिना सम्भव नहीं है। इसीलिये व्याकरण के त्रिमुनियों में पतञ्जलि का स्थान अतिमहत्त्वपूर्ण है। इसीलिये वैयाकरणों में यह वचन प्रसिद्ध है—"यथोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम्।" महाभाष्य की गम्भीरता तथा उत्कृष्टता के कारण ही इसकी रचना के बाद अनेक व्याख्यायें इस पर लिखी जाती रहीं फिर भी इसकी गूढता आज भी बनी ही है। भाषा की सरलता और प्रतिपादनशैली की विशिष्टता के कारण महाभाष्य संस्कृत-साहित्य में एक अनुपम (बेजोड़) कृति मानी जाती है। इसमें सरल संस्कृत वाक्यों द्वारा व्याकरण जैसे नीरस और क्लिष्ट शास्त्र को स्पष्ट करने का सराहनीय कार्य किया गया है। संस्कृत व्याकरण की समस्त विशेषतायें—लौकिक-वैदिक शब्दरूपभेद, शब्दापशब्दविवेक तथा दार्शनिक चिन्तन—ये सभी महाभाष्य में विवेचित हैं। इसीलिये महाभाष्य पर समय समय में विभिन्न व्याख्याकारों द्वारा अपनी-अपनी दृष्टि से व्याख्यायें लिखी जाती रहीं परन्तु आज भी इसकी रहस्यात्मकता बनी हुई है।

अध्यापन काल में छात्रों की कठिनता देखकर यह विचार बना कि राष्ट्रभाषा हिन्दी में महाभाष्य की एक व्याख्या लिखी जाय। इसमें शब्दार्थज्ञान के साथ-साथ गम्भीर अंशों की अपेक्षित व्याख्या भी की जाय। इसी भावना से १९८० में महाभाष्य पस्पशाह्निक का एक संस्करण केवल हिन्दी व्याख्या के साथ प्रकाशित किया गया जिसे छात्रों ने बहुत सराहा। क्योंकि उसका उद्देश्य छात्रों की सामान्य समस्याओं का समाधान करना था।

किन्तु महाभाष्य जैसे गूढ ग्रन्थ को सामान्य हिन्दी अनुवाद और व्याख्या से समझ सकना कठिन है। संस्कृत शास्त्रों की अपनी एक विशिष्ट विवेचन-पद्धति है जो संस्कृत व्याख्या के द्वारा ही सुगमतापूर्वक विवेचित की जा सकती है इस तथ्य से विद्वान् भली भाँति सुपरिचित हैं। अतः केवल हिन्दी व्याख्या के प्रकाशन से मन में

पूर्ण सन्तोष नहीं था। महाभाष्य का वास्तविक अभिप्राय समझने के लिये कम-से-कम एक प्रौढ संस्कृत व्याख्या का प्रकाशन अत्यन्त अपेक्षित था। 'चौखम्बा संस्कृत सीरीज' तथा 'कृष्णदास संस्कृत अकादमी' आदि प्रतिष्ठित संस्थानों के सञ्चालकों से मैंने अपनी भावना बतलायी और कैयटीय प्रदीप व्याख्या के साथ द्वितीय संस्करण निकालने की योजना बनी। फलस्वरूप कैयटीय प्रदीप व्याख्या और भावबोधिनी हिन्दी व्याख्या के साथ पस्पशाह्निक का द्वितीय संस्करण १९९२ में प्रकाशित हुआ। इसकी लोकप्रियता देख कर यह योजना बनी कि प्रथम चरण में इसी प्रकार से सम्पूर्ण महाभाष्य नवाह्निक का प्रकाशन किया जाय।

प्रकाशकों का उत्साह देखकर मैंने यह प्रस्ताव रखा कि नागेशभट्ट के 'उद्द्योत' व्याख्यान के बिना महाभाष्य तथा कैयटीय प्रदीप का वास्तविक रहस्य समझ सकना कठिन है। अब तक द्वितीय आह्निक के दो फर्मे (१०९ से १४० पृष्ठ) छप चुके थे। आगे से 'उद्द्योत' भी प्रकाशित करना था। अतः १४१ से १४८ पृष्ठों में पृष्ठसंख्यानुसार केवल उद्द्योत छापा गया। इसके आगे पृष्ठ १४९ से प्रदीप, उद्द्योत तथा भावबोधिनी हिन्दी व्याख्या—इन तीनों के साथ प्रकाशन प्रारम्भ हुआ। प्रस्तुत प्रथमभाग प्रथम से पञ्चम आह्निक तक प्रकाशित हो रहा है। षष्ठ से नवम आह्निक तक द्वितीय भाग भी शीघ्र प्रकाशित होगा।

आज कल इस घोर महर्घता काल में प्रौढ तथा विशालकाय संस्कृत ग्रन्थों का समुचित ढंग से प्रकाशन एक जटिल समस्या है। परन्तु हर्ष है कि 'कृष्णदास अकादमी वाराणसी' ने यह दायित्व स्वीकार किया जिसके फलस्वरूप यह प्रथम भाग प्रकाशित हो रहा है। इस प्रसंग में श्रीयुत ब्रजमोहनदासजी गुप्त। (टोडरदास जी) का विशेष आभारी हूँ जिनके सौजन्य तथा औदार्य से यह कार्य सम्पन्न हुआ। प्रियवर श्री कमलेशकुमार जी गुप्त को भी धन्यवाद देना चाहता हूँ क्योंकि अपने पूर्वजों के पदचिह्नों पर चलते हुए संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के अभ्युत्थान में आप अनवरत सहयोग दे रहे हैं।

पस्पशाह्निक तक का मूल भाष्य और प्रदीप श्रीयुत भार्गव शास्त्री द्वारा सम्पादित तथा निर्णय सागर से १९५१ में प्रकाशित संस्करण पर आधृत है। किन्तु कुछ कारणों से द्वितीय आह्निक से लेकर पञ्चम तक का मूल भाष्य, प्रदीप और उद्द्योत तीनों का आधार महामहोपाध्याय श्रीशिवदत्त शर्मा तथा श्री पं० रघुनाथ शर्मा द्वारा सम्पादित और सुधी प्रकाशन वाराणसी द्वारा १९८७ में पुनर्मुद्रित संस्करण रखा गया है। अतएव पस्पशा तथा द्वितीय से पञ्चम आह्निकों में वार्तिक आदि की संख्या में कुछ अन्तर हो गया है। अध्येतागण इससे भ्रमित न हों। यहाँ मूल सम्पादकत्रयी के प्रति

आभार व्यक्त करता हूँ। हिन्दी के कुछ अनुवादों से भी यत्र तत्र सहायता ली गई है, उनके लेखकों को भी धन्यवाद देना चाहता हूँ।

इस गुरुतर कार्य में अपनी धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला त्रिपाठी एम० ए०, सुपुत्र श्री वागीश त्रिपाठी रिसर्चस्कालर तथा सुपुत्री कुमारी पूनम त्रिपाठी रिसर्चस्कालर को भी सहयोग देने के लिये धन्यवाद देना चाहता हूँ।

महाभाष्य के विभिन्न संस्करणों के रहने पर भी प्रस्तुत संस्करण यदि जिज्ञासु छात्रों का स्वल्प भी उपकारक हो सका तो अपना प्रयास सफल समझूंगा। दृष्टिदोष या प्रमादवश यत्र तत्र कुछ त्रुटियाँ रह जाना सम्भव है, निर्मत्सर विद्वान् उन्हें क्षमा करेंगे।

विनयावनत

ज्येष्ठपूर्णिमा वि० सं० २०५५ — जयशङ्करलाल त्रिपाठी

का०हि०वि०वि० वाराणसी

सम्पादकीयम्

विश्वस्य प्राचीनतमासु समस्तासु भाषासु संस्कृतभाषायाः सर्वोत्कृष्टत्वं सर्वैरेव भाषाशास्त्रिभिरङ्गीक्रियते । व्याकरणमूलकत्वादेवास्या वैज्ञानिकत्वं व्यवस्थितरूपवत्वञ्च वर्तते इति तथ्यं साम्प्रतं संगणकमाध्यमेनापि भृशं साधितम् । सुदीर्घकालादेवास्याः भाषायाः व्याकरणसम्बन्धिनो गूढविचाराः प्राप्यन्ते इति सुविदितमेव समेषाम् । अतीवपुराकाले बहुषु व्याकरणेषु सत्स्वपि दीर्घकालादेव महर्षेः पाणिनेरेव व्याकरणं सर्वोत्कृष्टं सर्वजनसम्मतञ्च विद्यते । महर्षिपाणिनिना वैदिक्या लौकिक्याश्च संस्कृतभाषाया नियामकसूत्राणि प्रणीतानि । तत्र च 'दृष्टानुविधिश्छन्दसी'ति वचनानुसारं वैदिकानां शब्दानां यथाप्रयुक्तानामेव साधुत्वोपपादनार्थं सूत्राणि प्रोक्तानि । लौकिक्यास्तु नियामकानि सूत्राणि प्रोक्तानि । सूत्राणां प्रमुखं वैशिष्ट्यमल्पाक्षरत्वम् । तेन चैतेषामाशया न सारल्येन ज्ञेयाः । एतदर्थं व्याख्यानमपेक्षितम् । अतएव पाणिनिना स्वयमपि स्वसूत्राणां वृत्तिर्विरचिताऽऽसीदिति प्रसिद्धिः ।

पाणिनेः (ई० पू० ५००) दीर्घकालानन्तरं जातेन महर्षिणा कात्यायनेन (ई० पू० ३००) स्वीयया तीक्ष्णया सूक्ष्मेक्षिकया सूत्राणामालोचनापराणि वार्त्तिकानि लिखितानि । अनेनापि पाणिनेरल्पाक्षरत्वमेवाश्रितम् । एवञ्च सूत्राणामिव वार्तिकानामपि दुर्ज्ञेयत्वमेवाभूत् । कात्यायनान्तरं भारतभुवि समुत्पन्नेन शेषावतारेण भगवता पतञ्जलिना (ई० पू० १५०) सूत्राणां वार्तिकानाञ्च विशदं व्याख्यानरूपं महाभाष्यं प्रणीतम् । अस्मिन् ग्रन्थसिन्धौ सरलयापि गभीरया सुबोधयापि दुर्बोधया शैल्या व्याकरणविषयका भाषाशास्त्रविषयकाश्च विविधा गंभीरा विचाराः यथाप्रसङ्गं प्रदर्शिताः । एवञ्च पाणिनेः सूत्राणां कात्यायनस्य च वार्तिकानां परिष्कृतं ज्ञानं महाभाष्यादेव सम्भवतीति प्राचीनकालादेव सर्वानुभवसिद्धम् ।

अस्य महाभाष्यस्य महत्त्वमवलोक्य रचनाकालादनन्तरमेव समये समये विद्वद्भिर्विभिन्नानि व्याख्यानानि लिखितानि । तेषां समेषामेवास्ति महत्त्वम् । परन्तु व्याकरणसम्प्रदाये कैयटमहोदयेन प्रणीतस्य प्रदीपाख्यस्य महाभाष्य-व्याख्यानस्य महत्त्वं सर्वातिशायि वर्तते । अनेन विदुषा कैयटेन पूर्ववर्तिनां भर्तृहरि-प्रभृतीनां भाष्यव्याख्यातॄणां वचनानि भृशमधीत्य सुविचिन्त्य च स्वीयं प्रदीपाख्यं व्याख्यानं विलिखितमिति न तिरोहितं शब्दशास्त्रिणाम् । अनेन व्याख्यानेन विना महाभाष्यस्याभिप्रायाः न ज्ञातुं शक्यन्ते ।

परमोपयोगि गम्भीरञ्च सदपि प्रदीपव्याख्यानं न तथा विशदं सरलं वा यथा सामान्याध्येतापि महाभाष्यस्य तत्त्वं ज्ञातुं प्रभवेत्। प्रदीपस्य रहस्यानि तु नागेशभट्टेन स्वीये उद्द्योताख्ये विवरणे साधु निरूपितानि। उद्द्योते मुख्यतः प्रदीपस्य व्याख्यानं वर्ततेऽपेक्षित-स्थले महाभाष्यस्यापि आशयाः स्पष्टीकृताः। क्वचित्तु उभयोरेव समालोचनापि विहिता। अत एव व्याख्यानद्वयमन्तरा भाष्यं सर्वथा दुर्ज्ञेयमेव।

पूर्ववर्णितं तथ्यं विलोक्यैव पुरातनैः सर्वैरेव प्रमुखैः महाभाष्यसम्पादकैः प्रदीपेनोद्द्योतेन चोभयविधव्याख्यानेन सहैव महाभाष्यं प्रकाशितम्। यद्यपि अस्माभिः पस्पशाह्निके ग्रन्थविस्तरभिया उद्द्योतो न प्रकाशितः। परन्तु द्वितीयाह्निकादारभ्य प्रदीपेन सह उद्द्योतोऽपि प्रकाश्यते येन महाभाष्यस्य प्रदीपस्य च सर्वेऽपि गूढाशयाः सारल्येन ज्ञाताः स्युः।

साम्प्रतिके काले उत्तरभारते हिन्दीमाध्यमेनैव संस्कृतस्याप्यध्ययनाध्यापनादिकं प्रचलति। छात्रा हिन्दीव्याख्यानमेव वाञ्छन्ति। अत एव पस्पशाह्निकस्य हिन्दी-व्याख्या प्रकाशिता। परन्तु केवलया हिन्दी-व्याख्यया महाभाष्यं सम्यग्ज्ञातुं न शक्यते इति विचार्यैव पस्पशाह्निके प्रदीपव्याख्यानमपि प्रकाशितम्। परन्तु उद्द्योतमन्तरा प्रदीपो न सरलतया ज्ञातुं शक्यते इति द्वितीयाह्निकादारभ्य पञ्चमाह्निकपर्यन्तमुद्द्योतव्याख्यानमपि वर्तते। एवञ्च कैयटीयप्रदीपेन नागेशीयोद्द्योतेन भावबोधिन्या हिन्दी-व्याख्यया च विभूषितस्य महाभाष्यस्य पञ्चमाह्निकपर्यन्तः प्रथमो भागः प्रकाश्यते। अस्मिन् समेषामुपयोगाय व्याख्यात्रयी विद्यते।

अस्य संस्करणस्य वैशिष्ट्यम्

साम्प्रतं महाभाष्यस्य नैकानि संस्करणानि समुपलभ्यन्ते। तत्र निर्णयसागरीय-संस्करणद्वये हिन्दी-व्याख्या न विद्यते तेन सामान्यच्छात्राणां कृते न विशेषोपयोगि। श्रीमतां युधिष्ठिरमीमांसकानां श्रीचारुदेव-शास्त्रिणाञ्च संस्करणयोः केवला हिन्दी-व्याख्यैव विद्यते। एतेन विशेषजिज्ञासूनां न सन्तोषः। श्रीमतां मधुसूदनप्रसाद-मिश्र-महोदयानां संस्करणे प्रदीपेन सह यद्यपि हिन्दी-व्याख्यापि वर्तते तथापि तत्र प्रतिपादनशैली न सुस्पष्टा। तेन जिज्ञासूनां तात्पर्यज्ञाने कष्टमेव जायते।

अस्मिन् प्रस्तुते संस्करणे प्रदीपोद्द्योताख्यव्याख्याद्वयी अथ च भावबोधिनी हिन्दी-व्याख्यापि वर्तते। एताभिर्व्याख्यात्रयीभिर्विभूषितमिदं संस्करणं यथारुचि अध्येतृणामुपकारकं वर्तते। भावबोधिन्यां हिन्दी-व्याख्यायां सामान्यवाक्यानामनुवादः गभीरस्थानाञ्च 'विमर्श' इत्यस्मिन् विस्तरेण विचाराः प्रदर्शिताः। एवञ्चेदं संस्करणं सर्वोपकारकं भविष्यतीति विचार्य प्रथमाह्निकादारभ्य पञ्चमाह्निकपर्यन्तो प्रथमो भागः प्रकाश्यते।

पस्पशाह्निके श्रीमद्भार्गव-शास्त्रिमहोदयसम्पादितस्य अग्रे च श्रीमत्शिवदत्तशर्म-रघुनाथशर्म-महोदयाभ्यां सम्पादितस्य निर्णयसागरीयस्य संस्करणद्वयस्य सहयोगो गृहीतः। अत एव वार्तिकादौ संख्यायाः भेदो दृश्यते। एतेन न किमपि शंकितव्यम्, नवा भ्रमितव्यम्।

कृतज्ञता-ज्ञापनम्

अस्मिन् संस्करणे पूर्वप्रकाशितानां प्रायशः समेषां संस्करणानां सहयोगो गृहीतोऽस्त्येषां सर्वेषां विदुषां कार्तज्ञ्यं प्रकटयामि।

चौखम्बा-संस्कृतसीरीज-कृष्णदास-अकादमी-प्रभृतीनां संस्थानानां सञ्चालक-महोदया अस्मिन् प्रसङ्गेऽवश्यमेव मम धन्यवादार्हाः। तत्रापि विशेषतः श्रीमन्तो व्रजमोहनदासगुप्त-महोदया धन्यवादस्य पात्राणि येषामौदार्येणेदं संस्करणमनेन परिष्कृतरूपेण प्रकाशितम्। श्रीमत्कमलेश-कुमार-गुप्त-महोदया अपि मे धन्यवादमर्हन्ति यैः स्वपूर्वजानामनुकरणेन संस्कृतस्य भारतीयसंस्कृतेश्च समुत्थानेऽनवरतं यत्नो विधीयते।

अत्र प्रसङ्गे स्वीयां धर्मपत्नीम् उर्मिलानाम्नीं विस्मर्तुं न शक्नोमि यया ममास्वास्थ्यावस्थायां सदैव समुचितं साहाय्यं प्रदत्तमतस्सापि धन्यवादाधिकारिणी मम। मम सुपुत्रः श्रीवागीशत्रिपाठी शोधच्छात्रः सुपुत्री पूनमत्रिपाठी शोधच्छात्रा च ममाशीराशिमर्हतः स्वसहयोगप्रदानकारणात्।

शरीरस्यास्वस्थतयाऽनवधानतया च यत्र कुत्रचिदशुद्धयो जातास्ता विद्वद्भिर्मर्षणीयाः। आशासे द्वितीयभागोऽपि षष्ठाह्निकात् नवमाह्निकपर्यन्तः सत्वरमेव प्रकाशयिष्यते इत्यलम्।

गुरुपूर्णिमा वि॰ सं॰ २०५५ विदुषां वशंवदः
का॰ हि॰ वि॰ वि॰ वाराणसी जयशङ्करलालत्रिपाठी

विषय-सूची

टि० * प्रकाशित पृष्ठ संख्या १९३ से २०८ के स्थान पर १२ पृष्ठ घटा कर पृष्ठ संख्या १८१ से १९६ समझें ।

पृष्ठाङ्काः

पृष्ठाङ्काः

पञ्चममाह्निकम्

टि० *प्रकाशित पृष्ठ संख्या ६४१ से ६७२ के स्थान पर १२ पृष्ठ घटाकर पृष्ठ संख्या ६२९ से ६६० समझें।

कृष्णदास संस्कृत सीरीज
११५
****

श्रीमद्भगवत्पतञ्जलिमहर्षिप्रणीतम्

व्याकरण-महाभाष्यम्

पस्पशाह्निकम्
स'प्रदीप'-'भावबोधिनी'-हिन्दीव्याख्योपेतम्

हिन्दीव्याख्याकारः सम्पादकश्च
डॉ० जयशङ्करलालत्रिपाठी
व्याकरणाचार्यः (लब्धस्वर्णपदकः)
एम.ए., पी-एच.डी., डी. लिट्.
उपाचार्यः
संस्कृत-विभागः, कलासङ्कायः, काशी हिन्दू विश्वविद्यालयः, वाराणसी

प्रस्तावनालेखकः
डॉ० विश्वनाथभट्टाचार्यः
मयूरभञ्जप्रोफेसरः, विभागाध्यक्षश्च
संस्कृत-विभागः, कलासङ्कायः, काशी हिन्दू विश्वविद्यालयः, वाराणसी

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी वाराणसी

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

प्रकाशक : चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणंसी
संस्करण : द्वितीय, वि० सं० २०६१
मूल्य : रू० ४०.००

के० ३७/११८, गोपाल मन्दिर लेन
(गोपाल मन्दिर के उत्तरी फाटक पर)
पो० बा० नं० १११८, वाराणसी–२२१००१ (भारत)
फोन : २३३५०२०

अपरं च प्राप्तिस्थानम्

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस
के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
(गोपाल मन्दिर के उत्तरी फाटक पर)
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० १००८, वाराणसी—२२१००१ (भारत)
फोन : २३३३४५८ (आफिस), २३३४०३२ एवं २३३५०२० (आवास)
e-mail : cssoffice@satyam.net.in
web-site : www.chowkhambaseries.com

प्राक्कथन

संस्कृत व्याकरणप्रस्थान में प्रमुख आचार्यों में तृतीय स्थान में रखे गये आचार्य पतञ्जलि वस्तुतः अद्वितीय हैं। महामुनि पाणिनि की अष्टाध्यायी ने भाषामहार्णव की आठ दिशाओं को इस प्रकार से घेर लिया है कि उसकी गम्भीरता तथा व्यापकता तो सुरक्षित हुई ही है, साथ ही उसके अन्तहीन स्रोतों की भी सुव्यवस्था हो गई है। यह सत्य है कि व्याकरण भाषा को गति का अनुसरण करता है, पर उसकी सार्थकता इसी में है कि उसके नियम भाषा की गति को सही दिशा का निर्देश करें तथा उसकी स्वाभाविकता को किसी भी प्रकार से नष्ट न होने दें। समग्र विश्व में पाणिनि की अद्वितीय श्रेष्ठता इसी में है कि उन्होंने संस्कृत भाषा को ५०० ई० पूर्व के आस-पास इस प्रकार अपने नियमों में बाँधा कि संस्कृत का विकास इन नियमों की प्रेरणा से अव्याहत गति से होता आ रहा है। अष्टाध्यायी के सूक्ष्म तथा लघ्वाकार सूत्र ही संस्कृत भाषा के विकास में बीजभूत हैं—यह तथ्य विचारशील विद्वानों का परोक्ष नहीं है।

व्याकरण शास्त्र की परम्परा सुदीर्घ है। पाणिनिपूर्व वैयाकरण अवश्य अनेक हुए और उनकी देन अनस्वीकार्य है। पर यह भी तथ्य है कि पूर्वकालिक विचारों को भूमिका बनाकर शब्द-विचार को शास्त्रीय गरिमा से जोड़ने का कार्य पाणिनि ने ही किया और अष्टाध्यायी ही व्याकरण विद्या या शब्दानुशासन का प्रारम्भ बिन्दु है। भारतीय परम्परा पाणिनि-मत को त्रिमुनिसंमत मत के रूप में पाणिनि के साथ कात्यायन और पतञ्जलि को जोड़ती है। सिद्धान्त, आक्षेप और समाधान सभी शास्त्रों के विकास के सर्वमान्य क्रम हैं और व्याकरण के क्षेत्र में पाणिनि के सिद्धान्त, कात्यायन के आक्षेप और पतञ्जलि के समाधान उसी विकास-क्रम की सम्मान्य कड़ियाँ हैं। परम्परा में सश्रद्ध आस्था रखने वाली भारतीय मनीषा कभी भी रूढिवादी नहीं थी, इसी लिए पाणिनि पर आस्था रखने वाले कात्यायन ने अनेक आक्षेपों को उपस्थित किया और उसके समाधान सुझाये। कालान्तर में आचार्य पतञ्जलि ने इन आक्षेपों को ध्यान में रखकर समग्र अष्टाध्यायी का पुनः विवेचन करते हुए समाधान प्रस्तुत किया। यही समाधान महाभाष्य क सार्थक नाम से अभिहित होता है। वार्तिक-सहित सूत्रों के समग्र क्षेत्र का यह पूर्णाङ्ग विवेचन आचार्य पतञ्जलि के व्यापक अध्ययन, मनन और प्रतिपादन-कौशल का अभूतपूर्व निदर्शन है। जिस सरस तथा रोचक शैली में संस्कृत भाषा

इस भाष्य में प्रस्तुत हुई है वह हमें यह मानने को बाध्य करती है कि पतञ्जलिकालिक भारतमें संस्कृत दैनन्दिन जीवन में व्यवहृत होनेवाली भाषा थी।

सूत्रकार पाणिनि ने सूत्रों की मर्यादा स्थापित की, अतः वे वाक्कृपण प्रतीत होते हैं। अर्धमात्रालाघव भी उनके लिए परम काम्य हैं। इसीके विपरीत भाष्यकार पतञ्जलि (वाक्कुशलता) वाक्पटुता की पराकाष्ठा पर आसीन हैं। भाषा के सैद्धान्तिक पक्षों के साथ-साथ उसके व्यावहारिक पक्ष को उदाहरण प्रत्युदाहरण के साथ उन्होंने इतने सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया है कि भाषाप्रयोग में उनकी प्रगल्भता महाकवियों के समकक्ष है। व्याकरण जैसे शुष्क विषय का विवेचन कितना हृद्य हो सकता है—इसका ज्ञान महाभाष्य के अध्ययन के बिना संभव नहीं है।

विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में संस्कृत वह भाषा है जो कालविपर्यय के बावजूद आज भी जीवित है। यह गौरव और किसी प्राचीन भाषा का नहीं है। संस्कृत को यह गौरवास्पद आसन देने में पाणिनि और उनके अनुयायियों की देन अपरिमेय है। पतञ्जलि का महाभाष्य संस्कृत की सनातन सत्ता को प्रतिपद प्रमाणित करता है। विषय-वैपुल्य और सूक्ष्म विवेचन के सरस और स्वाभाविक प्रतिपादन के ही कारण यह भाष्य यथार्थतः महान् है, महाभाष्य है। वैदिक तथा लौकिक साहित्य, धर्म और दर्शन, शिष्टाचार तथा लोकाचार—इन सभी उपकरणों का उपयोग होने के कारण अभियुक्तों का यह अनुभव—"महाभाष्यं वा पठनीयं महाराज्यं वा पालनीयम्" नितान्त सत्य है।

आचार्य पतञ्जलि ने अपने भाष्य को अष्टाध्यायी के अध्याय और पाद के अनुसार तो विभाजित किया ही है, पर उन्होंने पादों को भी 'आह्निकों' में विभाजित किया है। एक यथार्थ गुरु के रूप में शिष्य के अध्ययनसामर्थ्य को ध्यान में रखकर उन्होंने भाष्य को 'आह्निकों' अर्थात् एकदिवसपाठ्य अनुभागों में सजा दिया है। आज का विद्यार्थी एक ही दिन में एक आह्निक पढ़ पायेगा या नहीं—यह कहना कठिन है, पर इस विभाजन से प्राचीन भारत के गुरु-गृहों में अनुसृत होने वाली समय-सारिणी का ज्ञान तो होता ही है। समग्र भाष्य की भूमिका के रूप में आचार्य ने 'पस्पशाह्निक' की रचना की और इस में मौलिक प्रश्नों का विवेचन किया। शब्द का स्वरूप, व्याकरण-अध्ययन के प्रयोजन, शब्दों की नित्यता का प्रश्न, शास्त्र से धर्म की प्राप्ति, व्याकरण का अर्थ तथा शिवसूत्रों की आवश्यकता आदि विषय इसमें विशिष्ट प्रश्नोत्तर शैली में प्रस्तुत हुए हैं। व्याकरण-प्रस्थान का यह वस्तुतः सिंहद्वार है—इसमें से प्रविष्ट हुए बिना इस विद्या की व्यापकता और गंभीरता का बोध संभव

नहीं है। साथ ही जिस प्रासादिक शैली में इसकी रचना हुई है वह इतनी चित्ताकर्षक है कि संस्कृत गद्यशैली के प्राचीनतम श्रेष्ठ निदर्शन के रूप में भी इसका महत्त्व अप्रतिम है।

हमारे सहयोगी डा० जयशङ्करलाल त्रिपाठी ने आचार्य कैयट की 'प्रदीप' टीका के साथ स्वकीय 'भावबोधिनी' नाम का हिन्दी रूपान्तर जोड़ कर पस्पशाह्निक का नया संस्करण प्रस्तुत किया है। साहित्य और व्याकरण दोनों के निष्ठावान् विद्वान् होने के कारण डा० त्रिपाठी का यह प्रयास सर्वथा स्तुत्य है। एक अध्यापक के लिए छात्र-हितैषी होना स्वाभाविक है—अतः विद्यार्थियों की आवश्यकता की ओर इस संस्करण में जो ध्यान दिया गया है वह विद्वान् व्याख्याता की महत्ता और इसकी विलक्षण उपयोगिता सिद्ध करता है। भावबोधिनी केवल हिन्दी रूपान्तर ही नहीं है 'विमर्श' के नाम से इसके साथ दुरूह स्थलों की विशेष व्याख्या जोड़कर डा० त्रिपाठी ने ग्रन्थ के गौरव और मूल्य दोनों को बढ़ा दिया है। विद्वान् व्याख्याता से हम तो प्रत्याशा यही करेंगे कि केवल पस्पशा से कृतकृत्य न होकर वे समग्र नवाह्निक का इसी प्रकार प्रकाशन करें। उनका भी यही निश्चय है, यह अत्यन्त हर्ष का विषय है।

हम उनके सारस्वत श्रम की सराहना करते हुए निःसंकोच इस लघुकाय ग्रन्थ को जिज्ञासुओं को समर्पित करते हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि प्रस्तुत ग्रन्थ जनप्रियता का धनी सिद्ध होगा।

विजया दशमी
संवत् २०४६

विश्वनाथ भट्टाचार्य

सम्पादकीय

भारतीय साहित्य के मूल ग्रन्थ वेद हैं। वेदों की रक्षा और यथार्थ ज्ञान के लिए छः वेदाङ्ग बने। उनमें व्याकरण का प्रमुख स्थान है "मुखं व्याकरणं स्मृतम्।" संस्कृत व्याकरण की एक सुदीर्घकालिक परम्परा में पाणिनि, कात्यायन और पतञ्जलि—ये मुनित्रय सर्वोपरि हैं। इनसे पूर्ववर्त्ती और परवर्त्ती अनेक आचार्यों का भी योगदान अस्वीकार नहीं किया जा सकता। यही कारण है आज संस्कृत व्याकरण व्याकरण-मात्र न रह कर 'शास्त्र' की श्रेणी में प्रतिष्ठित है और इसकी सूक्ष्मता, गम्भीरता तथा व्यापकता देखकर विश्व के सभी आलोचक इसकी प्रशंसा करने के लिए विवश हैं।

पाणिनि ने अपनी सूक्ष्म-दृष्टि, अनुभव और व्यापक ज्ञान के आधार पर अत्यल्प आकार वाले सूत्रों की रचना की। कात्यायन ने उसी में परिशिष्ट रूपेण वार्तिक बनाकर जोड़े। परन्तु दोनों का यथार्थ अभिप्राय समझना कठिन था। जिज्ञासु अतृप्त थे। विभिन्न समस्याएँ उपस्थित हो रहीं थीं। इसी अवसर पर महामनीषी शेषावतार पतञ्जलि ने 'महाभाष्य' की रचना कर न केवल व्याकरण शास्त्र का अपितु संस्कृत-वाङ्मय का अवर्णनीय उपकार किया। उनके व्याख्यान-ग्रन्थ के साथ जुड़ा हुआ 'महत्' यह विशेषण इस ग्रन्थ का गौरव प्रकट करता है।

'भाष्याब्धिः क्वातिगम्भीरः क्व चाल्पविषया मतिः' इस कैयटीय वचन से महाभाष्य की गम्भीरता स्पष्ट है। इसी लिए कुछ ही विद्वानों ने इस पर व्याख्यान लिखे। उनमें कैयट का 'प्रदीप' और नागेश का 'उद्द्योत' परम सहायक माने जाते हैं। इनके बिना भाष्य का यथार्थ रहस्य समझना असम्भव-सा है।

सुदीर्घ अध्यापन-काल में मैंने छात्रों की समस्याएँ देखीं और उनकी सहायता के लिए हिन्दी में व्याख्या लिखने का प्रथम प्रयास १९८० ई में किया था। वह ग्रन्थ प्रकाशित और पुरस्कृत हुआ। किन्तु कैयटीय प्रदीप के बिना महाभाष्य समझना बहुत कठिन है, ऐसा सोच कर प्रस्तुत संस्करण में 'प्रदीप' के साथ-साथ परिवर्धित और परिष्कृत हिन्दी व्याख्या 'भावबोधिनी' प्रकाशित की जा रही है। इसमें गम्भीर विषयों का स्पष्टीकरण 'विमर्श' के अन्तर्गत किया गया है। भूमिका में प्रायः सभी उपयोगी विषयों का विवेचन है।

इसमें अपेक्षित विषयों का प्रतिपादन संस्कृत माध्यम से भी किया गया है। इससे यह ग्रन्थ सभी प्रकार के छात्रों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा, ऐसी आशा है।

परमादरणीय डॉ० विश्वनाथ भट्टाचार्य प्रोफेसर और अध्यक्ष, संस्कृत-विभाग, कलासंकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने उपयोगी प्राक्कथन लिखने की कृपा की। एतदर्थ मैं उनके प्रति हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

संस्कृत ग्रन्थों के प्रमुख और प्राचीनतम संस्थान चौखम्बा संस्कृत सीरीज के संचालकगण विशेष धन्यवाद के अधिकारी हैं जिन्होंने इसे "कृष्णदास अकादमी" के अन्तर्गत प्रकाशित करवाया।

इससे निर्मत्सर विद्वान् और छात्र यदि यत्किञ्चिदपि लाभान्वित हो सके तो मैं अपना प्रयास सार्थक समझूँगा। इति शम्।

विजया दशमी
सन् १९८९ ई०

—जयशङ्कर लाल त्रिपाठी

विषय-सूची

विषय **पृष्ठ**

□

भूमिका

संस्कृत का विशाल वाङ्मय तपःपूत महर्षियों और आचार्यों की सुदीर्घ साधना तथा तपस्या का सुपरिणाम है। उन्होंने अपनी सूक्ष्म ईक्षण शक्ति द्वारा संस्कृत भाषा के सर्वविध स्वरूपों का सम्यक् परिशीलन करके नियमों का निर्धारण किया है। इसी कारण ज्ञात प्राचीन काल से लेकर अद्यावधि यह भाषा अजस्ररूपेण प्रवहमान होती हुई भारतीय मनीषा की गौरवगाथा प्रकट करती आ रही है। आज के वैज्ञानिक युग में जहाँ प्राचीन अनेक भाषायें लुप्तप्राय हो रही हैं, अथवा अस्तित्वरक्षा के लिए संघर्ष कर रही हैं, वहीं यह भाषा अपनी परिनिष्ठितता और महत्ता के कारण अपना अस्तित्व सुरक्षित रखती हुई लोगों को हठात् अपनी ओर आकृष्ट करती चली आ रही है।[1]

संस्कृत भाषा का महत्त्व उसमें सुरक्षित ज्ञानराशि से ही नहीं है प्रत्युत उसके सर्वोत्कृष्ट व्याकरण-शास्त्रीय स्वरूप से भी है। संस्कृत भाषा ही एकमात्र ऐसी है जिसका प्रत्येक पद व्याकरणशास्त्र की परिधि में आता है। व्याकरणशास्त्रीय नियमों से एक ओर इसकी कुछ दुरवबोधता हुई तो दूसरी ओर अद्यावधि समान-रूपता भी है। सहस्रों वर्ष पूर्व लिखित रामायण, महाभारत, पुराणों और काव्यों का आनन्द आज भी पूर्ववत् अक्षुण्ण है।

व्याकरणशास्त्रीय नियमों का सर्वप्रथम निर्माण कब हुआ और किसने किया— इस प्रश्न का उत्तर देना सम्भव नहीं है। हाँ, इतना अवश्य है कि आज आचार्य पाणिनि का व्याकरण जिस रूप में प्राप्त है उससे यह अनुमान सहजरूप में हो सकता है कि पाणिनि के पूर्व भी अनेकों वैयाकरणों ने संस्कृत भाषा के लिए व्याकरण बनाये थे। स्वयं पाणिनि ने अपनी अष्टाध्यायी में दश[2] आचार्यों का नामतः उल्लेख किया है। अनेक विकल्पों से भी अन्य आचार्यों के मतों का संकेत मिलता[3]

---

१. द्र० संस्कृत व्याकरण का इतिहास (युधिष्ठिर मीमांसक) पृ० ८-१२।

२. वा सुप्यापिशलेः (पा० सू० ६।१।९२) तृषिमृषिकृषेः काश्यपस्य (१।२।२५) अड् गार्ग्य-गालवयो : (७।३।७३) ई चाक्रवर्मणस्य (६।१।१३०) ऋतो भारद्वाजस्य (७।२।६३) लङः शाकटायनस्यैव (३।४।१११) लोपः शाकल्यस्य (८।३।१९) गिरेश्च सेनकस्य (५।४।११) अवङ् स्फोटायनस्य (६।१।१२३)।

३. संस्कृत व्याकरण का इतिहास प्र० भा० पृ० ६६।

है। विश्व की किसी भी भाषा में व्याकरण शास्त्र की इतनी लम्बी परम्परा और और महत्ता नहीं देखी जाती है।

आजकल ही नहीं, सहस्रों वर्ष पूर्व ही एकमात्र पाणिनि का व्याकरण ही वेदाङ्गरूप में प्रतिष्ठित हो चुका था और इसी के अनुसार संस्कृतभाषा का शुद्ध स्वरूप निर्धारित किया जाता था।

आचार्य पाणिनि

असीम प्रतिभा-सम्पन्न आचार्य पाणिनि के जन्मकाल के विषय में आजतक कोई एकमत नहीं बन सका। विभिन्न विद्वानों ने ईसा पूर्व २८०० वर्षों[१] से लेकर ईसा पूर्व ५०० वर्षों के मध्य में पाणिनि का काल माना[२] है। भाषाशास्त्रीय दृष्टि से पाणिनि की अष्टाध्यायी का अध्ययन करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि उन्होंने उस समय अपना व्याकरण बनाया था जब वैदिक भाषा का भी प्रचलन था। समाज में संस्कृत को भाषा का स्थान प्राप्त था। महत्त्वपूर्ण व्यवहार से लेकर आक्रोश तक संस्कृत के माध्यम से व्यक्त किये जाते थे। यह स्थिति निश्चितरूपेण गौतम बुद्ध से बहुत पहले की ही समझनी चाहिए। क्योंकि गौतम बुद्ध के समय तक संस्कृत का वह व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं रह गया होगा जो पाणिनि की अष्टाध्यायी से ज्ञात होता है।

इनका पाणिनि यह नाम पितृपरम्परा (गोत्र) से है। इनकी माता का नाम दाक्षी था[३]। आचार्य व्याडि इनके अति निकट के सम्बन्धी थे। सम्भवत: पाणिनि से ज्येष्ठ भी थे। पाणिनि ने व्याकरण के शब्दरूप-सम्बन्धी नियमों के लिए अष्टाध्यायी बनायी थी और व्याडि ने व्याकरण के दार्शनिक पदार्थों के विवेचन के लिए एक लाख श्लोकों के संग्रह[४] ग्रन्थ का प्रणयन किया था जो आज लुप्त है। कुछ उद्धरण ही प्राप्त होते हैं।

इनका जन्म-स्थान तत्कालीन पश्चिम भारत का एक गाँव 'शलातुर'[५] था। अत: इनकी शिक्षा-दीक्षा तक्षशिला में होने का अनुमान किया जा सकता है।

---

१. पाणिनि का काल लगभग भारत युद्ध से २०० वर्ष पश्चात् अर्थात् २९०० वि० सं० पूर्व है। (संस्कृत व्या० इति० प्र० भा० पृ० १९८),

२. द्र० पाणिनि-कालीन भारत, वासुदेव शरण अग्रवाल अध्याय ८।

३. सर्वे सर्वपदादेशा दाक्षीपुत्रस्य पाणिनेः।
एकदेशविकारे हि नित्यत्वं नोपजायते॥

४. संग्रहः—व्याडिकृतो लक्षश्लोकसंख्यो ग्रन्थ इति प्रसिद्धिः। (उद्द्योत० पस्पशा०)

५. शलातुरो नाम ग्रामः, सोऽभिजनोऽस्यास्तीति शलातुरीयः तत्रभवान् पाणिनिः। गणरत्नमहोदधि पृ० १।

आचार्य कात्यायन

आचार्य पाणिनि ने अपने समय विद्यमान भाषा का सम्यक् परिशीलन करके नियमों (सूत्रों) का प्रणयन किया था। उनके समय में भाषा के रूप में संस्कृत प्रयुक्त होती थी। अतः पाणिनि के बाद सैकड़ों वर्षों के अन्तराल में जो नवीन शब्द प्रयुक्त होने लगे अथवा जिन रूपों की प्रसिद्धि पाणिनि के समय नहीं थी, उनके लिए उन्होंने नियम नहीं बनाये थे। इस कार्य को आचार्य कात्यायन ने किया[1]। दूसरी बात यह है कि पाणिनि सुदूर पश्चिम भारत में उत्पन्न हुए थे और महाभाष्यानुसार कात्यायन दक्षिण भारत में[2]। अतः प्रायोगिक दृष्टि से शब्दरूपों में कुछ अन्तर स्वाभाविक था। इन्हीं कारणों से पाणिनि के सूत्रों पर समीक्षात्मक और परिशिष्टात्मक रूप में नियम बनाने का सफल प्रयास कात्यायन ने किया। इनके जीवनवृत्त के विषय में अत्यल्प ही विदित है। इनका काल पाणिनि से कम से कम २०० वर्षों बाद ही होना चाहिए। अतः इन्हें भी ईसा पूर्व २६०० से लेकर ई० पू० ३०० वर्षों के मध्य का माना जाता है। बड़े खेद का विषय है कि आज तक कात्यायन के वार्त्तिकों का स्वतन्त्र प्रामाणिक ग्रन्थ नहीं मिल सका। महाभाष्य के माध्यम से ही वार्त्तिकों का अध्ययन किया जाता है। उसमें कात्यायन के अतिरिक्त सुनाग आदि अन्य आचार्यों[3] के भी वार्त्तिक उपलब्ध होते हैं।

आचार्य पतञ्जलि

पाणिनि की अष्टाध्यायी का विशद व्याख्यान आचार्य पतञ्जलि ने अपने महाभाष्य में किया है। पतञ्जलि पाणिनीय व्याकरण के अत्यन्त आदरणीय विद्वान् हैं। इन्होंने व्याकरण जैसे दुरूह और गम्भीर विषय को भी सरल, प्रवाहमयी और स्पष्ट शैली में समझाने का प्रशंसनीय प्रयास किया[4] है। इन्होंने शब्दों के अनुशासनसम्बन्धी विचारों के साथ-साथ व्याकरण के दार्शनिक विचारों का भी उल्लेख यत्र तत्र किया है। इनकी प्रशंसा में भर्तृहरि के वचन ध्यान देने योग्य हैं—

कृतेऽथ पतञ्जलिना गुरुणा तीर्थ-दर्शिना।
सर्वेषां न्यायबीजानां महाभाष्ये निबन्धने[5]।

---

१. उक्तानुक्तदुरुक्तानां चिन्ता यत्र प्रवर्तते।
तं ग्रन्थं वार्त्तिकं प्राहुः वार्त्तिकज्ञा मनीषिणः॥

२. "यथा लौकिकवैदिकेषु" वार्त्तिकपर भाष्य (प्रियतद्धिता दाक्षिणात्याः)।

३. कात्य, कात्यायन, भारद्वाज, सुनाम, क्रोष्टा, वाडव (द्र० सं० व्या० इति० प्र० भा० पृ० २६०)।

४. द्र० संस्कृत शास्त्रों का इतिहास पृ० ४४८।

५. वा० प० २।४८६

विभिन्न शास्त्रों के व्याख्या-ग्रन्थों के लिये 'भाष्य' शब्द ही प्रयुक्त हुआ है। परन्तु पतञ्जलि का भाष्य अपने अनुपम वैशिष्ट्य के कारण 'महाभाष्य' कहा जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि पतञ्जलि से पहले भी कोई भाष्य ग्रन्थ लिखा गया[1] था उससे भेद दिखाने और अन्य भाष्यों की अपेक्षा अपने मतों को भी 'इष्टि' के माध्यम से प्रस्तुत करने के कारण इनका व्याख्यान 'महाभाष्य' कहा जाता है।

पतञ्जलि का जन्मकाल भी विवादग्रस्त है। पाश्चात्य विद्वान् और उनके अनुयायी इनका काल ई० पू० १५० वर्ष मानते हैं जो कि पुष्यमित्र का शासन-काल माना जाता[2] है। परन्तु युधिष्ठिर मीमांसक[3] ने पाश्चात्यों के तर्कों का निराकरण करते हुए ई० पू० १००० के लगभग माना है। जो भी हो, इतना निश्चित है कि ये पाणिनि से सैकड़ों वर्षों बाद ही उत्पन्न हुए थे। इनके समय तक पाणिनीय नियमों का प्रचलन हो चुका था। साथ ही साथ उनके विपरीत भी शब्दों का प्रयोग हो रहा था। ऐसे शब्दों का साधुत्व दर्शाने के लिए पतञ्जलि ने 'इष्टियों' का आश्रयण लिया है और शास्त्रीय नियमों की अपेक्षा लोकव्यवहार की प्रधानता स्वीकार की है।[4] अनेक प्रसङ्गों में इन्होंने लोकव्यवहार[5] को ही सर्वोपरि मानकर व्यवस्था स्वीकार कर वैसे प्रयोग की छूट दी है।

जिस प्रकार इनका जीवनकाल विवादग्रस्त है उसी प्रकार जन्म-स्थान भी। युधिष्ठिर मीमांसक ने इन्हें कश्मीर क्षेत्र का माना है क्योंकि कश्मीर के प्रति इनका मोह दिखाई देता[6] है। परन्तु पं० बलदेव उपाध्याय ने इन्हें काशी-मण्डल का ही

---

१. महाभाष्य के अवलोकन से ज्ञात होता है कि उससे पूर्व वार्त्तिकों पर अनेक भाष्य ग्रन्थ लिखे गये थे। वे इस समय अनुपलब्ध हैं। सं० व्या० इति० प्र० भा० पृ० ३०८

२. प्रवृत्तस्याविरामे शासितव्या भवन्ती (=लटः पूर्वाचार्यसंज्ञा)।···इह पुष्यमित्रं याजयामः। (म० भा० ३।२।१२६)

३. द्र० सं० व्या० इति० प्र० भा० पृ० ३२९

४. किं च भो इष्यत एतद्रूपम्? बाढमिष्यते। एवं हि कश्चिद् वैयाकरण आह—कोऽस्य रथस्य प्रवेतेति। सूत आह—अहमायुष्मन्नस्य रथस्य प्राजितेति। वैयाकरण आह—अपशब्द इति। सूत आह—प्राप्तिज्ञो देवानां प्रियः, नत्विष्टिज्ञः। इष्यते—एतद्रूपमिति। म० भा० २।४।५६

५. लिङ्गमशिष्यं लोकाश्रयत्वाल्लिङ्गस्य। म० भा०

६. सं० व्या० इति० प्र० भा० पृ० ३१५-१६

मानने का प्रस्ताव किया है। पतञ्जलि के भौगोलिक ज्ञान, भोजन, दिनचर्या, नामकरण आदि पूर्वी क्षेत्र से अधिक मिलते[1] हैं। अब समस्या है—'गोनर्दीय' शब्द की। इसका मूल शब्द गोनर्द है। इसकी व्युत्पत्ति—गावः नर्दन्ति यत्र सः—ऐसी है। इसके अनुसार जहाँ गायें अच्छी नस्ल की होती हैं वह गोनर्द है। इससे हरियाणा, पंजाब का क्षेत्र प्रतीत होता हैं। कुछ लोग वर्तमान 'गोंडा' को गोनर्द का मूल मान्ते हैं। जो भी हो, ये उत्तर भारत के ही थे।

पतञ्जलि शब्द की व्युत्पत्ति के आधार पर इनका जंन्म माना जाता है—(१) पतन्ति अञ्जलयो नमस्कार्यतया यस्मिन् सः—[पतत्+अञ्जलि में अत्=टि का पररूप करने पररूप बनता है।] (२) अञ्जलेः पतितः—इस विग्रह में मयूर-व्यंसकादि मानकर निपातन से इत का लोप करके—पत् अञ्जलि=पतञ्जलि बनता है।[2] प्रथम के अनुसार सूर्यादि के लिए जलाञ्जलि देते समय इनकी उत्पत्ति हुई और वह जलाञ्जलि इन पर गिरती रही। दूसरी के अनुसार भी अञ्जलि से ही उत्पत्ति हुई।

इनके महाभाष्य में एक साथ अनेक प्रश्नों और उनके उत्तरों को देखकर विद्वानों ने इन्हें सहस्र जिह्वाओं वाले शेषनाग का अवतार माना है। इसीलिए फणी, फणिभृत्,' शेषाहि, नागनाथ—आदि नाम प्रसिद्ध हैं। इन्हें गोणिकापुत्र भी कहा जाता है। यह सम्भवतः इनकी माता के नाम के अनुसार[3] है। अनेक नामों के कारण इनका व्यक्तित्व और महत्त्वपूर्ण हो जाता है। चूर्णिकार नाम के कारण इनकी शैली की विशेषता प्रकट होती है।

महाभाष्य

पाणिनि की अष्टाध्यायी के सूत्रों पर कात्यायनादि द्वारा प्रणीत वार्तिकों के आधार पर विशिष्ट शैली में लिखा गया व्याख्यान ग्रन्थ महाभाष्य नाम से प्रसिद्ध है।

'सूत्रार्थो वर्ण्यते यत्र वाक्यैः सूत्रानुसारिभिः।
स्वपदानि च वर्ण्यन्ते भाष्यं भाष्यविदो विदुः[4] ॥'

इसको महाभाष्य क्यों कहा जाता है—इस पर ऊपर लिखा जा चुका है। यह व्याख्यान ग्रन्थ पाणिनि के प्रमुख और महत्त्वपूर्ण सूत्रों पर ही लिखा गया है। इसका विभाजन आह्निकों में है—'अह्ना निर्वृत्तम्—आह्निकम्'—इस व्युत्पत्ति से

---

१. संस्कृत शास्त्रों का इति० पृ० ४४९-५०
२. द्र० सभापति शर्मोपाध्यायकृत लक्ष्मी टीका सिद्धान्तकौमुदी 'अचोऽन्त्यादि टि०' (१।१।६४) पर।
३. पतञ्जलिकालीन भारत पृ० ५० में पतञ्जलिचरित—२।७।११ से उद्धृत।
४. महाभाष्य—छाया व्याख्या के प्रारम्भ में उद्धृत।

यह प्रतीत होता है कि एक एक दिन के अध्यापनीय या अध्यापित विषय का संग्रह एक एक आह्निक में किया गया है। प्रथम आह्निक भूमिकात्मक है और इसे 'पस्पशा' नाम से कहा जाता[१] है।

प्रथम आह्निक में मुख्य रूप से शब्द का स्वरूप, व्याकरणाध्ययन के प्रयोजन, अनुशासन की पद्धति, शब्द-अर्थ-सम्बन्ध की नित्यता, व्याकरण शास्त्र द्वारा नियम का बोधन, अप्रयुक्त शब्दों के भी अन्वाख्यान की आवश्यकता, शुद्ध शब्दों के ज्ञान में धर्म की उत्पत्ति, व्याकरण पद का अर्थ और अइउण् आदि वर्ण-समाम्नाय के उपदेश के प्रयोजन प्रतिपादित हैं।

महाभाष्य की व्याख्यायें

महाभाष्य जैसे महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ के गूढ आशयों को व्यक्त करने के लिए समय-समय पर अनेक व्याख्यान ग्रन्थ लिखे जाते रहे। परन्तु सम्प्रति उपलब्ध व्याख्याओं में भर्तृहरि की महाभाष्यदीपिका[२] ही सबसे प्राचीन मानी जाती है। उसके पहले भी अनेक टीकाएँ लिखीं गईं होगीं किन्तु उनका कोई संकेत या उल्लेख इस समय नहीं मिलता है। भर्तृहरि की दीपिका प्रारम्भिक तीन आह्निकों पर ही प्रकाशित है। वाक्यपदीय भी इन्हीं भर्तृहरि की अमर कृति है। इसमें ब्रह्मकाण्ड, वाक्यकाण्ड और पदकाण्ड—तीन काण्ड हैं। भर्तृहरि का समय चतुर्थ और पंचम शती के मध्य माना जाता है[३]।

भर्तृहरि के बाद कुछ और भी टीकायें लिखी गईं जिनमें जैय्यटपुत्र कैयट का **प्रदीप** व्याख्यान सर्वातिशायी है। यह पूरे महाभाष्य पर लिखा गया है। कैयट ने भर्तृहरि की उपजीव्यता स्पष्ट शब्दों में स्वीकार की[४] है। यदि कैयट का प्रदीप न होता तो आज महाभाष्य का रहस्य तो दूर रहा, साधारण गम्भीर विषय भी समझना कठिन हो जाता। कैयट कश्मीर के निवासी थे[५]। ये उपाध्याय जैय्यट के पुत्र थे[६]। हरदत्त की पदमञ्जरी निश्चितरूपेण कैयट के प्रदीप से प्रभावित है। पदमंजरीकार धर्मकीर्ति (रूपावतार के रचयिता) के पूर्ववर्त्ती हैं। सर्वानन्द ने

---

१. पस्पशा शब्द की व्युत्पत्ति मूलग्रन्थ के प्रारम्भ में टि० में देखें।

२. इसके तीन आह्निक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से प्रकाशित हुये हैं।

३. संस्कृत शास्त्रों का इतिहास पृ० ४७१

४. तथापि हरिबद्धेन सारेण ग्रन्थ-सेतुना।
क्रममाणः शनैः पारं तस्य प्राप्तास्मि पङ्गुवत् ॥ प्रदीप मंगलश्लोक ॥ ७ ॥

५. द्र० सं० व्या० इति० प्र० भा० पृ० ३६५

६. इत्युपाध्याय-जैयट-पुत्र-कैयटकृते महाभाष्य-प्रदीपे···। (आह्निकों के अन्त में)

अमरव्याख्यान 'टीका-सर्वस्व' की रचना ११५८ ई० (१२१५ सं०) में की, उसमें मैत्रेयरक्षित के धातुप्रदीप का उल्लेख है और धातुप्रदीप में धर्मकीर्ति के रूपावतार का। इस प्रकार कैयट का समय लगभग १०५० ई० माना जाना चाहिए।[१]

कैयट के अतिरिक्त ज्येष्ठकलश, मैत्रेयरक्षित, पुरुषोत्तमदेव, धनेश्वर, शेष-नारायण, विष्णुमित्र, नीलकण्ठ वाजपेयी, शेषविष्णु, शिवरामेन्द्र सरस्वती, प्रयाग-वेङ्कटाद्रि, तिरुमलयज्वा, कुमारतातय, राजन् सिंह, नारायण, सर्वेश्वर दीक्षित और गोपालकृष्ण शास्त्री इन १६ विद्वानों ने महाभाष्य पर संस्कृत-व्याख्यायें लिखीं।[२]

कैयटकृत प्रदीप सर्वातिशायी होने से सर्वाधिक प्रचलित हुआ। किन्तु इसको भी समझना साधारण नहीं था, अत एव उत्तरवर्त्ती अनेक विद्वानों ने प्रदीप पर भी व्याख्यायें लिखीं। जिनकी संख्या १५[३] है। इनमें नागेशभट्ट-कृत उद्द्योत सर्वश्रेष्ठ और अत्यन्त गंभीर है।

नागेश भट्ट उपनाम-काल अपने समय के अति प्रौढ वैयाकरण माने जाते हैं। इन्होंने न केवल व्याकरण पर अपितु सभी शास्त्रों पर रचनायें की हैं। इन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन सारस्वत साधना में ही लगा दिया था।[४] नागेश भट्ट का समय १७वीं शती का मध्यभाग माना जाता है। इन्होंने वृद्धावस्था में क्षेत्रसंन्यास ले लिया था इस कारण जयपुर के महाराज के यज्ञ में सम्मिलित नहीं हुए थे। वह यज्ञ १७४२ ई० में हुआ था, ऐसा माना जाता है।[५]

नागेश ने अपने उद्द्योत में केवल कैयटीय प्रदीप की ही व्याख्या नहीं की है अपितु अनेक स्थलों पर महाभाष्य की भी व्याख्या की है। नागेश हरिदीक्षित के प्रधान शिष्य थे। शिवभट्ट और सतीदेवी इनके माता-पिता थे। सम्भवतः इनकी कोई सन्तान नहीं थी। इसीलिए अपने अमर ग्रन्थ—शब्देन्दुशेखर और अनुपमकृति वैयाकरण-सिद्धान्त-लघुमञ्जूषा को माता सती और पिता शिव (शिव + पार्वती) को समर्पित किया है।[६]

---

१. द्र० सं० शा० का इतिहास पृ० ४८१
२. द्र० सं० व्या० इति० महाभाष्य के टीकाकार
३. द्र० सं० व्या० इति० 'महाभाष्य प्रदीप' के व्याख्याकार।
४. सर्वशास्त्रार्थ-तत्त्वज्ञः सर्वत्र च निबन्धकृत् ॥ (लघुमञ्जूषा की समाप्ति में)
५ यह प्रख्यात अश्वमेध आषाढ़ वदी द्वितीया संवत् १७९९ (१७४२ ई०) को जयपुर में सम्पन्न हुआ था। (सं० शा० का इति० पृ० ५२३)
६. शब्देन्दुशेखरः पुत्रः मञ्जूषा चैव कन्यका।
स्वमतौ सम्यगुत्पाद्य शिवयोरर्पितौ मया ॥ (लघुमञ्जूषा की समाप्ति में)

आज महाभाष्य के यथार्थ अभिप्राय को समझने के लिए कैयटीय प्रदीप और नागेशीय उद्द्योत ही सहायक माने जाते हैं।[1]

महाभाष्य की हिन्दी-व्याख्यायें

आज के अध्येताओं की सुविधा के लिये अनेक विद्वानों ने महाभाष्य पर आधुनिक भाषाओं में भी टीकाएँ लिखीं हैं। इनमें सर्वप्रथम महामहोपाध्याय श्री काशीनाथ वासुदेव अभ्यङ्कर हैं जिन्होंने मराठी भाषा में महाभाष्य का अनुवाद किया। चारुदेव शास्त्री ने हिन्दी में नवाह्निक तक अनुवाद (टिप्पणी-सहित) प्रकाशित कराया। मधुसूदन मिश्र ने पाँच आह्निक तक हिन्दी-अनुवाद (टिप्पणी-सहित) प्रकाशित कराया। सन् १९७९ में मैंने 'प्रकाश' व्याख्या टिप्पणी-सहित हिन्दी व्याख्या पस्पशाह्निकपर्यन्त प्रकाशित करवायी थी। कुछ अन्य विद्वानों ने भी पस्पशाह्निक पर्यन्त की हिन्दी-व्याख्यायें लिखी।

प्रस्तुत व्याख्या-भावबोधिनी

पूर्व प्रकाशित[2] अपनी हिन्दी-व्याख्या (प्रकाश) की लोकप्रियता देखकर मेरा उत्साहवर्धन हुआ और अब सम्पूर्ण नवाह्निक भाग की हिन्दी-व्याख्या लिखने की योजना के अन्तर्गत यह प्रथम 'पस्पशाह्निक' की व्याख्या 'भावबोधिनी' नाम से प्रकाशित हुई है। इसमें पहले की अपेक्षा कुछ और अधिक सरलता और उपयोगिता का ध्यान रखा गया है। पहले केवल हिन्दी-व्याख्या थी। इस संस्करण में कैयटीय प्रदीप भी होने से भाष्य का आशय समझने में निश्चित ही अधिक सहायता प्राप्त होगी।

पस्पशाह्निक के प्रतिपाद्य विषय

व्याकरण का प्राचीनतम अन्वर्थ नाम है—शब्दानुशासन। पाणिनि सम्पूर्ण संस्कृत वाङ्मय के तत्त्ववेत्ता थे। इन्होंने अपने अनुशासन में वैदिक और लौकिक उभयविध शब्दों को विषय बनाया है। चूंकि वैदिक शाखायें अनेक थीं, अतः सभी शब्दों का अनुशासन न करके कुछ महत्त्वपूर्ण सामान्य शब्दों का ही ग्रहण किया है। स्वरों के सिद्धान्त में विशेष प्रतिपादन किया है। उभयविध शब्दों का विवेचन पाणिनि की महती विशेषता रही है। पतञ्जलि ने अपने महाभाष्य के प्रारम्भ में

---

१. नागेश भट्ट के जीवन-वृत्त और कृतियों के विषय में विशेष ज्ञान के लिए चौखम्बा संस्कृत सीरीज वाराणसी से प्रकाशित मेरी संस्कृत-हिन्दी टीका-सहित —"परमलघुमञ्जूषा' देखनी चाहिए।

२. सन् १९७९ में प्रकाशित और 'उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी लखनऊ' द्वारा पुरस्कृत।

ही इस विषय में स्पष्टीकरण दे दिया है। प्रथम पस्पशा-आह्निक भूमिकात्मक है। इसमें अनेक उपयोगी विषयों का विवेचन किया गया है। उनका सार यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है।

द्विविध शब्द

अनुशासन के कर्म (लक्ष्य) शब्द दो प्रकार के हैं—वैदिक और लौकिक। यद्यपि वैदिक शब्द भी इसी लोक के अन्तर्गत ही होने से लौकिक माने जा सकते हैं परन्तु भाषा की दृष्टि से वेद और सामान्य लोक-भाषा के शब्दों को अलग-२ माना जाता है। इसके अतिरिक्त वैदिक शब्दों की उपपत्ति वैसी ही करनी होती है जैसा उनका प्रयोग दिखाई देता है। इसीलिए लौकिक शब्दों के उदा० "गौः, अश्वः शकुनिः" आदि दिये गये हैं किन्तु वैदिक के उदा० वेदमन्त्रों को ही दिया गया है—"शन्नो देवीरभीष्टये··· ।" "इषेत्वोर्जेत्वा०" आदि। इसलिये वैदिकों के नियम लक्ष्य-प्रधान और लौकिकों के लक्षण-प्रधान माने जाते हैं।

शब्द का द्विविध रूप

लोक-व्यवहार में शब्द और अर्थ का अभेद भी देखा जाता है। इसलिए सबसे अलग करके शब्द का स्वरूप प्रतिपादित करना है, जिस शब्द का अनुशासन इष्ट है। सामने खड़े हुये जीव-विशेष को देखकर 'यह गाय है' ('अयं गौः') ऐसा ज्ञान होता है। इस ज्ञान के विषयभूत जितने भी पदार्थ हैं अर्थात् जिन-जिन का ज्ञान होता है उनमें कौन सा पदार्थ शब्द है, शब्द किसे समझा जाय ? इस प्रश्न के उत्तर में भाष्यकार ने उक्त ज्ञान में भासित होने वाले—गोव्यक्ति, उसकी क्रियायें, उसका रंग और उसमें रहने वाले सामान्य धर्म (जाति) में शब्दत्व का विचार रखा और यह कहकर खण्डन कर दिया कि ये सभी व्यक्ति (द्रव्य) आदि हैं, शब्द नहीं है। इनसे भिन्न शब्द होता है। भाष्यकार ने शब्द के दो स्वरूप प्रदर्शित किये हैं। उनमें एक व्याकरण शास्त्र का सूक्ष्म शब्दतत्त्व है और दूसरा लोकप्रसिद्ध ध्वनि रूप—

(१) शब्द वह तत्त्व है जो वैखरी ध्वनि से अभिव्यक्त होता हुआ सींग, पूँछ, खुर आदि से युक्त पशु-विशेष रूप अर्थ का सम्प्रत्यायक (वाचक) होता है। पारिभाषिक रूप में इसे 'स्फोट' कहा जाता है। यह नित्य, विभु, अखण्ड माना जाता है। स्फोट की द्विविध व्युत्पत्ति है—(क) स्फुटचते=अभिव्यज्यते वैखरी-ध्वनिरूप-वर्णैरिति स्फोटः—जो उच्चार्यमाण वैखरी क ख आदि ध्वनियों से अभिव्यक्त होता है।

(ख) स्फुटति=व्यक्तीभवति अर्थोऽस्मात्–इति स्फोटः—जिससे अर्थ की अभि-व्यक्ति=प्रतीति होती है वह 'स्फोट' है। वही अर्थ का वाचक है।

(२) किन्तु इस प्रकार के स्फोटात्मक शब्द का ज्ञान सामान्य लोगों को नहीं होता है। वे ध्वनि को ही शब्द मानते हैं। इसीलिए जिस ध्वनि से अर्थ की प्रतीति होती है वह ध्वनि ही शब्द है। वैयाकरण और मीमांसक के अतिरिक्त नैयायिकादि इस ध्वनि को ही शब्द मानते हैं। स्फोट रूप शब्द का खण्डन करते हैं। भर्तृहरि, भट्टोजिदीक्षित, कौण्डभट्ट और नागेश आदि वैयाकरणों ने स्फोटवाद का समर्थन अनेक तर्कों और प्रमाणों से किया है।[1]

शब्दानुशासन के प्रयोजन

(क) मुख्य प्रयोजन

किसी भी महत्त्वपूर्ण कार्य को करने के पहले उसके प्रयोजनों का ज्ञान होना आवश्यक माना जाता है क्योंकि "प्रयोजनमनुद्दिश्य मन्दोऽपि न प्रवर्तते" ऐसी प्रसिद्धि है। व्याकरण के अध्ययन जैसे दुरूह और श्रमसाध्य कार्य में कोई तभी प्रवृत्त होगा जब उसे अध्ययन के प्रयोजन समझाये जाँय। इसलिए भाष्यकार ने शब्दानुशासन के प्रयोजन दो प्रकार से समझाये हैं। मुख्य प्रयोजन पाँच हैं[2]— (१) रक्षा, (२) ऊह, (३) आगम, (४) लघु और (५) असन्देह।

(१) वेदों की रक्षा—व्याकरण के अध्ययन से ही वैदिक और लौकिक रूपों में अन्तर समझा जा सकता है। लोप, आगम और वर्णविकार देखकर किसी व्यक्ति को वैदिक शब्द में अशुद्धि का भ्रम हो सकता है। परन्तु वैयाकरण को ऐसा नहीं होता है। वह जानता है कि किस शब्द का लौकिक रूप क्या है और वैदिक क्या। इसलिए वह वैदिक शब्दों में अशुद्धि न समझकर उनका शुद्ध ज्ञान करते हुए वेदों की रक्षा कर सकता है।

(२) ऊह—'प्रकृति के समान विकृति करनी चाहिए' ऐसा मीमांसकों का मत है। प्रकृति-याग में सर्वविधियाँ उपदिष्ट रहती हैं। विकृति-यागादि में उसी के अनुसार कल्पित करनी पड़ती हैं, यह 'ऊह' कहा जाता है। इसमें प्रकृति–ऊह, प्रत्यय–ऊह आदि का ज्ञान व्याकरण के अध्ययन से ही सम्भव होता है। वैयाकरण ही आवश्यकतानुसार प्रकृति या प्रत्यय के रूपों का विपरिणाम कर सकता है।

(३) आगम—'प्रयोजनम्' यहाँ पाँच प्रयोजन शब्दों के एकशेष में एक पुंल्लिङ्ग भी है—प्रयोजनः=प्रयोजकः। उनका एकवद्भाव होने से 'प्रयोजनम्' यह 'प्रयोजनानि'

---

१. भर्तृहरिकृत वाक्यपदीय, मण्डनमिश्रकृत स्फोटसिद्धि, भट्टोजिदीक्षित तथा कौण्डभट्टकृत वैयाकरण-भूषण और सार, नागेशभट्टकृत मञ्जूषात्रयी आदि ग्रन्थो में स्फोटवाद का विशद विवेचन है।

२. रक्षोहागमलघ्वसन्देहाः प्रयोजनम्। पस्पशा० पृ० १३

का पर्याय[1] ही है। आगम=वेद व्याकरणाध्ययन का प्रयोजन=प्रयोजक है—"ब्राह्मण को किसी दृष्ट कारण की अपेक्षा किए विना ही छः अङ्गों सहित वेद का अध्ययन और ज्ञान करना चाहिए।" शिक्षा, कल्प आदि छः अङ्गों में व्याकरण प्रधान है—'मुखं व्याकरणं स्मृतम्।' प्रस्तुत वेद-वाक्य व्याकरणाध्ययन की नित्य-कर्मता भी बोधित करता है।

(४) लघु—लघुभूत उपाय से अनन्त शब्द-रूपों का ज्ञान कराना भी व्याकरणाध्ययन का फल है। क्योंकि उत्सर्ग और अपवाद नियमों के द्वारा व्याकरण से अनेक शब्दों का ज्ञान सरलतया हो जाता है। अधिक से अधिक शब्दों के ज्ञान से ही अध्यापनादि में सफलता और यश की प्राप्ति होती है।

(५) असन्देह—सन्देह न होना। वास्तव में यहाँ सन्देह का प्रागभाव इष्ट है। वैयाकरण को सन्देह होता ही नहीं है। अन्य व्यक्ति को सन्देह हो सकता है। वैदिक शब्दों के अर्थ-निर्णय में स्वरों का बड़ा महत्त्व है। स्वरों का सम्यक् ज्ञान व्याकरण के अध्ययन से ही होता है। उदाहरणार्थ—"स्थूलपृषतीमाग्निवारुणी-मनड्वाहीमालभेत" यहाँ 'स्थूलपृषतीम्' पद में तत्पुरुष और बहुव्रीहि का सन्देह है—(१) स्थूला चासौ पृषती च। (२) स्थूलानि पृषन्ति यस्याः सा। वैयाकरण यहाँ पूर्वपद (स्थूल) का प्रकृतिस्वर (अन्तोदात्त) देखकर यह निर्णय कर लेता है कि इसमें बहुव्रीहि[2] ही है, कर्मधारय तत्पुरुष नहीं। इसलिए यह भी प्रयोजन है। वास्तव में यह रक्षा के अन्तर्गत भी माना जा सकता है। अतः यहाँ कोई ऐसा उदाहरण होना चाहिए था जो पूर्वोक्त चारों में अन्तर्भूत न हो सकता।

(ख) आनुषङ्गिक=गौण प्रयोजन

महाभाष्य में रक्षा, ऊह, आगम, लघु और असन्देह—इन पाँच मुख्य प्रयोजनों का प्रतिपादन करने के बाद—"तेऽसुराः' प्रतीक से लेकर "सुदेवो असि वरुण" इस प्रतीक तक तेरह आनुषङ्गिक[3] प्रयोजन प्रदर्शित किये गए हैं।

(१) "तेऽसुराः हेऽलयो हेलय इति कुर्वन्तः पराबभूवुः।" इस वैदिक आख्यान से ज्ञात होता है कि अपशब्द के प्रयोग से म्लेच्छ बनना पड़ता है और पराजित होना पड़ता है। अतः शुद्ध शब्दों का प्रयोग करने के लिए व्याकरण पढ़ना चाहिए।[4]

---

१. नपुंसकमनपुंसकेनैकवच्चास्यान्यतरस्याम् (पा० सू० १।२।५९) से सभी का एकशेष एकवद्भाव होता है।
२. बहुव्रीहौ प्रकृत्या पूर्वपदम्। (पा० सू० ६।२।१)
३ प्रधानत्वादेव तेषां प्रथमतोऽभिधानमिति भावः। तेषां प्रधानत्वं च पदपदार्थ-ज्ञानाधीनत्वेनान्तरङ्गत्वात्। वक्ष्यमाणानां च बहिरङ्गशब्दापशब्दप्रयोगविधि-निषेधविषयत्वादानुषङ्गिकत्वं बोध्यम्।' (उद्द्योत)
४. द्र० पृ० २०

(२) यदि कोई शब्द वर्ण या स्वर की दृष्टि से दोषयुक्त हो जाता है तो वह अभीष्ट अर्थ को नहीं कह पाता है। वह वाग्वज्र बनकर यजमान का विनाश उसी प्रकार कर डालता है जिस प्रकार 'स्वाहेन्द्र-शत्रुर्वर्धस्व' के 'इन्द्रशत्रु' शब्द ने वृत्र का वध करा दिया।[1] अतः दुष्ट शब्दों के प्रयोग से बचने के लिए व्याकरण पढ़ना चाहिए।

(३) जिसे केवल पढ़ा गया, अर्थ का ज्ञान नहीं किया गया, वह उसी प्रकार व्यर्थ हो जाता है जिस प्रकार अग्निरहित स्थान पर रखी गई सूखी लकड़ी।[2] अतः अर्थ-सहित अध्ययन और ज्ञान करने के लिए भी व्याकरण पढ़ना चाहिए।

(४) जो वाग्योगवित् (शब्दार्थ-सम्बन्धवेत्ता) उचित व्यवहार-काल में उचित शब्द का ही प्रयोग करता है, वह न केवल इस लोक में अपितु परलोक में भी विजय प्राप्त करता है।[3] इसलिए उचित शब्द के प्रयोग करने की शक्ति प्राप्त करने के लिए भी व्याकरण शास्त्र का अध्ययन आवश्यक है।

(५) जो अविद्वान् व्यक्ति प्रत्यभिवादन में टि का प्लुत करना नहीं जानता है, उसे स्त्री के समान साधारण रूप से ही प्रणाम करना चाहिए।[4] प्लुत-विधान का ज्ञान करने के लिए व्याकरण पढ़ना चाहिए जिससे उसके साथ स्त्री के समान व्यवहार न किया जा सके।

(६) 'प्रयाज मन्त्र सविभक्तिक करने चाहिए' ऐसा विधान है। व्याकरण-ज्ञान के विना प्रयाज के मन्त्रों को विभक्ति-सहित करना सम्भव नहीं है। अतः ऐसा 'ज्ञान प्राप्त करना' भी व्याकरणाध्ययन का फल है।[5]

(७) ऋत्विक् कर्म को करने वाला या कराने वाला अर्थात् आचार्य और यजमान वही बन सकता है जो वेदरूपा वाणी को पद, स्वर और अक्षरों की दृष्टि से संस्कारयुक्त कर सकता[6] है। ऐसा सामर्थ्य व्याकरणाध्ययन से ही प्राप्त हो सकता है। अतः यह भी फल है।

---

१. दुष्टः शब्दः स्वरतो वर्णतो वा, मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्॥ (पृ० २१)

२. यदधीतमविज्ञातं निगदेनैव शब्द्यते।
अनग्नाविव शुष्कैधो न तज्ज्वलति कर्हिचित्॥ (पृ० २३)

३. यस्तु प्रयुङ्क्ते कुशलो विशेषे शब्दान् यथावद् व्यवहारकाले।
सोऽनन्तमाप्नोति जयं परत्र वाग्योगविद् दुष्यति चापशब्दैः॥ (पृ० २३)

४. अविद्वांसो प्रत्यभिवादे नाम्नो ये न प्लुतिं विदुः।
कामं तेषु तु विप्रोष्य स्त्रीष्विवायमहं वदेत्॥ (पृ० २७)

५. द्र० पृ० २८ "प्रजायाः सविभक्तिकाः कार्याः।

६. यो वा इमां पदशः स्वरशोऽक्षरशो वाचं विदधाति स आर्त्विजीनो भवति। (पृ० २९)

(८) 'चत्वारि शृङ्गा'[१] आदि मन्त्र से यह ज्ञात होता है कि शब्दरूपी वृषभ मनुष्यों में आविष्ट है, अन्तर्यामिरूपेण है। उसके साथ सायुज्य=ऐक्य प्राप्त करने के लिए व्याकरण शास्त्र का अध्ययन करते हुए शब्दतत्त्व का ज्ञान प्राप्त करना भी फल है।

अथवा चार प्रकार के पद हैं। उनमें तीन अज्ञानरूपी गुफा में छिपे हैं। केवल चतुर्थ का ही प्रयोग किया जाता है।[२] अन्य तीन रूपों का सम्यग् ज्ञान प्राप्त करने के लिए भी व्याकरणाध्ययन करना चाहिए।

(९) कुछ लोग वाणी को देखते हुए भी नहीं देख पाते हैं और सुनते हुये भी नहीं सुन पाते हैं क्योंकि उन्हें अर्थ का ज्ञान नहीं होता है। परन्तु जो वैयाकरण हैं उन्हें वाणी का सम्पूर्ण रूप दिखाई देता[३] है, समझ में आ जाता है, किसी प्रकार का आवरण नहीं रहता है। हमें भी वाणी का सम्पूर्ण रूप ज्ञात हो सके। इसके लिए व्याकरणाध्ययन करना चाहिए।

(१०) जिस प्रकार चलनी से उपयोगी आटा या सत्तू और भूसी अलग-अलग कर दी जाती है उसी प्रकार चिन्तनशील विद्वान् पुरुष अपने प्रज्ञान से शब्द और अपशब्द का पार्थक्य कर लेते हैं। वे शब्दतत्त्व के विषय में सम्यग् ज्ञान करके शब्दब्रह्म को प्राप्त करने में समर्थ होते हैं क्योंकि उनकी वाणी में लक्ष्मी-शक्ति रहती है।[४]

(११) यज्ञ में अपशब्द का उच्चारण करने पर प्रायश्चित्तीय सारस्वती इष्टि करनी पड़ती[५] है। अतः शुद्ध शब्दों का ज्ञान और उन्हीं का प्रयोग करने के लिये व्याकरण का अध्ययन करना चाहिए।

(१२) लौकिक व्यवहार-ज्ञान के लिए भी व्याकरण का अध्ययन आवश्यक है। ऐसा वेद वचन है—"उत्पन्न सन्तान के जन्म की दशवीं रात्रि के बाद उसका नाम रखना चाहिए। नाम कृदन्त ही होना चाहिए तद्धितान्त नहीं।"[६] कृत् और तद्धित प्रत्ययों का ज्ञान व्याकरण से ही होता है, इसलिए भी व्याकरण पढ़ना चाहिए।

---

१. चत्वारि शृङ्गा त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो मर्त्यां आविवेश॥ (पृ० ३०)

२. चत्वारि वाक् परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः।
गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति॥ (पृ० ३३)

३. उत त्वः पश्यन्न ददर्श वाचमुतत्वः शृण्वन्न शृणोत्येनाम्।
उतो त्वस्मै तन्वं विसस्रे जायेव पत्य उशती सुवासाः॥ (पृ० ३४)

४. सक्तुमिव तितउना पुनन्तो यत्र धीरा मनसा वाचमक्रत।
अत्रा सखायः सख्यानि जानते भद्रैषां लक्ष्मीर्निहिताधिवाचि॥ (पृ० ३५)

५. आहिताग्निरपशब्दं प्रयुज्य प्रायश्चित्तीयां सारस्वतीमिष्टिं निर्वपेत्। (पृ० ३८)

६. ···द्व्यक्षरं चतुरक्षरं वा कृतं कुर्यान्न तद्धितम्। (पृ० ३९)

(१३) वरुण की जिह्वा पर सदैव सभी विभक्तियों के रूप रहते हैं। अतः वे सदैव सत्यदेव हैं।[१] कभी भी अशुद्ध उच्चारण नहीं करते हैं। हम भी सदैव सही-शुद्ध उच्चारण करके सत्यदेव बन सकें, इसके लिए व्याकरण का अध्ययन करना चाहिए।

पूर्वोक्त तेरह प्रयोजनों से व्याकरणाध्ययन की उपयोगिता सुस्पष्ट हो जाती है।

शब्दानुशासन की पद्धति

शब्दों का अनुशासन करना है। यहाँ यह प्रश्न उठता है कि १. शुद्ध संस्कृत शब्दों का अनुशासन किया जाय अथवा २. अपशब्दों का अथवा ३. दोनों का ? उत्तर यह है कि दोनों के अनुशासन की आवश्यकता नहीं है, किसी एक के अनुशासन से भी निर्वाह हो सकता है, दूसरे का ज्ञान स्वतः हो सकता है। जैसे "पञ्च पञ्चनखा भक्ष्याः" ऐसा कह देने पर पाँच नाखून वाले शशक, शल्यकी गोधा, खड्गी, कूर्म--इन पाँच को हीं खाना चाहिए, इनसे भिन्न पाँच नाखून वाले किसी को नहीं खाना चाहिए—यह अर्थात् प्रतीत हो जाता है।[२] यहाँ विधान से निषेध की अर्थतः प्रतीति है। "अभक्ष्यो ग्राम्यकुक्कुटः, अभक्ष्यो ग्राम्यसूकरः" ऐसा कह देने से गाँव वाले मुर्गे और सुअर का भक्षण निषिद्ध होकर अर्थात् जंगली मुर्गे और सुअर के भक्षण की प्रतीति फलित होती है।[३]

शब्दोपदेश के विषय में भी उपर्युक्त स्थिति ही है। यदि 'गौः' ऐसे साधु (शुद्ध) संस्कृत शब्द का उपदेश किया जाता है तो इससे भिन्न—गावी, गोणी, गोता आदि अपशब्द हैं—यह ज्ञान स्वतः हो जाता है। इसके विपरीत यदि यह कहा जाय—गावी, गोणी, गोता आदि अपशब्द हैं तो यह अर्थतः प्रतीत हो जाता है कि 'गौः' यह शुद्ध शब्द है। ऐसी स्थिति में शब्द (शुद्ध) या अपशब्द किसी एक के ही उपदेश से दूसरे का ज्ञान स्वतः हो जाता है, दूसरे के उपदेश की आवश्यकता नहीं है।

चूंकि शुद्ध शब्दों की संख्या कम है, अतः उनके उपदेश में लाघव है। साथ ही उन्हीं के ज्ञान के लिए अनुशासन भी किया जाता है, अतः शुद्ध शब्दों का ही उपदेश करना उचित है।[४]

उन शुद्ध शब्दों के उपदेश करने की दो पद्धतियाँ हो सकती हैं—

---

१. सुदेवो असि वरुण यस्य ते सप्त सिन्धवः।
अनुक्षरन्ति काकुदं सूर्म्यं सुषिरामिव ॥ (पृ० ४०)

२. भक्ष्यनियमेनाभक्ष्यप्रतिषेधो गम्यते। (पृ० ४४)

३. अभक्ष्यप्रतिषेधेन च भक्ष्यनियमः। (पृ० ४४)

४. लघुत्वाच्छब्दोपदेशः। "इष्टान्वाख्यानं खल्वपि भवति। (पृ० ४६)

(१) प्रत्येक पद का पाठ करके (प्रतिपद का) अनुशासन करना।

(२) कुछ सामान्य शास्त्र बनाना और लक्ष्यानुसार कुछ अपवाद शास्त्र बनाकर अभीष्ट शब्दों का अनुशासन करना।

इनमें प्रतिपद-पाठ द्वारा अनुशासन सम्भव नहीं है। क्योंकि ऐसी श्रुति है कि एक बार देवगुरु बृहस्पति ने देवराज इन्द्र को देवताओं के एक सहस्र वर्षों तक प्रतिपद पाठ पढ़ाया था किन्तु वे इस कार्य में सफल नहीं हो सके थे। विद्या की सफलता के लिए चार अवस्थायें पार करनी पड़ती हैं—(१) गुरुमुख से सुनकर अध्ययन करना, (२) अधीत विषय का स्वयं चिन्तन और अभ्यास करना, (३) अपने से कम जानने वालों को पढ़ाना–अध्यापन, (४) यागादि सामूहिक कार्यों में सबके समक्ष अपने ज्ञान का व्यावहारिक रूप से प्रदर्शन करना।[1] किन्तु आज का (पतञ्जलि के समय) मनुष्य अधिक से अधिक सौ वर्षों तक ही जीवित रह सकता है। ऐसी दशा में केवल पढ़ने में ही सारी आयु समाप्त हो जायगी। शेष तीन अवस्थायें अधूरी रह जायेंगी। इसलिए कुछ सामान्य शास्त्र, जैसे "कर्मण्यण्" और कुछ इसके अपवाद शास्त्र, जैसे—"आतोऽनुपसर्गे कः" बनाकर सभी प्रकार के शब्दरूपों का अनुशासन करना चाहिए।[2] इसमें लाघव है। यह पद्धति लक्षण-प्रधान है। प्रतिपद-पाठ लक्ष्य-प्रधान होने से गौरवग्रस्त है।

पद का अर्थ जाति है या व्यक्ति (द्रव्य) ?

पद से व्यक्ति (द्रव्य) रूप अर्थ की प्रतीति होती है या जाति रूप अर्थ की—इस विषय में शास्त्रकारों में मतभेद है। अनन्त व्यक्तियों में शक्तिग्रह कराने से आनन्त्य दोष और अगृहीतशक्तिक व्यक्ति के बोध में व्यभिचार दोष होता है। इसलिए मीमांसक जातिरूप अर्थ का समर्थन करते है। नैयायिक 'जात्याकृति-व्यक्तयस्तु पदार्थः' इस गौतमसूत्र के अनुसार जात्यादि-विशिष्ट में शक्ति मानते हैं। परन्तु पाणिनि का आग्रह नहीं है। उन्होंने लक्ष्यानुसार कहीं व्यक्ति और कहीं जातिरूपी अर्थ मानने की छूट दे रखी है।[3] "जात्याख्यायामेकस्मिन् बहुवचनमन्यतरस्याम्" यह सूत्र बनाकर जाति को पदार्थ सिद्ध किया है, अन्यथा व्यक्तिबहुत्व से बहुवचन सिद्ध ही रहने पर इस सूत्र की आवश्यकता नहीं थी। इसी प्रकार 'सरूपाणामेकशेष एकविभक्तौ' ऐसा सूत्र बनाकर व्यक्ति को पदार्थ सिद्ध किया है। अन्यथा जाति

---

१. चतुर्भिश्च प्रकारैर्विद्योपयुक्ता भवति—आगमकालेन, स्वाध्यायकालेन, प्रवचनकालेन, व्यवहारकालेनेति। (पृ० ४७-४८)

२. किञ्चित् सामान्यविशेषवल्लक्षणं प्रवर्त्यम्। येनाल्पेन यत्नेन महतो महतः शब्दौघान् प्रतिपद्येरन्। (पृ० ४८)

३. उभयथा ह्याचार्येण सूत्राणि पठितानि। (पृ० ५१)

एक होने से एक शब्द का ही प्रयोग प्राप्त था, उसी के विधान के लिए सूत्र-प्रणयन की आवश्यकता नहीं थी।

शब्द नित्य है या अनित्य

कुछ विद्वान और सम्प्रदाय शब्द को नित्य मानते हैं तो दूसरे अनित्य। इस विषय में पाणिन्यादि का क्या मत है? इस गम्भीर प्रश्न का उत्तर भाष्यकार ने स्वयं न देकर अपने समय के एक महान् और प्रामाणिक 'सङ्ग्रह' नामक ग्रन्थ के लिए छोड़ दिया है। उसी ग्रन्थ में नित्यत्व पक्ष के गुण और दोष तथा अनित्यत्व पक्ष के गुण और दोष दोनों का सम्यक् परीक्षण किया गया है।[1] वहाँ के विवेचन का निष्कर्ष यही है कि शब्द की नित्यता हो चाहे अनित्यता, दोनों पक्षों में व्याकरण शास्त्र की उपयोगिता है ही, क्योंकि व्याकरण का मुख्य उद्देश्य साधुत्व और असाधुत्व का निर्णय करना है। यह दोनों पक्षों के लिए आवश्यक है। वैयाकरण और मीमांसक शब्द की नित्यता का और नैयायिकादि अनित्यता का समर्थन करते हैं।

वैयाकरण प्रारम्भ से ही शब्द की नित्यता के समर्थक रहे हैं। आचार्य व्याडि ने एक लाख श्लोकों वाले 'संग्रह' नामक ग्रन्थ में इस विषय की पर्याप्त समीक्षा करके गुण-दोष प्रदर्शित किए हैं। उसके अनुसार साधुत्व के ज्ञान के लिए व्याकरण की उपयोगिता दोनों ही पक्षों में है।

शब्द, अर्थ और सम्बन्ध की नित्यता

आचार्य पाणिनि भी शब्दों का नित्यता के समर्थक हैं। इनके अनुसार तो केवल शब्द ही नहीं अपितु शब्द, अर्थ और सम्बन्ध—ये तीनों ही नित्य हैं। स्फोट रूप शब्द नित्य है ही। कार्यशब्दवादी नैयायिकों को भी प्रवाह-नित्यतया शब्द नित्य मानना चाहिए। अर्थ भी जातिरूप होने से अथवा प्रवाह की नित्यता से नित्य ही माना जाता है। जब शब्द और अर्थ ये दोनों सम्बन्धी नित्य हैं तो इनका सम्बन्ध स्वतः नित्य है। अतः पाणिनि शब्दार्थ-सम्बन्ध के स्रष्टा नहीं हैं अपि तु सिद्ध के ही स्मारक आचार्य हैं।[2] इसी तथ्य को कात्यायन ने अपने सबसे पहले वार्त्तिक में लिखा है—

"सिद्धे शब्दार्थ-सम्बन्धे" (का० वा० १)

शब्द भी सिद्ध है, अर्थ भी सिद्ध है और इनका सम्बन्ध भी सिद्ध है—यही मानते हुए भगवान पाणिनि ने अपने व्याकरण शास्त्र की रचना की है।

---

१. संग्रहे एतत्प्राधान्येन परीक्षितम्—नित्यो वा स्यात् कार्यो वेति। तत्रोक्ता दोषाः प्रयोजनान्यप्युक्तानि। (पृ० ५२)

२. किमाचार्य एव स्रष्टा शब्दार्थ-सम्बन्धानाम्, अथ स्मर्ता इति प्रश्नः। (प्रदीपः पृ० ५२)

यहाँ एक प्रश्न उठता है—सिद्ध शब्द का प्रयोग नित्य पदार्थों के लिए भी होता है, जैसे—'सिद्धा द्यौः, सिद्धा पृथिवी, सिद्धमाकाशम्।' और अनित्य पदार्थों के लिए भी, जैसे—'सिद्धः सूपः, सिद्ध ओदनः' आदि। अतः दोनों अर्थों में प्रयुक्त होने वाले 'सिद्ध' शब्द का वार्त्तिक में किसी एक अर्थ में प्रयोग मानना कैसे सम्भव[1] है ? इस प्रश्न के उत्तर में भाष्यकार ने निम्न चार तर्क प्रस्तुत किये हैं—

(१) व्याडिरचित एकलक्षश्लोकात्मक 'संग्रह' नामक ग्रन्थ में कार्य=अनित्य के विरोधी के रूप में 'सिद्ध' शब्द का प्रयोग है—"किं कार्योऽथ सिद्धः ?" इससे यह स्पष्ट है कि आचार्य व्याडि शब्द को नित्य मानते हैं। वे वैयाकरण हैं, अतः उपर्युक्त व्याकरण-वार्त्तिक में भी 'सिद्ध' का अर्थ नित्य ही मानना चाहिए

(२) सामान्यतया जहाँ अवधार्यमाणवाचक और अवधारणवाचक 'एव' का प्रयोग रहता है वहीं पर अवधारण होते देखा जाता है, जैसे—'अर्जुन एव धनुर्धरः' आदि। परन्तु कहीं-कहीं एक पद वाले में भी अवधारण देखा जाता है, जैसे—'अब्भक्षः' 'वायुभक्षः' इनसे 'अप एव भक्षयति, वायुमेव भक्षयति'—ऐसी प्रतीति देखी जाती है। उसी प्रकार यहाँ 'एव' न होने पर भी उसका अर्थ मान लेना चाहिए—"सिद्धे एव न तु साध्ये=अनित्ये शब्दार्थसम्बन्धे···।"

(३) विना[2] प्रत्यय के भी पूर्व या उत्तर पद का लोप देखा जाता है, जैसे—सत्यभामा=सत्या, भामा, देवदत्तः=दत्तः, भीमसेनः=भीमः। इसी प्रकार यहाँ भी 'अत्यन्तसिद्धे' है, किन्तु पूर्व पद 'अत्यन्त' का लोप होने पर अकेला उत्तर पद ही पूर्वपद का भी अर्थ बताता है—'अत्यन्तसिद्धे न तु कथमपि साध्ये।'

(४) कहीं भी सन्देह हो जाने मात्र से उस नियम या शास्त्र को अप्रमाण नहीं मानना चाहिए। उसका विशेष ज्ञान करने के लिए विद्वानों के व्याख्यान देखने चाहिए अथवा उचित व्याख्या करनी चाहिए[3]। अतः यहाँ भी 'सिद्ध' की व्याख्या 'नित्य' करनी चाहिए।

यद्यपि 'सिद्धे' के स्थान पर 'नित्ये' पाठ कर देने पर उपर्युक्त समस्या नहीं आती तथापि 'सिद्धे' का उल्लेख करने से दो लाभ हैं—१. मङ्गलाचरण और २. व्याख्यान द्वारा नित्यार्थता का उपपादन। यह प्रथम वार्त्तिक है और आचार्य कात्यायन ने अध्येताओं के लिए मंगलकामना से इस शब्द का प्रयोग किया है।[4] चूंकि 'नित्य-

---

१. यावता कार्येष्वपि वर्तते तत्र कुत एतत्—नित्यपर्यायवाचिनो ग्रहणम्, न पुनः कार्ये यः सिद्धशब्द इति।(पृ० ५४)

२. 'विनापि प्रत्ययं पूर्वोत्तरपदयोर्लोपः।' (का० वार्त्तिक)

३. व्याख्यानतो विशेषप्रतिपत्तिर्नहि सन्देहादलक्षणम्'। (पृ० ५६)

४. पश्यति त्वाचार्यो मङ्गलार्थश्चैव सिद्धशब्द आदितः प्रयुक्तो भविष्यति, शक्ष्यामि चैनं नित्यपर्यायवाचिनं वर्णयितुम्। (पृ० ५७)

प्रहसितः' 'नित्यप्रजल्पितः' आदि में नित्य का प्रयोग आभीक्ष्ण्य अर्थ में भी देखा जाता है। अतः 'नित्ये' के उल्लेख से भी वह अभीष्ट अर्थ तब तक नहीं निकल सकता जब तक कि व्याख्यान की सहायता न ली जाय।

इस प्रकार स्पष्ट है कि पाणिनि और कात्यायन आदि सभी वैयाकरण शब्द, अर्थ और सम्बन्ध को नित्य ही मान कर व्याकरण शास्त्र की रचना में प्रवृत्त हुए थे। वे नवीन शब्दों के रचयिता नहीं थे।

व्याकरण शास्त्र द्वारा धर्म-नियम

शब्द की नित्यता में लोकव्यवहार प्रमाण है क्योंकि कार्य=जन्य पदार्थ के प्रयोग करने का इच्छुक व्यक्ति उसके निर्माता से उस पदार्थ का निर्माण करवाता है। परन्तु शब्द-प्रयोग का इच्छुक कोई भी व्यक्ति वैयाकरण के कुल में जाकर यह नहीं कहता है—'शब्दं कुरु, कार्यमनेन करिष्यामि' अर्थात् शब्द बना दीजिये, मैं उनसे व्यवहार करूँगा। वह अर्थ के लिए शब्द का प्रयोग करने लगता है। अतः शब्द की नित्यता लोकव्यवहार से ही सिद्ध है।

यदि लोकव्यवहार से ही शब्दों की नित्यता ज्ञात हो जाती है तो फिर उनके लिए व्याकरण शास्त्र की क्या उपयोगिता है? इस प्रश्न का समाधान यह है कि व्याकरण शास्त्र द्वारा 'धर्मनियम' किया जाता[1] है। 'धर्मनियमः' यहाँ समास है। इसके तीन[2] आशय महाभाष्य में दिये गए हैं—

(१) धर्माय = प्रत्यवायपरिहाराय नियमः = साधुशब्दैरेव भाषितव्यं नासाधुशब्दैः।

(२) नियम धर्म के लिए होता है, अतः धर्म भी नियम शब्द से कहा जाता है। इसलिए धर्मरूप नियम (धर्मार्थः नियमः)।

(३) धर्मप्रयोजनः नियमः—यहाँ कर्म अर्थ में ल्युट् मानकर 'प्रयुज्यते यः सः–' ऐसा करके 'धर्मप्रयोज्यः नियमः' ऐसा अभिप्राय है। धर्म प्रयोजक है नियम प्रयोज्य है।

जिस प्रकार लौकिक और वैदिक अनेक विषयों में नियम धर्मप्राप्ति के लिए ही बनाये गये हैं उसी प्रकार व्याकरण शास्त्र का नियम भी धर्मप्राप्ति के लिए है।[3] शुद्ध शब्दों के द्वारा ही अर्थ का बोध कराना चाहिए, ऐसा करने से अभ्युदय की प्राप्ति होती है। जैसे 'अभक्ष्यो ग्राम्यकुक्कुटः' 'इयं गम्या इयम् अगम्या' आदि

१, लोकतोऽर्थप्रयुक्ते शब्दप्रयोगे शास्त्रेण धर्मनियमः। (का० वा० २)

२. धर्माय नियमः—धर्मनियमः। धर्मार्थो वा नियमः—धर्मनियमः। धर्मप्रयोजनो वा नियमः—धर्मनियमः॥ (पृ० ६५)

३. यथा लौकिकवैदिकेषु। (का० वा०)

लौकिक नियमों का मुख्य फल धर्म की प्राप्ति ही होता है। इसी प्रकार 'पयोव्रतो ब्राह्मणः, यवागूव्रतो राजन्यः, आमिक्षाव्रतो वैश्यः। 'वैल्वः खादिरो वा यूपः स्यात्' आदि वैदिक नियम भी केवल धर्मोत्पत्ति के लिए हैं। क्योंकि उनके बिना भी उनके कार्य हो सकते हैं। यही बात व्याकरणशास्त्र के नियम में भी समझनी चाहिए।[१]

अप्रयुक्त शब्दों का भी शन्वाख्यान आवश्यक

प्रयोग को देखकर ही साधुत्व का निश्चय होता है, अतः जिनका प्रयोग नहीं देखा जाता है उनके अन्वाख्यान की आवश्यकता नहीं है।[२] ऐसे शब्द हैं—ऊष, तेर, चक्र, पेच। अप्रयुक्त होने के कारण इनके लिए सूत्रादि नहीं बनाने चाहिए।

यद्यपि 'ऊष' आदि शब्दों के अर्थ हैं अतः उन अर्थों का ज्ञान कराने के लिए उन शब्दों का प्रयोग मानना ही चाहिए क्योंकि शब्दप्रयोग के बिना अर्थज्ञान नहीं हो सकता—ऐसा कहा जा सकता है। परन्तु यह तर्कसंगत नहीं है क्योंकि उन शब्दों से जिन अर्थों का ज्ञान होता है उनके स्थान पर दूसरे शब्दों का प्रयोग देखा जाता है[3] उन्हीं शब्दों का प्रयोग होता है, जैसे ऊष=क्व यूयम् उषिताः, ते=क्व यूयं तीर्णाः, चक्र=क्व यूयं कृतवन्तः, पेच=क्व यूयं पक्ववन्तः। इससे स्पष्ट है कि लिट् मध्यमपुरुष बहुवचन के शब्दरूप के स्थान पर निष्ठा प्रत्यय वाले शब्दों का प्रयोग होता है। अतः 'ऊष' आदि का अप्रयोग ही समझना चाहिए।

उपर्युक्त बात सच है परन्तु इन 'ऊष' आदि शब्दों के संस्कारक नियमों का प्रणयन और ज्ञान आवश्यक हैं, जैसा कि बड़े बड़े दीर्घकालसाध्य यज्ञों के अध्ययन के विषय में देखा जाता है। यद्यपि इस समय उन यज्ञों का अनुष्ठान कोई नहीं करता है तथापि धर्मबुद्धि से उनका अध्यापन और अध्ययन किया जाता है, वही स्थिति इन शब्दों के विषय में भी समझनी चाहिए[४]।

साथ ही यह भी ध्यान देने की बात है कि शब्द के प्रयोग का क्षेत्र अति विशाल है। असीमित साहित्य है। उसमें इन शब्दों की खोज करनी चाहिए। बिना खोज के इनका अप्रयोग मान लेना ठीक नहीं है।[५] कुछ ऐसे भी शब्द हैं जिनका प्रयोग स्थानविशेष पर विशेष अर्थ में देखा जाता है। इसलिए किसी भी शब्द का अप्रयोग

---

१. एवमिहापि समानायामर्थावगतौ शब्देनापशब्देन च धर्मनियमः क्रियते—शब्देनैवार्थोऽभिधेयो नापशब्देनेति। एवं क्रियमाणमभ्युदयकारि भवतीति। (पृ० ६९)

२. प्रयोगाद्धि भवान् शब्दानां साधुत्वमध्यवस्यति। य इदानीमप्रयुक्ताः नामी साधवः स्युः। (पृ० ७०)

३. अप्रयोगः प्रयोगान्यत्वात्। (का० वा०)

४. अप्रयुक्ते दीर्घसत्रवत्। (का० वा०)

५. सर्वे देशान्तरे (का० वा०)।

कहना दुःसाहसमात्र है। वास्तव में इनका भी प्रयोग वेद में देखा जाता है— "यद्वो रेवती रेवत्यन्तं तमूष।" "यन्मे नरः श्रुत्यं ब्रह्म चक्र।' 'यत्रा नश्चक्रा जरमं तनूनाम्'।

इसलिए सभी शब्दों के संस्कारक नियमों और शब्दोंका अध्ययन करना चाहिए।

शब्दों के ज्ञान में धर्मोत्पत्ति अथवा प्रयोग में

'एकः शब्दः सम्यग् ज्ञातः, सुप्रयुक्तः स्वर्गे लोके कामधुग् भवति।' (ऋक्० ६।१।८४) इस श्रुति से मनोरथपूर्ति का ज्ञान होता है। यहाँ एक प्रश्न उपस्थित होता है कि किसी शब्द का सुप्रयोग देखकर उसके सम्यक् ज्ञान का अनुमान होता है और सम्यग् ज्ञान होने पर ही सुप्रयोग देखा जाता है। इसलिए इन दोनों में किसी एक के होने पर अथवा दोनों के होने पर धर्म की उत्पत्ति होती है— इसका निर्णय करने के लिए भाष्य में यह प्रश्न उठाया गया है "शब्द के ज्ञान में धर्म होता है अथवा प्रयोग में ?

यदि केवल ज्ञान में ही धर्म की उत्पत्ति मानी जायगी तो धर्म के साथ-साथ अधर्म भी होने लगेगा[1]। क्योंकि जिस प्रकार शब्दों के ज्ञान में धर्म उत्पन्न होता है उसी प्रकार अपशब्दों के ज्ञान में अधर्म भी उत्पन्न होता है। वास्तव में अधर्म अधिक होता है क्योंकि अपशब्दों की संख्या अधिक है और शब्द जानने वाला अपशब्दों को भी जानता ही है। अतः अधर्म होना स्वाभाविक है। इसके अतिरिक्त 'तेऽसुरा हेऽलयो हेऽलयः कुर्वन्तः पराबभूवुः' यह वैदिक आख्यान भी प्रयोग में ही धर्म और अधर्म का समर्थन करता[2] है। ज्ञान में धर्म मानने पर इससे विरोध होता है। अतः केवल ज्ञान में धर्म न मानकर प्रयोग में मानना उचित है।

उक्त आपत्ति से बचने के लिए यदि प्रयोग में धर्म मान लिया जाय तब तो जो व्याकरणादि शास्त्रों के अध्ययन-ज्ञान के विना भी शब्दों का प्रयोग करेगा, वह भी धर्म प्राप्त करने लगेगा।[3] परिणामस्वरूप व्याकरण-अध्ययन में परिश्रम करना व्यर्थ होने लगेगा। विशेष परिश्रम वाले भी कभी-कभी असफल और बिना परिश्रम वाले भी सफल देखे जाते हैं।[4] अतः प्रयत्न का वैयर्थ्य सुस्पष्ट है। इसलिए केवल प्रयोग में भी धर्म मानना तर्कसंगत नहीं है।

यहाँ तीसरा पक्ष भी बनता है—ज्ञानपूर्वक प्रयोग में धर्म। जिस प्रकार वैदिक अनुष्ठान, उनका ज्ञान रखते हुए, करने पर फल देते हैं, वैसे ही धर्म उत्पन्न कराते

---

१. ज्ञाने धर्म इति चेत्तथाऽधर्मः। (का० वा०)

२. आचारे नियमः। (का० वा०)

३. प्रयोगे सर्वलोकस्य। (का० वा०)

४. व्यतिरेकोऽपि वै लक्ष्यते। कृतप्रयत्नाश्चाप्रवीणाः अकृतप्रयत्नाश्च प्रवीणाः। तत्र फलव्यतिरेकोऽपि स्यात्। (पृ० ७९)

हैं।[1] अथवा वैदिक शब्द जिस प्रकार नियमपूर्वक पढ़े गये ही फलप्रद होते हैं वही स्थिति शब्दों के प्रयोग में भी समझनी चाहिए। जो व्याकरण शास्त्र के नियमों के अनुसार शब्दों का प्रयोग करता है, वही धर्म प्राप्त करता है।

वास्तव में केवल ज्ञान में ही धर्म प्राप्त होता है, क्योंकि प्रारम्भ में उद्धृत श्रुति यही बताती है कि ज्ञान में धर्म होता है। वह अपशब्दों के ज्ञान में अधर्म की उत्पत्ति नहीं बताती हैं। वैयाकरण श्रुत्यादि शब्द को ही सबसे बड़ा प्रमाण मानते[2] हैं। अतः शब्द से जिसका विधान या निषेध नहीं कराया जाता है वह धर्म या अधर्म की उत्पत्ति नहीं करता है। अतः अपशब्द-ज्ञान से अधर्म की उत्पत्ति नहीं होती है, यही मानना उचित है।

साथ ही शुद्ध शब्दों के ज्ञान में अपशब्दों का ज्ञान नान्तरीयक है। अतः उसे दोषाधायक नहीं मानना चाहिए।

एक समाधान यह भी है, जिस प्रकार कोई व्यक्ति कुआँ खोदते समय धूलि और कीचड़ से लिप्त हो जाता है। किन्तु उसी कुआँ से जो शुद्ध जल निकलता है, उससे वह मलिनता दूर हो जाती है और साथ ही साथ पुण्यलाभ भी होता है। यही बात प्रस्तुत स्थल पर भी है। शुद्ध शब्दों के प्रयोग से जो पुण्य (धर्म) उत्पन्न होता है वह अपशब्द-ज्ञान-जन्य अधर्म का नाश कर देता है और महान धर्म से युक्त करता[3] है। वैदिक आख्यान से भी इतना ही ज्ञात होता है कि साधु शब्द-प्रयोग का नियम यज्ञ-सम्बन्धी अनुष्ठान में ही है। अन्यत्र नहीं[4] है। अतः सामान्य व्यवहार में अपशब्दों का प्रयोग या ज्ञान अधर्म का जनक नहीं होता है। इसीलिए 'यर्वाण' 'तर्वाण' बोलने वाले ऋषि अधर्मभागी नहीं हुए।

अतः केवल ज्ञान में ही धर्मप्राप्ति होती है। जितने अधिक शुद्ध शब्दों का ज्ञान होता है उतना अधिक धर्म उत्पन्न होता है। यही पक्ष उचित है।

व्याकरण पदार्थ-विचार (व्याकरण का अर्थ क्या है ?)

केवल सूत्र पढ़ने पर—'व्याकरण पढ़ता है' ऐसा व्यवहार होता है। शब्दरूप की सिद्धि पढ़ने पर भी—व्याकरण पढ़ता है, ऐसा कहा जाता है। इससे स्पष्ट है कि (१) सूत्र, (२) शब्द और (३) दोनों—व्याकरण पद के अर्थ प्रतीत होते हैं। इसलिए व्याकरण पद के अर्थनिर्णय करने का विचार महाभाष्य में किया गया

---

१. शास्त्रपूर्वके प्रयोगेऽभ्युदयस्तत्तुल्यं वेदशब्देन। (का० वा०)

२. शब्दप्रमाणकाः वयम्, यच्छब्द आह, तदस्माकं प्रमाणम्। (पृ० ८१)

३. एवमिहापि यद्यप्यपशब्दज्ञानेऽधर्मः, तथापि यस्त्वसौ शब्दज्ञाने धर्मस्तेन स च दोषो निर्घानिष्यते भूयसा चाऽभ्युदयेन योगो भविष्यति। (पृ० ८२)

४. याज्ञे कर्मणि स नियमः, अन्यत्रानियमः। (पृ० ८२)

है। चूंकि प्रारम्भ में व्याकरण-अध्ययन के अनेक प्रयोजन प्रदर्शित किये गये हैं, अतः व्याकरण का अर्थ (=स्वरूप) स्पष्ट करना आवश्यक माना गया। उक्त तीन पक्षों में गुण-दोषों की चर्चा करके भाष्यकार ने केवल 'सूत्र' को ही व्याकरण का अर्थ स्वीकार किया है। तीनों पक्षों का सारांश यह है—

व्याकरण का अर्थ सूत्र है—इस पक्ष में दोष—

प्रस्तुत पक्ष में दो दोष हैं—(१) व्याकरणस्य सूत्रम्—यहाँ षष्ठी का अर्थ उपपन्न नहीं हो सकता[1] क्योंकि षष्ठी का अर्थ सम्बन्ध है वह दो भिन्न पदार्थों में ही होता है, जैसे—राज्ञः पुरुषः। परन्तु जब व्याकरण और सूत्र एक हैं दोनों में भेद नहीं है, तब षष्ठ्यर्थ की उपपत्ति नहीं हो सकती।

(२) दूसरा दोष यह है कि 'व्याकरणात् शब्दान् प्रतिपद्यामहे' अर्थात् व्याकरण से शब्दों का ज्ञान करते हैं—ऐसा व्यवहार होता है। किन्तु इस पक्ष में नहीं हो सकता[2] क्योंकि केवल सूत्र से शब्दों की प्रतिपत्ति=ज्ञान नहीं होता है, उसके लिए व्याख्यान की भी आवश्यकता पड़ती है। उदाहरण, प्रत्युदाहरण, वाक्य का अध्याहार—ये सब मिलकर व्याख्यान होते हैं। केवल सन्धिविच्छेद कर देना व्याख्यान नहीं है।

अतः व्याकरण का अर्थ–सूत्र को मानने पर उक्त दो दोष हैं।

व्याकरण का अर्थ–शब्द है—इसको मानने पर षष्ठी के अर्थ की उपपत्ति हो जाती है क्योंकि व्याकरण=शब्द और सूत्र दो अलग-अलग पदार्थ हैं। परन्तु शब्दों की प्रतिपत्ति न होना दोष के अतिरिक्त और भी तीन दोष इस पक्ष में हैं—(१) ल्युट् प्रत्यय के अर्थ की अनुपपत्ति[3]। 'व्याक्रियन्ते शब्दा अनेन'—इस व्युत्पत्ति में वि+आङ्+कृ+ल्युट्=अन—यहाँ करण अर्थ में ल्युट् होता है। किन्तु व्याकरण का अर्थ–शब्द–मानने पर यह उपपन्न नहीं हो सकता क्योंकि व्याकरण= शब्द से किसी की व्युत्पत्ति=व्याकृति नहीं की जाती है। शब्द की ही व्याकृति (प्रकृति-प्रत्यय-विभागादि-ज्ञान) की जाती है। अतः शब्द व्याकृति का करण नहीं अपितु कर्म है।

(२) दूसरा दोष है—"तत्र भवः" (४।३।५३) भव अर्थ वाले तद्धित प्रत्यय की अनुपपत्ति[4]। व्याकरणे भवो योगः—वैयाकरणः कहा जाता है। परन्तु

---

१. सूत्रे व्याकरणे षष्ठ्यर्थोऽनुपपन्नः। (का० वा०)
२. शब्दाप्रतिपत्तिः। (का० वा०)
३. शब्दे ल्युडर्थः। (का० वा०)
४. भवे च तद्धितः। (का० वा०)

व्याकरण=शब्द में तो कोई योग (सूत्र) नहीं होता है अपितु एक सूत्र में ही कहीं-कहीं दूसरा योग=सूत्र हो जाता है।

(३) प्रोक्त अर्थ वाले तद्धित प्रत्यय भी नहीं उपपन्न होते[१] हैं, क्योंकि 'पाणिनिना प्रोक्तम्' इस अर्थ में 'पाणिनीयम्' आदि बनाने के लिए 'तेन प्रोक्तम्' (४।३।२०१) से तद्धित प्रत्यय होते हैं। परन्तु व्याकरण=शब्द मानने पर ये प्रत्यय नहीं हो सकते, क्योंकि पाणिनि द्वारा प्रोक्त शब्द नहीं अपि तु सूत्र हैं।

उक्त दोनों पक्षों में दोष होने के कारण तृतीय पक्ष यह दिखाया गया—शब्द और सूत्र दोनों मिलकर समुदित रूप[२] में व्याकरण के अर्थ हैं। यह समुदाय अर्थ मान लेने पर उक्त सभी दोषों का प्रसंग नहीं रहता है। परन्तु समुदित अर्थ मान लेने पर केवल सूत्र या शब्द व्याकरण नहीं कहा जा सकता, तब किसी एक को पढ़ने वाला व्याकरण पढ़ने वाला=वैयाकरण नहीं कहा जा सकता। जब कि इष्ट है अकेले सूत्र आदि के अध्ययन करने वाले को भी वैयाकरण कहना। इसका समाधान यह है कि कहीं-कहीं समुदायवाचक अवयववाचक भी देखे जाते[३] हैं, जैसे—'पूर्वे पञ्चालाः, उत्तरे पञ्चालाः' आदि। इसी प्रकार समुदाय-वाचक व्याकरण शब्द का प्रयोग केवल सूत्र या शब्द के लिए भी होने में बाधा नहीं है।

समुदित पक्ष में गौरव है। अतः सिद्धान्त-पक्ष यही है कि व्याकरण का अर्थ है—केवल सूत्र। जिस प्रकार 'राहो शिरः' में एक ही पदार्थ में व्यपदेशिवद्भाव[४] से भेद मानकर षष्ठ्यर्थ सम्बन्ध उपपन्न होता है। उसी प्रकार यहाँ भी व्यपदेशिवद्भाव से अवयव और अवयवी मानकर षष्ठ्यर्थ उपपन्न हो सकता है। अथवा सूत्र सामान्यवाचक है और व्याकरण विशेष का वाचक है। सामान्य और विशेष में भेद मानकर षष्ठ्यर्थ उपपन्न हो जाता[५] है। शब्दों की अप्रतिपत्ति रूप दोष भी नहीं है क्योंकि विद्वान् व्यक्ति केवल सूत्र से ही शब्दों का ज्ञान कर लेता है, उसे व्याख्यान की अपेक्षा नहीं है। इसीलिए यह वचन प्रसिद्ध है—

"सूत्रेष्वेव हि तत्सर्वं यद्वृत्तौ यच्च वार्त्तिके।"[६]

---

१. प्रोक्तादयश्च तद्धिताः। (का० वा०)
२. लक्ष्यलक्षणे व्याकरणम्। लक्ष्यं च लक्षणं चैतत्समुदितं व्याकरणं भवतीति। (पृ० ८९)
३. समुदायेषु प्रवृत्ता हि शब्दा अवयवेष्वपि वर्तन्ते। (पृ० ९०)
४. व्यपदेशिवदेकस्मिन्। परिभाषा
५. सामान्यविशेष-शब्दतया तु द्वयोः प्रयोगो न विरुध्यते। यदा त्वष्टाध्याय्येकदेशः सूत्र-शब्देनोच्यते, तदा षष्ठ्यर्थोऽप्युपपद्यते। (प्रदीप पृ० ८४)
६. विष्णुधर्मोत्तर ३।५।२

वर्णों के उपदेश के प्रयोजन

लोक-परम्परा से वर्णों का ज्ञान करके ही कोई व्याकरण पढ़ने में प्रवृत्त होता है। इसके अतिरिक्त केवल वर्णोपदेश से किसी के साधुत्व का ज्ञान भी नहीं होता है, तब अष्टाध्यायी के प्रारम्भ में 'अ इ उण्' आदि चतुर्दश सूत्रों में वर्णों के उपदेश का क्या प्रयोजन है ? पाणिनि ने सबसे पहले इन वर्णों का उच्चारण क्यों किया ? इस प्रश्न के उत्तर में भाष्यकार ने कात्यायन के वार्त्तिकों के माध्यम से ये निम्न प्रयोजन प्रस्तुत किए हैं—

(१) वृत्तिसमवायार्थ उपदेश है।[1]

वृत्ति=शास्त्रप्रवृत्ति। समवाय=वर्णों का आनुपूर्वी क्रम से उपन्यास। उपदेश= उच्चारण। 'वृत्तिसमवाय' में 'धर्मनियमः' के समान तीन आशय माने जाते हैं।

(क) वृत्तये समवायः। व्याकरण शास्त्र=सूत्रों की लघुरूप से प्रवृत्ति के लिए इन वर्णों का उपदेश है। क्योंकि इनके माध्यम से ही इक्, अच्, यण् आदि प्रत्याहार बनते हैं और फलस्वरूप सूत्रों का आकार लघु बन पाता है। यदि ये वर्ण क्रमविशेष में उपदिष्ट न रहते तो अच् आदि प्रत्याहार न बन सकने से सूत्रों का आकार लघु नहीं हो पाता।

(ख) वृत्त्यर्थः समवायः। लक्षणा द्वारा वृत्ति शब्द का अर्थ—साधुत्व के उपयोगी शास्त्र की प्रवृत्ति का जनक—है। अतः कर्मधारय है। अथवा वृत्त्यर्थ होने से समवाय भी वृत्ति है।

(ग) वृत्तिप्रयोजनः समवायः—इस पक्ष में प्रयोजन=प्रयोज्य है। वृत्ति= शास्त्रप्रवृत्ति प्रयोजक है और समवाय प्रयोज्य है। अथवा परम्परया शास्त्र की प्रवृत्ति में प्रयोजकता है। (विशेष व्याख्या मूल ग्रन्थ में देखनी चाहिए।)

(२) अनुबन्धकरणार्थश्च—जब तक इन वर्णों का उच्चारण नहीं कर दिया जाता तब तक इनमें अनुबन्ध लगाना सम्भव नहीं है क्योंकि 'अइउ' के उच्चारण के बाद ही अनुबन्ध 'ण्' का आसंजन होना है।[2]

(३) इष्ट वर्णों का ज्ञान कराने के लिए भी इनका उपदेश है।

यद्यपि उपदिष्ट वर्ण केवल ह्रस्व हैं, अतः दीर्घ और प्लुत का, उदात्त उपदिष्ट हैं अतः अनुदात्त और स्वरित का, अननुनासिक उपदिष्ट हैं अतः अनुनासिक आदि सभी गुणों से विशिष्ट वर्णों का उपदेश करना पड़ेगा, गौरव होगा। तथापि

---

१. वृत्तिसमवायार्थ उपदेशः। (का० वा०)
२. न हि अनुपदिश्य वर्णाननुबन्धाः शक्या आसङ्क्तुम्। (पृ० ९६)
३. इष्टबुद्ध्यर्थश्च। (का० वा०)
४. एवंगुणा अपि हि वर्णा इष्यन्ते। (पृ० ९७)

(बाधकभाष्यम्)

विषम उपन्यासः । नात्यन्तायाज्ञानं[1] शरणं भवितुमर्हति । यो ह्यजानन् वै ब्राह्मणं हन्यात् सुरां वा पिबेत्, सोऽपि मन्ये पतितः स्यात् ।।

(सिद्धान्तव्याख्याभाष्यम्)

एवं तर्हि—

सोऽनन्तमाप्नोति जयं परत्र वाग्योगविद् दुष्यति चापशब्दैः ।।

कः ?

अवाग्योगविदेव ।

अथ यो वाग्योगविद्, विज्ञानं तस्य शरणम् ।।

'प्रदीपः'

यदि मन्यसे—बहवः शब्दाः अल्पेऽपशब्दाः, अङ्गभूयस्त्वाच्च फलभूयस्त्वमिति । तन्न । यस्माद् भूयांसोऽपशब्दा अल्पीयांसः शब्दाः ।। अज्ञानमिति । तथा च तिरश्चां ब्रह्महत्यादिफलाभावः ।।

नात्यन्तायेति । पुरुषाणां विधिनिषेधयोरधिकारात्तत्परिज्ञाने प्रयत्नस्य न्याय्यत्वात् ।।

प्रकरणात्सामर्थ्यं बलीय इत्याह—अवाग्योगविदिति । वाग्योग-वित्तूभयज्ञोपि शब्दान् प्रयुङ्क्ते नापशब्दानिति ज्ञानपूर्वकप्रयोगादभ्युदयभाग् भवति ।।

'भावबोधिनी'

उसकी शरण (रक्षक) तो अज्ञान है । (अज्ञान के कारण उसे पाप नहीं लगता है ।)

(आपका यह) कथन विषम (तर्कसंगत नहीं) है, क्योंकि अज्ञान अत्यन्त (पूर्णरूपेण) शरण (पापरक्षक) नहीं हो सकता है । कारण यह है कि बिना जानकारी के जो ब्राह्मण को मार दे अथवा मदिरा पी ले, मैं (यही) मानता हूँ कि वह पतित (पापभागी) ही होगा ।

यदि ऐसा है तो—

'वह वाग्योगवित् परलोक में जय=अनन्त उत्कर्ष प्राप्त करता है और अपशब्दों (के प्रयोग) के कारण दूषित (पापभागी) होता है ।

(इस में 'दुष्यति' क्रिया का कर्ता) कौन है ? अर्थात् कौन दूषित होता है ?

अवाग्योगवित् (शब्दार्थसम्बन्ध न जानने वाला अवैयाकरण) ही (दूषित होता है) ।

और जो वाग्योगवित् (वैयाकरण) है उसका शरण (रक्षक) विशिष्ट ज्ञान है । (वैयाकरण शुद्ध शब्दों को जानता है अतः वह शुद्ध शब्दों का ही प्रयोग

---

१. अत्यन्तमित्यर्थे 'अत्यन्ताय' इत्यव्ययम् ।

केचन छात्रोपयोगिविषयाः

१. प्रश्नः—'अथ गौरित्यत्र कः शब्दः ?' इति भाष्यस्याभिप्रायः सम्यग्विविच्यताम् ।

उत्तरम् :—'ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म' 'रामेति द्व्यक्षरं नाम मानभङ्गः पिनाकिनः' 'रामो द्विर्नाभिभाषते' प्रभृतिव्यवहारदर्शनात् शब्दार्थयोस्तादात्म्यं स्पष्टं प्रतीयते। किं च पुरोवर्तिनो गोर्दर्शनेनाविभक्तरूपेण जात्यादीनां ज्ञानेन इयं जिज्ञासोदेति—'अयं गौरि'ति ज्ञाने शब्दः कः पदार्थः ? शब्दरूपेण किं ज्ञेयमिति प्रश्नाशयः । तत्र भाष्यकारेणानुभूयमानानां सर्वेषां शब्दत्वं निराकृत्य उपसंहारे शब्दस्य द्विविधं स्वरूपं प्रतिपादितम् ।

प्रस्तुत—प्रश्नस्योत्तरे भाष्ये इदं दृश्यते—(१) किं यत्तत् सास्नालाङ्गूलककुदखुरविषाण्यर्थरूपं स शब्दः । नेत्याह, द्रव्यं नाम तत् । भिन्नेन्द्रियग्राह्यत्वाद् द्रव्यं शब्दो न भवितुमर्हति । यदि द्रव्यानुशासनं विवक्षितमभविष्यत्, 'अथ द्रव्यानुशासनम्' इत्येवावक्ष्यत् । (२) किं यत्तर्हि तदिङ्गितं चेष्टितं निमिषितम्, स शब्दः ? नेत्याह, क्रिया नाम सा । (३) यत्तर्हि शुक्लो नीलः कपिलः कपोत इति, स शब्दः । (अत्र शुक्लादिशब्दाः शुक्लत्वादिगुणमात्रपराः, द्रव्यस्य प्रागुपन्यासाद् ।) नेत्याह, गुणो नाम सः । (४) यत्तर्हि तद्भिन्नेष्वभिन्नं छिन्नेष्वच्छिन्नं सामान्यभूतम्, स शब्दः । गोत्वादिकं शब्द इति भावः । नेत्याह, आकृतिर्नाम सा ।

एवंरीत्या द्रव्यादीनां शब्दत्वं निराकृत्य द्विविधं शब्दत्वं प्रतिपादितम्—

(१) "येनोच्चारितेन सास्नालाङ्गूलककुदखुरविषाणिनां सम्प्रत्ययो भवति, स शब्दः । अत्र 'उच्चारितेन' इत्यस्य प्रकाशितेन इत्यर्थः । वर्णानामनित्यत्वात् तेषां समूहस्य कदाप्यभावेन वाचकत्वाभावात् पदत्वानुपपत्त्या वैयाकरणा वर्णातिरिक्तस्य पदस्य वाक्यस्य वा वाचकत्वमङ्गीकुर्वन्ति । न च पूर्वपूर्ववर्णानुभवजन्यसंस्कारसहितान्त्यवर्णस्य बोधकत्वे न दोष इति वाच्यम्, 'सरः' 'रसः' 'नदी' 'दीनः' इत्यादौ दोषापत्तेः । येन क्रमेणानुभवस्तेनैव स्मरणमिति नियमाभावाच्च । पूर्ववर्णानां विनष्टतयाऽन्त्यस्य विद्यमानत्वेन च नष्टविद्यमानयोः पौर्वापर्यस्यासम्भवाच्च । अतो वैयाकरणैः स्फोटः शब्दत्वेनाङ्गीक्रियते । तस्य द्विविधा व्युत्पत्तिः—(क) स्फुटयत=अभिव्यज्यते वर्णैरिति स्फोटः । ध्वनयो व्यञ्जकाः स्फोटस्तु तद्व्यङ्ग्य इति बोध्यम् । (ख) स्फुटति=व्यक्तीभवति अर्थो यस्मात् स स्फोटः । अत्र पक्षे स्फोट एवार्थबोधकः । स चायं स्फोटो वर्ण-पद-वाक्य-जाति-अखण्डादि-स्फोटभेदेनाष्टविध इति भूषणसारादौ स्पष्टम् । एवञ्च गोरूपार्थवाचक एव शब्द इति तत्त्वम् ।

नायं स्फोटरूपः शब्दः सर्वानुभवसिद्धः। अत एव लोक-प्रसिद्धं शब्दस्वरूपमपि प्रतिपादितं भाष्यकारेण (२) "अथवा प्रतीतपदार्थको लोके ध्वनिः शब्द इत्युच्यते। तद्यथा—'शब्दं कुरु, शब्दं मा कार्षीः, शब्दकार्ययं माणवकः—इति ध्वनिं कुर्वन्नेव-मुच्यते। तस्मात् ध्वनिः शब्दः।"

अत्र द्वितीयस्वरूपे शब्दस्य प्रसिद्धार्थबोधकत्वरूपं प्रतिपादितम्। एवञ्च 'गौः' इत्यत्रार्थसम्प्रत्यायकः, प्रतीतपदार्थको ध्वनिरेव वा शब्दः, न व्यक्त्यादय इति तत्त्वम्।

२. प्रश्नः—व्याकरणाध्ययनस्य मुख्यानि प्रयोजनानि प्रदर्शनीयानि।

उत्तरम्—यद्यपि व्याकरणस्य साक्षात् प्रयोजनं शब्दानाम् अनुशासनं तथापि शब्दानुशासनस्य किं प्रयोजनमिति मनसि निधाय भाष्ये उक्तम् 'कानि पुनः शब्दानु-शासनस्य प्रयोजनानि?' उत्तरे च 'रक्षोहागमलध्वसन्देहाः प्रयोजनम्' इत्युक्त्वा पञ्च प्रयोजनानि प्रदर्शितानि। एवञ्चागमः प्रयोजनः=प्रयोजक इति बोध्यम्।

नन्वत्र 'रक्षोहागमलध्वसन्देहाः' इति पदे बहुवचनम्, 'प्रयोजनम्' इति पदे चैकवचनमित्यसङ्गतमिति चेन्न, 'नपुंसकमनपुंसकेनैकवच्चास्यान्यतरस्याम्' इति सूत्रेणैकवद्भाव-विधानात्। प्रयोजनशब्दे एकशेषे एकः प्रयोजन-शब्दः पुंल्लिङ्गः करणव्युत्पत्त्या प्रयोजकपरोपीति बोध्यम्। एवञ्च रक्षा—प्रयोजनम् (फलम्), ऊहः—प्रयोजनम् (फलम्), आगमः—प्रयोजनः (प्रयोजकः), लघु—प्रयोजनम् (फलम्), असन्देहः—प्रयोजनम् (फलम्) इति बोध्यम्।

(१) रक्षा—वेदानां रक्षार्थं व्याकरणमध्येयम्। 'देवा अदुह्र' 'उदग्राभं निग्राभम्' इत्यादौ तलोप-रुडागम-मकाररूपवर्णविकारं दृष्ट्वा असन्दिहानो वैयाकरणो वेदान् सम्यक् परिपालयिष्यति।

(२) ऊहः—'प्रकृतिवद् विकृतिः कर्तव्या' इति मीमांसकसिद्धान्तेन "अग्नये त्वा जुष्टं निर्वपामी'ति प्रकृतिवत् 'सौरं चरुं निर्वपेद् ब्रह्मवर्चस्कामः' इत्यत्र 'सूर्याय' इति ऊह्यते। न च सर्वैर्लिङ्गैर्न च सर्वाभिर्विभक्तिभिर्वेदे मन्त्राः निगदिताः। ते चावश्यं यज्ञगतेन यथायथं विपरिणमितव्याः। प्रकृतिप्रत्ययादीनामूहकरणशक्ति-प्राप्तिरपि व्याकरणाध्ययनस्य फलम्।

(३) आगमः—'ब्राह्मणेन निष्कारणोधर्मःषडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्चे'ति आगमः (वेदः) साङ्गस्य वेदस्याध्ययनस्य नित्यविधित्वं बोधयन् व्याकरणाध्ययने प्रयोजयति। एवञ्चागमः प्रयोजनः=प्रयोजक इति बोध्यम्।

(४) लघुः—ब्राह्मणानामध्यापनं वृत्तिः। न चाशब्दज्ञं तमुपसेत्स्यन्ति शिष्याः। उत्सर्गापवाद-रीत्या लघुनोपायेन शब्दानां ज्ञानं व्याकरणाध्ययनस्य फलम्।

(५) असन्देहः—'याज्ञिकाः (=यज्ञकाण्डभवा मन्त्राः) पठन्ति—'स्थूलपृषतीमाग्निवारुणीमनड्वाहीमालमेत' इति मन्त्रे 'स्थूलपृषती' पदे सन्देहः। स्थूला चासौ पृषती चेति कर्मधारयं कृत्वा मत्त्वर्थे लक्षणया स्थूलपृषद्वतीति वोधः। यद् वा स्थूलानि पृषन्ति यस्याः सेति बहुव्रीहिः। अत्र पूर्वपदस्य (स्थूलशब्दस्य) प्रकृतिस्वरत्वम् (अन्तोदात्तत्वम्) व्याकरणेनैव ज्ञातुं शक्यते। एवञ्च सन्देहप्रागभावार्थमपि व्याकरणमध्येयम्।

३. प्रश्नः—व्याकरणाध्ययनस्यानुषङ्गिकाणि प्रयोजनानि सङ्क्षेपेण प्रदर्शयन्तु।

उत्तरम्—"रक्षोहागमलघ्वसन्देहाः प्रयोजनम्" इत्युक्त्वा पञ्च मुख्यानि प्रयोजनानि प्रदर्श्य भाष्यकारेण त्रयोदशानुषङ्गिकाणि प्रयोजनान्यपि प्रदर्शितानि—(१) "तेऽसुराः, (२) दुष्टः शब्दः, (३) यदधीतम्, (४) यस्तु प्रयुङ्क्ते, (५) अविद्वांसः, (६) विभक्तिं कुर्वन्ति, (७) यो वा इमाम्, (८) चत्वारि, (९) उत त्वः, (१०) सक्तुमिव, (११) सारस्वतीम्, (१२) दशम्यां पुत्रस्य, (१३) सुदेवोऽसि वरुण" इति।

"तेऽसुरा हेलयो हेलयः कुर्वन्तः पराबभूवुरि'ति। तैरसुरैः पदद्वित्वे कर्त्तव्ये वाक्यद्विर्वचनम्, रेफत्वे लत्वम्, प्रकृतिभावत्वे च पूर्वरूपत्वमिति दोषत्रयं कृतं तेन पराभूता अभूवन्। त्वष्टा स्वपुत्रं विश्वरूपाख्यमिन्द्रेण हतं ज्ञात्वा आभिचारिके कर्मणि 'स्वाहेन्द्रशत्रुर्वर्धस्व' इति प्रयुक्तवान्। अत्र शत्रु-शब्दो यौगिकः—शातयितृ-शमयितृ-रूपार्थको न तु रूढो रिपुरूपार्थकः। तत्र तत्पुरुषसमासस्य (इन्द्रस्य शत्रुः=शातयिता घातकः) इष्टत्वेऽपि बहुव्रीहि-समासस्य (इन्द्रः शत्रुः=शातयिता =घातको यस्य सः) बोधकं स्वरदोषं कृतवान्। तेन इन्द्र एव वृत्रं हतवान्। तस्मात्-स्वरादिदोषरहित-प्रयोगकरण-सामर्थ्यप्राप्तये व्याकरणमध्येयम्।

एवमेवान्येषामपि फलं बोध्यम्। बहिरङ्गशब्दापशब्द-प्रयोगविधिनिषेध-विषयत्वेनैषामानुषङ्गिकत्वम्। पदपदार्थज्ञानाधीनत्वेना·तरङ्गतया रक्षोहागमादीनां प्रधानत्वम्। अत एव चैषां पञ्चानां प्रथमं त्रयोदशानां च पश्चादुपादानम्।

४. प्रश्नः—'सिद्धे शब्दार्थसम्बन्धे' इति वार्त्तिकं सावतरणं व्याख्यायताम्।

उत्तरम्—व्याडिरचिते संग्रहनामके ग्रन्थे शब्दानां नित्यत्वानित्यत्वयोर्गुणदोषाः सम्यग् विचारिताः। तत्र पाणिनिः शब्दार्थसम्बन्धानां स्रष्टा स्मर्ता वेति प्रश्ने भाष्यकारः कात्यायनीयं प्रथमं वार्त्तिकं प्रास्तौत्—"सिद्धे शब्दार्थ-सम्बन्धे' इति। शब्दश्च अर्थश्च सम्बन्धश्च—शब्दार्थ-सम्बन्धमिति समाहारद्वन्द्वः। एवञ्च शब्दे अर्थे

तयोः सम्बन्धे च सिद्धे सत्येवाचार्यः पाणिनिः स्वं शास्त्रं रचयामास, नतूत्पादयामास शब्दादीनिति बोध्यम् ।

तत्र सिद्धशब्दस्यार्थे सन्देहः—सिद्धा पृथिवी, सिद्धा द्यौरित्यादौ कूटस्थाविचालिपदार्थेषु प्रयुक्ततया नित्यार्थकत्वम् । अथ च 'सिद्धः सूपः, सिद्ध ओदनः' इत्यादिव्यवहारात्कार्यपदार्थपरतया अनित्यार्थकत्वमपि । अत्र चतुर्भिस्तर्कैः सिद्धशब्दस्य नित्यत्वार्थकत्वं साधितम्—(१) संग्रहे 'किं कार्योऽथ सिद्धः शब्दः' इति कार्यस्य (अनित्यस्य) प्रतिद्वन्द्वितया सिद्धशब्दः प्रयुक्तः । (२) कुत्रचित् एकपदान्यपि अवधारणानि भवन्ति—अब्भक्षः, वायुभक्षः । 'अप एव भक्षयति, वायुमेव भक्षयति' इति गम्यते । अत्र यथा एवकाराभावेऽपि अवधारणं तथैव प्रकृतेऽपि—सिद्ध एव न तु साध्य इत्यवधारणं बोध्यम् । (३) अथवा पूर्वपदलोपोऽत्र द्रष्टव्यः—अत्यन्तसिद्धः=सिद्धः, यथा देवदत्तः—दत्तः । (४) अथवा 'व्याख्यानतो विशेषपत्तिर्न हि सन्देहादलक्षणम्' । एवञ्च सिद्ध-शब्दः नित्यपर्याय-वाचीति व्याख्याय सन्देहो निवारणीयः ।

यद्यपि प्रयत्नव्याख्यातव्य-सिद्धशब्दोपादानापेक्षया नित्य-शब्दोपादाने लाघवं प्रतीयते तथापि 'नित्यप्रहसितः, नित्यप्रजल्पित' इत्यादौ नित्यशब्दस्यापि कार्यार्थे प्रयोगदर्शनात् तस्याप्युपादाने व्याख्यानस्यापेक्षतया सिद्ध-शब्द एवोपात्तः । सिद्धशब्दोपादाने मङ्गलार्थत्वमपि उपपन्नं भवतीति महतो शास्त्रौघस्य मङ्गलार्थं कात्यायनेनादौ 'सिद्ध'-शब्द एवोपात्तः ।

तत्र शब्दो जाति-स्फोटादिरूपो नित्यः । अर्थोऽपि जातिरूपतया प्रवाहनित्यतया वा नित्यः । सम्बन्धिनोर्नित्यतया तयोः सम्बन्धस्य नित्यत्वं सुतराम् । एवञ्च सिद्धः शब्दः, सिद्धः अर्थः सिद्धश्च सम्बन्ध इति मत्वैव पाणिनिना स्वशास्त्रं विरचितमिति सुस्पष्टम् ।

५. प्रश्नः—'लोकतोऽर्थप्रयुक्ते शब्दप्रयोगे शास्त्रेण धर्मनियमः' इति वार्त्तिकं व्याख्याय 'धर्मनियम' इति पदे त्रिविधव्युत्पत्तिः प्रदर्शनीया ।

उत्तरम्—यथा घटेन कार्यं करिष्यन् कुम्भकारकुलं गत्वाऽऽह—कुरु घटं कार्यमनेन करिष्यामि, तद्वत् शब्दान् प्रयुयुक्षमाणः कश्चिदपि वैयाकरणकुलं गत्वा नाह 'कुरु शब्दान् प्रयोक्ष्ये ।' तत्रागत्यैव अर्थमर्थमुपादाय शब्दान् प्रयुञ्जते लोकाः । एवञ्च लौकिकव्यवहार एव शब्दानां नित्यत्वं साधयति । ये पदार्थाः अनित्याः तेषामुत्पत्तिर्दृश्यते । शब्दं तु न कश्चिदपि उत्पादयति अपि तु उच्चारयत्येव । एवञ्च शब्दानां नित्यत्वे लोक एव प्रमाणम् ।

यदि शब्दानां नित्यत्वे लोक एव प्रमाणं तर्हि पाणिन्यादिव्याकरणशास्त्रेण किं क्रियते ? इति प्रश्नमुत्तरयता वार्त्तिककारेण 'लोकतोऽर्थप्रयुक्ते शब्दप्रयोगे शास्त्रेण धर्म-नियमः' इति प्रतिपादितम् । धर्मनियमपदे त्रिविधा व्युत्पत्तिः प्रदर्शिताः-(१) धर्माय= प्रत्यवायपरिहाराय नियमः=साधुशब्दैरेवार्थः प्रतिपादनीयः नासाधुशब्दैरित्येवंरूपः । (२) धर्मार्थः नियम-इत्यत्र साधुभिर्भाषितव्यम्—इत्येवं नियमस्य धर्मार्थत्वान्नियमोऽपि धर्मपदेनोच्यते । एवञ्चात्र कर्मधारयः । (३) धर्मप्रयोजनो नियमो धर्मनियमः— इति तृतीयव्याख्याने प्रयोजनशब्दः कर्मणि ल्युडन्तः—प्रयुज्यते इति प्रयोज्यार्थकतया— धर्मः प्रयोजकः, नियमः प्रयोज्य इत्यर्थः । स च धर्मः 'अपूर्व' नाम्ना मीमांसादौ प्रसिद्धः ।

स चायं नियमो लौकिक-वैदिकोभयविध-सिद्धान्तेषु धर्माय विधीयते । लोके तावद् 'अभक्ष्यो ग्राम्यकुक्कुटः, 'अभक्ष्यो ग्राम्यसूकरः' इत्यादिनियमेन अभक्ष्य-प्रतिषेधाद् भक्ष्यप्रतीतिः । वेदेपि 'पयोव्रतो ब्राह्मणः', यवागूव्रतो राजन्यः, आमिक्षा-व्रतो वैश्यः' । यद्वा—'बैल्वः खादिरो वा यूपः स्यात् ।' यद्वा 'भृगूणामङ्गिरसां धर्मस्य तपसा तप्यध्वम्' प्रभृतीनि वचनानि नियमार्थमेवेति बोध्यम् । तादृशवचन-मन्तरेणापि तत्तत्कार्य-सिद्धौ तत्तद्वचनानां नियमार्थत्वं सिध्यति ।

एवमिहापि समानायामर्थावगतौ शब्देनापशब्देन च, तत्र धर्मनियमः क्रियते— 'शब्देनैवार्थोऽभिधेयो नापशब्देने'ति नियमः । एवं क्रियमाणमभ्युदयकारि भवतीति बोधाय व्याकरणशास्त्रस्योपयोगितेति बोध्यम् ।

६. प्रश्नः—शब्दस्य ज्ञाने धर्मः आहोस्वित् प्रयोगे ? इति भाष्यस्याशयं प्रदर्शयन्तु ।

उत्तरम्—ननु 'एकः शब्दः सम्यग् ज्ञातः सुप्रयुक्तः स्वर्गे लोके च कामधुग् भवती'ति श्रुतौ सुप्रयोगात् सम्यग्ज्ञातत्वस्यानुमानम्, सम्यग् ज्ञातत्वाच्च सुप्रयोगानु-मानम् । एवञ्च ज्ञाने, प्रयोगे ज्ञानविशिष्ट-प्रयोगे वा धर्मोत्पत्तिरिति सन्देहः । तत्र 'ज्ञाने धर्म इति चेत्तथाऽधर्मः ।' अथवा अपशब्दानां भूयस्त्वादधर्मोऽपि भूयान् । किञ्च 'तेऽसुरा हेलयो हेलया इति कुर्वन्तः पराबभूवु' रित्यादिश्रुत्या प्रयोगे एवाधर्मोत्पत्तिरिति । यदि प्रयोगे धर्मस्तदा सर्वोऽपि लोको धर्मेण युज्येत । शास्त्रादौ अकृतप्रयत्नस्यापि प्रयोगप्रवीणस्य धर्मोत्पत्तिरूप-फलव्यतिरेक-प्रसङ्गः । अतो ज्ञानविशिष्टे प्रयोगे धर्मः वैदिक-शब्देनेव बोध्यः । तद्यथा 'योऽग्निष्टोमेन यजते य उ चैनमेवं वेद' इत्यादौ ज्ञानपूर्वकमेवानुष्ठानस्य फलजनकत्वम् । यद् वा नियमपूर्वमधीता एव वेदशब्दा धर्मजनकास्तथैवात्रापि बोध्यम् ।

वस्तुतस्तु ज्ञाने एव धर्म इति सिद्धान्तः । शब्दज्ञानेऽपशब्दज्ञानस्य नान्तरीय-कत्वादपशब्दज्ञानपूर्वके धर्मोत्पत्त्याऽधर्मस्य विनाशो भूयसाभ्युदयेन च योगो बोध्यः ।

'हेलयो हेलय' इत्यादिश्रुतिरपि यज्ञकर्मसम्बन्धिनी एव नान्यत्र दोषाय प्रकल्पते। अत एव 'यर्वाणस्तर्वाण' इत्यादौ न दोषोक्तिरिति बोध्यम्।

७ प्रश्नः—'अथ व्याकरणमित्यस्य कः पदार्थः' इति भाष्याशयं सम्यक् प्रतिपादयन्तु।

उत्तरम्—पूर्वं 'रक्षोहागमलध्वसन्देहाः प्रयोजनम्' इत्यस्य व्याख्यानेऽग्रे च बहुत्र व्याकरणपदं प्रयुक्तम्। लोके च सूत्रेषु, शब्देषु (=प्रयोगेषु), उभयविषये च व्याकरण-शब्दप्रयोगो दृश्यते। अतो भाष्येऽपि पक्षत्रयं प्रस्तूय सिद्धान्तितम्। (१) सूत्रम्-व्याकरणमिति स्वीकृते 'व्याकरणस्य सूत्रम्' इत्यत्र षष्ठ्यर्थोऽनुपपन्नः, किं हि तदन्यत् सूत्रात् व्याकरणं, यस्यादः सूत्रं स्यात्। केवल-सूत्रात् शब्दानां प्रतिपत्तिर्न भवतीति 'व्याकरणाच्छब्दान् प्रतिपद्यामहे' इति व्यवहार-विरोधोऽपि दृश्यते। उदाहरणादिविशिष्टस्यैव व्याख्यानतया सन्धिविच्छेदमात्रे व्याख्यानासम्भवेन सूत्रमात्रात् शब्दाप्रतिपत्तिः।

(२) यदि शब्दः=व्याकरणमिति स्वीक्रियते तदा षष्ठ्यर्थस्योपपत्तावपि शब्दाप्रतिपत्तिरूपदोषः स्थिर एव। अथ च 'व्याक्रियन्ते शब्दा अनेन' इति करणार्थक-ल्युट्-प्रत्ययस्यानुपपत्तिः, शब्देन कस्याऽप्यव्याकृतत्वात्, शब्दस्य च स्वतो व्याकृतिकर्मत्वात्। किं चैवं भवार्थक-प्रोक्तार्थक-तद्धित-प्रत्ययानामप्यनुपपत्तिः।

(३) पूर्वोक्त-दोष-परिहाराय 'लक्ष्यलक्षणे=व्याकरणम्' लक्ष्यम्=शब्दः, लक्षणम्=सूत्रम्—इत्येतदुभयं समुदितं व्याकरणं बोध्यम्। समुदाय-प्रवृत्त-शब्दानामवयवेऽपि प्रयोगदर्शनात् केवले सूत्रे शब्दे वा व्याकरण-पद-प्रयोगसम्भवः।

वस्तुतस्तु सूत्रमेव व्याकरणपदार्थः। षष्ठ्यर्थस्यानुपपत्तिस्तु व्यपदेशिवद्भावेन 'राहोः शिरः' इत्यत्रेव परिहरणीया। शब्दाप्रतिपत्तिरूपदोषोऽपि अल्पज्ञस्यैव। विदुषस्तु सूत्रमात्रेणैव शब्द-प्रतिपत्तिसम्भवात्। अत एवोक्तम्—

'सूत्रेष्वेव हि तत्सर्वं यद् वृत्तौ यच्च वार्तिके।"

८. प्रश्नः—वर्णसमाम्नायोपदेशः किमर्थः—इति विषये भाष्यकारमतं सम्यङ्निरूपणीयम्॥

उत्तरम्—ननु लोकप्रसिद्धमातृकापाठेनैव वर्णज्ञानसम्भवात्, वर्णसमाम्नायेन कस्यापि साधुत्वाप्रतिपादनाच्च वर्णोपदेशो व्यर्थ इति चेन्न, 'वृत्तिसमवायार्थः, अनुबन्धकरणार्थश्च उपदेशः" इति भाष्ये उक्तत्वात्। वृत्तिसमवाय इत्यत्रापि धर्मनियमवत् त्रिविधा व्युत्पत्तिः—(१) वृत्तये=लाघवेन शास्त्रप्रवृत्तये समवायः=वर्णानामानुपूर्व्येण सन्निवेशः। अस्मादेव समाम्नायादजादि-संज्ञासिद्धया 'इको यणची' त्यादि शास्त्राणां लघुस्वरूपम्। (२) वृत्त्यर्थः समवायः—अत्र वृत्तिपदस्य लक्षणया—

साधुत्वोपयोगिशास्त्रप्रवृत्त्यनुकूल-समवायः---इत्यर्थः । तेन 'इग्यणः सम्प्रसारणम्' इत्यादौ 'यथासंख्यमनुदेशः समानाम्' इति शास्त्रस्य प्रवृत्तिः । (३) वृत्ति-प्रयोजनः समवायः-इत्यत्र परम्परया शास्त्रप्रवृत्तिर्बोध्या ।

वर्णोपदेशमन्तरा अनुबन्धानामासञ्जनं न संभवतीति द्वितीयं फलम् ।

नन्विष्टवर्णबोधनार्थमपि वर्णोपदेश इति चेत्, न, उदात्तानुदात्तस्वरितानुनासिक-दीर्घप्लुतानामप्युपदेशस्य कर्तव्यतया गौरवात् । यद्यपि आकृतिपक्षाश्रयणेन सर्वेषां ग्रहणसम्भवस्तथापि गुणविशिष्टानामिव संवृतकलादि-अष्टादशदोषयुक्तानामपि ग्रहण-प्रसङ्गः । गर्गादिबिदादिगणे पाठान्नेमे दोषाः परिहार्याः, प्रकृतिप्रत्यय-समुदायानां साधुत्वबोधनाय तत्पाठात् । न चैतद्दोषवारणाय 'अ अ' (पा. सू. ८।४। ६८) इति सूत्रमिव सर्वेषां दोषयुक्तानां स्थाने दोषरहितानां प्रत्यापत्तिः । गौरवमपि नात्र, इत्संज्ञानुबन्धकरणस्य स्थाने प्रत्यापत्त्यैव निर्वाहसम्भवः । सिध्यत्येवम्, अपाणिनीयं तु भवति । अतो यथान्यासमेवास्तु । गर्गादिबिदादिपाठस्य फलद्वयं कल्पनीयम्---पाठः विशेषणीयः, कलादयश्च निवर्त्तनीयाः । यथा 'श्वेतो धावति' 'अलम्बुसानां याता' इत्यादीनि वाक्यानि द्विविधार्थ-प्रतिपादिकानि तथैव प्रकृतेऽपि बोध्यम् । एवञ्च प्रत्यापत्तिर्नावश्यिकी ।

वस्तुतस्तु धात्वागम-विकारप्रत्यय-प्रातिपदिकानां शुद्धानामेव पाठात् तत्स्थ-त्वाच्च वर्णानां शुद्धानामेव ग्रहणात् न क्वापि दोषयुक्त-ग्रहण-प्रसङ्गः । शशः षष इति मा भूत्, पलाशः पलाष इति मा भूदित्येवमर्थमगृहीतप्रातिपदिकानामपि स्वरवर्णानुपूर्वीज्ञानार्थमुपदेशस्यावश्यकतया शुद्धानामेव सर्वत्र ग्रहणेन न क्वापि कलादिदोषदूषितानां ग्रहणप्रसङ्ग इति बोध्यम् ।

छात्राणामुपकाराय पस्पशाविषयं स्फुटम् ।
कृत्वार्पयति शिवयोस्त्रिपाठी जयशङ्करः ।।

।। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।।

—०—

॥ श्रीः ॥

श्रीमत्पतञ्जलिमुनिविरचितं

व्याकरण-महाभाष्यम्

सप्रदीप-'भावबोधिनी'-हिन्दी-व्याख्योपेतम्

प्रथमाध्याये प्रथमपादे

प्रथमं पस्पशाह्निकम्[1]

'प्रदीपः'

सर्वाकारं निराकारं विश्वाध्यक्षमतीन्द्रियम् ।
सदसद्रूपतातीतमदृश्यं माययावृतैः ॥ १ ॥
ज्ञानलोचनसंलक्ष्यं नारायणमजं विभुम् ।
प्रणम्य परमात्मानं सर्वविद्याविधायिनम् ॥ २ ॥
पुरुषाः प्रतिपद्यन्ते देवत्वं यदनुग्रहात् ।
सरस्वतीं च तां नत्वा सर्वविद्याधिदेवताम् ॥ ३ ॥

'भावबोधिनी'

॥ श्री मन्मङ्गलमूर्त्तये नमः ॥

नत्वा विघ्नहरं साम्बं शिवं वाणीं कपीश्वरम् ।
गुरुपादाम्बुजं ध्यात्वा जननीं जनकं तथा ॥ १ ॥
कैयटीयं समाश्रित्य नागेशीयं च सद्वचः ।
महाभाष्यस्य व्याख्यानं कुरुते 'जयशङ्करः' ॥ २ ॥

---

१. प्रस्तुत आह्निक 'पस्पशा' नाम से प्रसिद्ध है। इसकी सिद्धि 'स्पश बाधनस्पर्शनयोः' इस भ्वादिगणीय धातु से होती है। स्पर्शन=ग्रन्थन है। यङ्लुगन्त से "नन्दिग्रहिपचादिभ्यो ल्युणिन्यचः" पा० सू० ३।१।१३४ से अच् प्रत्यय करने पर 'पस्पश' बनता है। परम्परा और कोश के अनुसार इस शब्द का अर्थ—भूमिका, प्रस्तावना आदि है। 'अह्ना निर्वृत्तम्' इस अर्थ में अहन् से ठञ्=इक, आदिवृद्धि करने पर 'आह्निक' शब्द बनता है। एक दिन में पढ़ा दिया जाने वाला विषय 'आह्निक' कहा जाता है। यह प्राचीनकालिक अध्ययनअध्यापन की उत्कृष्टता का बोध कराता है। सम्पूर्ण महाभाष्य ८४ आह्निकों में विभक्त है। प्रथम आह्निक भूमिकात्मक है।

(शास्त्रारम्भप्रतिज्ञाभाष्यम्)

[1]अथ शब्दानुशासनम् ॥

'प्रदीपः'

पदवाक्यप्रमाणानां पारं यातस्य धीमतः ।
गुरोर्महेश्वरस्यापि कृत्वा चरणवन्दनम् ॥ ४ ॥
महाभाष्यार्णवावारपारीणं विवृतिप्लवम् ।
यथागमं विधास्येऽहं कैयटो जैयटात्मजः ॥ ५ ॥
भाष्याब्धिः क्वातिगम्भीरः क्वाहं मन्दमतिस्ततः ।
छात्राणामुपहास्यत्वं यास्यामि पिशुनात्मनाम् ॥ ६ ॥
तथापि हरिबद्धेन सारेण ग्रन्थसेतुना ।
क्रममाणः शनैः पारं तस्य प्राप्तास्मि पङ्गुवत् ॥ ७ ॥

'भावबोधिनी'

यद् दृष्ट्वा सज्जनाः विज्ञास्तुष्यन्तु परिशीलिनः ।
जिज्ञासवः प्रसीदन्तु, छात्राः हृष्यन्तु भूरिशः ॥ ३ ॥

अब 'शब्दानुशासन' [प्रारम्भ किया जाता है] ।

---

१. 'अथ' यह निपात है। वैयाकरणों के अनुसार निपात शब्द विभिन्न अर्थों के द्योतक होते हैं। अतः यहाँ 'अथ' शब्द प्रारम्भक्रियाविषयता के अतिरिक्त मङ्गल अर्थ भी द्योतित करता है।

'अथ शब्दानुशासनम्' यह किसका वचन है? इस पर विवाद है। पाणिनीय सूत्रों के प्रसिद्ध व्याख्याता काशिकावृत्ति के प्रणेता वामनजयादित्य ने इसे पाणिनि का वचन मानकर व्याख्या की है। अन्य सूत्रग्रन्थों का प्रारम्भ भी इसी प्रकार होता है। 'अथ योगानुशासनम्' 'अथातो धर्मजिज्ञासा' आदि। अतः यह पाणिनि का ही प्रथम सूत्र है।

दूसरे विद्वान् इसे भाष्यकार पतञ्जलि का वचन मानते हैं। भाष्य के लक्षण में यह है "स्वपदानि च वर्ण्यन्ते" अतः अपने वचन की व्याख्या भाष्यकार ने "अथेत्ययं शब्दः ...." आदि से की है। काव्यप्रकाशादि में एक ही लेखक अपने वचन की व्याख्या करते देखा गया है। अतः इसे भाष्यकार का ही वचन मानना चाहिए। इसके अतिरिक्त सब से महत्त्वपूर्ण बात यह है कि आचार्य पाणिनि के 'वृद्धिरादैच्' (१।१।१) सूत्र में 'वृद्धि' शब्द का पहले उल्लेख करना मंगल के लिये है। इसी आह्निक में 'सिद्धे शब्दार्थसम्बन्धे' इस वार्तिक में 'सिद्धे' को नित्यार्थक मानकर मङ्गलार्थक भी माना गया है। जब पाणिनि और कात्यायन

अथेत्ययं शब्दोऽधिकारार्थः प्रयुज्यते। शब्दानुशासनं[1] नाम शास्त्र-

'प्रदीपः'

भाष्यकारो विवरणकारत्वाद् व्याकरणस्य साक्षात्प्रयोजनमाह—अथ शब्दानुशासनमिति। प्रयोजनप्रयोजनानि तु रक्षोहादीनि पश्चाद्वक्ष्यन्ते।

'भावबोधिनी'

[इस वाक्य में] 'अथ' यह शब्द 'अधिकार' [=प्रारम्भ] अर्थवाला प्रयुक्त

(सूत्रकार और वार्त्तिककार) दोनों ने अपने ग्रन्थों का प्रारम्भ मङ्गलपाठ से किया है तब महामनीषी पतञ्जलि इस महत्त्वपूर्ण परम्परा का निर्वाह क्यों न करते। अतः प्रस्तुत वचन पतञ्जलि का ही है। इसी लिए प्रसिद्ध प्रदीप-व्याख्यान के रचयिता कैयट ने स्पष्ट शब्दों में लिखा है—"स्वंवाक्यं व्याख्यातुं तदवयवमथ—शब्दं तावद् व्याचष्टे—"अथेत्यादिना।" गुरुपरम्परा भी उक्त सिद्धान्त का ही समर्थन करती है। अतः इसे भाष्यकार का ही वचन मानना उचित है।

सूत्रलक्षण—

अल्पाक्षरमसन्दिग्धं सारवद् विश्वतो मुखम्।
अस्तोभमनवद्यं च सूत्रं सूत्रविदो विदुः॥

वार्त्तिकलक्षण—

उक्तानुक्तदुरुक्तानां चिन्ता यत्र प्रवर्तते।
तं ग्रन्थं वार्त्तिकं प्राहुर्वार्त्तिकज्ञा मनीषिणः॥

भाष्यलक्षण—

सूत्रार्थो वर्ण्यते यत्र वाक्यैः (पदैः) सूत्रानुसारिभिः।
स्वपदानि च वर्ण्यन्ते भाष्यं भाष्यविदो विदुः॥

भाष्य के इस लक्षण के अनुसार सूत्रघटक पदों की व्याख्या के साथ-साथ अपने भी पदों की व्याख्या भाष्य में की जाती है। भाष्यते=व्याख्यायते विस्तरेण अनेन यद् वा—इस प्रकार शास्त्र या व्याख्यान अर्थ में 'भाष्य' शब्द है। महच्च तद् भाष्यम्—महाभाष्यम्। अन्य भाष्यों की अपेक्षा इसका वैशिष्ट्य है क्योंकि इसमें प्रदर्शित 'इष्टियाँ' सूत्र के समान समादरणीय हैं। अत एव यह 'महाभाष्यम्' कहा जाता है। इष्टि—भाष्यकार का सिद्धान्त माना जाता है।

१. प्राचीन काल में व्याकरण के लिए 'शब्दानुशासन' शब्द भी प्रयुक्त होता था। इसी लिए भाष्यकार ने लिखा है—'शब्दानुशासनं शास्त्रमधिकृतं वेदितव्यम्।'

मधिकृतं वेदितव्यम् ॥

'प्रदीपः'

स्ववाक्यं व्याख्यातुं तदवयवमथशब्दं तावद् व्याचष्टे—**अथेत्ययमिति**। इति-शब्दोऽथशब्दस्य स्वरूपेऽवस्थापनाय प्रयुक्तः। एवं हि पदान्तरैः सामानाधिकरण्येन सम्बन्धे सत्यथशब्दो व्याख्यातुं शक्यते। स्वरूपेऽवस्थितश्च सर्वनाम्ना परामृश्यते—अयमिति। शब्द इति। स्वरूपकथनं विस्पष्टप्रतिपत्त्यर्थम्। **अधिकारार्थं इति**। अधिकारः=प्रस्तावो द्योत्यत्वेनास्य प्रयोजनमित्यर्थः। निपातानां च द्योतकत्वं वाक्य-पदीये निर्णीतम्। अथशब्दस्याधिकारार्थत्वे यो वाक्यार्थः संपद्यते तं दर्शयति—**शब्दानुशासनमिति**। अनेकक्रियाविषयस्यापि शब्दानुशासनस्य प्रारभ्यमाणता 'अथ'-शब्दसन्निधानेन प्रतीयते। व्याकरणस्य चेदमन्वर्थं नाम—शब्दानुशासनमिति। अत्र चाचार्यस्य कर्तुः प्रयोजनाभावादनुपादानादुभयप्राप्त्यभावान्न 'उभयप्राप्तौ कर्मणी'त्यनेन षष्ठी, अपि तु 'कर्तृकर्मणोः कृती'त्यनेनेति 'कर्मणि चे'ति समासप्रतिषेधा-प्रसङ्गाद् इध्मप्रव्रश्चनादिवत् समासः ॥

'भावबोधिनी'

किया जाता है (किया गया है)। 'शब्दानुशासन' नामक शास्त्र को [अब] अधिकृत (प्रारब्ध, आरम्भ किया गया) समझना चाहिए।

'अनुशिष्यन्ते=अपशब्देभ्यो विविच्य ज्ञाप्यन्ते साधुशब्दाः अनेन तत्—अनु-शासनम्।' करण अर्थ में ल्युट् है। शब्दानाम् अनुशासनम्—शब्दानुशासनम्। यहाँ कर्म में षष्ठ्यन्त मान कर समास होता है। अतः शब्दकर्मक अनुशासन—यह अर्थ है। परन्तु "कर्मणि च" (पा० सू० २।२।१४) सूत्र से कर्म षष्ठ्यन्त के समास का निषेध होना चाहिए। अतः 'शब्दानुशासनम्' यह अशुद्ध है—ऐसी शंका हो सकती है। समाधान यह है कि जहाँ कर्ता और कर्म दोनों में षष्ठी की प्राप्ति रहने पर "उभयप्राप्तौ कर्मणि" (पा० सू० २।३।८) से कर्म में ही षष्ठी होती है। वहीं षष्ठी-समास का निषेध होता है। यहाँ आचार्य पाणिनि का कर्तृत्व स्वतः गम्यमान है, शब्द से प्रतिपाद्य नहीं है। अतः यहाँ "कर्तृकर्मणोः कृति" (पा० सू० २।३।६५) इस सामान्य सूत्र से ही षष्ठी होती है, "उभयप्राप्तौ कर्मणि' इस सूत्र से नहीं। इस कारण इसमें समास का निषेध नहीं होता है। और "इध्मस्य प्रव्रश्चनः"=इध्मप्रव्रश्चनः के समान यहाँ भी समास होना सर्वथा उचित है।

(अनुशासनीयशब्दनिर्णयाधिकरणम् ।)

(आक्षेपभाष्यम्)

केषां शब्दानाम्[१] ?

'प्रदीपः'

शब्दशब्दस्य सामान्यशब्दत्वाद् विना प्रकरणादिना विशेषेऽवस्थानाभावात् तन्त्रीशब्दकाकवाशितादीनामप्यनुशासनप्रसङ्ग इति मत्वा पृच्छति—केषामिति। उत्तरपदार्थान्तर्गतस्यापि पूर्वपदार्थस्य बुद्धया प्रविभागात् किमा प्रत्यवमर्शः। यथा 'राजपुरुष'इत्युक्ते 'कस्य राज्ञः ?' इति ॥

'भावबोधिनी'

किन शब्दों का [अनुशासन प्रारम्भ किया जा रहा है] ?

---

१. शब्दानाम् अनुशासनम्=शब्दानुशासनम्—यहाँ षष्ठी-तत्पुरुष में 'शब्द' विशेषण है और 'अनुशासन' विशेष्य है, यही पदार्थ है। अतः 'शब्दानाम्' पदार्थैकदेश=गौण है। इसके साथ किसी अन्य पदार्थ का अन्वय (सम्बन्ध) नहीं किया जा सकता। जैसा कि नियम है "पदार्थः पदार्थेन अन्वेति न तु पदार्थैकदेशेन।" अर्थात् उपस्थित विशेष्य का ही विशेष्य में अन्वय होता है। इसीलिए 'ऋद्धस्य राज्ञः पुरुषः' इस अर्थ में 'ऋद्धस्य राजपुरुषः' यह प्रयोग नहीं होता है क्योंकि राजपदार्थ समास में विशेषण रूपेण उपस्थित होता है। ठीक यही स्थिति 'शब्दानुशासनम्' में 'शब्दानाम्' की है। अतः 'केषाम् शब्दानाम् ?' ऐसा प्रश्न उपपन्न नहीं होता है। यहाँ 'कीदृशां शब्दानुशासनम्' ऐसा अनुशासन-विषयक प्रश्न करना चाहिए था और 'लौकिकानां वैदिकानां च' यह उत्तर न होकर 'लौकिकं वैदिकं च' यह होना चाहिए था ? इसका उत्तर यह है कि कभी कभी बुद्धि से पूर्वपदार्थ=विशेषण को अलग मान कर उसे भी पदार्थ मान कर व्यवहार होता है। जैसे किसी ने कहा "राजपुरुषोऽयम्।" सुनने वाला प्रश्न करता है 'कस्य राज्ञः ?' ऐसा अनुभव-सिद्ध है। अतः प्रस्तुत स्थल पर कोई दोष नहीं है।

एक बात और ध्यान देने की है कि पाणिनि के समय में और आगे भी शब्दानुशासन तीन प्रकार के थे। एक में केवल लौकिक शब्द थे, एक में केवल वैदिक और एक में दोनों प्रकार के। अतः यह शंका स्वाभाविक है कि पाणिनीय शब्दानुशासन किस कोटि में आता है। इसी का स्पष्टीकरण किया गया है कि इसमें लौकिक और वैदिक दोनों प्रकार के शब्दों का अनुशासन है। कैयट ने जो पूर्वपक्ष प्रस्तुत किया है वह अत्यन्त साधारण है।

(समाधानभाष्यम्)

लौकिकानां वैदिकानां च । तत्र लौकिकास्तावद्—गौः, अश्वः, पुरुषो, हस्ती, शकुनिः, मृगो, ब्राह्मण इति ॥

वैदिकाः खल्वपि—"शं नो देवीरभिष्टये।" (अ० वे० १.१.१.) । "इषे त्वोर्जे त्वा" (य० वे० १.१.१.) । "अग्निमीले पुरोहितम्।" (ऋ० वे० १।१।१) "अग्न आयाहि वीतय" इति । (सा० वे० १.१.१.) ॥[१]

'प्रदीपः'

सिद्धान्तवादी तु व्याकरणस्य वेदाङ्गत्वात् सामर्थ्याद्विशेषावगतिरिति मत्वाह—**लौकिकानामिति** । लोके विदिता इति—"लोकसर्वलोकाट्ठञि"ति ठञ् । अथ वा भवार्थेऽध्यात्मादित्वाट्ठञ् । एवं वेदे भवा वैदिकाः । वैदिकानां लौकिकत्वेऽपि प्राधान्यख्यापनाय पृथगुपादानम् । यथा—**ब्राह्मणा आयाता वसिष्ठोऽप्यायात** इति वसिष्ठस्य । तेषां तु प्राधान्यं यत्नेनापभ्रंशपरिहारात् । अथ वा भाषाशब्दानामेव लौकिकत्वमिति भेदेन निर्देशः ॥ तत्र लोके पदानुपूर्वीनियमाभावात्पदान्येव दर्शयति—**गौरश्व इति** । वेदे त्वानुपूर्वीनियमाद् वाक्यान्युदाहरति—**शं न इति** ॥

'भावबोधिनी'

लौकिक और वैदिक शब्दों का [अनुशासन प्रारम्भ किया जा रहा है] । इनमें लौकिक शब्द इस प्रकार के हैं—गौः (=गाय), अश्वः (घोड़ा), पुरुषः (मनुष्य), हस्ती (हाथी), शकुनिः (पक्षी), मृगः (हिरन), ब्राह्मणः (ब्राह्मण) आदि ।

वैदिक शब्द भी इस प्रकार के हैं—"शंनो देवीरभिष्टये।" (अथर्व० १।१।१) "इषे त्वोर्जे त्वा।" (यजु० १।१।१) "अग्निमीले पुरोहितम्।" (ऋक्० १।१।१) "अग्न आयाहि वीतये।" (साम० १।१।१) ।

लोक में विदित अथवा भव=उत्पन्न–लौकिक और वेद में विदित अथवा भव=उत्पन्न वैदिक हैं। यद्यपि वेदों की सत्ता भी लोकान्तर्गत ही है अतः वे भी एक प्रकार से लौकिक ही हैं। तथापि उन शब्दों की प्रधानता प्रकट करने के लिए उनका उल्लेख अलग से किया गया है। इसके अतिरिक्त वैदिक शब्दों की आनुपूर्वी नियत है। उसमें किसी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं है। इस बात को सिद्ध करने के लिए यहाँ मन्त्रभाग उदाहरण रूप में प्रस्तुत किए गये हैं। इस प्रकार दोनों प्रकार के शब्दों की अनुशासनपद्धति भिन्न होने से दोनों का उल्लेख आवश्यक था।

१. सामान्यतया ऋग्, यजुः, साम और अथर्व–यही क्रम प्रसिद्ध है। परन्तु भाष्यकार ने इसमें परिवर्तन करके अथर्ववेद को सर्वप्रथम रखा है। इसका कारण

(शब्दस्वरूपनिर्णयः)

(आक्षेपभाष्यम्)

अथ गौरित्यत्र कः शब्दः[1] ?

'प्रदीपः'

'अयं गौरयं शुक्ल' इति शब्दार्थयोरभेदेन लोके व्यवहारदर्शनाच्छब्द-स्वरूपनिर्धारणाय पृच्छति—अथेति। 'गौरि'ति विज्ञाने प्रतिभासमानेषु वस्तुषु 'कः शब्द' इत्यर्थः ॥

'भावबोधिनी'

शब्द-स्वरूप का विवेचन

अब 'गौः' (यह गाय है)—इस [ज्ञान] में शब्द [–तत्त्व] कौन है ?

यह प्रतीत होता है कि वेद यज्ञों के लिए है। अतः यज्ञीय उपयोगिताक्रम से वेदों का उल्लेख है। "यज्ञैरथर्वा प्रथमः प्रथस्तते" (ऋक् १।८।४।५) इस कथन से अथर्वा मुनि यज्ञीय प्रक्रिया के प्रथम प्रकाशक हैं। इनके द्वारा दृष्ट और प्रोक्त होने से अथर्व वेद का विशेष महत्त्व है। इसके अतिरिक्त यह मंगल-सूचक 'शम्' शब्द से घटित है। "अध्वर्युः ऋत्विक्" इत्यादि वचन के अनुसार अध्वर्युकर्म के मन्त्रों का प्रकाशक होने से और पद्यमय ऋग्वेद तथा गीतिमय सामवेद की तुलना में सुज्ञेय होने से ऋगादि से पहले यजुर्वेद का उल्लेख है। सामवेद ऋग्वेदीय मन्त्रों पर आधृत होने से गौण है। अतः ऋग्वेद का पहले और उसके बाद सामवेद का उल्लेख है।

भाष्यकार का अपना वेद अथर्व है। इसलिए भी सबसे पहले उसका उल्लेख किया है।

१. लोक में शब्द और अर्थ में अभेद देखा जाता है। इसीलिए किसी व्यक्ति से उसका परिचय पूछने पर वह उत्तर देता है कि 'मैं अमुक=राम श्याम वगैरह हूँ।' यहाँ मांसपिण्डरूप पुरुष अर्थ और राम श्याम आदि आनुपूर्वी रूप शब्द का अभेद देखा जाता है। 'रामो द्विर्नाभिभाषते' आदि सभी व्यवहार इसी प्रकार के हैं। इसी तरह जब सामने दिखाई देने वाली गाय के विषय में कहा गया 'यह गाय है।' इस ज्ञान में व्यक्ति, रंग, क्रिया तथा जाति आदि विषय हैं। इन अनुभूयमान पदार्थों में शब्द किसे समझा जाय, कौन सी वस्तु शब्द है ? इसी का उत्तर देने का प्रयास यहाँ किया गया है।

शब्दों का अनुशासन प्रारंभ करने के पहले शब्द का स्वरूप स्पष्ट करना आवश्यक है। लोक में प्रसिद्ध शब्द के स्वरूप और वैयाकरणों के शब्दस्वरूप में कुछ भेद

(आक्षेपोपपादकभाष्यम्)

किं यत्तत्[1] सास्नालाङ्गूलककुदखुरविषाण्यर्थरूपम्, स शब्दः ?

'प्रदीपः'

तान्येव वस्तूनि क्रमेण निर्दिशति—**किं यत्तदिति**। उद्दिश्यमान-प्रतिनिर्दिश्यमानयोरेकत्वमापादयन्ति सर्वनामानि पर्यायेण तल्लिङ्गमुपाददत इति कामचारतः **'स शब्द'** इति पुंल्लिङ्गेन निर्देशः ॥

'भावबोधिनी'

तो क्या जो सास्ना (=गाय के गले में लटकने वाली खाल), लाङ्गूल (पूंछ), ककुद (कन्धे पर ऊपर उठा हुआ मांसपिंड), खुर और विषाणों (सींगो) से युक्त पदार्थरूप [है], वह शब्द है ? [क्या मांसपिण्डरूप पशुपदार्थ शब्द है ?]

है। इस तथ्य को भी स्पष्ट करना आवश्यक है। इसीलिए यहाँ इस विषय में चर्चा की गई है।

गोव्यक्ति (द्रव्य) में और गोत्वजाति रूप अर्थ में गोशब्द का अभेद अनुभवसिद्ध होने से उनमें शब्दत्व की शंका और उसका समाधान तो बुद्धिगम्य है। परन्तु शुक्लत्वादि गुणों और इंगितत्वादि क्रियाओं में तो अभेद देखा नहीं जाता। अतः उनमें शंका करना और निराकरण करना उचित नहीं प्रतीत होता—ऐसा प्रश्न उठाया जा सकता है। इसका समाधान यह है कि गुण और गुणी (द्रव्य) का तथा क्रिया और क्रियावान् (द्रव्य) का अभेद माना जाता है। द्रव्य रूपी अर्थ और शब्द का अभेद है। इसलिए 'तदभिन्नाभिन्नस्य तदभिन्नत्वम्' इस न्यायानुसार गुण और क्रिया में भी शब्दत्व की शंका उचित है। तत्=शब्द से अभिन्न=द्रव्य (=गुणी और क्रियावान् अर्थ) है और द्रव्य=गुणी तथा क्रियावान् अर्थ से अभिन्न=गुण और क्रिया है। अतः ये गुण और क्रिया भी शब्द से अभिन्न सिद्ध हो जाते हैं। अतः इनमें भी शब्दत्व की शंका उचित है। "नन्वेवं गुणक्रिययोः शब्दत्वाशंकाऽनुपपन्ना, न हि ते अपि 'गौः' इति शब्दजन्यबोधे भासेते इति चेत्, न। गुणगुणिनोः क्रियाक्रियावतोश्चाभेदात्। शब्दार्थयोश्च तत्त्वात् 'तदभिन्नाभिन्नस्य' इति न्यायेन तच्छङ्कोपपत्तेः। यथा परमकारणाभिन्नकार्यकारणकस्य परमकारणेनाप्यभेदः।' (उद्द्योतः)

१. 'यत्तत्' इति समुदायो यद्वृत्तार्थे वर्तते, तस्यैव पुनः तद्वृत्तेन 'स' इत्यनेन परामर्शः। यद्वा प्रसिद्धौ। (उद्द्योत)

(आक्षेपबाधकभाष्यम्)

नेत्याह । द्रव्यं नाम तत् ॥

(आक्षेपोपपादकभाष्यम्)

यत्तर्हि तदिङ्गितं चेष्टितं निमिषितमिति, स शब्दः ?

(निराकरणभाष्यम्)

नेत्याह । क्रिया नाम सा ॥

(आक्षेपोपपादकभाष्यम्)

यर्त्तहि तच्छुक्लो[1] नीलः कपिलः कपोत इति, स शब्दः ?

(निराकरणभाष्यम्)

नेत्याह । गुणो नाम सः ॥

'प्रदीपः'

नेत्याहेति । भिन्नेन्द्रियग्राह्यत्वान्न द्रव्यं शब्द इति प्रतीतम्, अपि तु द्रव्यमिति । यदि च द्रव्यानुशासनं विवक्षितमभविष्यद् 'अथ द्रव्यानुशासन' मित्येवावक्ष्यत् ॥

अनेनैव न्यायेन गुणक्रियासामान्यानां निराकृतेऽपि शब्दत्वे प्रपञ्चार्थं तच्चोद्यपूर्वकं निराकरोति—**यत्तर्हीति** । गोशब्दार्थे चैषां संभवाच्छब्दत्वमाशङ्कते । परिहारस्तु पूर्ववत् । तत्रे**ङ्गितम्**=अभिप्रायस्य सूचकः शरीरव्यापारः । **चेष्टितम्**=कायपरिस्पन्दः । **निमिषितम्**=अक्षिव्यापारः ॥

शुक्लो नील इति । द्रव्यस्य प्रागुपन्यासाद् गुणमात्राभिधायिनोऽत्र शुक्लादयो द्रष्टव्याः ॥

'भावबोधिनी'

[वैयाकरण] नहीं—ऐसा कहता है । वह तो द्रव्य है । [वह शब्द नहीं है क्योंकि नेत्रेन्द्रिय से ग्राह्य होने से द्रव्य को शब्द नहीं माना जा सकता ।]

तो क्या, उस (गो व्यक्ति) का जो इंगित (अपने अभिप्राय को सूचित करने वाली रोमांचादि शारीरिक क्रिया), चेष्टित (शरीर का हिलना डुलना), निमिषित (आखें बन्द करना और खोलना) है, वह शब्द है ?

[वैयाकरण] नहीं—ऐसा कहता है । वह तो क्रिया है ।

तो क्या, जो शुक्लत्व (सफेदी) नीलत्व (नीलिमा या कालिमा), कपिलत्व (भूरापन), कपोतत्व (चितकबरा रंग) है, वह शब्द है ?

[वैयाकरण] नहीं—ऐसा कहता है । वह (शुक्लत्वादि) तो गुण (रंग) है।

---

१. 'गुणे शुक्लादयः पुंसि गुणिलिङ्गास्तु तद्वति ।—अमरकोश

(आक्षेपोपपादकभाष्यम्)

यत्तर्हि तद्भिन्नेष्वभिन्नं छिन्नेष्वछिन्नं सामान्यभूतम्, स शब्दः ?

(निराकरणभाष्यम्)

नेत्याह । आकृतिर्नाम[1] सा ॥

(आक्षेपोपसंहारभाष्यम्)

कस्तर्हि शब्दः ?

'प्रदीपः'

भिन्नेष्वभिन्नमिति । अनेन सामान्यस्यैकत्वं कथ्यते[2] । **छिन्नेष्वच्छिन्नमिति** । अनेन नु नित्यत्वम् । **सामान्यभूतमिति** ।[3] सत्ताख्यं महासामान्यं गोत्वादेः सामान्यविशेषस्योपमानं निर्दिष्टम् । सामान्यमिव **सामान्यभूतम्** । भूतशब्द उपमार्थे, यथा—पितृभूत इति ॥

द्रव्यादिषु निरस्तेषु पृच्छति—कस्तर्हीति ।

'भावबोधिनी'

तो क्या, जो भिन्न (अनेक पदार्थों) में अभिन्न (एक) और छिन्न (नष्टों) में अच्छिन्न (नष्ट न होने वाला अर्थात् नित्य) सामान्यभूत (जाति के समान या जाति) है, वह शब्द है ?

[वैयाकरण] नहीं—ऐसा कहता है । वह तो आकृति (जाति और संस्थान) है । [वह शब्द नहीं हो सकती ।]

[उपर्युक्त सभी उत्तरों का खण्डन हो जाने पर पूर्वपक्षी प्रश्न करता है—] तो फिर शब्दतत्त्व कौन है ? [किसको शब्द कहा जाता है ?]

---

१. आकृतिः—जातिः संस्थानं च, आक्रियते=व्यवच्छिद्यते स्वाश्रयोऽनयेति व्युत्पत्तेरिति भावः । शङ्कापरभाष्ये 'सामान्यभूतम्' इत्यस्य तद्व्यञ्जकं चेत्यप्यर्थो बोध्यः । जातिमात्रपरत्वे "जात्याकृतिव्यक्तयः पदार्थः" इति गौतमसूत्रेण तस्यापि पदार्थत्वबोधनात् प्रत्यक्षादौ तद्भानाच्च तस्य शब्दत्वाशङ्का-तत्समाधानाभावेन न्यूनता स्यात् । (उद्द्योतः)

२. इदम् अनेकसमवेतत्वस्याप्युपलक्षणम् । (उद्द्योतः)

३. एवं हि 'वृक्षवदाम्र' इत्याद्यापत्तेः, सामान्यश्रुतेः सर्वसामान्यविषयत्वेन प्रवृत्तायाः संकोचे कारणाभावाच्च, उपमाकथनस्य प्रकृतेऽनुपयोगाच्च, अध्याहारे गौरवाच्च—नेदं युक्तम् । किन्तु स्वरूपवाची सः । (उद्द्योतः)

(समाधानभाष्यम्)

येनोच्चारितेन सास्नालाङ्गूलककुदखुरविषाणिनां सम्प्रत्ययो भवति, स शब्दः ॥

'प्रदीपः'

उत्तरमाह—येनोच्चारितेनेति। वैयाकरणा वर्णव्यतिरिक्तस्य पदस्य वाक्यस्य वा वाचकत्वमिच्छन्ति। वर्णानां प्रत्येकं वाचकत्वे द्वितीयादिवर्णोच्चारणानर्थक्यप्रसङ्गात्। आनर्थक्ये तु प्रत्येकमुत्पत्तिपक्षे यौगपद्येनोत्पत्त्यभावात्, अभिव्यक्तिपक्षे तु क्रमेणैवाभिव्यक्त्या समुदायाभावात्, एकस्मृत्युपारूढानां वाचकत्वे 'सरो रस' इत्यादावर्थप्रतिपत्त्यविशेषप्रसङ्गात्तद्व्यतिरिक्तः स्फोटो नादाभिव्यङ्ग्यो वाचको विस्तरेण वाक्यपदीये व्यवस्थापितः। उच्चारितेन। प्रकाशितेनेत्यर्थः ॥

'भावबोधिनी'

(क) स्फोटरूप शब्द

उच्चारित (ध्वनियों से अभिव्यक्त होने वाले) जिसके द्वारा सास्ना (गले में लटकने वाली खाल) पूँछ, ककुद (कन्धे से ऊपर निकला हुआ मांसपिण्ड), खुर और विषाण (सीगों) से युक्त (गोरूप पशुओं) का ज्ञान होता है, वह [स्फोट] शब्द है।

---

१. अथ 'गौरित्यत्र' कः शब्दः ? इस प्रश्न का समाधान करने के लिए भाष्यकार ने व्याकरणशास्त्रीय और भिन्नशास्त्रीय दोनों प्रकार के शब्दों का स्वरूप प्रतिपादित किया है।

वैयाकरणों के मतानुसार श्रूयमाण वैखरी ध्वनि शब्द नहीं है क्योंकि ध्वनियाँ तो उच्चरित–प्रध्वंसी होती हैं। प्रथम ध्वनि के उच्चारण में बाद की ध्वनियाँ अविद्यमान रहती हैं और बाद की ध्वनियों के उच्चारण के समय भी केवल वह ध्वनि ही विद्यमान रहती हैं। शेष भूत या भावी रहती हैं। अतः दो या अधिक ध्वनियों का अस्तित्व कभी भी सम्भव नहीं होता है। अतः इनमें वाचकताशक्ति की आश्रयता उपपादित करना सम्भव नहीं है। यह समस्या उच्चारणपक्ष और अभिव्यक्तिपक्ष दोनों में है। अतः वैयाकरणों ने एक सूक्ष्म, नित्य, अखण्ड और विभु शब्दतत्त्व की कल्पना की है। इसे 'स्फोट' कहा जाता है। यही वाचक है। यह वैखरी ध्वनियों से अभिव्यक्त होकर अर्थ का वाचक होता है। इसीलिये स्फोट शब्द की दो व्युत्पत्तियाँ मानी गयीं हैं—

१. स्फुटचते=अभिव्यज्यते वैखरी-ध्वनिरूप-वर्णैरिति स्फोटः।

२. स्फुटति=व्यक्तीभवति अर्थो यस्मात् सः स्फोटः।

यह स्फोटात्मक शब्द नित्य है। ध्वनियाँ व्यंजक हैं। इसीलिए इस स्फोट के एक

(समाधानान्तरभाष्यम्)

अथवा-प्रतीतपदार्थको लोके ध्वनिः शब्द इत्युच्यते। तद्यथा—शब्दं कुरु, मा शब्दं कार्षीः, शब्दकार्ययं माणवकः, इति ध्वनिं कुर्वन्नेवमुच्यते। तस्माद् ध्वनिः[1] शब्दः ॥

'प्रदीपः'

अथवेति। अन्यत्र ध्वनिस्फोटयोर्भेदस्य व्यवस्थापितत्वादिहाभेदेन व्यवहारेऽपि न दोषः, द्रव्यादयो न शब्दवाच्या इत्यत्र तात्पर्यात्। **ध्वनिं कुर्वन्निति।** विधिनिषेधयोरप्रवृत्तविषयत्वात्कथमस्य त्रिभिः सम्बन्धः ? उच्यते—शब्दं कुर्वन्नपि 'शब्दं कुर्वि' त्युच्यते विरामाशङ्कायां तन्निवृत्तये। तथानभिमतशब्दश्रवणोद्वेजितेनोच्यते—'मा शब्दं कार्षी' रिति ॥

'भावबोधिनी'

(ख) ध्वनिरूप शब्द

अथवा लोक [—व्यवहार] में पदार्थ की प्रतीति (ज्ञान) कराने वाली ध्वनि को 'शब्द' ऐसा कहा जाता है। वह इस प्रकार है [ध्वनि करने वाला बन्द न कर दे इस उद्देश्य से कहा जाता है)—'शब्द करो।' [ध्वनि को सुनकर क्रुद्ध व्यक्ति रोकने के लिए कहता है—] 'शब्द मत करो।' 'यह माणवक (ब्रह्मचारी) शब्द करने वाला है—ऐसा ध्वनि करने वाले से कहा जाता है। इसलिए 'ध्वनि' शब्द है।

होने पर भी नानात्व की प्रतीति होती है। इस स्फोट के काल्पनिक आठ भेद माने गये हैं—(१) वर्णस्फोट, (२) पदस्फोट, (३) वाक्यस्फोट, (४) वर्णजातिस्फोट, (५) पदजातिस्फोट, (६) वाक्यजातिस्फोट, (७) अखण्डपदस्फोट, (८) अखण्डवाक्यस्फोट।

उक्त अष्टविध स्फोटों में अखण्डवाक्यस्फोट या अखण्डवाक्यजातिस्फोट ही प्रमुख माना जाता है। इस स्फोट के विषय में विशद चर्चा वाक्यपदीय, वैयाकरण-भूषण, वैयाकरणसिद्धान्त-मञ्जूषा और स्फोटवाद आदि ग्रन्थों में देखी जा सकती है।

१. वैयाकरणों के अतिरिक्त मीमांसक भी शब्द की नित्यता स्वीकार करते हैं। परन्तु वे 'स्फोट' की आवश्यकता नहीं मानते हैं। इन दो के अतिरिक्त सभी शास्त्रों में और लोकव्यवहार में अर्थप्रत्यायक 'ध्वनि' ही शब्द रूप से प्रसिद्ध है। अतः भाष्यकार ने ध्वनि को भी शब्दरूप से प्रदर्शित किया है।

उक्त दोनों मतों के अनुसार 'गौः' इस ज्ञान में जो तत्त्व अर्थ का बोध कराने वाला है वही शब्द है। अतः द्रव्यादि शब्द नहीं हैं।

(शब्दानुशासनशास्त्रप्रयोजनाधिकरणम्)

(आक्षेपभाष्यम्)

कानि पुनः शब्दानुशासनस्य प्रयोजनानि ?

(समाधानभाष्यम्)

रक्षोहागमलध्वसन्देहाः प्रयोजनम्[1] ॥

'प्रदीपः'

कानि पुनरिति। किं संध्योपासनादिवद्व्याकरणाध्ययनं नित्यं कर्म, अथ काम्यमिति प्रश्नः ॥

'भावबोधिनी'

व्याकरणाध्ययन के प्रयोजन

[बिना किसी प्रयोजन के कोई भी किसी महत्त्वपूर्ण और श्रमसाध्य कार्य में प्रवृत्त नहीं होता है। अतः भाष्यकार ने यहाँ प्रधान और गौणरूप से व्याकरणाध्ययन के ५+१३=१८ प्रयोजन प्रस्तुत किये हैं।]

तो फिर शब्दानुशासन [व्याकरणशास्त्र के अध्ययन] के कौन-कौन से प्रयोजन हैं ?

पाँच मुख्य प्रयोजन

(१) रक्षा, (२) ऊह, (३) आगम, (४) लघु और (५) असन्देह (सन्देह का प्रागभाव)—[ये पाँच मुख्य] प्रयोजन हैं।

---

१. 'रक्षोहागमलध्वसन्देहाः प्रयोजनम्' यहाँ एक पद बहुवचनान्त है और दूसरा एकवचनान्त। अतः दोनों का अन्वय किस प्रकार होगा ? इस शंका का समाधान यह है कि 'प्रयोजन' शब्द की दो व्युत्पत्तियाँ हैं (क) प्रयुज्यतेऽनेन—इस अर्थ में निष्पन्न 'प्रयोजनः' यह पुल्लिङ्ग और प्रवर्त्तकपरक है। शेष 'प्रयोजन' शब्द फलपरक होने से नपुंसकलिङ्ग में हैं। अतः पाँच रक्षा ऊहादि के लिए पाँच प्रयोजन शब्द हैं। इनमें एक प्रयोजन=प्रयोजक है जो आगम के साथ उचित है, पुलिङ्ग हैं, शेष चार नपुंसकलिङ्ग हैं : प्रयोजनं च प्रयोजनं च प्रयोजनः च प्रयोजनं च प्रयोजनं च—इनमें "नपुंसकमनपुंसकेनैकवच्चास्यान्यतरस्याम्" (पा० सू० १।२।६९) से नपुंसक एकशेष रहता है और विकल्प से एकवद्भाव भी होता है। अतः 'प्रयोजनम्' और 'प्रयोजनानि' दोनों शब्द समान अर्थ वाले ही हैं। इस कारण एकवचनान्त भी यह 'प्रयोजनम्' पाँच प्रयोजनों का प्रतिपादक है, इस कारण अन्वय अबाधित है।

(रक्षापदार्थनिरूपणभाष्यम्)

(१) रक्षार्थं वेदानामध्येयं व्याकरणम्। लोपागमवर्णविकारज्ञो हि सम्यग् वेदान् परिपालयिष्यतीति ॥[1]

'प्रदीपः'

पारम्पर्येण पुरुषार्थसाधनत्वमस्याह—रक्षेति। लोके लोपाद्यदृष्टं वेदे दृष्ट्वा भ्राम्येदवैयाकरणः, वैयाकरणस्तु न भ्राम्यति वेदार्थं चाध्यवस्यति। तत्र लोपागमयोरुदाहरणं 'देवा अदुह्र'ति। दुहेर्लङ्गो झस्यादादेशे कृते लोपस्त आत्मनेपदेष्विति' तलोपः, 'बहुलं छन्दसी'ति रुटि सति रूपमेतत्। वर्णविकारो यथा—उद्ग्राभं च निग्राभं चेति। 'हृग्रहोर्भश्छन्दसि' 'हस्येतिवक्तव्यमि'ति हस्य भकारः। 'उदि ग्रह' इत्यत्र 'उद्ग्राभनिग्राभौ च च्छन्दसि स्रुगुद्यमननिपातनयो'रिति वचनादुन्निपूर्वाद् ग्रहेर्घञ् ॥

'भावबोधिनी'

(१) रक्षा—वेदों की रक्षा के लिए व्याकरण का अध्ययन करना चाहिए। क्योंकि [वर्णादि के] लोप, आगम और वर्णविकार (एक वर्ण के स्थान पर दूसरे वर्ण का आदेश)—इनको जानने वाला (वैयाकरण) ही वेदों की रक्षा सम्यग् रूप से करेगा। (कर सकता है)।

---

१. लौकिक संस्कृत के शब्द रूपों की तुलना में वैदिक शब्दों में कहीं-कहीं बहुत अन्तर होता है। लौकिक शब्द में न दिखाई देनेवाले किसी वर्ण के लोप (अभाव), आगम (आधिक्य) या विकार (परिवर्तन) को वैदिक शब्द में देखकर अवैयाकरण भ्रम में पड़ सकता है। वह वैदिक रूप को अशुद्ध समझने लगेगा। इसके फलस्वरूप वेदमन्त्र का उच्छेद कर डालेगा। उदाहरणार्थ—लौकिक संस्कृत में 'देवा अदुहत' यह रूप लङ्लकार में होता है। परन्तु वेद में 'देवा अदुह्र' ऐसा होता है—दुह + लङ् = झ = अत, अट् आगम—अदुह् + अत, "लोपस्त आत्मनेपदेषु (पा० सू० ७।१।४१) से 'त' का लोप और 'बहुलं छन्दसि' (पा० सू० ७।१।८) से रुट् = र् करने पर 'अदुह्र' बनता है। यहाँ लोप और आगम का आधिक्य है। 'उद्ग्राभम्, जभार' आदि में 'ह' का भ वर्णविकार वेद में है। लोक में नहीं है। यहाँ भी भ्रम हो सकता है। इसे दूर करने के लिए व्याकरणाध्ययन आवश्यक है।

"एवञ्च वेदार्थज्ञानपूर्वकं शुद्धतत्तन्मन्त्रैस्तद्विहितकर्मानुष्ठानेन स्वर्गसुखम्, उपनिषदर्थज्ञानेन वक्ष्यमाणरीत्या वा मोक्षश्च पुरुषार्थौ व्याकरणाध्ययनस्य फलमिति भावः ॥ विकार इति। लोपस्तु न विकार इति पृथग्गणितः। भावरूप एव चादेशोऽत्र विकारः ॥ (उद्द्योतः)

(ऊहपदार्थनिरूपणभाष्यम्)

(२) ऊहः खल्वपि—न सर्वैर्लिङ्गैर्न च सर्वाभिर्विभक्तिभिर्वेदे मन्त्रा निगदिताः। ते चावश्यं यज्ञगतेन पुरुषेण यथायथं[1] विपरिणमयितव्याः। तान्नावैयाकरणः शक्नोति यथायथं विपरिणमयितुम्। तस्मादध्येयं व्याकरणम् ॥

'प्रदीपः'

ऊहः खल्वपीति। इह यस्मिन् यागे इतिकर्तव्यतोपदिष्टा यागान्तरेणोपजीव्यते सा प्रकृतिः। येन चोपजीव्यते सा विकृतिः। 'प्रकृतिवद्विकृतिः कर्तव्येति' मीमांसकैर्व्यवस्थापिते न्याये प्रकृतिप्रत्ययादीनामूहं वैयाकरणः सम्यग्विजानाति। तत्राग्नेर्मन्त्रोऽस्ति—'अग्नये त्वा जुष्टं निर्वपामीति'। 'सौर्यं चरुं निर्वपेद्

'भावबोधिनी'

(२) ऊह[2]—अपेक्षित परिवर्तन (=ऊह) भी [व्याकरणाध्ययन का प्रयोजन] है। वेद में मन्त्र सभी लिङ्गों (लिङ्गबोधक पदों) और सभी विभक्तियों (सर्व-विभक्त्यन्त पदों) के साथ (युक्त) नहीं पढ़े गए हैं अर्थात् किसी एक लिङ्ग और विभक्ति के रूप में ही पठित हैं। यज्ञ [कार्य] में प्रवृत्त पुरुष को उन मन्त्रों को अर्थानुसार उचितरीति से अवश्य बदल लेना चाहिए। परन्तु अवैयाकरण उन्हें उचित रीति से [अपेक्षित लिङ्ग और विभक्ति के साथ] नहीं बदल सकता। इसलिए [विपरिणाम की सामर्थ्यप्राप्ति के लिए] व्याकरण-शास्त्र का अध्ययन करना चाहिए।

---

१. यथार्थम्—इत्यपि पाठः।

२. यागसम्बन्धी प्रक्रिया का विवेचन दो प्रकार से किया गया है—(१) एक में साङ्गोपाङ्ग विधि का उल्लेख रहता है। इसे 'प्रकृति–याग' कहा जाता है। (२) जिसमें सामान्य उल्लेख रहता है शेष कार्य प्रकृतियाग के अनुसार किये जाते हैं उसे 'विकृतियाग' कहा जाता है। मीमांसकों का नियम है "प्रकृतिवद् विकृतिः कर्त्तव्या।"

प्रकृतियाग में विनियुक्त मन्त्रों के देवतादि के वाचक जो पद रहते हैं उन्हें विकृतियाग के देवतादि का बोध कराने के लिए आवश्यकतानुसार बदल लिया जाता है। इसे ही 'ऊह' कहा जाता है। उदाहरणार्थ–प्रकृतियाग आग्नेय याग है इसमें देवतोद्देश्यक द्रव्य का अग्नि में प्रक्षेप (परित्याग) करते समय यह मन्त्र पढ़ा जाता है "अग्नये त्वा जुष्टं निर्वपामि।" सौर्ययाग में ऐसा कोई मन्त्र नहीं

(आगमपदार्थनिरूपणभाष्म्)

(३) आगमः खल्वपि—"ब्राह्मणेन निष्कारणो धर्मः षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च" इति । प्रधानं च षट्स्वङ्गेषु व्याकरणम् । प्रधाने च कृतो यत्नः फलवान् भवति ॥

'प्रदीपः'

ब्रह्मवर्चसकामः' इति सौर्ये चरौ मन्त्र ऊह्यते—'सूर्याय त्वा जुष्टं निर्वपामी'ति विस्तरेण भर्तृहरिणा प्रदर्शित ऊहः ॥

आगम इति । आगमः प्रयोजनः प्रवर्तको नित्यकर्मतां व्याकरणाध्ययनस्य दर्शयति । प्रयोजनशब्देन च फलं प्रयोजकश्चोच्यते । निष्कारण इति । दृष्टं कारणमनपेक्ष्येत्यर्थः । प्रधानं चेति । पदपदार्थविगमस्य व्याकरणनिमित्तत्वात्तन्मूलत्वाद्वाक्यवाक्यार्थावसायस्येति भावः ॥

'भावबोधिनी'

(३) आगम (वेदवचन) भी व्याकरणाध्ययन का प्रयोजन=प्रयोजक (प्रेरक) है । [वह मन्त्र कहता है—] "ब्राह्मण को निष्कारण (किसी दृष्ट लौकिक कारण की अपेक्षा किए विना ही) छः अङ्गों वाले [शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, ज्यौतिष और छन्दों सहित] धर्मरूप वेद का अध्ययन (पाठ) और ज्ञान (अर्थबोध) करना चाहिए ।" छः वेदाङ्गों में व्याकरण ही प्रमुख अङ्ग है । और प्रधान के विषय में किया गया प्रयत्न सफल होता है ।

पढ़ा गया है । "सौर्यं चरुं निर्वपेद् ब्रह्मवर्चस्कामः" के अनुसार ब्रह्मवर्चस् के अभिलाषी को सूर्य-देवतार्थं हवन करना चाहिए । इसके लिए मन्त्र में विभक्ति, लिङ्ग आदि की कल्पना करनी चाहिए । "अग्नये" इस चतुर्थ्यन्त के आधार पर 'सूर्याय' ऐसी कल्पना करके 'सूर्याय त्वा जुष्टं निर्वपामि' मन्त्र द्वारा हवन करना चाहिए । इसमें केवल प्रकृति का ऊह किया गया ।

यद्यपि ऊह में मन्त्रत्व नहीं होता है तथापि एकदेश के ऊह में भी अनेक पद-समुदाय में मन्त्रत्व के प्रत्यभिज्ञान से ऊहघटित समुदाय में मन्त्रत्व का व्यवहार होता है, जैसा कि "मल्लग्राम" आदि व्यवहार होता है ।

प्रकृतिलिङ्ग का ऊह—"देवीरापः शुद्धाः स्थ" यह आप् (जल) में विनियुक्त स्त्रीलिङ्ग है । आज्य (नपुंसकलिङ्ग) में 'देवा आज्य शुद्धमसि' ऐसा ऊह होता है । वचनमात्र का ऊह "मा भैर्मा संविक्थाः" यह पुरोडाश में विनियुक्त है । धान में विनियुक्त करने पर बहुवचन होता है "मा भैष्ट मा संविजिध्वम् ।" एकवचन का बहुवचन होता है ।

(लघुपदार्थनिरूपणभाष्यम्)

(४) लघ्वर्थं चाध्येयं व्याकरणम् । "ब्राह्मणेनावश्यं शब्दा ज्ञेयाः"[१] इति । न चान्तरेण व्याकरणं लघुनोपायेन शब्दाः शक्या ज्ञातुम् ।।

(असन्देहपदार्थनिरूपणभाष्यम्)

(५) [२]असन्देहार्थं चाध्येयं व्याकरणम् । याज्ञिकाः पठन्ति—"स्थूलपृषतीमाग्निवारुणीमनड्वाहीमालभेते"ति ।

तस्यां सन्देहः—स्थूला चासौ पृषती च स्थूलपृषती, स्थूलानि पृषन्ति यस्याः सेयं स्थूलपृषतीति । तां नावैयाकरणः स्वरतोऽध्यवस्यति—

'प्रदीपः'

लघ्वर्थमिति । लाघवेन शब्दज्ञानमस्य प्रयोजनम् । ब्राह्मणेनेति । अध्यापनं ब्राह्मणस्य वृत्तिः । न चाशब्दज्ञं तमुपश्लिष्यन्ति शिष्या इति ॥

असन्देहार्थमिति । संदेहस्य प्रागभावोऽत्र द्रष्टव्यो न तु प्रध्वंसाभावः । न

'भावबोधिनी'

[वेदमन्त्र वाक्यात्मक हैं । वाक्यार्थ-ज्ञान में पदार्थ—ज्ञान की उपयोगिता अनुभवसिद्ध है । पदार्थ में प्रकृत्यर्थ और प्रत्ययार्थ का ज्ञान व्याकरण से ही संभव है । अतएव व्याकरण का प्राधान्य स्पष्ट है ।]

(४) लघु=लाघव के लिए भी व्याकरण का अध्ययन करना चाहिए । "ब्राह्मण को शब्दों का ज्ञान अवश्य करना चाहिए ।" व्याकरण के अतिरिक्त किसी अन्य उपाय द्वारा लाघव से शब्दों का ज्ञान करना संभव नहीं है ।

(५) असन्देह के लिए भी व्याकरण का अध्ययन करना चाहिए । याज्ञिक (यज्ञकाण्ड में होनेवाले वैदिक शब्द) यह पढ़ते हैं (=प्रतिपादित करते हैं)—"अग्नि और वरुण देवताओं वाली अर्थात् उनके उद्देश्यवाली, स्थूलपृषती अनड्वाही (गाय) का आलम्भन=समर्पण करे ।"

---

१. व्याकरणाध्ययन द्वारा शब्दों का उत्तम ज्ञान होता है । अतः अध्येता शुद्ध और सुन्दर प्रवक्ता बनता है । उसकी वक्तृत्वकला की प्रशंसा सर्वत्र होती है । फलस्वरूप उसके शिष्य दिन प्रतिदिन बढ़ने लगते हैं । वह उत्तमकोटि का आचार्य बन जाता है ।

२. 'असन्देहः' यहाँ नञ् का अर्थ अभाव है । अभाव कई प्रकार का है । यहाँ प्रागभाव ही लेना चाहिए । क्योंकि जो वस्तुतः वैयाकरण होता है उसे सन्देह होता

यदि पूर्वपदप्रकृतिस्वरत्वं ततो बहुव्रीहिः, अथ समासान्तोदात्तत्वं ततस्तत्पुरुष इति[1] ॥

'प्रदीपः'

हि वैयाकरणस्य संशय उत्पद्य विनश्यति, इतरस्यैव तदुत्पादात् ॥ स्वरत इति। पूर्वपदप्रकृतिस्वराद् बहुव्रीह्यर्थावसाय इत्यर्थः ॥

'भावबोधिनी'

इस [विशेषण स्थूलपृषती पदार्थ] में सन्देह होता है—स्थूल भी है और पृषती (=बिन्दुओं वाली, धब्बों वाली) भी है, [ऐसा कर्मधारय करके मत्वर्थ लक्षणा है।] अथवा—स्थूल=वड़े-बड़े विन्दु हैं जिसके [शरीर में] वह स्थूलपृषती है। [कर्मधारय के बाद मत्त्वर्थ में लक्षणा है अथवा बहुव्रीहि है—ऐसा सन्देह होता है।] अवैयाकरण व्यक्ति स्वर द्वारा इस [अनड्वाही] का निश्चय नहीं कर सकता। यदि [स्थूलपृषती—इस समासयुक्त पद में] पूर्वपद [स्थूल] का प्रकृतिस्वर (अपना मूल स्वर) है तो उससे बहुव्रीहि होता है और यदि [स्थूलपृषती का] अन्त उदात्त रहता है तो तत्पुरुष (कर्मधारय और मत्त्वर्थलक्षणा) होता है।

ही नहीं है। आधुनिक दशा देखकर प्रध्वंसाभाव भी कहा जा सकता है। सन्देह होता है किन्तु वह अपने ज्ञान और परिश्रम से उसे दूर कर लेता है।

१. 'स्थूलपृषती' यह सन्देह का विषय है। स्थूला चासौ पृषती च—ऐसा कर्मधारय तत्पुरुष करने के बाद 'पृषती' की मतुबर्थ=पृषद्वती में लक्षणा की जाती है। इस विग्रह के अनुसार अनड्वाही स्थूल और पृषद्वती होनी चाहिए। ये दोनों विशेषतायें उसी की अपेक्षित है। पृषत्=विन्दु स्थूल हों या छोटी—इसका कोई महत्त्व नहीं है।

परन्तु जब—स्थूलानि पृषन्ति यस्याः सा—ऐसा विग्रह करके बहुव्रीहि किया जाता है तब—बड़ी-बड़ी विन्दुओंवाली गाय—ऐसा अर्थ अभीष्ट होता है। यहाँ गाय स्थूल हो या दुर्बल—यह नहीं देखा जाता है। उसके शरीर पर बने हुए विन्दु (धब्बे) स्थूल होने चाहिए, यही आवश्यक है।

इस सन्दिग्ध पद का अर्थनिर्णय स्वर से ही सम्भव है। पाणिनि का सूत्र है "वहुव्रीहौ प्रकृत्या पूर्वपदम्" (पा० सू० ६. २. १) बहुव्रीहि में पूर्वपद (स्थूल) का प्रकृतिस्वर (अपना स्वर) रहता है। 'स्थूल' शब्द 'फिषोऽन्त उदात्तः'

(व्याकरणाध्ययनसाधकागमप्रतीकभाष्यम्)

इमानि च भूयः शब्दानुशासनस्य प्रयोजनानि—(१) तेऽसुराः। (२) दुष्टः शब्दः। (३) यदधीतम्। (४) यस्तु प्रयुङ्क्ते। (५) अविद्वांसः। (६) विभक्तिं कुर्वन्ति। (७) यो वा इमाम्। (८) चत्वारि। (९) उत त्वः। (१०) सक्तुमिव। (११) सारस्वतीम्। (१२) दशम्यां पुत्रस्य। (१३) सुदेवो असि वरुण इति ।।

'प्रदीपः'

मुख्यानि प्रयोजनानि प्रदर्श्यानुषङ्गिकाणि[1] प्रदर्शयति—इमानि चेति। भूय इति। पुनरित्यर्थः। आनुषङ्गिकत्वाच्चैषां वर्गद्वयोपादानम् ।।

'भावबोधिनी'

व्याकरणाध्ययन के तेरह आनुषङ्गिक प्रयोजन

और ये शब्दानुशासन (=व्याकरण के अध्ययन) के (तेरह आनुषङ्गिक) प्रयोजन [कहे जा रहे हैं—] (१) 'वे असुर।' (२) 'दोषयुक्त शब्द।' (३) 'जिसे पढ़ा। (४) जो प्रयुक्त करता है।' (५) 'अविद्वान् लोग।' (६) विभक्ति का प्रयोग करते हैं।' (७) 'जो इस वेदरूपा वाणी को।', (८) 'चार।' (९) 'एक कोई।' (१०) 'सत्तुओं के समान।' (११) 'सरस्वती देवी-सम्बन्धी।' (१२) 'दशवीं रात्रि के बाद।' (१३) 'हे वरुण ! सुदेव हो।'

(फिट् सूत्र १।१) के अनुसार अन्तोदात्त है। "अनुदात्तं पदमेकवर्जन्" (६।१।१५८) से शेष-निघात होता है। इस पूर्वपद के प्रकृतिस्वर द्वारा ही बहुव्रीह्यर्थ का निश्चय होता है, यही सिद्धान्तपक्ष है।

कर्मधारय तत्पुरुष में मत्त्वर्थलक्षणारूप गौरव होने से वह स्वीकार्य नहीं है। तत्पुरुष में "समासस्य" (पा० सू० ६.१.२२३) से अन्त 'ई' उदात्त होता है।

१. प्रधानत्वादेव तेषां पूर्वोक्तानां प्रथमतोऽभिधानम्। आनुषङ्गिकत्वादेषां पश्चादभिधानम्। तेषां प्रधानत्वं च पदपदार्थज्ञानाधीनत्वेनान्तरङ्गत्वात्। वक्ष्यमाणानां च बहिरङ्गशब्दापशब्द-प्रयोगविधिनिषेधविषयत्वादानुषङ्गिकत्वं बोध्यम्। [भाष्ये] प्रयोजनानि=प्रवर्त्तकानि फलानि चेत्यर्थः। तत्र वक्ष्यमाणवाक्यानि प्रवर्त्तकानि, तद्बोध्यानि फलानीति विवेकः। (उद्द्योतः)।

(१) तेऽसुराः—

"तेऽसुरा हेलयो हेलय इति कुर्वन्तः पराबभूवुः[1]। तस्माद् ब्राह्मणेन न म्लेच्छितवै नापभाषितवै, म्लेच्छो ह वा एष यदपशब्दः" ॥

म्लेच्छा मा[2] भूमेत्यध्येयं व्याकरणम् । तेऽसुराः ॥

'प्रदीपः'

तेऽसुरा हेलय इति । निन्दार्थवादेन 'न म्लेच्छितवा' इति म्लेच्छनं निषिध्यते । तत्र केचिदाहुः 'हैहेप्रयोगे हैहयोः' इति प्लुते प्रकृतिभावे च कर्तव्ये तदकरणं म्लेच्छनमिति । पदद्विर्वचने कार्ये वाक्यद्विर्वचनं लत्वं च म्लेच्छनमित्यपरे । 'न म्लेच्छितवा' इत्यस्य पर्यायो नापभाषितवा इति । 'कृत्यार्थे' इति तवैप्रत्ययः । म्लेच्छ इति । कर्मणि घञ् ॥

'भावबोधिनी'

(१) वे असुर लोग—

वे असुर लोग 'हेलयः हेलयः' ऐसा [उच्चारण] करते हुए अर्थात् चिल्लाते हुए पराजित हो गए । इसलिए ब्राह्मण को म्लेच्छन=अपभाषण=अशुद्धोच्चारण नहीं करना चाहिए । क्योंकि जो अपशब्द है वह निश्चय ही म्लेच्छ है । हम म्लेच्छ न हो जाँय, इसलिए व्याकरण का अध्ययन करना चाहिए । वे असुर लोग ।

---

१. किसी समय असुरों और देवों में संघर्ष होनेपर देवता लोग हार कर भागने लगे । उन्हें युद्ध करने के लिए असुरों ने ललकारा । यहाँ वे असुर अज्ञानतावश तीन अशुद्धियाँ कर बैठे—

(क) 'है-हे-प्रयोगे हैहयोः' (पा० सू० ८।६।२५) इसके अनुसार 'हे' का प्लुत और प्रकृतिभाव करना चाहिए था वह न करके पूर्वरूप सन्धि कर दी—'हेऽलयः हेऽलयः ।'

(ख) 'सर्वः प्लुतः साहसमनिच्छतापि विभाषा कर्त्तव्यः' इसके अनुसार प्लुत करना अनिवार्य नहीं है । अतः असुरों की दूसरी अशुद्धि है एक एक पद का द्वित्व न करना 'हे हे अलयः अलयः' ऐसा न करके वाक्य का द्वित्व करना "हेऽलयः हेऽलयः ।"

(ग) यद्यपि द्वित्व करने में कोई नियम अनिवार्य नहीं है अतः उक्त दोष नहीं है तथापि रेफ का 'ल' करना 'अरयः' का 'अलयः' बोलना—यह दोष है ।

कहीं कहीं 'हेऽलवो हेऽलवो' ऐसा पाठ भी मिलता है । यहाँ 'य' का 'व' उच्चारण करना दोष है—ऐसा शब्दकौस्तुभ में लिखा है । 'म्लेच्छ' इसका अर्थ निन्दनीय पुरुष या स्थानविशेष प्रसिद्ध है परन्तु 'म्लेच्छयते यः सः' ऐसे कर्म अर्थ में घञ् करके 'अपशब्द' का वाचक हो जाता है । अतः (१) म्लेच्छ=अपशब्दवक्ता और (२) अपशब्द दोनों अर्थों वाला है ।

२. मा भूम, मा प्रयुक्ष्महि, मा अधिगीष्महि—आदि भाष्यप्रयोगों में विधिलिङ् का अर्थ है । परन्तु "माङि लुङ्" (पा. सू. ३. ३. १७५) इस सूत्र से माङ् के योग

(२) दुष्टः शब्दः—

"दुष्टः शब्दः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह ।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात् ॥"[१] इति ॥

'प्रदीपः'

दुष्टः शब्द इति । स्वरेण=स्वरतः, आद्यादित्वात्तसिः । मिथ्याप्रयुक्त इति । यदर्थंप्रतिपादनाय प्रयुक्तस्ततोऽर्थान्तरं स्वरवर्णदोषात्प्रतिपादयन्नाभिमतमर्थमाहेत्यर्थः । वागेव वज्रो हिंसकत्वात् । यथेन्द्रशत्रुशब्दः स्वरदोषाद् यजमानं हिंसितवानित्यर्थः । इन्द्रस्याभिचारो वृत्रेणारब्धस्तत्र 'इन्द्रशत्रुर्वर्धस्वे'ति मन्त्र ऊहितः । तत्रेन्द्रस्य शातयिता शमयिता वा भवेति क्रियाशब्दोत्र शत्रुशब्द आश्रितो न तु रूढिशब्दः, तदाश्रयणे हि बहुव्रीहितत्पुरुषयोरर्थाभेदः । तत्रेन्द्रामित्रत्वे सिद्धे सति 'इन्द्रस्य शत्रुर्भवे'त्यत्रार्थे प्रतिपाद्येऽन्तोदात्ते प्रयोक्तव्य आद्युदात्त ऋत्विजा प्रयुक्त इत्यर्थान्तराभिधानादिन्द्र एव वृत्रस्य शातयिता सम्पन्नः । इन्द्रशत्रुत्वस्य च

'भावबोधिनी'

(२) दोषयुक्त शब्द—

(उदात्तादि) स्वर से अथवा (अकारादि) वर्ण से (इन दोनों में किसी भी दृष्टि से) दोषयुक्त (अत एव) मिथ्याप्रयुक्त शब्द उस (विवक्षित) अर्थ को नहीं कहता है (नहीं कह सकता है)। वह वाणी रूपी वज्र उस यजमान (अनुष्ठान करने वाले या कराने वाले) को उसी प्रकार मार डालता है जिस प्रकार 'इन्द्रशत्रु'

में सभी लकारों का अपवाद लुङ् होने पर "न माङ् योगे" (पा.सू. ६.४.७४) सूत्र से अट्, आट् आगमों का निषेध हो जाता है। अतः 'मा भूम=हम न होवें; मा प्रयुक्ष्महि=हम प्रयोग न करें—आदि अर्थ होते हैं ।

१. ब्राह्मण—ग्रन्थ में ऐसा आख्यान मिलता है कि किसी समय त्वष्टा के एक पुत्र विश्वरूप को इन्द्र ने मार डाला था। इस कारण त्वष्टा अत्यन्त क्रुद्ध हुए और इन्द्र का वध करने की इच्छा से एक अभिचार प्रयोग करने लगे। उस आभिचारिक याग में जिस मन्त्र का प्रयोग किया गया वह 'स्वाहेन्द्रशत्रुर्वर्धस्व' था। इसका आशय यह था कि हे अग्निदेव आप इन्द्र के घातक बन कर बढ़ो अर्थात् जो सन्तान हमें प्राप्त हो वह इन्द्र का संहार करने वाली हो।

'इन्द्रशत्रु' यह समास है इसके दो विग्रह होते हैं (क) इन्द्रस्य शत्रुः (२) इन्द्रः शत्रुः यस्य सः—षष्ठीतत्पुरुष और बहुव्रीहि के आशय में अन्तर नहीं प्रतीत होता है।

दुष्टाञ्छब्दान् मा प्रयुक्ष्महीत्यध्येयं व्याकरणम् ।। दुष्टः शब्दः ।।

'प्रदीपः'

विधेयत्वाद् सम्बोधनविभक्तेरनुवाद्यविषयत्वादिहाभावः । यथा—राजा भव युध्यस्वेति ।। ऊह्यमानस्य चामन्त्रत्वाद् 'यज्ञकर्मणी'ति जपादिपर्युदासेन मन्त्राणामेकश्रुतिर्विधीयमाना नेह भवति ।।

'भावबोधिनी'

इस शब्द ने स्वर के अपराध से (वृत्रासुर को मार डाला) ।

हम लोग दोषयुक्त शब्दों का प्रयोग न करें (ज्ञानपूर्वक शुद्ध उच्चारण कर सकें)—इसके लिए व्याकरण का अध्ययन करना चाहिए । दोषयुक्त शब्द ।

इस कारण इस 'शत्रु' शब्द को रूढ न मान कर यौगिक माना जाता है—शातयति—इति शत्रुः । अतः इन्द्र के शातयिता=घातक बनकर प्रवृद्ध हो, ऐसा भाव था । यह तभी निकलता जब 'इन्द्रस्य शत्रुः=शातयिता=घातकः' ऐसा तत्पुरुष होता अथवा व्यस्त प्रयोग होता । इसके लिए 'इन्द्रशत्रुः' यहाँ अन्तोदात्त स्वर आवश्यक था । त्वष्टा ने अज्ञानतावश पूर्वपद (इन्द्र) का प्रकृतिस्वर (उदात्त) बोला था । इस कारण 'इन्द्रः शत्रुः=घातकः यस्य स एतादृशः—ऐसा अनिष्ट अर्थ हो गया । फल यह हुआ कि याग के बाद उत्पन्न वृत्र का वध इन्द्र ने ही कर डाला ।

"अथ यदब्रवीत्='इन्द्रशत्रुर्वर्धस्व' इति तस्मादु हैनमिन्द्र एव जघान । अथ यद्ध शश्वदवक्ष्यत्—इन्द्रस्य शत्रुर्वर्धस्वेति शश्वदुह स इन्द्रमेवाहनिष्यत् ।" (शतपथ १. का. ५. प्र. २ ब्रा०) ।

सामान्यतया "यज्ञकर्मणि अजपन्यूङ्खसामसु" (१।२।३४) यह सूत्र एकश्रुति का विधान करता है। अतः स्वरत्रय के उच्चारण का प्रश्न ही नहीं उठता है? ऐसी शंका होती है। समाधान यह है कि ऊह्यमान मन्त्र नहीं माना जाता अतः एकश्रुति का नियम नहीं लगना चाहिए । पुनः शंका हो सकती है कि जब मन्त्र ही नहीं है तब स्वरदोष क्यों ? समाधान यह है ऊह के विधायक शास्त्र के बल से ऐसे स्थल भी उसी प्रकार फलजनक होते हैं जिस प्रकार 'सूर्याय त्वा' आदि ऊह्यमान शब्दप्रयोग ।

कैयटप्रदीप में 'इन्द्रस्याभिचारो वृत्रेणारब्धः' यहाँ 'वृत्रेण' यह हेतु में तृतीया है और फल भी हेतु होता है । अतः वृत्र की उत्पत्ति रूप फल के लिए त्वष्टा द्वारा यज्ञ आरम्भ किया गया था, यह अर्थ है ।

(३) यदधीतम्—

"यदधीतमविज्ञातं निगदेनैव शब्द्यते ।
अनग्नाविव शुष्कैधो न तज्ज्वलति कर्हिचित् ॥
तस्मादनर्थकं माधिगीष्महीत्यध्येयं व्याकरणम् ॥ यदधीतम् ॥

(४) यस्तु प्रयुङ्क्ते—

"यस्तु प्रयुङ्क्ते कुशलो विशेषे शब्दान् यथावद् व्यवहारकाले ।
सोऽनन्तमाप्नोति जयं परत्र वाग्योगविद् दुष्यति[1] चापशब्दैः ॥"

'प्रदीपः'

अविज्ञातमिति । अविदितस्वरादिसंस्कारत्वादर्थापरिज्ञानाद्वा ॥ **निगदेनेति ।** पाठमात्रेण । **न तज्ज्वलतीति ।** निष्फलं भवति ॥ **अनर्थकमिति ।** निष्प्रयोजनम् ॥

यस्तु प्रयुङ्क्ते इति । अनेनाभ्युदयहेतुत्वं व्याकरणाध्ययनस्य दर्शयति ॥ **विशेष इति ।** स एव शब्दः क्वचिदर्थे केनचिन्निमित्तेन प्रयुक्तः साधुरन्यथा-

'भावबोधिनी'

(३) जो पढ़ा गया—

जो (मन्त्रादि) (अक्षरादिरूप में तो) पढ़ा गया (किन्तु अर्थ) समझा नहीं गया वह केवल पाठ द्वारा (पुनः पुनः) शब्दितः=उच्चारित होता रहता है । अनग्नि (आगरहित राख आदि के ढेर) में सूखी लकड़ी के समान वह (अध्ययन) कभी भी नहीं जलता है, प्रकाशित नहीं होता है । (जिस प्रकार आगरहित स्थान राख आदि के ढेर पर रखी गई सूखी से सूखी लकड़ी नहीं जलती है, उसी प्रकार अर्थज्ञान-शून्य अध्ययन भी केवल उच्चारण है, उससे कोई लाभ नहीं होता है)।

इस कारण हम लोग अनर्थक (निष्फल और अर्थज्ञानशून्य) अध्ययन न करें—इसलिए व्याकरण का अध्ययन करना चाहिए । जो पढ़ा गया ।

(४) जो प्रयुक्त करता है—

(उचित शब्दों के प्रयोग में) कुशल जो व्यक्ति व्यवहार-काल में (अर्थ-) विशेष में शब्दों का यथावत् (सर्वविध दोष-रहित रूप से) प्रयोग करता है वह वाग्योगवित् (=शब्द, अर्थ और इनके सम्बन्ध को जानने वाला) वैयाकरण पर-

---

१. प्रस्तुत पद्य में 'वाग्योगवित्' एक कर्तृपद है और 'जयम् आप्नोति' तथा 'अपशब्दैः दुष्यति' ये दो क्रियापद हैं । अतः यह स्वाभाविक है कि क्या 'वाग्-योगवित्' इन दोनों का कर्ता है, वही जय प्राप्त करता है और वही दोष प्राप्त करता है अथवा 'दुष्यति' क्रिया का कर्ता दूसरा है ? इसी का स्पष्टीकरण किया जा रहा है ।

वाचः योगः=प्रकृतिप्रत्ययविभागेनार्थविशेषपरत्वं, तद्वेत्तीति—वाग्योगवित् ।

कः ?

वाग्योगविदेव ।।

कुत एतत् ?

यो हि शब्दाञ् जानात्यपशब्दानप्यसौ जानाति । यथैव हि शब्दज्ञाने धर्मः, एवमपशब्दज्ञानेऽप्यधर्मः ।

अथ वा भूयानधर्मः प्राप्नोति । भूयांसोऽपशब्दाः, अल्पीयांसः शब्दा इति । एकैकस्य हि शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः । तद्यथा—गौरित्यस्य शब्दस्य गावी गोणी गोता गोपोतलिकेत्यादयो बहवोऽपभ्रंशाः ।

अथ योऽवाग्योगवित्, अज्ञानं तस्य शरणम् ।।

'प्रदीपः'

त्वसाधुः । यथाऽस्वेऽस्वशब्दो धनाभावनिमित्तकः साधुर्जातिनिमित्तकोऽसाधुः । गवि च गोणीशब्दः साधर्म्यात्प्रयुक्तः साधुर्जातिप्रयुक्तस्त्वसाधुः ।।

क इति । वाग्योगविदः श्रुतत्वाद्दोषदर्शनाच्च प्रश्नः ।। प्रष्टैव परमतमाशङ्क्याह—वाग्योगविदेवेति ।। एवमपशब्दज्ञानेऽपीति ।। यथा श्लैष्मिकद्रव्यसेवया श्लैष्मिको व्याधिर्भवति तद्विपरीतसेवया त्वारोग्यम्; तथात्रापि यथोक्तं न्याय्यमिति भावः ।। भूयांसोऽल्पीयांस इति । परमनापेक्षया प्रकर्षे प्रत्ययः ।

'भावबोधिनी'

लोक में अनन्त उत्कर्ष (जय) प्राप्त करता है । और अपशब्दों (के प्रयोग) के कारण दोष (पाप) (भी) प्राप्त करता है ।

कौन (दोष प्राप्त करता है) ?

वाग्योगवित् ही (दोष प्राप्त करता है) ।

ऐसा कैसे (होता है) ?

क्योंकि जो शुद्ध शब्दों को जानता है वह अपशब्दों को भी जानता है । जिस प्रकार शुद्ध शब्दों के ज्ञान में धर्म [प्राप्त] होता है, उसी प्रकार अपशब्दों के ज्ञान में अधर्म भी (प्राप्त होता) है ।

अथवा अधिक अधर्म प्राप्त करता है । क्योंकि अपशब्द अधिक हैं, शुद्ध शब्द (उनकी तुलना में) कम हैं । एक एक शुद्ध शब्द के बहुत से अपभ्रंश होते हैं । उदाहरणार्थ—'गौः' इस एक (शुद्ध शब्द) के—गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका (और इस समय के गाय, गइया, गऊ) आदि इस प्रकार के अनेक अपभ्रंश शब्द हैं ।

परन्तु जो अवाग्योगवित्—अवैयाकरण (शब्दार्थ-सम्बन्ध न जानने वाला) है,

(बाधकभाष्यम्)

विषम उपन्यासः। नात्यन्तायाज्ञानं[1] शरणं भवितुमर्हति। यो ह्यजानन् वै ब्राह्मणं हन्यात् सुरां वा पिबेत्, सोऽपि मन्ये पतितः स्यात् ॥

(सिद्धान्तव्याख्याभाष्यम्)

एवं तर्हि—

सोऽनन्तमाप्नोति जयं परत्र वाग्योगविद् दुष्यति चापशब्दैः ॥

कः ?

अवाग्योगविदेव ।

अथ यो वाग्योगविद्, विज्ञानं तस्य शरणम् ॥

'प्रदीपः'

यदि मन्यसे—बहवः शब्दाः अल्पेऽपशब्दाः, अङ्गभूयस्त्वाच्च फलभूयस्त्वमिति। तन्न। यस्माद् भूयांसोऽपशब्दा अल्पीयांसः शब्दाः ॥ अज्ञानमिति। तथा च तिरश्चां ब्रह्महत्यादिफलाभावः ॥

नात्यन्तायेति। पुरुषाणां विधिनिषेधयोरधिकारात्तत्परिज्ञाने प्रयत्नस्य न्याय्यत्वात् ॥

प्रकरणात्सामर्थ्यं बलीय इत्याह—अवाग्योगविदिति। वाग्योग-वित्तूभयज्ञोपि शब्दान् प्रयुङ्क्ते नापशब्दानिति ज्ञानपूर्वकप्रयोगादभ्युदयभाग् भवति ॥

'भावबोधिनी'

उसकी शरण (रक्षक) तो अज्ञान है। (अज्ञान के कारण उसे पाप नहीं लगता है।)

(आपका यह) कथन विषम (तर्कसंगत नहीं) है, क्योंकि अज्ञान अत्यन्त (पूर्णरूपेण) शरण (पापरक्षक) नहीं हो सकता है। कारण यह है कि विना जानकारी के जो ब्राह्मण को मार दे अथवा मदिरा पी ले, मैं (यही) मानता हूँ कि वह पतित (पापभागी) ही होगा।

यदि ऐसा है तो—

'वह वाग्योगवित् परलोक में जय=अनन्त उत्कर्ष प्राप्त करता है और अपशब्दों (के प्रयोग) के कारण दूषित (पापभागी) होता है।

(इस में 'दुष्यति' क्रिया का कर्ता) कौन है ? अर्थात् कौन दूषित होता है ?

अवाग्योगवित् (शब्दार्थसम्बन्ध न जानने वाला अवैयाकरण) ही (दूषित होता है)।

और जो वाग्योगवित् (वैयाकरण) है उसका शरण (रक्षक) विशिष्ट ज्ञान है। (वैयाकरण शुद्ध शब्दों को जानता है अतः वह शुद्ध शब्दों का ही प्रयोग

---

१. अत्यन्तमित्यर्थे 'अत्यन्ताय' इत्यव्ययम्।

(आक्षेपभाष्यम्)

क्व पुनरिदं पठितम् ?

(समाधानभाष्यम्)

भ्राजा नाम श्लोकाः ।

(प्रामाण्याक्षेपभाष्यम्)

किं च भोः, श्लोका अपि प्रमाणम् ?

किं चातः ?

यदि श्लोका अपि प्रमाणम्, अयमपि श्लोकः प्रमाणं भवितुमर्हति—

"यदुदुम्बरवर्णानां घटीनां मण्डलं महत् ।।
पीतं न गमयेत् स्वर्गं किं तत् क्रतुगतं नयेत् ।।" इति ।।

'प्रदीपः'

श्लोकस्यापरिज्ञानात्पृच्छति—क्व पुनरिति । प्रातिपदिकार्थप्रश्न एवात्र तात्पर्यम्—किं तदस्ति यत्रेदं पठितमित्यर्थः । अत एव 'श्लोका' इति प्रथमान्तेनोत्तरम् । अन्यथा श्लोकेष्विति वक्तव्यं स्यात् ।।

आप्तोक्तत्वापरिज्ञानादाह—किं च भो इति ।। यदुदुम्बरेति । अयं श्लोकः सौत्रामणियागे सुरापाणस्य दुष्टत्वमुद्भावयति ।।

'भावबोधिनी'

करता है । अतः उसे उत्कर्ष हीं प्राप्त होता है । वह ज्ञान के कारण अपशब्दों का प्रयोग नहीं करता है । फलतः पापभागी भी नहीं होता है ।)

यह (श्लोक) कहाँ पढ़ा गया है ? (अर्थात् वह क्या है जिसमें यह श्लोक पठित है ?)

(कात्यायन द्वारा रचित) भ्राज नामक श्लोक हैं । (उन्हीं में यह भी पठित है ।)

क्यों श्रीमन् ! श्लोक भी प्रमाण होते हैं ?

इस (प्रश्न) से क्या (आशय) है ?

यदि (आपका कहा हुआ यह श्लोक) प्रमाण है तो (मेरा कहा हुआ) यह श्लोक भी प्रमाण हो सकता है—

(मदिरालय में) उदुम्बर=लाल-लाल ताम्बे के सदृश रंगवाली घटियों (सुराहियों) का विशाल समुदाय (उनमें रखी गयी मदिरा) पिया गया यदि स्वर्ग नहीं पहुंचाता है तो (सौत्रामणि) यागसम्बन्धी वह (थोड़ी सी पी गई) सुरा क्या स्वर्ग ले जा सकती है ?

(समाधानभाष्यम्)

प्रमत्तगीत एष तत्रभवतः। यस्त्वप्रमत्तगीतस्तत् प्रमाणम् ॥ यस्तु प्रयुङ्क्ते ॥

(५) अविद्वांसः—

अविद्वांसः प्रत्यभिवादे नाम्नो ये न प्लुतिं विदुः।
कामं तेषु तु विप्रोष्य स्त्रीष्विवायमहं वदेत् ॥"

'प्रदीपः'

प्रमत्तगीत इति। प्रमादेन = विप्रतिपन्नत्वेन[1] गीत इत्यर्थः। कात्यायनोपनिबद्धभ्राजाख्यश्लोकमध्यपठितस्य त्वस्य श्लोकस्य श्रुतिरनुग्राहिकास्ति—"एकः शब्दः सम्यग् ज्ञातः शास्त्रान्वितः सुप्रयुक्तः स्वर्गे लोके कामधुग्भवती"ति ॥

स्त्रीष्विवेति। प्रत्यभिवादे हि गुरुणा प्लुतः कार्यः। यस्तु प्लुतं कर्तुं न जानाति

'भावबोधिनी'

[यदि सौत्रामणि यागादि का अल्प सुरापान स्वर्ग पहुँचा सकता है तो मदिरालय का खूब सुरापान स्वर्ग क्यों नहीं पहुंचा सकता ? यदि मदिरालय का सुरापान स्वर्ग पहुंचाने में समर्थ नहीं है तो यागादि का सुरापान कैसे पहुँचा सकता। दोनों की स्थिति एक सदृश है।]

श्रीमान् का यह श्लोक प्रमाद से कहा गया है। प्रमादरहित होते हुए जो वचन कहा जाता है वही प्रमाण होता है। जो प्रयुक्त करता है।

(५) अविद्वान् (न जानने वाले)—

जो अविद्वान् (न जानने वाले) व्यक्ति प्रत्यभिवादन (अभिवादन के उत्तर में दिये जाने वाले आशीर्वचन) में (अभिवादन कर्ता के) नाम (की टि=अन्तिमस्वर) को प्लुत करना नहीं जानते हैं, ऐसे अज्ञानी लोगों के प्रति प्रवास (बाहर) से लौट कर (यथेष्ट रूप से अर्थात् विधिरहित ढ़ंग से) उसी प्रकार प्रणाम कहना चाहिए जिस प्रकार स्त्रियों के विषय में 'अयम् अहम् अभिवादये' (यह मैं अभिवादन करता हूँ) ऐसा कहा जाता है।

हम (भी) स्त्रियों के समान (अभिवादन करने योग्य) न हो जाँय—इसलिए

---

१. प्रमादेनेति। भावे क्तान्तः। विप्रतिपन्नत्वेन=वेदविषयविप्रतिपत्त्याश्रयत्वेन। तत्त्वं (=वेदविषयविप्रतिपत्त्याश्रयत्वम्) स्वस्मिन्नारोप्य दैत्यनाशाय पूज्यस्यापि भगवत ईश्वरस्य तथोक्तिरिति स न प्रमाणम्। (उद्द्योतः)

१अभिवादे स्त्रीवन्मा भूमेत्यध्येयं व्याकरणम् ।। अविद्वांसः ।।

(६) विभक्तिं कुर्वन्ति—

याज्ञिकाः पठन्ति––"प्रयाजाःसविभक्तिकाः कार्याः" इति । न चान्तरेण

'प्रदीपः'

स स्त्रीवद्वक्तव्योऽयमहमिति, न तु 'अभिवादये देवदत्तोऽहम्' इत्यादिना संस्कृतवाक्ये-नेत्यर्थः ।।

प्रयाजा इति । प्रयाजमन्त्रा ऊह्यमानाग्निशब्दप्रकृतिकविभक्तियुक्ता इत्यर्थः । यथा "समिधः समिधोऽग्न आज्यस्य व्यन्तु अग्नेऽग्न" इति ।

'भावबोधिनी'

व्याकरण का अध्ययन करना चाहिए । अविद्वान् लोग········ ।

(६) विभक्ति (का प्रयोग) करें (विभक्त्यन्त जोड़ दें)––

याज्ञिक (यज्ञकाण्ड में होने वाले मन्त्र) पढ़ते हैं "प्रयाज (मन्त्र) विभक्ति-युक्त (=विभक्तयन्त पद से युक्त) करने चाहिए । और व्याकरण (के अध्ययन)

---

१. मनुस्मृति आदि धर्मग्रन्थों में अभिवादन तथा प्रत्यभिवादन दोनों को विधि वर्णित है ।

"अभिवादात् परो विप्रो ज्यायांसमभिवादयन् ।
असौ नामाहमस्मीति स्वं नाम परिकीर्तयेत् ।। (मनुस्मृति १।१२२)

इसके अनुसार अपने गुरुजनों को प्रणाम करते समय अपने कुल, गोत्र-नामादि का उच्चारण करते हुए ही अभिवादन करना चाहिए 'कश्यपगोत्रः वागीशशर्माहं भवन्तमभिवादये ।' अभिवन्द्य व्यक्ति को अभिवादन करने वाले के नाम की 'टि' (अन्तिम स्वर) को प्लुत करना चाहिए––"आयुष्मान् भव वागीश३ ।" यह प्लुत-विधान पाणिनि के सूत्र "प्रत्यभिवादेऽशूद्रे (पा० सू० ८।२।२३) से ज्ञात होता है। (यद्यपि मनुस्मृति से भी इसका ज्ञान होता है तथापि प्लुत के स्वरूपादि का ज्ञान व्याकरण से ही संभव हैं ।)

जो व्यक्ति प्रत्यभिवादन की प्रक्रिया नहीं जानता है उसे 'अयमहं त्वामभिवादये' इतना ही कहना चाहिए । स्त्रियों को प्रणाम करते समय भी यही कहना चाहिए । अतः टि के प्लुतादिविधान करने में असमर्थ व्यक्ति स्त्रियों के समान साधारणरूप से ही प्रणाम करने योग्य होता है । मनु का वचन है

'नामधेयस्य ये केचिदभिवादं न जानते ।
तान् प्राज्ञोऽयमहं ब्रूयात् स्त्रियः सर्वास्तथैव च ।।' (मनुस्मृति १।१२३)

अतः व्याकरणाध्ययन करके अभिवादन-प्रत्यभिवादन की पद्धति जान लेना आवश्यक है ।

व्याकरणं प्रयाजाः सविभक्तिकाः शक्याः कर्तुम्[1] ।। विभक्तिं कुर्वन्ति ।।

(७) यो वा इमाम्—

"यो वा इमां पदशः[2] स्वरशोऽक्षरशश्च वाचं विदधाति स आर्त्विजीनो

'प्रदीपः

पदश इति । पदं पदमिति "संख्यैकवचनाच्च वीप्सायामि'ति शस् । स्वरश इति । स्वर उदात्तादिः ।। अक्षरश इति । अक्षरम्—व्यञ्जनसहितोऽच् ।

'भावबोधिनी'

के बिना प्रयाज मन्त्र विभक्ति-विशिष्ट नहीं किये जा सकते । (अतः व्याकरण का अध्ययन करना चाहिए ।) विभक्त्यन्त करें ।

(७) जो कोई इस (वेदरूप वाणी) को—

जो [कोई] प्रत्येक पद, [उदात्तादि] स्वर तथा [अकारादि] अक्षर के रूप में इस [वेद रूप वाणी) का संस्कार करता है (शुद्ध-शुद्ध उच्चारित करता

---

१. अग्न्याधान के बाद यदि किसी महान् संकट के आ जाने पर अग्न्याधान का कर्मविच्छेद हो जाय तो, पुनराधेय इष्टि करने का विधान है । उस प्रसंग में कहा गया है 'प्रयाजाः सबिभक्तिकाः कार्याः ।' परन्तु उनमें मन्त्र सविभक्तिक ही पठित हैं अतः यहाँ तात्पर्य यह है कि ऊह्यमान जो अग्नि शब्दरूप प्रकृति है उसकी विभक्तियों से युक्त करना चाहिए । और अकेली विभक्ति का प्रयोग नहीं होता है अतः प्रकृतिविशिष्टविभक्ति का प्रयोग सिद्ध होता है । निरुक्त में यह प्रश्न है "अथ किंदेवताः प्रयाजानुयाजाः ?" उत्तर है "आग्नेया इति तु स्थितिः ।" (निरुक्त ८।२२। ८) । "त्वमग्ने प्रयाजानुयाजानां पुरस्तात्त्वं पश्चात् ।' इससे भी अग्निशब्द को ही विभक्तियों की प्रकृति माना जाता है । प्रयुक्त होनेवाली विभक्तियाँ प्रथमा (सम्बोधन), द्वितीया, तृतीया और सप्तमी हैं । अन्तिम (पंचम) अग्निशब्द में विभक्तियुक्त का प्रयोग नहीं होता है । प्रयाज मन्त्र है "समिधः समिधोऽग्न आज्यस्य व्यन्तु व्यन्तु (व्येतु) ।" इसमें 'अग्ने' के बाद उक्त चार विभक्तियों से युक्त एक अग्नि शब्द और पढ़ा जाता हैं । इस सम्बन्ध में आपस्तम्ब का यह वचन द्रष्टव्य है—

"अग्नेऽग्नेऽग्नावग्नेऽग्निनाऽग्नेऽग्निमग्ने इति चतुर्षु प्रयाजेषु चतस्रो विभक्तीर्ददाति ।"

इसमें अग्नि शब्द में प्रथमा (सम्बोधन), सप्तमी, तृतीया और पञ्चमी विभक्तियों का प्रयोग है । विभक्तियों और उनके योग में बननेवाले शब्दरूपों का ज्ञान व्याकरण से ही होता है । अतः व्याकरणाध्ययन करना आवश्यक है ।

२. यो वै=निश्चयेन, इमाम्=सन्निहितामपरोक्षां वाचम्=वेदरूपां वाणीम्, पदं पदम्, स्वरं स्वरम्, अक्षरमक्षरम्, विदधाति=संस्कारोति, सः=एतादृशः पुरुष एव आर्त्विजीनः=याजको यजमानश्च भवतीत्यर्थः ।

भवति" । आर्त्विजीनाः[१] स्यामेत्यध्येयं व्याकरणम् ।। यो वा इमाम् ।

(८, क) चत्वारि--

"चत्वारि शृङ्गा[२] त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य ।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो मर्त्यां आविवेश ।।" इति ।

चत्वारि शृङ्गाणि[२] चत्वारि पदजातानि, नामाख्यातोपसर्गनिपाताश्च ।। त्रयो अस्य पादाः—त्रयः काला भूतभविष्यद्वर्तमानाः ।। द्वे शीर्षे—द्वौ

'प्रदीपः'

आर्त्विजीन इति । ऋत्विजमर्हतीति—आर्त्विजीनो यजमानः । ऋत्विक्कर्मार्हतीति-याजकोऽप्यार्त्विजीनः । 'यज्ञर्त्विग्भ्यां घखञावि'ति सूत्रेण 'यज्ञर्त्विग्भ्यां तत्कर्मार्हतीति चोपसंख्यानमि'ति वार्तिकेन च खञ् । 'विद्वान्यजेत विद्वान्याजये'दिति द्वयोरपि विदुषोरधिकारात् ।।

चत्वारीति । शब्दस्य वृषभत्वेन निरूपणम् ।। **त्रयः काला इति ।** लडादिविषयाः ।। **नित्यः कार्यश्चेति ।** व्यङ्ग्यव्यञ्जकभेदेन । **सप्त विभक्तय**

'भावबोधिनी'

है) वही आर्त्विजीन (याजक और यजमान) बनता है । हम लोग भी आर्त्विजीन बन सकें, इसके लिए व्याकरण का अध्ययन करना चाहिए । जो इस वाणी को ।

(८ क) चार—

इस (शब्दवृषभ) के चार सींग, तीन पैर, दो सिर और सात हाथ हैं । तीन प्रकार से=तीन स्थानों पर बँधा हुआ यह वृषभ बार-बार शब्द करता है, (कहता है)—महान् देव (शब्दब्रह्म) मरणधर्मा मनुष्यों में आविष्ट (अन्तर्निहित) है ।

चार सींग—चार पदरूप (क) नाम (प्रातिपदिक या सुबन्त) (ख) आख्यात (धातु या तिङन्त) (ग) उपसर्ग (घ) निपात और (परा, पश्यन्ती, मध्यमा तथा

१. आर्त्विजीन शब्द के दो अर्थ होते हैं । (क) पाणिनि का सूत्र है "यज्ञर्त्विग्भ्यां घखञौ" (पा० सू० ५।१।७१) इससे ऋत्विजमर्हति—इस अर्थ में ऋत्विज्+खञ्=ईन, आदिवृद्धि करने पर 'आर्त्विजीनः' बनता है इसका अर्थ है—यजमान । (ख) इस सूत्र पर वार्त्तिक है "यज्ञर्त्विग्भ्यां तत्कर्मार्हतीति चोपसंख्यानम्" के अनुसार 'ऋत्विक्कर्म अर्हति इस अर्थ में भी खञ् होता है । इस विग्रह से निष्पन्न "आर्त्विजीनः' का अर्थ याजक होता है । यदि हम याजक बनना चाहें अथवा यजमान बनना चाहें, दोनों स्थितियों में व्याकरणाध्ययन आवश्यक है क्योंकि पद का संस्कार व्याकरण से ही ज्ञात होता है ।

२. मन्त्र में 'शृङ्गा' यह शृङ्गाणि का वैदिक रूप है । (क) शृङ्ग+जस्=शि—इसमें 'शि' का डा=आ आदेश करने पर अथवा (ख) शृङ्ग+नुम्=न्+शि=इ, उपधादीर्घ करने के बाद शिलोप और नूलोप करने पर—'शृङ्गा' होता है ।

शब्दात्मानौ नित्यः कार्यश्च ॥ सप्त हस्तासो अस्य—सप्त विभक्तयः। त्रिधा बद्धः–त्रिषु स्थानेषु बद्धः उरसि कण्ठे शिरसीति ॥ वृषभो वर्षणात् ॥ रोरवीति शब्दं करोति ॥

कुत एतत् ?

रौतिः शब्दकर्मा ॥

'प्रदीपः'

इति। सुप इत्यर्थः ॥ केचित्तु तिङामपरिग्रहप्रसङ्गात् सह शेषेण सप्त कारकाणि

'भावबोधिनी'

वैखरी—ये हैं)। इस शब्दवृषभ के तीन पैर=तीन काल=भूत, भविष्यत् और वर्तमान काल हैं। दो सिर=दो प्रकार के शब्द=नित्य और कार्य (अनित्य) हैं। इस शब्दवृषभ के सात हाथ—सात विभक्तियाँ है। तीन प्रकार से बँधा हुआ=तीन स्थानों पर बँधा हुआ=उरस्थल, कण्ठ और सिर (मूर्धा) में बँधा हुआ है। (सर्वविध मनोरथों की) वर्षा के कारण वृषभ (कहा जाता है)। रोरवीति=बार-बार शब्द करता है।

यह (उक्त अर्थ ही) कैसे (होता है) ?

'रु' धातु शब्दकर्मक है। ('रु' धातु का अर्थ शब्द करना है। अतः उक्त अर्थ होता है।)

भाष्य में 'चत्वारि शृङ्गाणि=पदजातानि नामाख्यातोपसर्गनिपाताश्च' यहाँ समुच्चयार्थक 'च' का उल्लेख किया गया है। अतः 'पदजातानि=परापश्यन्तीमध्यमा-वैखरीरूपाणि' और 'नामाख्यातोपसर्गनिपाताः' ये दोनों समझने चाहिए। 'नाम' शब्द सामान्यरूप से प्रातिपदिक के लिए प्रसिद्ध है किन्तु यहाँ 'सुबन्त पद' लेना उचित है। इसी प्रकार 'आख्यात' का प्रयोग प्रायः तिङ्प्रत्यय के लिए है किन्तु यहाँ 'तिङन्त धातुरूप' लेना चाहिए। निपात के अन्तर्गत उपसर्ग भी है। अतः यहाँ केवल स्पष्टता के लिए दोनों का ग्रहण है।

'च' के बल से परा, पश्यन्तीः मध्यमा और वैखरी इन वाणिओं के भेदों का ग्रहण होता है। (क) परा—यह वाणी का सर्वोत्कृष्ट रूप है जिसे स्वरूपज्योतिः, अनपायिनी, मूलचक्रस्था' आदि विशेषणों से प्रतिपादित किया जाता है। (ख) पश्यन्ती–यह केवल योगियों के अनुभव में आती है। इसमें प्रकृति–प्रत्ययविभागादि का ज्ञान होता है 'परा' में नहीं होता है। (ग) मध्यमा–यह सूक्ष्मतर आन्तर संकल्परूप है। (घ) वैखरी—यह ध्वनिरूप श्रूयमाणा है।

द्वौ शब्दात्मानौ—नित्यः कार्यश्च। इसमें व्यङ्ग्य स्फोटरूप शब्द और व्यञ्जक ध्वनिरूप शब्द कहे गये हैं। प्रथम नित्य अखण्ड, विभु है। द्वितीय अनित्य, उच्चरित-प्रध्वंसी है।

महोदेवो मर्त्यां आविवेशेति। महान् देवः=शब्दः ॥ मर्त्याः=मरण-धर्माणो मनुष्याः, तानाविवेश। महता देवेन नः साम्यं यथा स्यादित्यध्येयं व्याकरणम् ॥

'प्रदीपः'

विभक्तिशब्दाभिधेयानीति व्याचक्षते ॥ वर्षणादिति। कामानां ज्ञानपूर्वकानुष्ठानफल-त्वात् ॥ महतेति। परेण ब्रह्मणेत्यर्थः ॥

'भावबोधिनी'

महान् (परब्रह्मस्वरूप) देव (अन्तर्यामीरूप से) मनुष्यों में आविष्ट है। महान् देव=शब्द। मर्त्य=मरणस्वभाववाले मनुष्य, उनमें आविष्ट है। उस महान् देव (शब्दब्रह्म) के साथ हम लोगों का साम्य (=सायुज्य, ऐक्य) जिस प्रकार हो सके, इसके लिए व्याकरण का अध्ययन करना चाहिए।

सप्तविभक्तयः—सामान्यतया सुप्=प्रथमादि सात विभक्तियाँ मानी जाती हैं। परन्तु "विभक्तिश्च" (पा० सू० १।४।१०४) यह सूत्र सुप् और तिङ् दोनों की विभक्तिसंज्ञा करता है। तब 'सप्तहस्तासः=सप्त विभक्तयः' इसकी संगति कैसे होगी? इसका समाधान यह है—"शेषेण सह षट् कारकाणि विभक्तिपदवाच्यानि।' चूँकि कर्त्ता आदि छह कारक हैं और शेष=सम्बन्ध अर्थ में षष्ठी होती है। ये मिलकर सात होते हैं। "लः कर्मणि च भावे चाकर्मकेभ्यः" (पा० सू० ३।४।६९) यह सूत्र कर्ता और कर्म अर्थों में लकारों का विधान करता है। इन्हीं लकारों के स्थान पर तिङ् होते हैं। अतः कर्ता और कर्म अर्थ तिङ् के भी हो जाते हैं। इस प्रकार तिङ् का भी ग्रहण हो जाता है। अतः 'सप्त विभक्तयः' यह भाष्यव्याख्यान शुद्ध ही है।

'त्रिषु स्थानेषु बद्धः=उरसि, कण्ठे, शिरसीति।' पाणिनीय शिक्षा में यह स्पष्ट किया गया है कि उच्चारणकाल में वायु उदर से उठकर वक्षस्थल, कण्ठ और मूर्धा तीन स्थानों पर आहत होने के बाद वर्णों को उत्पन्न कराता है।

'रोरवीति' यह शब्दार्थक 'रु' धातु का यङ्लुगन्त रूप है। पुनः पुनरतिशयेन वा रौति—यह विग्रह है।

शब्द की स्थिति मनुष्यों में है, इसका उपपादन भर्तृहरि ने किया है—

"अपि प्रयोक्तुरात्मानं शब्दमन्तरवस्थितम्।
प्राहुर्महान्तमृषभं येन सायुज्यमिष्यते।"

(वा० प० १।१३१)

भाष्योक्त 'साम्यम्=सायुज्यम्' है।

(८ ख) अपर आह—

''चत्वारि वाक्परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः।
गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति[१] ॥''

'चत्वारि वाक्परिमिता पदानि। चत्वारि पदजातानि—नामाख्यातोपसर्गनिपाताश्च ॥ 'तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः।' मनस ईषिणो मनीषिणः। 'गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति।' गुहायां त्रीणि निहितानि

'प्रदीपः'

चत्वारीत्यनेनैकदेशेन सदृशेन वाक्यान्तरमपि सूच्यत इत्याह—**अपर आहेति।** परिमितानीति प्राप्ते 'शेश्छन्दसि बहुलमि'ति शेर्लोपे परिमितेति भवति। परिमितानि=परिच्छिन्नान्येतावन्त्येवेत्यर्थः ॥ मनीषिशब्दः पृषोदरादित्वात्साधुः। कथं मनीषिण एव विदन्तीत्याह—**गुहेति।** अज्ञानमेव गुहा तस्यामित्यर्थः। 'सुपां सुलुगि'ति सप्तम्या लुक्। व्याकरणप्रदीपेन तु तानि प्रकाशन्ते। तत्र

'भावबोधिनी'

(८ ख) दूसरा विद्वान् (उक्त प्रतीक से यह) कहता है—

वाणी के चार ही पद होते हैं। इनको वे ही जानते हैं जो मन को वश में रखने वाले ब्राह्मण हैं। तीन (पद) गुफा में छिपे हुए चेष्टा नहीं करते हैं। वाणी के चतुर्थ पद को (अवैयाकरण, साधारण) मनुष्य बोलते हैं।

वाणी के चार ही पद होते हैं=नाम (सुवन्त), आख्यात (तिङन्त), उपसर्ग और निपात। इन्हें वे जानते हैं जो मनीषी ब्राह्मण हैं। मन के ईषी=वश में रखने वाले। गुफा में तीन छिपे हुए इंगित=चेष्टा नहीं करते हैं, (ज्ञान के विषय नहीं

---

१. पूर्वोक्त पद की व्याख्या के समान इस पद में भी भाष्यकार ने 'नामाख्यातोपसर्गनिपाताश्च' ऐसा लिखा है। अतः यहाँ भी 'च' से परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी इन चार भेदों का समुच्चय होता है। वैयाकरण ही इन सभी भेदों को अच्छी तरह समझ पाता है। अवैयाकरण के लिए सभी एक जैसे हैं। अतः उसके लिए केवल वैखरी ही वाणी का एक भेद होने से शेष तीन अज्ञानरूपी गुफा में छिपे हैं।

नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात—इस पक्ष में भी ये चार भेद वैयाकरण के लिए ही हैं। अवैयाकरण सभी पदों को एक समान ही समझता है। अतः चार में एक का ज्ञान होकर शेष तीन अज्ञानरूपी गुफा में छिपे ही रहते हैं।

वाक्परिमितानि यहाँ षष्ठीतत्पुरुष है। वाणी के परिमित चार पद हैं, चार ही पद हैं—यह अवधारण होता है। 'परिमिता' में बहुवचन शि का लुक् है। 'गुहा' यहाँ सप्तमी एकवचन का लुक् हुआ है। मनीषिणः=मनसः इषिणः—इस अर्थ में

नेङ्गयन्ति=न चेष्टन्ते। न निमिषन्तीत्यर्थः॥ 'तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति।' तुरीयं वा एतद्वाचो यन्मनुष्येषु वर्तते। चतुर्थमित्यर्थः॥ चत्वारि॥

(९) उत त्वः—

"उत त्वः पश्यन्न ददर्श[1] वाचमुत त्वः शृण्वन्न शृणोत्येनाम्[2]।
उतो त्वस्मै तन्वं विसस्रे जायेव पत्य उशती सुवासाः॥"

'उत त्वः'=अपि खल्वेकः पश्यन्नपि न पश्यति वाचम्। [उत त्वः] अपि खल्वेकः 'शृण्वन्नपि न शृणोत्येनामि'ति। अविद्वांसमाहार्धम्॥

"उतो त्वस्मै तन्वं विसस्रे'=तनुं विवृणुते॥ 'जायेव पत्य उशती सुवासाः'। तद्यथा जाया पत्ये कामयमाना सुवासाः स्वमात्मानं विवृणुते,

'प्रदीपः'

चतुर्णां पदजातानामेकैकस्य चतुर्थं भागं मनुष्या=अवैयाकरणा वदन्ति। नेङ्गयन्तीत्यस्यैव व्याख्यानं—न चेष्टन्ते, न निमिषन्तीति॥

उत त्व इति। त्वशब्दोऽन्यवाची। उतशब्दः—अपिशब्दस्यार्थे। स च

'भावबोधिनी'

बनते हैं) वाणी के चतुर्थ भेद को मनुष्य बोलते हैं। वाणी का यह चौथा भेद है जो (साधारण) मनुष्यों में है। तुरीय=चतुर्थ—यह अर्थ है।

(९) दूसरा भी—

अन्य (एक) व्यक्ति वाणी को देखता हुआ भी नहीं देखता है और अन्य (दूसरा) इसे सुनता हुआ भी नहीं सुनता है। सुन्दर वस्त्र धारण करने वाली पति-अभिलाषिणी पत्नी के समान यह वाणी इस (वैयाकरण) के लिए अपने शरीर को अनावृत कर देती हैं, अगोपनीय बना देती है, खोल देती है।

एक (अवैयाकरण) (इस बाणी को) देखता हुआ भी नहीं देखता है। एक (अवैयाकरण) इस वाणी को सुनता हुआ भी नहीं सुनता है—ऐसा आधा पद्य

'शकन्ध्वादिषु पररूपं वाच्यम्' इस वार्त्तिक से टि=अस् का पररूप है अथवा "पृषोदरादीनि यथोपदिष्टम्" से निपातन है।

१. हाथ, पैर, कान और आँख आदि अंगो वाले सभी व्यक्ति समान रूप से ही अध्ययन करते हैं परन्तु वे उस वाणी का दर्शन करते हुए भी वास्तव में दर्शन नहीं कर पाते हैं क्योंकि अर्थज्ञान नहीं होता है। अर्थ का परिज्ञान होना ही वाणी दर्शन करना है।

२. जो व्यक्ति केवल शब्द (ध्वनिमात्र) सुनता है, अर्थ का परिज्ञान नहीं करता है उसका सुनना न सुनने के समान है क्योंकि वाणी के श्रवण का मुख्य फल अर्थज्ञान ही है, अर्थज्ञान कराने के उद्देश्य से ही वाणी का प्रयोग होता है।

एवं वाग् वाग्विदे स्वात्मानं विवृणुते ।।[1] वाङ् नो विवृणुयादात्मानमित्यध्येयं व्याकरणम् ।। उत त्वः ।।

(१०) सक्तुमिव--

'सक्तुमिव[2] तितउना पुनन्तो यत्र धीरा मनसा वाचमक्रत ।
अत्रा सखायः सख्यानि जानते भद्रैषां लक्ष्मीर्निहिताधिवाचि ।।"

'प्रदीपः'

भिन्नक्रमः । प्रत्यक्षेण शब्दस्वरूपमुपलभमानोऽप्यर्थापरिज्ञानान्न पश्यतीत्यर्थः । **उतो इति** । उत उ इति निपातसमाहारः ।। **अविद्वांसमाहार्धमिति** । अविद्वल्लक्षणमर्थमर्धर्चं आहेत्यर्थः ।।

सचतेरिति । 'षच सेचन' इत्यस्य । **दुर्धाव इति** । दुःशोधः । यथा— तितउना सक्तोस्तुषाद्यपनीयते तथा व्याकरणेन वाचोऽपशब्दा इत्यर्थः ।

'भावबोधिनी'

कहता है ।

(आधा पद्य ऐसा कह रहा है–) इस (वैयाकरण) के लिए (यह वाणी) अपने (अर्थरूपी) शरीर का विवरण=अनावरण (खोलना) कर देती है । जैसे पति (के संगम) को चाहने वाली, सुन्दर (उज्ज्वल) वस्त्र धारण करने वाली स्त्री [अपने पति के सामने अपना शरीर वस्त्ररहित कर देती है] । जिस प्रकार अपने पति (के संगम) की कामना करती हुई, स्वच्छ वस्त्र धारण करती हुई पत्नी अपना [सम्पूर्ण] शरीर खोल देती है, वस्त्ररहित कर देती है, गोपनीयता समाप्त कर देती है । इसी प्रकार वाणी वाक्तत्त्ववेत्ता वैयाकरण के लिए अपने [वास्तविक] रूप को प्रकट कर देती है । वाणी हम लोगों के लिए अपने स्वरूप को प्रकट कर दे [वाणी अपना रहस्य प्रकट कर दे]---इसके लिए व्याकरण का अध्ययन चाहिए ।

(१०) सत्तू के समान---

जिस (व्याकरण) में ध्यान लगाने वाले (चिन्तन करने वाले) वैयाकरणों ने चलनी के द्वारा सत्तुओं के समान [ध्यानयुक्त] मन (प्रकृष्ट ज्ञान) द्वारा वाणी को किया । इस (ब्रह्मप्रतिपादक शब्द) के विषय में समानज्ञान वाले (यथार्थज्ञान

---

१. प्रकृति-प्रत्यय मिलकर प्रयोगयोग्य पद बनता है । वैयाकरण प्रकृत्यर्थ और प्रत्ययार्थ को समझता हुआ समुदाय (पद) के अर्थ को जान लेता है । इस लिए वैयाकरण के लिए कुछ भी गोपनीय नहीं है, कुछ भी अज्ञात नहीं रहता है । यही व्याकरणध्ययन का वास्तविक फल है ।

२. सक्तु शब्द की दो व्युत्पत्तियाँ हैं—(क) 'षच=सच' का अर्थ सींचना है । इस धातु से तुन् प्रत्यय करके–'सक्तु' शब्द बनता है । इसका अर्थ है---अत्यन्त कष्ट से

नेङ्गयन्ति=न चेष्टन्ते । न निमिषन्तीत्यर्थः ॥ 'तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति ।' तुरीयं वा एतद्वाचो यन्मनुष्येषु वर्तते । चतुर्थमित्यर्थः ॥ चत्वारि ॥

(९) उत त्वः—

"उत त्वः पश्यन्न ददर्श[1] वाचमुत त्वः शृण्वन्न शृणोत्येनाम्[2] ।
उतो त्वस्मै तन्वं विसस्रे जायेव पत्य उशती सुवासाः ॥"

'उत त्वः'=अपि खल्वेकः पश्यन्नपि न पश्यति वाचम् । [उत त्वः] अपि खल्वेकः 'शृण्वन्नपि न शृणोत्येनामि'ति । अविद्वांसमाहार्धम् ॥

"उतो त्वस्मै तन्वं विसस्रे'=तनुं विवृणुते ॥ 'जायेव पत्य उशती सुवासाः' । तद्यथा जाया पत्ये कामयमाना सुवासाः स्वमात्मानं विवृणुते,

'प्रदीपः'

चतुर्णां पदजातानामेकैकस्य चतुर्थं भागं मनुष्या=अवैयाकरणा वदन्ति । नेङ्गयन्तीत्यस्यैव व्याख्यानं—न चेष्टन्ते, न निमिषन्तीति ॥

उत त्व इति । त्वशब्दोऽन्यवाची । उतशब्दः—अपिशब्दस्यार्थे । स च

'भावबोधिनी'

बनते हैं) वाणी के चतुर्थ भेद को मनुष्य बोलते हैं । वाणी का यह चौथा भेद है जो (साधारण) मनुष्यों में है । तुरीय=चतुर्थ—यह अर्थ है ।

(९) दूसरा भी—

अन्य (एक) व्यक्ति वाणी को देखता हुआ भी नहीं देखता है और अन्य (दूसरा) इसे सुनता हुआ भी नहीं सुनता है । सुन्दर वस्त्र धारण करने वाली पति-अभिलाषिणी पत्नी के समान यह वाणी इस (वैयाकरण) के लिए अपने शरीर को अनावृत कर देती हैं, अगोपनीय बना देती है, खोल देती है ।

एक (अवैयाकरण) (इस बाणी को) देखता हुआ भी नहीं देखता है । एक (अवैयाकरण) इस वाणी को सुनता हुआ भी नहीं सुनता है—ऐसा आधा पद्य

'शकन्ध्वादिषु पररूपं वाच्यम्' इस वार्त्तिक से टि=अस् का पररूप है अथवा "पृषोदरादीनि यथोपदिष्टम्" से निपातन है ।

१. हाथ, पैर, कान और आँख आदि अंगो वाले सभी व्यक्ति समान रूप से ही अध्ययन करते हैं परन्तु वे उस वाणी का दर्शन करते हुए भी वास्तव में दर्शन नहीं कर पाते हैं क्योंकि अर्थज्ञान नहीं होता है । अर्थ का परिज्ञान होना ही वाणी दर्शन करना है ।

२. जो व्यक्ति केवल शब्द (ध्वनिमात्र) सुनता है, अर्थ का परिज्ञान नहीं करता है उसका सुनना न सुनने के समान है क्योंकि वाणी के श्रवण का मुख्य फल अर्थज्ञान ही है, अर्थज्ञान कराने के उद्देश्य से ही वाणी का प्रयोग होता है ।

एवं वाग् वाग्विदे स्वात्मानं विवृणुते ॥'[1] वाङ् नो विवृणुयादात्मानमित्यध्येयं व्याकरणम् ॥ उत त्वः ॥

(१०) सक्तुमिव--

'सक्तुमिव[2] तितउना पुनन्तो यत्र धीरा मनसा वाचमक्रत ।
अत्रा सखायः सख्यानि जानते भद्रैषां लक्ष्मीर्निहिताधिवाचि ॥"

'प्रदीपः'

भिन्नक्रमः । प्रत्यक्षेण शब्दस्वरूपमुपलभमानोऽप्यर्थापरिज्ञानान्न पश्यतीत्यर्थः । उतो इति । उत उ इति निपातसमाहारः ॥ अविद्वांसमाहार्धमिति । अविद्वल्लक्षणमर्थं मर्धर्चं आहेत्यर्थः ॥

सचतेरिति । 'षच सेचन' इत्यस्य । दुर्धाव इति । दुःशोधः । यथा—तितउना सक्तोस्तुषाद्यपनीयते तथा व्याकरणेन वाचोऽपशब्दा इत्यर्थः ।

'भावबोधिनी'

कहता है ।

(आधा पद्य ऐसा कह रहा है–) इस (वैयाकरण) के लिए (यह वाणी) अपने (अर्थरूपी) शरीर का विवरण=अनावरण (खोलना) कर देती है । जैसे पति (के संगम) को चाहने वाली, सुन्दर (उज्ज्वल) वस्त्र धारण करने वाली स्त्री [अपने पति के सामने अपना शरीर वस्त्ररहित कर देती है] । जिस प्रकार अपने पति (के संगम) की कामना करती हुई, स्वच्छ वस्त्र धारण करती हुई पत्नी अपना [सम्पूर्ण] शरीर खोल देती है, वस्त्ररहित कर देती है, गोपनीयता समाप्त कर देती है । इसी प्रकार वाणी वाक्तत्त्ववेत्ता वैयाकरण के लिए अपने [वास्तविक] रूप को प्रकट कर देती है । वाणी हम लोगों के लिए अपने स्वरूप को प्रकट कर दे [वाणी अपना रहस्य प्रकट कर दे]—इसके लिए व्याकरण का अध्ययन चाहिए ।

(१०) सत्तू के समान—

जिस (व्याकरण) में ध्यान लगाने वाले (चिन्तन करने वाले) वैयाकरणों ने चलनी के द्वारा सत्तुओं के समान [ध्यानयुक्त] मन (प्रकृष्ट ज्ञान) द्वारा वाणी को किया । इस (ब्रह्मप्रतिपादक शब्द) के विषय में समानज्ञान वाले (यथार्थज्ञान

---

१. प्रकृति-प्रत्यय मिलकर प्रयोगयोग्य पद बनता है । वैयाकरण प्रकृत्यर्थ और प्रत्ययार्थ को समझता हुआ समुदाय (पद) के अर्थ को जान लेता है । इस लिए वैयाकरण के लिए कुछ भी गोपनीय नहीं है, कुछ भी अज्ञात नहीं रहता है । यही व्याकरणध्ययन का वास्तविक फल है ।

२. सक्तु शब्द की दो व्युत्पत्तियाँ हैं—(क) 'षच=सच' का अर्थ सींचना है । इस धातु से तुन् प्रत्यय करके–'सक्तु' शब्द बनता है । इसका अर्थ है—अत्यन्त कष्ट से

सक्तुः—सचतेर्दुर्धावो भवति, कसतेर्वा विपरीताद् विकसितो भवति। तितउ[1]-परिपवनं भवति-ततवद्वा तुन्नवद्वा। धीराः=ध्यानवन्तः। मनसा=प्रज्ञानेन वाचमक्रत=वाचमकृषत।

'प्रदीपः'

कसतेरिति। पृषोदरादित्वाद्वर्णव्यत्ययः॥ ततवदिति। विस्तारयुक्तमित्यर्थः। तुन्नवदिति। बहुच्छिद्रम्॥ धीरा इति। वैयाकरणाः॥ वाचमक्रतेति। अप-

'भावबोधिनी'

वाले होते हुए) सायुज्य=ऐक्य प्राप्त करते हैं। इनकी वाणी में स्वप्रकाशरूपा शक्ति अधिक रहती है।

सक्तु—(क) (षच) 'सच्' धातु से [निष्पन्न होता है अतः इसका अर्थ है-] दुर्धाव=अत्यन्त कष्ट से धोने योग्य। (ख) अथवा 'कस' (विकसनार्थक) धातु के विपर्यय (व्यंजन-व्यत्यय) से [निष्पन्न सत्तु शब्द का-] विकसित=फैलाव वाला-यह अर्थ है। तितउ=चालनी है। यह [चालनी] ततवत्=बहुत विस्तारवाली और तुन्नवत्=छिद्रवाली होती है। धीर=ध्यान करने वालों, चिन्तन करने वालों ने, मन से=प्रकृष्टज्ञान, प्रतिभा से, वाणी को किया [=अपशब्दों से शुद्ध शब्दों को अलग किया]।

धोने योग्य। जिस प्रकार दाल, चावल, सब्जियाँ आदि धोई जाती हैं उस प्रकार से सत्तुओं को नहीं धोया जा सकता। क्योंकि धोने से सब सत्तू वह जाते हैं। (ख) विकसित होना अर्थवाली 'कस्' धातु है। इसका व्यञ्जन-व्यत्यय कर देने पर 'सक्' + तुन् होता है। इससे निष्पन्न 'सक्तु' का अर्थ है विकसित होने वाला। सत्तुओं में पानी मिलाते रहने पर वे बढ़ते रहते हैं।

१. 'चालनी तितउः पुमान्' (अमरकोष २।९।२६) के अनुसार 'तितउ' शब्द पुंल्लिङ्ग भी है। तितउ-शब्द की दो व्युत्पत्तियाँ हैं-(क) विस्तारार्थक 'तनु' धातु से 'तनोतेर्डउः सन्वच्च' (उणादि. सू०) से 'डउ' प्रत्यय और उसका सन्वद्भाव होने से धातु का द्वित्व तन् तन्+अउ, हलादिशेष, 'सन्यतः' सूत्र से अभ्यास का इत्व-तितन्+अउ डित् के कारण टि=अन् का लोप-तित्+अउ। इस व्युत्पत्ति के अनुसार 'ततवत्=विस्तारयुक्तम्' यह अर्थ भाष्य में है। (ख) व्यथनार्थक 'तुद' धातु से भी 'कर्मणि डउः सन्वच्च' (उणादि सूत्र) से 'डउ' प्रत्यय, पूर्ववत् द्वित्वादिकार्य, अभ्यास का इत्व, टिलोप करने पर तित्+अउ। इसमें 'तुन्नवत्=छिद्रयुक्तम्' यह अर्थ होता है।

'अत्रा सखाय: सख्यानि जानते।' अत्र सखाय: सन्त: सख्यानि जानते [=सायुज्यानि जानते]।

क्व ?

य एष दुर्गो मार्ग:, एकगम्यो वाग्विषय: ॥

के पुनस्ते ?

वैयाकरणा: ॥

कुत एतत् ?

'भद्रैषां लक्ष्मीर्निहिताधिवाचि।'

'प्रदीप:'

शब्देभ्यो विविक्तां कृतवन्त:। "मन्त्रे घसेति" लेर्लुकि सति 'अक्रते'ति रूपम् ॥

अत्रा सखाय इति। 'ऋचि तुनुघे'ति दीर्घ:। सखाय:=समानख्यातयो भेदग्रहस्य

'भावबोधिनी'

'इस 'व्याकरण में समानज्ञान वाले (यथार्थज्ञान वाले) सख्य प्राप्त करते हैं= इस (ब्रह्म स्वरूप शब्दतत्त्व) के विषय में सखा=समान ज्ञान वाले होते हुए, सख्य=सायुज्य प्राप्त करते हैं।

कहाँ [किसमें सायुज्य प्राप्त करते हैं] ?

जो यह दुर्ग (अत्यन्त कष्ट से प्राप्त होने वाला) मार्ग, एक (=मात्रज्ञान) से प्राप्त करने योग्य, [वेद रूप] वाणी का विषय है। [ऐसे ब्रह्म का सायुज्य वैयाकरणों को प्राप्त होता है]।

वे कौन हैं [जो सायुज्य प्राप्त करते हैं] ?

वे वैयाकरण हैं।

यह कैसे ?

वैयाकरण के पास प्रकृष्ट ज्ञान रूपी चालनी होती है। इस के द्वारा वह शुद्ध और अशुद्ध शब्दों का भेद करके शुद्ध शब्दों का ही प्रयोग करता है। वह प्रत्येक शब्द के विषय में गम्भीरता से चिन्तन करता है। अत: उसे सर्वत्र यथार्थ ज्ञान होता है। इसी ज्ञान के बल से उसकी वाणी में एक प्रबल शक्ति सिद्ध हो जाती है और वह शब्दब्रह्म का सायुज्य प्राप्त करने में समर्थ होता है। नागेश का यह व्याख्यान है "अयं भाव:—ये शास्त्रत: प्रकृति-प्रत्ययविभागेन साधून् ज्ञात्वा शास्त्रार्थध्यानवन्तो मानसज्ञानेन वाचमसाधुभ्य: पृथक् कृतवन्तस्ते तज्ज्ञानपूर्वकै: साधु-शब्द-प्रयोगैर्लब्धान्त:करण-शुद्धय:, अत्र य एष दुर्गो मार्गो ब्रह्मरूपस्तत्रात्मना सह समानख्यातय:= त्यक्तभेदभावना: सख्यानि=सायुज्यानि प्राप्नुवते। यत एषां वाचि वेदाख्ये ब्रह्मणि या भद्रा लक्ष्मी: सर्वभासकब्रह्मरूपा सा अधि-अधिकं निहिता भवति। एतच्छास्त्रसाध्य-

एषां वाचि भद्रा लक्ष्मीर्निहिता भवति । लक्ष्मीर्लक्षणाद्भासनात्परिवृढा भवति । सक्तुमिव ॥

(११) सारस्वतीम्—

याज्ञिकाः पठन्ति—"आहिताग्निरपशब्दं प्रयुज्य प्रायश्चित्तीयां सारस्वतीमिष्टिं निर्वपेद्" इति ॥

[1]प्रायश्चित्तीया मा भूमेत्यध्येयं व्याकरणम् ॥ सारस्वतीम् ।

'प्रदीपः'

निवृत्तत्वात् सर्वमेकमिति मन्यन्ते ॥ **सख्यानीति** । सायुज्यानीत्यर्थः । **एकगम्य इति** । ज्ञानेनैव प्राप्यः ॥ **वाचीति** । वेदाख्ये ब्रह्मणि या लक्ष्मीर्वेदान्तेषु परमार्थसंविल्लक्षणोक्ता सैषां निहितेत्यर्थः ॥

प्रायश्चित्तीयामिति । भवार्थे 'वृद्धाच्छः' ॥ **प्रायश्चित्तीया इति** । प्रायश्चित्ताय=पापशोधनाय श्रुतिस्मृतिविहिताय कर्मणे हिताः=तन्निमित्तोत्पादका मा भूमेत्यर्थः ॥

'भावबोधिनी'

क्योंकि इन (शब्दतत्त्ववेत्ता वैयाकरणों) की वाणी में भद्रा=कल्याणकारिणी लक्ष्मी स्थित रहती है । लक्षण=भासन=प्रकाशन के कारण परिवृढ (अज्ञान दूर करने में समर्थ) होती है । इसलिए लक्ष्मी [कहा जाता है] । सत्तु के समान ।

(११) सरस्वती देवता-सम्बन्धी—

याज्ञिक [यज्ञानुष्ठान-सम्बन्धी मन्त्र] यह पढ़ते हैं—"अग्न्याधान किया हुआ व्यक्ति अपशब्द का प्रयोग करके [इस के] प्रायश्चित्त के लिये की जाने वाली 'सारस्वती इष्टि' (सरस्वती देवता सम्बन्धी याग) करे ।"

हम भी [अपशब्दों का प्रयोग करके] प्रायश्चित्तीय (पाप दूर करने के लिए श्रुति-स्मृति-विहित कर्म करने के निमित्त) न बन जाँय, इस के लिए व्याकरण का अध्ययन करना चाहिए ।

प्रयोगव्यङ्ग्यस्य ध्वनिरूपवैखरीरूपरूषितस्यैव तैर्वाचकत्वस्वीकारेण तस्य चात्यन्तविचारे ब्रह्मातिरेके मानानुपलम्भेन तत्तदुपाधिभिन्नचित्त एव बोधकतया तैर्ग्रहात् । एवं सर्वबोधकेषु ब्रह्माबुद्धौ जातायां तेनैव दृष्टान्तेन सर्वपदार्थेषु ब्रह्मबुद्धिर्वैयाकरणानाम् ॥

१. शास्त्रीय मर्यादा है कि यज्ञीय अग्नि का आधान कर लेने के बाद वह व्यक्ति अपशब्द (अपभ्रंश) न बोले । यदि अज्ञानादिवश वैसा बोल देता है तो उसे पाप की निवृत्ति के लिए 'सारस्वती इष्टि' का अनुष्ठान करना पड़ता है । जो व्यक्ति व्याकरण पढ़ा हुआ हैं वह सदैव संस्कृत शब्दों का ही प्रयोग करता है । उसे कभी भी प्रायश्चित्तीय सारस्वती इष्टि नहीं करनी पड़ती है । अतः व्याकरणाध्ययन करना आवश्यक है ।

(१२) दशम्यां पुत्रस्य—

याज्ञिकाः पठन्ति—'दशम्युत्तरकालं[1] पुत्रस्य जातस्य नाम विदध्याद् घोषवदाद्यन्तरन्तःस्थमवृद्धं त्रिपुरुषानूकमनरिप्रतिष्ठितम्। तद्धि प्रतिष्ठिततमं भवति।' "द्व्यक्षरं चतुरक्षरं वा नाम कृतं कुर्यान्न तद्धितम्" इति॥

'प्रदीपः'

दशम्युत्तरकालमिति। दशम्या उत्तर इति 'पञ्चमी' ति योगविभागात् समासः। ततः कालशब्देन बहुव्रीहिः। क्रियाविशेषणं चैतत्। दश दिशान्यशौचं भवतीति दशम्युत्तरकालमित्युक्तम्। येऽपि गृह्यकाराः पठन्ति 'दशम्यां पुत्रस्ये'ति, तैरपि दशम्यामिति सामीपिकमधिकरणं व्याख्येयम्। घोषवदादीति। घोषवन्तो ये वर्णाः शिक्षायां प्रदर्शितास्तदादि॥ अन्तरन्तःस्थमिति। मध्ये यरलवा

'भावबोधिनी'

(१२) दशम रात्रि के बाद—

याज्ञिक (यज्ञकाण्ड-संबन्धी मन्त्र) कहते हैं—"पुत्रजन्म से दशवीं रात्रि के बाद (अर्थात् ग्यारहवें दिन) उत्पन्न पुत्र का नाम (करण-संस्कार) करे—[वह नाम] आदि में घोष प्रयत्न वाले वर्णों से युक्त, मध्यमें अन्तःस्थों (य व र ल) से युक्त, [अन्त में] वृद्धसंज्ञक (आ, ऐ, औ) वर्णों से रहित, [नामकरण करने वाले पिता के] तीन पूर्व पुरुषों का अनुकरण (साम्य) वाला, शत्रुकुल में अप्रतिष्ठत

---

१. दशम्युत्तरकालम्—इस में 'दशम्या उत्तरः' ऐसा तत्पुरुष करने के बाद 'दशम्युत्तरः कालः यस्मिन् कर्मणि तत्—'दशम्युत्तरकालम्' यह बहुव्रीहि है। गृह्यसूत्रों में 'दशम्यां पुत्रस्य······' आदि पाठ है। दोनों में आशय एक समान है। अवृद्धम्—इसके साथ औचित्य के अनुसार 'अन्त' जोड़ना चाहिए। परन्तु "वृद्धिर्यस्याचामादिस्तद्वृद्धम्" (पा० सू० १।१।७३) के अनुसार अन्त में वृद्धसंज्ञक का प्रयोग नहीं होता है। अतः वृद्धसंज्ञक [जिस का आदि अच् वृद्धि संज्ञा वाला] नहीं रखना चाहिए। 'वा नामधेयस्य' इस वार्तिक से नाममात्र की वृद्ध संज्ञा की जाती है। अतः 'अवृद्धम्' का आशय 'वृद्धिसंज्ञक आ, ऐ, औ · इनमें से कोई भी अन्त में न हों—ऐसी व्याख्या उचित प्रतीत होती है।

त्रिपुरुषानूकम्—नामकर्ता पिता के (क) पिता, (ख) पितामह, (ग) प्रपितामह—में से तीनों अथवा किसी एक का अभिधान करने वाला नाम होना चाहिए।

केवल प्रत्यय का प्रयोग न होने से—कृत्=कृदन्त, तद्धित=तद्धितान्त है। त्रयाणां पुरुषाणां समाहारः—इस अर्थ में समाहार द्विगु है। यद्यपि अकारान्त द्विगु होने से

न चान्तरेण व्याकरणं कृतस्तद्धिता वा शक्या विज्ञातुम् ।। दशम्यां पुत्रस्य ।।

(१३) सुदेवो असि—

'सुदेवो असि वरुण यस्य ते सप्त सिन्धवः ।
अनुक्षरन्ति काकुदं सूर्म्यं सुषिरामिव ।।'

'प्रदीपः'

यस्य तदित्यर्थः । त्रिपुरुषानूकमिति । नामकरणे योऽधिकारी पिता तस्य ये त्रयः पुरुषास्ताननुकायति=अभिधत्त इति त्रिपुरुषानूकम्, 'अन्येषामपि दृश्यते' इति दीर्घः ।।

सुदेवो असीति । वरुणस्येयं स्तुतिः । यतो हेतोर्व्याकरणज्ञानाद् वरुण सत्यदेवोऽसि ततो हेतोरन्येऽपि सत्यदेवा भवन्तीत्यर्थः । सिन्धव इति । नद्य इव

'भावबोधिनी'

हो । वह नाम अत्यन्त प्रतिष्ठित होता है । नाम दो अक्षरों वाला अथवा [अधिक से अधिक] चार अक्षरों वाला कृत् (कृदन्त) ही रखे, तद्धित प्रत्ययान्त नहीं ।"

व्याकरण शास्त्र [के अध्ययन] के बिना कृत् (=कृदन्त) और तद्धित (तद्धितान्त) का ज्ञान करना संभव नहीं है । दशवीं रात के बाद ।

(१३) हे वरुण ! तुम सुदेव हो—

हे वरुण ! तुम सुदेव हो । क्योंकि तुम्हारी (गले से निकलती हुई) सात नदियाँ, सुषिरा=छिद्रयुक्त सूर्मि=लौहप्रतिमा (में अग्नि) के समान तालु में प्रकाशित होती हैं ।[1]

ङीप् की प्रसक्ति है परन्तु "पात्राद्यन्तस्य न" से ङीप् का प्रतिषेध हो जाने से— 'त्रिपुरुष' है । 'कै गै' शब्दे' के साथ अनु उपसर्ग है, उपसर्ग का दीर्घ है—त्रिपुरुषानूकम्=त्रिपुरुषाभिधायकम् ।

अनरिप्रतिष्ठितम्—इसके दो अर्थ हैं– (क) न ना तस्मिन्—अनरि(=नरभिन्न पशु पक्षी आदि में) प्रतिष्ठितम्=अत्यन्त प्रसिद्ध । (ख) न अरिः=अनरिः तस्मिन् प्रतिष्ठितम्–शत्रु से भिन्न में प्रतिष्ठित, शत्रुकुल में प्रतिष्ठित न होने वाला ।

१. जिस प्रकार भीतर छिद्रवाली लौहप्रतिमा आग पे तपायी जाने पर शुद्ध हो जाती है उसके दोष जलकर भस्म हो जाते हैं । इसी प्रकार वरुण की जिह्वा पर सात विभक्तियों के सभी रूप रहते हैं । इसलिये वे सदैव शुद्ध ही बोलते हैं । पवित्र रहते हैं ।

'सुदेवो असि वरुण'–सत्यदेवोऽसि। 'यस्य ते सप्त सिन्धवः'—सप्त विभक्तयः। 'अनुक्षरन्ति काकुदम्'। काकुदम्=तालु। काकुः=जिह्वा, साऽस्मिन्नुद्यत इति काकुदम्। 'सूर्म्यं सुषिरामिव'। तद्यथा—शोभनामूर्मिं सुषिरामग्निरन्तः प्रविश्य दहति, एवं ते सप्त सिन्धवः=सप्त विभक्तयस्ताल्वनुक्षरन्ति। तेनासि सत्यदेवः॥ सत्यदेवाः स्यामेत्यध्येयं व्याकरणम्॥ सुदेवो असि॥

(उक्तप्रयोजनग्रन्थोपपत्तिप्रकरणम्)

(आक्षेपभाष्यम्)

किं पुनरिदं व्याकरणमेवाधिजिगांसमानेभ्यः प्रयोजनमन्वाख्यायते, न पुनरन्यदपि किञ्चित्, ॐ इत्युक्त्वा वृत्तान्तशः शमित्येवमादीन् शब्दान् पठन्ति ?

'प्रदीपः'

विभक्तय इत्यर्थः। अनुक्षरन्तीति। ताल्वनुप्राप्य प्रकाशन्त इत्यर्थः। सास्मिन्नुद्यत इति। अनेकार्थत्वाद्धातूनाम् 'उत्क्षिप्यत' इत्यर्थः। सूर्म्यमिति। सूर्मीमिति प्राप्ते "अमि पूर्वः' इत्यत्र 'वा छन्दसी'त्यनुवृत्त्या यणादेशः॥

किं पुनरिति। ननु 'कानि पुनरस्ये'ति येन पृष्टं, स एव कथं पृच्छति—'किं पुनरि'ति। एवं तर्हि भाष्यकारः प्रयोजनान्वाख्यानस्य विषयविभागं दर्शयति। पुरा वेदाध्ययनात्पूर्वं व्याकरणमधीयते ते बाल्यात्प्रष्टुमसमर्था इति न प्रयोजनमन्वाख्येयम्।

'भावबोधिनी'

हे वरुण ! तुम सुदेव हो=सत्यदेव हो (सत्य के कारण दीप्तिमान् हो) क्योंकि तुम्हारी सात सिन्धु=(प्रथमादि) सात विभक्तियाँ काकुद=तालु में अनुक्षरण=प्रकाश करती हैं। काकुद=तालु। काकु=जिह्वा इसमें नोदित=प्रेरित की जाती है। इसलिए काकुद कहते हैं। 'छिद्रयुक्त लौह प्रतिमा के समान।' जिस प्रकार छिद्रयुक्त सुन्दर लौहप्रतिमा के मध्य में प्रविष्ट होकर अग्नि (उनके दूषणों को) जला देती है, इसी प्रकार आपकी सात सिन्धु=सात विभक्तियाँ तालु में प्रकाशित रहती हैं। इसी से तुम सत्यदेव (सत्यभाषण से दीप्तिमान) हो। (हम लोग भी) सत्यदेव हों, इसलिये व्याकरण पढ़ना चाहिये। हे वरुण ! तुम सुदेव हो।

व्याकरणाध्ययन के प्रयोजन प्रस्तुत करने की आवश्यकता

व्याकरण को ही पढ़ने के इच्छुक छात्रों के लिए ये (पूर्वोक्त) प्रयोजन कहे जा रहे हैं और कुछ पढ़ने के इच्छुक के लिए [कोई प्रयोजन] नहीं [कहा जाता है], 'ॐ' ऐसा उच्चारण करने के बाद प्रत्येक वृत्तान्त=प्रपाठक के क्रम से "शम् [नो देवीरभीष्टये]" इत्यादि शब्दों (मन्त्रों) को पढ़ने लगते हैं ?

(समाधानभाष्यम्)

पुराकल्प एतदासीत्--संस्कारोत्तरकालं ब्राह्मणा व्याकरणं स्माधीयते। तेभ्यस्तत्तत्स्थानकरणनादानुप्रदानज्ञेभ्यो वैदिकाः शब्दा उपदिश्यन्ते। तदद्यत्वे न तथा। वेदमधीत्य त्वरिता वक्तारो भवन्ति—

"वेदान्नो वैदिकाः शब्दाः सिद्धाः,

लोकाच्च लौकिकाः,

अनर्थकं व्याकरणम्" इति।

तेभ्य एवं विप्रतिपन्नबुद्धिभ्योऽध्येतृभ्यः सुहृद् भूत्वा आचार्य इदं शास्त्रमन्वाचष्टे—इमानि प्रयोजनान्यध्येयं व्याकरणम्—इति ॥

'प्रदीपः

अद्यत्वे तु स्वल्पायुष्ट्वात्पूर्वमेव वेदं प्रधानमधीयते अतः प्रष्टुं समर्थत्वाद्व्याकरणाध्ययनस्य प्रयोजनं पृच्छन्तीत्यवश्यान्वाख्येयं प्रयोजनम्। न पुनरन्यदिति वेदमप्यधिजिगांसमानेभ्य इत्यर्थः॥ ॐ इत्युक्त्वेति। अभ्युपगम्येत्यर्थः। वृत्तान्तश इति। वृत्तान्तः प्रपाठक उच्यते। वृत्तान्तं वृत्तान्तं पठन्तीत्यर्थः॥

अद्यत्व इति। ;अद्यत्वेशब्दो निपातोऽस्मिन् काल इत्यत्रार्थे वर्तते॥ त्वरिता इति। विवाहादौ॥

'भावबोधिनी'

[उपर्युक्त प्रश्न का समाधान यह है–] प्राचीन काल में ऐसा था—'उपनयनादि-संस्कार के बाद ब्राह्मण वेदों का अध्ययन करते थे। उन-उन वर्णों के [उच्चारण–] स्थान, करण (आभ्यन्तर प्रयत्न) और नादानुप्रदान (नाद, घोष आदि) बाह्य यत्नों का ज्ञान रखने वाले ब्राह्मणों को ही वैदिक शब्द पढ़ाए जाते थे। [अर्थात् पहले व्याकरण और शिक्षा आदि वेदाङ्गों का अध्यापन कराया जाता था उसके बाद वेद का।] परन्तु आजकल (=पतञ्जलि के समय में और इस समय भी) वह स्थिति वैसी नहीं है, [व्याकरणाध्ययन के बाद ही वेद का अध्ययन नहीं होता है]। वेद का अध्ययन करके शीघ्र ही [विवाहादि संस्कारों में] बोलने वाले बन जाते हैं। अथवा वेद का अध्ययन करके शीघ्र ही कहने लगते हैं—"वेद से वैदिक शब्द।"

और लोकव्यवहार से लौकिक शब्द हमारे लिए सिद्ध=ज्ञात हो जाते हैं।

[इस स्थिति में] व्याकरण अनर्थक है, उसके अध्ययन का कोई लाभ नहीं है।"

इस (उक्त) प्रकार की विपरीत बुद्धिवाले [सही मार्ग न समझने वाले] अध्येताओं के लिए, आचार्य [स्वयं पतञ्जलि तथा अन्य वैयाकरण] मित्र (शुभचिन्तक) बन कर इस [पूर्वोक्त प्रयोजन–प्रदर्शन रूप] शास्त्र का अन्वाख्यान (प्रतिपादन

(अनुबन्धचतुष्टयोपसंहारभाष्यम्)

उक्तः शब्दः । स्वरूपमप्युक्तम् । प्रयोजनान्यप्युक्तानि ।।

(अथ शास्त्रनिर्माणरीतिनिरूपणाधिकरणम्)

(आक्षेपभाष्यम्)

शब्दानुशासनमिदानीं कर्तव्यम् । तत्कथं कर्तव्यम् । किं शब्दोपदेशः कर्तव्यः, आहोस्विदपशब्दोपदेशः, आहोस्विदुभयोपदेश इति ?

'प्रदीपः'

उभयोपदेश इति । हेयोपादेयोपदेशे स्पष्टा प्रतिपत्तिर्भवतीत्युभयोपदेश उद्भावितः ।।

'भावबोधिनी'

करते हैं—"ये (पूर्वोक्त पाँच मुख्य और तेरह गौण) प्रयोजन हैं, इनके लिए व्याकरण शास्त्र का अध्ययन करना चाहिए ।"

अनुबन्ध-चतुष्टय का उपसंहार

[लौकिक और वैदिक] शब्द बताया जा चुका है । [स्फोटरूप और ध्वनि-रूप] स्वरूप भी कहा जा चुका है । [मुख्य और गौण भेद से अट्ठारह] प्रयोजन भी कहे जा चुके हैं । [शब्दतत्त्व का जिज्ञासु अधिकारी है—यह स्वतः स्पष्ट है ।[1]]

शास्त्र के विवेचनीय शब्दों का निरूपण

[पूर्वोक्त विवेचन के बाद] अब शब्दों का अनुशासन करना है । वह किस प्रकार से किया जाय—(१) क्या केवल शुद्ध शब्दों का उपदेश=उच्चारण=प्रतिपादन करना चाहिए, अथवा (२) केवल अपशब्दों का उपदेश=प्रतिपादन करना चाहिए, अथवा (३) शुद्ध और अशुद्ध दोनों प्रकार के शब्दों का उपदेश=प्रतिपादन करना चाहिए । [पूर्वोक्त तीन मार्गों में से किसी एक का अथवा तीनों का आश्रयण करना चाहिए ?]

---

१. सिद्धार्थं ज्ञातम्बन्धं श्रोतुं श्रोता प्रवर्तते ।
शास्त्रादौ तेन वक्तव्यः सम्बन्धः सप्रयोजनः ।।
सम्बन्धश्चाधिकारी च विषयश्च प्रयोजनम् ।
विनानुबन्धं ग्रन्थादौ मङ्गलं न प्रशस्यते ।।

(समाधानभाष्यम्)

अन्यतरोपदेशेन कृतं स्यात्। तद्यथा—भक्ष्यनियमेनाभक्ष्यप्रतिषेधो गम्यते। 'पञ्च पञ्चनखा भक्ष्याः' इत्युक्ते गम्यत एतद्—अतोऽन्येऽभक्ष्या इति ॥

अभक्ष्यप्रतिषेधेन वा भक्ष्यनियमः। तद्यथा—'अभक्ष्यो ग्राम्यकुक्कुटः, अभक्ष्यो ग्राम्यसूकरः' इत्युक्ते गम्यत एतद्–आरण्यो भक्ष्य इति ॥

एवमिहापि। यदि तावच्छब्दोपदेशः क्रियते, गौरित्येतस्मिन्नुपदिष्टे गम्यत एतद्–गाव्यादयोऽपशब्दा इति।

'प्रदीप'

यद्यपि प्रतिपत्तिः स्पष्टा, गौरवं तु भवतीत्याह–अन्यतरेति। शब्दापशब्दयोरित्यर्थः। अन्यतरान्यतमशब्दावव्युत्पन्नौ स्वभावाद् द्विबहुविषये निर्धारणे वर्तेते ॥

'भावबोधिनी'

[शुद्ध अथवा अशुद्ध] किसी एक प्रकार के शब्दों के उपदेश (प्रतिपादन) से कार्य सम्पन्न हो सकता है। जिस प्रकार भक्ष्य (खाने योग्य) पदार्थ का नियम कर देने पर [उनसे भिन्न] अभक्ष्य (न खाने योग्य) पदार्थों का प्रतिषेध स्वतः प्रतीत हो जाता है। उदाहरणार्थ—"पाँच नाखूनों वाले पाँच प्राणी खाये जा सकते हैं।"[१] ऐसा कह देने पर यह (स्वतः) प्रतीत हो जाता है कि—'उन पाँच के अतिरिक्त पाँच नाखूनों वाले अन्य प्राणी भक्ष्य नहीं है।' [यदि माँसभक्षण के बिना रहना संभव नहीं है तो केवल पाँच प्राणियों का मांस खाया जा सकता है छठे किसी का नहीं]।

अथवा अभक्ष्य (न खाने योग्य) का प्रतिषेध करने से भक्ष्य (खाने योग्य) पदार्थों का नियम हो जाता है। उदाहरणार्थ—"गाँववाला (पालतू) मुर्गा अभक्ष्य है गाँववाला (पालतू) सुअर अभक्ष्य है।" ऐसा कह देने पर यह स्वतः प्रतीत हो जाता है कि [उनसे भिन्न अर्थात्] जंगली मुर्गा और सुअर भक्ष्य है।

पूर्वोक्त स्थिति प्रस्तुत प्रसंग में भी है। [समझनी चाहिए।]

यदि केवल शुद्ध शब्दों का उपदेश (प्रतिपादन) किया जाय तो 'गौ' ऐसा कहा जाने पर यह स्वतः ज्ञात हो जाता है कि "गावी, गोणी" आदि अशुद्ध शब्द हैं। [शुद्ध कह देने पर उससे भिन्न की अशुद्धता ज्ञात हो जाती है]।

---

१. पञ्च पञ्चनखा भक्ष्या ब्रह्मक्षत्रेण राघव।
शशकः शल्यकी गोधा खड्गी कूर्मोऽथ पञ्चमः ॥
(वा. रा. कि. कां १३।)

अथाप्यपशब्दोपदेशः क्रियते, गाव्यादिषूपदिष्टेषु गम्यत एतद्-गौरित्येष शब्द इति ।।

'प्रदीपः'

पञ्चेति । अर्थित्वाद्भक्षणं प्राप्तं पञ्चसु पञ्चनखेषु नियम्यमानं सामर्थ्यादन्येभ्यो निवर्तते । न त्वयं विधिः, अप्राप्तेरभावात् ।।

'भावबोधिनी'

यदि केवल अशुद्ध शब्दों का उपदेश (प्रतिपादन) कर दिया जाय—'गावी' आदि का उपदेश कर देने पर यह स्वतः ज्ञात हो जाता है कि 'गौः' यह शुद्ध शब्द है ।

विमर्श—यह देखा जाता है कि किसी चिकित्सक ने कहा कि 'ये ये चीजें खानी हैं ।' रोगी समझ लेता है कि उनसे भिन्न नहीं खानी हैं । उसी प्रकार यदि वह कहता है "ये ये चीजें नही खानीं है" तो रोगी समझ लेता है कि उनसे भिन्न सभी चीजें खाईं जा सकती हैं । ठीक इसी प्रकार शब्दानुशासन में भी समझना चाहिए । यदि इसमें शुद्ध शब्द कह दिये जाते हैं तो उनसे भिन्न अशुद्धों का ज्ञान और यदि अशुद्ध शब्द कह दिए जाते हैं तो उनसे भिन्न शुद्ध शब्दों का ज्ञान अपने आप हो जाता है । अतः किसी एक प्रकार के शब्दों का ही अनुशासन करने की आवश्यकता है ।

भाष्य में 'नियम' शब्द का प्रयोग परिसंख्या के अभिप्राय से है । मीमांसा शास्त्र में इस विषय में यह प्रसिद्ध है—

"विधिरत्यन्तमप्राप्तौ नियमः पाक्षिके सति ।
तत्र चान्यन्य च प्राप्तौ परिसंख्येति गीयते ।।"

(१) विधि=अपूर्व-विधान । किसी अन्य वचन से अप्राप्त कार्य का विधान । जैसे 'व्रीहीन् प्रोक्षति' (=धान पर जल छोड़ता है=छोड़ना चाहिए) । यह प्रथमतया वचन होने से विधि है । (२) अनेक प्रकार से करना सम्भव रहने पर एक ही प्रकार से करना 'नियम' है । जैसे–धान का छिलका हटाना (वितुषीकरण) कूट कर या छील कर दोनों प्रकार सें सम्भव है । इसमें 'व्रीहीनवहन्ति'–(धान का अवघात= कूटना करे) इस वचन से छीलना आदि रोक कर केवल कूटना ही होता है । (३) एक ही काल में कई में प्राप्तियाँ रहते किसी एक में नियम करना=परिसंख्या है । जैसे मनुष्य मांसभक्षण करना चाहता है । इसमें यह वचन है 'पञ्च पञ्चनखा भक्ष्याः ।' पाँच नाखूनवाले शशक आदि पाँच ही प्राणी खाने योग्य हैं उनसे भिन्न नहीं खाये जा सकते । अतः अन्यनिवृत्ति कराना परिसंख्या का फल होता है ।

"पञ्च पञ्चनखा भक्ष्या ब्रह्मक्षत्रेण राघव ।
शशकः शल्यकी गोधा खड्गी कूर्मोऽथ पञ्चमः ।।

(आक्षेपभाष्यम्)

किं पुनरत्र ज्यायः ?

(समाधानभाष्यम्)

लघुत्वाच्छब्दोपदेशः ।

लघीयाञ्छब्दोपदेशः । गरीयानपशब्दोपदेशः । एकैकस्य शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः । तद्यथा—गौरित्यस्य शब्दस्य गावीगोणीगोतागोपोतलिकेत्येवमादयोऽपभ्रंशाः । इष्टान्वाख्यानं खल्वपि भवति ॥

(शब्दोपदेशपद्धतिनिर्णयः)

(आक्षेपभाष्यम्)

अथैतस्मिञ्शब्दोपदेशे सति किं शब्दानां प्रतिपत्तौ प्रतिपदपाठः कर्तव्यः—गौरश्वः पुरुषो हस्ती शकुनिर्मृगो ब्राह्मण इत्येवमादयः शब्दाः पठितव्याः ?

'प्रदीपः'

किं पुनरिति । उभयोपदेशाद् गुरोर्द्वावपि प्रशस्यौ, तयोः को ज्यायानित्यर्थः ।

इष्टेति । साधुशब्दप्रयोगाद्धर्मावाप्तेरित्यर्थः । अथवा उपादेयोपदेशात्साक्षात् प्रतिपत्तिर्भवतीति भावः ॥

बृहस्पतिरिन्द्रायेति । प्रतिपदपाठस्याशक्यत्वं प्रतिपादयितुमयमर्थवादः ॥

'भावबोधिनी'

[अनु०] उपर्युक्त दोनों उपायों में कौन सा अधिक अच्छा है ?

लघु (छोटा या सरल) होने से केवल शुद्ध शब्दों का उपदेश करना ही [अच्छा है] ।

शुद्ध शब्दों का उपदेश (=कथन, अपशब्दों की तुलना में) लघुतर है । अपशब्दों का उपदेश गुरुतर है । क्योंकि एक एक शुद्ध शब्द के अनेक अपभ्रंश शब्दरूप होते हैं ।

उदाहरणार्थ—'गौः' यह एक शुद्ध है इसके—गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका [और आजकल गइया, गाय, गऊ] आदि [जैसे बहुत से] अपभ्रंश हैं । और इष्ट का अन्वाख्यान भी हो जाता है । [शुद्ध शब्दों का उपदेश करने पर धर्मप्राप्ति होने से इष्ट सिद्ध होता है । अथवा व्याकरण का अध्ययन तो शुद्ध शब्दों के ज्ञान के लिए ही होता है अतः उन्हीं का उपदेश करने पर इष्ट का कथन होता है ।]

शब्दोपदेश की प्रक्रिया का निर्णय

यह निर्णीत हो जाने पर कि शुद्ध शब्दों का ही उपदेश करना है, तो क्या शब्दों का ज्ञान करने (=कराने) के लिए प्रतिपद-पाठ करना चाहिए अर्थात् एक एक शब्द

(समाधानभाष्यम्)

नेत्याह। अनभ्युपाय एष शब्दानां प्रतिपत्तौ प्रतिपदपाठः॥ एवं हि श्रूयते—"बृहस्पतिरिन्द्राय दिव्यं वर्षसहस्रं प्रतिपदोक्तानां शब्दानां शब्दपारायणं प्रोवाच न चान्तं जगाम"। बृहस्पतिश्च प्रवक्ता, इन्द्रश्चाध्येता, दिव्यं[1] वर्षसहस्रमध्ययनकालः, न चान्तं जगाम। किं पुनरद्यत्वे। यः सर्वथा चिरं जीवति, वर्षशतं जीवति।

चतुर्भिश्च प्रकारैर्विद्योपयुक्ता भवति—आगमकालेन, स्वाध्यायकालेन,

'प्रदीपः

शब्दानामिति। शब्दपारायणशब्दो योगरूढः शास्त्रविशेषस्य, तत्र प्रतिपदोक्तानामिति विशेषणाभिधानाय गम्यमानार्थस्यापि शब्दानामित्यस्य प्रयोगः।

एकदेशोपयोगादपि लोके उपयुक्तमित्युच्यते, यथा औषधसंस्कृतघृतमात्रैकदेशोपयोगे उपयुक्तं घृतमिति व्यवहारः, तथेह नेति प्रतिपादयति—चतुर्भिरिति। आगमकालो

'भावबोधिनी'

को स्वतन्त्र रूप से पढ़ना चाहिए—गौः, अश्वः, पुरुषः, हस्ती, शकुनिः, मृगः—आदि शब्द पढ़ने चाहिए ?

नहीं—ऐसा कहते हैं। शब्दों के ज्ञान [कराने या करने] में यह प्रतिपदपाठ (प्रत्येक शब्द को अलग-२ से पढ़ना) उचित उपाय नहीं है।

ऐसा सुना जाता है—" (देवगुरु) बृहस्पति ने (देवराज) इन्द्र को एक हजार दिव्य वर्षों तक प्रतिपदोक्त शब्दों का 'शब्दपारायण' पढ़ाया था, परन्तु समाप्ति तक नहीं पहुँच सके, पूरा पढ़ा नहीं सके। बृहस्पति (जैसे परम बुद्धिमान्) आचार्य थे, इन्द्र (जैसे तीक्ष्णबुद्धि) अध्येता (छात्र) थे. दिव्य (देवताओं के) एक हजार वर्ष अध्ययन का काल था, फिर भी समाप्ति तक नहीं पहुंच सके। तब आजकल के विषय में क्या कहा जाय। जो सर्वथा (हर प्रकार की सुविधायें प्राप्त करके भी) अधिक से अधिक जीवित रहता है, केवल सौ वर्षों तक ही जीवित रह सकता है।

और विद्या का उपयोग (सफलता) चार प्रकारों से होता है—(१) आगमकाल (=अध्ययनकाल), (२) स्वाध्यायकाल (=अपने अभ्यास का समय), (३) प्रवचनकाल (=शिष्यों को पढ़ाते समय) और (४) व्यवहारकाल (=सभादि में विद्वानों के

---

१. मनुष्यों का एक वर्ष=१२ महीने देवताओं का एक दिनरात होती है। इस प्रकार=३६०००० मानववर्षों तक इन्द्र ने पढ़ा। (देखें मनुस्मृति १।६७)।

प्रवचनकालेन, व्यवहारकालेनेति। तत्र चास्यागमकालेनैवायुः कृत्स्नं पर्युपयुक्तं स्यात्। तस्मादनभ्युपायः शब्दानां प्रतिपत्तौ प्रतिपदपाठः॥

(आक्षेपभाष्यम्)

कथं तर्हीमे शब्दाः प्रतिपत्तव्याः ?

(समाधानभाष्यम्)

किंचित्सामान्यविशेषवल्लक्षणं प्रवर्त्यम्। येनाल्पेन यत्नेन महतो महतः शब्दौघान् प्रतिपद्येरन्॥

किं पुनस्तत् ?

उत्सर्गापवादौ। कश्चिदुत्सर्गः कर्तव्यः, कश्चिदपवादः॥

(आक्षेपभाष्यम्)

कथञ्जातीयकः पुनरुत्सर्गः कर्तव्यः, कथञ्जातीयकोऽपवादः ?

'प्रदीपः'

=ग्रहणकालः। **स्वाध्यायकालो**=अभ्यासकालः। **प्रवचनकालो**=अध्यापनकालः। **व्यवहारो** याज्ञे कर्मणि॥

किंचिदिति। सामान्यविशेषौ यस्मिंस्तत्सामान्यविशेषवद्। 'कर्मण्यण्', 'आतोऽनुपसर्गे क' इत्यादि।

'भावबोधिनी'

सम्मुख बोलते समय)। [इन चार अवस्थाओं तक पहुँचने के बाद ही अध्ययन की सफलता मानी जाती है]। इन चारों में अध्येता छात्र का सारा जीवन केवल पढ़ते समय में ही बीत जायगा।[१] (वह पढ़ते-पढ़ते ही मर जायगा। आगे की तीन अवस्थायें अपूर्ण ही रह जायेंगी)। इस कारण शब्दों का ज्ञान करने में प्रत्येकपद का पाठ करना (प्रतिपद-पाठ) उचित उपाय नहीं है।

यदि ऐसी स्थिति हैं तो फिर शब्दों का उपदेश (प्रतिपादन) कैसे करना चाहिए ?

सामान्यवाला और विशेषवाला कोई लक्षण (शास्त्र) बनाना चाहिए। [ऐसा शास्त्र बनाना चाहिए जिसमें कुछ सामान्य और कुछ विशेष नियम रहें]। जिससे अल्प प्रयास से ही बड़े से बड़े शब्दसमूह का ज्ञान कर लिया जाय।

वैसे लक्षण=शास्त्र का स्वरूप क्या होगा ?

उत्सर्ग और अपवाद [उस शास्त्र का स्वरूप होगा]। कोई शास्त्र उत्सर्ग रूप बनाना चाहिए और दूसरा (उसका) अपवाद रूप।

किस प्रकार से उत्सर्ग शास्त्र बनाना चाहिए और किस प्रकार से अपवाद शास्त्र ?

---

१ अध्ययन, मनन, अध्यापन और सभादि में ज्ञातविषय का प्रदर्शन करने में सफल होने पर ही विद्या की पूर्ण सफलता मानी जाती है। अल्पायु पुरुष केवल अध्ययन ही कर सकेगा।

(समाधानभाष्यम्)

सामान्येनोत्सर्गः कर्तव्यः। तद्यथा—"कर्मण्यण्" (पा. सू. ३।२।१) तस्य विशेषेणापवादः। तद्यथा—"आतोऽनुपसर्गे कः" (पा. सू. ३।२।२) ॥

— ० —

(जातिव्यक्तिपदार्थनिर्णयाधिकरणम्)

(आक्षेपभाष्यम्)

कि[1] पुनराकृतिः पदार्थः, आहोस्विद् द्रव्यम् ?

'प्रदीपः'

सकलशास्त्रव्यवस्थैकतरपक्षाश्रयणे न सिध्यतीति पक्षद्वयाश्रयणं प्रश्नपूर्वकं करोति–किं पुनरिति। आकृतिपक्षे केवल आश्रीयमाणे 'सकृद्गतौ विप्रतिषेध' इत्यादि नोपपद्यते, केवलेऽपि व्यक्तिपक्षे पुनः प्रसङ्गविज्ञानादित्यादि न घटते। तस्माल्लक्ष्यसिद्धये क्वचित्प्रदेशे कश्चित्पक्षः परिगृह्यते। तत्र जातिवादिन आहुः—

'भावबोधिनी'

सामान्य रूप से उत्सर्ग शास्त्र बनाना चाहिए, जैसे—"कर्मण्यण्" (पा. सू. ३।२।१) [कर्म उपपद रहते सामान्य धातु=धातुमात्र से अण् प्रत्यय होता है]। इसका विशेष शास्त्र से अपवाद कहना चाहिए; जैसे "आतोऽनुपसर्गे कः" (पा. सू. ३।२।३) [उपसर्गरहित आकारान्त धातु से कर्म उपपद रहते 'क' प्रत्यय होता है। इसीलिए—कुभं करोति–इसमें 'अण्' होता है—कुम्भकारः। परन्तु 'गां ददाति' में अपवाद 'क' ही होता है अतः 'गोदः' आदि बनते हैं।]

विमर्श—शब्दों के अनुशासन में प्रत्येक पद का स्वतन्त्र रूप से पाठ करके उनका अनुशासन करना अत्यन्त कठिन (दुष्कर) है। अतः पाणिनि ने उत्सर्ग और अपवाद शास्त्रों द्वारा अनुशासन किया है। इनके अनुसार कुछ सामान्य नियम बना कर उनके लक्ष्यों का ज्ञान कराया जाना चाहिए और शेष शब्दों का ज्ञान अपवाद शास्त्र से। इससे स्पष्ट है कि वे लक्षण=सूत्र की प्रमुखता पर बल देते हैं लक्ष्य=शब्द की प्रमुखता पर नहीं। इसीलिए हम लोग लक्षणैकचक्षुष्क माने जाते हैं। सूत्र के अनुसार लक्ष्य का ज्ञान करते हैं। इसके विपरीत पाणिनि स्वयं लक्ष्यैक-चक्षुष्क थे। उन्होंने लक्ष्यों को देखकर ही सामान्य और विशेष सूत्रों की रचना की थी। परन्तु उनकी पद्धति लक्षण-प्रधान ही है।

जातिपदार्थत्व और व्यक्तिपदार्थत्व का निर्णय

क्या पद का अर्थ आकृति=जाति है अथवा द्रव्य (=व्यक्ति) ?

---

१. 'घटः' आदि पदों से किस अर्थ का ज्ञान होता है—इस विषय में तीन उत्तर हैं—(१) जाति, (२) व्यक्ति, (३) आकार। (भाष्य में यहाँ आकृति शब्द जाति के अर्थ में प्रयुक्त है)। न्यायसूत्र है—जात्याकृतिव्यक्तयस्तु पदार्थः।" इसके अनुसार

'प्रदीपः

जातिरेव शब्देन प्रतिपाद्यते, व्यक्तीनामानन्त्यात्संबन्धग्रहणासम्भवात्। सा च जातिः सर्वव्यक्तिष्वेकाकारप्रत्ययदर्शनादस्तीत्यवसीयते। तत्र गवादयः शब्दा भिन्नद्रव्यसमवेतां जातिमभिदधति। तस्यां प्रतीतायां तदावेशात्तदवच्छिन्नं द्रव्यं प्रतीयते। शुक्लादयः शब्दा गुणसमवेतां जातिमाचक्षते। गुणे तु तत्सम्बन्धात्प्रत्ययः, द्रव्ये सम्बन्धिसम्बन्धात्। संज्ञाशब्दानामप्युत्पत्तिप्रभृत्याविनाशाद् पिण्डस्य कौमारयौवनाद्यवस्थाभेदेऽपि स एवाय-

---

नैयायिक इन तीनों को पद का अर्थ मानते हैं। स्वतन्त्र रूप से और विशिष्ट रूप से अर्थ हैं—इस पर मतभेद है।

मीमांसक केवल जाति अर्थ मानते हैं। व्यक्ति अर्थ में आनन्त्य और व्यभिचार दो दोष हैं। व्यक्ति अनन्तानन्त हैं यदि सभी का ज्ञान मानेंगे तो अनन्त शक्तियों की कल्पना करनी होगी। फलतः आनन्त्य दोष होगा। यदि किसी एक व्यक्ति (द्रव्य) में शक्ति मानते हैं तो अगृहीतशक्तिक दूसरे का बोध नहीं होना चाहिए किन्तु होता है, अतः 'कारणाभावेऽपि कार्यम्' यह व्यभिचार होता है। अतः 'जाति' अर्थ ही मानना उचित है। सभी घटव्यक्तियों में घटत्व जाति रहती है। अतः उक्त दोनों दोषों का प्रसङ्ग नहीं है। जहाँ जाति में कार्य संभव नहीं है वहाँ व्यक्ति का आक्षेप कर तदाश्रित में कार्य किया जाता है। अतः कोई दोष नहीं है।

वैयाकरण उक्त विवाद में नहीं पड़ते हैं। इसीलिए पाणिनि ने दोनों पक्षों के समर्थक सूत्र बनाये हैं। किसी एक पक्ष से शास्त्रीय कार्यों का निर्वाह कठिन है। यदि केवल व्यक्ति ही पदार्थ होता तो उस (व्यक्ति) के बहुत होने से स्वतः बहुवचन सिद्ध है उसके लिए नियम बनाने की कोई आवश्यकता नहीं थी, फिर भी पाणिनि ने "जात्याख्यायामेकस्मिन् बहुवचनमन्यतरस्याम्" (पा. सू. १।२।५८) यह सूत्र बनाया। यह सिद्ध करता है कि जाति पदार्थ है। अतः उसके अर्थ होने पर एकवचन की प्राप्ति में बहुवचन का विधान करना उचित था। इसी प्रकार यदि जाति ही पदार्थ होता तो जाति के एक होने से एक शब्द का ही प्रयोग प्राप्त है उसके लिए "सरूपाणामेकशेष" (पा. सू. १।२।६४) सूत्र बनाने की आवश्यकता नहीं थी। इस सूत्र के बनाने से यह सिद्ध होता है कि व्यक्ति भी पदार्थ है। व्यक्तियों के बहुत होने से बहुवचन में बहुत शब्दों का प्रयोग प्राप्त है उसे रोक कर एक का ही प्रयोग करने के लिए एकशेष-विधायक सूत्र बनाना आवश्यक था। इस प्रकार पाणिनि का दोनों पक्ष मानना सिद्ध है।

(समाधानभाष्यम्)

उभयमित्याह ॥

कथं ज्ञायते ?

उभयथा ह्याचार्येण सूत्राणि पठितानि। आकृतिं पदार्थं मत्वा—"जात्याख्यायामेकस्मिन्बहुवचनमन्यतरस्याम्" (पा० सू० १।२।५८) इत्युच्यते।

द्रव्यं पदार्थं मत्वा "सरूपाणाम्—" (पा० सू० १।२।६४) इत्येकशेष आरभ्यते ॥

— ० —

(शब्दनित्यत्वानित्यत्वविचारभाष्यम्)

(आक्षेपभाष्यम्)

किं पुनर्नित्यः शब्दः, आहोस्वित् कार्यः ?

'प्रदीपः'

मित्यभिन्नप्रत्ययनिमित्ता डित्थत्वादिका जातिर्वाच्या। क्रियास्वपि जातिर्विद्यते, सैव धातुवाच्या। पठति पठतः पठन्तीत्यादेरभिन्नस्य प्रत्ययस्य सद्भावात्तन्निमित्तजात्यभ्युपगमः ॥ व्यक्तिवादिनस्त्वाहुः—शब्दस्य व्यक्तिरेव वाच्या, जातेस्तूपलक्षणभावेनाश्रयणादानन्त्यादिदोषानवकाशः ॥

किं पुनरिति। विप्रतिपत्त्या संशयः। केचिद् ध्वनिव्यङ्ग्यं वर्णात्मकं नित्यं शब्दमाहुः। अन्ये वर्णव्यतिरिक्तं पदस्फोटमिच्छन्ति। वाक्यस्फोटमपरे संगिरन्ते। अन्ये तु ध्वनिरेव शब्दः स च कार्यस्तद्व्यतिरेकेणान्यस्यानुपलम्भादित्याचक्षते ॥

'भावबोधिनी'

[वैयाकरण] दोनों अर्थ हैं—ऐसा कहता है।

कैसे ज्ञात होता हे [कि दोनों अर्थ हैं] ?

आचार्य पाणिनि ने दोनों को अर्थ मानकर सूत्रों का प्रणयन किया है, पाठ किया है। आकृति=जाति को पद का अर्थ मानकर "जात्याख्यायामेकस्मिन् बहुवचनमन्यतरस्याम्" (पा. सू. १।२५८) यह कहा है। और द्रव्य=व्यक्ति को पदार्थ मान कर "सरूपाणामेकशेष एकविभक्तौ" (पा. सू. १।२।६४) इससे एकशेष का आरम्भ (=विधान) किया है।

शब्द की नित्यता-अनित्यता का निर्णय

[मीमांसक ध्वनिव्यङ्ग्य वर्णात्मक नित्य शब्द मानते हैं। वैयाकरण ध्वनिव्यङ्ग्य वर्णातिरिक्त 'स्फोट' रूप नित्य शब्द मानते हैं। किन्तु नैयायिक आदि 'ध्वनि' रूप ही शब्द मानते हैं। अतः शब्द की नित्यता और अनित्यता पर विचार करना आवश्यक है]—

शब्द क्या नित्य है अथवा अनित्य (कार्य). ?

(समाधानभाष्यम्)

संग्रह एतत्प्राधान्येन परीक्षितम्—'नित्यो वा स्यात् कार्यो वेति।' तत्रोक्ता दोषाः, प्रयोजनान्यप्युक्तानि। तत्र त्वेष निर्णयः—यद्येव नित्यः, अथापि कार्यः, उभयथापि लक्षणं प्रवर्त्यमिति ॥

(नित्यशब्दवादेऽपि शास्त्रस्य धर्मजनकताधिकरणम्)

(आक्षेपभाष्यम्)

कथं पुनरिदं भगवतः पाणिनेराचार्यस्य लक्षणं प्रवृत्तम् ?

(१ आक्षेपसाधकवार्तिकप्रथमखण्डम् ॥ १ ॥)

॥ * ॥ सिद्धे शब्दार्थसम्बन्धे ॥ * ॥

(व्याख्याभाष्यम्)

सिद्धे शब्देऽर्थे सम्बन्धे चेति ॥

'प्रदीपः'

संग्रह इति। ग्रन्थविशेषे[१]।

कथं पुनरिति। किमाचार्य एव स्रष्टा शब्दार्थसम्बन्धानाम्, अथ स्मर्तेति प्रश्नः ॥

'भावबोधिनी'

इस विषय में संग्रह[१] नामक(आचार्य व्याडिरचित) ग्रन्थ में मुख्य रूप से विचार-विमर्श किया गया है—'शब्द नित्य है अथवा अनित्य।' उसी में [दोनों पक्षों के] दोष भी कहे गए हैं और प्रयोजन (फल) भी। उसमें यह निर्णय किया गया है—"शब्द नित्य हो अथवा अनित्य (कार्य), दोनों ही अवस्थाओं में लक्षण (व्याकरण सूत्रों) की प्रवृत्ति करनी चाहिए। [व्याकरण का मुख्य उद्देश्य साधुत्व और असाधुत्व का निर्णय करना है, वह दोनों ही पक्षों के लिए आवश्यक है। अतः व्याकरण शास्त्र की उपयोगिता रहती ही है]।

शब्दनित्यत्ववाद में व्याकरण की उपयोगिता

[दोनों पक्षों में व्याकरण की उपयोगिता है। इस स्थिति में] आचार्य पाणिनि का लक्षण (=व्याकरण शास्त्र) किस अभिप्राय को मान कर प्रवृत्त हुआ, बनाया गया है ?[२]

(वा०) 'शब्द, अर्थ और इनके सम्बन्ध के सिद्ध रहते हुए [आचार्य पाणिनि का

---

१. आचार्य व्याडि ने एक लाख श्लोकों वाले 'संग्रह' नामक ग्रन्थ में मुख्य रूप से शब्दशास्त्रीय विषयों पर गंभीर विवेचन किया था। दुःख है कि यह महान् ग्रन्थ आज उपलब्ध नहीं है। यत्र तत्र कुछ वचन ही प्राप्त होते हैं।

२. एवञ्च किमपूर्वशब्दनिष्पादनद्वाराऽर्थ-विशेषसम्बन्धनिष्पादकत्वं शास्त्रस्य,

(वार्तिकघटक-सिद्ध-शब्दार्थनिरूपणभाष्यम्)

(आक्षेपभाष्यम्)

अथ सिद्धशब्दस्य कः पदार्थः ?

(समाधानभाष्यम्)

नित्यपर्यायवाची सिद्धशब्दः ॥

कथं ज्ञायते ?

यत्कूटस्थेष्वविचालिषु भावेषु वर्तते । तद्यथा—सिद्धा द्यौः, सिद्धा पृथिवी, सिद्धमाकाशमिति ॥

'प्रदीपः'

सिद्ध इति । तत्र नित्यः शब्दो जातिस्फोटलक्षणो व्यक्तिस्फोटलक्षणो वा । कार्यशब्दिकानामपि मते प्रवाहनित्यतया । अर्थस्यापि जातिलक्षणस्य नित्यत्वम् । द्रव्यपक्षेऽपि सर्वशब्दानामसत्योपाध्यवच्छिन्नं ब्रह्मतत्त्वं वाच्यमिति नित्यता प्रवाह-नित्यतया वा । सम्बन्धस्यापि व्यवहारपरस्परयानादित्वान्नित्यता ॥

सिद्धशब्दस्य नित्यानित्ययोर्दर्शनात्पृच्छति—**अथेति ।**

नित्येति । नित्यलक्षणस्यार्थस्य पर्यायेण वाचकस्तमेवार्थं कदाचिन्नित्यशब्द आह कदाचित्सिद्धशब्द इत्यर्थः । **कूटस्थेष्विति ।** अविनाशिषु । **अविचालिष्विति ।** देशान्तरप्राप्तिरहितेषु ॥

'भावबोधिनी'

व्याकरण शास्त्र बनाया गया है ।]

(भा०) [1]शब्द, अर्थ और सम्बन्ध के सिद्ध रहने पर [व्याकरण शास्त्र बनाया गया है ।]

यहाँ (वार्त्तिक में) सिद्ध शब्द का क्या अर्थ है ?

यहाँ नित्य का पर्यायवाचक सिद्ध शब्द है ।

यह कैसे ज्ञात होता है ? [यह कैसे जाना जाय कि शब्दार्थ-सम्बन्ध तीनों नित्य हैं ?]

चूंकि कूटस्थ (=अविनाशी) और अविचाली (=अन्यत्र न किये जा सकने वाले) पदार्थों के विषय में (=उन्हें कहने के लिए) 'सिद्ध' शब्द का प्रयोग होता है; जैसे—"द्युलोक सिद्ध है, पृथिवी सिद्ध है, आकाश सिद्ध है ।" [द्युलोक, पृथिवी और आकाश कूटस्थ और अविचाली पदार्थ हैं । अतः इनके लिए 'सिद्ध' शब्द का प्रयोग करना उसकी नित्यार्थता प्रतिपादित करते हैं ।]

किं वा सिद्धशब्दार्थसम्बन्धबोधकत्वमिति प्रश्नार्थं इति तात्पर्यम् । [उद्द्योतः]

१. प्रस्तुत वार्त्तिक कात्यायन का प्रथम वचन है । इसीलिए, आगे भाष्यकार ने 'सिद्धे' का प्रयोग मङ्गलार्थ माना है । इसलिए 'वृद्धिरादैच्' यह प्रथम सूत्र है । 'सिद्धे शब्दार्थसम्बन्धे' यह प्रथम वार्त्तिक है । 'अथ शब्दानुशासनम्' यह प्रथम भाष्यवचन है ।

(आक्षेपभाष्यम्)

ननु च भोः, कार्येष्वपि वर्तते। तद्यथा—सिद्ध ओदनः, सिद्धः सूपः, सिद्धा यवागूरिति। यावता कार्येष्वपि वर्तते, तत्र कुत एतन्नित्यपर्यायवाचिनो ग्रहणम्, न पुनः कार्ये यः सिद्धशब्द इति ?

(समाधानभाष्यम्)

(१) संग्रहे तावत्कार्यप्रतिद्वन्द्विभावान्मन्यामहे नित्यपर्यायवाचिनो ग्रहणमिति। इहापि तदेव ॥

(समाधानान्तरभाष्यम्)

(२) अथवा सन्त्येकपदान्यप्यवधारणानि। तद्यथा—अब्भक्षो वायु-

'प्रदीपः'

ननु चेति। सिद्धशब्दात्क्रियानिष्पन्नोऽप्यर्थोऽवगम्यत इत्यर्थः ॥

संग्रहे तावदिति। तत्र हि 'किं कार्यः शब्दोऽथ सिद्धः' इति पक्षद्वयविचारः कृतः। तत्र कार्यप्रतिपक्षार्थाभिधायी सामर्थ्यात्सिद्धशब्द इति स्थितम्। तत्समानतन्त्रत्वादिहापि तथैव युक्तमित्यर्थः ॥

अथवेति। एवशब्दप्रयोगे द्विपदमवधारणं, द्योतकत्वेनैवशब्दस्यापेक्षणात्। यदा तु द्योतकमन्तरेण सामर्थ्यादवधारणं गम्यते तदा तदेकपदमित्युच्यते। तत्र 'सर्व एवापो

'भावबोधिनी'

क्यों श्रीमन्! [सिद्ध शब्द का प्रयोग] कार्य (कृत्रिम, अनित्य) पदार्थों के विषय में भी (=अनित्य पदार्थों को कहने के लिए भी) होता है। जैसे—ओदन= भात सिद्ध (=बना हुआ) है, सूप=दाल सिद्ध (=तैयार) है, यवागू=लप्सी सिद्ध (=पकी हुई, तैयार) है। चूं कि इस (सिद्ध) शब्द का प्रयोग कार्य=कृत्रिम (अनित्य) अर्थों [को कहने] में भी होता है, तब फिर यह कैसे जाना जा सकता है कि इस वार्त्तिक में नित्य के पर्यायवाचक सिद्ध का ही ग्रहण है, कार्य अर्थ को कहने में प्रयुक्त होने वाले अर्थात् अनित्यार्थक 'सिद्ध' शब्द का नहीं ?

[जब नित्य और अनित्य=कार्य दोनों प्रकार के पदार्थों को कहने में 'सिद्ध' शब्द का प्रयोग होता है तब बिना ठोस कारण के एक पक्ष का समर्थन करना कठिन है। 'सिद्ध' शब्द की नित्य-पर्याय-वाचकता में निम्न चार तर्क दिये गए हैं—]

(१) संग्रह-नामक ग्रन्थ में [सिद्ध शब्द को] कार्य=अनित्य के प्रतिद्वन्द्वी के रूप में [प्रयुक्त] होने के कारण हम समझ लेते हैं कि [वहाँ] नित्य के पर्यायवाचक सिद्ध शब्द का ग्रहण है। उसी प्रकार इस वार्त्तिक में भी वही (नित्य का पर्यायवाची सिद्ध ही) गृहीत है। [दोनों व्याकरण-ग्रन्थ हैं अतः दोनों में सिद्ध का समान अर्थ ही उचित है।]

(२) अथवा एक पदवाले भी अवधारण (नियम) होते हैं। [किसी पद के साथ

भक्ष इति—अप एव भक्षयति, वायुमेव भक्षयतीति गम्यते। एवमिहापि [1]सिद्ध एव, न साध्य इति॥

(समाधानान्तरभाष्यम्)

(३) अथवा पूर्वपदलोपोऽत्र द्रष्टव्यः—अत्यन्तसिद्धः=सिद्ध इति। तद्यथा—देवदत्तो दत्तः, सत्यभामा भामेति॥

'प्रदीपः'

भक्षयन्ती' त्यब्भक्षश्रुतिः सामर्थ्यान्नियममवगमयत्यप एव भक्षयन्तीति। इहापि नित्यानित्यव्यतिरेकेण राश्यन्तराभावात्सिद्धशब्दोपादानान्नियमोऽवगम्यते—सिद्ध एवेति। कार्याणां तु पदार्थानां[2] प्राक्प्रध्वंसा वस्थयोः सिद्धता नास्तीति न ते सिद्धा एव॥

अथवेति। कथं पुनर्देवदत्तशब्दे संज्ञात्वेन विनियुक्ते एकदेशः प्रयुज्यते। न ह्यसौ संज्ञात्वेन विनियुक्तः। न चैकदेशात्स्मर्यमाणस्य समुदायस्य वाचकत्वमुपपद्यते। प्रतीयमानस्य प्रत्यायकत्वासम्भवादुच्चार्यमाणस्यैव वाचकत्वात्। एवं तर्ह्यनुनिष्पादिन्योऽवयवसरूपाः संज्ञा विनियोगकाले विनियुक्ता एव। लोपस्तु वर्णानां साधुत्वं मा भूदित्यन्वाख्यायते। इहापि नित्यानित्ययोर्निष्पन्नत्वाविशेषात्सिद्धश्रुतिरुपात्ता प्रकर्षं गमयति—अत्यन्तसिद्ध इति॥

'भावबोधिनी'

'एव' के रहने पर ही अवधारण[1] की प्रतीति होती है। किन्तु कहीं-कहीं अकेले एक पद से भी अवधारण-नियम प्रतीत हो जाता है]। वह इस प्रकार है—'अब्भक्षः' 'वायुभक्षः' यह कहने पर ['एव'—ही के विना भी उसका अर्थ अर्थात् प्रतीत हो जाता है]—'पानी ही पीता है', 'हवा ही खाता है—ऐसा अर्थ प्रतीत होता है। उसी प्रकार यहाँ (वार्त्तिक में) भी 'सिद्ध ही है' [कभी भी] साध्य—कार्य नहीं है। [वार्त्तिक में 'एव' न रहने पर भी अर्थ में उसे समझ लिया जाता है। इससे भी नित्यपर्यायवाची का ग्रहण फलित होता है]।

(३) अथवा यहाँ पूर्वपद का लोप समझना चाहिए—'अत्यन्तसिद्धः—सिद्ध' है। [वास्तव में 'अत्यन्तसिद्ध' यह है किन्तु अत्यन्त का लोप है। लुप्त होने पर भी उसका अर्थ रहता है। अत्यन्त सिद्ध अर्थात् कभी भी साध्य नहीं।] यह इस प्रकार है—देवदत्तः—दत्तः, सत्यभामा—भामा। [जैसे इनमें दो पदों में एक का लोप हो जाता है उसी प्रकार यहाँ भी 'अत्यन्त सिद्ध' में 'अत्यन्त' पद का लोप समझना चाहिए। परन्तु 'अत्यन्त' का अर्थ रहता ही है।]

---

१. एव शब्द का प्रयोग अन्य की निवृत्ति करता है। जैसे—राम एव पठति। यहाँ 'अन्यः न पठति' यह फलित होता है। वैसे ही 'सिद्ध एव' इससे 'न साध्यः—अनित्यः यह फलित होता है।

२. प्राक्प्रध्वंसाभावयोरिति क्वाचित्कोऽपपाठः—इति छाया।

(समाधानान्तरभाष्यम्)

(४) अथवा "व्याख्यानतो विशेषप्रतिपत्तिर्न हि सन्देहादलक्षणम्" इति नित्यपर्यायवाचिनो ग्रहणमिति व्याख्यास्यामः ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

किं पुनरनेन वर्ण्येन। किं न महता कण्ठेन नित्यशब्द एवोपात्तः यस्मिन्नुपादीयमानेऽसन्देहः स्यात् ?

(समाधानभाष्यम्)

॥ * ॥ मङ्गलार्थम् ॥ * ॥

माङ्गलिक आचार्यो महतः शास्त्रौघस्य मङ्गलार्थं सिद्धशब्दमादितः

'प्रदीपः'

न्यायाद्वा नित्यत्वं शब्दादीनां स्थितमित्याह—अथवेति। नहि संदेहमात्राद-लक्षणता भवति, पुनः प्रमाणान्तरेण निश्चयोत्पादात् ॥

वर्ण्येनेति। प्रयत्नव्याख्यातव्येनेत्यर्थः ॥

माङ्गलिक इति। अगर्हिताभीष्टार्थसिद्धिर्मंगलं, तत्प्रयोजन आचार्यो माङ्ग-लिकः ॥ प्रथन्त इति। अध्ययनस्याविच्छेदात् ॥ वीरपुरुषाणीति। श्रोतॄणां परैर-

'भावबोधिनी'

(४) अथवा 'व्याख्यान से विशेष प्रतिपत्ति=अभीष्ट अर्थ का निर्णय होता है, केवल सन्देह से किसी लक्षण=शास्त्र को अलक्षण=अप्रामाणिक वचन नहीं कहा जा सकता।" इस [व्यवस्था] के अनुसार—'यहाँ नित्य के पर्यायवाची 'सिद्ध' का ग्रहण है—ऐसी व्याख्या करेंगे।

[उक्त चार तर्कों से यह निश्चित हो जाता है कि वार्त्तिक में प्रयुक्त 'सिद्ध' शब्द नित्य का पर्यायवाचक ही है। अतः शब्द, अर्थ और इनका सम्बन्ध—इन तीनों को नित्य मानते हुए ही पाणिनि ने अपना व्याकरण शास्त्र बनाया है]।

इस वर्ण्य (=व्याख्यानयोग्य सिद्ध शब्द के ग्रहण) से क्या [लाभ है], क्यों नहीं महान कण्ठ से [तेज आवाज से] 'नित्य' शब्द का ही ग्रहण कर दिया जिसके उपादान [ग्रहण) से सन्देह ही न होता ?

* मङ्गल के लिए [सिद्ध शब्द का प्रयोग है]।

माङ्गलिक [शिष्यादि की अभीष्टसिद्धि को चाहने वाले] आचार्य कात्यायन विशाल शास्त्रसमूह (=वार्त्तिकसमुदाय) के मङ्गल (साफल्य) के लिए आदि में

प्रयङ्क्ते । मङ्गलादीनि हि शास्त्राणि प्रथन्ते वीरपुरुषाणि च भवन्ति, आयुष्मत्पुरुषाणि चाध्येतारश्च सिद्धार्था यथा स्युरिति ।।

(समाधानभाष्यशेषभाष्यम्)

अयं खलु नित्यशब्दो नावश्यं कूटस्थेष्वविचालिषु भावेषु वर्तते ।।

किं तर्हि ?

आभीक्ष्ण्येपि वर्तते, तद्यथा—नित्यप्रहसितो नित्यप्रजल्पित इति । यावताऽऽभीक्ष्ण्येऽपि वर्तते तत्राप्यनेनैवार्थः स्यात्—"व्यांख्यानतो विशेषप्रतिपत्तिर्न हि सन्देहादलक्षणम्" इति । पश्यति त्वाचार्यो मङ्गलार्थश्चैव सिद्धशब्द आदितः प्रयुक्तो भविष्यति, शक्ष्यामि चैनं नित्यपर्यायवाचिनं

'प्रदीप'

पराजयात् ।। आयुष्मत्पुरुषाणीति । शास्त्रार्थानुष्ठाने धर्मोपचयादायुर्वर्धनात् ।। सिद्धार्था इति । अध्ययननिर्वृत्तिरेव तेषां सिद्धिः ।।

नावश्यमिति । ततश्चाभीक्ष्ण्येन ये शब्दाः प्रयुज्यन्ते आगोपालाङ्गनं तेषामेवान्वाख्यानं स्याद् न विरलप्रयोगाणाम् । विनापि च क्रियापदप्रयोगेणाभीक्ष्ण्यवृत्तिर्नित्य-

'भावबोधिनी'

'सिद्ध' शब्द का प्रयोग करते हैं । क्योंकि जिनके आदि में मङ्गल है ऐसे शास्त्रों का विस्तार (प्रचार) होता है, ऐसे शास्त्र के अध्येता वीर पुरुष और दीर्घायु पुरुष होते हैं, अध्येता सिद्धार्थ [कृतार्थ अपने प्रयोजन में सफल] होते हैं । [इसी कारण कात्यायन ने प्रथम वार्त्तिक में 'सिद्धे' शब्द का प्रयोग किया है ।]

और यह 'नित्य' शब्द भी निश्चित रूप से कूटस्थ [सदा एक रूप में रहने वाले] अविचाली [इधर-उधर न जा सकने वाले] पदार्थों में ही प्रयुक्त होता है, ऐसा आवश्यक नहीं है ।

तो क्या ?

आभीक्ष्ण्य (=पुनः पुनः होना, बहुत अधिक होना) अर्थ में भी नित्य शब्द का प्रयोग होता है । वह इस प्रकार है—नित्यप्रहसित, नित्य-प्रजल्पित । [बहुत या बार-बार हसने वाला, बहुत या बार-बार बोलने वाला । इसमें नित्य का प्रयोग कूटस्थ अविचाली का प्रतिपादक न होकर आभीक्ष्ण्य का ही है ।] चूंकि इस 'नित्य' शब्द का प्रयोग आभीक्ष्ण्य अर्थ में भी होता है तो यहाँ भी इसी नियम से निर्वाह करना होगा—"व्याख्यान से ही विशेष ज्ञान करना" चाहिए, सन्देह हो जाने मात्र से कोई लक्षण=शास्त्र अलक्षण=असंगत नहीं हो जाता ।

वर्णयितुमिति । अतः सिद्धशब्द एवोपात्तो न नित्यशब्दः ॥

(नित्यतासाधकपक्षनिर्णयाधिकरणम्)

(आक्षेपभाष्यम्)

अथ कं पुनः पदार्थं मत्वा एष विग्रहः क्रियते––सिद्धे शब्देऽर्थे सम्बन्धे चेति ?

(समाधानभाष्यम्)

आकृतिमित्याह ॥

कुत एतत् ?

आकृतिर्हि नित्या, द्रव्यमनित्यम् ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

अथ द्रव्ये पदार्थे कथं विग्रहः कर्तव्यः ?

'प्रदीपः'

शब्दः प्रयुज्यते । यथा 'आश्चर्यमनित्ये' 'नित्यवीप्सयोरिति ॥'

'भावबोधिनी'

आचार्य कात्यायन यह देखते हैं कि आदि में प्रयुक्त 'सिद्ध' शब्द मङ्गलार्थ भी होगा और इसे नित्य के पर्यायवाची के रूप व्याख्यात भी कर सकूंगा । [इसे नित्यार्थक भी प्रतिपादित कर सकूंगा] । इसीलिए 'सिद्ध' शब्द का ही उपादान (प्रयोग) किया, नित्य शब्द का नहीं । [इस प्रकार 'सिद्ध' शब्द के ग्रहण से 'मङ्गल' और नित्यार्थ-परता दोनों फलित हो जाते हैं ।]

[जाति, व्यक्ति और आकृति=आकार में] किस को पदार्थ [पद का प्रतिपाद्य] मान कर यह विग्रह किया जाता है—'सिद्धे शब्दे, अर्थे, सम्बन्धे च ?' [शब्द, अर्थ और इनके सम्बन्ध के सिद्ध रहने पर पाणिनि ने अपना व्याकरण शास्त्र बनाया ?]

आकृति को [पदार्थ मान कर 'शब्दे, अर्थे सम्बन्धे च'–यह विग्रह किया गया है ।]—ऐसा कहते हैं ।

यह कैसे ?

चूंकि आकृति नित्य है और द्रव्य अनित्य है । [अतः अर्थ के रूप में आकृति ही ली जानी चाहिए ।]

यदि द्रव्य पदार्थ [पद का अर्थ] हो तो किस प्रकार का विग्रह करना चाहिए ?

(समाधानभाष्यम्)

सिद्धे शब्दे अर्थसम्बन्धे चेति । नित्यो ह्यर्थवतामर्थैरभिसम्बन्धः ।।

(द्रव्यपदार्थाभ्युपगमभाष्यम्)

अथवा द्रव्य एव पदार्थे एष विग्रहो न्याय्यः—सिद्धे शब्दे अर्थे सम्बन्धे चेति । द्रव्यं हि नित्यम्, आकृतिरनित्या ।।

कथं ज्ञायते ?

एवं हि दृश्यते लोके—मृत्कयाचिदाकृत्या युक्ता पिण्डो भवति, पिण्डाकृतिमुपमृद्य घटिकाः क्रियन्ते, घटिकाकृतिमुपमृद्य कुण्डिकाः क्रियन्ते ।

'प्रदीपः'

अर्थसम्बन्धे चेति । द्रव्यपक्षे द्रव्यस्यानित्यत्वादर्थग्रहणं सम्बन्धविशेषणार्थमुपात्तम् ।। अनित्येऽर्थे कथं सम्बन्धस्य नित्यतेति चेद्, योग्यतालक्षणत्वात्सम्बन्धस्य । तस्याश्च शब्दाश्रयत्वात्, शब्दस्य च नित्यत्वाददोषः ।।

द्रव्यं हि नित्यमिति । असत्योपाध्यवच्छिन्नं ब्रह्मतत्त्वं द्रव्यशब्दवाच्य-

'भावबोधिनी'

'सिद्धे शब्दे अर्थसम्बन्धे च'—ऐसा [विग्रह करना चाहिए] । क्योंकि अर्थवान्=शब्दों का अर्थों के साथ सम्बन्ध नित्य है ।

[समाहारद्वन्द्व मानने पर शब्द, अर्थ, सम्बन्ध—इन तीनों को 'सिद्ध' शब्द के साथ अन्वित किया जा सकता है । यदि 'अर्थस्य सम्बन्धः=अर्थसम्बन्धः तस्मिन्—अर्थसम्बन्धे । सिद्धे शब्दे अर्थसम्बन्धे च' ऐसा विग्रह है तो 'अर्थ' के विशेषणीभूत हो जाने से वह 'सिद्धे' के साथ अन्वित नहीं हो सकता । इसमें शब्द और सम्बन्ध की नित्यता है । अर्थ की नित्यता फलित है ।]

अथवा 'द्रव्य को पदार्थ मानने पर ही यह विग्रह उचित है—सिद्धे शब्दे, अर्थे, सम्बन्धे च ।' (शब्द अर्थ और इनके सम्बन्ध के नित्य रहने पर ।) क्योंकि द्रव्य नित्य है, और आकृति अनित्य है ।

कैसे ज्ञात होता है [कि द्रव्य नित्य है और आकृति अनित्य है] ?

लोक मे ऐसा देखा जाता है—मिट्टी किसी आकृति से युक्त एक पिण्ड (गोला) होती है । इस पिण्ड आकृति (आकार) को मिटा कर घटिकाएं (छोटे छोटे घड़े) बनाई जातीं हैं, [फिर] घटिकाओं का आकार मिटा कर कुण्डिकाएं [बड़े-बड़े मृत्पात्र जिनमें अन्नादि रखे जाते हैं.] बनाईं जातीं हैं ।

[मिट्टी की कोई आकृति पक जाने के बाद दूसरी बनाना कठिन है । अतः अब दूसरा उदाहरण देते हैं—]

तथा सुवर्णं कयाचिदाकृत्या युक्तः पिण्डो भवति, पिण्डाकृतिमुपमृद्य रुचकाः क्रियन्ते, रुचकाकृतिमुपमृद्य कटकाः क्रियन्ते, कटकाकृतिमुपमृद्य स्वस्तिकाः क्रियन्ते। पुनरावृत्तः सुवर्णपिण्डः पुनरपरयाकृऽऽत्या युक्तः खदिराङ्गारसवर्णे कुण्डले भवतः। आकृतिरन्या चान्या च भवति, द्रव्यं पुनस्तदेव। आकृत्युपमर्देन द्रव्यमेवावशिष्यते॥

(आकृतिपदार्थाभ्युपगमभाष्यम्)

आकृतावपि पदार्थ एष विग्रहो न्याय्यः–सिद्धे शब्दे अर्थे सम्बन्धे चेति॥

(आक्षेपस्मारणभाष्यम्)

ननु चोक्तम्–आकृतिरनित्या इति॥

(समाधानभाष्यम्)

'प्रदीपः'

मित्यर्थः। आकृतिरिति। संस्थानम्। ब्रह्मदर्शने च गोत्वादिजातेरप्यसत्यत्वादनित्यत्वम्, 'आत्मैवेदं सर्वम्' इति श्रुतिवचनात्॥

'भावबोधिनी'

इसी प्रकार सुवर्ण किसी आकार से युक्त पिण्ड (गोला, सिल्ली) होता है, पिण्ड आकार को मिटा कर 'रुचक' (आभूषणविशेष) बनाये जाते हैं। [फिर] रुचक का आकार मिटा कर कटक (कड़े) बनाए जाते हैं [फिर] कटक (कड़े) का आकार मिटा कर स्वस्तिक [卐 इस आकार वाले आभूषण] बनाए जाते हैं। फिर आवृत्त (गलाया हुआ) सुवर्ण पिण्ड फिर दुबारा किसी अन्य आकृति से युक्त होता हुआ खैर (कत्था) के (जलते हुए) अंगारे के समान दो कुण्डल बन जाते हैं, कुण्डलों के रूप में बदल जाते हैं। आकृति=आकार भिन्न-भिन्न होता रहता है किन्तु द्रव्य तो फिर भी वही बना रहता है। आकृति=आकार के विनाश से द्रव्य ही शेष बचता है।

विमर्श—जाति, आकृति और व्यक्ति ये तीनों पदार्थ हैं। यहाँ भाष्य में आकृति शब्द का प्रयोग जाति और आकार (अवयव-संस्थात) दोनों के लिए किया गया प्रतीत होता है। प्रारम्भ में प्रयुक्त 'आकृति' शब्द जातिपरक है। आगे उदाहरणों में वह आकारपरक है। अतः प्रश्न और समाधान में सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए। आगे फिर कुछ इसी प्रकार का विवेचन है।

[अनु०] आकृति (=आकार) को भी पदार्थ मानने पर यह विग्रह उचित है—'सिद्धे, शब्दे, अर्थे सम्बन्धे च।' (शब्द, अर्थ और सम्बन्ध के नित्य रहने पर।)

ऐसा नहीं कह सकते क्योंकि पहले कहा जा चुका है—'आकृति अनित्य है।'

नैतदस्ति । नित्याऽऽकृतिः ॥

कथम् ?

न क्वचिदुपरतेति कृत्वा सर्वत्रोपरता भवति । द्रव्यान्तरस्था तूपलभ्यते ॥

(समाधानसाधकनित्यलक्षणभाष्यम्)

अथवा नेदमेव नित्यलक्षणम्—ध्रुवं कूटस्थमविचाल्यनपायोपजन-विकार्यनुत्पत्त्यवृद्ध्यव्यययोगि यत्तन्नित्यमिति । तदपि नित्यं यस्मिंस्तत्त्वं न विहन्यते ॥

किं पुनस्तत्त्वम् ?

'प्रदीपः'

न क्वचिदुपरतेति । अनभिव्यक्तेत्यर्थः । अद्वैतेन लोके व्यवहाराभावाद् व्यवहारे चाकृतेरेकाकारपरामर्शहेतुत्वान्नित्यत्वम् ॥

अथवेति । असत्यत्वेऽपि तत्त्वतो लोकव्यवहाराश्रयणेन जातेर्नित्यत्वं साध्यते । त्रिविधा चानित्यता, संसर्गानित्यता यथा—स्फटिकस्य लाक्षाद्युपधाने स्वरूपतिरो-धानेन पररूपभासः । उपधानापगमे स्वरूपप्रतिभासात्परिणामाभावः । परिणामा-नित्यता यथा—बदरीफलस्य श्यामतातिरोभावे लौहित्यस्याविर्भावः । प्रध्वंसा-नित्यता । सर्वात्मना विनाशः । एतत्त्रिविधानित्यताप्रतिक्षेपेण नित्यतां प्रतिपाद-

'भावबोधिनी'

नहीं, ऐसा नहीं है । आकृति नित्य (ही) है ।

कैसे ?

किसी एक द्रव्य में उपरत [अनभिव्यक्त, अप्रत्यक्ष] है—ऐसा मान कर सभी द्रव्यों में उपरत [अनभिव्यक्त] हो जाती है—ऐसा नहीं होता । दूसरे द्रव्यों में रहती हुई उपलब्ध होती ही है । [मिट्टी आदि एक द्रव्य में घट का आकार नष्ट हो जाने पर भी लोहे, ताम्बे, चाँदी आदि द्रव्यों में वह आकृति कहीं-न कहीं तो दिखाई ही देती है ।]

अथवा नित्य का लक्षण यही नहीं है—ध्रुव–कूटस्थ, अविचाली, अपायरूप विकाररहित, उपजनरूप विकाररहित, उत्पत्तिरहित, वृद्धिरहित और व्यय-क्षयरहित [जो होता है वही नित्य है—ऐसा नित्यत्व नहीं है] अपि तु वह भी नित्य है जिसमें तत्त्व का नाश नहीं होता है ।

वह तत्त्व क्या है ?

तस्य भावस्तत्त्वम् ।। आकृतावपि तत्त्वं न विहन्यते ।।

(नित्यानित्यत्वविचारस्याप्रकृतत्वबोधकभाष्यम्)

अथवा किं न एतेन—इदं नित्यमिदमनित्यमिति । यन्नित्यं तं पदार्थं

'प्रदीपः'

यितुमुक्तं—ध्रुवमित्यादि । तत्र ध्रुवं कूटस्थमिति संसर्गानित्यता परिहृता, अविचालीति परिणामानित्यता, अनपायेत्यादिना प्रध्वंसानित्यता[1] ।।

यन्नित्यमिति । बुद्धिप्रतिभासः शब्दार्थो यदा यदा शब्द उच्चारितस्तदा-

'भावबोधिनी'

उसका भाव (=तद्गत धर्म)—तत्त्व है ।[1] आकृति में भी तत्त्व का विनाश नहीं होता है ।

अथवा हम (वैयाकरणों) को इससे क्या लेना देना—'यह नित्य है, यह

---

१. १. भाव पदार्थों के छः विकार होते हैं—(१) जायते, (२) अस्ति, (३) वर्द्धते, (४) विपरिणमते, (५) अपक्षीयते, (६) नश्यति । इनसे अनित्यता सिद्ध होती है । भाष्य में नित्यत्व के विषय में—(१) ध्रुव=कूटस्थ (=अयोघन के समान एक रूप वाला)—यह कहकर संसर्गजन्य अनित्यता का परिहार किया गया है । जैसे—स्फटिक अत्यन्त निर्मल होता है यदि उसके पास रक्त पुष्पादि रख दिया जाय तो वह रक्तिमा उस स्फटिक में भी दिखाई देने लगती है और पुष्पादि हटा देने पर नहीं दिखाई देती है । यह संसर्गानित्यता है । (२) अविचाली—विचाल का अर्थ है—दूसरा रूप उत्पन्न होना, परिणाम । जैसे—दूध का दूसरा रूप दही बनता है । ऐसा कहकर परिणामानित्यता का निराकरण किया है ।

(३) अनपायोपजनविकारि—इस पद में—अपायश्च उपजनश्च—तौ उपायोपजनौ—यह द्वन्द्व करके अपायोपजनौ च तौ विकारौ च—यह कर्मधारय करके अपायोपजन-विकारौ । तौ अस्य स्तः—इसमें इनि प्रत्यय करके—अपायोपजनविकारि । तद्भिन्नम्—अनपायोपजनविकारि—यह एक पद है । अपाय=अपचय=ह्रास । उपजन=वृद्धि । इन दोनों विकारों से रहित । अनुत्पत्ति=उत्पत्तिरहित । अवृद्धि=वृद्धिरहित । अव्यययोगि=व्ययः=नाशः, तेन योगः=सम्बन्धः सः यस्यास्ति—व्यययोगि, तद्भिन्नम्=अव्यययोगि ।

इस प्रकार सर्वविधविकार-रहित को नित्य माना जाता है । परन्तु भाष्यकार का कहना है कि 'नित्यत्व' का यही लक्षण पर्याप्त नहीं है । पदार्थगत भाव=धर्म भी नित्य होता है । उसे मानकर आकृति=अवयवसंस्थान रूप घटादि में रहने वाले घटत्व आदि को नित्य मान कर—सिद्धे शब्दे, अर्थे सम्बन्धे च—यह विग्रह किया जाता है ।

अत्रैष विग्रहः क्रियते—सिद्धे शब्देऽर्थे सम्बन्धे चेति ॥

(प्रत्याक्षेपभाष्यम्)

कथं पुनर्ज्ञायते–सिद्धः शब्दोऽर्थः सम्बन्धश्चेति ?

(१ प्रत्याक्षेपसमाधानवार्तिकद्वितीयखण्डम् ॥ २ ॥)

॥ ❀ ॥ लोकतः ॥ ❀ ॥

(भाष्यम्)

यल्लोकेऽर्थमर्थमुपादाय शब्दान्प्रयुञ्जते, नैषां निर्वृत्तौ यत्नं कुर्वन्ति। ये पुनः कार्या भावा निर्वृत्तौ तावत्तेषां यत्नः क्रियते। तद्यथा–घटेन कार्यं करिष्यन् कुम्भकारकुलं गत्वाह–कुरु घटं कार्यमनेन करिष्यामीति। न तद्वच्छब्दान्प्रयुयुक्षमाणो वैयाकरणकुलं गत्वाह—कुरु शब्दान्प्रयोक्ष्य इति।

'प्रदीपः'

तदाऽर्थाकारा बुद्धिरुपजायते इति प्रवाहनित्यत्वादर्थस्य नित्यत्वमित्यर्थः ॥

लोकत इति। अन्यथा कार्येषु वस्तुषु लोकव्यवहारः, अन्यथा नित्येषु। शाब्दश्च व्यवहारोऽनादिवृद्धव्यवहारपरम्पराव्युपत्तिपूर्वक इति शब्दादीनां नित्यत्वम्। घटादयस्त्वर्थक्रियार्थिभिरन्यत आनीयन्त, उत्पादविनाशयुक्ताश्चोपलभ्यन्ते। नैवं शब्दादयः ॥

'भावबोधिनी'

अनित्य है।' [आपके द्वारा जात्याकृतिव्यक्ति तीनों में] जिसे नित्य पदार्थ माना जाता है उसे ही पदार्थ मानकर विग्रह किया जाता है—सिद्धे शब्दे, अर्थे सम्बन्धे च। [भाव यह है कि वैयाकरणों का पदार्थविशेष की नित्यता में आग्रह नहीं है। जो भी पदार्थ नित्य माना जाय उसे ही वैयाकरण भी मानकर उक्त विग्रह स्वीकार कर लेते हैं।]

यह कैसे ज्ञात होता है कि—शब्द, अर्थ और उनका सम्बन्ध नित्य = सिद्ध हैं ?

(वा०) लोक से [शब्द, अर्थ और सम्बन्ध का नित्यत्व ज्ञात होता है]।

क्योंकि लोक में उस उस (अर्थविशेष) को लेकर [उसे कहने के लिए] शब्दों का प्रयोग करते हैं, परन्तु उन शब्दों के उत्पादन (निर्माण) के लिए कोई यत्न नहीं करते हैं। परन्तु जो कार्य=जन्य पदार्थ होते हैं उनके उत्पादन (निर्माण) में यत्न किया जाता है। उदाहरणार्थ—भविष्य में घट से काम करने वाला व्यक्ति [पहले से ही] कुम्हार के घर जाकर कहता है—'घड़ा बना दीजिए, मैं उससे काम करूँगा।' परन्तु इसी प्रकार भविष्य में शब्दों के प्रयोग करने का इच्छुक व्यक्ति वैयाकरण के कुल में जाकर यह नहीं कहता है—'शब्द बना दीजिए मैं उनका

तावत्येवार्थमुपादाय शब्दान्प्रयुञ्जते ॥

(आक्षेपोपसंहारभाष्यम्)

यदि तर्हि लोक एषु प्रमाणम्, किं शास्त्रेण क्रियते ?

(१ समाधानभूत-वार्त्तिक-तृतीयखण्डम् ॥ ३ ॥)

॥ * ॥ लोकतोऽर्थप्रयुक्ते शब्दप्रयोगे शास्त्रेण धर्मनियमः[१] ॥ * ॥

(भाष्यम्)

लोकतोऽर्थप्रयुक्ते शब्दप्रयोगे शास्त्रेण धर्मनियमः क्रियते ॥

'प्रदीपः'

तावत्येवार्थमिति । बुद्धया वस्तु निरूप्येत्यर्थः ॥

अत्र भाष्यकारेण सम्भवन्तीमप्येकवाक्यतामनाश्रित्य वाक्यत्रयं व्यवस्थापितम्। सिद्धे शब्दार्थसम्बन्धे शास्त्रं प्रवृत्तमित्येकं वाक्यम् । कथं ज्ञायत इति प्रश्ने लोकतो ज्ञायते इति द्वितीयम् । लोकत इत्यस्यावृत्त्या लोकतोऽर्थप्रयुक्त इत्यादि तृतीयम् । शब्दप्रयोग इति प्रयोगग्रहणेन 'प्रयोगाद्धर्मो न तु ज्ञानमात्राद्' इत्युक्तं भवति । अर्थेनात्मप्रत्यायनाय प्रयुक्तोऽर्थप्रयुक्तः ॥

'भावबोधिनी'

प्रयोग करूँगा।' उसके पास बिना गये ही अर्थ को लेकर शब्दों का प्रयोग करता है।

[इस लोकव्यवहार से ज्ञात होता है कि जिसका-जिसका उत्पादन किया जाता है वह-वह अनित्य है। शब्दों का उत्पादन नहीं किया जाता है। अतः लोकव्यवहार शब्द की नित्यता में प्रमाण है।]

व्याकरणशास्त्र द्वारा धर्मनियम

यदि लोक ही इनमें प्रमाण है तो शास्त्र से क्या किया जाता है ?

(वा०) लोक [-व्यवहार] से अर्थ के [बोध कराने के] लिये शब्द का प्रयोग सिद्ध रहने पर व्याकरण शास्त्र द्वारा धर्मनियम [किया जाता है]।

(भा०) लोकव्यवहार से अर्थ के लिए शब्द का प्रयोग सिद्ध रहने पर व्याकरण शास्त्र द्वारा धर्मनियम किया जाता है।

---

१. कुम्हार और घटनिर्माण का दृष्टान्त देखकर शब्द की नित्यता सिद्ध की गई। परन्तु जब शब्द नित्य है, सदैव रहने वाले हैं तब फिर व्याकरण शास्त्र की क्या उपयोगिता ? इसके उत्तर में भाष्यकार का कहना है कि अर्थबोध के लिए शब्द का प्रयोग तो लोकव्यवहार से सिद्ध है परन्तु उससे धर्मप्राप्ति का ज्ञान व्याकरणशास्त्र ही कराता है। वह धर्मनियम करता है। 'धर्मनियमः' यह समासप्रयोग है। इस के तीन अभिप्राय भाष्य में दिए गए हैं, वे विग्रह वाक्य नहीं हैं।

किमिदं धर्मनियम इति ?

धर्माय नियमो--धर्मनियमः, धर्मार्थो वा नियमो--धर्मनियमः, धर्मप्रयोजनो वा नियमो--धर्मनियमः ।।

'प्रदीपः'

धर्माय नियम इति । चतुर्थ्या तादर्थ्यं प्रतिपाद्यते । सम्बन्धसामान्ये तु षष्ठीं विधाय समासः कर्त्तव्यः, चतुर्थीसमासस्य प्रकृतिविकारभाव एव विधानात् । धर्मार्थं इति । धर्मार्थत्वान्नियम एव धर्मशब्देनाभिधीयते इति कर्मधारयः समासः ।। धर्मप्रयोजन इति । लिङ्गादिविषयेण नियोगाख्येन धर्मेण प्रयुक्त इत्यर्थः ।।

'भावबोधिनी'

यह धर्मनियम क्या है ?

(१) धर्म के लिए नियम, (२) धर्मार्थ=धर्मरूप नियम और (३) धर्म है प्रयोजन (=प्रयोजक, प्रवर्त्तक) जिसका ऐसा नियम—यह अभिप्राय 'धर्मनियम' पद का समझना चाहिए ।[१]

---

(१) धर्म=प्रत्यवाय का परिहार । इसके लिए व्याकरण-शास्त्र नियम करता है—'साधुशब्दैरेव भाषितव्यम् ।' यहाँ चतुर्थी-तत्पुरुष नहीं है । क्योंकि तादर्थ्य-चतुर्थी का ही समास होता है । अतः समास के लिए—धर्मस्य नियमः—यह सम्बन्धार्थक षष्ठी माननी चाहिए ।

(२) यदि कोई पदार्थ दूसरे पदार्थ के लिए होता है तो उसमें भी दूसरे पदार्थ का नाम प्रयुक्त कर दिया जाता है—'तादर्थ्यात् ताच्छब्द्यम् ।' नियम धर्म के लिए किया जाता है अतः 'नियम' को भी धर्म कहा जा सकता है । इस स्थिति में दोनों समानार्थक हो जाते हैं और यहाँ कर्मधारय समास होता है । इसमें धर्मरूप नियम यह भावार्थ फलित होता है ।

(३) धर्मप्रयोजनः—इसमें बहुव्रीहि है—धर्मः प्रयोजनः यस्य सः । प्रयोजनः—प्रयुज्यते यः सः—इस प्रकार कर्म अर्थ में ल्युट्=अन है । अतः प्रयोजन=प्रयोज्य अर्थ का बोधक है ।

प्रभाकर आदि मीमांसकों के अनुसार 'सोमेन यजेत' आदि वाक्यघटक लिङ् आदि का अर्थ 'अपूर्व' (=पुण्य) है । [यही मुख्य फल है । यह कालान्तर में प्राप्त होने वाले स्वर्ग की प्राप्ति के पूर्वक्षण तक रहता है । स्वर्गप्राप्ति के साथ-साथ अपूर्व नष्ट होता है । अतः यही स्वर्गादि-प्राप्ति का कारण है ।] यह अपूर्व ही पुरुष को यज्ञादि में प्रवृत्त कराता है, अतः इसे 'नियोग' कहते हैं । यही (अपूर्व, नियोग) धर्म है, यह प्रयोजक है और नियम प्रयोज्य है । यही धर्म मनुष्य को अपशब्द के प्रयोग

(१ वार्तिकचतुर्थखण्डम् ॥ ४ ॥)

॥ ❀ ॥ यथा लौकिकवैदिकेषु ॥ ❀ ॥

(भाष्यम्)

प्रियतद्धिता दाक्षिणात्याः—'यथा लोके वेदे चे'ति प्रयोक्तव्ये 'यथा लौकिकवैदिकेषु' इति प्रयुञ्जते ॥

अथवा युक्त एवात्र तद्धितार्थः । यथा लौकिकेषु वैदिकेषु च कृतान्तेषु ।

(लौकिकसिद्धान्तोपपादकभाष्यम्)

लोके तावद्—'अभक्ष्यो ग्राम्यकुक्कुटः, अभक्ष्यो ग्राम्यसूकरः' इत्युच्यते। भक्ष्यं च नाम क्षुत्प्रतिघातार्थमुपादीयते। शक्यं चानेन

'प्रदीपः'

प्रियतद्धिता इति । नायमपशब्दः, किंतु ये लोकवेदयोर्भवा अवयवास्ते लोकवेद-शब्दाभ्यामभिधातुं शक्यन्ते । आधाराधेयभावकल्पनया तु तद्धितप्रयोगः प्रियतद्धितत्व-निमित्तः । यथा कश्चिद्वनस्पतय इति प्रयुङ्क्ते, कश्चिद्वानस्पत्यमिति समूहप्रत्ययान्तम् ॥

अथवेति । नात्रावयवावयविविभागः, किं तर्हि ? लोकवेदव्यतिरिक्तः सिद्धान्तः शब्दार्थो भवरूप इत्यर्थः ॥ **लौकिकः**—स्मृत्युपनिबद्धः । **वैदिकः**—श्रुत्युपनिबद्धः ॥

'भावबोधिनी'

(वा०) जैसा कि लौकिक और वैदिक [नियमों] में [देखा जाता] है ।

(भा०) दक्षिण वाले [विद्वान्] तद्धित प्रत्ययों को अधिक चाहते हैं । 'जैसा कि लोक में और वेद में' यह कहने के प्रसंग में [मूल शब्द—लोके वेदे—ऐसा न कहकर तद्धित-प्रत्ययान्त] 'यथा लौकिक-वैदेकेषु=जैसा कि लौकिक में और वैदिकों में' [देखा जाता है]—ऐसा प्रयोग करते हैं ।

अथवा यहाँ तद्धित प्रत्यय का अर्थ (भव=होने वाला) ठीक ही है—जैसा कि लौकिक (=लोक में होने वाले) और वैदिक (वेद में होने वाले) कृतान्तों (सिद्धान्तों) में [देखा जाता] है ।

पहले लोक में [धर्मनियम का] उदा० 'गाँव (बस्ती) में होने वाला मुर्गा अभक्ष्य है ।' 'गाँव वाला सुअर अभक्ष्य है'—ऐसा कहा जाता है । भक्ष्य (खाने

से हटाकर शुद्ध शब्द के ही प्रयोग के लिए प्रेरित करता है । अतः धर्मेण=अपूर्वेण, प्रयोजनः-प्रयोज्यः नियमः—यह है ।

प्रथमपक्ष में—धर्माय=प्रत्यवायपरिहाराय नियमः । द्वितीय में—धर्मश्चासौ नियमः । तृतीय में—धर्मप्रयोज्यः नियम :—यह फलित होता है ।

श्वमांसादिभिरपि क्षुत्प्रतिहन्तुम्[1] । तत्र नियमः क्रियते—इदं भक्ष्यमिदमभक्ष्यमिति ॥

तथा—खेदात् स्त्रीषु प्रवृत्तिर्भवति । समानश्च खेदविगमो गम्यायां चागम्यायां च । तत्र नियमः क्रियते—इयं गम्या, इयमगम्येति ॥

'प्रदीपः'

शक्यं चानेनेति । शकेः कर्मसामान्ये लिङ्गसर्वनामनपुंसकयुक्ते कृत्यप्रत्ययः । ततः पदान्तरसम्बन्धादुजायमानमपि स्त्रीत्वं वहिरङ्गत्वादन्तरङ्गसंस्कारं न बाधते इति 'शक्यं क्षुदि'त्युक्तम् । यदा तु पूर्वमेव विशेषविवक्षा तदा 'शक्या क्षुदि'ति भवत्येव । यदा तु प्रतिघातस्यैव क्षुत्कर्म, शकेस्तु प्रतिघातस्तदा 'क्षुधं प्रतिहन्तुं शक्य'-मिति भवति ॥ **खेदादिति** । खेदयतीति खेदो रागः, इन्द्रियनियमासामर्थ्यं वा खेदः ॥

'भावबोधिनी'

योग्य) पदार्थ वह होता है जो क्षुधा की शान्ति के लिए ग्रहण किया जाता है । और भूखा पुरुष कुत्ता के मांसादि से भी अपनी क्षुधा शान्त कर सकता है, पेट भर सकता है । इस स्थिति में यह नियम किया जाता है—'यह भक्ष्य है, यह अभक्ष्य है' अर्थात् इसको खाना चाहिए, इसको नहीं खाना चाहिए ।

और खेद (राग, कामवासनादि) से [पुरुष की] स्त्रियों में प्रवृत्ति होती है [समागम होता है] । उस खेद (राग) की शान्ति तो समागमयोग्य और समागम के अयोग्य दोनों प्रकार की स्त्रियों में एक समान ही होती है । इस स्थिति में [समाज=लोक में] यह नियम किया जाता है कि 'यह स्त्री ही समागम के योग्य है, यह स्त्री समागम के योग्य नहीं है ।'

विमर्श—लोक=समाज में जिस प्रकार सुव्यवस्था के लिए नियम बनाये जाते हैं उसी प्रकार शास्त्र में भी धर्मप्राप्ति के लिए नियम बनाये जाते हैं । लौकिक-नियम का उल्लंघन करना जिस प्रकार क्षम्य नहीं होता है उसी प्रकार शास्त्रीय नियम का भी । अतः भक्ष्य के नियम या विवाहादि के नियमों की उपयोगिता है ।

---

१. "शक्यं चानेन श्वमांसादिभिरपि क्षुत् प्रतिहन्तुम् ।" (१) यहाँ 'क्षुत्' इस कर्म का सम्बन्ध करने के पूर्व लिङ्गसर्वनामनपुंसकयुक्त कर्मसामान्य में 'शक्' से कृत्य=यत् प्रत्यय करना चाहिये और 'शक्यम्' बनाने के बाद 'क्षुध्' इस स्त्रीलिङ्ग कर्म का सम्बन्ध करना चाहिए । अतः पहले किया गया संस्कार नपुंसकत्वादि सुरक्षित रहता है । इस प्रकार से 'क्षुत् प्रतिहन्तुं शक्यम्' शुद्ध है ।

(२) यदि पहले ही कर्मविशेष की विवक्षा करके 'क्षुध्' का सम्बन्ध किया जाय तब सामानाधिकरण्यार्थं स्त्रीलिङ्ग में ही प्रयोग शुद्ध होता है—'क्षुत् प्रतिहन्तुं शक्या ।'

(वैदिकसिद्धान्तोपपादकभाष्यम्)

वेदे खल्वपि—"पयोव्रतो ब्राह्मणो, यवागूव्रतो राजन्यः, आमिक्षाव्रतो वैश्यः" इत्युच्यते। व्रतं च नामाभ्यवहारार्थमुपादीयते। शक्यं चानेन शालि-मांसादीन्यपि व्रतयितुम्। तत्र नियमः क्रियते।

तथा—'बैल्वः खादिरो वा यूपः स्याद्" इत्युच्यते। यूपश्च नाम पश्वनुबन्धार्थमुपादीयते। शक्यं चानेन यत्किञ्चिदेव काष्ठमुच्छ्रित्यानुच्छ्रित्य वा पशुरनुबन्धुम्। तत्र नियमः क्रियते।

तथा अग्नौ कपालान्यधिश्रित्याभिमन्त्रयते—"भृगूणामङ्गिरसां घर्मस्य तपसा तप्यध्वम्" इति। अन्तरेणापि मन्त्रमग्निर्दहनकर्मा कपालानि

'प्रदीपः'

पयोव्रत इति। सत्यामर्थितायां 'पय एव व्रतयती'ति नियमोऽयं न तु विधिः, अर्थित्वाभावे कारणाभावात्॥

'भावबोधिनी'

(अनु०) वेद में भी (नियम धर्मार्थ होता है)—'ब्राह्मण पयोव्रत = केवल दूध पीने वाला हो, राजन्य = क्षत्रिय यवागूव्रत = केवल पतला हलुवा खाने वाला हो, और वैश्य आमिक्षाव्रत = केवल छेना खाने वाला हो। व्रत तो भक्षणार्थ गृहीत होता है। यह [ब्राह्मणादि] शाली (अगहनी धान के चावल) और मांसादि को भी भक्ष्य के रूप में ले सकता है। [दूध, यवागू और आमिक्षा के स्थान पर चावल और मांसादि खाकर भी भूख मिटाई जा सकती है।] इसमें नियम किया जाता है। [नियम का स्वरूप—भूख लगने पर ब्राह्मण को केवल दूध ही पीना चाहिए, क्षत्रिय को यवागू ही खाना चाहिए, वैश्य को आमिक्षा = छेना ही खाना चाहिए।]

उसी प्रकार दूसरा भी नियम है—"यूप (यज्ञीय खूंटा) बेल का अथवा खैर (कत्था) की लकड़ी का ही होना चाहिये।" और यूप तो पशु को बाँधने के लिए लिया जाता है। यह (यज्ञानुष्ठाता) किसी भी पेड़ की लकड़ी को छील-छाल कर अथवा बिना छीले ही पशु को बाँध सकता है। [किसी भी लकड़ी को जमीन में गाड़ कर उसमें पशु को बाँधा जा सकता है।] इसमें नियम किया जाता है [—यज्ञीय पशु को बाँधने के लिए बेल अथवा खैर की लकड़ी का ही यूप होना चाहिये अन्य किसी लकड़ी का नहीं]।

और उसी प्रकार [यज्ञ में] अग्नि के ऊपर कपालों (मिट्टी के पात्रविशेष) को रख कर [इस मन्त्र से] अभिमन्त्रित किया जाता है—"भृगुओं और अङ्गिरस्

(३) यदि प्रतिहनन क्रिया का कर्म 'क्षुध्' हो और यह प्रतिहनन क्रिया 'शक्नोति' क्रिया की कर्म बना दी जाय तो 'क्षुधं प्रतिहन्तुं शक्यम्' यह भी होता है। इन तीनों की शुद्धता कैयटीय प्रदीप में प्रतिपादित है।

सन्तापयति । तत्र च नियमः क्रियते । एवं क्रियमाणमभ्युदयकारि भवतीति ॥

(दार्ष्टान्तिक-उपसंहारभाष्यम्)

एवमिहापि समानायामर्थावगतौ शब्देन चापशब्देन च धर्मनियमः क्रियते – शब्देनैवार्थोऽभिधेयो नापशब्देनेति । एवं क्रियमाणमभ्युदयकारि भवतीति ॥

—०—

'प्रदीपः'

समानायामिति । यद्यपि साक्षादपभ्रंशा न वाचकास्तथापि स्मर्यमाणसाधुशब्दव्यवधानेनार्थं प्रत्याययन्ति । केचिच्चापभ्रंशाः परम्परया निरूढिमागताः साधुशब्दानस्मारयन्त एवार्थं प्रत्याययन्ति ॥ अन्ये तु मन्यन्ते—साधुशब्दवदपभ्रंशा अपि साक्षादर्थस्य वाचका इति ॥

'भावबोधिनी'

गोत्र के ऋषियों के तेज की उष्णता से तप जाओ, उष्ण हो जाओ ।" मन्त्र [के उच्चारण] के विना भी जलाने का कार्य करने वाली अग्नि कपालों को सन्तप्त (गरम) कर ही देगी । इस विषय में नियम किया जाता है [कि मन्त्रोच्चारणपूर्वक ही कपाल सन्तप्त करके यज्ञीय चरुविशेष को पकाना चाहिये] क्योंकि ऐसा करना कल्याणकारक होता है ।

इसी प्रकार प्रस्तुत स्थल में शुद्ध शब्द से और अशुद्ध शब्द से दोनों से अर्थ का ज्ञान समान ही होने पर धर्मनियम किया जाता है—"शुद्ध शब्द के द्वारा ही अर्थ का अभिधान किया जाना चाहिये अशुद्ध के द्वारा नहीं ।" ऐसा करना (शुद्ध शब्द से ही अर्थ का ज्ञान कराना) कल्याणकारक होता है ।

विमर्श—लोकव्यवहार से सिद्ध है कि 'घड़ा' आदि अशुद्ध शब्दों से और 'घटः' आदि शुद्ध शब्दों से अर्थ का ज्ञान तो बराबर एक समान ही होता है, उसमें किसी प्रकार का अन्तर नहीं है । ऐसी स्थिति में शुद्ध शब्दों का ज्ञान प्राप्त करने के लिए व्याकरण के अध्ययन से कोई अतिरिक्त लाभ न होने पर इस शास्त्र की उपयोगिता नहीं है । इस आक्षेप का समाधान करते हुए भाष्यकार ने लिखा है कि धर्मप्राप्ति अतिरिक्त फल है । शुद्ध शब्दों के प्रयोग से अर्थज्ञान कराने के साथ-साथ धर्मप्राप्ति भी होती है । अतः व्याकरणशास्त्रानुमोदित शुद्ध शब्दों का ही प्रयोग करना चाहिए । इसी नियम की चरितार्थता व्याकरण से होती है ।

(अनुपलब्धप्रयोगसाधुशब्दसाधकशास्त्रसार्थक्याधिकरणम्)

(२ आक्षेपवार्तिकम् १ ॥)

॥ ❀ अस्त्यप्रयुक्तः ❀ ॥

(भाष्यम्)

सन्ति वै शब्दा अप्रयुक्ताः । तद्यथा—ऊष, तेर, चक्र, पेचेति ॥

किमतो यत्सन्त्यप्रयुक्ताः ?

प्रयोगाद्धि भवाञ्छब्दानां साधुत्वमध्यवस्यति । य इदानीमप्रयुक्ता नामी साधवः स्युः ॥

(आक्षेपासंगतिबोधकभाष्यम्)

इदं तावद्विप्रतिषिद्धम्—यदुच्यते—'सन्ति वै शब्दा अप्रयुक्ता' इति ।

'प्रदीपः'

अस्त्यप्रयुक्त इति । प्रयोगमूलत्वादस्याः स्मृतेरप्रयुक्तानामप्यन्वाख्यानादप्रामाण्यमाशङ्कते ॥

'भावबोधिनी'

अप्रयुक्त शब्दों का भी शास्त्रीय अन्वाख्यान आवश्यक

(वा०) [कुछ] शब्द अप्रयुक्त भी हैं।

(भा०) कुछ ऐसे भी शब्द हैं जिनका प्रयोग नहीं देखा जाता है, जैसे—ऊष, तेर, चक्र और पेच ।

कुछ शब्द अप्रयुक्त हैं—ऐसा कहने से आपका क्या अभिप्राय है ? [यह प्रश्न उठा कर क्या सिद्ध करना चाहते हो ?]

चूँकि आप प्रयोग से ही शब्दों का साधुत्व निश्चित करते हैं अतः जिनका प्रयोग इस समय नहीं मिलता है वे [आपके अनुसार] साधु [शुद्ध] नहीं हो सकते ।

विमर्श—ऊष, तेर, चक्र, पेच–ये सभी रूप लिट् लकार मध्यमपुरुष बहुवचन में क्रमशः—वस, तॄ, कृ, पच—इन धातुओं के हैं । अनद्यतन परोक्ष भूत में इनका प्रयोग होना चाहिए—तुम रहे थे, तुम तैरे थे, तुमने किया था, तुमने पकाया था—ये अर्थ हैं । परन्तु ऐसे शब्दों का प्रयोग सामान्यतया नहीं होता है, इनके स्थान पर दूसरे शब्दों का प्रयोग कर दिया जाता है । शुद्धता का प्रमाण प्रयोग ही है । अतः जब इनका प्रयोग नहीं किया जाता तो इनमें शास्त्र की प्रवृत्ति भी नहीं होती है। फलतः इनका साधुत्व नहीं बन सकता । प्रश्न करने वाले का यही आशय है ।

(अनु०) यह तो परस्पर-विरुद्ध है—जो यह कहा जाता है कि शब्द हैं किन्तु वे अप्रयुक्त हैं ।

क्योंकि यदि शब्द हैं तो वे अप्रयुक्त नहीं हो सकते । [कारण यह है कि शब्द

यदि सन्ति, नाप्रयुक्ताः ।

अथाप्रयुक्ताः, न सन्ति ।

सन्ति चाप्रयुक्ताश्चेति विप्रतिषिद्धम् । प्रयुञ्जान एव खलु भवानाह—सन्ति शब्दा अप्रयुक्ता इति । कश्चेदानीमन्यो भवज्जातीयकः पुरुषः शब्दानां प्रयोगे साधुः स्यात् ?

(आक्षेपसंगतिसाधकभाष्यम्)

नैतद्विप्रतिषिद्धम् । सन्तीति तावद् ब्रूमः यदेतान् शास्त्रविदः शास्त्रेणानुविदधते ।।

अप्रयुक्ता इति ब्रूमः—यल्लोकेऽप्रयुक्ता इति ।।

यदप्युच्यते—कश्चेदानीमन्यो भवज्जातीयकः पुरुषः शब्दानां प्रयोगे साधुः स्यादिति ।

न ब्रूमोऽस्माभिरप्रयुक्ता इति ।।

'प्रदीपः'

यथा घटादीनां विनाप्यर्थक्रियया सत्त्वं गम्यते नैवं शब्दानाम्, ते हि सर्वदा व्यवहाराय प्रयुज्यमाना सन्तः सत्त्वेनावसीयन्ते इत्याह—इदमिति । कश्चेदानी-मिति । उपहासपरम् ।।

उत्तरं तु शास्त्रदृष्टया प्रकृतिप्रत्ययादिसद्भावादनुमितसत्त्वाः, व्यवहारे तु न

'भावबोधिनी'

घटादि के समान मूर्त पदार्थ नहीं हैं जो बिना प्रयोग के भी रह सकें । शब्दों का अस्तित्व तो प्रयोग के ही अधीन है । अतः यदि अस्तित्व है तो प्रयुक्तत्व भी । ये दोनों नियत है ।]

यदि अप्रयुक्त हैं तो ऐसे शब्द ही नहीं हैं । हैं, किन्तु अप्रयुक्त हैं—ऐसा कहना परस्पर-विरुद्ध है । और आप (प्रश्नकर्ता) इन शब्दों का स्वयं प्रयोग करते हुये भी कह रहे हैं—शब्द हैं किन्तु अप्रयुक्त हैं । इस समय आप जैसा दूसरा कौन व्यक्ति शब्दों के प्रयोग में कुशल (निपुण चालाक) होगा । [भाव यह है कि स्वयं ही प्रयोग करना और ये शब्द अप्रयुक्त हैं—ऐसा कथन आप जैसे महाविद्वान् ही कर सकते हैं । अर्थात् परस्पर-विरोधी वक्तव्य देना बुद्धिमत्ता नहीं है । यहाँ उपहास ध्वनित होता है ।]

यह (मेरा पूर्वोक्त कथन) परस्पर-विरुद्ध नहीं है । "ये शब्द हैं"—यह इसलिए कह रहे हैं कि शास्त्रकार इन शब्दों का शास्त्र द्वारा अन्वाख्यान करते हैं ।

"अप्रयुक्त हैं"—यह इसलिए कह रहे हैं कि लोक में ये शब्द अप्रयुक्त हैं ।

और आप जो यह कह रहे हैं कि इस समय आप जैसा कौन व्यक्ति शब्दों के प्रयोग में निपुण होगा—[यह उपहास भी अनुचित है क्योंकि] हम यह नहीं कहते कि हमारे द्वारा ये अप्रयुक्त हैं ।

किं तर्हि ?
लोकेऽप्रयुक्ता इति ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

ननु च भवानप्यभ्यन्तरो लोके ॥

(समाधानभाष्यम्)

अभ्यन्तरोऽहं लोके, न त्वहं लोकः ॥

(३ आक्षेपबाधकवार्तिकम् ॥ २ ॥)

॥ ❀ ॥ अस्त्यप्रयुक्त इति चेन्नार्थे शब्दप्रयोगात् ॥ ❀ ॥

(भाष्यम्)

अस्त्यप्रयुक्त इति चेत् तन्न ॥
किं कारणम् ?
शब्दप्रयोगात्। अर्थे शब्दाः प्रयुज्यन्ते। सन्ति चैषां शब्दानामर्था

'प्रदीपः'

दृश्यन्त इत्युक्तम् ॥

न त्वहं लोक इति। यथा लोकोऽर्थावगमाय शब्दान् प्रयुङ्क्ते नैवं मयैतेऽर्थे प्रयुक्ताः, अपि तु स्वरूपपदार्थका इत्यर्थः ॥

अर्थे शब्दप्रयोगादिति। अर्थसद्भावः शब्दप्रयोगे लिङ्गम्। न हि विना

'भावबोधिनी'

तो फिर क्या [कहते हो] ?

लोक में इनका प्रयोग नहीं है।

क्यों श्रीमन् ! आप लोक के भीतर नहीं हैं क्या ?

मैं लोक के भीतर (मध्य) तो हूँ किन्तु मैं लोक तो नहीं हूँ। [लोक में शब्दों का प्रयोग अर्थज्ञान के लिए होता है। यहाँ मैंने केवल स्वरूपपरिचय के लिए इनका प्रयोग किया है। अतः यह प्रयोग अन्य लोगों के प्रयोग के समान नहीं मानना चाहिए। अतः इन चार शब्दों का अप्रयोग ही है।]

(वा०) शब्द अप्रयुक्त हैं—ऐसा यदि कहो तो नहीं, क्योंकि अर्थ के लिए शब्द का प्रयोग होता है।

(भा०) शब्द अप्रयुक्त हैं यदि [ऐसा कहो तो] वह नहीं [कह सकते]।

क्या कारण है [कि ऐसा नहीं कह सकते] ?

अर्थ के विषय में [अर्थ को बताने के लिए] शब्द का प्रयोग होता है। अर्थ का ज्ञान कराने के लिए शब्दों का प्रयोग होता है। [ऊष, तेर आदि] इन शब्दों

येष्वर्थेषु प्रयुज्यन्ते ।।

(४ आक्षेपसाधकवार्तिकम् ।। ३ ।।)

।। ❀ ।। अप्रयोगः प्रयोगान्यत्वात् ।। ❀ ।।

(भाष्यम्)

अप्रयोगः खल्वप्येषां शब्दानां न्याय्यः ।।

कुतः ?

प्रयोगान्यत्वाद् । यदेतेषां शब्दानामर्थेऽन्याञ्छब्दान् प्रयुञ्जते । तद्यथा—ऊषेत्यस्य शब्दस्यार्थे—क्व यूयमुषिताः, तेरेत्यस्यार्थे—क्व यूयं तीर्णाः, चक्रेत्यस्यार्थे—क्व यूयं कृतवन्तः । पेचेत्यस्यार्थे—क्व यूयं पक्ववन्त इति ।।

(५ सिद्धान्तसमाधानवार्तिकम् ।। ४ ।।)

।। ❀ ।। अप्रयुक्ते दीर्घसत्रवत् ।। ❀ ।।

'प्रदीपः'

शब्देनार्थप्रत्यायनमुपपद्यते ।।

इतरोऽन्यथासिद्धतामाह—अप्रयोग इति । यतोऽन्ये तेषामर्थानां सन्ति वाचकास्ततो नैषामनुमानमुपपद्यते । यद्यप्यूषेत्यस्य उषिता इति समानार्थो न भवति, परोक्षतादेर्विशेषस्यानवगमात्तथापि तत्प्रत्यायनाय पदान्तरसहितः प्रयुज्यते ।।

'भावबोधिनी'

के अर्थ हैं जिन अर्थों के विषय में [उनका ज्ञान कराने के लिए इन] शब्दों का प्रयोग होता है ।

(वा) [इनका] अप्रयोग होता है क्योंकि दूसरे शब्दों का [प्रयोग होता है ।]

(भा०) ऊष, तेर आदि शब्दों का प्रयोग न होना भी उचित है ।

कैसे उचित है ?

इसलिए उचित है क्योंकि दूसरे शब्दों का प्रयोग होता है। क्योंकि इन शब्दों के अर्थ (को बताने) के लिए लोग दूसरे शब्दों का प्रयोग करते हैं । उदाहरणार्थ—'ऊष'—इस शब्द के अर्थ के विषय में—'क्व यूयम् उषिताः' (तुम कहाँ रहते थे) ? 'तेर' इस शब्द के अर्थ में—'क्व यूयं तीर्णाः' (तुम कहाँ तैरे थे) ? 'चक्र' इस शब्द के अर्थ में 'क्व यूयं कृतवन्तः' (तुमने कहाँ कार्य किया था) ? 'पेच' इस शब्द के अर्थ के विषय में 'क्व यूयं' पक्ववन्तः' (तुमने कहाँ पकाया था) ? [अतः इनके अर्थ को बताने के लिए दूसरे शब्दों का प्रयोग कर दिया जाता है, 'ऊष' 'तेर' आदि शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाता है । अतः इन शब्दों का अप्रयोग ही है ।]

(वा०) अप्रयुक्त होने पर भी दीर्घसत्र के समान (उपदेश करना चाहिए) ।

(भाष्यम्)

यद्यप्ययुक्ताः, अवश्यं दीर्घसत्रवल्लक्षणेनानुविधेयाः । तद्यथा—दीर्घसत्त्राणि वार्षशतिकानि वार्षसहस्रिकाणि च । न चाद्यत्वे कश्चिदप्याहरति । केवलमृषिसम्प्रदायो धर्म इति कृत्वा याज्ञिकाः शास्त्रेणानुविदधते ॥

(६ सिद्धान्तसमाधानवार्तिकम् ॥ ५ ॥

॥ ❀ ॥ सर्वे देशान्तरे ॥ ❀ ॥

(भाष्यम्)

सर्वे खल्वप्येते शब्दा देशान्तरेषु प्रयुज्यन्ते ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

न चैवोपलभ्यन्ते ॥

(समाधानभाष्यम्)

उपलब्धौ यत्नः क्रियताम् ॥

'प्रदीपः'

सम्प्रत्यप्रयुज्यमानानामपि पूर्वं प्रयुक्तत्वादनुशासनं कर्तव्यमित्याह—अप्रयुक्त इति ॥ ऋषिसम्प्रदाय इति । वेदाध्ययनमित्यर्थः ॥

सर्वं इति । इदमत्र तात्पर्यम्—यस्य कस्यचिद्वचनात्प्रयोगाप्रयोगौ न व्यवतिष्ठेते, अपि तु शिष्टानामेव वचनात् ॥

'भावबोधिनी'

(भा०) यद्यपि [ऊष, तेर आदि शब्द] अप्रयुक्त हैं तथापि दीर्घ काल-साध्य सत्र=यज्ञ के समान लक्षण=व्याकरण-सूत्र से अनुविधान (साधनिकाकार्य) करना चाहिये । उदाहरणार्थ—बड़े-बड़े यज्ञ सौ वर्षों तक चलने वाले और हजारों वर्षों तक चलने वाले होते हैं और आजकल (पतञ्जलि के समय में) कोई भी उनका अनुष्ठान नहीं करता है । ऋषिसम्प्रदाय=वेदाध्ययन धर्म है—केवल ऐसा मानकर [लोग अध्ययन करते हैं और] याज्ञिक विद्वान् शास्त्र द्वारा उनका अनुविधान करते हैं । [अतः उन अननुष्ठेय यज्ञों के अनुविधान के समान ही अप्रयुक्त शब्दों का भी अन्वाख्यान व्याकरण से करना उचित है ।]

(वा०) सभी [अप्रयुक्त भी] शब्द दूसरे स्थानों पर ।

(भा०) ये ऊष, तेर आदि सभी शब्द दूसरे स्थानों (देशों) में प्रयुक्त किए जाते हैं ।

परन्तु उपलब्ध नहीं होते हैं ।

उपलब्धि के विषय में यत्न करना चाहिए ।

महान् शब्दस्य प्रयोगविषयः। सप्तद्वीपा वसुमती, त्रयो लोकाः, चत्वारो वेदाः साङ्गाः सरहस्या बहुधा भिन्नाः, एकशतमध्वर्युशाखाः, सहस्रवर्त्मा सामवेदः, एकविंशतिधा बाह्वृच्यं, नवधाथर्वणो वेदः, वाकोवाक्यमितिहासः, पुराणं, वैद्यकमित्येतावाञ्छब्दस्य प्रयोगविषयः। एतावन्तं शब्दस्य प्रयोगविषयमननुनिशम्य 'सन्त्यप्रयुक्ता' इति वचनं केवलं साहसमात्रमेव।

(शब्दानां नियतविषयकत्वदर्शकभाष्यम्)

एतस्मिंश्चातिमहति शब्दस्य प्रयोगविषये ते ते शब्दास्तत्र तत्र नियतविषया दृश्यन्ते। तद्यथा—शवतिर्गतिकर्मा कम्बोजेष्वेव भाषितो भवति, विकार एवैनमार्या भाषन्ते शव इति। हम्मतिः सुराष्ट्रेषु, रंहतिः प्राच्यमध्यमेषु, गमिमेव त्वार्याः प्रयुञ्जते॥ दातिर्लवनार्थे प्राच्येषु, दात्र-

'प्रदीपः

वाकोवाक्यमिति। वाकोवाक्यशब्देनोक्तिप्रत्युक्तिरूपो ग्रन्थ उच्यते—यथा—"किंस्विदावपनं महद् भूमिरावपनं महद्" इति॥ पूर्वचरितसंकीर्तनमितिहासः। वंशाद्यनुकीर्तनं पुराणम्॥

विकार इति। जीवतो मृतावस्था विकारस्तत्रेत्यर्थः॥

'भावबोधिनी'

शब्दों के प्रयोग का विषय (क्षेत्र) बहुत विशाल है। सात द्वीपों वाली पृथिवी है, तीन लोक हैं, चार वेद, वेदाङ्गों सहित और उपनिषदों सहित हैं। इनके अनेक भेद (शाखाएँ) हैं—यजुर्वेद की १०१ शाखाएँ, सामवेद के १००० मार्ग (शाखाएँ) हैं, बह्वृचों का वेद (ऋग्वेद) २१ भेदों वाला है, अथर्ववेद ९ प्रकार का है। वाकोवाक्य (उक्ति प्रत्युक्ति वाला प्रश्न और उत्तरवाला ग्रन्थ है). इतिहास है, पुराण हैं और वैद्यक (आयुर्वेद के अनेक ग्रन्थ) है—यह सब शब्दों के प्रयोग का विषय (क्षेत्र) है। इतने विशाल शब्दप्रयोग के क्षेत्र को बिना जाने हुए 'शब्द अप्रयुक्त भी हैं'—ऐसा कहना केवल दुःसाहस है।

और शब्द-प्रयोग के इस विशाल क्षेत्र में वे (विशिष्ट) शब्द उन-उन (विशिष्ट) अर्थों में नियत देखे जाते हैं [अर्थात् स्थानविशेष में शब्दविशेष किसी अर्थविशेष के लिए ही प्रयुक्त होते देखा जाता है]। वह इस प्रकार है—शव√गमन अर्थ में कम्बोज लोगों में ही बोला जाता है परन्तु आर्य लोग इसका प्रयोग विकार=मृत देहः अर्थ में करते हैं—शव। हम्म√सुराष्ट्र देश में, रंह√प्राच्य और मध्यदेशों में प्रयुक्त होता है परन्तु [इस गमन अर्थ में] आर्य लोग गम√का ही प्रयोग करते हैं। प्राच्य देश में 'दातिः' यह [क्तिन् या क्तिच् प्रत्ययान्त) प्रयुक्त होता है परन्तु उदीच्य देश में 'दात्रम्' [यह ष्ट्रन् प्रत्ययान्त] प्रयुक्त किया जाता है। [इससे

मुदीच्येषु ।

ये चाप्येते भवतोऽप्रयुक्ता अभिमताः शब्दा एतेषामपि प्रयोगो दृश्यते ॥

क्व ?

वेदे । तद्यथा--"सप्तास्ये रेवतीरेवदूष, यद्वो रेवतीरेवत्यां तमूष, यन्मे नरः श्रुत्यं ब्रह्म चक्र । (ऋ. वे. १।१६५।११) यत्रा नश्चक्रा जरसं तनूनाम्" (ऋ. वे. १।८९।९) इति ॥

-०-

(अथ शब्दज्ञानस्य धर्मजनकताधिकरणम्)

(आक्षेपभाष्यम्)

किं पुनः—शब्दस्य ज्ञाने धर्मः, आहोस्वित् प्रयोगे ?

(प्रत्याक्षेपभाष्यम्)

कश्चात्र विशेषः ?

'प्रदीपः'

किं पुनरिति । "एकः शब्दः सम्यग्ज्ञातः शास्त्रान्वितः सुप्रयुक्तः स्वर्गे लोके कामधुग् भवति" (६।१।८४) इति श्रुतिः । तत्र किं सम्यग् ज्ञातः कामधुग् भवति, सुप्रयोगात्तु सम्यग्ज्ञातत्वानुमानमित्यर्थः, आहोस्वित्सुप्रयुक्तः कामधुग् भवति, सुप्रयुक्तत्वं तु सम्यग्ज्ञानादित्यर्थ इति प्रश्नः ॥

'भावबोधिनी

स्पष्ट है कि एक ही अर्थ में अलग-अलग शब्दों का प्रयोग भिन्न-भिन्न स्थानों पर देखा जाता है । अतः अप्रयुक्त शब्द भी कहीं-न-कहीं किसी-न-किसी अर्थ में अवश्य प्राप्त हो सकते हैं ।]

और ये [पूर्वोक्त] शब्द जिन्हें आपने अप्रयुक्त मान रखा है, इनका भी प्रयोग देखा जाता है ।

कहाँ [इनका प्रयोग देखा जाता है] ?

वेद में । वह इस प्रकार है—'सप्तास्ये रेवती रेवदूष, यद्वो रेवतींरेवत्यन्तं तमूष" । [यहाँ 'ऊष' का प्रयोग है ।] "यन्मे नरः श्रुत्यं ब्रह्म चक्र, यत्रा नश्चक्रा जरसं तनूनाम् ।" [इस में 'चक्र' का प्रयोग है । [इसी प्रकार 'तेर' और 'पेच' का भी प्रयोग कहीं-न-कहीं अवश्य मिल सकता हैं । अतः इन्हें अप्रयुक्य नहीं मानना चाहिए । इनका भी अन्वाख्यान करना उचित है ।]

शब्दों के ज्ञान में धर्म है या प्रयोग में ?

क्या शब्द के ज्ञान में धर्म है अथवा प्रयोग में ?

इस प्रश्न में क्या विशेष बात है ?

(७ ज्ञानपक्षदूषणवार्तिकम् ।। १ ।।

।। ❀ ।। ज्ञाने धर्म इति चेत्तथाऽधर्मः ।। ❀ ।।

(भाष्यम्)

ज्ञाने धर्म इति चेत्तथाऽधर्मोऽपि प्राप्नोति । यो हि शब्दान् जानात्यपशब्दानप्यसौ जानाति । यथैव शब्दज्ञाने धर्म एवमपशब्दज्ञानेऽप्यधर्मः ।।

(अधर्माधिक्यप्रदर्शकभाष्यम्)

अथवा भूयानधर्मः प्राप्नोति । भूयांसो ह्यपशब्दाः, अल्पीयांसः शब्दाः । एकैकस्य शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः । तद्यथा—गौरित्यस्य गावीगोणीगोतागोपोतलिकेत्येवमादयोऽपभ्रंशाः ।।

(८ ज्ञानपक्षे दूषणान्तरवार्तिकम् ।। २ ।।

।। ❀ ।। आचारे नियमः ।। ❀ ।।

(भाष्यम्)

आचारे पुनर्ऋषिर्नियमं वेदयते—"तेऽसुरा हेलयो हेलय इति

'प्रदीपः'

ज्ञाने धर्म इति चेदिति । यथा श्लेष्मणः प्रकोपनं स्नेहद्रव्यं, रूक्षं तु वायोस्तथेहापि प्राप्तमिति भावः ।।

आचारे इति । प्रयोगे ।। ऋषिर्वेदः ।।

'भावबोधिनी'

(वा०) यदि ज्ञान में धर्म हो तो वैसे ही अधर्म [भी होना चाहिए] ।

(भा०) यदि [शब्द के] ज्ञान में धर्म होता है—ऐसा [मानते] हो तब तो अधर्म भी प्राप्त होता है । क्योंकि जो व्यक्ति शुद्ध शब्दों को जानता है वह अपशब्दों को भी जानता है । [इसीलिए] जैसे शुद्ध शब्दों के ज्ञान में धर्म होता है उसी प्रकार अपशब्दों के ज्ञान में अधर्म भी होता है ।

अथवा अधर्म अधिक प्राप्त होता है क्योंकि अशुद्ध शब्द बहुत अधिक हैं और शुद्ध शब्द कम हैं । एक एक शुद्ध शब्द के बहुत से अपशब्द (अशुद्ध) हैं । उदाहरणार्थ—'गौः' इस एक शुद्ध शब्द के गावी, गोणी, गोता गोपोतलिका आदि जैसे अनेक अपभ्रंश शब्द हैं । [अतः शुद्ध शब्द कम होने से उनके ज्ञान में धर्म भी कम होगा अशुद्ध शब्द अधिक हैं अतः इनके ज्ञान में अधर्म भी अधिक होगा ।]

(वा०) आचार=प्रयोग में नियम [क्रिया जाता है] ।

(भा०) वेद आचार (प्रयोग) में नियम का ज्ञान कराता है—"वे असुर लोग 'हेलयः हेलयः' ऐसा अशुद्ध उच्चारण करते हुए पराजित हो गए ।" [उच्चा-

कुर्वन्तः पराबभूवुः" इति ॥

(अथ प्रयोगपक्षाङ्गीकारभाष्यम्)

अस्तु तर्हि प्रयोगे ॥

(९ प्रयोगपक्षे दूषणवार्तिकम् ॥ ३ ॥)

॥ ❀ ॥ **प्रयोगे सर्वलोकस्य** ॥ ❀ ॥

(भाष्यम्)

यदि प्रयोगे धर्मः, सर्वो लोकोऽभ्युदयेन युज्येत ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

कश्चेदानीं भवतो मत्सरो, यदि सर्वो लोकोऽभ्युदयेन युज्येत ?

(समाधानभाष्यम्)

न खलु कश्चिन्मत्सरः । प्रयत्नानर्थक्यं तु भवति । फलवता च नाम प्रयत्नेन भवितव्यम् । न च प्रयत्नः फलाद्व्यतिरेच्यः ॥

(समाधानबाधकभाष्यम्)

ननु च ये कृतप्रयत्नास्ते साधीयः शब्दान् प्रयोक्ष्यन्ते, त एव साधीयोऽभ्युदयेन योक्ष्यन्ते ॥

'प्रदीपः'

न च प्रयत्न इति । यदि प्रयत्नेन विना फलं स्यात् प्रयत्नवैयर्थ्यमापद्येतेत्यर्थः ॥

'भावबोधिनी'

रणजन्य पाप से ही असुरों की पराजय हुई थी । अतः ज्ञान में धर्म-अधर्म की प्राप्ति मानना ठीक नहीं है ।]

[ज्ञान में धर्माधर्म-प्राप्ति की व्यवस्था ठीक से उपपन्न नहीं हो पाती है] यदि ऐसी बात है तो प्रयोग में [ही धर्माधर्म की प्राप्ति] हो [समझनी चाहिए ।]

(वा०) प्रयोग में सभी लोगों का [अभ्युदय होने लगेगा] ।

(भा०) यदि प्रयोग में धर्म होता है तो सभी लोग अभ्युदय से युक्त हो जायेंगे । [ज्ञानी, अज्ञानी प्रयोक्तामात्र को धर्म मिलने लगेगा ।]

यदि सभी लोगों को धर्म=अभ्युदय प्राप्त होने लगेगा तो इसमें आपको क्या जलन (ईर्ष्या) है ?

हमें कोई जलन नहीं है, परन्तु प्रयत्न अनर्थक होने लगेगा । प्रयत्न फलवाला ही होना चाहिए । प्रयत्न को कभी भी फल से रहित नहीं होना चाहिए । [जो भी यत्न किया जाय उसका कोई न कोई फल होना ही चाहिए ।]

अरे ! जिन्होंने [व्याकरणाध्ययन में] प्रयत्न किया है वे [अन्य लोगों की अपेक्षा] अच्छा प्रयोग करेंगे [अधिक शुद्ध प्रयोग करेंगे] इसलिए अभ्युदय=धर्म-

(समाधानसाधकभाष्यम्)

व्यतिरेकोऽपि वै लक्ष्यते। दृश्यन्ते हि कृतप्रयत्नाश्चाप्रवीणाः, अकृत-प्रयत्नाश्च प्रवीणाः। तत्र फलव्यतिरेकोऽपि स्यात्।

(पक्षद्वयनिराकरणोपसंहारभाष्यम्)

एवं तर्हि—नापि ज्ञान एव धर्मो नापि प्रयोग एव॥

किं तर्हि ?

(१० सिद्धान्तसमाधानवार्तिकम्॥ ४)

॥ * ॥ शास्त्रपूर्वके प्रयोगेऽभ्युदयस्तत्तुल्यं वेदशब्देन॥ * ॥

(भाष्यम्)

शास्त्रपूर्वकं यः शब्दान् प्रयुङ्क्ते सोऽभ्युदयेन युज्यते। तत्तुल्यं वेद-शब्देन। वेदशब्दा अप्येवमभिवदन्ति "योऽग्निष्टोमेन यजते य उ चैन-

'प्रदीपः'

व्यतिरेक इति। परिहासः॥

तत्तुल्यमिति। वेदः शब्दो यस्यार्थस्य स वेदशब्दस्तस्य यथा ज्ञात्वानुष्ठानं तथा

'भावबोधिनी'

प्राप्ति से भी अधिक युक्त होंगे। [उन्हें धर्म भी अधिक प्राप्त होगा।]

[इस सन्दर्भ में] व्यतिरेक (उल्टापन) भी देखा जाता है। [व्याकरणा-ध्ययन में] परिश्रम किए हुए भी अकुशल देख जाते हैं और परिश्रम न करने वाले भी कुशल देखे जाते हैं। इसमें [जैसे प्रवीणता=कुशलता में अन्तर देखा जाता है उसी प्रकार] फल में भी वैपरीत्य होगा। [अधिक प्रयत्न वाले को कम फल और कम प्रयत्न वाले को अधिक फल मिलने लगेगा। अतः केवल प्रयोग में धर्माधर्म की प्राप्ति माननी ठीक नहीं है।]

यदि ऐसा (केवल ज्ञान और केवल प्रयोग में दोष) है तो—न केवल ज्ञान में और न केवल प्रयोग में ही धर्म प्राप्त होता है।

तो क्या (निष्कर्ष) है ?

(वा०) शास्त्र (–ज्ञान–) पूर्वक प्रयोग में अभ्युदय होता है, यह वेदशब्द के तुल्य है।

(भा०) जो शास्त्र (–ज्ञान–) पूर्वक शब्दों का प्रयोग करता है वह अभ्युदय से युक्त होता है। यह वेदशब्द के तुल्य है। वेद रूप शब्द भी ऐसा ही कहते हैं— "जो अग्निष्टोम याग करता है, जो इसे (शास्त्र द्वारा) जानता है, जो नाचिकेत अग्नि का चयन करता है, जो इसे शास्त्र से जानता है।" ['पाठक्रमादार्थक्रमो

मेवं वेद" "योऽग्निं नाचिकेतं चिनुते य उ चैनमेवं वेद" ॥

(व्याख्यान्तरभाष्यम्)

अपर आह—"तत्तुल्यं वेदशब्देनेति" । यथा वेदशब्दा नियमपूर्वमधीताः फलवन्तो भवन्त्येवं यः शास्त्रपूर्वकं शब्दान्प्रयुङ्क्ते सोऽभ्युदयेन युज्यत इति ।

(प्रथमपक्षाभ्युपगमाष्यन्)

अथ वा पुनरस्तु—ज्ञान एव धर्म इति ॥

(आक्षेपनिराकरणभाष्यम्)

ननु चोक्तम् * ज्ञाने धर्म इति चेत्तथाऽधर्मः * इति ॥

'प्रदीपः'

शब्दानामपि प्रकृत्यादिविभागज्ञानपूर्वकः प्रयोग इत्यर्थः ॥

अपर आहेति । वेदश्चासौ शब्दश्च—वेदशब्द इति कर्मधारयः ॥

'भावबोधिनी'

बलीयान्' इस नियम के अनुसार उक्त मन्त्र के वाक्यों का क्रम परिवर्तित करके 'जो शास्त्र से जानता है, जो अग्निष्टोम याग करता है, जो शास्त्र से जानता है, जो नाचिकेत अग्नि का चयन करता है—ऐसा अर्थ करना चाहिए । इसमें ज्ञान-पूर्वक अनुष्ठान से धर्मप्राप्ति का समर्थन वेदवाक्य से होता है । इसी प्रकार जो पाणिन्यादि के व्याकरण शास्त्र का ज्ञान करते हुए शब्दप्रयोग करता है वह अभ्युदय से युक्त होता है । यह मानना चाहिए ।]

दूसरा व्याख्याकार कहता हैं ···

(वा०) वह वेद शब्द के तुल्य है ।

(भा०) जिस प्रकार नियमपूर्वक पढ़े गए वेदशब्द फलवाले (अभीष्ट फल-प्रद) होते हैं उसी प्रकार जो व्यक्ति शास्त्रज्ञानपूर्वक शब्दों का प्रयोग करता है वह अभ्युदय से युक्त होता है [पुण्यलाभ करता है] ।

[ज्ञान-विशिष्ट प्रयोग में गौरव होता है अतः अब सिद्धान्तपक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है—]

अथवा फिर यही (पक्ष) रहे—

(वा०) केवल ज्ञान में धर्म (होता है) ।

(भा०) अरे, अभी कहा गया था—'[शुद्ध शब्दों के] ज्ञान में धर्म होता है तो अधर्म भी होता है ।' [क्योंकि जैसे शुद्ध शब्दों के ज्ञान में धर्म होता है वैसे ही अशुद्ध शब्दों के ज्ञान में अधर्म भी होता है ।]

(आक्षेपनिराकरणभाष्यम्)

नैष दोषः, शब्दप्रमाणका वयम्, यच्छब्द आह तदस्माकं प्रमाणम्। शब्दश्च शब्दज्ञाने धर्ममाह, नापशब्दज्ञानेऽधर्मम्॥ यच्च पुनरशिष्टाप्रतिषिद्धम्, नैव तद्दोषाय भवति, नाभ्युदयाय। तद्यथा—हिक्कितहसितकण्डूयितानि नैव दोषाय भवन्ति, नाभ्युदयाय॥

(समाधानान्तरभाष्यम्)

अथवाऽभ्युपाय एवापशब्दज्ञानं शब्दज्ञाने। यो ह्यपशब्दाञ्जानाति शब्दानप्यसौ जानाति। तदेवं 'ज्ञाने धर्मः' इति ब्रुवतोऽर्थादापन्नं भवति—'अपशब्दज्ञानपूर्वके शब्दज्ञाने धर्मः' इति॥

'प्रदीपः'

अथवेति। अपशब्दज्ञाननान्तरीयकत्वाच्छब्दज्ञानस्य पृथक् फलमपशब्दज्ञानस्य नास्तीत्यर्थः॥

'भावबोधिनी'

यह (उपर्युक्त) दोष नहीं है। हम वैयाकरण शब्द को प्रमाण मानने वाले हैं, शब्द जो कहता है वह हमारा प्रमाण है। ["एकः शब्दः सम्यग्ज्ञातः सुप्रयुक्तः स्वर्गे लोके कामधुग् भवति' एड़ वेद रूप] शब्द शुद्ध शब्द के ज्ञान में धर्म कहता (बतलाता) है, अपशब्द के ज्ञान में अधर्म नहीं कहता है और जिसका अनुशासन और प्रतिषेध नहीं होता है वह न तो दोष के लिए होता है और न अभ्युदय के लिए। जैसे कि—हिचकी लेना, हँसना, खुजलाना (कण्डूयित)—ये न तो दोष के लिए होते हैं और न अभ्युदय के लिए। [इन कार्यों को करने का न तो कहीं विधान है और न कहीं निषेध। अतः यज्ञादि में इनके करने या न करने पर किसी प्रकार की लाभ-हानि नहीं होती है।]

[यदि तुल्य न्याय से अर्थतः अधर्म की प्राप्ति होना मान ही लें—इसके समाधान में कहते हैं—] अथवा अपशब्दों का ज्ञान शुद्ध शब्दों के ज्ञान में अभ्युपाय=सहकारी कारण है। क्योंकि जो अपशब्दों को जानता है वह शुद्ध शब्दों को भी जानता है। इसलिए 'ज्ञान में धर्म होता है' ऐसा कहने वाले को अर्थ [के बल] से यह प्राप्त (ज्ञात) हो जाता है—"अपशब्द-ज्ञानपूर्वक शुद्ध शब्दों के ज्ञान में धर्म होता है।" [जिस प्रकार 'अग्निमानय' ऐसा कहने पर किसी पात्रादि में रखकर ही आग लाई जाती है, अकेली नहीं। उसी प्रकार 'शब्दज्ञान में धर्म होता है' यह कहने पर स्वतः प्रतीत हो जाता है कि अपशब्द-ज्ञानपूर्वक शुद्ध शब्द के ज्ञान में धर्म प्राप्त होता है।]

(समाधानान्तरे न्यायदर्शकभाष्यम्)

अथ वा कूपखानकवदेतद्भविष्यति। तद्यथा-कूपखानकः कूपं खनन् यद्यपि मृदा पांसुभिश्चावकीर्णो भवति। सोऽप्सु संजातासु तत एव तं गुणमासादयति। येन च स दोषो निर्हण्यते; भूयसा चाभ्युदयेन योगो भवति। एवमिहापि यद्यप्यपशब्दज्ञानेऽधर्मस्तथापि यस्त्वसौ शब्दज्ञाने धर्मस्तेन च स दोषो निर्घानिष्यते भूयसा चाभ्युदयेन योगो भविष्यति ॥

(द्वितीयदूषणनिराकरणभाष्यम्)

यदप्युच्यते—०आचारे नियमः० इति ॥

याज्ञे कर्मणि स नियमोऽन्यत्रानियमः। एवं हि श्रूयते—'यर्वाणस्तर्वाणो नाम ऋषयो बभूवुः प्रत्यक्षधर्माणः परापरज्ञाः विदितवेदितव्या अधिगत-

'प्रदीपः'

दोष इति। उत्कृष्टधर्मफलावाप्तौ स्वल्पमधर्मफलमुत्पन्नमप्यनुत्पन्नकल्पं भवतीत्यर्थः ॥

'भावबोधिनी'

[पूर्वोक्त समाधान में कोई विशेषता नहीं कही गई है अतः अब दूसरा समाधान कहते हैं—]

अथवा 'कुआँ खोदने वाले के समान यह होगा।' जैसे कुआँ खोदने वाला (श्रमिक) कुआँ खोदता हुआ यद्यपि मिट्टी और धूलि (कीचड़) से लिप्त हो जाता है, पानी निकल आने पर वह श्रमिक उसी (पानी) से वह गुण (विशेषता) प्राप्त करता है जिससे वह (मलिनतारूपी) दोष नष्ट कर दिया जाता है और बहुत अधिक अभ्युदय से योग होता है, बहुत धर्म मिलता है। इसी प्रकार यहाँ भी यद्यपि अपशब्द के ज्ञान में अधर्म प्राप्त होता है तथापि यहाँ शब्दज्ञान में जो धर्म प्राप्त होता है उससे उस (अपशब्द-ज्ञान जन्य अधर्म) का नाश कर दिया जायगा और बहुत अधिक अभ्युदय से योग होगा, बहुत धर्म प्राप्त होगा। [अतः धर्म से अधर्म का नाश हो जाने के कारण ज्ञान में ही धर्मप्राप्ति माननी उचित है।]

और जो यह कहा जाता है—"आचार=प्रयोग में [शुद्ध शब्दके प्रयोग करने का] नियम है।"

वह नियम तो यज्ञसंम्बन्धी कर्म में है, अन्यत्र कहीं नियम नहीं है। ऐसा सुना जाता है (वेद में ऐसा है)—"यर्वाण तर्वाण नाम के ऋषि हुए थे, वे धर्म का साक्षात्कार करने वाले, पर और अपर (विद्या) को जानने वाले, जानने योग्य पदार्थमात्र को जानने वाले, [सभी पदार्थों की] वास्तविकता को जानने वाले थे।" पूजनीय वे ऋषि लोग 'यद्वा नः, तद्वा नः' [जो कुछ हमारे लिए है, वह

याथातथ्क्षाः ।' ते 'तत्रभवन्तो यद्वा नस्तद्वा न' इति प्रयोक्तव्ये 'यर्वाणस्तर्वाण' इति प्रयुञ्जते, याज्ञे पुनः कर्मणि नापभाषन्ते ॥ तैः पुनरसुरैर्याज्ञे कर्मण्यपभाषितम्, ततस्ते पराभूताः ॥

— ० —

(अथ व्याकरणपदार्थनिरूपणाधिकरणम्)

(आक्षेपभाष्यम्)

अथ व्याकरणमित्यस्य शब्दस्य कः पदार्थः ?

(समाधानभाष्यम्)

सूत्रम् ॥

'प्रदीपः'

प्रत्यक्षधर्माण इति । योगजप्रत्यक्षेण [योगिप्रत्यक्षेण] सर्वं विदितवन्तः ॥ परापरज्ञा इति । विद्याऽविद्याविभागज्ञाः ॥

अथेति । उक्तमिदं "न चान्तरेण व्याकरण" मित्यादि । तत्र पक्षद्वयेऽपि दोषदर्शनात् पदार्थप्रश्नः ॥

'भावबोधिनी'

हमारे लिए हो] इसे प्रयोग करने के स्थान पर 'यर्वाणः, तर्वाणः' ऐसा प्रयुक्त करते थे परन्तु यज्ञसम्बन्धी कार्य में अपभाषण ('यर्वाणः, तर्वाणः') नहीं करते थे । परन्तु उन असुरों ने यज्ञसम्बन्धी कार्य में [हेलयो हेलयः–यह] अशुद्ध उच्चारण किया, इसलिए वें असुर पराजित हो गए । [इस प्रकार केवल यज्ञ कर्म में ही शुद्ध बोलने की अनिवार्यता है । सामान्य-व्यवहार में जैसे ऋषि यर्वाण तर्वाण बोलने से इन्हीं नामों से प्रसिद्ध हो गए थे उसी प्रकार कोई भी अशुद्ध प्रयोग करे तो उसे सामान्यतया दोष नहीं होता है । अतः ज्ञान में ही धर्म की प्राप्ति माननी चाहिए ।]

व्याकरण पद का वाच्यार्थ

[व्यवहार में यह देखा जाता है कि केवल सूत्र पढ़ने पर भी कहा जाता है कि 'व्याकरण' पढ़ता है और जब रूपसिद्धिद्वारा शब्द पढ़ता है तब भी कहा जाता है 'व्याकरण' पढ़ता है । इस प्रकार सूत्र और शब्द दोनों को व्याकरण समझा जाता है । अतः यहाँ स्पष्ट करना आवश्यक है कि व्याकरण से कौन सा अर्थ लिया जाय—सूत्र, शब्द या दोनों ।]

व्याकरण—इस शब्द का क्या अर्थ=पदार्थ है ?

सूत्र—[यह व्याकरण पद का अर्थ है] ।

(११ सूत्रपक्षे आक्षेपवार्त्तिकम् ॥ १ ॥)

॥ * ॥ सूत्रे व्याकरणे षष्ठ्यर्थोऽनुपपन्नः ॥ * ॥

(भाष्यम्)

सूत्रे व्याकरणे षष्ठ्यर्थो नोपपद्यते—'व्याकरणस्य सूत्रम्' इति ॥ किं हि तदन्यत् सूत्राद् व्याकरणम्, यस्यादः सूत्रं स्यात् ॥

(१२ आक्षेपान्तरवार्त्तिकम् ॥ २ ॥)

॥ * ॥ शब्दाप्रतिपत्तिः ॥ * ॥

(भाष्यम्)

शब्दानां चाप्रतिपत्तिः प्राप्नोति—'व्याकरणाच्छब्दान् प्रतिपद्यामहे' इति । नहि सूत्रत एव शब्दान् प्रतिपद्यन्ते ॥

किं तर्हि ?

'प्रदीपः'

षष्ठ्यर्थ इति । द्वाभ्यामपि शब्दाभ्यामष्टाध्याय्याः प्रतिपादनाद्व्यतिरेकाभावः । सामान्यविशेषशब्दतया तु द्वयोः सह प्रयोगो न विरुध्यते, यदा त्वष्टाध्याय्येकदेशः सूत्रशब्देनोच्यते, तदा षष्ठ्यर्थोऽप्युपपद्यते ॥

शब्दाप्रतिपत्तिरिति । न हि व्याख्यानरहितसूत्रमात्रश्रवणाच्छब्दाः प्रतीयन्ते ॥

'भावबोधिनी'

(वा०) व्याकरण का वाच्यार्थ सूत्र होने पर षष्ठी विभक्ति का अर्थ उपपन्न नहीं होता है ।

(भा०) यदि व्याकरण पद का वाच्यार्थ सूत्र माना जाय तब—'व्याकरणस्य सूत्रम्' इस प्रयोग में षष्ठी विभक्ति का अर्थ उपपन्न नहीं होता है । [जहाँ दो भिन्न-भिन्न पदार्थ रहते हैं उन्हीं के भेद सम्बन्ध को बताने पर षष्ठी का अर्थ उपपन्न होता है । प्रस्तुत स्थल में तो व्याकरणम्=सूत्रम् होने से अभेद है ।] सूत्र से भिन्न वह कौन सी वस्तु व्याकरण है, जिस (व्याकरण) का यह सूत्र होगा । [यहाँ राज्ञः पुरुषः की स्थिति नही है अपि तु नरस्य पुरुषः जैसी है । अतः जैसे इस प्रयोग में षष्ठी नहीं होती है उसी प्रकार प्रस्तुत प्रसंग में भी षष्ठी का प्रयोग उपपन्न नहीं हो सकता । यह पहला दोष है ।]

(वा०) शब्दों की प्रतिपत्ति=ज्ञान न होना ।

(भा०) शब्दों की अप्रतिपत्ति=ज्ञान न होना दोष प्राप्त होता है—'व्याकरण से शब्दों का ज्ञान करते हैं ।' क्योंकि केवल सूत्र से शब्दों का ज्ञान नहीं कर पाते हैं ।

तो किससे [शब्दों का ज्ञान होता है] ?

व्याख्यानतश्च ॥

(आक्षेपसाधकभाष्यम्)

ननु च तदेव सूत्रं विगृहीतं व्याख्यानं भवति ॥

(आक्षेपबाधकभाष्यम्)

न केवलानि चर्चापदानि व्याख्यानम्—'वृद्धिः' 'आत्' 'ऐज्' इति ॥

किं तर्हि ?

उदाहरणं प्रत्युदाहरणं वाक्याध्याहार—इत्येतत्समुदितं व्याख्यानं भवति ॥

(पक्षान्तरोपस्थापकं भाष्यम्)

एवं तर्हि शब्दः ।

(१३ आक्षेपवार्तिकम् ॥ ३ ॥)

॥ * ॥ शब्दे ल्युडर्थः ॥ * ॥

'प्रदीपः'

समुदितमिति । समुदायादेवार्थावसायोत्पादादित्यर्थः ॥

'भावबोधिनी'

और व्याख्यान से। [सूत्र और उसके व्याख्यान से ही शब्दों का ज्ञान हो पाता है ।]

अरे, वही सूत्र विगृहीत होकर व्याख्यान हो जाता है। [सन्धिविच्छेदादि करने पर सूत्र का व्याख्यान होने से शब्दों का ज्ञान हो जाता है ।]

केवल चर्चापद (=विभज्यमानपद) ही व्याख्यान नहीं होते हैं—वृद्धिः, आत्, ऐच् ।'

तो क्या [व्याख्यान होता है] ?

उदाहरण, प्रत्युदाहरण और वाक्य का अध्याहार (वाक्यघटक अपेक्षितपदों की पूर्वसूत्रादि से अनुवृत्ति करना)—यह सब मिलकर व्याख्यान होता है ।

[(१) व्याकरणस्य सूत्रम्—इसमें षष्ठी विभक्ति के अर्थ की अनुपपत्ति और (२) शब्दों की अप्रतिपत्ति—इन दो दोषों के कारण अब दूसरा पक्ष प्रस्तुत है—]

यदि ऐसा बात है तो [व्याकरण का वाच्यार्थ] शब्द है ?

[अब व्याकरण=शब्द है अतः सूत्र और व्याकरण में भेद हो जाने से षष्ठी का अर्थ उपपन्न हो जाता है। परन्तु शब्दों की अप्रतिपत्ति रूप दोष तो बना ही रहता है । इसके अतिरिक्त और भी दोष हैं उन्हें लिख रहे हैं—]

(वा०) शब्द [अर्थ] में ल्युट् (प्रत्यय) का अर्थ [उपपन्न नहीं होता] ।

(भाष्यम्)

यदि शब्दो व्याकरणं ल्युडर्थो नोपपद्यते—व्याक्रियन्ते शब्दा अनेनेति व्याकरणम् । नहि शब्देन किञ्चिद् व्याक्रियते ॥

केन तर्हि ?

सूत्रेण ॥

(१४ आक्षेपान्तरवार्तिकम् ॥ ४ ॥)

॥ * ॥ भवे च तद्धितः ॥ * ॥

(भाष्यम्)

भवे च तद्धितो नोपपद्यते—'व्याकरणे भवो योगो वैयाकरण' इति । नहि शब्दे भवो योगः ॥

'प्रदीपः'

शब्द इति । करणे ल्युट् विधीयते । शब्दश्च व्याक्रियमाणत्वात्कर्म न तु करणमिति भावः ॥

भवे चेति । शब्देऽप्यन्वाख्यापकत्वेन भवो योग इति चेन्मीमांसादियोगस्यापि शब्दं प्रति विचारकत्वाद्वैयाकरणत्वप्रसङ्गः ॥

'भावबोधिनी'

(भा०) व्याकरण का वाच्यार्थ यदि शब्द [माना जाता] है तो ल्युट् [प्रत्यय] का अर्थ (करण) उपपन्न नहीं हो पाता है—जिससे शब्दों की व्याकृति (प्रकृति-प्रत्यय विभागादि = व्याख्यान) की जाती है वह व्याकरण है—इस अर्थ की उपपत्ति नहीं होती है। क्योंकि शब्द से किसी की व्याकृति नहीं की जाती है। [व्याकरण = शब्द है। अतः व्याक्रियन्ते शब्दाः अनेन तत् व्याकरणम्=शब्दः । व्याकरण और शब्द समानार्थक हो जाते हैं। शब्द से किसी की व्याकृति नहीं की जाती है। इसके विपरीत शब्द का ही व्याकृति की जाती है। अतः वह शब्द व्याकृति का करण न होकर कर्म ही है। इस प्रकार करण अर्थ में ल्युट्=अन प्रत्यय का अर्थ उपपन्न न होने से वि + आङ् + कृ + अन यह व्युत्पत्ति उपपन्न नहीं हो सकती।]

तो फिर किससे [व्याकृति होती है] ?

सूत्र से।

[अब दूसरा दोष प्रस्तुत है—]

(वा०) और भव (अर्थ) में तद्धित [प्रत्यय भी उपपन्न नहीं होता]।

(भा०) और ['तत्र भवः' इसके अन्तर्गत] भव अर्थ में होने वाले तद्धित प्रत्यय की उपपत्ति नहीं होती है—व्याकरण में भव=होने वाला योग=सूत्र वैयाकरण है। [यहाँ व्याकरण से अण् प्रत्यय नहीं हो सकता] क्योंकि [व्याकरण के वाच्यार्थ] शब्द में होने वाला योग=सूत्र नहीं होता है।

क्व तर्हि ?

सूत्रे ।।

(१५ आक्षेपान्तरवार्तिकम् ।। ५ ।।)

।। * ।। प्रोक्तादयश्च तद्धिताः ।। * ।।

(भाष्यम्)

प्रोक्तादयश्च तद्धिता नोपपद्यन्ते ।। पाणिनिना प्रोक्तं पाणिनीयम्, आपिशलम् काशकृत्स्नमिति । नहि पाणिनिना शब्दाः प्रोक्ताः ।।

किं तर्हि ?

सूत्रम् ।।

(आक्षेपभाष्यम्)

किमर्थमिदमुभयमुच्यते—०भवे० ०प्रोक्तादयश्च तद्धिताः० इति । न ०प्रोक्तादयश्च तद्धिताः० इत्येव भवेऽपि तद्धितश्चोदितः स्यात् ?

(परिहारभाष्यम्)

पुरस्तादिदमाचार्येण दृष्टम् ०भवे च तद्धितः० इति, तत्पठितम् ।

'भावबोधिनी'

तो कहाँ [होने वाला है] ?

सूत्र में [योग=दूसरा सूत्र होता है] ।

(वा०) और प्रोक्त आदि तद्धित [प्रत्यय के अर्थ भी उपपन्न नहीं होते हैं] ।

(भा०) और प्रोक्त आदि [अर्थों में होने वाले] तद्धित प्रत्यय भी उपपन्न नहीं हो सकते । पाणिनिना प्रोक्तम्—पाणिनीयम् [पाणिनि द्वारा प्रोक्त—इस अर्थ में 'तेन प्रोक्तम्' पा० सू० ४।३।१०१ सूत्र से छ=ईय प्रत्यय होकर 'पाणिनीयम्' बनता है । इसी प्रकार] आपिशलि द्वारा प्रोक्त—आपिशलम्, और काशकृत्स्नि द्वारा प्रोक्त—काशकृत्स्नम् । [इनमें प्रोक्तार्थ में विहित अणादि प्रत्यय उपपन्न नहीं हो सकते] क्योंकि पाणिनि [आदि] के द्वारा शब्द प्रोक्त नहीं है ।

तो क्या [प्रोक्त हैं] ?

सूत्र [प्रोक्त हैं । अतः पाणिनीयं व्याकरणम् ऐसे प्रयोग नहीं बन सकते] ।

ये दो अनुपपत्तियाँ किस लिए कहीं जा रहीं हैं—'भव अर्थ में' और 'प्रोक्त आदि अर्थों में तद्धित प्रत्यय ।' क्योंकि 'प्रोक्त आदि अर्थोंमें तद्धित'—इतना कहने से ही ['आदि' शब्द के बल से] भव अर्थ में भी तद्धित प्रत्यय नहीं कह दिया जायगा ? [अर्थात् कह दिया जायगा । अतः अलग से दो दोष कहने की आवश्यकता नहीं है ।]

आचार्य कात्यायन ने पहले यह दोष देखा—'भव अर्थ में तद्धित प्रत्यय [उपपन्न

तत उत्तरकालमिदं दृष्टम् ०प्रोक्तादयश्च तद्धिताः० इति, तदपि पठितम्। न चेदानीमाचार्याः सूत्राणि[1] कृत्वा निवर्तयन्ति ॥

(प्रथमाक्षेपकबाधकभाष्यम्)

अयं तावददोषः—यदुच्यते ०शब्दे ल्युडर्थः० इति। नावश्यं करणाधिकरणयोरेव ल्युड् विधीयते ॥

किं तर्हि ?

अन्येष्वपि कारकेषु—"कृत्यल्युटो बहुलम्" (पा० सू० ३।३।११३) इति। तद्यथा—प्रस्कन्दनं प्रपतनमिति ॥

'प्रदीपः'

न चेदानीमिति। लक्षणप्रपञ्चाभ्यां मूलसूत्रवद्वार्तिकानामुपपत्त्या दोषाभावः ॥

प्रस्कन्दनमिति। यद्यप्ययं भीमादिस्तथापि 'कृत्यल्युटो बहुल'मित्यस्यैव 'भीमादयोऽपादान' इत्यं प्रपञ्च इति भावः।

'भावबोधिनी'

नहीं हो सकता]'—इसे पढ़ दिया। उसके बाद यह दोष दिखाई दिया —'प्रोक्त आदि अर्थों में तद्धित प्रत्यय] उपपन्न नहीं हो सकते]' इसको भी पढ़ दिया। अब आचार्य कात्यायन सूत्रों=वार्तिकों को बनाने के बाद (उनका पाठ करके) उन्हें नहीं हटाते हैं। [अतः आचार्य की दृष्टि में उक्त रहस्य था। परन्तु सामान्य दृष्टि से दोनों को अलग-अलग कह दिया।]

जो यह (दोष) कहा जाता है—'शब्द को व्याकरण का अर्थ मानने पर ल्युट् प्रत्यय नहीं उपपन्न होता'—वास्तव में यह दोष नहीं है क्योंकि करण और अधिकरण इन्हीं दो अर्थों में ल्युट् किया जाता है—ऐसा आवश्यक नहीं है।

तो कहाँ [ल्युट् किया जाता है] ?

अन्य कारकों में भी—"कृत्यल्युटो बहुलम्" [कृत्यसंज्ञक प्रत्यय और ल्युट् प्रत्यय बहुल रूप से होते हैं। अतः इस ल्युट् को यहाँ कर्म अर्थ में करना चाहिए—व्याक्रियते यत् तत् व्याकरणम्=शब्द। जिसकी व्याकृति की जाती है वह व्याकरण है। ऐसा शब्द ही है। ल्युट् का अर्थ उपपन्न होता है।] जैसे—प्रस्कन्दनम्, प्रपतनम्। [प्रस्कन्दते अस्मात्, प्रपतति अस्मात्—इनमें अपादान अर्थ में भी ल्युट् होता है। अतः कर्म अर्थ में भी ल्युट् सम्भव है।]

---

१. सूत्राणि—इत्यस्य वार्तिकानीत्यर्थः कात्यायनप्रणीतत्वात्।

(करणल्युट्समर्थकभाष्यम्)

अथ वा शब्दैरपि शब्दा व्याक्रियन्ते । तद्यथा—गौरित्युक्ते सर्वे सन्देहा निवर्तन्ते, नाश्वो न गर्दभ इति ॥

(अनुद्धृतदोषप्रदर्शकभाष्यम्)

अयं तर्हि दोषः—० भवे ० ० प्रोक्तादयश्च तद्धिताः ० इति ॥

(समाधानोपक्रमभाष्यम्)

एवं तर्हि—

(१६ सिद्धान्तवार्तिकम् ॥ ६ ॥)

॥ ❋ ॥ लक्ष्यलक्षणे व्याकरणम् ॥ ❋ ॥

(भाष्यम्)

लक्ष्यं च लक्षणं चैतत्समुदितं व्याकरणं भवति ॥

'प्रदीपः'

गौरित्युक्ते इति । सास्नादिमति यदा कञ्चित्प्रति 'अयं गौः' इत्युच्यते तदा तत्र वाचकान्तराणां निवृत्तिः कृता भवति एवमेकस्मिन्नुदाहरणे उपन्यस्ते सर्वाणि तत्सदृशानि शब्दान्तराणि प्रतीयन्ते ॥

'भावबोधिनी'

अथवा—शब्दों से भी शब्दों की व्याकृति की जाती है, जैसे गौः—ऐसा कह देने पर सभी सन्देहों की निवृत्ति हो जाती है कि यह न तो अश्व है और न गधा। [इस लिए एक शब्द को उदाहरण रूप में रखने से उसके द्वारा स्वसदृश अन्य सभी की व्यावृत्ति हो जाती है। अतः शब्द भी व्याकरण है।]

तो भी ये दोष तो हैं ही—'भव अर्थ में' 'और प्रोक्त आदि [अर्थों में] तद्धित प्रत्यय उपपन्न नहीं होते।' [इस लिए व्याकरण का वाच्यार्थ 'शब्द' मानना ठीक नहीं है। अब तीसरा विकल्प प्रस्तुत है—]

यदि ऐसा (पूर्वोक्त दोष) है तो—

(वा०) लक्ष्य और लक्षण—व्याकरण हैं।[१]

(भा०) लक्ष्य और लक्षण ये दोनों मिल कर समुदाय रूप में व्याकरण के अर्थ हैं।

१—व्याकरण का वाच्यार्थ शब्द और सूत्र दोनों का समुदाय है। अतः 'व्याकरणस्य—लक्ष्य-लक्षण-समुदायस्य सूत्रम्' यहाँ अवयवी और अवयव में षष्ठी का अर्थ उपपन्न हो जाता है। सूत्रों से शब्दों की प्रतिपत्ति भी हो जाती है। भव तथा प्रोक्त आदि अर्थों में होने वाले प्रत्यय भी उपपन्न हो जाते हैं। इस प्रकार समुदाय को अर्थ मान लेने पर कोई दोष नहीं रह जाता है।

किं पुनर्लक्ष्यम् किं वा लक्षणम् ?

शब्दो लक्ष्यः, सूत्रं लक्षणम् ॥

(समाधानबाधकभाष्यम्)

एवमप्ययं दोषः—समुदाये व्याकरणशब्दः प्रवृत्तोऽवयवे नोपपद्यते। सूत्राणि चाप्यधीयान इष्यते —वैयाकरण इति ॥

(समाधानसाधकभाष्यम्)

नैष दोषः। समुदायेषु हि शब्दाः प्रवृत्ता अवयवेष्वपि वर्तन्ते। तद्यथा —पूर्वे पञ्चालाः, उत्तरे पञ्चालाः, तैलं भुक्तम्, घृतं भुक्तम्, शुक्लो नीलः कपिलः कृष्ण इति ॥

'प्रदीपः'

पूर्वे पञ्चाला इति। जनपदान्तरनिवृत्तिविवक्षायामेकदेशेऽपि समुदाय-रूपारोपात्प्रयोगः ॥ तैलमिति। यदौषधसंस्कृता घृततैलमात्रा भवति तदैतदुदाहरणम्। आकृतिवाचित्वे तु घृततैलशब्दयोः संस्थानप्रमाणनिरपेक्षा सर्वत्र मुख्या वृत्तिः ॥

'भावबोधिनी'

तो फिर लक्ष्य क्या है और लक्षण क्या है ?

शब्द लक्ष्य है, सूत्र लक्षण है।

ऐसा (पूर्वोक्त समुदाय अर्थ) मानने पर भी यह दोष है—लक्ष्य-लक्षण-समुदाय अर्थ में प्रवृत्त=प्रयुक्त होने वाले व्याकरण शब्द की केवल अवयव (केवल शब्द या केवल सूत्र) के विषय में प्रवृत्ति उपपन्न नहीं हो सकती। और [वास्तविकता तो यह है कि] केवल सूत्र पढ़ने वाले को भी 'वैयाकरण' (व्याकरणम् अधीते) ऐसा कहना इष्ट है। [जब शब्द और सूत्र दोनों मिल कर ही व्याकरण पदार्थ है तब किसी एक का अध्ययन करने पर 'व्याकरण का अध्ययन करने वाला' ऐसा व्यवहार होना संभव नहीं है।]

यह (पूर्वोक्त) दोष नहीं है, क्योंकि समुदाय अर्थ में प्रवृत्त होने वाले (=समुदाय के वाचक) शब्द केवल अवयव अर्थ में भी प्रवृत्त (प्रयुक्त) होते हैं। उदाहरणार्थ—[पञ्चाल देश का पूर्वी भाग] पूर्व पञ्चाल, [पञ्चाल देश का उत्तरी भाग] उत्तर पञ्चाल [ऐसा कहा जाता है जब कि पूरा क्षेत्र ही पञ्चाल कहा जाना चाहिए। इसी प्रकार किसी ओषधि या भोजनादि में तेल या घी की प्रचुर मात्रा रहने पर] 'तैल खाया, घी खाया' [ऐसा कहा जाता है जब कि तेल या घी तो उसमें भाग रूप से ही होता है। इसी प्रकार किसी वस्त्र में रंग विशेष की अधिकता रहने पर] 'शुक्ल, नील, कपिल कृष्ण है' ऐसा कहा जाता है। [जब कि उसका कुछ ही भाग शुक्ल आदि रंगों वाला होता है। अतः अवयवी के लिए भी अवयव का प्रयोग

एवमयं समुदाये व्याकरणशब्दः प्रवृत्तोऽवयवेष्वपि वर्तते ।।

(प्रथमपक्षाभ्युपगमभाष्यम्)

अथ वा पुनरस्तु सूत्रम् ।।

(प्रथमाक्षेपस्मारणभाष्यम्)

ननु चोक्तम् ० सूत्रे व्याकरणे षष्ठ्यर्थोऽनुपपन्नः ० इति ।।

(प्रथमाक्षेपनिरासभाष्यम्)

नैष दोषः, व्यपदेशिवद्भावेन भविष्यति ।।

'प्रदीपः'

शुक्ल इति । अशुक्लेऽप्यवयवेऽवयवान्तरस्य शौक्ल्यात् समुदायस्य शुक्लत्वे सत्या (तस्या)–रोपात् प्रयोगः ।।

व्यपदेशिवद्भावेनेति । यथा 'राहोः शिर' इत्येकस्मिन्नपि वस्तुनि शब्दार्थ-भेदाद्भेदव्यवहारः, एवमिहापि व्याकरणशब्देन शास्त्रस्य व्याकृतिक्रियायां करणरूपत्व-मुच्यते सूत्रशब्देन तु समुदायरूपतेति भेदव्यवहार उपपद्यते ।।

'भावबोधिनी'

होता है] । इसी प्रकार यह व्याकरण शब्द भी [शब्द और सूत्र=लक्ष्य-लक्षण के] समुदाय अर्थ में प्रवृत्त होता हुआ केवल अवयव [शब्द या सूत्र] के विषय में भी प्रवृत्त होता है । [अतः केवल सूत्र या केवल शब्द का अध्ययन करने वाला भी व्याकरण का अध्ययन करने वाला=वैयाकरण कहा जाता है ।]

[परन्तु दोनों के समुदाय को व्याकरण का वाच्यार्थ मानने में गौरव होता है अतः अब सिद्धान्त रूप में केवल सूत्र को ही व्याकरण का वाच्यार्थ सिद्ध किया जा रहा है—]

अथवा [व्याकरण का वाच्यार्थ] सूत्र ही रहे ।

अरे, अभी कहा गया था कि 'व्याकरण का वाच्यार्थ सूत्र मानने पर [व्याकरणस्य सूत्रम् इसमें] षष्ठी के अर्थ की उपपत्ति नहीं हो सकती ?

यह [पूर्वोक्त] दोष नहीं है, व्यपदेशिवद्भात्र से निर्वाह हो जायगा ।

विमर्शः—'व्यपदेशिवदेकस्मिन्' यह न्याय=परिभाषा है । एक में भी मुख्य के समान व्यवहार होता है । जैसे राहु और सिर एक ही पदार्थ के दो नाम हैं क्योंकि वे अभिन्न हैं । फिर भी 'राहोः शिरः' (राहु का सिर)' ऐसा व्यवहार होता है । उसी प्रकार सूत्र और व्याकरण में अभेद रहने पर भी 'व्याकरणस्य सूत्रम्' यह व्यवहार किया जा सकता है । अथवा सूत्र शब्द सामान्यवाचक है और व्याकरण विशेषवाचक है । अतः 'व्याकरणस्य सूत्रम्' यह षष्ठी उपपन्न है । इससे न्याय वेदान्तादि के सूत्रों से व्यावृत्ति सिद्ध हो जाती है ।

(द्वितीयाक्षेपस्मारणभाष्यम्)

यदप्युच्यते ०शब्दाप्रतिपत्तिः० इति। नहि सूत्रत एव शब्दान्प्रतिपद्यन्ते ॥

किं तर्हि ?

व्याख्यानतश्चेति ॥

परिहृतमेतत्—तदेव सूत्रं विगृहीतं व्याख्यानं भवतीति ॥

(परिहारबाधकस्मारणभाष्यम्)

ननु चोक्तम्—"न केवलानि चर्चापदानि व्याख्यानम्—वृद्धिः आत् ऐजिति ॥"

किं तर्हि ?

"उदाहरणं प्रत्युदाहरणं वाक्याध्याहार—इत्येतत्समुदितं व्याख्यानं भवति" इति ॥

(परिहारसाधकभाष्यम्)

अविजानत एतदेवं भवति। सूत्रत एव हि शब्दान् प्रतिपद्यन्ते ॥

आतश्च सूत्रत एव। यो ह्युत्सूत्रं कथयेन्नादो गृह्येत।

— ● —

'प्रदीपः'

सूत्रत एवेति। पदच्छेदादिभिः सूत्रार्थस्यैवाभिव्यञ्जनात् ॥

आत इति। निपातः। अतश्च हेतोरित्यर्थः। नाद इति। नैतदित्यर्थः। अथवा नादोऽर्थरहितत्वाद् घोषमात्रमेवेत्यर्थः ॥

'भावबोधिनी'

(भा०) और जो यह दोष दिया जाता है—"शब्दों की प्रतिपत्ति=ज्ञान नहीं होगी" क्योंकि केवल सूत्र से शब्दों का ज्ञान नहीं होता है।

तो फिर किससे ?

और व्याख्यान से।

इस दोष का परिहार किया जा चुका है—वही सूत्र विगृहीत (सन्धिविच्छेदादियुक्त) होता हुआ व्याख्यान बन जाता है।

अरे, यह भी कहा जा चुका है कि केवल चर्चापद—विभज्यमान पद व्याख्यान नहीं होते हैं—वृद्धिः, आत्, ऐच्।

तो क्या ?

उदाहरण, प्रत्युदाहरण, अपेक्षित वाक्यघटक पदों का अध्याहार=अनुवृत्ति—ये सब मिल कर व्याख्यान होता है।

यह तो न जानने वाले सामान्य व्यक्ति के लिए होता है। (विद्वान् तो) केवल सूत्रों से ही शब्दों का ज्ञान प्राप्त कर लेते हैं। और इसलिए भी केवल सूत्र से

(अथ वर्णोपदेशप्रयोजनाधिकरणम्)

(आक्षेपभाष्यम्)

अथ किमर्थो वर्णानामुपदेशः ?

(१७ समाधानवार्तिकम् ॥ १ ॥)

॥ * ॥ वृत्तिसमवायार्थ उपदेशः ॥ * ॥

(भाष्यम्)

वृत्तिसमवायार्थो वर्णानामुपदेशः ॥

किमिदं वृत्तिसमवायार्थं इति ?

वृत्तये समवायो—वृत्तिसमवायः । वृत्त्यर्थो वा समवायो—वृत्तिसमवायः।

'प्रदीपः'

किमर्थं इति । नहि वर्णोपदेशेन कस्यचित्साधुशब्दस्यानुशासनमिति भावः ॥

वृत्तिसमवायार्थ इति । लाघवेन शास्त्रप्रवृत्त्यर्थं इत्यर्थः । धर्मनियमवत्-

'भावबोधिनी'

(अपेक्षित ज्ञान कर लेते हैं) क्योंकि जो उत्सूत्र (सूत्र का अतिक्रमण करके अशुद्ध आदि रूप में) कहेगा, वह नहीं माना जायगा, अथवा वह केवल नाद=ध्वनि माना जायगा । [उससे अर्थज्ञान नहीं होगा । अतः व्याकरण का वाच्यार्थं केवल सूत्र ही है । इसीलिए यह प्रसिद्ध है—

"सूत्रेष्वेव हि तत्सर्वं यद् वृत्तौ यच्च वार्त्तिके ।"

इससे स्पष्ट हो जाता है कि व्याकरण का शब्दार्थ केवल सूत्र है । वैयाकरण वही है जो केवल सूत्रों से सब कार्य कर लेता है, व्याख्यानादि की अपेक्षा साधारण व्यक्ति के लिए ही होती है ।]

चतुर्दशसूत्री में वर्णोपदेश के प्रयोजन

[कोई भी व्यक्ति वर्णों का ज्ञान लोकव्यवहार से ही कर लेता है । इसके अतिरिक्त केवल वर्णों से किसी की शुद्धता और अशुद्धता का ज्ञान भी नहीं होता है । इस स्थिति में महर्षि पाणिनि द्वारा 'अइउण्' आदि चतुर्दश सूत्रों में किये गए वर्णोपदेश का क्या प्रयोजन है—इसका विवेचन यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है—]

(चतुर्दश सूत्रों में) वर्णों का उपदेश=उच्चारण किस लिए किया गया है ?

(वा०) वृत्तिसमवायार्थ (वर्णों का) उपदेश है ।

(भा०) वृत्तिसमवायार्थं वर्णों का उपदेश [मानना चाहिए] ।

'वृत्तिसमवायार्थ—इसका क्या आशय है ?

(१) वृत्ति के लिए समवाय=वृत्ति- समवाय । अथवा (२) वृत्त्यर्थ समवाय=

वृत्तिप्रयोजनो वा समवायो—वृत्तिसमवायः ॥[१]

का पुनर्वृत्तिः ?

शास्त्रप्रवृत्तिः ॥

अथ कः समवायः ?

'प्रदीपः'

समासः ॥ वृत्त्यर्थं इति । शास्त्रप्रवृत्तिप्रत्यासन्नत्वं समवायस्य दर्शयति—'इग्यण' इत्यादौ हि 'यथासंख्यं शास्त्रं' वर्णसन्निवेशमात्रादेवावतिष्ठते । वृत्तिप्रयोजन इति ।

'भावबोधिनी'

वृत्तिसमवाय अथवा (३) वृत्तिप्रयोजनः=वृत्तिप्रयोज्यःसमवायः=वृत्तिसमवाय है ।

तो फिर वृत्ति क्या है ?

शास्त्र (सूत्रों) की प्रवृत्ति=लागू होना (वृत्ति है) ।

अच्छा, समवाय क्या है ?

१—यह एक महत्त्वपूर्ण वार्तिक है । 'अइउण्' आदि चतुर्दश सूत्रों के उपदेश का यह पहला प्रयोजन सिद्ध करता है । 'वृत्ति-समवायार्थं'—यह समस्त पद है । इसमें प्रयुक्त वृत्ति तथा समवाय शब्द अनेक अर्थों में प्रयुक्त होते हैं अतः इनका आशय स्पष्ट करना आवश्यक मान कर भाष्य में व्याख्या की गई है । इसमें वृत्ति=सूत्रों की प्रवृत्ति, समवाय=वर्णों का एक विशेष पौर्वापर्यक्रम से उपस्थापन अर्थ है । यह क्रम लोकप्रसिद्ध नहीं है । वृत्तिसमवाय—के तीन तात्पर्य भाष्य में प्रस्तुत किए गए हैं—(१) वृत्तये=लाघवेन शास्त्रप्रवृत्तये समवायः=वर्णानाम् आनुपूर्व्येण सन्निवेशः । इस प्रकार के उच्चारण द्वारा ही पाणिनि इक्, अच्, यण् आदि संज्ञाएं=प्रत्याहार समझा सके और 'इको यणचि' (पा० सू० ६।१।७७) आदि सूत्रों=शास्त्रों का आकार लघु बन सका । अन्यथा "इ उ ऋ ऌ वर्णानाम् यवरलवर्णाः अइउऋऌएओ-ऐऔवर्णेषु परेषु" आदि लम्बे-लम्बे सूत्र बनाने पड़ते । अत्यन्त गौरव होता । ध्यान रहे 'वृत्तये' में चतुर्थी समझाने के लिए है । विग्रह तो सम्बन्ध-सामान्य में षष्ठी मान कर ही होता है क्योंकि प्रकृति-विकृति-भाव में ही चतुर्थी समास होता है ।

(२) वृत्त्यर्थः समवायः—यह लाक्षणिक प्रयोग है । लक्षणा के बल से 'वृत्ति' का अर्थ—साधुत्व के उपयोगी शास्त्र की प्रवृत्ति का जनक—यह है । उदाहरणार्थ—'इग्यणः सम्प्रसारणम्' (पा० सू० १।१।४५) यह सूत्र यण् का इक् सम्प्रसारण-संज्ञक बताता है । चतुर्दश सूत्रों में इक् और यण् में समान संख्या वाले चार-चार वर्ण ही हैं । इसलिए 'यथासंख्यमनुदेशः समानाम्' (पा० सू० १।३।१०) इस सूत्र के अनुसार यथासंख्य का बोध होकर स्थानी और आदेश का स्वरूप निश्चित होता है । इस क्रमविशेष के फलस्वरूप ही यथासंख्य और तदनुसार सम्प्रसारण का ज्ञान हो पाता है ।

वर्णानामानुपूर्व्येण संनिवेशः ॥
अथ क उपदेशः ?
उच्चारणम् ॥
कुत एतत् ?

'प्रदीपः'

पारम्पर्येण शास्त्रप्रवृत्तावस्याङ्गत्वम् । सति हि समवाये इत्संज्ञा । तत 'आदिरन्त्येने'ति [प्रत्याहारः], ततो 'ढ्रलोप' इत्यादिशास्त्रप्रवृत्तिः ॥

'भावबोधिनी'

वर्णों का आनुपूर्वी-क्रम से सन्निवेश=उपस्थापन समवाय है।

अच्छा, उपदेश क्या है ?

उच्चारण—उपदेश है।

ऐसा कैसे है ?

अथवा यहाँ भी 'धर्मार्थः नियम' के समान 'वृत्त्यर्थः समवायः' यह मान कर कर्मधारय समझना चाहिए। चूँ कि वृत्ति के लिए समवाय है अतः समवाय को भी वृत्ति कहा जा सकता है—'तादर्थ्यात् तच्छब्दव्यवहारः' यह नियम है। इस प्रकार सामानाधिकरण्य सम्भव होने से कर्मधारय हो जाता है।

(३) वृत्तिप्रयोजनः=वृत्ति-प्रयोजकः समवायः। शास्त्रप्रवृत्ति प्रयोज्य है और समवाय प्रयोजक है। समवाय के कारण शास्त्र की प्रवृत्ति होती है। परम्परया शास्त्र की प्रवृत्ति का जनक यह समवाय है। प्रथम अर्थ से कुछ भेद करने की आवश्यकता है। अतः ऐसा समझना चाहिये—'अ इ उण्' आदि में 'ण्' की इत्संज्ञा 'हलन्त्यम्' (पा० सू० १।३।३) से होती है। इसके बाद 'आदिरन्त्येन सहेता।' (पा० सू० १।१।७१) सूत्र से अण् आदि प्रत्याहारों का ज्ञान होता है। इसके बाद ही 'ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽणः' (पा० सू० ६।३।१११) इस सूत्र की प्रवृत्ति सम्भव होती है। इस कारण एक सूत्र=शास्त्र की प्रवृत्ति में अन्य शास्त्र की अङ्गता का ज्ञान इन्हीं वर्णों के उपदेश से होता है।

अथवा धर्मप्रयोजनः' में जिस प्रकार कर्म में ल्युट् मान कर धर्म-प्रयोज्यः नियमः' ऐसा अर्थ किया गया है उसी प्रकार यहाँ भी वृत्ति-प्रयोज्यः समवायः' यह अर्थ करना चाहिए। वृत्ति=शास्त्र की प्रवृत्ति प्रयोजक है और समवाय=क्रमविशिष्ट वर्णों का सन्निवेश प्रयोज्य है। शास्त्रप्रवृत्ति के लिए ही ये वर्ण कहे गये हैं। प्रयुज्यते यः सः प्रयोजनः=प्रयोज्य—यह अर्थ वनता है।

इस वार्तिक द्वारा वर्णोपदेश का प्रथम प्रयोजन कहा गया है।

दिशिरुच्चारणक्रियः। उच्चार्य हि वर्णानाह—'उपदिष्टा इमे वर्णा' इति ॥

(१८ वर्णोपदेशप्रयोजनान्तरवार्तिकम् ॥ २ ॥)

॥ ❀ ॥ अनुबन्धकरणार्थश्च ॥ ❀ ॥

(भाष्यम्)

अनुबन्धकरणार्थश्च वर्णानामुपदेशः—अनुबन्धानासङ्क्ष्यामीति। नह्यनुपदिश्य वर्णाननुबन्धाः शक्या आसङ्क्तुम्।

स एष वर्णानामुपदेशो वृत्तिसमवायार्थश्चानुबन्धकरणार्थश्च।

वृत्तिसमवायश्चानुबन्धकरणं च प्रत्याहारार्थम्।

प्रत्याहारो वृत्त्यर्थः ॥

'प्रदीपः'

प्रत्याहारार्थमिति। प्रत्याहारशब्देनाणादिकाः संज्ञा उच्यते ॥

'भावबोधिनी'

दिश् धातु का अर्थ उच्चारण क्रिया है। क्योंकि वर्णों का उच्चारण करके कहते हैं—'इन वर्णों का उपदेश कर दिया।' (अतः उपदेश=उच्चारण समानार्थक है।)

[वर्णोपदेश का द्वितीय प्रयोजन—]

(वा०) और अनुबन्धकरण के लिए।

(भा०) और अनुबन्धकरण (अनुबन्ध लगाने) के लिए वर्णों का उपदेश मानना चाहिए। (आचार्य पाणिनि कहते हैं)—अनुबन्धों को लगाऊँगा। परन्तु वर्णों का उपदेश किए बिना अनुबन्ध लगाना सम्भव ही नहीं है।

(इस प्रकार) यह वर्णोपदेश वृत्ति-समवायार्थ और अनुबन्ध-करणार्थ है।

वृत्ति-समवाय और अनुबन्ध-करण (अनुबन्ध लगाना) प्रत्याहारों के लिए हैं।

(यणादि) 'प्रत्याहार (इको यणचि' पा० सू० ६।१।७७ आदि शास्त्रों की) प्रवृत्ति के लिए है।[१]

१—आचार्य पाणिनि का प्रमुख उद्देश्य अपने व्याकरण शास्त्र की प्रवृत्ति कराना है। उसके लिए प्रत्याहारों की आवश्यकता है और प्रत्याहारों की सिद्धि के लिए अनुबन्ध=इत्संज्ञक वर्णों की आवश्यकता है। जब तक अइउण् आदि का उपदेश नहीं किया जाता तब तक अन्त्य इत्संज्ञक वर्ण (अनुबन्ध) का ज्ञान नहीं हो सकता। इस प्रकार वर्णोपदेश के दो प्रयोजन सिद्ध होते हैं—(१) वृत्तिसमवाय और (२) अनुबन्धकरण।

(१९ वर्णोपदेशप्रयोजनान्तरवार्तिकम् ॥ ३ ॥)

॥ * ॥ इष्टबुद्ध्यर्थश्च ॥ * ॥

(भाष्यम्)

इष्टबुद्ध्यर्थश्च वर्णानामुपदेशः—'इष्टान् वर्णान् भोत्स्यामहे' इति । नह्यनुपदिश्य वर्णानिष्टा वर्णाः शक्या विज्ञातुम् ॥

(२० आक्षेपवार्तिकम् ॥ ४ ॥)

॥ इष्टबुद्ध्यर्थश्चेति चेदुदात्तानुदात्तस्वरितानुनासिकदीर्घप्लुतानामप्युपदेशः ॥ * ॥

(भाष्यम्)

इष्टबुद्ध्यर्थश्चेति चेदुदात्तानुदात्तस्वरितानुनासिकदीर्घप्लुतानामप्युपदेशः कर्तव्यः । एवंगुणा अपि हि वर्णा इष्यन्ते ॥

'प्रदीपः'

इष्टबुद्ध्यर्थश्चेति । सति ह्युपदेशे कलादिदोषरहिता ये वर्णा निर्दिष्टास्ते तथैव प्रयोक्तव्या इत्युक्तं भवति ॥

एकश्रुत्या हि सूत्राणां पाठात्सर्वेषामुदात्तादीनामुपदेशः कर्तव्य इत्याह—इष्टबुद्ध्यर्थश्चेति चेदिति ।

'भावबोधिनी'

(वा०) और इष्ट वर्णों के ज्ञान के लिए भी वर्णों का उपदेश है ।[1]

(भा०) (अपने व्याकरण में) इष्ट वर्णों का ज्ञान करायेंगे ।[2] परन्तु वर्णों का उपदेश किए विना इष्ट वर्णों का ज्ञान सम्भव नहीं है ।

(इस प्रयोजन के लिए भी चतुर्दश सूत्रों में वर्णों का उपदेश किया गया है ।)

(वा०) यदि इष्ट वर्णों के ज्ञान के लिए (वर्णों का उपदेश है) तव तो उदात्त, अनुदात्त, स्वरित, अनुनासिक, दीर्घ और प्लुत वर्णों का भी उपदेश (करना चाहिए) ।

(भा०) (चतुर्दश सूत्रों में किया गया वर्णोपदेश) यदि इष्ट वर्णों का ज्ञान कराने के लिए है तब तो उदात्त, अनुदात्त, स्वरित, अनुनासिक, दीर्घ और प्लुत वर्णों का भी उपदेश करना चाहिए । क्योंकि पूर्वोक्त प्रकार के वर्ण भी इष्ट हैं ।[3]

१—कहीं यह वचन वार्तिक रूप में और कहीं भाष्यवचन के रूप में पठित है ।

२—'भोत्स्यामहे' यहाँ णिजर्थ अन्तर्भावित है अतः इसका अर्थ 'बोधयिष्यामहे' यह समझना चाहिए ।

३—अइउण् आदि चतुर्दश सूत्रों में जिन अकारादि वर्णों का उपदेश-उच्चारण

(२१ सिद्धान्तवार्तिकम् ॥ ५ ॥)

॥ * ॥ आकृत्युपदेशात् सिद्धम् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

अवर्णाकृतिरुपदिष्टा सर्वमवर्णकुलं ग्रहीष्यति । तथेवर्णाकृतिः । तथोवर्णाकृतिः ॥

(२२ आक्षेपवार्तिकम् ॥ ६ ॥)

॥ * ॥ आकृत्युपदेशात्सिद्धमिति चेत् संवृतादीनां प्रतिषेधः ॥ * ॥

'प्रदीपः'

आकृत्युपदेशादिति । उपात्तोऽपि विशेषो नान्तरीयकत्वाज्जातिप्राधानात्यविवक्षायां न विवक्ष्यत इत्यर्थः ॥

'भावबोधिनी'

(वा०) आकृति=जाति के उपदेश से सिद्ध है ।[१]

(भा०) आकृति-जाति के उपदेश से यह पूर्वोक्त (सभी प्रकार के वर्णों का ग्रहण) सिद्ध हो जाता है । अवर्ण (अत्व) जाति का उपदेश किया गया है अतः वह सभी प्रकार के अकारों (अवर्ण कुल) का ग्रहण=ज्ञान करायेगी । इसी प्रकार इवर्ण आकृति [इत्व जाति सभी इकारों का ज्ञान करायेगी] । इसी प्रकार उवर्ण आकृति । [उत्व जाति उपदिष्ट है, वह सभी प्रकार के उकारों का ग्रहण करायेगी ।]

है उनमें ह्रस्वादि तीन भेदों में केवल एक ह्रस्व, उदात्तादि तीन भेदों में केवल एक भेद है । अतः शेष दो दो भेदों का भी उच्चारण करना पड़ेगा । अननुनासिक उपदिष्ट है अतः अनुनासिक का भी उपदेश करना होगा । फलतः सभी वर्णों के सभी रूपों (भेदों) का उच्चारण करना होगा क्योंकि सभी भेद इष्ट हैं । अत्यन्त गौरव होगा ।

१—अइउण् आदि माहेश्वर सूत्रों में अकारादि व्यक्तियों का नहीं अपि तु अत्वादि जाति का ग्रहण है । यह जाति सर्वविध अकारों में रहने वाली है । इसलिए एक अकार के द्वारा अत्वादि-जाति-विशिष्ट अठारह प्रकार के अकारों का ज्ञान संभव हो जाता है । अतः सभी प्रकार के अकारादि का उपदेश करने की कोई आवश्यकता नहीं है । वैयाकरणों के अनुसार व्यक्तिपक्ष और जातिपक्ष दोनों स्वीकृत हैं, यह पहले बताया जा चुका है ।

(भाष्यम्)

आकृत्युपदेशात्सिद्धमिति चेत् संवृतादीनां प्रतिषेधो वक्तव्यः ॥

के पुनः संवृतादयः ?

संवृतः, कलो, ध्मातः, एणीकृतः, अम्बूकृतः, अर्धको, ग्रस्तो, निरस्तः, प्रगीतः, उपगीतः, क्ष्विण्णो, रोमश इति ॥

अपर आह—

'प्रदीपः'

संवृतादीनामिति। [आ] एकारदीनां संवृतत्वं दोषो नत्वकारस्य, तस्य संवृतगुणत्वात्। तत्र सन्ध्यक्षरेषु विवृततमेषूच्चार्येषु संवृतत्वं दोषः। **कलः**=स्थानान्तरनिष्पन्नः काकलिकत्वेन प्रसिद्धः। **ध्मातः**=श्वासभूयिष्ठतया ह्रस्वोऽपि दीर्घ इव लक्ष्यते। **एणीकृतः**=अविशिष्टः किमयमोकार अथौकार इति यत्र सन्देहः। **अम्बूकृतः**=यो व्यक्तोऽप्यन्तर्मुख इव श्रूयते। **अर्धकः**=दीर्घोऽपि ह्रस्व इव। **ग्रस्तः**=जिह्वामूले निगृहीतः, अव्यक्त इत्यपरे। **निरस्तोः**=निष्ठुरः। **प्रगीतः**=सामवदुच्चारितः। **उपगीतः**=समीपवर्णान्तरगीत्यानुरक्तः। **क्ष्विण्णः**=कम्पमान इव। **रोमशोः**=गम्भीरः।

'भावबोधिनी'

(वा०) आकृति=जाति के उपदेश से [पूर्वोक्त] यदि सिद्ध हो जाता है तो संवृत आदि का प्रतिषेध करना [होगा]।[1]

(भा०) अत्वादि जाति का उपदेश मान कर यदि सभी प्रकार के अकारों का ग्रहण=ज्ञान सिद्ध हो जाता है तो [जाति को आधार मान कर होने वाले] संवृत आदि [स्वर दोषों] का प्रतिषेध करना होगा।

वे संवृत आदि (दोष) कौन-कौन हैं ?

(१) संवृत, (२) कल, (३) ध्मात, (४) एणीकृत, (५) अम्बूकृत, (६) अर्धक, (७) ग्रस्त, (८) निरस्त, (९) प्रगीत, (१०) उपगीत, (११) क्ष्विण्ण, (१२) रोमश।

दूसरा (व्याख्याकार) ऐसा कहता है—

१—जिस प्रकार शुद्ध.दोष-रहित अकारादि में अत्वादि जाति रहती है उसी प्रकार संवृत आदि १८ प्रकार के दोषों वाले अकारादि में भी रहती है। अतः जैसे विकार-रहित और विकार-सहित मनुष्यमात्र में मनुष्यत्व जाति है उसी प्रकार शुद्ध और दोषयुक्त अकारादि में अत्वादि जाति रहती ही है। जैसे शुद्ध अकारादि का ग्रहण होता है वैसे ही दोषयुक्त आकारादि का भी ग्रहण प्रसक्त होगा। उसका निवारण करने के लिए अतिरिक्त वचन कहने होंगे। जातिपक्ष में गौरव दोष होगा।

"ग्रस्तं निरस्तमवलम्बितं निर्हतमम्बूकृतं ध्मातमथो विकम्पितम् ।
संदष्टमेणीकृतमर्धक द्रुतं विकीर्णमेताः स्वरदोषभावनाः" ।। इति ।।
अतोऽन्ये व्यञ्जनदोषाः ।।

'प्रदीपः'

अवलम्बितोः=वर्णान्तसंभिन्नः। निर्हतः=रूक्षः। सन्दष्टः=वर्धित इव। विकीर्णः= वर्णान्तरे प्रसृतः। एकोऽप्यनेकनिर्भासीत्यपरे। स्वरदोषभावना इति। स्वरदोष-

'भावबोधिनी'

(१) ग्रस्त, (२) निरस्त, (३) अवलम्बित, (४) निर्हत, (५) अम्बूकृत, (६) ध्मात, (७) विकम्पित, (८) सन्दष्ट, (९) एणीकृत, (१०) अर्धक, (११) द्रुत, (१२) विकीर्ण—ये स्वर-दोषों की भावना (समूह) है। [पूर्वोक्त १२ और इस श्लोक में कहे गये बारह में दोहराये गये दोषों को छोड़ देने के बाद कुल १८ दोष रह जाते हैं। इन स्वर-दोषों का प्रतिषेध करना होगा]।[1]

पूर्वोक्त दोषों के अतिरिक्त अनेक व्यञ्जनदोष [भी प्रसक्त होंगे उनका भी प्रतिषेध करना होगा]।

१—(१) संवृत=स्वरतन्त्रियों का सिमटना=संकरा होना। ह्रस्व 'अ' का यह गुण है किन्तु दीर्घ आ आदि स्वरों का दोष है। (२) कल—अपने वास्तविक (निर्धारित) स्थान को छोड़ कर किसी अन्य स्थान पर उच्चारित होना। (३) ध्मात–तेज दौड़ने आदि में श्वास की अधिकता के कारण ह्रस्व का भी दीर्घ के समान प्रतीत होना। (४) एणीकृत–ओ है अथवा औ–ऐसा सन्देहग्रस्त, उभय-साधारण उच्चारण। जैसा कि उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश के सीमावर्त्ती बुन्देलखण्ड क्षेत्र के समीपवर्ती लोग बोलते हैं। वे है को हे, मैं को में आदि बोलते हैं। (५) अम्बूकृत–व्यक्त होने पर भी मुख के अन्तर्गत ही सुनाई देना। कुछ लोग स्पष्ट बोलते हैं किन्तु इतने धीरे से बोलते हैं कि दूसरे को साफ-साफ सुनाई ही नहीं देता है। (६) अर्धक–दीर्घ होने पर भी ह्रस्व के समान उच्चारित होना (७) ग्रस्त–जीभ के मूलस्थान में निगृहीत (पकड़ा हुआ) सा उच्चारित होना। (८) निरस्त–निष्ठुर, कर्कश। (९) प्रगीत–सामवेद के मन्त्रादि के समान गाकर उच्चारित। (१०) उपगीत–समीपवर्त्ती दूसरे वर्ण की गीति से युक्त (प्रभावित) होता हुआ उच्चारित। (११) क्ष्विण्ण–काँपता हुआ सा। विकम्पित दोष में विशेष कम्पन और इसमें कुछ कम्पन प्रतीत होता है। (१२) रोमश–गंभीर। (१३) अवलम्बित–अन्य वर्ण से मिला हुआ। (१४) निर्हत-रुक्ष=रूखा। (१५) सन्दष्ट–बढ़ाया हुआ सा। (१६) विकीर्ण–अग्रिम वर्ण तक बढ़ा कर उच्चारित किया जाना अथवा हक्ले व्यक्ति द्वारा उच्चारित किसी एक वर्ण का अनेक सा प्रतीत होना। (१७) द्रुत–बहुत

(सिद्धान्तिभाष्यम्)

नैष दोषः ॥

(२३ समाधानवार्तिकम् ॥ ७ ॥)

[॥ * गर्गादिबिदादिपाठात्संवृतादीनां निवृत्तिः ॥ * ॥

(भाष्यम्)

गर्गादिबिदादिपाठात् संवृतादीनां निवृत्तिर्भविष्यति ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

अस्त्यन्यद् गर्गादिबिदादिपाठे प्रयोजनम् ॥

किम् ?

'प्रदीपः'

गोत्राणि । अनन्ता हि दोषा अशक्तिप्रमादकृताः ॥

अस्त्यन्यदिति । गर्ग इत्यादिनैव संनिवेशेन गर्गादीनां साधुत्वं यथा स्यात् गार्ग्य इत्यादीनां मा भूत् । ततश्च—तद्गतानामेवाकारादीनां दोषनिवृत्तिः कृता

'भावबोधिनी'

यह (पूर्वोक्त दोषयुक्तों का ग्रहणरूप) दोष नहीं है ।

(वा०) गर्गादिगण और बिदादिगण में पाठ होने से संवृतादि की निवृत्ति हो जाती है ।

(भा०) गर्गादि और बिदादि विभिन्न गणों में (शुद्ध अकारादि का ही) पाठ होने से संवृत आदि दोषों की निवृत्ति हो जायगी ।[1]

गर्गादि और बिदादि—गणों में (गर्गादि शुद्ध शब्दों के) पाठ का दूसरा ही प्रयोजन है ।

क्या ?

शीघ्र बोला गया । (१८) विकम्पित—स्पष्ट रूप से कम्पनयुक्त । ये तो दृष्टान्त मात्र हैं । उच्चारणकर्ता की अशक्ति और प्रमाद से अन्य भी अनेक दोषों की सम्भावना है । ये केवल स्वरों के दोष हैं । व्यंजनों में भी अनेक दोष हो सकते हैं । जातिपक्ष मानने पर उन सभी का प्रतिषेध करना होगा । अतः जातिपक्ष से सभी अकारादि का ग्रहण मानना उचित नहीं है ।

१—तात्पर्य यह है कि गर्गादि-गणों में पाणिनि ने संवृतादि १८ दोषों से रहित शुद्ध अकारादि का ही पाठ किया है, अतः उनके आधार पर सर्वत्र उसी प्रकार के अकारादि का ग्रहण किया जायगा, दोषों की निवृत्ति हो जायगी । अतः जातिपक्ष मानने पर दोषों का प्रसङ्ग नहीं आता है । प्रस्तुत वचन कहीं-कहींवार्तिक रूप में है ।

समुदायानां साधुत्वं यथा स्यादिति ॥

(समाधानैकदेशिभाष्यम्)

एवं तर्ह्यष्टादशधा भिन्नां निवृत्तकलादिकामवर्णस्य प्रत्यापत्तिं वक्ष्यामि ॥

'प्रदीपः'

स्यात्, न तु समुदायान्तरस्थानाम् । यद्यपि प्रत्ययविध्यर्थो गर्गादीनां पाठस्तथापि प्रसङ्गात्समुदायसाधुत्वार्थोऽपि भवति ॥

निवृत्तकलादिकामिति । अकारस्य संवृतत्वान्निवृतसंवृतत्वादिकामिति नोक्तम् । अकारस्य निदर्शनार्थत्वात्सर्ववर्णानां शास्त्रान्ते प्रत्यापत्तिरित्यर्थः ॥

'भावबोधिनी'

समुदायों का साधुत्व (शुद्धता) जिस प्रकार से हो सके (उसके लिए उनमें पाठ है) ।[1]

यदि ऐसा है तो कल आदि अठारह दोषों से रहित, अठारह भेदों वाली अवर्ण की प्रत्यापत्ति=प्रतिविधान (पुनः स्वरूपप्राप्ति) कहूँगा ।[2]

१—गर्गादि-गणों में गर्गादि शब्दों का पाठ इसलिये है कि गर्गादि प्रकृति और यञादि–प्रत्यय इन दोनों के समुदाय अर्थात् 'गार्ग्य' आदि रूप ही शुद्ध होते हैं, अन्य नहीं । इस कारण इन पाठों से दोषों की निवृत्ति माननी संभव नहीं है ।

प्रस्तुत पंक्ति की व्याख्या में कैयट के साथ नागेश का कुछ मतभेद है । कैयट के अनुसार गर्गादिगण में गर्ग आदि का ही संनिवेश होने से इन गर्ग आदि समुदायों का साधुत्व होना चाहिए गार्ग्य आदि का नहीं । इसलिए इन गर्ग आदि के ही अकारादि के दोषों की निवृत्ति हो जायगी अन्य किसी शब्दरूप (समुदाय) के अकारादि के दोषों की निवृत्ति नहीं होगी । यह पाठ यद्यपि प्रत्यय के विधान के लिए है परन्तु प्रसंगात् साधुत्व के लिए भी होगा ।

नागेश का यह कहना है कि गर्गादिगण में पाठ का यही प्रयोजन है कि गर्गादि-प्रकृतिक-यञादिप्रत्ययान्त गार्ग्य आदि शब्द-समुदाय ही साधु=शुद्ध होते हैं अन्य अनिश्चित प्रकृति और प्रत्यय के समुदाय साधु नहीं होते हैं । इस प्रकार इस पाठ के बल से दोषों की निवृत्ति माननी सम्भव नहीं है ।

२—पाणिनि ने अष्टाध्यायी के अन्त में 'अ अ' (पा० सू० ८।४।६८) सूत्र बनाकर विवृत 'अ' का संवृत 'अ' प्रतिविधान किया है । इसी को आधार मान कर 'इ इ', 'उ उ' आदि सूत्र कल्पित कर लिए जायेंगे और उनसे दोषसहित इकारादि के स्थान पर दोषरहित शुद्ध इकारादि का प्रतिविधान कर लिया जायगा । इससे निर्वाह हो जायगा ।

(आक्षेपभाष्यम्)

सा तर्हि वक्तव्या ?

(२४ एकदेशिसमाधानवार्तिकम् ॥ ८ ॥)

॥ * ॥ लिङ्गार्थां तु प्रत्यापत्तिः ॥ * ॥

(भाष्यम्)

लिङ्गार्था सा तर्हि भवति ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

तत्तर्हि वक्तव्यम् ॥

(समाधानभाष्यम्)

यद्यप्येतदुच्यते, अथवैतर्हि अनेकमनुबन्धशतं नोच्चार्यमित्संज्ञा च न वक्तव्या, लोपश्च न वक्तव्यः। यदनुबन्धैः क्रियते तत्कलादिभिः

'प्रदीपः'

यदनुबन्धैरिति। यथा स्वरितत्वमधिकारार्थमेवमात्मनेपदाद्यर्थं कलादिकं प्रतिज्ञाय 'कलादात्मनेपद' मित्यादि करिष्यते न तु–'अनुदात्तङितः' इत्यादि ॥

भावबोधिनी

तो वह प्रत्यापत्ति कहनी होगी ?

(वा०) [कलादि दोषरूप] लिङ्गों [की निवृत्ति] के लिए तो प्रत्यापत्ति।[1]

(भा०) तो वह प्रत्यापत्ति (कलादि दोषरूप) लिङ्गों की निवृत्ति के लिए हो जाती है।

तो वह कहना चाहिए ?

[धात्वादि में कल आदि दोष रूप लिङ्ग कहे जाँय और प्रत्यापत्ति से उन्हें दूर कर लिया जाय] जब ऐसा कहा जाता है तो अनेक–सैकड़ों अनुबन्धों (इत्संज्ञक वर्णों) का उच्चारण नहीं करना होगा, (उनकी) इत्संज्ञा नहीं कहनी होगी और

१—धातु आदि में जहाँ जहाँ तत्तद् अनुबन्ध लगा कर पाठ है वहाँ वहाँ इन कलादि दोषों को पढ़ना चाहिए। अनुबन्धों का कार्य इन्हीं दोषों से हो जायगा। पुनः प्रतिविधान मान कर दोषों को दूर कर लेना चाहिए। इसलिए अनेक अनुबन्ध लगाना, उनकी इत्संज्ञा करना, लोप करना—ये अनेक गौरव होते हैं। अब इनकी आवश्यता नहीं होगी क्योंकि जैसे अनुबन्ध-रहित ही प्रयोग में देखे जाते हैं वैसे ही दोषरहित ही देखे जायेंगे। इस कल्पना में लाघव है।

करिष्यते ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

सिद्ध्यत्येवम् । अपाणिनीयं तु भवति ॥

(सिद्धान्तिभाष्यम्)

यथान्यासमेवास्तु ॥

(आक्षेपस्मारणभाष्यम्)

ननु चोक्तम् ०आकृत्युपदेशात्सिद्धमिति चेत्संवृतादीनां प्रतिषेधः० इति ॥

'प्रदीपः'

ननु चानुबन्धाभावे कथमणादिकाः संज्ञा उपपद्यन्ते ? 'आदिरन्त्येने' त्यत्रादिः कलैः सहेत्युक्त्वा 'अ उ' इत्यादिकाः संज्ञाः करिष्यन्ते स्वरसन्धिश्चासन्देहाय न करिष्यते —इत्यदोषः ॥

'भावबोधिनी'

लोप भी नहीं कहना होगा। कारण यह है कि जो कार्य अनुबन्धों से किया जाता है वह इन कल आदि दोषों से भी कर लिया जायगा।[१]

हाँ, इस प्रकार सिद्ध तो होता है किन्तु अपाणिनीय हो जाता है। (उनके सूत्र विकृत हो जाते हैं।[२])

तब तो पाणिनि ने जैसा बनाया है वैसा ही रहना चाहिए।

क्यों जी, यह कहा जा चुका है—'यदि जाति का उपदेश है तब तो संवृत आदि का प्रतिषेध कहना होगा।'

१—यहाँ भाव यह है कि आत्मनेपद आदि का विधान करने के लिए जिस प्रकार अनुदात्तत्व या ङित्व किया जाता है—'अनुदात्तङित आत्मनेपदम्' (पा० सू० १।३।११) इसी प्रकार इसके स्थान पर 'कलादात्मनेपदम्' यह सूत्रस्वरूप कर दिया जायगा। आगमों के सम्बन्ध में भी 'ट्' और 'क्' अनुबन्धों के स्थान पर 'कल' और 'ध्मात' दोषों को पढ़ दिया जायगा। प्रत्याहारों को बनाने के लिए भी दोष ही पढ़े जाएँगे और 'आदिरन्त्येन सहेता' सूत्र के स्थान पर 'आदिः कलैः सह' ऐसा बना दिया जायगा। इस प्रकार अनुबन्ध, इत्संज्ञा और लोप का सारा भार समाप्त करके दोषों का समायोजन करना और प्रत्यापत्ति द्वारा उन्हें दूर करना— इनमें लाघव है।

२—यद्यपि अनुबन्धों का कार्य दोषों के द्वारा हो सकता है तथापि यह अनुचित है क्योंकि चतुर्दशसूत्री की सार्थकता उपपन्न करते-करते पाणिनि के अनेक सूत्र विकृत (परिवर्तित) कर दिये जायेंगे। 'अतः लाघव की अपेक्षा गौरव ही आपतित होगा।

(समाधानभाष्यम्)

परिहृतमेतत्—गर्गादिबिदादिपाठात् संवृतादीनां निवृत्तिर्भविष्यति—इति ।।

(समाधानबाधकभाष्यम्)

ननु चान्यद् गर्गादिबिदादिपाठे प्रयोजनमुक्तम् ।

किम् ?

समुदायानां साधुत्वं यथा स्यादिति ।।

(समाधानसाधकभाष्यम्)

एवं तर्ह्युभयमनेन क्रियते -पाठश्चैव विशेष्यते, कलादयश्च निवर्त्यन्ते ।

कथं पुनरेकेन यत्नेनोभयं लभ्यम् ?

लभ्यमित्याह ।।

कथम् ?

द्विगता अपि हेतवो भवन्ति । तद्यथा--आम्राश्च सिक्ताः पितरश्च

प्रदीपः

उभयमिति । यथाभूता गर्गादिस्था अकारादयस्तथाभूता एव सर्वत्र

'भावबोधिनी'

इसका परिहार कहा जा चुका है—"गर्गादिगण और बिदादिगण में (शुद्ध का) पाठ होने से दोषों की निवृत्ति हो जायगी ।

नहीं, गर्गादि-बिदादिगणों में पाठ का दूसरा ही प्रयोजन कहा जा चुका है ।

क्या ?

(गर्गादि प्रकृति और यञादि प्रत्यय के) समुदायों का साधुत्व करने के लिए वह पाठ है ।

यदि ऐसी बात है तो इस (गर्गादि के पाठ) से दोनों कार्य किये जाते हैं—(१) पाठ भी विशेषित किया जाता है[१] और (२) कल आदि दोषों की निवृत्ति भी की जाती है ।

परन्तु (पाठरूपी) एक यत्न से दो फलों की प्राप्ति कैसे होती है ?

प्राप्ति होती है--ऐसा कहते हैं ।

कैसे ?

(कुछ) हेतु द्विगत[२] (दो कार्यों के सम्पादक) भी होते हैं । जैसे--(ग्रीष्मकाल में या जलादि के अभाव के समय आम के पेड़ के नीचे बैठकर तर्पण करने से) आम भी सिंच जाते हैं और पितृगण भी तृप्त करा दिये जाते हैं । इसी प्रकार

१—तत्तद्गणपठित आनुपूर्वीवाले शब्दों से ही यञ् आदि प्रत्यय होते हैं, अन्य से नहीं ।

१--हिन्दी में इसके स्थान पर कहावत है--एक पन्थ दो काज । अतः गर्गादि-पाठ से दोनों काम संभव हैं ।

प्रीणिता इति। तथा वाक्यान्यपि द्विष्ठानि भवन्ति—श्वेतो धावति, अलम्बसानां यातेति ॥

(सिद्धान्त-भाष्यम्)

अथ वा इदं तावदयं प्रष्टव्यः—क्वेमे संवृतादयः श्रूयेरन्निति ?

आगमेषु ॥

आगमाः शुद्धाः पठ्यन्ते ॥

विकारेषु तर्हि ॥

विकारा अपि शुद्धाः पठ्यन्ते ॥

प्रत्ययेषु तर्हि ॥

प्रत्यया अपि शुद्धाः पठ्यन्ते ॥

'प्रदीपः'

प्रयोक्तव्या इति प्रतिपाद्यते इत्यर्थः ॥ द्विगता इति। द्वावर्थौ गताः=प्रयोजनद्वय-संपादका इत्यर्थः ॥ तथा वाक्यान्यपीति। शब्दस्याप्यर्थवद् द्विगतत्वमित्यर्थः ॥

'भावबोधिनी'

वाक्य भी (कहीं-कहीं) दो अर्थों का प्रतिपादन करने वाले (द्विष्ठ) होते हैं श्वेतो धावति।[१] [(१) श्वा=कुत्ता, इतः=यहाँ से धावति=भागता है। (२) श्वेतः=सफेद घोड़ा आदि धावति=भागता है]। अलम्बुसानां याता। [(१) अलम्बुसानाम्=अलम्बुस देशको, याता=जाने वाला। (२) बुसानाम्=भूसे को, याता=जाने वाला [पाता=रक्षा करने वाला]। अलम्=समर्थ हो।

अथवा (आकृत्युपदेशपक्ष में दोषों की प्रसक्ति मानने वाले) इस विद्वान् से यह पूछिए—संवृत आदि दोष कहाँ सुनाई दे सकते हैं ?

आगमों में (ये दोष सुनाई दे सकते हैं) ?

(पाणिनि द्वारा) सभी आगम शुद्ध ही पठित हैं।

तो फिर विकारों (आदेशों) में।

(नहीं, क्योंकि) विकार=आदेश भी शुद्ध ही पठित हैं।

तो फिर प्रत्ययों में।

(नही, क्योंकि) प्रत्यय भी शुद्ध ही पठित हैं।

---

१ - 'कीदृशः धावति ?' इसका उत्तर है–श्वेतो धावति।' और 'कः इतः धावति ?' इसका भी यही उत्तर है–'श्वा इतः धावति।' इसी प्रकार 'केषां जनपदानां याता ?' इसका उत्तर है-'अलम्बुसानां याता।' और 'कः समर्थः ? 'बुसानां याता अलम्।' यहाँ जैसे एक ही प्रकार के शब्दों से दो दो अर्थ निकाले जाते हैं। उसी प्रकार कहीं-कहीं वाक्य से भी दो अर्थ प्रतीत हो जाते हैं। एक कारण से दो कार्य हो जाते हैं।

धातुषु तर्हि ॥

धातवोऽपि शुद्धाः पठ्यन्ते ॥

प्रातिपदिकेषु तर्हि ॥

प्रातिपदिकान्यपि शुद्धानि पठ्यन्ते ॥

यानि तर्ह्यग्रहणानि प्रातिपदिकानि ॥

एतेषामपि स्वरवर्णानुपूर्वीज्ञानार्थं उपदेशः कर्तव्यः—शशः षष इति मा भूत्। पलाशः पलाष इति मा भूत्। मञ्चको मञ्जक इति मा भूत्॥

'आगमाश्च विकाराश्च प्रत्ययाः सह धातुभिः।
उच्चार्यन्ते ततस्तेषु नेमे प्राप्ताः कलादयः' ॥ १ ॥

'प्रदीपः'

अथ वेति। केवलानां वर्णानां लोके प्रयोगाभावाद्धात्वादीनां च शुद्धानां पाठात् तत्स्थत्वाच्च वर्णानां न कश्चिद्दोषः॥ यानि तर्हीति। डित्थादीनि॥

'भावबोधिनी'

तो फिर धातुओं मे।

(नहीं, क्योंकि) धातुएँ भी शुद्ध ही पठित हैं।

तब प्रातिपदिकों में।

प्रातिपदिक भी शुद्ध ही पठित हैं।

तो फिर उन प्रातिपदिकों में जिन्हें प्रतिपदोक्तरूप से (किसी गण या सूत्र आदि में) नहीं पढ़ा गया है।

ऐसे प्रातिपदिकों का भी स्वर, वर्ण और आनुपूर्वी का (सही सही) ज्ञान करने के लिए उपदेश करना ही पड़ेगा जिससे–शश' यहाँ 'षष' यह न होने लगे। 'पलाश' इसका 'पलाष' यह न होने लगे। 'मञ्चक' इसका 'मञ्जक' ऐसा न होने लगे।

आगम, विकार (=आदेश) और धातुओं के साथ-साथ प्रत्यय—ये सभी (पाणिनि द्वारा) शुद्ध ही उच्चारित किये जाते हैं (किये गये हैं), अतः इन किसी में भी कलादि दोष नहीं प्राप्त हो सकते।

।। इति श्रीमद्भगवत्पतञ्जलिविरचिते व्याकरण-महाभाष्ये प्रथमाध्यायस्य प्रथमपादे प्रथमं पस्पशाह्निकम् ।।

—०—

'प्रदीपः'

एतेषामपीति । शिष्टप्रयुक्तत्वेनोणादीनां पृषोदरादीनां च साधुत्वाभ्यनुज्ञानात्सर्वेषामत्र सङ्ग्रहः सिद्धः ।।

।। इत्युपाध्यायजैयटपुत्रकैयटकृते महाभाष्यप्रदीपे प्रथमाध्यायस्य प्रथमे पादे प्रथमं पस्पशाह्निकम् ।। १ ।।

—०—

'भावबोधिनी'

।। इस प्रकार श्रीमद्भगवान् पतञ्जलिमुनिद्वारा विरचित
व्याकरणमहाभाष्य में प्रथम अध्याय के प्रथम पाद में
प्रथम आह्निक समाप्त हुआ ।।

विमर्श—चतुर्दश सूत्रों में उच्चारित वर्णों के मुख्यरूप से प्रथम दो ही प्रयोजन हैं - वृत्तिसमवाय और अनुबन्धकरण । तृतीय प्रयोजन को कहने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि जातिपक्ष मान कर सामान्यतया ही सब कार्य सम्भव हैं। इसी लिए उद्द्योतकार नागेश ने स्पष्ट लिखा है—

"एवं 'संवृतादीनां प्रतिषेधः' इत्यस्मिन् प्रत्याख्याते 'इष्टबुद्ध्यर्थः' इत्यपि प्रत्याख्यातप्रायमेवेत्यलम् ।"

।। इस प्रकार जयशङ्कर लाल त्रिपाठि-विरचित 'भावबोधिनी' हिन्दी-व्याख्या में
व्याकरण-महाभाष्य के प्रथम अध्याय के प्रथम पाद में
प्रथम पस्पशाह्निक समाप्त हुआ ।।

कृपया विश्वनाथस्य गुरुपितृप्रसादतः ।
अकरोत् पस्पशाव्याख्यां त्रिपाठी जयशङ्करः ।।

वार्त्तिक-सूची

(१)

अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरम् ।
विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यतः ।।

(२)

आसन्नं ब्रह्मणस्तस्य तपसामुत्तमं तपः ।
प्रथमं छन्दसामङ्गं प्राहुर्व्याकरणं बुधाः ।।

(३)

अर्थप्रवृत्तितत्त्वानां शब्दा एव निबन्धनम् ।
तत्त्वावबोधः शब्दानां नास्ति व्याकरणादृते ।।

(४)

तद्द्वारमपवर्गस्य वाङ्मलानां चिकीर्षितम् ।
पवित्रं सर्वविद्यानामधिविद्यं प्रकाशते ।।

(५)

इदमाद्यं पदस्थानं सिद्धिसोपानपर्वणाम् ।
इयं सा मोक्षमाणानामजिह्मा राजपद्धतिः ।।

(भर्तृहरिः, वाक्यपदीय-ब्रह्मकाण्डम्)

□

॥ श्रीः ॥

अथ महाभाष्ये द्वितीयं प्रत्याहाराह्निकम्

(शिवसूत्रम्)

अइउण् ॥ १ ॥

(२५ विवृतोपदेशप्रतिज्ञावार्तिकम् ॥ १ ॥)

॥ * ॥ अकारस्य विवृतोपदेश आकारग्रहणार्थः ॥ * ॥

अकारस्य विवृतोपदेशः कर्तव्यः ।

किं प्रयोजनम् ?

'प्रदीपः'

अइउण् ॥ सर्ववर्णानविशेषेण विचार्य विशेषेणात्र विचारः क्रियते—अकारस्येति । अत्राकारादीनां स्वरूपेणानुकार्येण वा सतोऽप्यर्थवत्त्वस्याविवक्षितत्वाद्विभक्त्यनुत्पत्तिः । स्वरसन्धिस्तु न प्रवर्तते, वर्णोपदेशकालेऽजादिसंज्ञानामनिष्पादात् ॥[१] अत्राकारस्य संवृतत्वाद्दीर्घप्लुतयोर्विवृतत्वात्प्रयत्नभेदात्सवर्णसंज्ञाया अप्रसङ्गात् प्रदेशेष्वकारेण दीर्घप्लुतयोर्ग्रहणं न प्राप्नोतीति विवृतत्वमस्योपदिश्यते । विवृतस्य गुणस्योपदेशो—विवृतोपदेशः । तत्र गुणस्य नित्यसापेक्षत्वादकारापेक्षत्वेऽपि समासः । यथा—देवदत्तस्य गुरुकुलमिति ॥

'भावबोधिनी'

नत्वा साम्बं शिवं ध्यात्वा गुरुपितृपदाम्बुजम् ।
द्वितीयमाह्निकं भाष्ये व्याचष्टे 'जयशङ्करः' ॥

विवृतोपदेश की आवश्यकता

(वा०) अकार का विवृत उपदेश (उच्चारण) आकार के ग्रहण के लिये [करना चाहिए] ।

(भा०) [अइउण् में] अकार का विवृत उपदेश करना चाहिए ।

[ऐसा करने का] क्या प्रयोजन है ?

---

१. 'अजादिसंज्ञानामनिष्पादादि'ति तु चिन्त्यम्, वर्णोपदेशे इत्संज्ञायामच्प्रत्याहारे च निष्पन्ने प्रवर्तमानानां यणादीनां 'सुध्युपास्य' इत्यादौ तटस्थ इवोद्देश्यतावच्छेदकाक्रान्ते वर्णोपदेशादावपि प्रवृत्तेर्दुर्वारत्वात् । अन्यथा 'तुल्यास्यप्रयत्नम्' इत्यादौ सवर्णदीर्घादि न स्यात् ।' (उद्द्योतः)

आकारग्रहणार्थः । अकारः सवर्णग्रहणेनाऽऽकारमपि यथा गृह्णीयात् ॥

'प्रदीपः'

आकारग्रहणार्थं इति । 'विवृतोपदेश आकारग्रहणार्थं' इति सामानाधिकरण्येन निर्देशादाकारग्रहणं विवृतोपदेशस्य प्रयोजनमिति सामर्थ्यादवगमाच्चोद्यानुरूपमुत्तरं न भवतीति न चोदनीयम् ॥ सवर्णग्रहणेनेति । येन शास्त्रेण 'अणुदित्सवर्णस्ये'त्यनेन सवर्णा गृह्यन्ते तेन कारणेनेत्यर्थः ॥

'भावबोधिनी'

आकार का भी ग्रहण कराने के लिए। जिससे अकार सवर्णग्रहण द्वारा आकार का भी ग्रहण कर सके। [सवर्ण का बोध कराने वाले 'अणुदित् सवर्णस्य' (१।१।६९) सूत्र द्वारा अ से आ का भी ग्रहण कराना इष्ट है। अतः विवृत करना चाहिए।]

विमर्श—प्रथम आह्निक में चतुर्दश सूत्रों में वर्णोपदेश का सामान्य प्रयोजन कहा जा चुका है। द्वितीय आह्निक में प्रत्येक सूत्र और उसके वर्णों के उपदेश का प्रयोजन बताया जायगा।

यद्यपि 'अइउण्' आदि में शब्दस्वरूप को मान कर अथवा अनुकार्य मान कर अर्थवत्त्व हैं, परन्तु विद्यमान भी अर्थवत्त्व की अविवक्षा कर देने के कारण प्रातिपदिक संज्ञा और तत्प्रयुक्त विभक्ति नहीं आती है। "वर्णात्कारः" इस वचन से यहाँ 'कार' प्रत्यय भी नहीं होता है क्योंकि इस वचन में 'बहुल' का सम्बन्ध है। यहाँ सौत्र प्रयोग के कारण संहिता की अविवक्षा होने से स्वरसन्धि भी नहीं होती है।

वर्णोपदेश के पहले अच् आदि प्रत्याहार नहीं बन पाते हैं, अतः इनमें "आद्गुणः" आदि सूत्रों की प्रवृत्ति नहीं हो सकती क्योंकि इन 'अइउण्' आदि के प्रणयनकाल में "आद्गुणः" आदि की सत्ता ही नहीं है। परन्तु यह उत्तर आपातरमणीय है क्योंकि ऐसा मान लेने पर तो 'तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्' में सवर्णदीर्घ भी नहीं हो सकता। क्योंकि सवर्ण संज्ञा के बोध के बाद ही सवर्णदीर्घ सम्भव होगा। अतः सौत्र होने से अथवा अविवक्षा से ही स्वरसन्धि वारित करना उचित है।

(आक्षेपभाष्यम्)

किं च कारणं न गृह्णीयात् ?

(समाधानभाष्यम्)

विवारभेदात् ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

किमुच्यते—विवारभेदादिति, न पुनः कालभेदादपि। यथैव ह्ययं विवारभिन्नः, एवं कालभिन्नोऽपि ?

'प्रदीपः'

किं च कारणमिति। आकृतिपक्षाश्रयेण ग्रहणकशास्त्रस्य प्रत्याख्यानादाकारस्याप्यत्वजातिसद्भावात् सिद्धं ग्रहणमिति भावः। अत्र च "निमित्तकारणहेतुषु सर्वासां प्रायदर्शनम्" इति प्रथमा कृता। तेन कस्मात्कारणादित्यर्थः संपद्यते ॥

विवारभेदादित्यत्र तु कारणशब्दप्रयोगाभावात्प्रायग्रहणादसर्वनाम्नो वा प्रथमाद्वितीययोरभावाद् "विभाषा गुणेऽस्त्रियामि"ति पञ्चमी विहिता ॥ विवारयति = विकासयति आस्यमिति विवारः[1] = प्रयत्नः ॥ व्यक्तिपक्षे ग्रहणकशास्त्रारम्भाद्दोषापत्तिः ॥

व्यक्तिपक्षे भेदान्तरसद्भावादाह—किमुच्यत इति ॥

'भावबोधिनी'

(भा०) क्या कारण है जिससे नहीं ग्रहण (बोध) करायेगा ?

विवार = विवृत प्रयत्न रूप भेद के कारण [अकार आकार का ग्रहण नहीं करायेगा]।

विमर्श—शंका का तात्पर्य यह है कि लोक में ह्रस्व अ संवृत प्रयत्न वाला ही है। इसे व्याकरण शास्त्र में जब तक विवृत प्रयत्न वाला नहीं कहा जायगा तब तक प्रयत्नभेद के कारण अ तथा आ की सवर्णसंज्ञा नहीं होगी। "अणुदित् सवर्णस्य" (१।१।६९) इस सवर्णग्राहक शास्त्र की प्रवृत्ति नहीं हो सकेगी जिसके कारण "अस्य च्वौ" (७।४।३२) आदि में अ से दीर्घ आ नहीं लिया जा सकेगा, फलतः 'गङ्गीभवति' आदि में इत्व नहीं होगा। अतः सवर्ण-ग्राहकता के लिए 'अइउण्' में विवृत अ पढ़ना चाहिए।

(भा०) विवृत प्रयत्न के भेद से—ऐसा क्यों कहा जाता है, कालभेद से भी

---

१. स चाभ्यन्तरप्रयत्नः। (उद्द्योतः) तथा च विवारपदं विवृतपरम्, तेन भेदादित्यर्थः। (छाया)

(समाधानभाष्यम्)

सत्यमेव तत् । वक्ष्यति "तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्" (१।१।९) इत्यत्रास्यग्रहणस्य प्रयोजनम्—"आस्ये येषां तुल्यो देशः प्रयत्नश्च ते सवर्णसंज्ञा भवन्ती"ति। बाह्यश्च पुनरास्यात्कालः, तेन स्यादेव कालभिन्नस्य ग्रहणम्, न पुनर्विवारभिन्नस्य ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

किं पुनरिदं विवृतस्योपदिश्यमानस्य प्रयोजनमन्वाख्यायते, आहोस्वित्

'प्रदीपः'

बाह्यश्चेति । प्रयत्नाभिनिर्वृत्तत्वात्कालस्य प्रयत्नत्वमभ्युपगम्य शङ्का, बाह्यत्वेन परिहारः। प्रसिद्धपरिमाणवस्त्वन्तरगत-परिच्छेदकक्रियान्तरापेक्षणात्कालव्यवहारस्य बाह्यत्वं कालस्य । यथा व्रीहेः प्रस्थादिव्यवहारः परिमाणद्रव्यकृतः, एवमत्रापि मात्रादिव्यपदेशो निमेषादिक्रियाभेदकृतः ॥ अथ वा नाभिप्रदेश एव विशिष्टप्रयत्नारम्भाद्दीर्घादिनिष्पत्त्या नाभेश्चास्याद्बाह्यत्वात्कालस्य बाह्यत्वम् । विवृतत्वादीनां त्वास्य-वर्तिप्रयत्ननिष्पाद्यत्वादाभ्यन्तरत्वम् । द्रुतादिवृत्तयस्तु यथा न भेदिकास्तथा 'तपर' (१।१।७०) सूत्रे वक्ष्यते ॥

'भावबोधिनी'

[आ का ग्रहण नहीं करायेगा]—ऐसा क्यों नहीं कहते ? क्योंकि जैसे यह 'आ' विवृत–प्रयत्न के कारण भिन्न है, वैसे ही [द्विमात्रिक] काल के भेद के कारण भी भिन्न है। [अतः प्रयत्नभेद और कालभेद दोनों कहने चाहिए ।]

यह (पूर्वोक्त कथन) ठीक ही है। क्योंकि [वार्त्तिककार आचार्य कात्यायन] आगे "तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्" (१।१।९) इस सूत्र में 'आस्य' के ग्रहण का प्रयोजन कहेंगे—"आस्य = मुख में जिनका देश = स्थान और प्रयत्न तुल्य है, वे (परस्पर) सवर्णसंज्ञक होते हैं।" और काल तो आस्य (मुख) से बाहरी है। इसलिए [कालभेद के कारण] कालभिन्न (भेदवान्) का तो ग्रहण होगा ही, परन्तु विवृत रूप प्रयत्न के भेद से भिन्न होने वाले का ग्रहण नहीं होगा।

[आस्य के अन्तर्गत देश = स्थान होते हैं, द्विमात्रा आदि काल नहीं होते हैं। अतः कालभेद होने पर भी सवर्णसंज्ञा होती है। किन्तु प्रयत्नभेद रहने पर सवर्णसंज्ञा नहीं हो सकती ।]

क्या यह विवृत उपदिश्यमान (अकार) का प्रयोजन कहा जा रहा है अथवा संवृत उपदिश्यमान का विवृत उपदेश कहा जा रहा है ?

संवृतस्योपदिश्यमानस्य विवृतोपदेशश्चोद्यते ?

(समाधानभाष्यम्)

विवृतस्योपदिश्यमानस्य प्रयोजनमन्वाख्यायते ॥

कथं ज्ञायते ?

यदयम्—"अ अ" (८।४।६८)—इत्यकारस्य विवृतस्य संवृतताप्रत्यापत्तिं शास्ति ॥

(समाधानबाधकभाष्यम्)

नैतदस्ति ज्ञापकम् । अस्ति ह्यन्यदेतस्य वचने प्रयोजनम् ॥

'प्रदीपः'

किं पुनरिति । किं सूत्रकारेणैव विवृतोपदेशः कृतो वार्तिककारेण तु तस्य प्रयोजनमुक्तम्, अथवाऽकृत एव विवृतोपदेशो वार्तिककृता चोद्यत्वेनोपन्यस्त इति प्रश्नः । दुरवधारत्वादुपदिष्टोऽपि विवृतो व्याख्यानेन विना न शक्यते ज्ञातुमिति प्रत्यक्षेऽप्यकारे प्रश्नोऽयं नासमञ्जसः ॥

तत्र प्रत्यापत्त्या पूर्वः पक्ष आश्रितः । अन्यथा[1] शास्त्रान्ते प्रत्यापत्तिवचनमनर्थकं स्यात्, स्वरूपप्रच्यवाभावात् ॥

'भावबोधिनी'

विवृत उपदिश्यमान के प्रयोजन अथवा संवृत उपदिश्यमान का विवृतोपदेश

[भाव यह है कि पाणिनि ने विवृत उपदेश किया है किन्तु वार्त्तिककार ने उसका प्रयोजन कहा है । अथवा वार्तिककार स्वयं विवृत उपदेश कराने का समर्थन करते हैं ? इसका निर्णय करना है ।]

[सूत्रकार द्वारा] उपदिश्यमान विवृत का प्रयोजन [वार्त्तिककार द्वारा] कहा जा रहा है ।

कैसे मालूम होता है (कि वार्त्तिककार प्रयोजन कह रहे हैं) ?

जो कि ये सूत्रकार पाणिनि [अष्टाध्यायी के अन्तिम सूत्र] "अ अ" (८।४।६८) इस सूत्र से विवृत अकार के संवृतत्व का पुनः विधान (प्रत्यापत्ति) करते हैं । [यदि सूत्रकार ने स्वयं विवृत 'अ' का उपदेश न किया होता तो उसको संवृतत्वगुणविशिष्ट करने के लिए "अ अ" सूत्र ही नहीं बनाते ।]

१. अन्यथा = संवृतत्वे, स्वरूपप्रच्यवे हि पुनः संवृतविधानं युक्तं स्यादिति भावः । (उद्द्योतः)

किम् ?

अतिखट्वः, अतिमाल इत्यत्रान्तर्यतो विवृतस्य विवृतः प्राप्नोति, संवृतः स्यादित्येवमर्था प्रत्यापत्तिः ॥

(समाधानसाधकभाष्यम्)

[1]नैतदस्ति । नैव लोके न च वेदेऽकारो विवृतोऽस्ति ॥

कस्तर्हि ?

संवृतः,योऽस्ति स भविष्यति । तदेतत्प्रत्यापत्तिवचनं (८।४।६८) ज्ञापकमेव

'प्रदीपः'

अस्ति ह्यन्यदिति । प्रयोग एव प्राप्ते विवृतत्वे संवृतत्वप्रत्यापत्तिः स्यादिति अज्ञापकमेतदित्यर्थः । नन्विहासति विवृतोपदेशे सावर्ण्याभावादकारेणाकारस्याग्रहणादच्त्वाभावात्कथमतिखट्व इति ह्रस्वः ? नैष दोषः, "उदीचामातः स्थाने" इति ज्ञापकाद्भवत्याकारस्य ह्रस्वः ॥

नैव लोक इति । प्रयुक्तानामनुशासनात् प्रयोगे च विवृतस्याकारस्यासम्भवात्संवृत एव भविष्यतीति प्रत्यापत्तिर्ज्ञापिकैव ।।

'भावबोधिनी'

यह [विवृत का संवृतत्व-विधान] ज्ञापक नहीं है । इस सूत्र के कथन में दूसरा ही प्रयोजन है ।

क्या [दूसरा प्रयोजन हैं] ?

अतिखट्वः, अतिमालः—इनमें सादृश्य के कारण विवृत आ का विवृत ही [अ] प्राप्त होता है, संवृत हो—इसके लिये यह प्रत्यापत्तिवचन ("अ अ" सूत्र) है । [खट्वाम् अतिक्रान्तः आदि समास में 'गोस्त्रियोरुपसर्जनस्य' (१।२।४८) से ह्रस्व किया जाता है । चूंकि स्थानी आ विवृत है तो सदृशतम 'अ' आदेश भी विवृत होने लगेगा । उसको संवृत करने के लिए "अ अ" सूत्र चरितार्थ है । अतः यह ज्ञापक नहीं बन सकता ।]

नहीं, ऐसा [ठीक] नहीं है । [क्योंकि] लोक और वेद में कहीं भी अकार विवृत नहीं है । [अतः वह होना सम्भव ही नहीं है ।]

तो कौन सा [अकार] है ?

संवृत [है], जो है,वही [आदेश] होगा । [तब तो संवृत स्वतः ही प्राप्त है ।]

१. ज्ञापकस्यासिद्धिं निरस्यति—भाष्ये—नैतदिति । 'युक्तम्' । 'यतः' इति शेषः । (छाया)

भविष्यति—'विवृतस्योपदिश्यमानस्य प्रयोजनमन्वाख्यायते' इति ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

कः पुनरत्र विशेषः—विवृतस्योपदिश्यमानस्य प्रयोजनमन्वाख्यायेत संवृतस्योपदिश्यमानस्य वा विवृतोपदेशश्चोद्येतेति ?

(समाधानभाष्यम्)

न खलु कश्चिद्विशेषः।[1] आहोपुरुषिकामात्रं तु भवानाह—'संवृतस्योपदिश्यमानस्य विवृतोपदेशश्चोद्यत इति। वयं तु ब्रूमो--विवृतस्योपदिश्यमानस्य प्रयोजनमन्वाख्यायत' इति ॥

'प्रदीपः'

कः पुनरिति। 'विवृतोपदेश'[2] इत्यत्र 'कृत' इति वा, 'कर्तव्य' इति वा वाक्यशेषाध्याहारे न कश्चिद्विशेष इत्यर्थः ॥

आहोपुरुषिकेति। अहो = अहं पुरुष इत्यहङ्कारवान्—अहोपुरुषः—तस्य भाव इति मनोज्ञादित्वाद्वुञ्। अहङ्कारवत्त्वमित्यर्थः।

'भावबोधिनी'

इसलिए यह प्रत्यापत्तिवचन ["अ अ" सूत्र] ज्ञापक ही होगा—"विवृत उपदिश्यमान अकार का प्रयोजन कहा जाता है।' [पाणिनि ने विवृत का ही उपदेश किया है, उसी का प्रयोजन कर रहे हैं।]

इसमें क्या भेद है—किए जाने वाले विवृत उच्चारण (उपदेश) का प्रयोजन कहा जाय अथवा संवृत उच्चारित (उपदिश्यमान) के स्थान पर विवृत उच्चारण किया जाय ?

वास्तव में (इन दोनों पक्षों में) कोई भेद नहीं है। [पाण्डित्य का] केवल अहङ्कार है। आप कहते हैं—संवृत उच्चारित (उपदिश्यमान) के स्थान में विवृत उपदेश कहा जा रहा है, [उच्चारित करना चाहिए]। किन्तु हम कह रहे हैं—विवृत उच्चारित है उसका प्रयोजन कहा जा रहा है। [अतः किसी पक्ष में आग्रह व्यर्थ है।]

---

१. अहो—यह अव्यय 'अहम्' के अर्थ में है। अहो = अहं पुरुष :—इसमें 'अहोपुरुषः' 'मयूरव्यंसकादयश्च' से समास होता है। 'अहोपुरुषस्य भावः' इस अर्थ में 'मनोज्ञादिभ्यश्च' सूत्र से वुञ् = अक, आदिवृद्धि, टाप्, इत्व—आहोपुरुषिका = अहङ्कारवत्ता = अभिमान। 'आहोपुरुषिका' इत्यत्र वुञः प्राक् मयूरव्यंसकादित्वात् समासः। अहो—इति अहमित्यर्थे ॥ (उद्द्योतः)

२. वार्त्तिके—इति भावः।

(॥ २६ ॥ धात्वादिषु विवृतत्वप्रतिज्ञावार्तिकम् ॥ २ ॥)

॥*॥ तस्य विवृतोपदेशादन्यत्रापि विवृतोपदेशः सवर्णग्रहणार्थः ॥*॥

(भाष्यम्)

तस्यैतस्याक्षरसमाम्नायिकस्य विवृतोपदेशादन्यत्रापि विवृतोपदेशः कर्तव्यः॥

क्वान्यत्र ?

धातुप्रातिपदिकप्रत्ययनिपातस्थस्य ॥

किं प्रयोजनम् ?

'प्रदीपः'

तस्येति । यदा प्रत्याहारे विवृतोऽकार उपदिष्टस्तदा प्रयत्नभेदात्तेन संवृतस्याकारस्य ग्रहणाभावादच्कार्यं न स्यादिति तत्सिद्धये सर्वस्याकारस्य विवृतत्वं कर्तव्यमित्यर्थः । तेन शाम्यतीत्यादौ दीर्घादिः सिध्यति ॥

ननु च सर्वेषामकाराणां यत्सामान्यं तदनुकरणमत्राकारः । तस्य च विवृतत्वे प्रतिज्ञायमाने सर्वेषां तत्प्रतिज्ञातं भवतीति किमुच्यते—तस्य विवृतोपदेशादिति ? एवं तर्हि यदा कस्यचिदेवाकारस्येदमनुकरणं स्वरूपपदार्थको वाऽकारस्तदेदमुच्यत इत्यदोषः ॥

'भावबोधिनी'

अन्यत्र भी विवृतोपदेश की आवश्यकता

(वा०) उस [अ इ उण्] के अकार का विवृत उपदेश (उच्चारण) करने से अन्यत्र भी सवर्णग्रहण के लिए विवृत उपदेश (उच्चारण) [करना चाहिए] ।

(भा०) अक्षर-समाम्नाय में स्थित इस अकार का जैसे विवृत उच्चारण है इस कारण अन्यत्र भी विवृत उच्चारण करना चाहिए । [क्योंकि जब प्रत्याहार का अकार विवृत उपदिष्ट है तो उसके साथ सवर्ण संज्ञा करने के लिए अन्यत्र भी विवृत ही उच्चारण करना चाहिए, अन्यथा संवृत होने पर प्रयत्नभेद के कारण सवर्ण संज्ञा न होने से तत्प्रयुक्त दीर्घादि नहीं होंगे ।]

अन्यत्र कहाँ ?

धातु, प्रातिपदिक, प्रत्यय तथा निपात—इनमें स्थित अकार का [भी विवृत उच्चारण करना होगा] ।

क्या प्रयोजन है ?

सवर्णग्रहणार्थः । आक्षरसमाम्नायिकेनास्य ग्रहणं यथा स्यात् ॥

किं च कारणं न स्यात् ?

[1]विवारभेदादेव ॥

(धात्वादिषु ज्ञापकेन विवृतत्वप्रतिज्ञाबाधकभाष्यम्)

आचार्यप्रवृत्तिर्ज्ञापयति—भवत्याक्षरसमाम्नायिकेन धात्वादिस्थस्य ग्रहणमिति । यदयम् "अकः सवर्णे दीर्घः" (६।१।१०१) इति [2]प्रत्याहारेऽको ग्रहणं करोति ॥

कथं कृत्वा ज्ञापकम् ?

न हि द्वयोराक्षरसमाम्नायिकयोर्युगपत्समवस्थानमस्ति[3] ॥

'प्रदीपः'

यदयमिति । अत्र हि ककारेण चिह्नेन प्रत्याहारस्थो विवृतो निर्दिष्टः, तेन च संवृतस्याग्रहणे 'इकः सवर्णे' इति वक्तव्यम् ॥ न हि द्वयोरिति । यद्यप्येकोऽपि विवृतो नास्ति, तथापि द्व्यधिष्ठानत्वादेकादेशस्य द्वयोरित्युक्तम् ।

'भावबोधिनी'

सवर्णग्रहण के लिए । जिससे अक्षरसमाम्नाय में स्थित (श्रूयमाण अ) के द्वारा इस धात्वादिस्थ (श्रूयमाण अ) का भी ग्रहण (ज्ञान) हो सके ।

किस कारण [ग्रहण] नहीं करा सकता ?

विवार = विवृत प्रयत्नभेद के कारण ही ।[4]

आचार्य पाणिनि का व्यवहार यह ज्ञापित करता है कि—अक्षरसमाम्नाय (अइउण्) के अकार से धातु आदि में स्थित (श्रूयमाण) अकार का ग्रहण होता है । [अर्थात् अइउण् का विवृत भी अकार धातु आदि के संवृत अकार का ग्रहण कराता ही है] क्योंकि इन आचार्य ने "अकः सवर्णे दीर्घः" (६।१।१०१) इस प्रत्याहार (संग्राहक शास्त्र) में 'अकः' का ग्रहण किया है ।

यह कैसे ज्ञापक बनता है ?

अक्षर-समाम्नाय में स्थित दो अकारों का एक साथ [किसी प्रयोग में] होना सम्भव नहीं है । ['अकः' इसमें ककार चिह्न के द्वारा अक्षर-समाम्नाय =

---

१. विवारभेदादिति प्रयत्नभेदादित्यर्थः । ग्राहकस्य विवृतत्वात् ग्राह्यस्य संवृतत्वादिति भावः ।

२. प्रत्याहारे = संग्राहके शास्त्रे = लक्षणे इत्यर्थः ।

३. अस्य 'प्रयोगे' इति शेषः ।

४. व्यक्तिपक्ष में अइउण् का अकार और √पठ आदि धातु का अकार भिन्न है । धात्वादि में संवृत पठित है, अक्षरसमाम्नाय में विवृत । फलतः दोनों का आभ्यन्तर

(धात्वादिषु विवृतत्वप्रतिज्ञासाधकभाष्यम्)

नैतदस्ति ज्ञापकम् । अस्ति ह्यन्यदेतस्य वचने प्रयोजनम् ॥

किम् ?

यस्याक्षरसमाम्नायिकेन ग्रहणमस्ति, तदर्थमेतत्स्यात्—खट्वाढकं मालाढक-मिति । सति प्रयोजने न ज्ञापकं भवति । तस्माद्विवृतोपदेशः कर्तव्यः ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

क एष यत्नश्चोद्यते विवृतोपदेशो नाम । विवृतो वोपदिश्येत, संवृतो वा ।

'प्रदीपः'

नैतदिति । 'अक' इत्यकारेण विवृतेन दीर्घस्य विवृतस्य ग्रहणादज्ञापक-मेतदित्यर्थः ॥

क एष यत्न इति । धात्वादयः पठितास्तत्राकारो विवृतः पठ्यताम्, न हि किंचिद् गौरवं भवति तत्किमुच्यते—'अन्यत्रापि विवृतोपदेशः कर्तव्य' इतीति प्रश्नः ॥

'भावबोधिनी'

प्रत्याहार का विवृत 'अ' निर्दिष्ट है, इससे संवृत का ग्रहण नहीं होगा, तब 'इकः सवर्णे दीर्घः' ऐसा कहना चाहिए था । वैसा न कहने से यह ज्ञापित हो जाता है कि प्रत्याहारस्थ अ से धात्वादिस्थ अ का ग्रहण होता है, तभी प्रयोग में सवर्णदीर्घ सम्भव होगा ।]

यह ज्ञापक नहीं है । इसको कहने में दूसरा ही प्रयोजन है ।

क्या ?

इस अक्षर-समाम्नाय वाले (विवृत) अ से (सवर्णता के कारण) जिस 'आ' का ग्रहण होता है, उसके लिये यह अक् चरितार्थ हो जाय—खट्वाढकम्, मालाढकम् । [खट्वा+आढकम्, माला+आढकम्, दोनों विवृत हैं, अतः सवर्ण होने से दीर्घ-विधान चरितार्थ है ।] और फल होने पर ज्ञापक नहीं बन सकता । इसलिए [धात्वादि में भी] अकार का विवृत उपदेश करना चाहिए ।

विवृत अथवा संवृत के उच्चारण में क्या फलभेद ?

[धात्वादि का अकार] विवृत उच्चारित करना चाहिए, यह यत्न क्यों कहा है, (इसमें वार्त्तिककार का क्या विशेष प्रयोजन है)? विवृत पढ़ा जाय अथवा

प्रयत्न भिन्न-भिन्न होने से 'अइउण्' के अ से धात्वादि के अ का ग्रहण नहीं होगा । अतः धात्वादि का भी विवृत उपदिष्ट करना आवश्यक है ।

को न्वत्र विशेषः[1] ?

(समाधानभाष्यम्)

स एष सर्वं[2] एवमर्थो यत्नः क्रियते। यान्येतानि प्रातिपदिकान्यग्रहणानि तेषामेतेनाभ्युपायेनोपदेशश्चोद्यते, तद् गुरु भवति। तस्माद्वक्तव्यम्—'धात्वादिस्थश्च विवृत' इति।

(॥ २७ ॥ प्रयोजनानन्तरवार्तिकम् ॥ ३ ॥)

॥ * ॥ दीर्घप्लुतवचने च संवृतनिवृत्त्यर्थः ॥ * ॥

'प्रदीपः'

यानीति। प्रतिपदपाठस्याशक्यत्वात् 'तस्य विवृतोपदेशादि'त्यनेन सर्वस्याकारस्य विवृतोपदेशः कार्यतया चोद्यत इत्यर्थः॥ धात्वादिस्थ इति। अग्रहणप्रातिपदिकार्थे विवृतत्वेऽवश्यचोदनीये धात्वादिस्थस्यापि संवृतस्यैव पठितस्य कार्यार्थं विवृतत्वं प्रतिज्ञेयम्। अन्यथा दोषरूपविवृतोच्चारणे प्रयत्नस्य गौरवं स्यात्॥

विवृतत्वप्रतिज्ञाने प्रयोजनान्तरमाह—[3]दीर्घेति। असति विवृतत्वप्रतिज्ञाने

'भावबोधिनी'

संवृत इसमें क्या विशेष बात है ?

यह सब यत्न इसलिए किया जा रहा है—जो ये [4]प्रातिपदिक जिनका कहीं भी ग्रहण (पाठ) नहीं किया गया है (ऐसे शश, पलाश, मञ्चक आदि हैं), उनके भी अकार का इस उपाय द्वारा विवृत उपदेश कहा जा रहा है, [प्रतिपद-पाठ में उपदेश करना सम्भव नहीं है, प्रत्येक के अकार का स्वतन्त्र रूप से उच्चारण करने में] वह गौरव होता है। इसलिए कहना चाहिए—"धातु आदि में स्थित विवृत अकार का उपदेश करना चाहिए।" [प्रतिपद-पाठ में अनन्त शब्दों में अनन्त अकारों का विवृत उपदेश करने की अपेक्षा सामान्य रूप से धातु, प्रातिपदिक, प्रत्यय के अ का विवृत उपदेश करने में लाघव होता है।]

(वा०) दीर्घ और प्लुत के वचन (विधान) में भी संवृत की निवृत्ति के लिए

---

१. धात्वादौ विवृतसंवृतयोरुच्चारणे न कोऽपि विशेष इत्याशयः प्रश्नकर्त्तुर्बोध्यः।

२. वृत्तौ=समासे 'एवम्' शब्दः प्रकारवति वर्तते—इति बहुव्रीहिः। एवम् = एतत्प्रकारकः, अर्थः = प्रयोजनं यस्येत्यर्थः।

३. ह्रस्वस्य दीर्घप्लुतविधावित्यर्थः। दीर्घप्लुतौ स्थानिनोऽकारस्य संवृततया संवृतावेव स्यातामिति तौ मा भूतामिति धात्वादिस्थाकारस्य विवृतोपदेशः कार्य इत्यर्थः। (छाया)

४. यह 'प्रातिपदिक' धातु और प्रत्यय का भी उपलक्षण है। अतः सभी अगृहीत प्रातिपदिक विवृत अकारयुक्त पढ़ने चाहिए, यह भाव है।

(भाष्यम्)

दीर्घप्लुतवचने च संवृतनिवृत्त्यर्थो विवृतोपदेशः कर्तव्यः—दीर्घप्लुतौ संवृतौ मा भूतामिति—वृक्षाभ्याम्, देवदत्ता ३ इति ।

(निराकरणभाष्यम्)

नैव लोके न च वेदे दीर्घप्लुतौ संवृतौ स्तः ।

कौ तर्हि ?

विवृतौ ॥ यौ स्तस्तौ भविष्यतः ।

(एकदेशिप्रयोजनसाधकभाष्यम्)

[1]"स्थानी प्रकल्पयेदेतावनुस्वारो यथा यणम् ॥"

'प्रदीपः'

संवृतस्याकारस्य स्थाने सावर्ण्यात्संवृतयोरेव दीर्घप्लुतयोः प्रसङ्ग इत्यर्थः ।

नैव लोक इति । असत्यपि सावर्ण्ये लिङ्गादकारस्य संवृतस्य विवृतौ दीर्घप्लुतौ भविष्यतः । यदयम् 'अतो दीर्घो यञि' (७।३।१०१) 'अतो रोरप्लुतादप्लुत' (६।१।११३) इत्याहेति भावः ॥

'भावबोधिनी'

[धातु आदि के अकार का विवृत उपदेश करना चाहिए]।

(भा०) दीर्घ और प्लुत आदेशों के विधान में भी संवृत रोकने के लिए विवृत का उपदेश करना चाहिए—[ह्रस्व संवृत अ के स्थान पर] दीर्घ और प्लुत कहीं संवृत न हो जांय । उदा०—वृक्षाभ्याम्, देवदत्त ३—यहाँ । [वृक्ष+भ्याम् में संवृत = ह्रस्व का दीर्घ "सुपि च" सूत्र से होता है । यह दीर्घ भी संवृत न होने लगे, इसके लिए प्रातिपदिकस्थ अ विवृत कहना चाहिए । देवदत्त ३ यहाँ दूर से सम्बोधन में प्लुत होता है यह संवृत 'अ' के स्थान पर होने से संवृत होने लगेगा ।]

न तो वेद में और न लोक में दीर्घ और प्लुत संवृत होते हैं ।

तो कौन (कैसे) होते हैं ?

विवृत । जो हैं वे ही होंगे । [चूंकि दीर्घ और प्लुत कहीं भी संवृत नहीं होते हैं अतः असम्भव होने से संवृत के स्थान पर भी विवृत ही आदेश होते हैं ।]

परन्तु संवृत स्थानी [अपने सदृश ही अर्थात् संवृत ही] दीर्घ और प्लुत की कल्पना करायेगा, जिस प्रकार [स्थानी] अनुस्वार यण् की कल्पना कराता है ।

१. कुत्रचिद् वार्त्तिकरूपेण कुत्रचिद्भाष्यरूपेणैवेदं दृश्यते ।

संवृतः स्थानी संवृतौ दीर्घप्लुतौ प्रकल्पयेद् ॥ अनुस्वारो यथा यणम् ॥ तद्यथा—सँय्यन्ता, सँव्वत्सरः, यँल्लोकं, तँल्लोकमिति-अनुस्वारः स्थानी यणमनुनासिकं प्रकल्पयति ।

(निराकरणभाष्यम्)

विषम उपन्यासः। युक्तं यत्सतस्तत्र प्रक्लृप्तिर्भवति। सन्ति हि यणः सानुनासिका निरनुनासिकाश्च। दीर्घप्लुतौ पुनर्नैव लोके नैव च वेदे संवृतौ स्तः ॥

कौ तर्हि ?

विवृतौ। यौ स्तस्तौ भविष्यतः ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

एवमपि कुत एतत्—तुल्यस्थानौ प्रयत्नभिन्नौ भविष्यतः, न पुनस्तुल्यप्रयत्नौ

'प्रदीपः'

सतस्तत्रेति। अशक्यत्वाद्दीर्घप्लुतयोः संवृतयोरुच्चारणस्येत्यर्थः ।

एवमपीति। असति विवृतत्वप्रतिज्ञाने संवृतस्याकारस्य संवृतावेवेकारोकारौ

'भावबोधिनी'

संवृत स्थानी [अपने स्थान पर आदेश होने वाले] दीर्घ और प्लुत को संवृत कल्पित करायेगा। जिस प्रकार अनुस्वार यण् की कल्पना कराता है। वह इस प्रकार है—सँय्यन्ता; सँव्वत्सरः, यँल्लोकम्, तँल्लोकम्—इनमें अनुस्वार स्थानी है वह अनुनासिक यण् की कल्पना कराता है। [सं + यन्ता, सं + वत्वर; यँ + लोकम्, तं + लोकम् में "वा पदान्तस्य" (८।४।५९) से अनुस्वार का परसवर्ण होने पर अनुनासिक यँ, वँ, लँ ही होते हैं। इसी प्रकार स्थानी संवृत अकार अपने स्थान पर होने वाले दीर्घ और प्लुत को भी संवृत होने की कल्पना करायेगा।]

यह उपन्यास = प्रस्तुति = दृष्टान्त ठीक नहीं है। जो वास्तव में है उसकी प्रवृत्ति होना तो उचित है। चूंकि यण् = य् व् ल् अनुनासिकत्व-विशिष्ट और निरनुनासिक (शुद्ध) दोनों प्रकार के होते हैं। [अतः अनुस्वार के स्थान पर अनुनासिक यँ वँ लँ होना उचित है।] परन्तु दीर्घ और प्लुत लोक और वेद में कहीं भी संवृत नहीं होते हैं।

तो कौन (कैसे) हैं ?

विवृत ही हैं, जो हैं वे ही होंगे। [अतः आदेश में संवृतत्व की आपत्ति देना ठीक नहीं हैं।]

ऐसा होने पर भी (अर्थात् असदृशतम आदेश विवृत हो सकता है—यह मान लेने पर भी)—तुल्य स्थान वाले और भिन्न प्रयत्न वाले ही होंगे, और तुल्य प्रयत्न

स्थानभिन्नौ स्याताम्—ईकार ऊकारो वेति ?

(समाधानभाष्यम्)

वक्ष्यति "स्थानेऽन्तरतमः" (१।१।५०) इत्यत्र 'स्थान' इत्यनुवर्तमाने पुनः स्थानेग्रहणस्य प्रयोजनम्—"यत्रानेकविधमान्तर्यं तत्र स्थानत आन्तर्यं बलीयो भवति" इति ॥

(इति व्यक्तिपक्षाधिकरणम्)

(वर्णसमाम्नाये जातिपक्षाधिकरणम्)

(२८ पूर्वपक्ष्याक्षेपवार्तिकम् ॥ १ ॥)

'प्रदीपः'

प्राप्नुतः, 'य्वृतः[1] संवृता अन्यत्राभंवसाम्न' इति कैश्चिदीकारोकारयोः संवृतत्वस्याभ्युपगमात् ।

'भावबोधिनी'

वाले तथा भिन्न स्थान वाले—ईकार अथवा ऊकार क्यों नहीं हो सकते ? [जब संवृत और विवृत ये दोनों भिन्न-भिन्न प्रयत्न वाले हो सकते हैं तो अकार के स्थान पर समान प्रयत्न वाले किन्तु भिन्न स्थान वाले ई, ऊ क्यों न हों जाँय, किसी शाखा में 'ई, ऊ, ऋ' को भी संवृत माना गया है ।]

आगे आचार्य—"स्थानेऽन्तरतमः" (१।१।५०) इस सूत्र में ["षष्ठी स्थानेयोगा" इस सूत्र से] 'स्थाने' इसकी अनुवृत्ति रहने पर भी पुनः 'स्थाने' इसके ग्रहण का प्रयोजन कहेंगे—'जहाँ अनेक प्रकार का आन्तर्य = सादृश्य है वहाँ स्थानकृत सादृश्य ही सबसे बलवान् होता है ।' [इसलिये भिन्न उच्चारण-स्थान वाले ई, ऊ संवृत 'अ' के स्थान पर नहीं किये जा सकते हैं । अतः संवृत अ के स्थान पर असम्भव होने के कारण विवृत दीर्घ, प्लुत करना विवशता है ।]

---

१. सामगान करने वालों की किसी शाखा में यह वचन मिलता है "य्वृतः संवृता अन्यत्राभंवसाम्नः ।" प्रदीप के इस उद्धरण पर नागेश ने यहाँ पाठभेद भी लिखा है—"य्वृताः संवृता इति । ई—ऊ—ऋत इत्यर्थः । क्वचित्तु 'य्वतः' इति पाठः । ईकार—ऊकार—अकारा इत्यर्थः ।" (उद्द्योतः)

॥ * ॥ तत्रानुवृत्तिनिर्देशे सवर्णाग्रहणमनण्त्वात् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

तत्रानुवृत्तिनिर्देशे सवर्णानां ग्रहणं न प्राप्नोति—"अस्य च्वौ" (७।४।३२) "यस्येति च" (६।४।१४८) ॥

किं कारणम् ?

अनण्त्वात् । न ह्येतेऽणः येऽनुवृत्तौ ॥

के तर्हि ?

येऽक्षरसमाम्नाये उपदिश्यन्ते ॥

'प्रदीपः'

तत्रानुवृत्तिनिर्देश इति । 'अकः सवर्णे दीर्घ' इत्यादावयमेवाकारोऽनुकृत इति ककारादिना चिह्नेन ज्ञायते । ततश्चाण्त्वात्तस्य ग्राहकत्वमस्तु । 'अस्य च्वावि'त्यादौ त्वकारस्यानण्त्वाद् ग्राहकत्वं न प्राप्नोतीत्यर्थः ॥ वृत्तिः = शास्त्रस्य लक्ष्ये प्रवृत्तिस्तदनुगतो निर्देशः—अनुवृत्तिनिर्देशः[1] ॥

'भावबोधिनी'

वर्णसमाम्नाय में जातिपक्ष

(वा०)—इस [व्यक्तिपक्ष] में अनुवृत्ति-निर्देश [साक्षात् शास्त्र-प्रवृत्ति के अनुकूल सूत्रनिर्देश = प्रत्याहार-रहित प्रयोगस्थ के अनुकरण] में सवर्ण का ग्रहण नहीं हो सकेगा, क्योंकि [वह निर्देश] अण् नहीं है ।

(भा०) उस [व्यक्तिपक्ष में] अनुवृत्ति-निर्देश (प्रयोगस्थ अकार के अनुकरण) में सवर्णों का ग्रहण नहीं प्राप्त होता है—"अस्य च्वौ" (पा० सू० ७।४।३२) "यस्येति च" (पा० सू० ६।४।१४८) [आदि के लक्ष्यों में] ।

क्या कारण है ?

अण् न होना । जो अनुवृत्ति (सूत्रों) में [उपदिष्ट] हैं वे अण् नहीं हैं ।

तो कौन से अण् हैं ?

जिनका अक्षर-समाम्नाय में उपदेश हैं । [वे ही अण् हैं ।]

---

१. तदनुकृत इति । साक्षाल्लक्ष्यसंस्कारबोधजनक इत्यर्थः । (उद्द्योतः)

(२९ एकदेशिसमाधानवार्तिकम् ॥ २ ॥)

॥ * ॥ एकत्वादकारस्य सिद्धम् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

एकोऽयमकारो यश्चाक्षरसमाम्नाये, यश्चानुवृत्तौ यश्च धात्वादिस्थः ।

(३० आक्षेपवार्तिकम् ॥ ३ ॥)

॥ * ॥ अनुबन्धसङ्करस्तु ॥ * ॥

(भाष्यम्)

अनुबन्धसङ्करस्तु प्राप्नोति । "कर्मण्यण्" "आतोऽनुपसर्गे कः" (३।२।३) इति केऽपि णित्कृतं प्राप्नोति ॥

'प्रदीपः'

एकत्वादकारस्येति । एकैवाकारव्यक्तिः, उदात्तादिभेदप्रतिभासस्तु व्यञ्जकध्वनिकृतः, खड्गतैलादर्शादिभेदे प्रतिबिम्बप्रतिभासभेदवत् । अकारस्य निदर्शनार्थत्वादिकारादीनामप्यैक्यं बोद्धव्यम् ॥[1]

'भावबोधिनी'

विमर्श—व्यक्तिपक्ष में प्रत्येक 'अ' स्वतन्त्र और अलग है । 'अकः सवर्णे दीर्घः' आदि में ककार-चिह्न से यह प्रतीत होता है कि यह अक्षर-समाम्नाय का ही अनुकरण किया गया है । अतः यह तो सवर्ण का ग्राहक हो सकता है किन्तु 'अस्य च्वौ' तथा 'यस्येति च' आदि का अ अण् नहीं है । वे सवर्णग्राहक नहीं हो सकते, फलतः इन सूत्रों की प्रवृत्ति सीमित लक्ष्यों में ही हो सकेगी ।

अनुवृत्ति-निर्देशः—वृत्ति = शास्त्र = सूत्र की प्रवृत्ति, वृत्तिमनुगतः—इति अनुवृत्ति, स चासौ निर्देशः—अनुवृत्तिनिर्देशः । सूत्रों की प्रवृत्ति के अनुकूल = साक्षात् लक्ष्य-संस्कारक-बोधजनक निर्देश जहाँ है वहाँ अण् न होने से सवर्णग्राहकता नहीं होगी, व्यक्तिपक्ष में यह दोष है ।

(वा०) अकार एक होने से यह सिद्ध है ।

(भा०) यह एक (अभिन्न) ही अकार है जो अक्षर-समाम्नाय में, जो अनुवृत्ति (किसी के अनुकरण = प्रत्याहाररहित सूत्र) में है और जो धात्वादि में है । [अतः सभी में एक ही अ के होने से कोई अनुपपत्ति नहीं है ।]

(वा०) तब तो अनुबन्धों का सङ्कर है ।

---

१. इकारादीनामपीति । सर्वध्वनिभिरेकस्य स्फोटस्यैव तत्तद्रूपेणाभिव्यञ्जनात् । तत्तद्रूपाभिव्यक्तिकृतश्च परस्परं भेदव्यवहारोऽपीति भावः । (उद्द्योतः)

(३१ द्वितीयाक्षेपवार्तिकम् ॥ ४ ॥)

॥ * ॥ एकाजनेकाज्ग्रहणेषु चानुपपत्तिः ॥ * ॥

(भाष्यम्)

एकाजनेकाज्ग्रहणेषु चानुपपत्तिर्भवति।

तत्र को दोषः ?

किरिणा गिरिणेत्येकाज्लक्षणमन्तोदात्तत्वं प्राप्नोति।

इह च घटेन तरति घटिक इति द्व्यज्लक्षणः ठन् न प्राप्नोति॥

'प्रदीपः'

अनुबन्धसङ्कर इति। एकत्वे क-अण्टादीनां भेदाभावाद् गोदादौ ङीबादिः प्राप्नोति। किरिणेति। 'न गोश्वन्त्सावर्णेति' प्रतिषेधादकारो नोदाहृतः॥ घटेनेति। एक एवाकारो द्विरुच्चार्यत इति द्व्यच्त्वाभावः। ठंस्तु बाहुकादिषु कृतार्थः॥

'भावबोधिनी'

(भा०) [यदि एक ही अ-व्यक्ति है] तब तो विभिन्न अनुबन्धों का सङ्कर[1] प्राप्त होता है। जैसे—"कर्मण्यण्" (३।२।१) "आतोऽनुपसर्गे कः"। (३।२।३) इनमें क् अनुबन्ध वाले में भी णित् अनुबन्ध मान कर होने वाला कार्य प्राप्त होता है। [अतः गां ददाति—इसमें 'आतोऽनुपसर्गे कः' सूत्र से क=अ प्रत्यय करने पर 'गोदः' बनता है। इसी की स्त्रीत्वविवक्षा में अण् अनुबन्धकृत ङीप् की अतिप्रसक्ति होगी क्योंकि 'क' और 'अण्' दोनों में एक ही 'अ' है। वह कित् और णित् दोनों प्रकार का है। अतः 'अ' को एक मानने में यह प्रथम दोष है।]

(वा०) एक अच् का जिनमें ग्रहण है और अनेक अचों का जिनमें ग्रहण है, उन सूत्रों में अनुपपत्ति होगी।

(भा०) [पूर्वोक्त अनुबन्धसांकर्य के अतिरिक्त] जिनमें एक अच् का ग्रहण है और जिनमें अनेक अचों का ग्रहण है, उनमें अनुपपत्ति होती है। [वहाँ लक्ष्यसिद्धि नहीं हो पाती है।]

तो इसमें कौन सा दोष है ?

किरिणा, गिरिणा—इनमें ['सावेकाचस्तृतीयादिः' ६।१।१६८ से] एकाच् मानकर होने वाला अन्तोदात्त प्राप्त होता है। [किरि, गिरि में दोनों इकारों को एक ही अच् मान लेने से यह आपत्ति है।]

और यहाँ—'घटेन तरति' इस विग्रह में घटिकः इसमें दो अचों को मान कर होने वाला ["नौद्व्यचष्ठन्" ४।४।७ सूत्र से] ठन् नहीं प्राप्त होता है। [क्योंकि

---

१. अनुबन्धसङ्करः=अनुबन्धकार्यसङ्करः। पर्याय से णित्व प्रयुक्तकार्य और कित्व-प्रयुक्त कार्य हो सकते हैं। फलतः अनिष्टरूप प्रसक्त होंगे।

(३२ तृतीयाक्षेपवार्तिकम् ॥ ५ ॥)

॥ * ॥ द्रव्यवच्चोपचाराः ॥ * ॥

(भाष्यम्)

द्रव्यवच्चोपचाराः प्राप्नुवन्ति । तद्यथा—द्रव्येषु नैकेन घटेनानेको[1] युगपत्कार्यं करोति, एवमिममकारं नानेको युगपदुच्चारयेत् ॥

(३३ प्रथमाक्षेपनिराकरणवार्तिकम् ॥ १६ ॥)

॥ * ॥ विषयेण तु नानालिङ्गकरणात्सिद्धम् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

यदयं विषये विषये नानालिङ्गमकारं करोति—"कर्मण्यण्" (३।२।१)

'प्रदीपः'

द्रव्यवदिति । उपचारो = व्यवहारः, यथैकेन घटेनोदकाहरणादिक्रियां युगपदनेको न करोति, तथैवैकमकारं युगपदनेको नोच्चारयेदित्यर्थः ।

विषयेणेति । वार्तिककारेण करणत्वेन सामान्यरूपतया चाभेदेन विषयो निर्दिष्टः ।

'भावबोधिनी'

दो अकार अब एक ही होंगे, अतः द्वयच् न होकर एकाच् हो जायगा, ठन् नहीं होगा। यह दूसरा दोष है ।]

(वा०) द्रव्य के समान व्यवहार [प्राप्त होते हैं] ।

(भा०) [उक्त दो दोषों के अतिरिक्त तीसरा दोष यह है—] और द्रव्य के समान व्यवहार प्राप्त होने लगते हैं । उदाहरणार्थ—जिस प्रकार द्रव्यों में अनेक लोग एक साथ एक घट से कार्य नहीं कर पाते हैं, उसी प्रकार इस एक अकार को अनेक लोग एक साथ उच्चारित नहीं कर पायेंगे । [जैसे एक ही घट हो तो एक काल में एक ही व्यक्ति उससे जलादि ला सकता है, अनेक व्यक्ति नहीं । उसी प्रकार जब 'अ' एक है तो उसका भी उच्चारण एक काल में एक साथ एक ही कर सकेगा, अनेक लोग नही कर पायेगें । जब कि एक साथ अनेक लोग 'अ' आदि का उच्चारण करते हैं । ये तीन दोष हैं । अब इनका समाधान कर रहे हैं—]

(वा०) विषय के साथ नाना = अनेक लिङ्ग = अनुबन्ध लगाने से सिद्ध है ।

(भा०) आचार्य पाणिनि ने जो विषय-विषय में अनेक प्रकार के अनुबन्ध लगाए हैं—'कर्मण्यण्' 'आतोऽनुपसर्गे कः ।' [अण् में अ के साथ ण् और क में अ के

---

१. "द्रव्येषु न एकेन घटेन अनेको युगपत् कार्यं करोति ।" इस भाष्य के आधार पर 'अनेक' शब्द बहुवचनान्त शुद्ध नहीं है, एकवचनान्त ही शुद्ध है । इस विषय में 'नञ्' सूत्र का महाभाष्य और लघुमञ्जुषा का नञर्थ-विचार देखने चाहिए ।

"आतोऽनुपसर्गे कः" (३।२।३) इति। तेन ज्ञायते नानुबन्धसङ्करोऽस्तीति। यदि हि स्यात्, नानालिङ्गकरणमनर्थकं स्याद्, एकमेवायं[1] सर्वगुणमुच्चारयेत् ॥

(ज्ञापकनिराकरणभाष्यम्)

नैतदस्ति ज्ञापकम्। इत्संज्ञाप्रक्लृप्त्यर्थमेतत्स्यात्। न ह्ययमनुबन्धैः शल्यकवच्छक्य उपचेतुम्। इत्संज्ञायां हि दोषः स्याद्। [2]आयम्य हि द्वयोरित्संज्ञा स्यात् ॥

'प्रदीपः'

भाष्यकारस्त्वधिकरणत्वं व्यक्तिभेदाद् वीप्सां च प्रतिपादयति—विषये विषय इति। सर्वगुणमिति। गुणा = अनुबन्धाः, कार्याश्रितत्वादुपकारकत्वात्। तत्र 'कर्मणि कण्ट्' इति ब्रूयादित्यर्थः।

शल्यकवदिति। शल्यकः प्राणिविशेषः। स यथा कण्टकतुल्यैः पक्षैर्व्याप्यते। नैवं सर्वानुबन्धयुक्तोऽकारः शक्यो निर्देष्टुम्। आद्यन्तयोरेवेत्संज्ञाविधानान्मध्यपातिनां श्रवणप्रसङ्गात्। इत्संज्ञैवायच्छते=व्याप्रियत[3] इत्येककर्तृकत्वादायम्येत्युक्तम् ॥

'भावबोधिनी'

अकारो नेति । रपरत्वेपि द्विमात्रत्वरूपदीर्घत्वासम्भव एव ॥ विगृहीतस्येति । दीर्घश्रुतिपरिभाषयोर्विरोधेन जातिपक्षे व्यक्तिपक्षे वा तद्विषयकलक्षणानुपप्लवादिति भावः ॥

भावबोधिनी

पचन्ति रूप सिद्ध होना सम्भव था फिर भी आचार्य पाणिनि ने ['एङि पररूपम्' ६।१।९४ में रूप का ग्रहण किया और इसी की अनुवृत्ति करके] 'अतो गुणे पररूपम्' ऐसा किया, इस 'रूप' के ग्रहण का यह प्रयोजन है—दोनों स्थानियों में परवर्ती का जैसा रूप होता है वैसा ही आदेश दोनों के स्थान पर हो सके। [अतः पच् अ + अन्ति में 'अ' ही होता है, दीर्घ आ नहीं हो सकता । अन्यथा 'रूप' का ग्रहण व्यर्थ हो जायगा।]

[इस प्रकार उक्त तीनों स्थलों पर दीर्घ की प्रसक्ति नहीं है। अतः 'आद्गुणः दीर्घः' 'वृद्धिरेचि दीर्घः' ऐसे सूत्र बनाने से कार्य हो जायेंगे। अतिरिक्त वचन की आवश्यकता नहीं है। त्रिमात्रिक, चतुर्मात्रिक आदेशों की आपत्ति भी नहीं है।]

अच्छा, यदि ऐसा है तो 'खट्वर्श्यः' 'मालर्श्यः' इनमें दीर्घवचन (आ) के कारण (ह्रस्व अ गुण नहीं हो सकता और अनान्तर्य=असादृश्य के कारण एकार तथा ओकार नहीं हो सकते।

तो इससे दोष क्या होगा ?

विगृहीत = खट्वा ऋश्यः ऐसे अलग-अलग ही सुनाई देंने लगेंगे, [गुण नहीं होगा]।

विमर्श—जो एओङ् ऐऔच् में तपर नहीं करना चाहता उसे पूर्व और पर स्थानियों के स्थान पर होने वाले एकादेश में त्रिमात्रिक और चतुर्मात्रिक आदेशों को रोकने के लिए गुण और वृद्धि के विधायक सूत्रों में 'दीर्घ' का ग्रहण करना होगा। जिसके कारण ये आदेश दीर्घ अर्थात् द्विमात्रिक ही हों त्रिमात्रिक या चतुर्मात्रिक नहीं। इस अतिरिक्त 'दीर्घ' ग्रहण की कल्पना से बचने के लिये अतपरत्ववादी सूत्रों का योग-विभाग करता है—'अकः' 'सवर्णे दीर्घः' सूत्र में 'अकः सवर्णे'

(समाधानभाष्यम्)

न ब्रूमो—यत्र क्रियमाणे दोषस्तत्र कर्तव्यमिति ॥
किं तर्हि ?
यत्र क्रियमाणे न दोषस्तत्र कर्तव्यमिति ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

क्व च क्रियमाणे न दोषः ?

(समाधानभाष्यम्)

संज्ञाविधौ । वृद्धिरादैच् दीर्घः, अदेङ् गुणो दीर्घ इति ॥

भावबोधिनी

और 'दीर्घः' यह योगविभाग किया जाता है। 'पूर्व और पर दोनों के स्थान पर जो एक आदेश होता है वह दीर्घ होता है'। अतः गुण और वृद्धि भी पूर्व-पर दोनों के स्थान में होने वाले हैं, अतः ये भी दीर्घ = द्विमात्रिक ही होंगे त्रिमात्रिक और चतुर्मात्रिक नहीं।

जहाँ ए ओ गुण हैं वहाँ तो ठीक है परन्तु जहाँ 'अ' गुण होना है वहाँ दोष होगा, जैसे—खट्वा + ऋश्यः यहाँ ऋ का पूर्ण सादृश्य किसी गुण के साथ नही होने से आ के आधार पर 'अ' होता है, अब नहीं होगा, क्योंकि एकादेश दीर्घ होता है 'अ' गुण दीर्घ होता ही नहीं है और ए ओ गुण के साथ स्थानियों का कोई सादृश्य नहीं है। अतः अ, ए, ओ—इनमें से कोई भी गुण न हो सकने से खट्वा ऋश्यः ऐसा अलग-अलग ही सुनाई देने लगेगा। अतः योग-विभाग से 'दीर्घ' आदेश की कल्पना ठीक नहीं है।

(अनु०) हम यह नहीं कहते हैं कि जहाँ 'दीर्घ' का ग्रहण करने पर दोष है वहाँ भी इसका ग्रहण करना चाहिए।

तो क्या [करना चाहिए] ?

जहाँ दीर्घ का ग्रहण करने पर कोई दोष नहीं है वहीं करना चाहिए। [जहाँ किसी दोष की सम्भावना है वहाँ दीर्घ का ग्रहण नहीं करना चाहिए।]

तो फिर कहाँ पर दीर्घ का ग्रहण करने में कोई दोष नहीं है ?

संज्ञा-विधायक सूत्रों में। 'वृद्धिः आदैच् दीर्घः' 'अदेङ् गुणः दीर्घः।' [अतः जो ऐ, औ वृद्धिसंज्ञक हैं, ए ओ गुणसंज्ञक हैं उन्हीं के साथ दीर्घ का सम्बन्ध है। 'अ' गुण के साथ नहीं है। अतः खट्वा + ऋश्यः में अ गुण और रपर होने में बाधा नहीं है।]

(आक्षेभाष्यम्)

तर्त्तर्हि दीर्घग्रहणं कर्तव्यम् ॥

(सिद्धान्तिसमाधानभाष्यम्)

न कर्तव्यम् ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

कस्मादेवान्तर्यतस्त्रिमात्रचतुर्मात्राणां स्थानिनां त्रिमात्रचतुर्मात्रा आदेशा न भवन्ति ?

(समाधानभाष्यम्)

तपरे गुणवृद्धी ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

ननु च तः परो यस्मात् सोऽयं तपरः ॥

प्रदीपः

तपरे इति । तपरसंज्ञिसहचरिते गुणवृद्धिसंज्ञे इत्यर्थः ।

तादपीति । तन्त्रन्यायाश्रयणादेकस्यैव द्विशक्तित्वादेकशेषाश्रयणाद्वाऽनेकार्थाभिधान-

उद्द्योतः

ननु गुणवृद्धिसंज्ञयोस्तपरत्वाभावात्पूर्वोक्तदोषापरिहृतेश्च भाष्यमयुक्तमित्याशङ्क्याह—तपरसंज्ञीति । तपरशब्दनिर्दिष्टे संज्ञिनि गुणवृद्धिसंज्ञे प्रवर्तेते । एवं च त्रिमात्रादीनां तत्र संज्ञितयाऽनिर्देशान्नोक्तदोष इति भावः ॥

भावबोधिनी

यदि ऐसा है तब तो [उन संज्ञा-विधायक सूत्रों में] 'दीर्घ' का ग्रहण करना चाहिए ?

[उनमें दीर्घ ग्रहण] नहीं करना चाहिए ।

[यदि 'दीर्घ' का ग्रहण नहीं करते हैं तो] किस सादृश्य के आधार पर त्रिमात्रा और चतुर्मात्रा वाले स्थानियों [खट्वा + उदकम्, खट्वा + ओदनः आदि] में त्रिमात्रिक [गुण] और चतुर्मात्रिक [वृद्धि] आदेश नहीं होते हैं ? [स्थानी के सादृश्य के कारण तीन और चार मात्राओं वाले ही गुण या वृद्धि आदेश होने चाहिए।]

गुण और वृद्धि तपर हैं । [अतः 'तपरस्तत्कालस्य' १।१।७०) के अनुसार उच्चारण का समकालिक द्विमात्रिक ही गुण या वृद्धि संज्ञा वाला होगा । तात् परः = तपरः । अतएङ्, आद् ऐच् में त् से परे द्विमात्रिक ही एङ् ऐच् हैं । कोई दोष नहीं है ।]

क्यों जी, [तात् परः—तपरः यही नहीं है अपि तु] त् है पर = बाद में जिसके वह भी तपर है । [अतः अत्, आत् ये ही तपर होंगे, एङ्, ऐच् नहीं ।]

(समाधानभाष्यम्)

नेत्याह, तादपि परस्तपर इति ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

यदि तादपि परस्तपरः "ऋदोरब्" (३।३।५७) इतीहैव स्यात्—यवः स्तवः; लवः पव इत्यत्र न स्यात् ॥

(समाधानभाष्यम्)

नैष तकारः ॥

कस्तर्हि ?

दकारः ॥

प्रदीपः

मिति भावः ॥

उद्द्योतः

भाष्ये ननु चेति । एवंचैङचौ न तपराविति भावः ॥

नेत्याहेति । स एव तपर इति नेत्याहेत्यर्थः ॥ अर्थभेदेन शब्दभेदे—तन्त्रन्यायेति । तद्भेदेऽपि शब्दैक्यपक्षे आह—एकस्यैव द्विशक्तित्वादिति ॥ एकशेषेति । समाहारद्वन्द्व-विषये एकशेषाभावेनैकवचनानुपपत्त्येदं चिन्त्यम् ॥

भावबोधिनी

[यही]नहीं, ऐसा कहते हैं;त् से परे भी—तपर है । [अर्थात् 'तः परः यस्मात् सः' ऐसा बहुव्रीहि ही नहीं माना जाता अपितु 'तात् परः' ऐसा तत्पुरुष भी है । तन्त्र के बल से तपर की दोनों व्याख्यायें करके आ ऐच्, अ, एङ् दोनों ही तपर हो जाते हैं । सभी में तत्काल वाले का ही ग्रहण होता है । कोई दोष नहीं है ।]

यदि त् से पर भी 'तपर' है तब तो 'ऋदोरप्' (३।३।५७) यह सूत्र इन्हीं में लगेगा—यवः, स्तवः; और लवः, पवः में नहीं लगेगा । ['ऋत् उ' में त् से परे उ है अतः एकमात्रिक उकार वाले यु, स्तु से ही अप् प्रत्यय होगा, लू, पू—इन द्वि मात्रिकों से अप् नहीं होगा । जब कि 'तः परः यस्मात् सः तपरः' ऐसे बहुव्रीहि में 'ऋ' तपर होता है उ नहीं । ह्रस्व, दीर्घ सभी उकारों से अप् होता है ।]

'ऋदोरप्' में यह तकार नहीं है ।

तो फिर क्या है ?

दकार है । [अतः तपर का प्रसङ्ग नहीं है ।]

(आक्षेपभाष्यम्)

किं दकारे प्रयोजनम्, ?

(प्रतिबन्दीसमाधानभाष्यम्)

अथ किं तकारे ? यद्यसन्देहार्थस्तकारः, दकारोऽपि । अथ मुखसुखार्थस्तकारः, दकारोऽपीति ॥

(इति सन्ध्यक्षरेष्वतपर-पाठनिर्णयः ॥)

प्रदीपः

बहुव्रीहिवादी चोदयति—किं दकार इति ॥

समासद्वयवादी तं प्रत्याह—अथ किं तकार इति । तव केवलबहुव्रीहिवादिनो निष्प्रयोजनं तपरत्वम्, ऋकारस्यानणुत्वाद्भिन्नकालानां ग्रहणाप्रसङ्गाद् गुणानां चाभेदकत्वात्तत्प्राप्त्यर्थत्वाभावात् । अथ तवासन्देहार्थो मुखसुखार्थो वा तकार एवं मम दकार इत्यर्थः ॥ तित्स्वरितमित्यत्रत्यभाष्येणास्य विरोधः । तत्र हि—तिति प्रत्ययग्रहणं चोदितम्, इह मा भूत्—दिव उत् द्युभ्यामिति, ततो दित्त्वाश्रयणेन प्रत्याख्यातम्, तपरसूत्रे च तकारश्चत्वंभूतो निर्दिश्यते । तेन तत्कालस्य ग्राहको दकारः'—इत्युक्तम् । इह च दकाराभ्युपगमेन लवादिषु दोषः परिहृतः ॥ अत्राहुः—थकारस्थानिको धकारस्थानिको वा दकारोऽत्र विवक्षितः—कस्तर्हि दकार इति ॥

उद्द्योतः

मुखसुखार्थं इति पाठे मयूरव्यंसकादित्वात्समासः ॥ ननु एङैजिति संज्ञायास्तात्परत्वेऽपि संज्ञिनामेकारादीनां किमागतमिति चेत्, न । तपरशब्दबोध्योऽपि वर्णस्तत्कालस्यैव संज्ञेत्यर्थान्न दोषः ॥ गुणानां चेति । अणुषु गुणानां तत्त्वाभावेऽपि अनणुत्वादेव दीर्घादिविषये तत्त्वमिति भावः ॥ ननु दित्त्वे दिव उदित्यत्र तत्कालग्रहणं न स्यादत आह—तपर सूत्रे चेति ॥ इहेति । तपरसूत्रे दकारानाश्रयणेन चेत्यपि बोध्यम् ॥ थकारस्थानिक इति । तस्य चैतद्दृष्ट्याऽसिद्धत्वान्न तत्र तपरसूत्रप्रवृत्तिरिति भावः ॥

भावबोधिनी

दकार में क्या प्रयोजन है ?

[तपरवादी आप ही कहिए] तकार में क्या प्रयोजन है ?

यदि सन्देहनिवृत्ति के लिए तकार है तो दकार भी सन्देहनिवृत्ति के लिए है । और यदि [ऋ और उ का एक साथ उच्चारण करने में कष्ट होता है अतः] मुखसुखार्थ=उच्चारण-सौविध्य के लिए तकार है तो दकार भी [इसी के लिए है] ।

(अथ वर्णैकदेशग्रहणाग्रहणनिर्णयः ॥)

(भाष्यम्)

इदं विचार्यते—य एते वर्णेषु वर्णैकदेशा वर्णान्तरसमानाकृतय एतेषामवयवग्रहणेन ग्रहणं स्याद्वा न वेति ॥

कुतः पुनरियं विचारणा ?

इह हि समुदाया अप्युपदिश्यन्ते, अवयवा अपि । अभ्यन्तरश्च समुदायेऽ-

प्रदीपः

वर्णान्तरसमानाकृतय इति । आकारादिष्वकारादिसदृशा अवयवा ऋकारलृकारयो रेफलकारसदृशाववयवौ संध्यक्षरेष्वकारेकारोकारसदृशाः, तत्र केवलवर्णकार्यमवयवेषु भवति नवेति विचारः ॥ इह हि समुदाया अपीति । ऋलृएओऐऔ इति ॥ अवयवा अपीति । अइउण्ऋट्लृणिति ॥ तत्र समुदायपरे निर्देशे सन्निहिता अप्यवयवा नान्तरीयकत्वादेजादिसंज्ञां न लभन्ते, अवयवपरे च निर्देशे समुदायो न संज्ञाभाक्; यथा

उद्द्योतः

अवयवग्रहणेनावयवसदृशवर्णग्रहणेन ग्रहणं स्यान्नवेति भाष्यार्थः । तत्फलितमाह—तत्र केवलेति ॥ नन्वकारेण एङवयवग्रहणसन्देहवद् अकारादीनामेङादिसंज्ञा प्राप्नोतीति विचारोऽपि कुतो नेत्यत आह—तत्र समुदायेति । अत एव प्राटतीत्यादौ न पररूपम् ॥ तत्र दृष्टान्तमाह—अवयवपरे चेति । यथावयवपरे निर्देशे समुदायो न संज्ञाभाग् एवं

भावबोधिनी

विमर्श—'ऋदोरप्' सूत्र में ऋ त् उ में त् न रखने पर ऋ का यण् होकर र्+उ=रु बनेगा अतः 'रोरप्' ऐसा सूत्राकार होगा । इसमें यह सन्देह हो सकता है कि ऋ ह्रस्व है अथवा ॠ दीर्घ । इस सन्देह को 'त्' लगाकर दूर किया जा सकता है। यदि सन्देहनिवृत्ति तकार का प्रयोजन है तो दकार का भी यही प्रयोजन हो सकता है, यह मान लेना चाहिए । यदि ऋ उ ऐसा दो स्वरों का एक साथ उच्चारण करते हैं तो कष्ट होता है अतः बीच में 'त्' लगाते हैं। यह मुखसुख दकार का भी प्रयोजन हो सकता है । इसलिए द् मानकर सभी उकारों का ग्रहण करना चाहिए ।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि एओङ् ऐऔच् में तपरनिर्देश की कोई आवश्यकता नहीं है । पाणिनि द्वारा पठित रूप निर्दोष है ।

वर्णों के एकदेश (अवयव) के ग्रहण और अग्रहण का विवेचन

अब यह विचार करना है—प्रत्याहारस्थ वर्णों में जो वर्णों के एकदेश (अवयव), दूसरे स्वतन्त्र वर्णों के समान आकृति वाले हैं, उन एकदेशों (अवयवों) का अवयव-

वयवः, तद्यथा वृक्षः प्रचलन् सहावयवैः प्रचलति । तत्र समुदायस्थस्या-

प्रदीपः

हयवेत्यादावनच्कस्य हलो दुःखेनोच्चार्यत्वान्निर्दिष्टोऽप्यकारोऽन्यत्र प्राधान्येन निर्देशा-द्धलादिसंज्ञां न प्रतिपद्यते इति दध्यत्रेत्यादावनच्क एव यणादेशः प्रवर्तते । तत्रासत्या-मप्येजादिसंज्ञायामयादयः समुदायादेशा अपि नान्तरीयकत्वादवयवान्निवर्तयन्ति । एवं स्थिते अग्नइन्द्र इत्यादौ यत्रावयवकार्यं प्राप्नोति समुदायकार्यं च तत्रान्तरङ्गत्वात्तत्र च साक्षाच्चोदितत्वात्प्रत्यक्षत्वात्परत्वाच्चावयवकार्यप्रसङ्गः । अवयवावगतिपूर्वकत्वाद्धि

उद्द्योतः

समुदायपरे निर्देशेऽवयवा न तद्भाज इत्यर्थः । तदुपपादयति—यथेति ॥ अन्यत्रेति । सर्वस्यावयवस्यान्यत्र पृथङ्निर्देशे समुदायनिर्देशः स्वपर एव, सर्वस्यावयवस्यान्यत्रा-निर्देशे तु समुदायनिर्देशो निर्दिष्टावयवपर इति विवेकः । नन्वेजादिसंज्ञानामवयववृत्तित्वे कथमेचो निवर्तकेनायादिना तदवयवस्य निवृत्तिरत आह—तत्रासत्यामपीति । तन्निवृत्तिं विना समुदायनिवृत्तेः कर्तुमशक्यत्वादिति भावः ॥ अवयवकार्यं दीर्घः ॥ समुदायकार्यमय् ॥ तत्र च साक्षादिति । दीर्घे । अयादिकार्ये हि समुदायव्यवधानेनावयवो

भावबोधिनी

ग्रहण से ग्रहण होगा अथवा नहीं । [किसी वर्ण में कोई अवयव स्वतन्त्र दूसरे वर्ण के समान है उस अवयव का उस दूसरे स्वतन्त्र वर्ण के ग्रहण से ग्रहण होगा अथवा नहीं होगा ।]

ऐसा विचार करना कहाँ से [प्रतीत] हुआ ?

[ऐसा विचार करना इसलिए आवश्यक हुआ क्योंकि] यहाँ व्याकरण शास्त्र में वर्णसमाम्नाय में समुदायों (ऋ, लृ, ए, ओ, ऐ औ) का भी उपदेश किया गया है तथा अवयवों (अ, इ, उ) का भी । और अवयव समुदाय के भीतर ही होता है, जिस प्रकार जब वृक्ष हिलता है तब अवयवों (शाखा, पत्तिओं आदि) के साथ ही हिलता है । [अवयवों के बिना समुदाय का कोई कार्य नहीं होता है ।] इस स्थिति में समुदायस्थ अवयवों का अवयव के ग्रहण से ग्रहण होगा अथवा नहीं [समुदाय जब अवयवों के साथ ही कोई कार्य करता है तब समुदाय रूपी वर्ण के अवयवों के साथ ही वह भी कार्य कर सकेगा ।] अतः यह विचार करना आवश्यक है [कि जिन वर्णों में अवयव स्वतन्त्र वर्णों के समान प्रतीत होते हैं उन वर्णावयवों का स्वतन्त्र वर्णों के रूप में भी ग्रहण होना चाहिए अथवा नहीं होना चाहिए ?]

विमर्श—यहाँ का विवेचन लोकव्यवहार पर आधृत है । अइउण्, ऋलृक्, एओङ्, ऐऔच्—इनमें स्वतन्त्र अकार आदि भी हैं और अ+इ=ए आदि समुदाय भी है । अब प्रश्न है कि समुदाय ए ओ में अवयवरूपेण विद्यमान अ, इ आदि

व्यवस्थावयवग्रहणेन ग्रहणं स्याद्वा न वेति जायते विचारणा ॥

प्रदीपः

समुदायावगमस्य समुदायकार्यं बहिरङ्गम् । अयादीनां चावकाशः—अग्न आयाहीति । नन्वत्रापि यणादेशोऽवयवस्य प्राप्नोति ॥ येन नाप्राप्ते इति वा मध्येऽपवादा इति वा यण एवायादयो बाधकाः स्युः । तत्र यथा दधीन्द्र इत्यत्र दधिशब्दस्थ इकारः सवर्ण-दीर्घत्वं प्रतिपद्यते, एवमेकारस्थोपि प्रतिपद्येत । प्रत्याहारे एओङ्ऐऔजित्यत्रावयवानां प्राधान्येनानिर्देशादित्येवं ग्रहणपक्षाशङ्काबीजमुपन्यस्तम् । इदानीमग्रहणपक्षाशङ्काबीज-मुपन्यस्यते—अभ्यन्तरश्चेति । तिरोहितत्वादवयवानां समुदायकार्ये पारतन्त्र्यात् स्वकार्यस्याप्रयोजकत्वान्नरसिंहवज्जात्यन्तरयोगाद्वर्णान्तरसारूप्यमात्रेण तत्कार्याप्रवर्त-नादित्यर्थः ॥

उद्द्योतः

नोदितो न साक्षादिति भावः ॥ साक्षाच्चोदितत्वं प्रत्यक्षत्वे हेतुः ॥ नन्वयादिरनव-काशोऽत आह—अयादीनामिति ॥ नन्विति । ततश्च विध्यन्तरपूर्वकोऽयादिः सर्वस्य बाधकः स्यादिति भावः ॥ परिहरति—येनेति ॥ प्राधान्येनानिर्देशादिति । अस्यैजादि-संज्ञाभावेऽपि स्वतन्त्राकारेण ग्रहणं स्यादिति शेषः ॥ भाष्ये अभ्यन्तरश्चेति । तदुच्चारणं विना समुदायोच्चारणस्याशक्यत्वादित्यर्थः ॥ तदाह—तद्यथा वृक्ष इति ॥ तदुप-पादयति—तिरोहितत्वादित्यादिना ॥ समुदायकार्ये पारतन्त्र्यादिति । समुदायसंपादन-रूपे कार्ये पारतन्त्र्यादित्यर्थः ॥ स्वकार्यस्याप्रयोजकत्वादिति । स्वकार्यनिरूपित-प्रयोजकत्वाभावादित्यर्थः ॥ तत्प्रयोजकत्वाभावे हेतुः—नरसिंहवदिति । तदवयवे नरत्वाद्यभाववदेतदवयवेऽप्यत्वाद्यभाव इति भावः ॥

भावबोधिनी

का स्वतन्त्र रूप से ग्रहण करना चाहिए अथवा नहीं । लोक में यह देखा जाता है समुदाय का कोई कार्य अवयवों के साथ ही होता है । समुदाय में अवयव तिरोभूत हो जाते हैं, अपने कार्य के प्रति प्रयोजक नहीं होते हैं । जैसे नरसिंह में नरत्व आदि कुछ नहीं कर सकते । इसी प्रकार ए ओ आदि में अकार आदि का कोई स्वतन्त्र कार्य नहीं हो सकता । जब समुदाय का कार्य होता है तब नान्तरीयकतया अवयवों का भी हो जाता है, स्वतन्त्रतया नहीं ।

परन्तु कभी-कभी केवल अवयव का भी कार्य देखा जाता है उससे समुदाय कार्य-भाक् नहीं होता है उसी प्रकार ऋ, लृ, ए, ओ आदि में अवयव भी स्वतन्त्रतया कार्यभाग् होने चाहिए या नहीं । इसी का विवेचन किया जा रहा है ।

(भाष्यम्)

कश्चात्र विशेषः ?

(५२ ग्रहणपक्ष आक्षेपवार्तिकम् ॥ ६ ॥)

॥*॥ वर्णैकदेशा वर्णग्रहणेन चेत्संध्यक्षरे समानाक्षरविधिप्रतिषेधः ॥*॥

(भाष्यम्)

वर्णैकदेशा वर्णग्रहणेन चेत्सन्ध्यक्षरे समानाक्षराश्रयो विधिः प्राप्नोति। स प्रतिषेध्यः॥ अग्ने इन्द्र, वायो उदकम्, "अकः सवर्णे दीर्घः" (६।१।१०१) इति दीर्घत्वं प्राप्नोति॥

(५३ आक्षेपान्तरवार्तिकम् ॥ ६ ॥)

॥ * ॥ दीर्घे ह्रस्वविधिप्रतिषेधः ॥ * ॥

प्रदीपः

समानाक्षरेति। समानशब्देन पूर्वाचार्यनिर्देशादकोऽभिधीयन्ते। दश समाना इति वचनात्। तेन समानकार्यं प्राप्नोतीत्यर्थः॥

उद्द्योतः

वचनादिति। अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ दश समाना इति पूर्वव्याकरण-वचनादित्यर्थः॥ समानकार्यम्। अग्रूपसमानाक्षरकार्यमित्यर्थः। सवर्णकार्यमिति। पाठे सवर्णदीर्घरूपकार्यमित्यर्थः॥

भावबोधिनी

[वर्ण के अवयवों के ग्रहण होने अथवा न होने में] क्या अन्तर होता है ?

(वा०) वर्णों के एकदेश=अवयव वर्णों के ग्रहण से यदि [स्वतन्त्र रूप से] गृहीत होते हैं तो सन्ध्यक्षरों में समानाक्षरविधि का प्रतिषेध करना होगा।

(भा०) वर्णों के एकदेश=अवयव भी यदि वर्णों (स्वतन्त्रवर्णों) के ग्रहण से गृहीत होते हैं अर्थात् अवयवों को भी अपने सदृश स्वतन्त्र वर्ण के रूप में मान लिया जाय तो सन्ध्यक्षरों (ए, ओ, ऐ औ) में समान अक्षरों को मान कर होने वाली (दीर्घादि) विधि प्राप्त होती है। उस (सवर्णदीर्घादि विधि) का प्रतिषेध करना होगा—'अग्ने + इन्द्र, वायो+उदकम्' इनमें "अकः सवर्णे दीर्घः" (६।१।१०१) से दीर्घत्व प्राप्त होता है। [क्योंकि 'अग्ने' के 'ए' में अ + इ है, बाद में इन्द्र है, सवर्ण अक्षर परे है, 'वायो' के 'ओ' में अ+उ है बाद में उदक है, समानाक्षर परे है। अतः दोनों इकारों और उकारों को मानकर दीर्घ विधि प्राप्त है। उसका प्रतिषेध करना होगा।]

(भाष्यम्)

दीर्घे ह्रस्वाश्रयो विधिः प्राप्नोति, स प्रतिषेध्यः। आलूय, प्रलूय "ह्रस्वस्य पिति कृति तुग्" (६।१।७१) इति तुक् प्राप्नोति ॥

(आक्षेपबाधकभाष्यम्)

नैषः दोषः, आचार्यप्रवृत्तिर्ज्ञापयति—'न दीर्घे ह्रस्वाश्रयो विधिर्भवति' इति। यदयं दीर्घाच्छे तुकं शास्ति ॥

(आक्षेपसाधकभाष्यम्)

नैतदस्ति ज्ञापकम्, अस्ति ह्यन्यदेतस्य वचने प्रयोजनम् ॥

किम् ?

"पदान्ताद्वा" (६।१।७६) इति विभाषां वक्ष्यामीति ॥

उद्द्योतः

भाष्ये दीर्घाच्छे इति। दीर्घस्य च्छे तुगिति हि तदर्थः॥ ननु ह्रस्वस्येत्यत्राच इत्येव सिद्धे ह्रस्वग्रहणसामर्थ्यादेव तुग्नेति चेन्न, पदलाघवाभावादित्याशयात् ॥

अस्ति हीति। तत्र दीर्घादित्यस्याभावे कुडचच्छायेत्यादावपि विकल्पः स्यादिति भावः ॥

भावबोधिनी

(वा०) दीर्घ में ह्रस्व मानकर होने वाली विधि का प्रतिषेध [करना होगा।]

(भा०) दीर्घ अक्षर में ह्रस्व को मान कर होने वाली विधि प्राप्त होती है, उसका प्रतिषेध करना होगा। उदाहरणार्थ—'आलूय, प्रलूय।' [इनमें दीर्घ का अवयव जो ह्रस्व उकार उसे मान कर] 'ह्रस्वस्य पिति कृति तुक्' (६।१।७१) सूत्र से तुक् प्राप्त होता है। [अब उसका प्रतिषेध करना पड़ेगा।]

[पूर्वोक्त आपत्तिरूप] दोष नहीं है, क्योंकि आचार्य पाणिनि की प्रवृत्ति यह सूचित करती है कि दीर्घ अक्षर में ह्रस्व को मान कर होने वाली विधि प्रवृत्त नहीं होती है,क्योंकि ये आचार्य दीर्घ को 'छ' परे रहते भी ['दीर्घात्' सूत्र से] तुक् आगम का अनुशासन करते हैं। [यदि दीर्घ में भी ह्रस्वाश्रित कार्य सम्भव होता तो 'छे च' इसी सूत्र से काम हो जाता, "दीर्घात्' सूत्र नहीं बनाना पड़ता। यह सूत्र बनाना ज्ञापित करता है कि दीर्घ में ह्रस्वाश्रित विधि नहीं होती है।]

नहीं, यह ज्ञापक नहीं [बन सकता]। इस सूत्र (वचन) को बनाने का कुछ और ही प्रयोजन है ?

[दूसरा] कौन सा [प्रयोजन] है ?

'पदान्ताद्वा' (६।१।७६) यह विभाषा कही जायगी। [इसमें 'दीर्घात्' इसकी अनुवृत्ति हो, सर्वत्र विभाषा न हो, इसलिए यह सूत्र अलग बनाया गया, व्यर्थ नहीं है,

(आक्षेपबाधकभाष्यम्)

यत्तर्हि योगविभागं करोति। इतरथा हि "दीर्घात्पदान्ताद्वा" इत्येव ब्रूयात् ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

इह तर्हि—खट्वाभिः, मालाभिः, "अतो भिस ऐस्" (७।१।९) इत्यैस्भावः प्राप्नोति ॥

(आक्षेपबाधकभाष्यम्)

तपरकरणसामर्थ्यान्न भविष्यति ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

इह तर्हि—याता, वाता "अतो लोप आर्धधातुके" ६।४।४८) इत्यकारलोपः प्राप्नोति ॥

(आक्षेपकबाधकभाष्यम्)

ननु चात्रापि तपरकरणसामर्थ्यादेव न भविष्यति ॥

भावबोधिनी

ज्ञापक नहीं बन सकता। यदि 'दीर्घात्' सूत्र न होकर उसकी अनुवृत्ति नहीं होगी तब कुड्यच्छाया, दधिच्छाया' आदि में भी विकल्प से तुक् होने लगता। 'दीर्घात्'—सूत्र रहने पर दीर्घ में विकल्प और ह्रस्व में नित्य तुक होता है।]

यदि ऐसा है [और व्यर्थ न होने से ज्ञापक बनना सम्भव नहीं है] तब तो पाणिनि ने जो योगविभाग किया, अलग-अलग 'दीर्घात्' और 'पदान्ताद् वा' ये दो सूत्र बनाए। [यही ज्ञापक बनेगा।] अन्यथा 'दीर्घात्पदान्ताद् वा' यह एक ही सूत्र बना देते। क्योंकि अपदान्त दीर्घ 'चेच्छिद्यते' आदि में 'छे च' इसी सूत्र से ए के अवयव इ = ह्रस्व अक्षर को मान कर नित्य तुक् हो जाता। अलग से 'दीर्घ' से नित्य तुक् करना व्यर्थ होता। अतः 'दीर्घात्' यह योगविभाग ज्ञापक ही है कि दीर्घ में ह्रस्वाश्रित विधि नहीं होती है।]

[उक्त सूत्र ज्ञापक है अतः दीर्घ में ह्रस्वाश्रित तुक् नहीं होता है] किन्तु यहाँ 'खट्वाभिः, मालाभिः' आदि में 'अतो भिस ऐस्' (७।१।९) सूत्र से भिस् का ऐस् आदेश प्राप्त होता है। [क्योंकि दीर्घ 'आ' में ह्रस्व अ भी है। अतः तदाश्रित कार्य प्राप्त होता है।]

['अतः' इस प्रकार के] तपरकरण के सामर्थ्य से तुक् नहीं होगा। [यदि दीर्घ से भी ह्रस्व मानकर तुक् होने लगे तब तो तपरकरण व्यर्थ होगा। अतः यहाँ ऐस् नहीं होगा।]

तो फिर 'याता, वाता' आदि में 'अतो लोपः' (६।४।४८) सूत्र से आर्धधातुक प्रत्यय परे अ का लोप प्राप्त होता है। [क्योंकि 'या', 'वा' के दीर्घ आ में ह्रस्व अ भी है। उसी का लोप होगा।]

(आक्षेपसाधकभाष्यम्)

अस्ति ह्यन्यत्तपरकरणे प्रयोजनम् ॥ किम् ? सर्वस्य लोपो मा भूदिति ॥

(प्रयोजनबाधकभाष्यम्)

अथ क्रियमाणेऽपि तपरे परस्य लोपे कृते पूर्वस्य कस्मान्न भवति ?

(प्रयोजनसाधकभाष्यम्)

परलोपस्य स्थानिवद्भावादसिद्धत्वाच्च ॥

प्रदीपः

असिद्धत्वाच्चेति । असिद्धवदत्राभादित्यनेन ।

उद्द्योतः

असिद्धवदिति । [1]चिणो लुङ्न्यायेनेति भावः ।

भावबोधिनी

क्यों श्रीमान् ! यहाँ भी ['अतः' इस प्रकार के] तपरकरण के सामर्थ्य से ही [दीर्घ आ के अवयवभूत ह्रस्व अ का] लोप नहीं होगा ।

['अतो लोपः' सूत्र में] तपरकरण का कुछ दूसरा ही प्रयोजन है ।

[दूसरा प्रयोजन] कौन सा है ?

सभी अकारों का लोप न होने लगे अर्थात् तपर के अभाव में "अस्य लोपः' ऐसा होने से "अणुदित्" सूत्र के बल से सभी अकारों का ग्रहण हो जाने से दीर्घ आ का भी लोप होने लगेगा । तपर करने पर नहीं होगा ।]

तो तपर कर देने पर भी [दीर्घ के अवयवभूत] बाद वाले अ का लोप कर देने पर पुनः [अवशिष्टह्रस्व] पूर्व अकार (अवयव) का लोप किस कारण नहीं होगा ?

[दीर्घ के अवयवभूत] परवर्त्ती अ-लोप का स्थानिवद्भाव हो जाता है और ['असिद्धवदत्राभात्' ६.४.२२ से परवर्ती अलोप] असिद्ध हो जाता है ।[1] [अतः पूर्ववर्ती अवयव अ का लोप नहीं होता है।]

---

१. 'अपाचितराम्' आदि लक्ष्यों में अपाचि + त + तराम् अवस्था में 'चिणो लुक्' (६.४.१०४) से 'त' प्रत्यय का लुक् कर देने पर पुनः चिण् से परे तराम् के 'त' का लुक् प्राप्त होता है परन्तु 'असिद्धवदत्राभात्' (६.४.२२) से पूर्व 'त' लोप असिद्ध हो जाता है। बीच में इसका व्यवधान हो जाने से "तराम्' के त का लोप नहीं होता है। वैसे ही यहाँ भी पहले लोप किये गये 'अ' को असिद्ध मानकर उसका व्यवधान होने से पुनः अलोप नहीं होता है।

(समाधानसाधकभाष्यम्)

एवं तर्ह्याचार्यप्रवृत्तिर्ज्ञापयति—'नाकारस्थस्याकारस्य लोपो भवति' इति। यदयम् "आतोऽनुपसर्गे कः" (३।२।३) इति ककारमनुबन्धं करोति॥

कथं कृत्वा ज्ञापकम् ?

कित्करणे एतत्प्रयोजनम्—कितीत्याकारलोपो यथा स्यादिति। यद्याकारस्थस्याकारस्य लोपः स्यात्, कित्करणमनर्थकं स्यात्। परस्याकारस्य लोपे कृते द्वयोरकारयोः पररूपे हि सिद्धं रूपं स्याद्—गोदः कम्बलद इति। पश्यति त्वाचार्यो—नाकारस्थस्याकारस्य लोपः स्यादिति, अतः ककारमनुबन्धं करोति॥

(समाधानबाधकभाष्यम्)

नैतदस्ति ज्ञापकम्। उत्तरार्थमेतत्स्यात् "तुन्दशोकयोः परिमृजापनुदोः" (३।२।५) इति॥

उद्द्योतः

भाष्ये उत्तरार्थमेतदिति। इह किंचित्करो इतीति न्यायस्तु नाश्रितः। अत्र केवलाकारोच्चारणे उत्तरत्र ककाराकारयोरुच्चारणे गौरवादिति भावः॥

भावबोधिनी

यदि ऐसा है तो आचार्य पाणिनि की प्रवृत्ति(व्यवहार) यह बतलाती है—"आकार में अवयवरूपेण विद्यमान अ का लोप नहीं होता है, क्योंकि पाणिनि 'आतोऽनुपसर्गे कः' (३.२.३) सूत्र में [अ प्रत्यय में] ककार अनुबन्ध लगाते हैं। [क प्रत्यय करके क् अनुबन्ध लगाकर लोप करके 'अ' प्रत्यय करते हैं।]

यह [ककार अनुबन्धकरण] किस प्रकार से ज्ञापक होता है ?

कित् प्रत्यय करने में यही प्रयोजन है—कित् प्रत्यय परे रहते ['आतो लोप इटि च' ६.४.६४ सूत्र से धातु के] आकार का लोप जिस प्रकार से हो सके। यदि क प्रत्यय परे होने पर आकार में अवयवरूपेण विद्यमान 'अ' का भी लोप हो सके तो कित् करना अनर्थक हो जायगा। कारण यह है कि [आ=अ+अ में] बाद वाले अ अवयव का लोप ['अतो लोपः' ३.२.३ से ही] कर देने पर [धातु का बचा हुआ ह्रस्व अ और प्रत्यय अ—इन] दोनों अकारों का ['अतो गुणे' सूत्र से] पररूप कर देने पर रूप सिद्ध हो ही सकता है—गोदः, कम्बलदः। परन्तु आचार्य पाणिनि यह देखते हैं, समझते हैं कि आकार के अवयवभूत अकार का लोप नहीं हो सकता। [अतः पररूप करके उक्त रूप सिद्ध नहीं हो सकते। सम्पूर्ण दीर्घ आ का ही लोप करना आवश्यक है] इसीलिए ककार अनुबन्ध लगाते हैं। [अन्यथा 'क' प्रत्यय करते हुए अ के साथ क् अनुबन्ध लगाने का कोई प्रयोजन नहीं है।]

(समाधानबाधकभाष्यम्)

यर्त्तर्हि "गापोष्टग्" (३।२।८) इत्यनन्यार्थं ककारमनुबन्धं करोति ॥

(५० आक्षेपवार्तिकम् ॥ ८ ॥)

॥ * ॥ एकवर्णवच्च ॥ * ॥

(भाष्यम्)

एकवर्णवच्च दीर्घो भवतीति वक्तव्यम् ॥

किं प्रयोजनम् ?

प्रदीपः

यत्तर्हीति । नन्वसति कित्त्वे आकारस्थस्याकारस्य लोपे कृते द्वयोरकारयोः पररूपस्य धातुं प्रत्यन्तवद्भावाच्छन्दोगायेत्यत्रातो धातोरित्याकारलोपप्रसङ्गः । नैष दोषः, सन्निपातपरिभाषया लोपो न भविष्यति । अकारं ह्याश्रित्य यशब्दः कृतो, लोपस्यानिमित्तम् । दीर्घत्वं तु कष्टायेति निपातनाद्भवति ॥

उद्द्योतः

सन्निपातेति । न च दीर्घेणैव स निवर्तितो, दीर्घेऽप्यत्वजातिसंबन्धसत्त्वेन न तथा सन्निपातक्षतिः । लोपे तु तस्यापि निवृत्तेस्तद्विरोधस्य स्पष्टत्वादिति भावः ॥ परे तु जातिपक्षे तपरसूत्रं व्याप्यजातिनिर्देशस्यैव बोधकमिति यत्वनिमित्तसन्निपातस्य दीर्घेण निवृत्तिर्जातैव न कस्याप्यनुवृत्तिस्तस्माद्व्याप्यात्वजातियत्रादिसंनिपातनिमित्तो दीर्घो न स्वसंनिपातविघातकलोपनिमित्तम् । सन्निपातपरिभाषायाश्च स्वप्रवृत्तेः प्राङ् निमित्तभूतो यादृशः सन्निपातः स्वातिरिक्तताद्विघातकस्य स्वयमनिमित्तमित्यर्थः । मात्राकालिकत्वसमानाधिकरणव्यापकजातिनिर्देशपक्षेऽप्यङ्गसंज्ञा तर्ह्यनिमित्तं स्यादिति कृन्मेजन्तसूत्रवक्ष्यमाणभाष्यरीत्या यादेशनिमित्तसन्निपातस्य न लेशतोऽपि सत्तेति वदन्ति ॥ प्रातर्ऋतं तदॢकार इत्यादौ 'रो रि' तोर्लीति तु नापादितं, तस्याभितोऽज्भागसत्त्वेन तेन व्यवधानात्तदप्राप्तेः ॥

भावबोधिनी

यह ज्ञापक नहीं हो सकता । यह 'क' तो उत्तरवर्ती सूत्र में अनुवृत्ति के लिए होगा—'तुन्दशोकयोः परिमृजापनुदोः' (३.२.५) । [इसमें 'क' कित् होने से गुण-निषेध होता है । अतः कित् करण व्यर्थ नहीं है, ज्ञापक नहीं बन सकता ।]

यदि ऐसा है तब तो 'गापोष्टक्' (३.२.८) सूत्र में [आकारलोप के अतिरिक्त] अन्य प्रयोजन के लिए नहीं अपितु आलोप के लिए ही ककार अनुबन्ध करते हैं । [वही ज्ञापक होगा कि आकार के अवयव अकार का लोप नहीं होता है । अन्यथा कित् करण व्यर्थ होगा । अतः यह दोष नहीं आता है ।]

(वा०) [दीर्घ वर्ण] एक वर्ण के समान [ही होता है ।]

वाचा तरतीति द्व्यज्लक्षणष्ठन्मा भूदिति। इह च वाचो निमित्तम्, "तस्य निमित्तं संयोगोत्पातौ" इत्यनुवर्तमाने "गोद्व्यच" (५।१।३९) इति द्व्यज्लक्षणो यन्मा भूदिति ॥

(आक्षेपबाधकभाष्यम्)

अत्रापि गोनौग्रहणं ज्ञापकम्—'दीर्घाद् द्व्यज्लक्षणो विधिर्न भवति' इति ॥

प्रदीपः

एकवर्णवदिति। अवयवसंख्याश्रयणेन वाक्शब्दस्य द्व्यच्त्वात्तन्निमित्तं कार्यं प्राप्नोतीत्येकवर्णवदित्यतिदेशः क्रियते ॥

गोनौग्रहणं ज्ञापकमिति। सामान्येन ज्ञापकं वर्णावयवाश्रयकार्याभावस्येति अग्न एहीत्यादावेङः पदान्तादतीत्याद्यपि न भवति ॥

उद्द्योतः

अग्ने इन्द्रेत्यादौ सवर्णदीर्घव्यावृत्तये आह—सामान्येनेति ॥ गोद्व्यचोऽसङ्ख्ये'ति गोग्रहणं नौद्व्यचष्ठन्निति नौग्रहणम् ॥ वर्णावयवाश्रयकार्याभावस्येति। वर्णावयवेषु भेदेनाप्रतिभासमानेषु वर्णाश्रयकार्याभावस्येत्यर्थः। तेन मातॄणामित्यादौ णत्वादिसिद्धिः। भेदेन प्रतिभासात् ॥

भावबोधिनी

(भा०) [यदि दीर्घ स्वर एक-एक मात्रा वाले दो स्वरों का संयुक्त रूप है तब] दीर्घ एक वर्ण के समान होता है, ऐसा कहना होगा।

[ऐसा कहने का] क्या प्रयोजन है ?

वाचा तरति—इत्यादि अर्थ में [एक ही दीर्घ आ आदि को दो ह्रस्व स्वरों वाला] दो अच् निमित्तक ठन् प्रत्यय 'नौद्व्यचष्ठन्' (४.४.७) से न होने लगे। और 'वाचः निमित्तम्' इस अर्थ में 'तस्य निमित्तं सयोगोत्पातौ' (५।१।३८) की अनुवृत्ति रहने पर 'गोद्व्यचोऽसंख्या' (५।१।३९) से दो अच् निमित्तक यत् प्रत्यय न होने लगे। [वाच् के दीर्घ आ में दो ह्रस्व अकार मान कर दो अचों वाला हो जाने से ठन् और यत् आदि प्रत्यय प्राप्त होंगे। ये न हो इसके लिए दीर्घ को एक वर्ण के समान ही कहना पड़ेगा।]

इनमें भी गो और नौ का ग्रहण इस बात का ज्ञापक है—दीर्घ वर्ण से दो अचों को मानकर होने वाला कार्य नहीं होता है। [क्योंकि यदि ओ और औ के अवयव अ+उ, अ+ओ को मानकर ये भी दो अचों वाले हो जाते हैं तो 'द्व्यच्' मान कर ही प्रत्यय संभव है सूत्रों में 'गो', 'नौ' का ग्रहण व्यर्थ है। यही ज्ञापक बनता है कि दीर्घ के अवयवों को मानकर कार्य नहीं होता है। अतः एकवर्णवत् कहने की आवश्यकता नहीं है।]

(ग्रहणवादिभाष्यम्)

नैतदस्ति ज्ञापकम् । वृद्ध्यर्थमेतत्स्यात्—नार्नमनिः ॥

(अग्रहणवादिभाष्यम्)

यत्तर्हि तृप्नोतिशब्दं पठति ॥

(एकदेशिभाष्यम्)

यच्चापि नृनमनशब्दं पठति ॥

(बाधकस्मरणभाष्यम्)

ननु चोक्तम्—वृद्ध्यर्थमेतत्स्यात् ॥

(समाधानभाष्यम्)

बहिरङ्गा वृद्धिरन्तरङ्गं णत्वम् । असिद्धं बहिरङ्गमन्तरङ्गे (१०) ॥

उद्द्योतः

बहिरङ्गा वृद्धिरिति । त्रिपाद्यामपि बहिरङ्गपरिभाषा प्रवर्तत इति वार्तिकमते-नैतत् । भाष्यमते तु तृप्नोतिशब्दपाठस्यैव ज्ञापकता बोध्या ॥ ऋतो नो ण इति ।

भावबोधिनी

यह (पाठ) ज्ञापक नहीं है । यह तो वृद्धि [करने के बाद 'नार्नमनिः' में रेफ से परे न का णत्व प्राप्त है उस] का निवारण करने के लिये हो सकता है । [चरितार्थ होने से ज्ञापक नहीं माना जा सकता ।]

तो फिर जो 'तृप्नोति' शब्द का पाठ किया है । [वह ज्ञापक होता है कि ऋ से परे न का ण होता है । इसलिए अग्रहणवादी को ऋकार से परे णत्व कहने की आवश्यकता नहीं है ।]

और जो 'नृनमन' का पाठ है । [वह भी ज्ञापक हो ही सकता है ।]

नहीं, यह कहा जा चुका है कि 'नार्नमनिः' में वृद्धि[में णत्व की निवृत्ति]के लिये है । [नृनमन से अपत्य अर्थ में इञ् करने पर आदिवृद्धि और रपर कर देने से 'नार्नमनिः' में रेफ से परे होने से ही णत्व प्राप्त है । उसीका वारण करने के लिए 'नृनमन' का पाठ है । वह ऋकार से परे णत्व का ज्ञापक नहीं बन सकता ।]

वृद्धि बहिरङ्ग है और णत्व अन्तरङ्ग है, अन्तरङ्ग की कर्तव्यता में बहिरङ्ग असिद्ध होता है । [अतः 'नृनमन' में पहले ऋ को मानकर प्राप्त णत्व की निवृत्ति के लिये इस शब्द का पाठ मानना चाहिए ।]

अथवा उपरिष्टाद्योगविभागः करिष्यते—"ऋतः" नो णो भवति। ततः—"छन्दस्यवग्रहात्" (८।४।२६) ऋत इत्येव॥

(५८ आक्षेपवार्तिकम् ॥ १२ ॥)

॥ * ॥ प्लुतावैच इदुतौ ॥ * ॥

(भाष्यम्)

[1]एतन्न वक्तव्यम्। यस्य पुनर्गृह्यन्ते गुरोष्टेरित्येव प्लुत्या तस्य सिद्धम्॥

प्रदीपः

गुरोष्टेरिति। ऐकारो गुरुस्तस्य टेरिति सिद्धम्। तन्त्रन्यायाश्रयणाच्च गुरोरपि स्थाने प्लुतो भवति—दे३वदत्तेति॥

उद्द्योतः

मातृणामित्यादौ दीर्घस्य बहिरङ्गासिद्धत्वाण्णत्वम्। यद्वा प्रशास्तॄणामिति निर्देशाण्णत्वम्। अत्र तपरत्वं मुखसुखार्थमेव। उत्तरत्राऽप्येवमेव, फलाभावाद्। ध्वनितं चेदं वृत्तौ॥

ननु गुर्ववयवटेरित्यर्थाऽङ्गीकारे गुरुरूपटेः प्लुतो न स्यादत आह—तन्त्रेति। स्थानषष्ठ्यन्तावयवषष्ठ्यन्तयोर्गुरुशब्दयोरित्यर्थः। गुर्ववयवटिश्चैच एव सम्भवति, नान्यस्य आकारादेः, तदवयवस्य व्यपवृक्तत्वाभादिति भावः॥

भावबोधिनी

अथवा आगे वाले सूत्र का विभाग करके पढ़ेंगे—"ऋतः" [ऋकार से अव्यवहित न का ण होता है।] इसके बाद "छन्दस्यवग्रहात्' (८।४।२६) इसमें 'ऋतः' की अनुवृत्ति करेंगे। [ऋकारान्त अवग्रह पूर्वपद से उत्तरवर्त्ती का णकारादेश होता है वेद विषय में।' इसलिए ऋकार से परे भी णत्व सम्भव है—मातॄणाम्, पितॄणाम्। अग्रहणपक्ष में भी 'ऋकाराच्चेति वक्तव्यम्' वचन की आवश्यकता नहीं है।]

[इस प्रकार अग्रहणपक्ष में उक्त कोई भी दोष नहीं है।]

(वा०) ऐच् के अवयव इत् उत् (इ, उ) प्लुत होते हैं।

(भा०) ऐच् के अवयव इ, उ प्लुत होते हैं—यह [अग्रहणवादी को] कहना होगा। किन्तु जिसके मत में [अवयव का भी स्वतन्त्र वर्ण के रूप में] ग्रहण होता है उसके अनुसार तो 'गुरोरनृतोऽनन्त्यस्याप्येकैकस्य प्राचाम्" (८।२।८६) सूत्र से 'टि' (अन्तिम अज्भाग इ, उ) का प्लुत करके कार्य सिद्ध हो जाता है।

---

१. 'ऐचः प्लुतिप्रसङ्गे तदवयवाविदुतौ प्लुतौ भवतः' इत्यर्थकमैचां चतुर्मात्रत्वसाधकमिदं सूत्रं कर्तव्यमेवेति गौरवमग्रहणपक्षे। ग्रहणपक्षे तु गुरोरैचोऽवयवभूतस्य टेरिकारस्योकारस्य वा प्लुतिः 'गुरोरनृत' इत्यनेनैव सिद्धेति लाघवम् इति भावः॥

(आक्षेपबाधकभाष्यम्)

यस्यापि न गृह्यन्ते तस्याप्येष न दोषः। क्रियत एतन्न्यास एव ॥

(५९ आक्षेपवार्तिकम् ॥ १३ ॥)

॥ * ॥ तुल्यरूपे संयोगे द्विव्यञ्जनविधिः ॥ * ॥

(भाष्यम्)

तुल्यरूपे संयोगे द्विव्यञ्जनाश्रयो विधिर्न सिध्यति–कु३क्कुटः, पि३प्पली, पि३त्तमिति। यस्य पुनर्गृह्यन्ते तस्य द्वौ ककारौ, द्वौ पकारौ, द्वौ तकारौ ॥

प्रदीपः

क्रियते न्यास एवेति। अवश्यकर्तव्यतां दर्शयति। व्यपवृक्तत्वेपि भागयोर्विवृततरत्वात् प्रयत्नभेदादिकारोकाराभ्यामग्रहणादच्त्वाभावात् ॥

तुल्यरूप इति। तुल्यरूपावयवत्वात्संयोगस्तुल्यरूपस्तस्यैकवर्णत्वं पूर्वपक्षे, सिद्धान्ते तु वर्णद्वयरूपता। आशूच्चारणात्तु भ्रान्तमेकत्वज्ञानमिति शिष्टसमाचारः ॥

उद्द्योतः

अच्त्वाभावादिति। तन्मूलटित्वाभावाच्चेत्यपि बोध्यम् ॥

संयोग इति। संयोगसंज्ञार्ह इत्यर्थः ॥ तस्यैकवर्णत्वमिति। एवं च संयोगसंज्ञा न स्यादिति भावः॥ 'संयोगे' इति भाष्यं तु संयोगार्ह इत्यर्थपरमिति तात्पर्यम् ॥

शिष्टसमाचारः = शिष्टव्यवहारः ॥

भावबोधिनी

जिसके मत में ग्रहण नहीं होता है उसके मत में भी यह (प्लुत न हो सकना) दोष नहीं है क्योंकि यह प्लुत तो 'प्लुतौ ऐच इदुतौ' (८।२।१०६) इस सूत्र में किया ही गया है। [तब इसके करने का प्रश्न ही नहीं उठता है।]

(वा०) तुल्य रूप वाले संयोग में दो व्यञ्जनों को मानकर होने वाली विधि [नहीं सिद्ध होती है]।

(भा०) जहाँ एक ही वर्ण दो वार प्रयुक्त है ऐसे तुल्यरूप वाले व्यञ्जनों के संयोग स्थल में अलग-अलग दो व्यञ्जनों को मानकर होने वाली विधि नहीं प्रवृत्त हो सकती है। [क्योंकि अग्रहणवादी समुदाय को एक ही वर्ण मानता है इसलिए]—"कु३क्कुटः, पि३प्पलः, पि३त्तम् [इनमें क्कु, प्प, त्त—ये एक ही व्यञ्जन होंगे। संयोग संज्ञा नहीं होगी। तब पूर्व की गुरु संज्ञा न होने से 'गुरोरनृतः' सूत्र से इनमें प्लुत नहीं हो सकेगा] ग्रहणवादी के मत में दोनों ककार, पकार, तकार अलग-अलग [मिलकर संयोग हैं]। [अतः संयोग परे रहते पूर्व की गुरु संज्ञा होने से उसके प्लुत होने में बाधा नहीं है।]

(आक्षेपबाधकभाष्यम्)

यस्यापि न गृह्यन्ते तस्यापि द्वौ ककारौ, द्वौ पकारौ, द्वौ तकारौ ॥

कथम् ?

मात्राकालोऽत्र गम्यते । न च मात्रिकं व्यञ्जनमस्ति । अनुपदिष्टं सत्कथं शक्यं विज्ञातुम् । असच्च कथं शक्यं प्रतिपत्तुम् ॥

(आक्षेपसाधकभाष्यम्)

यद्यपि तावदत्रैतच्छक्यते वक्तुं—यत्रैतन्नास्ति—'अण् सवर्णान् गृह्णाति' इति । इह तु कथम्–सय्ँयन्ता, सव्ँवत्सरः, यल्ँलोकम्, तल्ँलोकमिति यत्रैतदस्त्यण् सवर्णान् गृह्णातीति ?

उद्द्योतः

[भाष्ये] मात्राकालोऽत्रेति । बहुव्रीहिः, संयोगोऽन्यपदार्थः ॥ मात्रिकव्यञ्जनाभावेऽनुपदिष्टत्वं हेतुः । कुक्कुट इत्याद्युच्चारणं तु न उपदेशः ॥ अनुपदिष्टत्वं नाम अक्षरसमाम्नायेऽपठितत्वं ग्राहकशास्त्रेणागृहीतत्वं च ॥ अनुपदिष्टं सत्=सत्त्वेन कथं शक्यं विज्ञातुमित्यर्थः । एवं चानुपदिष्टस्यासत्त्वात् तत्प्रतिपत्तिरशक्येत्याह—असच्चेति । क्वचित्तु 'असच्चे'त्यादिग्रन्थो न दृश्यते ॥ अनेन ल्कारापाठे तस्यासत्त्वशङ्कया तयोः सावर्ण्यविधिरप्यशक्य इति सूचितम् ॥

यत्रैतदस्तीति भाष्ये । हलोऽनन्तरा इत्यत्र यकारादिभिरस्य ग्रहणे हल्द्वयाभाव इति भावः ॥

भावबोधिनी

जिसके मत में ग्रहण नहीं है उसके मत में भी दोष नहीं है, क्योंकि उसके लिये भी दो ककार, दो पकार और दो तकार हैं ।

किस प्रकार ?

इस (संयोग) में उच्चारण की मात्रा का काल प्रतीत होता है । व्यञ्जन कोई भी एकमात्रिक नहीं होता है । [अर्धमात्रिक ही होता है] और उपदिष्ट न होने से [व्यञ्जन एक मात्रा कालवाला] कैसे समझा जा सकता है । और जो है ही नहीं,उसका ज्ञान कैसे हो सकता है । [अतः यहाँ क्क, प्प, त्त में एक मात्रा का भ्रम है वास्तव में ये अर्ध मात्रा के दो हैं । इनकी संयोग संज्ञा में बाधा नहीं है ।]

[पूर्व पक्षी का तर्क] जहाँ 'अण् सवर्णों का ग्राहक (बोधक) होता है' [इत्यर्थक 'अणुदित् सवर्णस्य चाप्रत्ययः' सूत्र की] प्रवृत्ति नहीं होती है वहाँ यद्यपि यह कहा जा सकता है । [जैसा कि क्क, प्प, त्त में है किन्तु इनका न तो वर्णसमाम्नाय में उपदेश है और न 'अणुदित्' से ही बोध्यता है । अतः यहाँ ये दो स्वतन्त्र व्यञ्जन होने से संयोग संज्ञा और पूर्व के प्लुत में बाधा नहीं है ।] परन्तु जहाँ 'अण् सवर्ण का ग्राहक है', ('अणुदित् सूत्र लगता है) जैसे—सय्ँयन्ता, सव्ँवत्सरः, यल्ँलोकम्,तल्ँलोकम्—[यहाँ अण् होने से निरनुनासिक और अनुनासिक यवल का एक से ही ग्रहण होगा, एक ही माने जाएगे । तब इनमें] कैसे सवर्ण संज्ञा और पूर्व का प्लुत होगा ?

(आक्षेपबाधकभाष्यम्)

अत्रापि मात्राकालो गृह्यते। न च मात्रिकं व्यञ्जनमस्ति। अनुपदिष्टं सत्कथं शक्यं विज्ञातुम्। असच्च कथं शक्यं प्रतिपत्तुम्॥ ३-४॥

(शिवसूत्रम्)

हयवरट्॥ ५॥

(अथ हकारस्य द्विरुपदेशाधिकरणम्, आक्षेपभाष्यम्)

सर्वे वर्णाः सकृदुपदिष्टाः, अयं–हकारो द्विरुपदिश्यते—पूर्वश्चैव परश्च। यदि

प्रदीपः

अत्रापीति। सानुनासिकनिरनुनासिकौ द्वावत्र वर्णावित्यर्थः॥

हयवरट्॥ पूर्वश्चेति। पूर्वपरोच्चारणक्रियाभेदादेकस्यैव हकारस्य पूर्वपरव्यपदेशः॥

उद्द्योतः

सानुनासिकेति। अणुदिच्छास्त्रं हि विद्यमानस्य लोकसिद्धस्य सवर्णस्य ग्राहकमेव, न त्वप्रसिद्धसवर्णकल्पकमिति भावः॥

हयवरट्॥ नन्वयं हकार इत्यनेनैकत्वं हकारस्य सूचितमिति कथं तद्विरुद्धं पूर्वश्चेत्यादिना भेदाश्रयणमत आह—पूर्वपरेति। एतद्भाष्यादेकत्वं वर्णानामित्येव पक्षो भगवतः सम्मत इति ज्ञायते॥ भाष्ये यदि पुनरिति। न चैवं परहकाराभावे

भावबोधिनी

[अग्रहणवादी का उत्तर] यहाँ भी ('अणुदित्' सूत्र से सवर्णग्रहणस्थल में भी) मात्राकाल का ग्रहण होता है, [प्प आदि मात्राकालिक हैं]। परन्तु व्यञ्जन तो मात्राकाल वाले होते ही नहीं है। [वे तो सदैव अर्धमात्रा काल वाले होते हैं।] जब आचार्य ने उनका उपदेश ही नहीं किया है तो उसका ज्ञान सत् रूप से कैसे हो सकता है। जिसकी सत्ता ही नहीं है उसे कैसे माना जा सकता है।

[अतः तुल्य रूप वाले दो व्यञ्जन संयुक्त ही रहेंगे। उनमें संयोग संज्ञा और उनके पूर्व की गुरुसंज्ञा तथा प्लुतविधान में कोई दोष नहीं है। अतः वर्णैकदेश का वर्णग्रहण से ग्रहण मानना भाष्यकार का अभिमत न होने से ठीक नहीं है।] ॥३-४॥

हयवरट् ॥५॥

[वर्णसमाम्नाय में अकारादि] सभी वर्णों का एक ही बार उपदेश = उच्चारण है, पर इस हकार का दो बार उपदेश है—पूर्व (इस सूत्र में) और पर ('हल्॰' इस अन्तिम सूत्र में)। यदि केवल पहले ही उच्चारित कर दिया जाय अथवा केवल

पुनः पूर्वं एवोपदिश्येत, पर एव वा । कश्चात्र विशेषः ?

(६० पूर्वत्रानुपदेशे दूषणवार्तिकम् ॥ १ ॥)

॥ * ॥ हकारस्य परोपदेशेऽड्ग्रहणेषु हग्रहणम् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

हकारस्य परोपदेशेऽड्ग्रहणेषु हग्रहणं कर्तव्यम् "आतोऽटि नित्यम्" (८।३।३) "शश्छोटि" (८।४।६२) "दीर्घादटि समानपादे" (८।३।९) हकारे

प्रदीपः

शश्छोटीति । हकारपरस्य शकारस्यासम्भवात् प्रसङ्गोच्चरितमेतत् ॥

उद्द्योतः

लकारस्याप्यभावेन तन्त्राद्याश्रयणेन हलन्त्यमित्यत्रान्योन्याश्रयपरिहारो वक्ष्यमाणो विरुध्येतेति वाच्यम् । रन्त्यं हरिति न्यासेन लन्त्यं हलिति न्यासेन वा तत्परिहारात्लाघवाभावेऽपि एवं कर्तुं शक्यं न वेत्येवं विचारतात्पर्यात् । यद्वा रन्त्यमित्यस्यैवावृत्त्या हर्वोधकसूत्रसमुदायान्त्यमिदित्यर्थः ॥ परे तु—परहकाराभावेऽपि "ल्" इत्येव सूत्रं कार्यं प्रातिशाख्यादिप्रसिद्धहलादिप्रत्याहारसिद्धयर्थम् । तदर्थे रान्तस्यापि शक्तिकल्पने गौरवाद् । हलन्त्यमित्यस्यावृत्त्या 'हल्प्रत्याहारबोधकसूत्रसमुदायान्त्यमिद्' इत्यप्यर्थं इत्यदोष इत्याहुः ॥

अड्ग्रहणेष्विति । अड् गृह्यते येषु सूत्रेष्वित्यर्थः ॥ शश्छोटीत्यस्योदाहरणादाने बीजमाह—हकारपरस्येति । न च तच्-श् हित्याहेत्युदाहरणसम्भवः । शास्त्रबोधितं सौत्रं च विहाय हलामुच्चारणार्थाचं विनोच्चारणास्यासाधुत्वेन तादृशोदाहरणाभाव

भावबोधिनी

बाद वाले में ही उच्चारित किया जाय अर्थात् कहीं भी एक ही बार उपदिष्ट किया जाय। इसमें क्या अन्तर पड़ता है ?

हकार के पूर्वोपदेश न करने में दोष

(वा०) हकार का केवल परोपदेश करने पर अट्-ग्रहणवाले (जिनमें अट् प्रत्याहार का ग्रहण है ऐसे) सूत्रों में हकार का ग्रहण [अलग से करना होगा] ।

(भा०) यदि हकार का उपदेश केवल बाद वाले सूत्र में ही किया जायगा तो जिन-जिन सूत्रों में अट् का ग्रहण है उन-उन में हकार का भी [अलग से] ग्रहण करना होगा । जैसे "आतोऽटि नित्यम्' (८।३।३) 'शश्छोऽटि' (८।४।६३) 'दीर्घादटि समानपादे' (८।३।९) इनमें यह भी कहना होगा—"और हकार परे रहते ।" जिससे यहाँ भी हो सके—"महाँ हि सः ।" [महान्+हि में "दीर्घादटि समानपादे" सूत्र से न् का रु और 'आतोऽटि नित्यम्' से अनुनासिकत्व 'भोभगो अघो०' से रु का य् और 'हलि सर्वेषाम्" सूत्र से य् लोप होकर 'महाँ हि सः'

चेति वक्तव्यम् । इहापि यथा स्यात्—महाँ हि सः ।

(६१ पूर्वत्रानुपदेशे दूषणवार्तिकम् ॥ २ ॥)

॥ * ॥ उत्वे च ॥ * ॥

(भाष्यम्)

उत्वे च हकारग्रहणं कर्तव्यम् । "अतो रोरप्लुतादप्लुते" "हशि च" (६।१।१०९-१०) हकारे चेति वक्तव्यम् । इहापि यथा स्यात्—पुरुषो हसति, ब्राह्मणो हसतीति ॥

प्रदीपः

उत्वे चेति ॥ अशत्वमपि न प्राप्नोतीति वक्तव्यं भो हसतीति रोर्यत्वार्थम् ॥

उद्द्योतः

इत्याशयाद् । अत्र च भाष्ये एतदुदाहरणादानमेव मानम् । आतोऽटिदीर्घायटीत्युभयोरुदाहरणं महाँ हि स इति । अट्कुप्विति सूत्रेऽपि ग्रहणफलमर्हेणेति बोध्यम् ॥

अशत्वमपीति । इदमिण्त्वस्याप्युपलक्षणम् । तेन लिलिहिढ्वे इत्यादौ विभाषेट इति ढत्वविकल्पसिद्धिरिति केचित् ॥ भाष्ये हशि चेति सिद्धान्तरीत्या निर्देशः । इदानीं तु यशिचेति सूत्रम् ॥

भावबोधिनी

होता है । हकार का अलग से ग्रहण करने पर ही उक्त कार्य सम्भव होते हैं । 'शश्छोऽटि' का उल्लेख 'अट्' के ग्रहण के कारण ही किया गया है वास्तव में इसमें ह् की आवश्यकता नहीं है क्योंकि 'श् ह्' ऐसा प्रयोग कहीं नहीं मिलता है ।]

(वा०) और उत्व में भी [हकार-ग्रहण करना होगा ।]

(भा०) उत्व का विधान करने वाले शास्त्रों में भी हकार का ग्रहण करना होगा । "अतो रोरप्लुतादप्लुते' (६।१।११३) "हशि च" (६।१।११४) इनमें 'हकार परे भी रु का उ होता है' ऐसा कहना होगा । जिससे कि यहाँ भी हो सके—"पुरुषो हसति, ब्राह्मणो हसति ।'

विमर्श—जब केवल 'हल्' में ही हकार रहेगा तो 'हशि च' यह सूत्रस्वरूप न होकर 'यशि च' ऐसा ही सूत्रस्वरूप होगा । फलस्वरूप—पुरुषो हसति' में उत्वादि नहीं हो सकेगा । क्योंकि यश् परे रहते ही रु का उत्व हो सकेगा, अतः अलग से 'हकारे च' यह कहना होगा । तभी प्रयुक्त उत्वविशिष्ट रूप सम्भव होगा—ब्राह्मणो हसति आदि ।

इसी प्रकार 'भोभगो-अघो-अपूर्वस्य योऽशि' सूत्र की 'भो हसन्ति, देवा हसन्ति' आदि में प्रवृत्ति कराने के लिये अश् के साथ-साथ हकार का भी ग्रहण करना होगा । इण् ग्रहणवाले सूत्र में भी हकार का ग्रहण करना होगा ।

(पूर्वोपदेशाङ्गीकारभाष्यम्)

अस्तु तर्हि पूर्वोपदेशः ।

(६२-६३ परत्रानुपदेशे दूषणवार्तिकम् ॥ ३-४ ॥)

॥ * ॥ पूर्वोपदेशे कित्त्व-क्सेड्विधयो झल्ग्रहणानि च ॥ * ॥

(भाष्यम्)

यदि पूर्वोपदेशः कित्त्वं विधेयम्-स्निहित्वा स्नेहित्वा, सिस्निहिषति सिस्नेहिषति "रलोऽव्युपधाद्धलादेः" (१।२।२६) इति कित्त्वं न प्राप्नोति ॥

क्सविधिः । क्सश्च विधेयः—अधुक्षत् अलिक्षत्, "शल इगुपधादनिटः क्सः" ३।१।४५) इति क्सो न प्राप्नोति ॥

इड्विधिः । इट् च विधेयः—रुदिहि । वलादिलक्षण (७।२।३५) इण् न प्राप्नोति ॥

झल्ग्रहणानि च ॥

किम् ?

भावबोधिनी

(अनु०) यदि ऐसी स्थिति है तो पहले ही उपदेश किया जाय ।

परवर्त्ती हकार का उपदेश न करने पर दोष

(वा०) केवल पूर्व का उपदेश रहने पर कित्व, क्स, इड्विधि नहीं बन सकेंगी और झल्ग्रहण वाले सूत्र [हकाररहित हो जायेंगे] ।

(भा०) यदि केवल पहले ही हकारोपदेश किया जाय तो कित्व का विधान करना होगा—'स्निहित्वा, स्नेहित्वा, सिस्निहिषति सिस्नेहिषति'—इनमें "रलो ऽव्युपधाद्धलादेः संश्च' (१.२.२६) सूत्र से होने वाला कित्व नहीं हो सकेगा । [क्योंकि 'स्निह' आदि हकारान्त धातुयें अब रलन्त नहीं होंगी । 'हल्' सूत्र न रहने पर 'रल्' न बनकर 'रस्' होगा । ह नहीं आयेगा । इसलिए इसमें अलग से हकारग्रहण करना होगा ।]

क्सविधि—और क्स का विधान करना होगा—अधुक्षत् अलिक्षत्—इनमें 'शल इगुपधादनिटः क्सः' (३।१।४५) सूत्र से 'क्स' नहीं प्राप्त होता है । ['हल्' सूत्र न होने पर 'शल्' न होकर 'शर्' होगा । इसमें हकार नहीं आयगा । अतः 'दुह्', 'लिह्' आदि हकारान्त धातुयें शलन्त नहीं हो सकेंगी । अतः इनमें च्लि का क्स नहीं हो सकेगा । इसके लिए भी 'हकार ग्रहण' करना पड़ेगा ।]

इट्विधि—और इट् का विधान करना पड़ेगा । रुदिहि—यहाँ ["रुदादिभ्यः सार्वधातुके" ७।२।७६ से] वलादि मान कर होने वाला इट् आगम नहीं हो सकेगा । [उसके लिए भी अलग से हकारग्रहण करना होगा क्योंकि अब 'वल्' न होकर 'वर्' होगा, उसमें हकार नहीं आता है ।]

अहकाराणि स्युः ॥

तत्र को दोषः ?

"झलो झलि" (८।२।२६) इतीह न स्यात्-अदाग्धाम्, अदाग्धम् । तस्मा-त्पूर्वश्चैवोपदेष्टव्य परश्च ॥

(उपसंहारभाष्यम्)

यदि च किंचिदन्यत्राप्युपदेशे प्रयोजनमस्ति, तत्राप्युपदेशः कर्तव्यः ॥

(इति हकारस्य द्विरुपदेशाधिकरणम्)

प्रदीपः

यदि च किञ्चिदिति । प्रयोजनार्थो हि वर्णानामुपदेशो न स्वरूपप्रतिपत्त्यर्थः ॥

उद्द्योतः

अहकाराणि स्युरिति । अतस्तत्र हकारग्रहणं कर्तव्यमिति भावः ॥ अदाग्धामिति । घत्वस्यासिद्धत्वादिति भावः ।

स्वरूपप्रतिपत्त्यर्थ एवायमक्षरसमाम्नाय इति भ्रमं वारयति—भाष्ये यदि किंचि-दिति । तद्व्याचष्टे—प्रयोजनार्थ इति । शास्त्रीयप्रयोजनार्थ इत्यर्थः । एवं चाद्यहकार-स्याशिगोरपि प्रयोजनं सूचितम् । अत एव मञ्चा हसन्तीति पुंयोगादिति सूत्रे भाष्य-

भावबोधिनी

झल् का जिन सूत्रों में ग्रहण है ।

[उनमें] क्या [करना होगा] ?

वे सूत्र हकाररहित होने लगेंगे ।

तब क्या दोष होगा ?

"झलो झलि" (८।२। ६) इस सूत्र से—अदाग्धाम्, अदाग्धम्—में स् का लोप नहीं हो सकेगा । [अदाह् स्+ताम् में झल् से परे न होने से 'स्' का लोप नहीं होगा क्योंकि 'झरो झरि' ऐसा सूत्र होने पर उसमें ह नहीं आयेगा । फलतः स् का लोप करने के लिये हकार का ग्रहण करना पड़ेगा ।]

[केवल पूर्व या केवल पर में किसी एक सूत्र में उपदेश करने से दोष होवे हैं] इसलिए [हयवरट् इसमें] पूर्व में और ('हल्' इसमें) पर में दोनों सूत्रों में हकार का उपदेश करना चाहिए ।

यदि पूर्व और पर इन दो स्थानों के अतिरिक्त तीसरे या चौथे प्रत्याहार में भी हकार के उपदेश में कोई प्रयोजन है, तो वहाँ भी हकार का उपदेश करना चाहिए । [इसका कारण स्पष्ट है कि वर्णों का उपदेश स्वरूप-परिचय के लिये नहीं है अपितु

(अथ रेफोपदेशस्थानाधिकरणम्)

इदं विचार्यते—अयं रेफो यकारवकाराभ्यां पूर्वं एवोपदिश्येत-हरयवडिति, पर एव वा यथान्यासमिति । कश्चात्र विशेषः ?

(६४ यथान्यासोपदेशदूषणवार्तिकम्)

॥ * ॥ रेफस्य परोपदेशेऽनुनासिकद्विर्वचनपरसवर्णप्रतिषेधः ॥ * ॥

(भाष्यम्)

रेफस्य परोपदेशेऽनुनासिकद्विर्वचनपरसवर्णानां प्रतिषेधो वक्तव्यः ॥

अनुनासिकस्य—स्वर्नयति प्रातर्नयति । "यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा' (८।४।४५) इत्यनुनासिकः प्राप्नोति ॥

द्विर्वचनस्य—मद्रह्लदः भद्रह्लदः, "यरः" (८।४।४६) इति द्विर्वचनं

प्रदीपः

इदमिति । उभयत्रापि दोषप्रयोजनसद्भावात् प्रश्नः ॥

स्वर्नयतीति । णकारोऽत्र प्राप्नोति । नह्यत्र सवर्णग्रहणमस्ति ॥ भद्रह्लद इति ।

उद्द्योतः

प्रयोगः सङ्गच्छते । एतेन पूर्वहकारोपदेशप्रयोजनवार्तिके न्यूनता परिहृता ॥ कर्तव्य इत्यस्य स्यादिति शेषः । उपदेशोऽत्रोच्चारणमात्रम् ॥ अन्यत्रापि । प्रत्याहारान्तरे । सर्वथा हकारस्य द्वेधोपदेशः कर्तव्य इत्यत्रास्य तात्पर्यम् ॥

दोषप्रयोजनेति । अन्यतरपक्षीयदोष एवान्यतरपक्षे प्रयोजनमिति बोध्यम् ॥

णकारोऽत्रेति । स्थानेऽन्तरतमत्वादिति भावः ॥ ननु रेफस्य सवर्णाभावात्कथमत्रा-

भावबोधिनी

इष्ट लक्ष्यों की सिद्धि के लिये है । अतः जहाँ भी उपदेश करने से इष्ट सिद्ध होता है वहाँ सर्वत्र उपदेश किया जा सकता है ।]

रेफ के स्थान के उपदेश का विवेचन

अब यह विचार करना है कि [प्रस्तुत सूत्र में] यह रेफ यकार-वकार से पहले उपदिष्ट (उच्चारित) किया जाय—हरयवट् ऐसा, अथवा पर उपदिष्ट किया जाय जैसा कि आचार्य का न्यास=सूत्र है—हयवरट् । [चूंकि दोनों स्थितियों में दोष है अतः इसका विचार आवश्यक है । इसीलिये लिखते हैं] इन दोनों स्थितियों में क्या अन्तर है ?

यथान्यास उपदेश में दोष

(वा० रेफ का [यकार-वकार के] बाद में उपदेश मानने में अनुनासिक, द्विर्वचन और परसवर्ण का प्रतिषेध [करना चाहिए] ।

(भा०) [यकार-वकार के बाद—हयवरट् ऐसा] पर र उपदेश करने में अनुनासिक, द्विर्वचन और परसवर्ण का प्रतिषेध करना होगा ।

प्राप्नोति।

परसवर्णश्च—कुण्डं रथेन, वनं रथेन "अनुस्वारस्य ययि–" (८।४।५८) इति परसवर्णः प्राप्नोति ॥

(इति यथान्यासे दूषणानि)

(यकारात्पूर्वंरपाठाभ्युपगमभाष्यम्)

अस्तु तर्हि पूर्वोपदेशः।

(६५-६६ पूर्वोपदेशदूषणवार्तिके ६-७)

॥ * ॥ पूर्वोपदेशे किस्त्वप्रतिषेधो व्यलोपवचनं च ॥ * ॥

(भाष्यम्)

यदि पूर्वोपदेशः कित्त्वं प्रतिषेध्यम्। देव्रित्वा दिदेविषति "रलोऽव्युपधादिति" (१।२।२६) कित्त्वं प्राप्नोति ॥

प्रदीपः

द्विर्वचने कृते तस्यासिद्धत्वाद् रोरीति रेफलोपो नास्ति, हलो यमामिति लोपस्तु पाक्षिक इति पक्षे रेफद्वयश्रवणप्रसङ्गः ॥ कुण्डं रथेनेति। अनुनासिकेनैव परसवर्णेन भाव्यमिति नियमाभावाद्रेफः प्राप्नोति, तस्य चासिद्धत्वाद् रोरीति लोपो नास्ति ॥

उद्द्योतः

नुनासिकोऽत आह—न ह्यत्रेति ॥ ननु द्वित्वेऽपि रोरीति हलोयमामिति वा लोपान्न दोषोऽत आह—द्विर्वचन इति ॥

भावबोधिनी

अनुनासिक का प्रतिषेध–स्वर्नयति, प्रातर्नयति। यहाँ 'यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा' (८।४।४५) सूत्र से [रेफ का ण] अनुनासिक प्राप्त होता है। [क्योंकि यर् में रेफ आ जाने से सदृशतम होने से रेफ का ण अनुनासिक प्राप्त होता है। इसका प्रतिषेध कहना होगा।]

द्विर्वचन का [प्रतिषेध करना होगा]—भद्रह्रदः, भद्रह्रदः—यहाँ ['अचो रहाभ्यां द्वे" ८।४।४६ सूत्र से] यर् का द्वित्व प्राप्त होता है। [इसका प्रतिषेध करना होगा।]

परसवर्ण का [प्रतिषेध करना होगा]—'कुण्डं रथेन, वनं रथेन—' यहाँ 'अनुस्वारस्य ययि परसवर्णः' (८।४।५४)सूत्र से अनुस्वार का परसवर्ण प्राप्त होता है। [क्योंकि रेफ भी यर् के अन्तर्गत हो जाता है। अतः प्राप्त परसवर्ण का प्रतिषेध करना होगा।]

[यदि पूर्वोक्त दोष हैं] तब तो [यकारवकार से] पूर्व में ही रेफ का उपदेश रहे।

पूर्व में रेफ का उपदेश करने में दोष

(वा०) [यकारवकार से] पूर्व में रेफ के उपदेश में कित्त्व का प्रतिषेध और वकारयकार का लोप [कहना होगा।]

(दूषणनिराकरणभाष्यम्)

नैष दोषः, नैवं विज्ञायते—'रलः व्युपधाद्' इति ॥

किं तर्हि ?

"रलः अव् व्युपधाद्" इति ॥

'किमिदम् अव् व्युपधाद्' इति ?

अवकारान्ताद्व्युपधादव्व्युपधादिति ॥

(भाष्यम्)

व्यलोपवचनं च ॥ व्योश्च लोपो वक्तव्यः । गौधेरः, पचेरन्, यजेरन्, 'जीवे

उद्द्योतः

भाष्ये अव्व्युपधाविति । अव् इति लुप्तपञ्चमीकम् ॥ ननु पूर्वोपदेशे इग्यण इत्यादौ यथासङ्ख्यनिर्वाहः कथमिति चेन्न, संज्ञाविधानसामर्थ्येन तत्र तद्भावितपक्षाश्रयणान्न दोषः ॥

भावबोधिनी

(भा०) यदि [यकारवकार के] पूर्व में रेफ का उपदेश किया जाता है तो 'कित्व' का प्रतिषेध करना होगा—देवित्वा, दिदेविषति—इनमें 'रलोऽव्युपधाद्धलादेः संश्च' (१।२।२६) इससे कित्व प्राप्त होता है । [क्योंकि 'हयवट्' ऐसा सूत्र होने से वकार भी रल् में आता है । दिव् रलन्त हो जाती है । इससे परे क्त्वा और सन् कित् होने लगेंगे, उनका प्रतिषेध करना पड़ेगा ।]

यह दोष नहीं है । क्योंकि ऐसा नहीं समझा जाता है—'रलोव्युपधात्' ।

तो कैसा [समझा जाता] है ?

'रलः अव् व्युपधात्' ऐसा [समझा जाता] है ।

यह 'अव् व्युपधात्' क्या है ? [इस प्रकार के रूपपरिवर्तन से क्या फल निकलता है] ?

अवकारान्त व्युपध [इकारोपध उकारोपध]—'अव् व्युपधात्' है अर्थात् वकारान्त न हो, इकार अथवा उकार उपधा में हो ऐसी रलन्त धातु से परे सन् और क्त्वा कित् होते हैं । दिव् तो वकारान्त है । अतः यह सूत्र नहीं लगेगा । कित्व की प्राप्ति नहीं है । तब निषेध का प्रश्न नहीं है ।]

और व्यलोप कहना होगा । वकार तथा यकार का लोप कहना होगा । गौधेरः, पचेरन्,यजेरन् । 'जीवे रदानुक्' उणादि सूत्र से] जीरदानुः[1] । इनमें 'लोपो व्योर्वलि'

१. गौधेरः—गोधाया अपत्यम्—इस अर्थ में 'गोधाया ढ्रक' (४।१।१२९) से ढ्रक् प्रत्यय गोधा+ढ्रक्, क् की इत्संज्ञा लोप, आदिवृद्धि, 'आयनेयीनीयियः' (७।१।२) सूत्र से ढ का एय आदेश, गोधा + एय् र आलोप । अब 'लोपो व्योर्वलि' से य् लोप नहीं होगा । क्योंकि 'र' वल् में नहीं

रदानुक्'—जीरदानुः । वलीति लोपो न प्राप्नोति ॥

(दूषणनिराकरणभाष्यम्)

नैव दोषः, रेफोऽप्यत्र निर्दिश्यते—"लोपो व्योर्वलि" (६।१।६६) इति रेफे च वलि चेति ॥

(यथान्यासाऽभ्युपगमभाष्यम्)

अथ वा पुनरस्तु परोपदेशः ॥

(आक्षेपस्मारणभाष्यम्)

ननु चोक्तम्* रेफस्य परोपदेशेऽनुनासिकद्विर्वचनपरसवर्णप्रतिषेधः* इति ।

भावबोधिनी

(६।१।६६) से वल् परे रहते व् य् का लोप नहीं प्राप्त होता है । [वह कहना होगा ।]

यह [य् व् लोप न होना] दोष नहीं है, क्योंकि इस सूत्र में रेफ का भी निर्देश है—"लोपो व्योर्वलि ['लोपो व्योर्वलि' ऐसा पदच्छेद और 'रोरि' से र् का लोप होने से] रेफ और वल् परे य् व् लोप होता है । [इसलिये रेफ परे रहते भी व् य् का लोप संभव है । अतिरिक्त वचन नहीं कहना होगा ।]

[रेफ का पूर्व में उपदेश करने पर आपतित दोषों का निराकरण करने के लिए पाणिनि के सूत्र 'लोपोव्योर्वलि' का स्वरूप ही बदलना पड़ता है । यह तो अति गौरव की बात है । अतः अब सिद्धान्त प्रस्तुत किया जाता है—]

सिद्धान्तः—रेफ का परोपदेश ही संगत है

अथवा तो फिर बाद में ही रेफोपदेश रहे ।

क्यों, यह कहा जा चुका है—"रेफ का यदि परोपदेश किया जाता है तो अनुनासिक, द्विर्वचन और परसवर्ण का प्रतिषेध करना पड़ेगा ।"

आता है । इसी प्रकार पच् + विधिलिङ् = झ, शप् = अ, सीयुट् = ईय्—पच् अ + ईय् झ, 'झस्य रन्' सूत्र से झ का रन्,अ + ई का गुण—पचेय्रन्, इसी प्रकार यज् से यजेय्रन् इनमें भी य् लोप नहीं हो सकेगा क्योंकि वल् में रेफ न होने से सूत्र नहीं लग सकेगा । अतः य् के लोप का विधान अलग से करना पड़ेगा । जीव धातु से 'जीवे रदानुक्' (उणादि सूत्र) से रदानुक् प्रत्यय करने पर 'जीव्रदानु' यहां व् लोप नहीं प्राप्त होगा । इसके लिए भी अलग से वचन कहना पड़ेगा । अतः 'हयवट्' अर्थात् रेफ के पूर्वोपदेश में ये दोष आपतित होते हैं ।

(समाधानभाष्यम्)

अनुनासिकपरसवर्णयोस्तावत्प्रतिषेधो न वक्तव्यः, रेफोष्मणां सवर्णा न सन्ति ॥

प्रदीपः

रेफोष्मणामिति । अनुनासिकपरसवर्णविधाने हि स्थानेन्तरतमपरिभाषोपस्थानाद्दोषाभावः । नहि रेफस्य णकारोऽन्तरतमो, नाप्यनुस्वारस्य रेफः ॥

उद्द्योतः

भाष्ये रेफोष्मणामिति । विजातीया इति शेषः । तेन सजातीयेषु सत्स्वपि न दोषः ॥ ननु मा भूद्रेफस्य विजातीयः सवर्णस्तथाप्यनुनासिकविधौ सवर्णग्रहणाभावादनुनासिकः स्यादेवेत्यत आह—अनुनासिकपरेति ॥ नहि रेफस्येति ॥ न च रेफस्य णकारः स्थानेन्तरतमो भवत्येवेति वाच्यम् । स्थानेऽन्तरतम इति सप्तम्यन्तपाठे स्थानप्रयत्नोभयान्तरतमस्पर्शे चिन्मात्रमित्यादौ चरितार्थोऽनुनासिकविधिः प्रयत्नासदृशे रेफे न प्रवर्तते इति भावात् ॥ नापीति । यद्यप्यन्तरतमानन्तरतमयोः प्राप्तावन्तरतम एवेति स्थानेन्तरतम इत्यनेन नियमः,कुण्डं रथेनेत्यादौ चानन्तरतमस्यैव प्राप्तिरितीदमयुक्तम् । तथापि सम्भवदनुस्वारान्तरतमकेऽङ्कित इत्यादौ चरितार्थः परसवर्णविधौ रेफे न प्रवर्तते इति भावः । इदं जातिपक्षे इति केचित् ॥ वस्तुतो व्यक्तिपक्षेऽपि तादृशव्यक्तौ चरितार्थोऽस्यां व्यक्तौ न प्रवर्तते इति वक्तुं शक्यम् । तद्वक्ष्यतीकोयणचीत्यत्र कैयटः—"द्रव्येऽपि पदार्थे उत्सर्गापवादभावः सन्दिग्धत्वाश्रयोरस्त्येव" इति ॥ केचित्तु स्थानेन्तरतम इति सप्तम्यन्तपाठप्रत्याख्यानपरभाष्यविरोधेनास्या युक्तेरसम्भवदुक्तिकत्वम् । किं चैवं सति ऊष्मग्रहणं भाष्ये व्यर्थं स्यात् । तस्मादनुनासिकविधौ सवर्णपदापकर्षपरं भाष्यम्, रेफोष्मणामिति । अस्य चानुनासिकोऽनुस्वारान्तरतमश्च सवर्णो नास्तीत्यर्थः । अत एव महिष्मानित्यादौ सूत्ररीत्या स्थानप्रयत्नोभयान्तरतमञकारसम्भवेऽपि नानुनासिकः, नाज्झलाविति निषेधेन सवर्णत्वाभावादिति भाष्याशय इत्याहुः ॥

भावबोधिनी

अनुनासिक और परसवर्ण का तो प्रतिषेध नहीं करना पड़ेगा । क्योंकि रेफ और ऊष्म = शषसह के सवर्ण होते ही नहीं हैं । [अतः ये दोनों दोष प्रसक्त ही नहीं है, तब प्रतिषेध की क्या आवश्यकता ।[1]]

---

१. 'हयवरट्' इस न्यास में यर् में रेफ भी है अतः 'स्वर्नयति' आदि में रेफ का अनुनासिक प्राप्त होता है 'यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा' (८।४।४५) । परन्तु इस सूत्र में 'परसवर्ण' घटक सवर्ण की अनुवृत्ति होने से 'स्थानेऽन्तरतमः' की प्रवृत्ति होती है । अतः स्थान और प्रयत्न दोनों का सादृश्य लेकर ही रेफ का

(भाष्यम्)

द्विर्वचनेऽपि । नेमौ रहौ कार्यिणौ द्विर्वचनस्य ॥

किं तर्हि ॥

प्रदीपः

नेमौ रहाविति । हकारवद्रेफोऽपि न कार्यीत्यर्थः । तत्रैकवाक्यतायां सामान्यविशेषविध्योर्लोकव्यवहारादेव शब्दार्थसम्बन्ध-परिज्ञानात् सामान्यविधेर्विशेषविधिर्बाधकः । प्रत्यक्षश्च विशेषविधिः, सामान्यविधिस्त्वनुमेय इति रेफस्य कार्यित्वं निमित्तत्वेन बाध्यते । दध्युदकादौ तु स्थानित्वेन निमित्तत्वमिकस्तस्मादित्युत्तरस्येत्यादेर्ज्ञापकान्न बाध्यते । लक्ष्यस्थित्यपेक्षणाद्वा बाध्यबाधकभावो न ॥ क्वचिदपेक्षा नास्ति । यथा—चिचीषतीति दीर्घत्वद्विर्वचनयोः ॥

उद्द्योतः

नन्वयत्वादप्रसक्तद्वित्वस्य हस्य ग्रहणमयुक्तमत आह—हकारवदिति । ननु एककर्तृकयोर्भोजनपरिवेषणयोर्युगपदसम्भवादस्तु तत्र बाधः, प्रकृते तु लक्ष्यभेदेन भिन्नवाक्यावगतनिमित्तकार्यिभावः किं न स्यात् । यथाऽवगतकार्यत्वस्यापि इको निमित्तत्वं दध्युदकादावत आह—तत्रेति । लक्ष्यभेदेन कार्यित्वनिमित्तत्वसम्भवेऽऽपीत्यर्थः ॥ सामान्यविशेषविध्योरेकवाक्यतायामित्यन्वयः । शब्दोः=वाक्यात्मा । अर्थः = तदर्थः । सम्बन्धः प्रतिपाद्यप्रतिपादकभावः ।तेषां परिज्ञानं तद्यथा लोकव्यवहारादेव, तथा तयोर्बाध्यबाधकभावः—सम्भवेऽपि भवतीत्येतदपि लोकव्यवहारादेव ब्राह्मणेभ्यो

भावबोधिनी

द्विर्वचन में भी [प्रतिषेध की आवश्यकता नहीं है क्योंकि] ये र् और ह् द्रिर्वचन के कार्यी नहीं हैं, इनका द्वित्व नहीं किया जाता है ।[1]

तो क्या है ?

का अच् में ग्रहण नहीं होता है क्योंकि] पाणिन्यादि आचार्यों ने इन [अनुबन्धों] के परे रहने पर इन्हें अच् मानकर कोई कार्य नहीं किया है । ["तृषिमृषिकृषेः' (१।२।२५) में 'क्' को अच् मानकर 'इ' का यण् नहीं किया है । इसी प्रकार 'मुखनासिकावचनः' (१।१।८) में भी क् को अच् मानकर 'सि' के इ का यण् नहीं किया है । यही सिद्ध करता है कि अनुबन्ध अचों में नहीं माने जाते ।]

(वा०) अप्रधान होने से [भी अनुबन्धों का ग्रहण नहीं होता है] ।

(भा०) और अप्रधान होने के कारण भी [अनुबन्धों का अचों के ग्रहण से ग्रहण नहीं होता है] । अनुबन्धों का अचों में प्रधानतया उपदेश नहीं किया गया गया है ।

तो कहाँ [प्रधानतया किया गया है] ?

हल् में ।

ऐसा कैसे [कहते हो] ?

आचार्य की ऐसी शैली (प्रतिपादन की पद्धति)दिखाई देती है—तुल्यजातिवालों में ही तुल्यजातिवालों को उपदिष्ट किया है,उच्चारित किया है । अचों=स्वरों को अचों=

(८० सिद्धान्तसमाधानवार्तिकखण्डम् ॥ २१ ॥)

॥ * ॥ 'लोपश्च बलवत्तरः' ॥ * ॥

(भाष्यम्)

लोपः खल्वपि तावद्भवति ॥

(८१ सिद्धान्तसमाधानरीत्यन्तरवार्तिकम् ॥ २१ ॥)

॥ * ॥ ऊकालोऽजिति वा योगस्तत्कालानां यथा भवेत् ।
अचां ग्रहणमच्कार्यं तेनैषां न भविष्यति ॥ * ॥

प्रदीपः

लोपश्चेति । परत्वान्नित्यत्वाद्वा आदिरन्त्येनेत्यनेनाच्संज्ञाविधानकालेनुबन्धानां लोपादसन्निधानादच्संज्ञा न प्रवर्तते । अनुबन्धा ह्युच्चारण एव सन्ति इत्संज्ञाप्रतिबद्धं च कार्यमसन्त एव प्रतिपादयन्ति, स्वतस्तु न किञ्चित्कार्यं प्रतिपद्यन्ते ॥

उद्द्योतः

परत्वादित्याद्यन्तरङ्गत्वोपलक्षणम् । एवं च पूर्वमनुबन्धलोपादादिरन्त्येनेति संज्ञाविधानकालेऽसंनिधानादित्यन्वयः । एवं चानुबन्धसदृशभिन्नानामेव मध्यगसदृशानां ग्राह्यतां बोधयतीति भावः ॥ भाष्ये लोपः खल्वपि तावदिति । सर्वतः प्रथममित्यर्थः ॥ यत्तु एवमपि लणित्यकारस्य हल्षु ग्रहणापत्तेराचारादित्येव समाधिरत्र युक्त इति ॥ तन्न । अतो लरान्तस्येति सूत्रे लकारोच्चारणेन लण्सूत्रस्थस्यानुनासिकत्वाभावज्ञापनात् । एवं च तस्यानुबन्धत्वमेव न, किंतूच्चारणार्थत्वमेव । अत एव भाष्येऽइउणित्यादिसूत्रचतुष्टयोपादानेनैवैतद्विचारप्रवृत्तिः कृता । श्लोके चाज्ग्रहणेष्वित्येवोक्तम् । उरण्रपरसूत्रे च लपरत्वस्योपसंख्यानमेव कार्यमिति तुल्यास्यसूत्रे वक्ष्यते ॥

भावबोधिनी

स्वरों में और हलों = व्यंजनों को हलों में । [सहोपदेश के कारण भी यह माना जाता है कि मध्य में आये विजातीय वर्णों को उनके ग्रहण में नहीं लिया जाता है ।]

(वा०) और लोप बलवत्तर है ।

(भा०) और [इन अनुबन्धों का] लोप बलवत्तर है । [अतः यह अवश्य होता है । तब इनका अस्तित्व न होने के कारण इनके ग्रहण का प्रसङ्ग ही नहीं है ।]

(वा०) अथवा—'ऊकालोऽच्' यह योगविभाग किया जाता है जिससे तत्काल= उ, ऊ उ३ के समान काल वाले वर्णों की अच् संज्ञा हो सके, इसी से अचों का ग्रहण होता है, इस कारण इन ण् क् आदि का अच् सम्बन्धी कार्य नहीं होता है ।

(भाष्यम्)

अथवा योगविभागः करिष्यते—"ऊकालोऽच्" उ ऊ उ ३ इत्येवं-कालोऽज्भवति । ततो "ह्रस्वदीर्घप्लुतः" ह्रस्वदीर्घप्लुतसंज्ञश्च भवति-ऊकालोच्॥

(आक्षेपभाष्यम्)

एवमपि कुक्कुट इत्यत्रापि प्राप्नोति ॥

(समाधानभाष्यम्)

तस्मात्पूर्वोक्त एव परिहारः ॥

प्रदीपः

ऊकालोजिति । सिद्धेऽच्त्वे योगविभागेन कालविशेषावच्छिन्नस्याच्त्वं नियम्यते, ततोऽनुबन्धानामूकालत्वाभावादच्त्वाभावः ॥

एवमपीति । ककाराकृतेरुपदेशान्मात्रिकस्याच्त्वं मन्यते ॥

उद्द्योतः

भाष्ये तत्कालानामचां ग्रहणमच्पदेन यथा स्यादिति योगविभागः कार्य-इत्यन्वयः ॥ सिद्धेऽच्त्व इति । अकारादीनामुपदेशात्सवर्णग्रहणाच्चेति भावः ॥

ननु ककारद्वयस्य मात्रिकवर्णत्वं कथम्, एकस्यैव ऋलृगित्यत्रोपदेशादत आह—ककाराकृतेरिति ॥

भावबोधिनी

(भा०) अथवा योगविभाग किया जायगा—"ऊकालोऽच्" [यही एक सूत्र बनाया जायगा । इसका यह अर्थ होगा—उ ऊ ऊ३ इस प्रकार से एक मात्रा, दो मात्राओं और तीन मात्राओं के काल के समान काल वाले अच् होते हैं । इसके बाद दूसरा सूत्र यह होगा—"ह्रस्व-दीर्घ-प्लुत ।' इसका अर्थ होगा—ऊकाल अच् की ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत संज्ञा होता है । [अर्थात् एकमात्रिक अच् ह्रस्व, द्विमात्रिक अच् दीर्घ और त्रिमात्रिक अच् प्लुत माना जाता है । [चूंकि अनुबन्धों में जो ण् क् आदि हैं उनकी अर्धमात्रा है । अतः वे अच् हैं ही नहीं । तब उनका ग्रहण कैसे होगा ?]

[यदि मात्राकाल के आधार पर अच् होंगे तब तो दो व्यञ्जनों की आधी-आधी मात्रा मिला देने पर संयुक्त व्यञ्जन की एकमात्रा होने से वह अच् कहा जाना चाहिए—यही लिख रहे हैं—]

यदि ऐसा है तो भी 'कुक्कुटः' 'यहाँ भी क्क् में अच्त्व प्राप्त होता है ।

इस [दोष] के कारण ['एओङ्' इस सूत्रोक्त] पूर्वोक्त ही परिहार है । ['न च मात्रिकं व्यञ्जनमस्ति' आदि परिहार पहले 'एओङ्' सूत्रभाष्य में लिखा जा चुका है । अतः उसी के आधार पर यहाँ क्क् भी मात्रिक नहीं माना जा सकता । अतः अच् नहीं हो सकता ।]

(भाष्यम्)

एष एवार्थः ॥ अपर आह—

॥*॥ ह्रस्वादीनां वचनात् प्राग्यावत्तावदेव योगोऽस्तु ।
अच्कार्याणि यथा स्युस्तत्कालेष्वक्षु कार्याणि ॥ * ॥

[इति प्रत्याहारेष्वितां ग्रहणाभावाधिकरणम् ॥]

प्रदीपः

अत्र च यद्यप्ययं परिहारोऽस्ति, द्वावेतौ ककारौ, न च वर्णद्वयेनैका जातिर्व्यज्यते इति । तथापि पूर्वमेव 'मात्राकालोऽवगम्यते । न च मात्रिकं व्यञ्जनमस्ती'त्युक्तत्वात्पुनरिह नोक्तः ॥

उद्द्योतः

न च वर्णद्वयेनेति । जातिरपि स्वपर्याप्त्यधिकरणव्यङ्ग्यैव तद्द्वारैव च कार्यभागिति भावः ॥

भाष्ये एष एवार्थ इति । अपर आहेत्यादिना वार्तिककृतोक्त इत्यर्थः ॥ ह्रस्वादीनामिति । ह्रस्वदीर्घप्लुत इत्यतः प्राग्यावद् ऊकालोऽजिति तावदेवास्तु पृथक् सूत्रम् । फलं दर्शयति—अच्कार्याणीति । अज्निमित्तिकार्याणि तत्कालेष्वक्षु कर्तुमर्हाणि यथा स्युरित्यन्वयः ॥

(इति प्रत्याहारेष्विद्ग्रहणाभावाधिकरणम् ।)

भावबोधिनी

[वार्तिककार द्वारा कहा गया] यह अर्थ है । इसी को दूसरे आचार्य कह रहे हैं—['ऊकालोऽज् ह्रस्वदीर्घप्लुतः' इस सूत्र में] ह्रस्व आदि के कहने से पहले जितना अंश है उतना ही एक सूत्र रहे अर्थात् 'ऊकालोऽच्' इतना एक सूत्र रहे, जिसके फलस्वरूप तत्काल=ऊकाल के सदृश कालवाले अचों में तत्कार्य=अच्सम्बन्धी, अज्निमित्तक कार्य हो सकें। [भाव यह है कि उ=एकमात्रिक, ऊ=द्विमात्रिक, ऊ३ त्रिमात्रिक काल के समान जिस-जिस के काल होते हैं वहीं-वहीं अच् माना जाता है, उससे भिन्न को अच् नहीं माना जाता है। इसलिये 'कुक्कुटः' में क्क् की एक मात्रा मानकर अच् कहना सम्भव नहीं है। अतः अचों में इन अनुबन्धों का ग्रहण नहीं होता है।]

(अन्तःस्थानामणूपदेशप्रयोजनाधिकरणम् ॥)

(आक्षेपभाष्यम्)

अथ किमर्थमन्तःस्थानामणूपदेशः क्रियते ?

(समाधानभाष्यम्)

इह सय्ँ य्ँयन्ता सव्ँ व्ँवत्सरः यल्ँ ल्ँलोकं तल्ँ ल्ँलोकमिति परसवर्णस्यासिद्धत्वादनुस्वारस्यैव द्विर्वचनम्। तत्र परस्य परसवर्णे कृते तस्य यय्ग्रहणेन ग्रहणाद् पूर्वस्यापि परसवर्णो यथा स्यात् ॥

प्रदीपः

अथ किमर्थमिति। अजुदित्सवर्णस्येति कस्मान्न कृतमिति प्रश्नः॥ इण् ग्रहणेन ग्रहणार्थस्त्वन्तःस्थानामत्रावश्यकर्तव्य उपदेशो—गीर्ष्वित्यादौ मूर्धन्यो यथा स्यादिति ॥

उद्द्योतः

अणः सूत्रपदेशः = अणूपदेशः = अण्शब्दोच्चारणम्। तदन्तःस्थानां बोधकम् अणुदिदित्यत्र किमर्थं क्रियत इत्यर्थो भाष्यस्येत्याह—अजुदिदिति ॥ अण्सु अण्मध्ये। तेनात्र स्थाने किमर्थं उपदेश इति तु नार्थं इत्याह—इण्ग्रहणेनेति ॥

एह सय्ँ य्ँयन्तेत्यादिभाष्यं गुणा भेदका इति पक्षे। अभेदकत्वपक्षे चेदमेत्राण्-

भावबोधिनी

य्व्र्ल्=अन्तःस्थों के अण् में उपदेश का प्रयोजन

प्रश्न यह है कि अन्तस्थः=य्व्र्ल् इनका अणों में उपदेश किसलिये किया गया है ? ['अणुदित्सवर्णस्य' के स्थान पर 'अजुदित् सवर्णस्य' ऐसा सूत्र क्यों नहीं बनाया गया ?]

यहाँ—सयन्ता सवत्सरः, यंलोकम्, तंलोकम्—इस अवस्था में ['वा पदान्तस्य' ८।४।५९ से अनुस्वार का परसवर्ण और अनचि च' ८।४।४७ से द्वित्व—ये दोनों कार्य प्राप्त होते हैं परन्तु 'पूर्वत्रासिद्धम्' के अनुसार पर होने से] परसवर्ण असिद्ध हो जाता है और अनुस्वार का ही द्वित्व होता है—संयन्ता आदि। अब बाद वाले अनुस्वार का परसवर्ण 'य्ँ' करने पर संय्ँयन्ता आदि में इस य्ँ का भी यय् के ग्रहण से ग्रहण हो जाने के कारण पूर्ववर्ती अनुस्वार—सं य्ँ यन्ता—का भी परसवर्ण जिस प्रकार से हो सके इसके लिये अण् में अन्तःस्थ गृहीत हैं। ['अणुदित्' के द्वारा तभी सवर्ण का ग्रहण होगा जब य्व्र्ल् अण् में उपदिष्ट किये जांय। अतः अण् में यण् का भी उपदेश होने से सवर्णग्राहकता के आधार पर सानुनासिक भी यय् ही माने जाते हैं, इनके परे रहते पूर्व अनुस्वार का भी परसवर्ण हो जाता है। यह सभी उदाहरणों के लिये अपेक्षित है। तभी सव में द्वित्व के बाद अनुनासिक परे रहते प्रथम अनुस्वार का भी परसवर्ण सम्भव होता है।]

(समाधानबाधकभाष्यम्)

नैतदस्ति प्रयोजनम्। वक्ष्यत्येतत्—द्विर्वचने परसवर्णत्वं सिद्धं वक्तव्यम्" इति। यावता सिद्धत्वमुच्यते परसवर्ण एव तावद्भवति ॥

(समाधानसाधकभाष्यम्)

परसवर्णे तर्हि कृते तस्य यग्रंहणेन ग्रहणाद्द्विर्वचनं यथा स्यात् ॥

(समाधानबाधकभाष्यम्)

माभूद् द्विर्वचनम्।

(समाधानसाधकभाष्यम्)

ननु च भेदो भवति—सति द्विर्वचने त्रियकारकम्, असति द्विर्वचने द्वियकारकम् ॥

प्रदीपः

ननु च भेद इति। श्रुतिकृतोऽस्त्येव भेदः, सूक्ष्मत्वात्तु दुर्लक्ष्यः ॥

उद्द्योतः

ग्रहणं मानमिति भावः। यथास्थितसूत्रन्यासे इदम्। जातिपक्षेणाण्ग्रहणप्रत्याख्याने तु न कश्चिद्विचारः। एवं गुणा अभेदका इति न्याय्यपक्षेऽपि न विचार इति बोध्यम् ॥

भाष्ये वक्ष्यत्येतदिति। सिद्धत्ववचनं चावश्यकम्। अन्यथा परस्यानुस्वारस्य वा पदान्तस्येति परसवर्णे तस्यासिद्धत्वात्पूर्वस्यानुस्वारस्य ययीत्यस्यानापत्तौ रूपासिद्धयापत्तेः ॥

तर्हि द्विर्वचनसिद्धिरेव फलमित्याह—परसवर्णे तर्हीति।

ननु न भेदोऽनुपलब्धेरत आह—श्रुतिकृत इति ॥

भावबोधिनी

नहीं,यह प्रयोजन नहीं है। आगे यह कहा जायगा'—द्विर्वचन में परसवर्णत्व सिद्ध ही रहता है।' चूंकि परसवर्ण का सिद्धत्व ही कहा गया है [अतः द्वित्व के पहले] परसवर्ण ही होता है।

[अब स यँ यन्ता आदि में 'अनचि च' से द्वित्व करने पर स यँ यँ यन्ता आदि रूप बनते हैं। यही लिख रहे हैं—]

तब तो परसवर्ण कर देने पर उस अनुनासिक 'यँ' का यय् के ग्रहण से ग्रहण होने के कारण उसी सानुनासिक यर् का ही द्वित्व होगा, इसके लिये सवर्णग्राहकता की आवश्यकता नहीं है।—['स यँ यँ यन्ता रूप बन जाता है।]

द्वित्व न हो [क्या हानि है द्वित्व के बिना ही प्रयोग होने में क्या दोष है] ?

क्यों जी, [द्वित्व होने और न होने पर] रूप में भेद हो जाता है—द्वित्व करने पर तीन यकारों वाला और द्वित्व न करने पर दो यकारों वाला रुप होता है। [अतः कुछ भेद तो है ही।]

(समाधानबाधकभाष्यम्)

नास्ति भेदः, सत्यपि द्विर्वचने द्वियकारकमेव ॥

कथम् ?

"हलो यमां यमि लोपः" (८।४।६४) इत्येवमेकस्य लोपेन भवितव्यम् ॥

(समाधानसाधकभाष्यम्)

एवमपि भेदः । सति द्विर्वचने कदाचिद्द्वियकारकम्, कदाचित् त्रियकारकम् । असति द्वियकारकमेव ॥

स एष कथं भेदो न स्यात् ?

यदि नित्यो लोपः स्याद् । विभाषा च स लोपः ॥

(समाधानबाधकैकदेशिभाष्यम्)

यथाऽभेदस्तथास्तु ॥

उद्द्योतः

(भाष्ये) यदि नित्यो लोपः स्यादिति । तदा भेदो न स्यादित्यर्थः ॥ विभाषा चेति । चस्त्वर्थे ॥

एकदेश्याह—यथाऽभेद इति । यथा द्विर्वचनप्रवृत्त्यप्रवृत्त्योर्भेदो न भवति तथैवास्तु । मानुवृतद् विभाषाग्रहणमिति भावः ॥

भावबोधिनी

नहीं, कोई भेद नहीं है, द्वित्व होने पर भी दो यकारों वाला ही रूप रहता है ।

कैसे ?

'हलो यमां यमि' (८।४।६४) सूत्र से एक यकार का लोप हो जायगा । [अतः दो यकारों वाला ही रूप रह जायगा, कोई भेद नहीं होगा ।]

ऐसा होने पर भी [द्वित्व के बाद यकार का लोप कर देने पर भी] भेद रहता ही है । क्योंकि द्वित्व करने पर कभी दो यकारों वाला और कभी तीन यकारों वाला रूप होगा । [क्योंकि द्वित्व वैकल्पिक है अतः अभावपक्ष में दो यकारों वाला रूप भी होगा ।] द्वित्व न होने पर तो दो यकारों वाला ही रूप होगा ।

तो फिर यह भेद किस प्रकार से नहीं हो सकता ?

यदि वह लोप नित्य हो जाय । परन्तु वह लोप तो वैकल्पिक है । [इसलिये लोपाभाव पक्ष में तीन यकारों वाला और लोपपक्ष में दो यकारों वाला रूप होने से दोनों में कुछ भेद रहता ही है ।]

तब तो जिस प्रकार से रूपों में अभिन्नता हो, कोई अन्तर न हो वैसा ही हो । [अतः लोपविधायक में विकल्प की अनुवृत्ति नहीं करनी चाहिए ।]

(समाधानसाधकसिद्धान्तिवार्तिकम्)

॥ * ॥ अनुवर्तते विभाषा, शरोऽचि यद्वारयत्ययं द्वित्वम् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

यदयं "शरोऽचि" (८।४।४९) इति द्विर्वचनप्रतिषेधं शास्ति, तज्ज्ञापयत्याचार्योऽनुवर्तते विभाषेति ॥

(जिज्ञासाभाष्यम्)

कथं कृत्वा ज्ञापकम् ?

(तस्यैव हेतुसूचकमुत्तरार्धम्)

॥*॥ नित्ये हि तस्य लोपे प्रतिषेधार्थो न कश्चित् स्यात् ॥ १ ॥*॥

(भाष्यम्)

यदि नित्यो लोपः स्यात्, प्रतिषेधवचनमनर्थकं स्यात् । अस्त्वत्र द्विर्वचनम्,

उद्द्योतः

तृतीयो ज्ञापकमुपन्यस्यति—अनुवर्तत इत्यादिना । झरो झरीति लोपे इत्यर्थः ।

भावबोधिनी

(वा०) [लोपविधायक 'हलो यमां यमि लोपः' ८।४।६४ में 'झयो होऽन्यतरस्याम्' ८।४।६२ सूत्र से] विकल्प की अनुवृत्ति होती है जो कि आचार्य पाणिनि 'शरोऽचि' (८।४।४९) सूत्र से द्वित्व का वारण करते हैं ।

(भा०) चूंकि आचार्य पाणिनि ने 'शरोऽचि' इस सूत्र से द्वित्व का प्रतिषेध किया है [रेफ हकार से परे शर् का द्वित्व नहीं होता है अच् परे रहते । इसलिये 'कर्षति' आदि में एक ही 'ष' रहता है ।] यह निषेध ही इस बात का ज्ञापक है कि 'हलो यमां यमि' इस सूत्र में विभाषा की अनुवृत्ति होती है ।

[यदि लोप नित्य होता तो द्वित्व के बाद भी लोप कर देने से रूप में अन्तर नहीं आता, निषेध करने की कोई आवश्यकता नहीं थी । फिर भी पाणिनि ने द्वित्व का जो निषेध किया, वही यह ज्ञापित करता है कि लोप वैकल्पिक हैं । अतः लोपपक्ष में रूपों में अन्तर देखकर द्वित्व का निषेध करना पड़ा । यही सब आगे लिख रहे हैं—]

यह किस प्रकार से ज्ञापक बनता है—

(वा०) उसका लोप नित्य होने पर प्रतिषेध का कोई फल नहीं रह जायगा ।

(भा०) यदि लोप नित्य होता तो [द्वित्व का] प्रतिषेध-वचन अनर्थक हो जाता । क्योंकि [कर्षति] द्वित्व हो जाय, "झरो झरि सवर्णे (८।४।६५) सूत्र से [द्वित्वविषयीभूत शर् का] लोप हो जायगा । [अतः द्वित्व करने न करने पर रूप में कोई अन्तर नहीं आता है] परन्तु आचार्य पाणिनि यह देखते हैं कि "झरो झरि

"झरो झरि सवर्णे" इति लोपो भविष्यति। पश्यति त्वाचार्यः—विभाषा सलोप इति ततो द्विर्वचनप्रतिषेधं शास्ति॥

(समाधानवाचकभाष्यम्)

नैतदस्ति ज्ञापकम्। नित्येऽपि तस्य लोपे स प्रतिषेधोऽवश्यं वक्तव्यः। यदेतद् "अचो रहाभ्याम्" इति द्विर्वचनम्, लोपापवादः स विज्ञायते॥

कथम्?

यर इत्युच्यते। एतावन्तश्च यरः। यदुत झरो वा यमो वा। यदि चात्र लोपः स्याद्द्विर्वचनमनर्थकं स्यात्॥

किं तर्हि तयोर्योगयोरुदाहरणम्?

उद्द्योतः

अभ्यस्ततया हलो यमामित्यस्यापि वैकल्पिकत्वं सिद्धमिति भावः।

लोपापवाद इति। यद्यपि हर्य्यनुभव इत्यादौ तदुदाहरणे लोपेऽप्राप्तेऽपि द्विर्वचनमारभ्यते तथापि कृते द्वित्वे पश्चाल्लोपेऽपि द्विर्वचनं व्यर्थमित्याशयेनापवादत्वोक्तिरिति भावः॥ तयोर्योगयोः। लोपविधायकयोः॥ प्रत्तमित्यादौ दाधातोः क्ते आतस्तकारोऽच उपसर्गादित्यनेन। आदित्ये आदित्याद्भवाद्यर्थण्यान्ताण्ण्यः॥

भावबोधिनी

सवर्णे" सूत्र से होने वाला लोप वैकल्पिक है इसलिए द्विर्वचन का प्रतिषेध करते हैं। [अन्यथा द्वित्व होने और लोप न होने पर रूप दूसरा होगा और द्वित्व होने तथा लोप भी होने पर दूसरा। रूपभेद न हो—इसीलिए द्वित्व का निषेध किया गया।]

यह [द्वित्वनिषेध] ज्ञापक नहीं है। क्योंकि उसका लोप नित्य होने पर भी वह प्रतिषेध तो अवश्य कहना होगा। कारण यह है "अचो रहाभ्याम्" (८।४।४६) यह द्वित्वविधायक शास्त्र जो है वह लोपविधायक शास्त्र का अपवाद है—ऐसा समझा जायगा। [अन्यथा यदि सर्वत्र लोप ही होता रहेगा तो द्वित्व करने का कोई फल नहीं होगा। अतः व्यर्थ होकर द्वित्व लोप का अपवाद बन जाता है।]

कैसे [ज्ञापक बनता है] ?

["अचो रहाभ्याम्" से द्वित्व] यर् का कहा जाता है। और जो भी ये यर् प्रत्याहार के वर्ण हैं, वे या तो झर् में आते हैं या यम् में। [अतः कहीं 'झरो झरि सवर्णे' और कहीं 'हलो यमां यमि' से] लोप नित्य ही होता रहेगा तब द्वित्वविधान व्यर्थ होने लगेगा। [अतः जब हर स्थिति में लोप होना अनिवार्य है तब द्वित्व करने का लाभ ही क्या है। अतः द्वित्वविधान व्यर्थ होकर लोप का अपवाद बन जाता है, यह बात ज्ञापित होती है।]

[यदि द्वित्व अपवाद है] तो दोनों 'झरो झरि सवर्णे' (८।४।६४) और 'हलो यमां यमि' (८।४।६५) सूत्रों के कौन से उदाहरण होंगे ?

यदकृते द्विर्वचने त्रिव्यञ्जनः संयोगः—प्रत्तम्, अवत्तम्, आदित्यः ॥

इहेदानीं कर्त्ता हर्त्तेति द्विर्वचनसामर्थ्याल्लोपो न भवति । एवमिहापि लोपो न स्यात् कर्षति वर्षतीति । तस्मान्नित्येऽपि लोपेऽवश्यं स प्रतिषेधो वक्तव्यः ॥

(उपसंहारभाष्यम्)

तदेतदत्यन्तं संदिग्धं वर्त्तते आचार्याणां—विभाषानुवर्त्तते नवेति ॥५॥

प्रदीपः

तदेतदिति । ज्ञापकत्वमस्य विघटयति ॥ आचार्योपदेशपारम्पर्यात्तु ज्ञायते—अनुवर्त्तते विभाषेति । तस्मात्त्रिव्यञ्जनसंयोगश्रवणायाणणुदिदिति णकारेण प्रत्याहारः कृतो न चकारेणेति स्थितम् ॥ ५ ॥

उद्द्योतः

तद्व्याचष्टे—ज्ञापकत्वमस्य विघटयतीति । सर्वथाऽसम्भवीत्युपसंहरतीत्यर्थः ॥ ज्ञापकेन तदनुवृत्ति साधयतस्तत्खण्डनेऽनुवृत्तिः सन्दिग्धैवेति भावः ॥ लण्सूत्रे विभाषा सलोप इत्युक्तेराह—आचार्येति । अण्ग्रहणाज् ज्ञापकादित्यपि कश्चित् । तत्तु वार्त्तिककृताण्ग्रहणप्रत्याख्यानान्नोक्तम् ॥ ५ ॥ (इत्यन्तःस्थोपदेशाधिकरणम् ।)

भावबोधिनी

जिनमें द्वित्व किये बिना ही (पहले ही) तीन व्यञ्जनों का संयोग रहता है—प्रत्तम्, अवत्तम्, आदित्यः । [ये लोपविधायक सूत्रों के उदाहरण हैं । क्योंकि प्र दा + क्त=त में 'अच उपसर्गात्तः' सूत्र से 'दा' का दत् करने पर प्र द् त् त में एक झर्=त् का लोप होता है । आदित्य से ण्य=य करने पर आदित्य+य में भसंज्ञा अलोप के बाद 'आदित्य्‌य में यम्=य् का लोप होता है । ऐसे स्थल लोप शास्त्रों के उदाहरण होंगे ।]

यहाँ अब कर्त्ता, हर्त्ता आदि में "अचो रहाभ्याम्' से विहित द्वित्व व्यर्थ न हो इस लिए लोप नहीं होता है । ठीक इसी प्रकार 'कर्षति' वर्षति' आदि में भी [द्वित्व सामर्थ्य से] लोप नहीं होगा । अतः लोप के नित्य होने पर भी वह द्वित्व का प्रतिषेध ['शरोऽचि' सूत्र] कहना ही होगा । [क्योंकि उपर्युक्त रीति से द्वित्व लोप का अपवाद होने से प्राप्त ही होगा । अतः उसका प्रतिषेध करना आवश्यक होने से 'शरोऽचि' सूत्र चरितार्थ है, व्यर्थ नहीं है, ज्ञापक नहीं माना जा सकता]

इस स्थिति में यह अत्यन्त सन्दिग्ध ही है कि आचार्यों के मत में 'लोपविधायक शास्त्र में ('झरो झरि सवर्णे' और 'हलो यमां यमि' सूत्रों में 'झयो होऽन्यतरस्याम्' सूत्र से] अन्यतरस्याम्=विकल्प की अनुवृत्ति होती है अथवा नहीं ।'

[समस्त विवेचन का निष्कर्ष यही है कि तीन व्यञ्जनों का श्रवण हो सके—इसी के लिये 'अणुदित्' सूत्र में अण् प्रत्याहार लिया गया, अच् नहीं । इसीलिये अण में यण्=य्व्र्ल् का उपदेश किया गया ॥ ५ ॥

(शिवसूत्रम्)

लण् ॥ ६ ॥

(व्याख्यानत इति परिभाषाधिकरणम्, आक्षेपभाष्यम्)

अयं णकारो द्विरनुबध्यते पूर्वश्चैव परश्च। तत्राण्ग्रहणेष्विण्ग्रहणेषु च संदेहो भवति—पूर्वेण वा स्युः, परेण वेति ॥

(प्रत्याक्षेपभाष्यम्)

कतमस्मिंस्तावदण्ग्रहणे संदेहः ?

(प्रत्याक्षेपसमाधानभाष्यम्)

"ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽणः" (६।३।१११) इति ॥

(८२ सिद्धान्तिसमाधानवार्तिकम् ॥ १ ॥)

[॥ * ॥ असंदिग्धम् ॥ * ॥]

(भाष्यम्)

असंदिग्धम्—पूर्वेण, न परेण ॥

प्रदीपः

लण् ॥ ६ ॥ सन्देहो भवतीति। किं प्रत्यासत्तिराश्रीयतेऽथ व्याप्तिरिति सन्देहः ॥

उद्द्योतः

लण् ॥ ६ ॥ किमिति । क्व प्रत्यासत्तिः, क्व व्याप्तिरिति सन्देह इत्यर्थः ॥

भाष्ये कतमस्मिन्निति । वक्ष्यमाणरीत्या सर्वत्र निर्णायकसत्त्वात् प्रश्नः ॥ कतस्मिन्निति पाठेपि डतरादिविधौ उपाधिप्रत्याख्यानान्न दोष इति बोध्यम् ॥

भावबोधिनी

लण् ॥ ६ ॥

यह णकार पूर्व सूत्र (अइउण्) और पर सूत्र (लण्)—इन दो में अनुबन्धरूप से जोड़ा गया है। इसलिये जिनमें अण् ग्रहण है और इण् ग्रहण है उनमें सन्देह होता है—पूर्ववर्ती ण् से अथवा परवर्ती 'ण्' से ? [अण्, इण् को अइउण् (१) तक ही माना जाय या 'लण्' (६) तक—यह सन्देह होना स्वाभाविक है।]

अण् प्रत्याहार कहाँ पूर्व ण् से और कहाँ पर ण् से

किस अण् ग्रहणवाले सूत्र में सन्देह होता है [कि पूर्व ण् से लिया जाय या पर ण् से] ?

'ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽणः' (६।३।१११) इस सूत्र में ?

(वा०) असन्दिग्ध है।

(हेत्वाक्षेपभाष्यम्)

कुत एतत् ?

(८३ सिद्धान्त्येकदेशिहेतुवार्तिकम् ॥ २ ॥)

॥ * ॥ पराभावात् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

नहि ढ्रलोपे परेऽणः सन्ति ॥

(हेतुनिरासभाष्यम्)

ननु चायमस्ति—आतृढ आवृढ इति ॥

(सिद्धान्तिसमाधानभाष्यम्)

एवं तर्हि सामर्थ्यात्पूर्वेण, न परेण । यदि हि परेण स्यादण्ग्रहणमनर्थकं स्याद् "ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽचः—"इत्येव ब्रूयात् ॥

उद्द्योतः

नहि ढ्रलोप इति । वर्ढेत्यादौ गुणोऽसिद्ध इति भावः ।

भावबोधिनी

(भा०) असदिग्ध = निःसन्देह यहाँ पूर्व ण् से ही अण् लिया जाता है पर ण् से नहीं ।

ऐसा कैसे [ज्ञात होता है] ?

(वा०) परवर्ती अण् न होने से ।

(भा०) ढ् और र् का लोप होने पर परवर्ती णकार को मानकर होने वाले अण् (प्रत्याहार के वर्ण) हैं ही नहीं । [चूंकि जहाँ भी ढ् र् निमित्तिक ढ् र् का लोप होता है वहाँ 'अइउण्' = अण् के बोध्य ही वर्ण पूर्व में रहते हैं, ऋ लृ आदि नहीं रहते हैं । अतः पूर्व ण् से ही यहाँ अण् समझना चाहिए ।]

क्यों जी, यह तो [परवर्त्ती ण् से अण् वाला उदाहरण] है—आतृढः, आवृढः । [आतृढ्+ढ, आवृढ्+ढ ये तृह्, और वृह्, धातुओं के क्त प्रत्यय के रूप हैं । इनमें "ढो ढे लोपः" से प्रथम ढ् का लोप हो जाने पर आतृ+ढः, आवृ+ढः में ऋ का दीर्घ हो सकता है । इसके लिए 'ढ्रलोपे' सूत्र में परवर्ती ण् से अण् मानना चाहिए ।]

यदि ऐसा है तब तो सामर्थ्यवश पूर्ववर्त्ती ण् से ही अण् लिया जाता है परवर्ती ण् से नहीं । कारण यह है कि यदि परवर्त्ती ण् से अण् लेना इष्ट होता तो 'अण्' ग्रहण व्यर्थ हो जाता 'ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽचः।' [ढ् रेफ के लोप में पूर्ववर्त्ती अच् का दीर्घ होता है], यही कहना चाहिए था । [क्योंकि 'हयवरट्, लण्' में दीर्घ होने वाला कोई

अथ वैतदपि न ब्रूयाद् । अचो ह्येतद्भवति—ह्रस्वो दीर्घः प्लुत इति ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

अस्मिंस्तर्ह्यण्ग्रहणे संदेहः—"केऽणः" (७।४।१३) इति ॥

(समाधानभाष्यम्)

असंदिग्धं पूर्वेण, न परेण ॥

कुत एतत् ?

पराभावात् ॥

नहि के परेऽणः सन्तिः ॥

(हेतुनिरासभाष्यम्)

ननु चायमस्ति—गोका, नौकेति ॥

प्रदीपः

नहि के पर इति । नन्वल्पोपानदुपानत्केति ह्रस्वे कर्तव्ये 'नहो: धः' इत्यस्यासिद्ध-

उद्द्योतः

दीर्घोऽच इत्येवेति । मात्रालाघवाभावेपि संग्राह्यलाघवायासन्देहाय चेति भावः ॥
[भाष्ये अचो हीति । अचश्चेति परिभाषणादिति भावः ॥]

भावबोधिनी

वर्ण है ही नहीं । अतः 'अचः' ही कहना उचित था ।]

अथवा 'ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽचः ऐसा कहने की आवश्यकता नहीं है, अर्थात् 'अचः' इसे भी कहना आवश्यक नहीं है, केवल 'ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घः' इतना ही सूत्र बनाना चाहिए था। कारण यह है कि ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत ये तो अच् के ही होते हैं। [अन्य किसी के होते ही नहीं हैं। अतः कोई व्यावर्त्य न होने के कारण 'अचः' कहने की भी आवश्यकता नहीं है। इसलिए स्पष्ट है कि 'अण्' ग्रहण के कारण पूर्ववर्ती ण् से ही लेना है और 'अ, इ, उ का ही दीर्घ करना इष्ट है।]

तब 'केऽणः' (७।४।१३) इस सूत्र में [अण् के ण् में] सन्देह है। [यहाँ पूर्व ण् से लिया जाय या पर ण् से ?]

असन्दिग्ध (निःसन्देह) पूर्व ण् से ही है परवर्त्ती ण् से नहीं।

ऐसा कैसे है ?

चूंकि 'क' परे रहते इससे पूर्व में परवर्त्ती ण् से गृहीत अण् के बोध्य कोई वर्ण रहते ही नहीं हैं। [अतः अभाव के कारण पर अण् का ग्रहण नहीं होता है।]

क्यों जी, गोका, नौका—यह तो पर अण् है। [गो और नौ शब्दों से स्वार्थिक 'क' प्रत्यय कर देने पर 'ओ' 'औ' पूर्व में हैं और यह पर अण् से बोध्य हैं। अतः इनका ह्रस्व करने के लिए परवर्त्ती ण् से अण् समझना चाहिए।]

(सिद्धान्तिभाष्यम्)

एवं तर्हि सामर्थ्यात्पूर्वेण, न परेण। यदि हि परेण स्यादण्ग्रहणमनर्थकं स्यात्। "केऽचः" इत्येव ब्रूयात्।

अथवैतदपि न ब्रूयात्। अचो ह्येतद्भवति—ह्रस्वो दीर्घः प्लुत इति॥

(आक्षेपभाष्यम्)

अस्मिंस्तर्ह्यण्ग्रहणे सन्देहः—"अणोऽप्रगृह्यस्यानुनासिकः" (८।४।५७) इति॥

(समाधानभाष्यम्)

असंदिग्धं पूर्वेण, न परेण॥

कुत एतत्?

प्रदीपः

त्वादस्ति के परतो हकारः, तथा गीष्केत्यादौ रेफः॥ अत्राहुः। न मु न इत्यत्र नेति योगविभागेन धत्वादीनामसिद्धत्वाभावात्तेषु च कृतेषु हकारादीनामभावः॥

उद्द्योतः

तथा गीष्केति। विसर्गस्यासिद्धत्वादिति भावः॥ तेषु च कृतेष्विति। परत्वादिति भावः। योगविभागस्य भाष्यानारूढत्वाद् गीष्केत्यादिभाष्यात्के परे इति भाष्याच्च तेषामनभिधानं वक्तुं युक्तम्॥

भावबोधिनी

यदि ऐसा है तो सामर्थ्यवश पूर्व ण् से ही अण् लिया जाता हैं पर ण् से नहीं। क्योंकि यदि परवर्त्ती ण् से अण् लेना इष्ट होता तो 'अण्ग्रहण' अनर्थक हो जाता। 'केऽचः' यही सूत्र कहना चाहिए था। [क्योंकि हयवरल को दीर्घ न होने से 'अच्' का ही प्राप्त होता और उसी का होता भी है अतः उसी को कहना चाहिए था।]

अथवा अचः' इसे भी कहने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि अचों के ही ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत होते हैं। [अतः 'के' इतना ही सूत्र करना चाहिए था। तब 'केऽणः' यह अण्ग्रहण करना इस बात का द्योतक है कि पूर्ववर्त्ती ण् से ही अण् लेना चाहिए।]

तब फिर 'अणोऽप्रगृह्यस्यानुनासिकः' (८।४।५७) इसके अण् में सन्देह होता है [पूर्व ण् से लिया जाय अथवा पर ण् से 'अण्' माना जाय] ?

असन्दिग्ध (निःसन्देह) पूर्ववर्त्ती ण् से ही अण् है, परवर्त्ती ण् से नहीं।

ऐसा कैसे [ज्ञात होता] है?

पर अण् नहीं होने से। क्योंकि पद के अन्त में कहीं भी परवर्त्ती ण् से अण् होते ही नहीं हैं। [अतः अभाव के कारण बाद वाले अण् को न लेकर पूर्व ण् से बोध्य अण् ही लिये जाते हैं। 'अणोऽप्रगृह्यस्यानुनासिकः' ८।४।५७ अवसान = पद

पराभावात् । न हि पदान्ताः परेऽणः सन्ति ॥

प्रदीपः

नहि पदान्ता इति ॥ ननु च भोभगोइत्यत्राशग्रहणस्य प्रयोजनं वक्ष्यते वृक्षव् करोतीत्यत्र हलि सर्वेषामिति लोपो मा भूद् इति । [तत्र वृक्षं वृश्चतीति क्विपि कृते वृक्षवृश्चमाचष्टे इति णिचि टिलोपे च कृते वृक्षवयतेर्विचि कृते वृक्षव् इति भवति । क्विपि तु क्वौ लुप्तं क्वौ विधिं प्रति च न स्थानिवदिति निषेधात्सम्प्रसारणप्रसङ्गो लोपो व्योर्वलीति वलोपप्रसङ्गश्च । विचि तु स्थानिवद्भावाद्वल्निमित्तो लोपो न भवति । हलि सर्वेषामित्यनेन तु लोपे क्रियमाणे पूर्वत्रासिद्धे न स्थानिवदिति स्थानिवत्त्वनिषेधाद्वलोपः प्राप्तोऽशग्रहणानुवृत्त्या निवर्त्यते ॥] तत्कथमुच्यते—न हि पदान्ता इति ? ॥ उच्यते—अप्रगृह्यस्येति पर्युदासेनाच एवानुनासिकेन भाव्यं न तु हल इत्युक्तं—न हि पदान्ता इति । कार्यभाज इत्यर्थः ॥

उद्द्योतः

नहि पदान्ता इति । पदानामेवानुनासिकोऽवसाने जायत इत्याश्रित्येदमुक्तम् । न तु तत्र पदान्ताधिकारोऽस्ति ॥ लोप इति । अशा हलो विशेषणादिति भावः ॥

[निषेधात्सम्प्रसारणप्रसङ्ग इति । चिन्त्यमिदम् । णौ परतस्तत्प्रकृतिभूतप्राति-पदिकस्य टिलोपविधानेन वृश्चतेः स्थानित्वे मानाभावेन वकारे एकदेशविकृतन्यायेन वृश्चतित्वस्य दुर्लभत्वात् । अर्धाधिकविकारेण प्रत्यभिज्ञाभावाच्च । अत एव राजकीय-मित्यादौ अल्लोपो न । व्रश्च एव टिलोपस्थानित्वे तु प्रकृतिभावापत्तिः । एतेन विचि एकदेशविकृतन्यायेन वृश्चतित्वात्षत्वापत्तिः । न च णिलोपस्य स्थानिवत्त्वान्न षत्वम् । पूर्वत्रासिद्धीये तन्निषेधादिति परास्तम् ॥ न च व्रश्चेति सूत्रे पदाधिकारेण व्रश्चान्त-त्वमेकदेशविकृतन्यायेन सुलभमिति वाच्यम् । स्कोरिति सूत्रादन्ते ग्रहणमनुवर्त्य वैयधि-करण्येनैवान्वयाश्रयणेनादोषात् । अत एवान्तेग्रहणं चरितार्थम् । अर्धाधिकविकाराच्च । एवं च वृक्षभृज्जो णिजन्तात्क्विपि वृक्षम् इत्यादौ षत्वं नेत्याहुः । वलोपप्रसङ्ग-श्चेति । इदमुपलक्षणं क्वौ विधौ स्थानिवत्त्वनिषेधादूठ्प्रसङ्गश्चेत्यपि बोध्यम् ॥] पर्युदासेनेति । क्रियमाणेऽप्यण्ग्रहणे इत्यर्थः ॥ भाष्येपि न सत्त्वं निषिध्यते किं तु कार्यित्वमेवेत्याह—कार्यभाज इति । एवं चानुनासिकप्राप्तियोग्याः पदान्ता न सन्ती-त्यर्थः ॥ वस्तुतोस्या अग्रे सिद्धान्त्युक्तित्वेन तदज्ञानेनैव पूर्वपक्षस्यौचित्येनैवं भाष्य-व्याख्यानमनुचितं, पूर्वपक्षस्य सन्देहस्य चानुत्थानात् ॥ तस्मादष्टमाध्यायस्थं भाष्यमेक-देश्युक्तिरित्येवोचितम् । व्याख्यातं च तत्रोपाध्यायैरित्थमेव ॥

भावबोधिनी

के अन्त में वर्तमान अप्रगृह्य अण् का विकल्प से अनुनासिक होता है । चूंकि कहीं भी अ, इ, उ को छोड़ कर दूसरे अण् वाले वर्ण पद के अन्त में मिलते ही नहीं है । अतः यहाँ भी पूर्व ण् से ही अण् माना जाता है ।]

(हेतुनिरासभाष्यम्)

ननु चायमस्ति—कर्तृँ हर्तृँ इति ॥

(सिद्धान्तिभाष्यम्)

एवं तर्हि सामर्थ्यात्पूर्वेण, न परेण । यदि हि परेण स्याद्, अण्ग्रहणमनर्थकं स्याद् "अचोऽप्रगृह्यस्यानुनासिकः" इत्येव ब्रूयात् ।

अथवैतदपि न ब्रूयात्, अच एव हि प्रगृह्या भवन्ति ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

अस्मिस्तर्ह्यण्ग्रहणे संदेहः—"उरण्परः" (१।१।५१) इति ॥

(समाधानभाष्यम्)

असंदिग्धं पूर्वेण, न परेण ॥

प्रदीपः

अचोऽप्रगृह्यस्येति । हलो हि न भाव्यमित्यत्राण्ग्रहणसामर्थ्यात्पूर्वेणेति स्थितम् ॥

उद्द्योतः

भाष्ये कर्तृँहर्त्रिति एचामप्युपलक्षणम् । अत एवाचोऽप्रगृह्यस्येत्युक्तम् । अन्यथाऽकोऽप्रगृह्यस्येति वदेत् ॥

भावबोधिनी

क्यों जी, यह तो है—कर्तृँ, हर्तृँ । [यहाँ ऋकार पद के अन्त में है । यह अइउण् के बाहर है । अतः यहाँ अनुनासिक करने के लिये बाद वाला ण् ही समझना चाहिए ।]

यदि ऐसा है तब तो सामर्थ्यवश पूर्व ण् से ही लिया जाता है परवर्त्ती ण् से नहीं । क्योंकि यदि परवर्त्ती ण् से अण् लिया जाता होता तो अण् ग्रहण अनर्थक हो जाता, 'अचोऽप्रगृह्यस्यानुनासिकः' ऐसा ही सूत्र बनाया जाता, 'अणः' के स्थान पर 'अचः' बोला जाता ।

अथवा 'अचोऽप्रगृह्यस्यानुनासिकः' ऐसा [अणः के स्थान पर अचः का प्रयोग] भी नहीं करना था, क्योंकि अच् ही प्रगृह्य होते हैं । [अच् से भिन्न कोई प्रगृह्य होता ही नहीं है । अतः व्यावर्त्य न होने से 'अचः' यह भी कहने की आवश्यकता नहीं थी । 'अप्रगृह्यस्यानुनासिकः' यही सूत्राकार होना चाहिए था । ऐसा न करके जो 'अणः' इसका ग्रहण किया वह सिद्ध करता है कि यहाँ भी अण् को पूर्ववर्त्ती 'ण्' से ही लेना चाहिए परवर्त्ती ण् से नहीं ।]

तब फिर इसमें सन्देह होता है—'उरण् रपरः' । (१।१।५१) इसमें अण् पूर्व से है अथवा पर से ?

निःसन्देह पूर्ववर्त्ती ण् से ही है परवर्त्ती से नहीं ।

कुत एतत् ?

पराभावात् ।

न ह्यृः स्थाने परेऽणः सन्ति ॥

(हेतुनिरासभाष्यम्)

ननु चायमस्ति—कर्त्रर्थं हर्त्रर्थमिति ।

(आपत्तिप्रश्नभाष्यम्)

किं च स्याद् यद्यत्र रपरत्वं स्याद् ?

(आपत्तिदर्शनभाष्यम्)

द्वयोः रेफयोः श्रवणं प्रसज्येत ॥

(आपत्तिबाधकभाष्यम्)

"हलो यमां यमि लोपः" (८।४।६४) इत्येवमेकस्यात्र लोपो भविष्यतीति ॥

(आपत्तिसाधकभाष्यम्)

विभाषा स लोपः, विभाषा श्रवणं प्रसज्येत ॥

(आपत्तिबाधकभाष्यम्)

अयं तर्हि नित्यो लोपः "रो रि" (८।३।१४) इति ॥

पदान्तस्येत्येवं सः ॥

उद्द्योतः

भाष्ये रोरीति । त्रिपाद्यां बहिरङ्गासिद्धत्वाभावादिति भावः ॥

भावबोधिनी

ऐसा कैसे [ज्ञात होता] है ?

पर अण् न होने से ।

चूंकि ॠकार के स्थान पर परवर्ती ण् वाले अण् होते ही नहीं है । [अतः उनका सन्देह करना व्यर्थ है ।]

क्यों जी, यह तो है—कर्त्रर्थम्, हर्त्रर्थम् । [कर्तृ+अर्थम्, हर्तृ+अर्थम् में ॠ के स्थान पर यण् र् होता है । यह 'र्' अण् बन सकता है यदि बाद वाले ण् से अण् माना जाय । इसीलिये यह लिखा गया है ।]

अच्छा, यदि यहाँ [कर्त्रर्थम् हर्त्रर्थम् में] रपरत्व हो जाय तो क्या [अनर्थ] हो जायगा ?

दो रेफ सुनाई देने लगेंगे ।

"हलो यमां यमि लोपः' (८।४।६४) इस सूत्र से एक रेफ का लोप हो जायगा । [अतः एक ही रेफ सुनाई देगा, कोई अनुपपत्ति नहीं है ।]

वह लोप तो वैकल्पिक है । अतः विकल्प से रेफ सुनाई देने लगेगा । [जब लोप नहीं होगा, तब दो रेफ सुनाई देने लगेंगे ।]

अच्छा तो 'रो रि' (८।३।१४) यह तो नित्य लोप है । [इसी से एक रेफ का लोप हो जाने पर सदैव एक ही रेफ सुनाई देगा । कोई हानि नहीं है ।]

(आपत्तिबाधकभाष्यम्)

न शक्यः स पदान्तस्यैत्येव विज्ञातुम् । इह हि लोपो न स्यात्,—जर्गृधेर्लङ् अजर्घाः, पास्पर्द्धेः अपास्पा इति ॥

(आपत्तिसाधकभाष्यम्)

इह तर्हि—मातॄणां पितॄणामिति रपरत्वं प्रसज्येत ॥

प्रदीपः

अजर्घा इति । गृधेर्यङ्लुकि रुगागमेऽभ्यासस्य कृते लङि सिपि शब्लुकि गुणरपरत्वसिब्लोपघष्भावजश्त्वरुत्वरलोपदीर्घत्वेषु रूपम् ॥

उद्द्योतः

भष्भावः । एकाचो बशो भषित्यनेन । तत्र ह्येकाच इति झषन्तस्येति च धातोरिपेक्षया व्यधिकरणषष्ठीति भावः ॥ रुत्वम् । दश्चेत्यनेन ॥

भावबोधिनी

यह लोप तो पदान्त का होता है । [यहाँ पदान्त रेफ नहीं है । लोप नहीं हो सकेगा ।]

नहीं, वह लोप पदान्त रेफ का होता है—ऐसा नहीं कहा जा सकता । कारण यह है कि यहाँ लोप नहीं हो पायेगा—जर्गृध् से लङ् में—[1]अजर्घाः और पास्पर्ध् से लङ् में अपास्पाः[2] ।

[पदान्त का सम्बन्ध नहीं करते हैं] तो 'मातॄणाम्', पितॄणाम्' यहाँ रपरत्व का प्रसङ्ग आयगा । [क्योंकि यहाँ ऋ का दीर्घ आदेश होता है ।]

---

१. 'गृधु अभिकाङ्क्षायाम्' धातु से क्रियासमभिहार अर्थ में यङ् प्रत्यय और 'यङोऽचि च' (२।४।७४) से इसका लुक् करके प्रत्ययलक्षण से द्वित्व, अभ्यास-कार्य करने के बाद जगृध्, रुक् = र् आगम, लङ् में अट्, सिप्—अजर्गृध्+सि, सिलोप 'एकाचो बशो भष्' (८।२।३७) से भष्भाव ग का घ, उपधागुण, रपर चर्त्वं ध् का त्—अजर्घत् 'दश्च' (८।२।७३) से रुत्व अज र्घर् र् (द्=त् का रु) । 'रो रि' (८।३।१४) लोप के बाद 'अजर्घ र्' में लुप्त रेफ से पूर्व अण् अ का दीर्घ, रेफ का विसर्ग—अजर्घाः ।

२. इसी प्रकार स्पृध् से भी यङ् और उसका लुक् करने के बाद प्रत्ययलक्षण से सारी प्रक्रिया करनी चाहिए । लङ् मध्यमपुरुष एकवचन—अपस्पर्ध्—सि, उपधा-दीर्घ, सि का हल्ङ्यादि लोप—अपास्पर्ध् जश्त्व करने पर द् का रु—अपास्पर् र्—में रेफलोप के बाद 'ढ्रलोपे' सूत्र से अण् का दीर्घ, र् का विसर्ग—अपास्पाः । विशेष ज्ञान के लिये सिद्धान्तकौमुदी की यङ्लुक-प्रक्रिया देखनी चाहिए ।

(आपत्तिसाधकभाष्यम्)

आचार्यप्रवृत्तिर्ज्ञापयति—नात्र रपरत्वं भवतीति । यदयम् "ऋत इद्धातोः" (७।१।१००) इति धातुग्रहणं करोति ॥

कथं कृत्वा ज्ञापकम् ?

धातुग्रहणस्यैतत्प्रयोजनम्—इह मा भूत्-मातॄणां पितॄणामिति । यदि चात्र रपरत्वं स्याद्धातुग्रहणमनर्थकं स्याद् । रपरत्वे कृतेऽनन्त्यत्वादित्त्वं न भविष्यति । पश्यति त्वाचार्यो—नात्र रपरत्वं भवतीति । ततो धातुग्रहणं करोति ॥

(आपत्तिसाधकभाष्यम्)

इहापि तर्हि न प्राप्नोति—चिकीर्षति, जिहीर्षतीति ॥

प्रदीपः

इहापि तर्हीति । धातुग्रहणेन हि लिङ्गेनाधातोरेव रपरत्वं निवर्तितम् । धातोस्तु रपरत्वे सत्यनन्त्यत्वान्न प्राप्नोतीति प्रश्नः ॥

उद्द्योतः

भाष्ये इहापि तर्हि इत्यस्य—ऋत इत्वमिति शेषः । ननु धातुग्रहणेन ऋकारस्य

भावबोधिनी

आचार्य पाणिनि की प्रवृत्ति बतलाती है कि जहाँ ऋ का दीर्घ होता है वहाँ रपरत्व नही होता है जो कि पाणिनि 'ऋत इद्धातोः (७।१।१००) सूत्र में धातु का ग्रहण करते हैं ।

यह धातुग्रहण कैसे ज्ञापक बनता है ?

उक्त सूत्र में धातुग्रहण का यह प्रयोजन है—इन मातॄणाम्, पितॄणाम् में ऋ का इत्व आदेश न हो । [क्योंकि यह धातु के रूप नहीं हैं ।] यदि 'मातॄणाम्', 'पितॄणाम्' में [ऋ का दीर्घ ॠ कर देने पर अण् मानकर] रपरत्व हो जाय तो 'धातु' का ग्रहण व्यर्थ हो जायगा । कारण यह है कि रपर कर देने पर ऋ अन्त में न रहकर 'र्' अन्त में हो जाता है, इसलिये [मातॄणाम् पितॄणाम् में] इत्व होगा ही नहीं । [मातर्णाम् यहाँ अंगसंज्ञक जो शब्द रूप होगा उसके अन्त्य में ऋ नहीं है रेफ है । अतः अनन्त्य ऋ का इत्व प्राप्त ही नहीं है । तब 'धातोः' के ग्रहण का कोई फल नहीं है । अतः वही व्यर्थ होकर ज्ञापित करता है कि 'मातॄणाम्' आदि में दीर्घ करने पर रपरत्व नहीं होता है । यही लिख रहे हैं] आचार्य पाणिनि यह देखते हैं कि 'मातॄणाम्', 'पितॄणाम्' में रपरत्व नहीं होता है । इस कारण से उक्त सूत्र में 'धातोः का ग्रहण करते हैं । [दीर्घ ऋकारान्त अङ्ग रहता है । इत्व की प्राप्ति होती है । उसका वारण करने के लिये 'धातोः' का ग्रहण है—ऋकारान्त धातु का ही इत्व होता है । इसलिए मातॄणाम् आदि में रपरत्व नहीं होता है ।]

(आपत्तिबाधकभाष्यम्)

मा भूदेवम् । "उपधायाश्च" (७।१।१०७) इत्येवं भविष्यति ॥

(आपत्तिसाधकभाष्यम्)

इहापि तर्हि प्राप्नोति—मातॄणां पितॄणामिति ॥ तस्मात्तत्र धातुग्रहणं कर्त्तव्यम् ॥

(सिद्धान्तिसमाधानभाष्यम्)

एवं तर्हि—सामर्थ्यात्पूर्वेण, न परेण । यदि परेण स्याद्, अण्ग्रहणमनर्थकं स्याद् "उरऋपरः" इत्येव ब्रूयात् ॥

प्रदीपः

इहापीति ॥ तस्माद्धातुग्रहणस्य सप्रयोजनत्वान्न ज्ञापकत्वमित्यर्थः ॥

उद्द्योतः

दीर्घो न रपर इति ज्ञापनादजुझ्नेति दीर्घस्याप्यरपरत्वात् कथमत्रेत्वाप्राप्तिरत आह—धातुग्रहणेनेति ।

भाष्ये—तस्मात्तत्रेति । न च इह किंचित्त्रपो इतीत्ति न्यायेन ज्ञापकत्वमप्यस्त्विति वाच्यम् । गॄइत्यादेरनुकरणे प्रकृतिवदनुकरणमित्यस्याभावे ग्रोयङीत्यादाविस्त्वाभावार्थमिहापि तदावश्यकत्वात् । गत्यन्तराभावे एव तन्न्यायेन ज्ञापकत्वाश्रयणाच्च । तदाह—तस्मादिति । एवं च रपरत्वेऽपि मातॄणामित्यादौ उपधायाश्चेतीत्ववारणेन धातुग्रहणस्य चारितार्थ्येन रपरत्वनिवृत्तौ न ज्ञापकतेत्यर्थः ॥

भावबोधिनी

यदि ऐसा है तो यहाँ भी नहीं प्राप्त होता है—चिकीर्षति, जिहीर्षति । [कारण यह है कि कृ+स इस अवस्था में 'अज्झनगमां सनि' सूत्र से ऋ का दीर्घ करने पर रपर होने पर कॄर्+स ऐसा होगा, अब यहाँ भी ऋकारान्त धातु न होने से 'ऋत इद्धातोः' (७।१।१००) की प्राप्ति ही नहीं हो सकती ।]

ऐसा न हो [अर्थात् 'ऋत इद्धातोः' सूत्र से इत्व न हो, क्या हानि है ?] "उपधायाश्च" (७।१।१०७) इस सूत्र से ही इत्व हो जायगा ।

[यदि 'चिकीर्षति' में 'उपधायाश्च' से इत्व हो सकता है तो फिर] यहाँ 'मातॄणाम् पितॄणाम्' में भी इत्व प्राप्त होता है । इस कारण ['ऋत इद्धातोः'] सूत्र में धातु का ग्रहण करना चाहिए । [यदि धातु का ग्रहण नहीं होगा तो मातॄणाम् आदि में दीर्घ और रपर के बाद भी इत्व आदेश की अतिप्रसक्ति होती है । इसे रोकने के लिये 'धातोः' का ग्रहण आवश्यक है । अतः चरितार्थ होने से ज्ञापक नहीं बन सकता। अतः मातॄणाम् आदि में रपरत्व रोकना संभव नहीं है ।]

यदि ऐसा है, तब तो सामर्थ्यवश ही पूर्व 'ण्' से अण् लिया जाता है पर 'ण्' से नहीं । यदि परवर्त्ती ण् से अण् यहाँ लिया जाता तब तो अण् ग्रहण अनर्थक हो जाता—'उरऋपरः' ऐसा कह दिया जाता । [चूंकि ऋ के स्थान पर होने वाला

(आक्षेपभाष्यम्)

अस्मिंस्तर्ह्यण्ग्रहणे संदेहः—"अणुदित्सवर्णस्य चाप्रत्ययः"(१।१।२९)इति ॥

(समाधानभाष्यम्)

असंदिग्धं परेण, न पूर्वेण ॥

(हेत्वाक्षेपभाष्यम्)

कुत एतत् ?

(८४ सिद्धान्तवार्तिकम् ॥ ३ ॥)

॥ * ॥ सवर्णेऽण् तपरं ह्युऋ॑त् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

यदयम्—"उऋ॑द्" इत्यृकारे तपरकरणं करोति, तज्ज्ञापयत्याचार्यः—परेण, न पूर्वेणेति ॥

प्रदीपः

सवर्णे इति । अचीकृतदिति ऋकारस्य ऋकार एव यथा स्यात् ॠकारो मा भूदि-

उद्द्योतः

भाष्ये सामर्थ्यात्पूर्वेणेति । न च गम्लेत्यादौ यणादेशे लपरत्वार्थमेव परेणाण्ग्रहणं स्यादिति सामर्थ्यं कथम् । ऋकारांशे हलूरूपाणि रोरीति प्रवृत्त्या फलाभावेन तत्साहचर्याद् ऌकारांशेपि हलूरूपाणि अप्रवृत्तिरित्याशयात् । रलयोः समानश्रुतित्वेन तत्रापि रोरीत्यस्य प्रवृत्तेरित्यन्ये ॥ ऌकारे यण्घटितप्रयोगानभिधानमेवैतद्भाष्यप्रामाण्यादित्यन्ये ॥

भाष्ये—सवर्णेण् तपरमिति । यदुऋ॑त्सूत्रे तपरं करोति तज्ज्ञापकं—सवर्णेऽण्ग्रहणं

भावबोधिनी

अण् पूर्व ण् से ही लेना इष्ट है इसीलिये अण् ग्रहण किया गया है ।]

तो फिर इस सूत्र में अण्ग्रहण में सन्देह होता है—'अणुदित्सवर्णस्य चाप्रत्ययः (१।१।६९)

असन्दिग्ध रूप से परवर्त्ती (लण् के) ण् से ही लिया जाता है, पूर्ववर्ती (अ इ उ ण् के) ण् से नहीं ।

ऐसा कैसे [ज्ञात होता है] ?

(वा०) सवर्णबोधक ("अणुदित") सूत्र में अण् बादवाले ण् से है क्योंकि 'उऋ॑त्' सूत्र में ऋकार में जो तपरकरण करते हैं ।

(भा०) आचार्य पाणिनि 'उऋ॑त्' में जो तपर करते हैं अर्थात् अकेला 'ऋ' न कहकर 'ऋत्' ऐसा कहते हैं, वे यह ज्ञापित करते हैं कि—"अणुदित्' सूत्र में परवर्ती ण् से अण् लिया जाता है, पहले वाले ण् से नहीं ।

विमर्श—'उऋ॑त्" (७।४।७) णि, चङ् परे रहते उपधा के स्थान में ऋत्=ऋ आदेश करता है । यदि ऋत् न कहकर केवल 'ऋ' कहा जाता तो 'अणुदित्'(१।१।६९)

(आक्षेपभाष्यम्)

इण्ग्रहणेषु तर्हि संदेहः ॥

(समाधानभाष्यम्)

असंदिग्धम् परेण, न पूर्वेण ॥

(हेतुजिज्ञासाभाष्यम्)

कुत एतत् ?

प्रदीपः

त्येवमर्थं तपरत्वं क्रियते। यदि च पूर्वेण णकारेणाण्ग्रहणं स्यादृकारोऽनण्त्वाद्भिन्नकालस्य ग्राहक एव न भवतीति ऋकारो नैव स्थानी, नाप्यादेशः प्रसजतीति किं तपरत्वेन। कृतं तज्ज्ञापकं परेणाण्ग्रहणस्य ॥

उद्द्योतः

परणकारकमिति वार्तिकाक्षरार्थः ॥ इत्येवमर्थमिति। ह्रस्वो यथा स्याद् दीर्घो माभूदित्येवमर्थमित्यर्थः ॥ ऋकार इति उद्देश्यसमर्पक इत्यर्थः। न च भाव्यमानत्वेन सवर्णग्रहणाप्रसक्तेस्तद्वैयर्थ्यम्, तपरत्वाभावे आदेशान्तरनिवृत्त्यर्थत्वेन स्वरूपाभ्यनुज्ञानार्थत्वेनापूर्वबोध्यत्वाभावेन चाविधेयत्वात्। कृते तु तपरत्वे भाव्यमानतापीत्यन्यत् ॥

भावबोधिनी

इस सवर्णग्राहक शास्त्र से सभी सवर्ण अक्षरों की उपस्थिति होने लगती। इसलिए अचीकृतत् की कृत् धातु के दीर्घ ॠ के स्थान पर इसका सदृशतम आदेश दीर्घ ॠ ही होने लगता। फलस्वरूप अचीकृतत् में ह्रस्व ऋ नहीं सुनाई पड़ता। इसी दोष को दूर करने के लिए ऋ का ऋत् अर्थात् ह्रस्व आदेश किया गया।

यदि 'अणुदित्' सूत्र में पूर्ववर्त्तीण् से अण् माना जाता तो ऋ उसमें नहीं आ पाती और सवर्णग्राहकता का प्रसङ्ग ही नहीं आता। जब अतिप्रसङ्ग नहीं है तब उसका वारण करने लिए 'उर्ऋत्' में तपर-करण की आवश्यकता नहीं थी। चूंकि पर ण् से ही अण् यहाँ लिया जाता है। इसमें 'ऋ' भी आता है। उसके भी सभी भेदों का ग्रहण प्रसक्त होता है, उसका वारण करने के लिए तपरकरण किया गया है। इसलिए एकमात्रिक 'ऋ' ही आदेश होता है। अतः यह 'तपरकरण' पर णकार से ग्रहण में ज्ञापक हैं।

निष्कर्ष यह है कि 'अणुदित्सवर्णस्य चाप्रत्ययः' इस एक सूत्र में ही बाद वाले ण् से अण् प्रत्याहार लिया जाता है। इसके अतिरिक्त सभी स्थलों पर 'अण्' पहले वाले 'ण्' से ही लिया जाता है।

(अनु०) तो फिर इण्ग्रहण वाले सूत्रों में सन्देह हैं [उनमें पहले वाले ण् से लिया जाय अथवा बाद वाले ण् से] ?

निःसन्देह परवर्त्ती ण् से ही, न कि पूर्व ण् से।

(८५ सिद्धान्तहेतुवार्तिकम् ॥ ४ ॥)

॥ * ॥ य्वोरन्यत्र परेणेण् स्यात् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

यत्रेच्छति पूर्वेण; संमृद्य ग्रहणं तत्र करोति—य्वोरिति । तच्च गुरु भवति ॥

कथं कृत्वा ज्ञापकम् ?

तत्र विभक्तिनिर्देशे संमृद्यग्रहणे चार्धचतस्रो मात्राः,प्रत्याहारग्रहणे पुनस्तिस्रो मात्राः । सोयमेवं लघीयसा न्यासेन सिद्धे सति यद्गरीयांसं यत्नमारभते तज्ज्ञापयत्याचार्यः—परेण, न पूर्वेणेति ॥

प्रदीपः

अर्धचतस्र इति । अर्धेन चतस्रः । चतुर्थी हि मात्रा तत्रार्धेति ॥

उद्द्योतः

भाष्ये संमृद्येति । आदेशेन तौ निवर्त्येत्यर्थः । अर्धचतुर्था इति वक्तुमुचितमत आह—अर्धेनेति ॥ भाष्ये—तिस्रो मात्रा इति । 'इणः' इति पदच्छेदाभिप्रायेणेदम् । तदुक्तम्—विभक्तिनिर्देशे इति । संहितायां तु सार्धमात्राद्वयमेवेति बोध्यम् ॥

भावबोधिनी

ऐसा कैसा [ज्ञात होता है] ?

(वा०) य्वोः=इ उ का [जहाँ ग्रहण है वहाँ ऐसा ही कहा गया है], अन्यत्र परवर्त्ती ण् से ही इण् लिया जाता है ।

(भा०) आचार्य को जहाँ पूर्ववर्त्ती ण् से ग्रहण करना इष्ट है वहाँ संमर्दन करके [इ+उ में यण् करके द्विवचन] 'य्वोः' ऐसा लिखते हैं । [जैसा कि "अचि श्नुधातुभ्रुवां य्वोरियङुवङौ' ।६।४।७७ में किया है ।] और यह ['इण्' की तुलना में] गौरवग्रस्त है ।

यह कैसे ज्ञापक होता है ?

[इ+उ का यण् रुप] संमर्दन करके और विभक्ति के साथ 'य्वोः' इस निर्देश में साढ़े तीन मात्रायें हैं और 'इण्' प्रत्याहार के ग्रहण(इणः)में तीन ही मात्रायें हैं । इस स्थिति में लघुभूत तीन मात्रावाले (इणः' ऐसे) न्यास से कार्य सिद्ध रहने पर भी जो गुरुभूत [य्वोः' ऐसे सूत्र को] करने का प्रयास करते हैं, वे आचार्य इससे ज्ञापित करते हैं—इण् पर ण् से ही लिया जाता है पूर्व ण् से नहीं ।

विमर्श—'अर्धमात्रालाघवेन पुत्रोत्सवं मन्यन्ते वैयाकरणाः' इस प्रसिद्धि के अनुसार मात्रालाघव का अत्यन्त महत्त्व है । 'इणः' (इ ण् अ :=)में तीन मात्रायें और 'य्वोः' में साढ़े तीन मात्रायें हैं । यदि इण् पूर्व ण् से लेना इष्ट होता तो 'अचि श्नुधातुभ्रुवां य्वोरियङुवङौ"(६।४।७७)में 'य्वोः' का उल्लेख न करके लाघव की दृष्टि से 'इणः' का ही उल्लेख किया जाना चाहिए था क्योंकि 'अइउण्' में इण् से इ, उ ले लिये जाते ।

(आक्षेभाष्यम्)

किं पुनर्वर्णोत्सत्ताविवार्यं णकारो द्विरनुबध्यते ?

(८६ समाधानवार्तिकम् ॥ ५ ॥)

॥ * ॥ व्याख्यानाच्च द्विरुक्तितः ॥ * ॥

(भाष्यम्)

एतज्ज्ञापयत्याचार्यो--भवत्येषा परिभाषा-"व्याखयानतो विशेषप्रतिपत्तिर्न हि संदेहादलक्षणम्" इति ।—"अणुदित्सवर्णस्य--" इत्येतत्परिहाय पूर्वेणाण्-ग्रहणम्, "परेणेण्ग्रहणम्" इति व्याखयास्यामः ॥ ६ ॥

प्रदीपः

किं पुनरिति । वर्णोत्सत्तिर्वर्णोच्छेदः । वर्णान्तरमनुबन्धः किं न क्रियते इत्यर्थः ॥ व्याख्यानत इति । न्यायादागमाद्वा शब्दशक्तिरनुसरणीयेत्यर्थः ॥ ६ ॥

उद्द्योतः

अणादिग्रहणेषूक्तमॆहद्भिर्यत्नैः सन्देहपरिहारे प्रतिपत्तिगौरवमिति लाघवाय वर्णा-न्तरमेव किं नानुबध्यत इत्याशयेनाह—भाष्ये किं पुनरिति ॥

एतत् = वक्ष्यमाणम् । आचार्यः शिवः । ननु ज्ञापितेति प्रवर्तकतया निवर्त्तकतया वा नास्य चारितार्थ्यमत आह—न्यायादिति । उक्तो न्यायः । आगम उपदेशपरम्परा । तत्सिद्ध एवायमर्थो णकारानुबन्धनरूपस्वव्यवहारेण बोध्यत इत्यर्थः । एवंच व्याख्यानेनैव—पूर्वणकारेण केचित्, केचित्परणकारेणेति निर्णये ज्ञापकानुसरणक्लेशो वृथेति सूचितम् ॥६॥

भावबोधिनी

'च्वोः' इस गुरुभूत को बनानें से यह ज्ञापित होता है कि इण् में बाद वाला 'ण्' ही लिया जाता है । इससे इ,उ के बाद वाले वर्ण भी इसमें आ सकें ।

(अनु०) [अभी तक अण् और इण् में पूर्व से लिया जाय या पर से—इसका स्पष्टीकरण अनेक तर्कों और प्रमाणों से किया गया । परन्तु ऐसे एक ही अनुबन्ध की दो बार लगाने का औचित्य क्या था—इसका विचार प्रस्त है—]

क्या मानों दूसरे वर्णों की उत्सत्ति=उच्छेद था, दूसरा कोई वर्ण था ही नहीं जो इस णकार को ही दो बार अनुबन्ध बनाया गया ?

(वा०) णकार का दो बार उच्चारण होने से और (इस कारण होने वाले सन्देह को) व्याख्यान से [निश्चित किया जायगा कि कहाँ पहला और कहाँ बाद वाला ण् है]।

(भा०) आचार्य पाणिनि यह ज्ञापित करते हैं कि यह परिभाषा होती है 'व्याख्यानतो विशेषप्रतिपत्तिर्नहि सन्देहादलक्षणम्' (सन्देह होने पर आचार्यों के व्याख्यान द्वारा विषय का विशेष निश्चय किया जाता है, केवल सन्देह हो जाने से

(शिवसूत्रम्)

ञमङणनम् ॥ ७ ॥ झभञ् ॥ ८ ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

किमर्थमिमौ मुखनासिकावचनावुभावनुबध्येते, न ञकार एवानुबध्यते ?

(प्रत्याक्षेपभाष्यम्)

कथं—यानि मकारेण ग्रहणानि ?

(प्रत्याक्षेपसमाधानभाष्यम्)

[सन्तु ञकारेण ॥]

(आक्षेपभाष्यम्)

[कथं] "हलो यमां यमि लोपः" (८।४।६४) इति ॥

(इष्टापत्तिभाष्यम्)

[अस्तु ञकारेण] "हलो यञां यञि लोपः" इति ॥

(इष्टापत्तिबाधकभाष्यम्)

नैवं शक्यम् । झकारभकारपरयोरपि झकारभकारयोर्लोपः प्रसज्येत ॥

उद्द्योतः

ञमङणनम् ॥ ७ ॥ झभञ् ॥ ८ ॥

भावबोधिनी

शास्त्र अलक्षण (अननुष्ठापक या अप्रमाण नहीं होता है ।) "अणुदित्" इस सूत्र को छोड़कर अन्यत्र सर्वत्र पूर्व ण् से ही 'अण्' लिया जाता है और 'इण् सर्वत्र पर ण् से ही लिया जाता है' ऐसी व्याख्या करेंगे । [अतः अब कहीं भी सन्देह नहीं रह जाता है] ॥ ६ ॥

ञमङणनम् ॥ ७ ॥ झभञ् ॥ ८ ॥

[एक सूत्र बनाना भी सम्भव है ।]

ये म् और ञ् दो मुखनासिकावचन (अनुनासिक वर्ण) किस लिये अनुबन्ध बनाए गये हैं [दोनों में] अकेला 'ञ' ही क्यों नहीं अनुबन्ध लगा दिया गया ? [अर्थात् दो सूत्र न बनाकर "ञमङणनझभञ्' ऐसा एक ही सूत्र क्यों नहीं बनाया गया ?]

तो फिर जिनमें मकार से ग्रहण हैं उनमें क्या होगा, वे कैसे सम्भव होंगे ?

[वे भी ञकार से ही मान लिये जायँ ।]

'हलो यमां यमि लोपः' (८।४।६४) यह कैसे होगा ?

[यह भी ञकार से हो जाय—] 'हलो यञां यञि लोपः ।' ऐसा हो जाय ।

ऐसा नहीं किया जा सकता । कारण यह है कि[झ तथा भ भी यञ् में आ जायेंगे इसलिये] झकार और भकार परे रहते पूर्ववर्ती झकार और भकार का भी लोप होने लगेगा ।

(इष्टापत्तिसाधकभाष्यम्)

न झकारभकारौ झकारभकारयोः स्तः ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

कथं—"पुमः खय्यम्परे" (८।३।६) इति ?

(इष्टापत्तिभाष्यम्)

एतदप्यस्तु ञकारेण "पुमः खय्यञ्परे" इति ॥

(इष्टापत्तिसाधकभाष्यम्)

नैवं शक्यम् । झकारभकारपरेऽपि हि खयि रुः प्रसज्येत ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

न झकारभकारपरः खयस्ति ॥

(इष्टापत्तिभाष्यम्)

कथं—"ङमो ह्रस्वादचि ङमुण्नित्यम्" (८।३।३२) इति ?

(इष्टापत्तिबाधकभाष्यम्)

एतदप्यस्तु ञकारेण "ङञो ह्रस्वादचि ङञुण्नित्यम्" इति ॥

(इस्टापतिसाधकभाष्यम्)

नैवं शक्यम् । झकारभकारयोरपि हि पदान्तयोर्झकारभकारावागमौ

उद्द्योतः

भाष्ये—न झकारेत्यादि । अज्व्यहितहल्मात्रानुकरणं तु सूत्रादन्यत्र नास्तीति हयवरट्सूत्रे प्रपञ्चितम् ॥

भावबोधिनी

नहीं, झकार और भकार परे रहते [कहीं भी] झकार और भकार नहीं हैं। [अतः इनके लोप का प्रसंग नहीं है। अतः इस सूत्र में कोई अनुपपत्ति नहीं है।]

तब फिर 'पुमः खय्यम्परे' (८।३।६) इस सूत्र में [अम् प्रत्याहार के विषय में] क्या होगा ?

यह अम् प्रत्याहार भी ञकार से ही मान लिया जाय—'पुमः खय्यञ्परे।' [अम्परक खय् परे रहने के स्थान पर अञ्परक खय् परे रहते—ऐसा मान लिया जायगा।]

ऐसा नहीं किया जा सकता। झकारपरक और भकारपरक खय् परे रहते भी [पुम् के म् का] रुत्व होने लगेगा।

नहीं, झकारपरक और भकारपरक खय् कहीं नहीं है। [अतः रुत्व का प्रसङ्ग नहीं है।]

तो फिर 'ङमो ह्रस्वादचि ङमुण् नित्यम्' (८।३।३२] में क्या होगा ? [यहाँ भी मकार से प्रत्याहार है।]

यह भी ञकार से ही मान लिया जाय 'ङञो ह्रस्वादचि ङञुण् नित्यम्।' [ऐसा सूत्रस्वरूप कर दिया जाय।]

ऐसा नहीं किया जा सकता। क्योंकि पदान्त में विद्यमान झकार और भकार

स्याताम् ॥

(इष्टापत्ति-साधकभाष्यम्)

न झकारभकारौ पदान्तौ स्तः ॥

(इष्टापत्तिबाधकैकदेशिभाष्यम्)

एवमपि पञ्चागमास्त्रय आगमिनो वैषम्यात्संख्यातानुदेशो न प्राप्नोति ॥

(इष्टापत्तिसाधकैकदेशिभाष्यम्)

सन्तु तावद् येषामागमानामागमिनः सन्ति ।

झकारभकारौ पदान्तौ न स्त इति कृत्वा आगमावपि न भविष्यतः ॥

प्रदीपः

झभञ् ॥ न झकारेति । [झकारस्य] भकारस्य [च] पदान्तस्य जश्त्वेन भाव्यमिति तस्य भावः । उज्झेर्झकारः संयोगान्तस्येति लुप्यते इति तस्याप्यभावः ॥

सन्तु तावदिति । उद्देशानुदेशाभ्यां संख्यासाम्याद्यथासंख्ये लब्धे प्रयोगे यस्यागम-

उद्द्योतः

झकारभकारयोरपि हि पदान्तयोरिति । पदान्तयोस्तयोः सतोस्ततः परस्याजादेः पदस्य झभौ स्यातामित्यर्थः ॥

एवमपि पञ्चागमा इति । लक्ष्यसंस्कारकालिकं संख्यासाम्यं यथासंख्यसूत्रप्रवृत्तौ निमित्तमिति मन्यते ॥

सिद्धान्ती तु प्रतिपत्तिकालिकमेव संख्यासाम्यं तत्प्रवृत्तौ निमित्तमित्याह—

भावबोधिनी

को भी झकार और भकार आगम होने लगेंगे ।

नहीं, क्योंकि झकार और भकार पदान्त में हैं ही नहीं । [जहाँ भी पदान्त भ् रहता है उसका नित्य जश्त्व करने से ब् हो जाता है । 'उज्झ' का झकार संयोगान्त-लोप हो जाने पर झ् भी पदान्त में नहीं मिलता है ।]

ऐसा होने पर भी [दोष रह जाता है क्योंकि] आगम पाँच हैं [—ञ्ण्न्झ्भ्] और आगमी [ङ्, ण्, न्] तीन ही हैं । इस कारण दोनों की संख्या में भेद हो जाने से 'यथासंख्य' शास्त्र की प्रवृत्ति न होने से क्रमशः आगम नहीं हो सकेंगे ।

[यदि ऐसा तो] जिन [ञ् ण् न्] आगमों के आगमी [ङुट्, णुट्, नुट्] हैं उन्हीं को आगम हों । चूंकि झकार और भकार पदान्त में मिलते नहीं हैं, यह मानकर इनको आगम भी नहीं होंगे । [अतः जो तीन मिलते हैं उन्हीं तीन को मानकर क्रमशः तीन आगम हो जायेंगे । कोई अनुपपत्ति नहीं है ।]

विमर्श—उक्त विवेचन के आधार पर यह प्रतीत होता है कि 'ञमङणनम्, झभञ्—इन दोनों को मिलाकर 'ञमङणनझभञ्' ऐसा एक सूत्र बनाने पर भी कोई

(अथाक्षरशब्दनिर्वचनम्)

(आक्षेपभाष्यम्)

अथ किमिदमक्षरमिति ?

(८७) सिद्धान्तसमाधानवार्तिकम् ॥ १ ॥

॥ * ॥ 'अक्षरं न क्षरं विद्यात्' ॥ * ॥

(भाष्यम्)

न क्षीयते न क्षरतीति वाऽक्षरम् ॥

प्रदीपः

स्यागमी विद्यते स प्रवर्तते नान्य इत्यर्थः ॥

किमिदमिति । अक्षरसमाम्नाय इति व्यवहाराद् यो वा इमां स्वरशोऽक्षरश इति चोक्तत्वात्प्रश्नः ॥

अक्षरं न क्षरमिति । क्रियाशब्दोऽयं नित्यस्यार्थस्य वाचक इति दर्शयति । अत्र

उद्द्योतः

सन्त्विति ॥ येषामागमानामागमिनः सन्ति ते भवन्तु इत्यर्थः ॥ अनुदेशः=प्रतिनिर्देशः । भगवता तु स्पष्टप्रतिपत्तयेऽनुबन्धद्वयमदर्शि ॥ ७ ॥ ८ ॥

इति व्यवहारादिति । अइउण्सूत्रेऽयं व्यवहारो भाष्ये ॥ प्रश्न इति । तद्घटकीभूताक्षरपदार्थावगमायेति भावः ॥

(भाष्ये)अक्षरमित्यस्य नक्षरमिति विग्रहप्रदर्शनम् ॥ तच्चेति । अक्षरं चेत्यर्थः ॥ ब्रह्मतत्त्वस्यैव तत्त्वे हेतुगर्भविशेषणमाह—परमार्थतो नित्यमिति । यतस्तत् प्रागभावाप्रतियो-

भावबोधिनी

अनुपपत्ति नहीं आती है। अतः दो सूत्रों को बनाने की आवश्यकता नहीं थी। परन्तु अनेक क्लिष्ट कल्पनायें करने की अपेक्षा दो सूत्र बनाने में ही लाघव देखकर दो सूत्र बनाना और दो अनुबन्धों को लगाना उचित समझा गया। अतएव नागेश ने लिखा है—"येषामागमानामागमिनः सन्ति, तेषां भवन्तु इत्यर्थः।.........भगवता तु स्पष्टप्रतिपत्तयेऽनुबन्धद्वयमदर्शि।" (देखें उद्योत)

अक्षर पद की व्याख्या

[चतुर्दशसूत्री को 'अक्षरसमाम्नाय' कहा जाता है। 'व्याकरणाध्ययन के प्रयोजनों में लिखा गया है "यो वा इमां स्वरशोक्षरशश्च वाचं विदधाति।" अतः अक्षर पद का आशय स्पष्ट करना आवश्यक होने से यहाँ विचार किया जा रहा है—]

यह 'अक्षर' क्या है ? [अक्षर इस पद का क्या अर्थ है ?]

(वा०) जो क्षर नहीं होता है वह अक्षर है।

(भा०) जो क्षय=विनाश को नहीं प्राप्त करता है वह अक्षर है। ['क्षि' क्षये

(८८ सिद्धान्तसमाधानान्तरवार्तिकम् ॥ २ ॥)

॥ * 'अश्नोतेर्वा सरोक्षरम्' ॥ * ॥

(भाष्यम्)

अश्नोतेर्वा पुनरयमौणादिकः सरन् प्रत्ययः । अश्नुते इत्यक्षरम् ॥

(८९ सिद्धान्तसमाधानान्तरवार्तिकम् ॥ ३ ॥)

॥ * ॥ 'वर्णं वाहुः पूर्वसूत्रे' ॥ * ॥

प्रदीपः

क्षियः क्षरतेर्वा विनाशार्थस्य नञ्पूर्वस्य रूपम् । तच्च ब्रह्मतत्त्वं परमार्थतो नित्यम् । व्यवहारनित्यतया तु वर्णपदवाक्यस्फोटानां जातिस्फोटस्य वा ॥

अश्नोतेर्वेति । सरन्प्रत्ययस्यानुबन्धलोपे कृतेऽनुकरणं सर इति । तत्रार्थमश्नुते=व्याप्नोतीत्यक्षरं पदं वाक्यं वा ॥

उद्द्योतः

गित्वे सति ध्वंसाप्रतियोगित्वरूपनित्यत्ववदित्यर्थः ॥ नन्वेवं प्रकृते किमायातमत आह—व्यवहारनित्यतया चेति । सर्वेषां शब्दानामाकाशादिवत् सृष्ट्यादावुत्पत्तिः प्रलये च नाश इत्यर्थः । एवंच व्यवहारनित्यतयाऽक्षरब्रह्मसादृश्यवतां तेषां पदादिरूपाणामयं वर्णसमाम्नायः शास्त्रप्रवृत्तिद्वारा बोधक इत्यक्षरसमाम्नाय इति चतुर्दशसूत्रीविषयव्यवहारोपपत्तिः । एवंच शब्दे औपचारिकोऽक्षरपदप्रयोग इति भावः ॥ न्यायादिनयेऽप्याह—जातिस्फोटस्य वेति ॥

भाष्ये अश्नोतेर्वेति ॥ तद्याचष्टे—अर्थमश्नुते इति । वर्णानामनर्थकत्वेन चिन्त्यमिदम् । नानादेशेषु युगपदेकस्यैव शब्दस्याभिव्यक्तिदर्शनेन स्फोटस्यापि व्यापकत्वमिति भाष्यार्थ इत्यन्ये ॥

भावबोधिनी

और 'क्षर विनाशे' इनमें से किसी भी धातु से प्रत्यय करके अक्षर यह यौगिक क्रियापद बनता है । अतः यह परमतत्त्व ब्रह्मरूप है ।]

(वा०) अथवा अश्नोति=जो व्याप्त करता है वह अक्षर है ।

(भा०) अथवा 'अशू व्याप्तौ' धातु से औणादिक सरन् प्रत्यय होता है । अश्नुते=व्याप्त करता है । वह अक्षर है । [अश्+सरन् श् का ष् क, स का ष, क्+ष्=क्ष्+अक्षर । जो अर्थ को व्याप्त करता है । अतः अक्षर व्यापक और अर्थ व्याप्य होता है ।]

(वा०) अथवा पूर्वसूत्र (=प्राचीन वैयाकरणों के सूत्र) में वर्ण को अक्षर कहा गया है ।

(भाष्यम्)

अथवा पूर्वसूत्रे वर्णस्याक्षरमिति संज्ञा क्रियते ॥

(अथाक्षरसमाम्नायोपदेशप्रयोजनम्)

(९० प्रश्नवार्तिकम् ॥ १ ॥)

|| * || 'किमर्थमुपदिश्यते' || १ || * ||

अथ किमर्थमुपदेशः क्रियते ?

(९१ समाधानवार्तिकम् ॥ २ ॥)

|| * || 'वर्णज्ञानं वाग्विषयो यत्र च ब्रह्म वर्तते ||
तदर्थमिष्टबुद्ध्यर्थं लघ्वर्थं चोपदिश्यते' || २ ||

प्रदीपः

वर्णं बाहुरिति । रूढिरियं वर्णस्येत्यर्थः ॥

पूर्वसूत्रे इति । व्याकरणान्तरे वर्णा अक्षराणीति वचनात् ॥

किमर्थमिति । वर्णानां साधुत्वस्याप्रतिपाद्यत्वात्पदस्यैव साधुत्वान्वाख्यानात्प्रश्नः ॥

उद्द्योतः

ननु न्यायादिनयेऽव्याप्यवृत्तिषु विनाशिषु वर्णेषु कथं तद्व्यवहारोऽत आह—वर्णं बाहुरिति । चघटितः पाठोऽत्र प्रामादिकः, व्याख्यानभाष्ये अथवेत्युक्तेः ॥ नन्वनन्त-रोक्तयोगाभावात्कथं तेषु प्रयोगोऽत आह—रूढिरिति । तदुक्तं भाष्ये—अक्षरमिति संज्ञेति । व्याकरणान्तरे । इति पूर्वसूत्रशब्दे षष्ठीतत्पुरुष इति भावः ॥ एवं चाक्षर-समाम्नाय इत्यस्य श्रुतिरूपो वर्णसंघात इत्यत्र तात्पर्यम् ॥ (इत्यक्षरशब्दनिर्वचनम् ॥)

भाष्ये उपदिश्यत इति । अक्षरसमाम्नायोपदेशः किमर्थं इत्यर्थः ॥ पूर्वं कृतोऽप्ययं विचारः कंचिद्विशेषं वक्तुं पुनः क्रियते ॥

भावबोधिनी

(भा०) अथवा प्राचीन वैयाकरणों के ("वर्णाः अक्षराणि" इस) सूत्र में वर्ण की संज्ञा अक्षर की गई है । [अतः वर्ण = अक्षर हैं ।]

वर्णोपदेश का उद्देश्य

[प्रथम आह्निक के अन्त में यद्यपि वर्णों के उपदेश के प्रयोजन बताये जा चुके हैं तथापि कुछ और विशेष बात कहने के लिये यहाँ पुनः कहा जा रहा है]

वर्ण-समाम्नाय का उपदेश किसलिए किया जा रहा है ? [क्योंकि केवल वर्णों से किसी की साधुता या असाधुता का ज्ञान नहीं होता है ।]

(वा०) यह वर्णसमाम्नाय (अक्षरसमाम्नाय) वर्णज्ञान (= जिससे वर्णों का ज्ञान होता है ऐसा) है, वाग्विषय = वाणी का प्रतिपादक (निबन्धन) है, जिस पद

(भाष्यम्)

सोयमक्षरसमाम्नायो वाक्समाम्नायः पुष्पितः फलितश्चन्द्रतारकवत्प्रतिमण्डितो वेदितव्यो ब्रह्मराशिः, सर्ववेदपुण्यफलावाप्तिश्चास्य ज्ञाने भवति, मातापितरौ चास्य स्वर्गे लोके महीयेते ॥

इति श्रीमद्भगवत्पञ्जलिविरचिते महाभाष्ये प्रथमस्याध्यायस्य प्रथमे पादे द्वितीयमाह्निकम् ॥ २ ॥

(इति माहेश्वरीयं विधिशेषप्रकरणम्)

प्रदीपः

वर्णज्ञानमिति । वर्णा येन शास्त्रेण ज्ञायन्ते तद्वाचो विषयः, शास्त्रेण वाग्विषीयते= भावध्यते, शास्त्रेण तस्याः परिज्ञानादित्यर्थः ॥ यत्र चेति । ब्रह्म वेदः पदे वर्तते । तस्य च शास्त्रं विषयः, लौकिकानां वैदिकानां च शास्त्रं विषय इत्यर्थः ॥ तदर्थमिति । शास्त्रप्रवृत्त्यर्थमित्यर्थः ॥ इष्टबुद्ध्यर्थमिति । कलादिदोषरहितवर्णज्ञानार्थमित्यर्थः॥ लघ्वर्थमिति । अनुबन्धकरणार्थमित्यर्थः ॥ वाक्समाम्नाय इति । एतावद्भिरेव वर्णैर्वाग्व्यवहार इत्यर्थः ॥ पुष्पितः फलित इति । दृष्टादृष्टफलाभ्यामभ्युदयनिःश्रेयसाभ्यां च ॥ चन्द्रतारकवदिति । अनादित्वान्नित्यत्व वाग्व्यव्यवहारस्य सूचयति ॥ ब्रह्मराशिरिति । ब्रह्मतत्त्वमेव शब्दरूपतया प्रतिभातीत्यर्थः ॥ सर्ववेदेति । सर्ववेदाध्ययनकृतस्य पुण्यस्य यत्फलं तत्प्राप्नोतीत्यर्थः ॥ मातापितराविति । माहात्म्यातिशयः शास्त्रस्य प्रत्याहारमात्रफलाख्यानद्वारेणान्वाख्यायते ॥ महीयेते इति । पूजां प्राप्नुत इत्यर्थं । महीयशब्दः कण्ड्वादियगन्तः ॥

नहीं, जैसा लोक में होता है वैसा व्याकरण में नहीं भी होता है। कारण यह है कि प्रामाण्य को प्राप्त (प्रामाणिक), कुशों के पवित्र (पैंती) को हाथ में लेने वाले, अथवा कुश धारण करने से पवित्र हाथों वाले आचार्य पाणिनि ने पवित्र स्थान पर, पूर्वाभिमुख हो, बैठकर बड़े प्रयत्न से सूत्रों का प्रणयन किया था। उन सूत्रों में एक भी वर्ण अनर्थक नहीं हो सकता, तो फिर इतने बड़े पूरे सूत्र के लिये क्या कहना। [जब एक भी वर्ण का आनर्थक्य असंभव है तो 'वृद्धिरादैच्' इस पूरे सूत्र के आनर्थक्य का प्रश्न ही नहीं उठता है।]

[एक भी वर्ण] अनर्थक नहीं हो सकता, इससे क्या [लेना देना] ?

इससे यह है कि ये संज्ञा और संज्ञी ही हैं।

(आक्षेपभाष्यम्)

कुतो नु खल्वेतत्—संज्ञासंज्ञिनावेवेति । न पुनः साध्वनुशासनेऽस्मिञ्शास्त्रे साधुत्वमनेन क्रियते ?

(आक्षेपनिराकरणभाष्यम्)

कृतमनयोः साधुत्वम् ॥

कथम् ?

प्रदीपः

दर्शयति ॥ प्राङ्मुख इति । प्राच्या अभ्युदयहेतुत्वात् ॥ महतेति मनःप्रणिधानं दर्शयति ॥ एतच्च सर्वमागमाद्बोद्धव्यम् । एवमानर्थक्ये परिहृते संज्ञासंप्रत्ययाय पक्षान्तराणि प्रश्नमुखेन प्रतिक्षिपति—किमत इति ॥

उद्द्योतः

साध्वनुशासन इति । अनेन साधुत्वपक्षस्याकाण्डता वारिता ॥

भावबोधिनी

विमर्श—'यहाँ भाष्य की 'किमतो यदशक्यम् ? अतः संज्ञासंज्ञिनावेव' इन पंक्तियों की व्याख्या में कुछ लोगों ने भ्रान्ति उत्पन्न करा दी है । भाष्यकार ने तो पाणिनि की शक्ति-सामर्थ्य की प्रशंसा करते हुए एक भी वर्ण के अनर्थक होने का खण्डन किया है । इसमें प्रयुक्त 'अशक्यम्' को लेकर 'किमतो यदशक्यम्; की व्याख्या यह देखी जाती है—"इससे क्या यदि एक वर्ण भी अनर्थक नहीं है । इससे यही आता है कि वृद्धि शब्द संज्ञा है और आदैच् संज्ञी ।;; (चारुदेवशास्त्री पृ० १२७) । परन्तु ऐसी व्याख्या उचित नहीं प्रतीत होती है । 'अतः, किम्, यद् अशक्यम्; इस प्रकार का सम्बन्ध करना चाहिए और उद्द्योतकार नागेश के आधार पर यह अर्थ करना चाहिए-"भाष्ये—किमत इति । अतः तादृशकर्तृकत्वात्, किम् = कथमर्थवत्त्वं यद् = यतस्तत्, अशक्यम्=अशक्यनिरूपणमित्यक्षरार्थः ।

निष्कर्ष यह है कि यह सूत्र विधि या परिभाषा आदि माना नहीं जा सकता और अनर्थक भी नहीं माना जा सकता । इसलिए संज्ञा सूत्र ही है । फलतः वृद्धि को संज्ञा और 'आदैच्' को संज्ञी ही समझना चाहिए । इस स्थल की विभिन्न व्याख्याओं के लिए निर्णय सागर प्रेस से मुद्रित महाभाष्य पृ० १६०-६१ देखना चाहिए ।

(अनु०)यह कैसे कि 'ये दोनों(वृद्धि आदैच्)संज्ञा और संज्ञी ही हैं । यह क्यों नहीं कि साधु का अनुशासन करने वाले इस व्याकरण शास्त्र में इन दोनों का शाधुत्व ही इससे किया जा रहा हो ? [जिस प्रकार 'क्षय्यजय्यौ शक्यार्थे' सूत्र से 'क्षय्यजय्य' का साधुत्व बतलाया जाता है उसी प्रकार इन दोनों का भी बताया जा रहा है ?]

इन दोनों का साधुत्व तो किया जा चुका है ।

कैसे ?

वृधिरस्मायविशेषेणोपदिष्टः प्रकृतिपाठे, तस्मात् क्तिन्प्रत्ययः। आदैचोऽप्यक्षरसमाम्नाये उपदिष्टाः॥

(आक्षेपभाष्यम्)

प्रयोगनियमार्थं तर्हीदं स्यात्—वृद्धिशब्दात्परे आदैचः प्रयोक्तव्या—इति॥

(आक्षेपनिराकरणभाष्यम्)

नेह प्रयोगनियम आरभ्यते॥

किं तर्हि?

प्रदीपः

कृतमनयोरिति। आदैच्छब्दस्य द्वन्द्वत्वादनयोरिति द्विवचननिर्देश॥ आदैच इति। तेषां च द्वन्द्वनिर्देशोऽयमादैच्छब्द इत्यर्थः॥

प्रयोगनियमार्थमिति। आदैज्वृद्धिरिति प्रयोगो मा भूदित्यर्थः॥

नेहेति। प्रयुज्यत इति प्रयोगस्तस्य स्वतन्त्रस्य पदस्य प्रयुज्यमानस्य नियमो

उद्द्योतः

द्वन्द्वत्वादिति। अनयोरित्यस्य पदयोरिति विशेष्यम्॥ पदानामेव साधुत्वान्वाख्यानादिति भावः॥ भाष्ये अविशेषेणेति। प्रत्ययविशेषमनादायेत्यर्थः॥ ननु वर्णसमाम्नाये आकाराद्युपदेशेप्यादैच्छब्दस्य किमागतमत आह—तेषां चेति। संज्ञाग्रहणद्वारेणेति शेषः॥ तपर इति आदिरन्त्येनेति च तेषां कृतयोरादैच्संज्ञयोर्द्वन्द्वनिर्देशेन द्वन्द्वशास्त्रेण कृतं साधुत्वमित्यर्थः। ऐजित्यपि तन्मूलकादिरन्त्येनेत्यनेन बोधितमित्याशयेन भाष्ये—अक्षरसमाम्नाये उपदिष्टा इत्युक्तम्॥

ननूपसर्जनं पूर्वं, परश्चेत्यादिभिः प्रयोगनियम आरभ्यत एवेत्यत आह—प्रयुज्यत इति॥ स्वतन्त्रस्येति गत्युपसर्गनिरासः। तौ हि द्योतकत्वात्परतन्त्रौ॥ पदावयवस्येति।

भावबोधिनी

प्रकृतिपाठ=धातुपाठ में इस (व्याकरण के अध्येता) के लिए 'वृध' धातु का सामान्य रूप से उपदेश किया जा चुका है, इस धातु से परे (भाव मे) क्तिन् प्रत्यय होता है। [इसलिये 'वृद्धि' का उपदेश हो चुका है।] और 'आदैच्' भी अक्षरसमाम्नाय में उपदिष्ट हैं। [अतः इनका भी साधुत्व कहा जा चुका है। इसलिए यह सूत्र इन दोनों पदों का साधुत्व बतलाने वाला नहीं है।]

तो फिर यह सूत्र इन पदों के प्रयोग का नियम करने के लिए हो—वृद्धि शब्द के बाद आदैच् का प्रयोग होना चाहिए। [आदैच् वृद्धिः—ऐसा नहीं होना चाहिए।]

इस व्याकरण शास्त्र में प्रयोग (= प्रयुज्यमान पदों) का नियम नहीं बताया जाता है।

तो फिर क्या [बताया जाता है] ?

संस्कृत्य संस्कृत्य पदान्युत्सृज्यन्ते तेषां यथेष्टमभिसम्बन्धो भवति। तद्यथा—आहर पात्रम्, पात्रमाहरेति ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

आदेशास्तर्हीमे स्युः। वृद्धिशब्दस्यादैच आदेशाः ॥

(आक्षेपनिराकरणभाष्यम्)

षष्ठीनिर्दिष्टस्यादेशा उच्यन्ते। न चात्र षष्ठीं पश्यामः ॥

प्रदीपः

नारभ्यते, अपि तु पदावयवस्य प्रकृतिप्रत्ययोपसर्जनागमादिरूपस्य। लोके च केवल एव वृद्धिशब्दः प्रयुज्यत इति न तस्यानेन नियमः क्रियते, लोके प्रयुक्तानामिदमनुशासनम् ॥

षष्ठीनिर्दिष्टस्येति। स्थानशब्दोऽर्थवाची तिष्ठन्त्यस्मिञ्शब्दा इति स्थानम्। न च वृद्धिशब्दार्थमादैचो वक्तुं शक्तास्तेनात्र षष्ठ्यर्थाभावादिति तात्पर्यम्। तथा हि षष्ठ्यभावेऽपि तदर्थसद्भावाद्भवत्येव स्थान्यादेशभावो यथा 'नाभि नभं च' 'परश्री परशुं च' इति ॥

उद्द्योतः

आदिना द्योतकाः ॥ युक्त्यन्तरमाह—लोके चेति। शिष्टलोकाभिप्रायम्, प्रयुक्तानां चेदमनुशासनमिति भावः ॥ केवलः=आदैच्पदासम्बद्धः ॥ भाष्ये संस्कृत्येति। साधुत्वेनान्वाख्यायेत्यर्थः ॥ अभिसम्बन्धः पौर्वापर्यलक्षणः ॥

षष्ठ्यभावेपि नाभि नभमित्यादावादेशदर्शनादाह—स्थानेति। [षष्ठीस्थाने इति—] सूत्रगत इति शेषः। तत्र हि सूत्रे स्थानशब्दोऽधिकरणव्युत्पत्त्यर्थवाची भावव्युत्पत्त्या प्रसङ्गवाची च तन्त्रेणोपादीयते। अन्यथा केवलार्थशब्दं प्राप्तिशब्दं वोपाददीत। एवं च—याऽनियोगा षष्ठी सा प्रसङ्गनिरूपितसम्बन्धार्थिकैवेत्येकोऽर्थः। द्वितीये तु षष्ठीशब्दो लक्षणया स्थानिपरः। स्थाने इति सप्तमी वाच्यस्यार्थस्याधिकरणत्वविवक्षया बोध्या। योगशब्दश्च युज्यत इति व्युत्पत्त्या आदेशवाची ततोर्शआद्यच्। तेन स्थानी

भावबोधिनी

प्रकृति प्रत्ययादि का संस्कार करके पदों को स्वतन्त्र रूप से छोड़ दिया जाता है। उन पदों का अभीष्ट रूप से सम्बन्ध (पौर्वापर्यनिर्धारण) किया जाता है। उदाहरणार्थ—आहर पात्रम्, (लाओ पात्र) पात्रम् आहर (पात्र लाओ)। [अतः संस्कृत भाषा में जब क्रिया, कर्ता आदि के पौर्वापर्य का कोई नियम नहीं है तब व्याकरणशास्त्रीय प्रयोग में पौर्वापर्य-क्रम कैसे बताया जा सकता है।]

तो फिर ये आदेश ही हों—वृद्धि शब्द के आदैच् आदेश हो जायँ।

[आदेश नहीं माने जा सकते क्योंकि] षष्ठीनिर्दिष्ट के ही आदेश होते हैं। और प्रस्तुत सूत्र में षष्ठी नहीं देखते हैं। [अतः इन्हें आदेश भी नहीं मान सकते।]

(आक्षेपभाष्यम्)

आगमास्तर्हीमे स्युर्वृद्धिशब्दस्यादैच आगमाः ॥

(आक्षेपनिरासभाष्यम्)

आगमा अपि षष्ठीनिर्दिष्टस्यैवोच्यन्ते । लिङ्गेन च । न चात्र षष्ठीं, न खल्वप्यागमलिङ्गं पश्यामः ॥

(सिद्धान्तसमाधानभाष्यम्)

इदं खल्वपि भूयः सामानाधिकरण्यमेकविभक्तित्वं च । द्वयोश्चैत-

प्रदीपः

आगमा अपीति । अत्राप्यर्थोऽपेक्ष्यते । अनागमकानामर्थे सागमका इत्यर्थः ॥ लिङ्गेन चेति । देशविशेषप्रतिपत्तये टकारादिलिङ्गं तत्र क्रियत इत्यर्थः ॥

इदं खल्वपीति । विशेषणविशेष्यभावनिराकरणेन संज्ञापक्षं स्थापयति ॥ 'देवदत्तः

उद्द्योतः

स्वार्थाभिधानसमर्थादेशवानित्यर्थ इति भावः ॥ भाष्यस्य तु षष्ठीनिर्दिष्टस्य स्थानिनो योऽर्थस्तस्य वाचका उच्यन्ते । न चात्रादैक्षु षष्ठीनिर्दिष्टस्य स्थानिनोऽर्थानभिधेयत्वेन पश्याम इत्यर्थः ॥ षष्ठ्यर्थाभावादिति । षष्ठीवोध्यस्थान्यर्थाभिधानसामर्थ्याभावादिति भावः ॥ तदर्थसद्भावादिति । आदेशस्य स्थान्यर्थबोधनसामर्थ्यसद्भावादित्यर्थः । वस्तुतस्तु स्थानं प्रसङ्ग एव । स चार्थवत एव, अर्थप्रत्यायनाय शब्दप्रयोगात् । एवं चार्थप्रयुक्त एव स्थान्यादेशयोः सम्बन्ध इति स्थान्यर्थाभिधानसमर्थस्यैवादेशतेति वदन्ति ॥

अत्रापीति । वस्तुतोऽवयवषष्ठ्यं वागमा उच्यन्ते इत्यर्थो भाष्यस्य ॥ कलादिलिङ्गभ्रमव्यावृत्तये आह—देशेति । देशविशेषप्रतिपत्त्यर्थयत्नसाध्यागमप्रतीतिर्यत्नाभावे नेत्यर्थः ॥

इदं खल्वपीति भाष्यं पूर्वोक्तपक्षाणामसम्भवं प्रतिपादयति ॥ [तद्व्याचष्टे—

भावबोधिनी

तो फिर ये आगम हो जाँय—वृद्धि शब्द को आदैच् आगम होते हैं ।

[ये आगम भी नहीं हैं क्योंकि] आगम भी षष्ठीनिर्दिष्ट के ही कहे जाते हैं और [ट् या क् आदि] लिङ्ग से निर्दिष्ट रहते हैं । इस सूत्र में तो न षष्ठी देखते हैं और न ही आगम का कोई लिङ्ग । [इस प्रकार आगम का कोई भी हेतु न होने से आगम कहना भी कठिन है ।]

[पूर्वोक्त पक्षों के असंभव होने पर अब संज्ञा-संज्ञिभाव में दृढ़तर प्रमाण दे रहे हैं—]

यहाँ सामानाधिकरण्य (समान अर्थवत्ता) और एक प्रकार की विभक्तियाँ हैं,

द्भवति ॥

कयोः ?

विशेषणविशेष्ययोर्वा संज्ञासंज्ञिनोर्वा ॥

प्रदीपः

पचती'त्यस्ति सामानाधिकरण्यं न त्वेकविभक्तित्वम्, गौः अश्व इत्यस्त्येकविभक्तित्वं न तु सामानाधिकरण्यमित्युभयोरुपादानम्। संज्ञासंज्ञिनोरप्यस्ति विशेषणविशेष्यत्वं प्रसिद्ध्यप्रसिद्धिवशात्तु भेदेनोपादानम्। तत्तु सामानाधिकरण्यं शब्दयोरेव केचिदि-

उद्द्योतः

विशेषणेति ॥] अस्तिसामानाधिकरण्यमिति । न च तादृशे संज्ञासंज्ञित्वसम्भावनेति भावः ॥ इत्युभयोरिति । विशेषणविशेष्यत्वसंज्ञासंज्ञित्वसम्भावनास्थलप्रदर्शनायेत्यर्थः ॥ संज्ञासंज्ञिनोरपीति । उद्भिदादिसंज्ञा हि स्वरूपेणैव संज्ञिनं सजातीयाद्यागान्तराद्वि-जातीयाच्च होमादेर्व्यवच्छिनत्तीति विशेषणम्। संज्ञी च व्यवच्छेद्यः सन्विशेष्यः। विषयताविशेषरूपमपि तत्तयोरस्त्येवेति भावः ॥ प्रसिद्धीति । द्वयोर्हि प्रतीतेत्यादिना भाष्ये उक्तमेतत्। यद्वा सत्यपि व्यवच्छेद्यव्यवच्छेदकभावे संज्ञासंज्ञिनोर्विशेष्यविशेषण-भावो लोके न प्रसिद्ध इत्यर्थः ॥ ननु सामानाधिकरण्यं नाम द्वयोः शब्दयोरेकाभिधेय-सम्बन्धः, तत्तु न युक्तम्। सामानाधिकरण्यस्य शब्दधर्मत्वेन विशेषणत्वादेश्चार्थ-धर्मत्वेन विशेषणविशेष्ययोः सामानाधिकरण्यमिति भाष्यासङ्गतेः। संज्ञासंज्ञिनोरेका-भिधेयसम्बन्धाभावेन संज्ञासंज्ञिनोर्वा सामानाधिकरण्यमित्यस्याप्यसङ्गतेरत आह— तत्त्विति ॥ भिन्नप्रवृत्तीत्यनेन पर्यायनिरासः ॥ वस्तुत इदं चिन्त्यम्। अघ्न्ये देवि सरस्वति इडे काव्ये विहव्ये एतानि तेऽघ्न्ये नामानीत्यादौ 'नामन्त्रिते समानाधिकरणे' इत्यस्य व्यावृत्तये तत्र सामान्यवचनग्रहणमिति तत्सूत्रस्थभाष्यविरोधापत्तेः। युगपदधि-करणवचनतापक्षे पट्वीमृद्व्याविप्यत्र समानाधिकरणलक्षणपुंवद्भावशङ्कापरभाष्य-विरोधापत्तेश्च ॥ विशेषणत्वादिकं चोपपद्यत इत्याह—विशेषणेति। भाष्ये 'संज्ञासंज्ञिनो'-रित्यत्र संज्ञिपदेन संज्ञिसमर्पकः शब्दोऽभिप्रेतः। संज्ञाशब्दे च शब्दः प्रवृत्तिनिमित्तं संज्ञिनि तत्सम्बन्धात्। संज्ञिबोधकशब्दे च संज्ञिगततत्तद्धर्मः प्रवृत्तिनिमित्तम्। एवं च वृद्धिशब्दवदभिन्ना आदैच इति बोधः। वृद्धिशब्दवत्त्वं च लोकसिद्धतादात्म्येने-

भावबोधिनी

यह विशेष बात है। यह (सामानाधिकरण्य तथा एकविभक्तित्व) दो का ही होता है।

किन दो का ?

या तो विशेष्य, विशेषण का या फिर संज्ञा, संज्ञी का। [अतः इन्हीं दो में से कोई एक होना चाहिए।]

तत्रैतत् स्याद्विशेषणविशेष्ये इति ॥

तच्च न, द्वयोर्हि प्रतीतपदार्थकयोर्लोके विशेषणविशेष्यभावो भवति। न चादैच्छब्दः प्रतीतपदार्थकः। तस्मात्संज्ञासंज्ञिनावेव ॥

(सिद्धान्तभाष्यम्)

तत्र त्वेतावान्सन्देहः—कः संज्ञी का संज्ञेति ? स चापि क्व सन्देहः।

प्रदीपः

च्छन्ति । द्वाभ्यां शब्दाभ्यां भिन्नप्रवृत्तिनिमित्ताभ्यामेकस्याधिकरणस्याभिधेयस्य प्रतिपादनाद्विशेषणविशेष्यार्थप्रतिपादनाच्च विशेषणविशेष्यत्वम् ॥ अन्ये तु—नीलमुत्पलमिति प्रवृत्तिनिमित्तयोर्जातिगुणयोरेकमधिकरणमाश्रय इति सामानाधिकरण्यं विशेषणविशेष्यभावं चार्थयोरेव मन्यन्ते ॥ न चादैच्छब्द इति। न ह्यस्य कश्चिल्लौकिकोऽर्थः प्रसिद्ध इत्यर्थः ॥

उद्द्योतः

त्याशयः ॥ अन्ये त्विति । संज्ञासंज्ञिनोस्तूक्तं प्रवृत्तिनिमित्तमिति सामानाधिकरण्यम् । एकविभक्तिकत्वं त्वत्र पक्षे शब्दद्वारा बोध्यम् । विभक्तिशब्देन शक्तिर्वा । भाष्ये संज्ञासंज्ञिनोरित्यस्य तत्प्रवृत्तिनिमित्तयोरित्यर्थः ॥ अन्येत्विति मतेऽरुचिबीजं तु प्रतीतपदार्थकयोरिति बहुव्रीहिस्वरसभङ्गः ॥ विशेषणविशेष्यभावो भवतीत्यस्य तदर्थप्रतिपादकत्वं भवतीत्यर्थः ॥ ननु वैयाकरणानामादैच्छब्दः प्रतीतपदार्थक एवेत्यत आह—नहीति । वृद्धिशब्दार्थान्वययोश्च इति शेषोऽत्र द्रष्टव्यः ॥ केचित्तु वृद्धयादिशब्दाः शब्दपरा एव । वृद्धिशब्दाभिन्ना आदैच इति बोधः । तदुक्तं हरिणा—

"वृद्धयादयो यथा शब्दाः स्वरूपोपनिबन्धनाः ।
आदैच्प्रत्यायितैः शब्दैः सम्बन्धं यान्ति संज्ञिभिः ॥" (वा०प० १।५९)

इति । सामानाधिकरण्यं चैकविशेष्यकप्रतीतिजनकत्वमित्याहुः ॥

भावबोधिनी

[जब समानार्थप्रतिपादकत्व और समान-विभक्तकत्व में दोनों सम्भव हैं] तो यहाँ वृद्धि और आदैच् विशेष्य विशेषण ही रहें, माने जा सकते हैं ।

नहीं, यह नहीं हो सकता, क्योंकि प्रसिद्ध अर्थवाले ही दो पदों का विशेष्य-विशेषणभाव लोक में देखा जाता है । [जिन दोनों पदों के अर्थ प्रसिद्ध होते हैं उन्हीं का अथवा प्रसिद्ध दो पदार्थों का ही विशेष्य-विशेषणभाव लोकव्यवहार में देखा जाता है ।] और आदैच् शब्दों का अर्थ प्रसिद्ध (सर्वज्ञात) नहीं है । इस (उपर्युक्त कारण) से ये वृद्धि और आदैच् संज्ञा और संज्ञी ही हैं ।

[संज्ञा संज्ञी ही हैं, ऐसा निर्णय हो जाता है] तो भी यहाँ यह सन्देह रहता है—कौन संज्ञी है और कौन संज्ञा ?

और इस प्रकार का सन्देह भी कहाँ होता है जहाँ दोनों पद समान अक्षरों वाले

यत्रोभे समानाक्षरे ॥ यत्र त्वन्यतरल्लघु सा संज्ञा, यद्गुरु स संज्ञी ॥

कुत एतत् ?

लघ्वर्थं हि संज्ञाकरणम् ॥ तत्राप्ययं नावश्यं गुरुलघुतामेवोपलक्षयितुमर्हति ॥

किं तर्हि ?

अनाकृतितामपि । अनाकृतिः संज्ञा, आकृतिमन्तः संज्ञिनः । लोकेऽपि ह्याकृतिमतो मांसपिण्डस्य देवदत्त इति संज्ञा क्रियते ॥

(समाधानान्तरभाष्यम्)

अथवाऽऽवर्तिन्यः संज्ञा भवन्ति । वृद्धिशब्दश्चावर्तते, नादैच्छब्दः । तद्यथा—इतरत्रापि देवदत्तशब्द आवर्तते, न मांसपिण्डः ॥

प्रदीपः

आवर्तिन्य इति । देवदत्तादिशब्दा हि दानादिप्रतिपादनायावर्तन्ते ॥

उद्द्योतः

भाष्ये यत्रोभे इति । प्रत्यय, अनीयरित्यादौ ॥ लघ्वर्थमित्यस्य लाघवार्थमित्यर्थः ।

न मांसपिण्ड इति । रस्थस्यापि नामोच्चारणमात्रेण दानादिसम्भवादिति भावः॥

भावबोधिनी

होते हैं । परन्तु जहाँ दोनों में कोई एक लघु (कम अक्षरों वाला) होता है वहाँ वही संज्ञा होता है । जो गुरु (अधिक अक्षरोंवाला) होता है वह संज्ञी होता है ।

ऐसा कैसे [माना जाता] है ?

क्योंकि व्यवहार में लघुता के लिए संज्ञा की जाती है । इसमें भी यह (अध्येता या सूत्रकार या संज्ञा-संज्ञिभाव) केवल गौरव लाघव को ही आवश्यकरूप से निर्णायक नहीं मान सकता ।

तो फिर किसको [निर्णायक मान सकता है] ?

अनाकृतिता (आकृतिहीनता) को भी । संज्ञा अनाकृति = आकृतिरहित और संज्ञी आकृतिमान् होते हैं । कारण स्पष्ट है लोक में भी आकृतिवाले मांसपिण्ड की 'देवदत्त' ऐसी संज्ञा की जाती है । [संज्ञा=मांसपिण्ड आकारवाला है, 'देवदत्त' शब्दरूप होने से आकारहीन है ।]

अथवा [विधिसूत्रों में] जिनकी बारबार आवृत्ति होती है वे संज्ञायें हैं । [विधिसूत्रों में] वृद्धि शब्द की ही बार-बार आवृत्ति होती है, आदैच् शब्द की नहीं । यह उसी प्रकार है जैसे लोक में भी देवदत्त, देवदत्त ऐसा कहकर शब्द की बार-बार आवृत्ति की जाती है, मांसपिण्डरूपी अर्थ की आवृत्ति नहीं की जाती है । [मांसपिण्ड रूपी आकार=अर्थ सामने न रहने पर भी उसका नाम लेकर ही अनेक कार्य सम्पादित किये जाते हैं । इसलिए लाघव, अनाकृति और आवृत्ति—इन तीन कारणों से स्पष्ट है कि 'वृद्धि' संज्ञा है और 'आदैच्' संज्ञी ।]

(समाधानान्तरभाष्यम्)

अथवा पूर्वोच्चारितः संज्ञी, परोच्चारिता संज्ञा ॥

कुत एतत् ?

सतो हि कार्यिणः कार्येण भवितव्यम् ?

तद्यथा—इतरत्रापि सतो मांसपिण्डस्य देवदत्त इति संज्ञा क्रियते ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

कथं "वृद्धिरादैज्" इति ?

(समाधानभाष्यम्)

एतदेकमाचार्यस्य मङ्गलार्थं मृष्यताम् । माङ्गलिक आचार्यो महतः शास्त्रौ-

प्रदीपः

अथवेति । सत्यसति वा संज्ञिनि बुद्धया विषयीकृते शब्देन पूर्वनिर्दिष्टे संज्ञा प्रवर्तत इत्यर्थः ॥ ततश्च—अदेङ् गुण इत्यादावदेङादयः संज्ञिनो गुणादयः संज्ञाः ॥

इह तु मङ्गलार्थोऽन्यथा पाठक्रमः, आर्थस्त्वन्यथा क्रमः । अन्ये तु सिद्धिहेतवो

उद्द्योतः

सतो हीत्यादिना न भावरूपं विवक्षितम्,अभावस्यापि लोपादिसंज्ञादर्शनात् । नापि विद्यमानत्वं, प्रत्ययविधौ संज्ञाविशिष्टस्यापि विधानादत आह—बुद्ध्येति । अत एव 'सावर्णिर्भविता मनुरित्यादौ न दोषः । एवं च सच्छब्देन पूर्वं बुद्धया विषयीकृतत्वं विवक्षितमित्यर्थः ॥ बुद्धिसत्तासमाविष्ट एव चार्थः शब्देन बोध्यत इति सिद्धान्तात् । तत्त्वं हि पूर्वोच्चारितस्यैव भवतीत्याह—शब्देन पूर्वमिति ॥

भाष्ये माङ्गलिको मङ्गलप्रयोजनः ॥ महतः अर्थतः ॥ एकैकं सूत्रं शास्त्रमिति शास्त्रौघस्येत्युक्तम् ॥ मङ्गलादीनीत्यादिना स्वप्रयोजनं श्रोतृप्रयोजनं चोक्तम् ॥ प्रथन्ते= विस्तृतानि भवन्ति । तेन समाप्तिरर्थाक्षिप्ता ॥ आर्थस्त्वन्यथेति । आदैज् वृद्धि-

भावबोधिनी

अथवा [सूत्र में] जिसका उच्चारण पहले होता है वह संज्ञी होता है और जिसका उच्चारण बाद में होता है वह संज्ञा होती है ।

ऐसा कैसे [कहते हो] ?

क्योंकि विद्यमान (अस्तित्वविशिष्ट) कार्यी (पदार्थ) का ही कार्य किया जाता है । अन्यत्र (लोक में) भी विद्यमान मांसपिण्ड की ही 'देवदत्त' ऐसी संज्ञा होती है । [विशेष स्पष्टीकरण प्रदीप-उद्द्योत में देखें ।]

तो 'वृद्धिरादैच्' (१।१।१) यह कैसे ? [इसमें तो 'वृद्धि' संज्ञा का पहले उल्लेख हैं और आदैच् संज्ञी का बाद में] ।

घस्य मङ्गलार्थं वृद्धिशब्दमादितः प्रयुङ्क्ते। मङ्गलादीनि हि शास्त्राणि प्रथन्ते वीरपुरुषकाणि भवन्त्यायुष्मत्पुरुषकाणि चाध्येतारश्च वृद्धियुक्ता यथा स्युरिति॥ सर्वत्रैव हि व्याकरणे पूर्वोच्चारितः संज्ञी, परोच्चारिता संज्ञा "अदेङ् गुणः" इति यथा॥

प्रदीपः

भविष्यन्ति॥ अपृक्त एकाल्प्रत्यय इति तु परिभाषा, न संज्ञेति नास्ति व्यभिचारः। अपृक्तशब्देन ह्येकाकी कथ्यत इत्यनेनानियमेन ग्रहणे प्राप्ते नियमः क्रियते॥

उद्द्योतः

रित्याकारः। आनुपूर्वीज्ञानस्यासत्तिविधया हेतुत्वादिति भावः॥ कथं तर्हि वृद्धिशब्दस्य संज्ञात्वप्रतीतिरत आह—अन्ये त्विति। लाघवादयः। आदैचो वृद्धिपदाभिन्ना इत्यर्थः। एवं चानुपूर्वीव्यत्यासेन विलम्बेन बोधजनकशब्दोच्चारणं मङ्गलार्थं क्षम्यतामिति बोध्यम्। अत्रैकशब्दः प्रथमार्थकः प्रथमं तथाकरणं मङ्गलार्थमेव। एवं चान्यत्रापि तथाकरणमुद्देश्यविधेयभावेनान्वये तादृशस्यैव साधुत्वमिति भ्रमवारणार्थमित्याहुः॥ परिभाषेति। तदा हि यत्रापृक्तपदं तत्रैकालित्याद्युपतिष्ठत इत्यर्थात्प्राथम्यं युक्तमेवेत्यर्थः॥ वस्तुत इदं वृद्धिसूत्रेपि सुवचम्। किं चैवमपृक्तसंज्ञायामित्यादि भाष्यवार्त्तिव्यवहारानुपपत्तिः॥ केचित्तु परिभाषात्वेपि एकाल्प्रत्यय इत्येतदुद्देशेनापृक्तपदवद्देशस्थत्वं विधेयम्, पदपरत्वार्थं तत्रापि लक्षणावश्यकत्वेन सामानाधिकरण्यान्वयार्थं तावत्पर्यन्तलक्षणाया उचितत्वात्। पदत्रयाध्याहारे गौरवाच्च। एवं च परिभाषात्वेऽप्युद्देश्यत्वेन तस्यैव पूर्वपाठो युक्तः। आनुपूर्वीव्यत्यासाद् बोधस्तूभयोः सम इति वदन्ति॥

भावबोधिनी

आचार्य का यह एक (दोष) मङ्गल के लिए सहन कर लेना चाहिए। [यह 'वृद्धि' का पहले प्रयोग मङ्गल के लिए किया गया है।] माङ्गलिक (अध्येताओं का मङ्गल चाहनेवाले) आचार्य [अर्थ की दृष्टि से] महान् शास्त्रौघ (सूत्ररूपी शास्त्रों के समूह) के मङ्गल के लिए 'वृद्धि' शब्द का प्रयोग आदि में करते हैं। कारण यह है कि मंगल जिनके आदि में होता है ऐसे शास्त्र विस्तार प्राप्त करते हैं (उनका विस्तार होता है), और [अध्ययन करनेवाले शास्त्रार्थ में जीतते हैं] वीर (अपराजित) पुरुष वाले होते हैं, आयुष्मान्=दीर्घजीवी पुरुषों वाले होते हैं और अध्येता वृद्धियुक्त होवें—इसलिए ऐसा प्रयोग किया गया है।

व्याकरणशास्त्र में सर्वत्र (अधिकांश स्थलों में) पहले उच्चारित संज्ञी और बाद में उच्चारित संज्ञा होती है। उदाहरणार्थ—'अदेङ्गुणः।' [यहाँ 'अदेङ्' ये संज्ञी हैं, 'गुण' यह संज्ञा है।]

(सिद्धान्तिभाष्यम्)

दोषवान् खल्वपि संज्ञाधिकारः। अष्टमेऽपि हि संज्ञा क्रियते—"तस्य परमाम्रेडितम्" (८।१।२) इति। तत्रापीदमनुवर्त्यं स्यात् ॥

(समाधानान्तरभाष्यम्)

अथवाऽस्थानेऽयं यत्नः क्रियते। न हीदं लोकाद्भिद्यते। यदीदं लोकाद्भिद्येत ततो यत्नार्हं स्यात्। तद्यथा—अगोज्ञाय कश्चिद् गां सक्थनि कर्णे वा गृहीत्वोपदिशति—अयं गौरिति। न चास्मायाचष्टे—'इयमस्य संज्ञा' इति। भवति चास्य संप्रत्ययः ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

तत्रैतत्स्यात्—'कृतस्तत्र पूर्वैरभिसम्बन्धः' इति ॥

प्रदीपः

अस्थान इति। अन्तरेणापि संज्ञाशब्दप्रयोगं लोकव्यवहारवदत्र संज्ञासंज्ञिसम्बन्धः सिध्यतीत्यर्थः ॥

उद्द्योतः

भाष्ये अनुवर्त्यं स्यादिति। तच्चासम्बद्धबहुव्यवायादशक्यमिति भावः ॥

(भाष्ये) अस्थाने=अनवसरे। भिद्यते=विलक्षणं भवतीत्यर्थः ॥

भावबोधिनी

और 'संज्ञा' ऐसा अधिकार दोषवाला भी है। क्योंकि आठवें अध्याय में भी संज्ञा की गई है 'तस्य परम् आम्रेडितम्' (८।१।२) [द्विरुक्त के बादवाले रूप की आम्रेडित संज्ञा होती है।] वहाँ भी इस अधिकार की अनुवृत्ति करनी होगी। [और ऐसा करना कठिन होगा क्योंकि बीच में अनेक सूत्रों से असम्बद्ध का आगे सम्बन्ध करना उचित नहीं है।]

अथवा 'संज्ञा' ऐसा अधिकार रूपी प्रयत्न का यह उचित प्रसंग नहीं है, ऐसा करना ठीक नहीं है। कारण यह है कि यह (संज्ञा—ऐसा निर्देश न करना) लोक से अलग नहीं है। यदि ऐसा करना लोक से भिन्न होता तब तो करना चाहिए था [क्योंकि किसी को ज्ञान नहीं हो सकने से वैसा करना आवश्यक था]। उदाहरणार्थ—लोक में जिसे गाय का ज्ञान (पहचान) नहीं रहता है उसके लिए कोई (गोज्ञाता) व्यक्ति कान या सक्थि (घुटने का ऊपरी हिस्सा, पुट्ठा) को पकड़कर गाय को बतलाता है 'यह गाय है।' परन्तु इस (गाय को न पहचानने वाले) से यह नहीं कहता है 'यह इसकी संज्ञा=नाम है'। और इसे अच्छी प्रकार से ज्ञान हो जाता है, वह गाय को भलीभाँति पहचान लेता है।

ऐसे स्थल पर ऐसा हो सकता है—'वहाँ (गाय के बारे में) पहले के लोगों द्वारा संज्ञा-संज्ञिभाव का व्यवहार हो चुका रहता है।' [अर्थात् जो पहले से 'गो'

(समाधानभाष्यम्)

इहापि कृतः पूर्वैरभिसम्बन्धः ॥

कैः ?

आचार्यैः ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

तत्रैतत् स्यात्—यस्मै तर्हि सम्प्रत्युपदिशति तस्याकृत इति ॥

(समाधानभाष्यम्)

लोकेऽपि हि यस्मै सम्प्रत्युपदिशति तस्याकृतः । अथ तत्र कृतः, इहापि कृतो द्रष्टव्यः ॥

उद्द्योतः

अभिसम्बन्ध = संज्ञासंज्ञिभावः । ततो ज्ञातुं शक्य इति भावः ॥

तस्याकृत इत्यस्य तेनाज्ञात इत्यर्थः । तथा च तेन कथं प्रतिपत्तुं शक्य इति भावः ॥

अथ तत्रेति । अनुमानादिना ज्ञात इत्यर्थः ।

(इति संज्ञाधिकार-संज्ञासंज्ञिसन्देहापाकरणाधिकरणम्)

भावबोधिनी

शब्द और 'सास्नादिमान्' अर्थ पद-पदार्थ का सम्बन्ध जानता है वह व्यवहार करता है उसीसे दूसरों को ज्ञान होता है ।]

यहाँ (वृद्धि और आदैच् के विषय में) भी पूर्ववर्तियों द्वारा अभिसम्बन्ध (संज्ञा-संज्ञिभाव का व्यवहार) किया जा चुका है ।

किनके द्वारा ?

[पूर्ववर्त्ती] आचार्यों के द्वारा । [अतः यहाँ लोक से भिन्न स्थिति नही है ।]

यहाँ ऐसा हो सकता है कि जिसे अब (सबसे पहले) उपदेश (वृद्धि और आदैच् विषयक ज्ञान) कराया जा रहा है उसे तो संज्ञासंज्ञिभाव ज्ञात नहीं है, अज्ञात है। [उसी के लिए संज्ञा का अधिकार किया जाय]

[किन्तु यह बात भी लोक से भिन्न नहीं है क्योंकि] लोक में भी जिसे इस समय (सबसे पहले) गोविषयक ज्ञान कराया जाता है (गो शब्द संज्ञा और मांसपिण्डरूपी अर्थ का ज्ञान कराया जाता है) उसका तो पहले से अज्ञात = असिद्ध ही रहता है । यदि वहाँ (लोक में अनुमानादि से) किया हुआ रहता है तो यहाँ शास्त्र में भी [पहले से] किया हुआ सिद्ध रहता है । [इस प्रकार लोक से भिन्न नहीं होने से 'संज्ञा' इस अधिकार की कोई आवश्यकता नहीं है ।]

(अन्योन्याश्रयपरिहाराधिकरणम्)

(९८ अथान्योन्याश्रयाक्षेपवार्तिकम् ॥ १ ॥)

॥*॥सतो वृद्ध्यादिषु संज्ञाभावात्तदाश्रय इतरेतराश्रयत्वादप्रसिद्धिः॥*॥

(भाष्यम्)

सतः संज्ञिनः संज्ञाभावात्। तदाश्रये संज्ञाश्रये संज्ञिनि वृद्ध्यादिष्वितरेतराश्रयत्वादप्रसिद्धिः ॥

का इतरेतराश्रयता ?

सतामादैचां संज्ञया भवितव्यम्, संज्ञया चादैचो भाव्यन्ते। तदेतदितरेतराश्रयं भवति। इतरेतराश्रयाणि च कार्याणि न प्रकल्पन्ते। तद्यथा—नौर्नावि बद्धा नेतरत्राणाय भवति ॥

प्रदीपः

सतो वृद्ध्यादिष्विति। विधौ चायं दोषो नानुवादे—वृद्धिर्यस्येत्यादौ। तत्र च संज्ञाविधानस्य चरितार्थत्वान्मृजेर्वृद्धिरित्यादौ वृद्धिशब्द एवादेशः प्राप्नोति ॥

उद्द्योतः

सतो वृद्ध्यादिष्विति। सतो निष्पन्नस्य संज्ञाभावात्संज्ञासंबन्धात् तदाश्रये=संज्ञाश्रये संज्ञया संज्ञिविधायके शास्त्रे मृजेर्वृद्धिरित्यादौ॥ वृद्ध्यादिषु वृद्ध्यादिपदेषु ॥ इतरेतराश्रयत्वादप्रसिद्धिः वाक्यार्थाप्रसिद्धिरित्यर्थः। अविद्यमाने संबन्धस्य वक्तुमशक्यत्वादिति भावः ॥

भावबोधिनी

अन्योन्याश्रय दोष का परिहार

(वा०) पहले से विद्यमान संज्ञी पदार्थ की ही [वृद्धि आदि] संज्ञा होने से संज्ञा के आश्रयवाले संज्ञी में वृद्धि आदि में इतरेतराश्रय के कारण [वाक्यार्थ की] अप्रसिद्धि [अनुपपत्ति] होगी।

(भा०) पहले से ही विद्यमान संज्ञी (पदार्थ) की संज्ञा (नाम) की जाती है, इस कारण उस संज्ञा के आश्रय संज्ञी (= संज्ञा द्वारा संज्ञी के विधायक 'मृजेर्वृद्धिः' आदि सूत्र) में वृद्धि आदि पदों में इतरेतराश्रय (अन्योन्याश्रय) दोष के कारण [सूत्र-वाक्यार्थ बोध में] अप्रसिद्धि होने लगेगी, सूत्रार्थबोध सम्भव नहीं हो सकेगा।

यहाँ कौन सा इतरेतराश्रयत्व (अन्योन्याश्रयत्व) दोष है ?

पहले से रहनेवाले आत् ऐच् की वृद्धि संज्ञा होवे और वृद्धि संज्ञा द्वारा आत् ऐच् किये जाते हैं, बनाये जाते हैं। [जब आदैच् रहें तो संज्ञा की जाय और संज्ञा की जाय तो आदैच् बनें।] इस प्रकार एक के होने पर दूसरा और दूसरे के होने पर पहला होने से अन्योन्याश्रय दोष आता है। और अन्योन्याश्रित कार्य नहीं होते हैं। जैसे कि एक नाव में बँधी हुई दूसरी नाव एक दूसरे की रक्षा करने में समर्थ नहीं होती है। [बिना मांझी के किनारे नहीं आ सकती।]

(इतरेतराश्रयिदृष्टान्तभाष्यम्)

ननु च भो इतरेतराश्रयाण्यपि कार्याणि दृश्यन्ते। तद्यथा—नौः शकटं वहति, शकटं च नावं वहति ॥

(दृष्टान्तनिरासभाष्यम्)

अन्यदपि तत्र किंचिद्भवति जलं स्थलं वा। स्थले शकटं नावं वहति। जले नौः शकटं वहति ॥

(इतरेतराश्रयिदृष्टान्तान्तरभाष्यम्)

यथा तर्हि त्रिविष्टब्धकम् ॥

(दृष्टान्तान्तरनिराकरणभाष्यम्)

तत्राप्यन्ततः सूत्रकं भवति ॥

प्रदीपः

ननु च भो इति। नौशकटस्याभिमतदेशान्तरप्राप्तिरितरेतराश्रयेति चोद्यम् ॥

[तत्रापीति।] सामग्र्यन्तरानुप्रवेशेन चोत्तरम् ॥

उद्द्योतः

वहनक्रियायामितरेतराश्रयत्वाभावेपि तत्फलतीत्याह (भाष्ये)—नौःशकेति। सामग्र्यन्तरेति। कारणान्तरेत्यर्थः। सूत्रकं कीलकादि ॥ न च सामान्यलक्षणया भूतभाविसकलविषयकशक्तिग्रहः संभवत्येव। अन्यथा तवापि तत्तद्बोद्धबुद्धौ असंनिहित-सकलाकारविषयकशक्तिग्रहासंभावेनानुवादेपि दोषः स्यात्। सामान्यलक्षणानङ्गीकारेऽपि शक्तिग्रहबोधादीनां समानप्रकारकत्वेनैव कार्यकारणभावाभ्युपगमान्न दोष इति वाच्यम्; जातिप्रकारकशक्तिग्रहस्य स्वाश्रयीभूतसकलव्यक्तिबोधकत्वेप्यनुत्पन्ने

भावबोधिनी

क्योंजी, अन्योन्याश्रय दोष से दूषित भी कार्य होते देखे जाते हैं। जैसे—नाव बैलगाड़ी को ढोती है, और बैलगाड़ी नाव को ढोती है। [यहाँ एक दूसरे को ढोती हैं। अन्योन्याश्रय है तो भी कार्य होता है।]

उक्त कार्य में कुछ और भी तो होता है जल अथवा स्थल। स्थल में बैलगाड़ी नाव को ढोती है। और जल में नाव बैलगाड़ी को ढोती है। [अतः दोनों से भिन्न तीसरा अधिकरण सहायक होता है। अतः यहाँ अन्योन्याश्रय दोष नहीं है।]

अथवा जैसे त्रिविष्टब्धक। [परस्पर बँधे हुए तीन बासों को त्रिविष्टब्धक कहा जाता है। ये तीनों परस्पर मिलकर खड़े होते हैं। जैसा कि लकड़ी आदि तौलते समय तराजू टांगने के लिए बनाये जाते हैं। यहाँ तो तीनों परस्पराश्रित होकर ही कार्य करते हैं। अतः अन्योन्याश्रय दोष कार्यबाधक नहीं है।]

यहाँ [त्रिविष्टब्धक में] भी तीनों के बीच में सूत्रक [रस्सी या कील आदि] होता ही है। [इसी से परस्पर बँधे रहकर कार्य करने में समर्थ देखे जाते हैं।]

(आक्षेपोपसंहारभाष्यम्)

इदं पुनरितरेतराश्रयमेव ॥

(९८ अन्योन्याश्रयवारकसिद्धान्तिवार्तिकम् ॥ २ ॥)

॥ * ॥ सिद्धं तु नित्यशब्दत्वात् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

सिद्धमेतत् ॥

कथम् ?

नित्यशब्दत्वात् । नित्याः शब्दाः, नित्येषु शब्देषु सतामादैचां संज्ञा क्रियते, न च संज्ञया आदैचो भाव्यन्ते ॥

प्रदीपः

सिद्धं त्विति । न हि मृजेर्वृद्धिरपूर्व आकारो भाव्यते किं तु मृजावुपदिष्टे मार्ष्टीत्यादीनामसाधुत्वबुद्धिः प्राप्नोतीति तेषां साधुत्वान्वाख्यानं क्रियते ॥

उद्द्योतः

जात्याश्रयत्वसंबन्धस्य वक्तुमशक्यतया भाविव्यक्तेर्जात्याश्रयत्वाभावात् तद्बोधासंभवेन मृजेर्वृद्धिरित्यत्र तज्जन्योत्पत्तिज्ञप्त्योः परस्पराश्रय इति भावात् । वृद्धिरादैजित्यस्य विद्यमानेषु बुद्धिस्थेषु चारितार्थ्येन भाविनामुद्देश्यत्वासंभवेन तत्र वृद्धिपदस्य शक्तिग्रहासंभवाच्च ।

यद्यप्यस्य सूत्रस्य शाटकं वयेत्यादाविव भाविसंज्ञाविज्ञानेन सिध्यति, यथा च तत्रोत्पत्त्यनन्तरं गृहीतशक्तिकशाटकसादृश्याच्छाटकपदशक्तिग्रहस्तथा प्रकृतेपि स्पष्टं चेदमिग्यण इति सूत्रे भाष्ये । तथाप्यत्र वास्तवमेव परिहारमाह—भाष्ये सिद्धं त्विति । एतच्च मञ्जूषायां विस्तरेण निरूपितम् ॥

भावबोधिनी

परन्तु प्रस्तुत स्थल में तो यह [वृद्धि संज्ञा और आदैच् संज्ञी] इतरेतराश्रित ही हैं। [अतः इनसे बोध नहीं हो सकेगा ।]

(वा०) शब्द नित्य होने से यहाँ कार्य सिद्ध है ।

(भा०) यह सिद्ध है । [अन्योन्याश्रय दोष का परिहार सिद्ध है ।]

कैसे ?

शब्द नित्य होने से । शब्द नित्य हैं, नित्य शब्दों में विद्यमान ही आदैच् की वृद्धि संज्ञा की जाती है, यह नहीं है कि वृद्धि संज्ञा से आदैच् बनाये या उत्पन्न कराये जाते हैं ।

(आक्षेपभाष्यम्)

यदि तर्हि नित्याः शब्दाः, किमर्थं शास्त्रम् ?

(९९ आक्षेपवारकसिद्धान्तिवार्तिकम् ॥ ३ ॥)

॥ * ॥ किमर्थं शास्त्रमिति चेन्निवर्तकत्वात्सिद्धम् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

निवर्तकं शास्त्रम् ॥

कथम् ?

मृजिरस्मायविशेषेणोपदिष्टः। तस्य सर्वत्र मृजिबुद्धिः प्रसक्ता। तत्रानेन निवृत्तिः क्रियते—मृजेरक्ङित्सु प्रत्ययेषु मृजिप्रसङ्गे मार्जिः साधुर्भवतीति ॥

(इत्यन्योन्याश्रयनिराकरणाधिकरणम्)

(अथ समुदितसंज्ञानिराकरणाधिकरणम्)

(१०० आक्षेपवार्तिकम् ॥ ४ ॥)

[॥ * ॥ वृद्धिगुणसंज्ञयोः प्रत्येकं वचनम्[1] ॥ * ॥]

भावबोधिनी

शब्दनित्यत्वपक्ष में शास्त्र की उपयोगिता

यदि शब्द नित्य हैं तो व्याकरण शास्त्र किस लिए है ?

(वा०) यदि पूछो कि शास्त्र किस लिए है ? निवर्त्तक होने से [इसकी उपयोगिता] सिद्ध है।

(भा०) शास्त्र निवर्त्तक है। [अप्रसङ्ग में शास्त्र की प्रवृत्ति रोकना शास्त्र का प्रयोजन है।]

कैसे ?

इस (साधुशब्द के जिज्ञासु) के लिए 'मृज्' (मृजूष्) धातु का सामान्यरूप से (शुद्ध अकेला) उपदेश [धातुपाठ में] किया गया है। इस (जिज्ञासु) की तिबादि सभी स्थलों पर 'मृज्' इसी प्रकार बुद्धि होती है, वह सभी में 'मृज्' रूप को ही शुद्ध समझता है। इसी प्रकार की बुद्धि के होने पर यह ["मृजेर्वृद्धिः" सूत्र मृज् बुद्धि की] निवृत्ति करता है—कित् और ङित् से भिन्न प्रत्यय होने पर 'मृज्' के स्थान पर 'मार्ज्' यह रूप शुद्ध होता है। [अतः अनिष्ट की निवृत्ति कराते हुए इष्ट की उपपत्ति कराना ही शास्त्र का फल है,नवीन शब्दों की उत्पत्ति कराना नहीं। अतः शब्दनित्यत्व पक्ष में शास्त्र की उपयोगिता सुरक्षित है।]

---

[1] टि० इदं वार्त्तिकमेतदीयं भाष्यं च न सर्वत्रोपलभ्यते, उपयोगित्वादत्रापि संयोजितम्।

(भाष्यम्)

[वृद्धिगुणसंज्ञयोः प्रत्येकं ग्रहणं कर्तव्यम् ॥]

प्रत्येकं वृद्धिगुणसंज्ञे भवत इति वक्तव्यम् ॥

किं प्रयोजनम् ?

समुदाये मा भूतामिति ॥

(१०१ आक्षेपवारकसिद्धान्तिवार्तिकम् ॥ ५ ॥)

॥ * ॥ अन्यत्र सहवचनात्समुदाये संज्ञाऽप्रसङ्गः ॥ * ॥

(भाष्यम्)

अन्यत्र सहवचनात्समुदाये वृद्धिगुणसंज्ञयोरप्रसङ्गः । यत्रेच्छति सहभूतानां

प्रदीपः

प्रत्येकमिति । यद्यपि नित्यशब्दत्वेनेतदपि व्यवतिष्ठते तथापि न्यायव्युत्पादनायोपन्यासः ॥ समुदाये मा भूतामिति । अन्यथा मृजेर्वृद्धिरित्यादौ समुदाय आदेशः प्राप्नोति । समुदायावयवसन्निधौ क्व तात्पर्यं कस्य च नान्तरीयकत्वमिति विचार्यते ॥

अन्यत्रेति । यत्नसाध्या समुदायप्रतिपत्तिरिति यत्नाभावे न भवतीत्यर्थः ॥ ननु

उद्द्योतः

न्यायेति । वक्ष्यमाणन्यायद्वयेत्यर्थः ॥ ननु वृद्धिर्यस्येत्यादौ समुदायासम्भवात् प्रत्येकमेव संज्ञेत्यत आह—अन्यथेति । एवं च तमादाय तत्रापि सम्भवः । द्वन्द्वनिर्देशात् समुदायस्यैव स्यादिति भावः ॥ समुदायेति । "मातापित्रोर्मृतेऽहनी"तिवद्बोधे साहित्यं न तु क्रियानिष्पत्तौ इति भावः ॥

भावबोधिनी

समुदितों की संज्ञा का निराकरण

(वा०) वृद्धि और गुण संज्ञाओं में 'प्रत्येक' की ऐसा कहना चाहिए ।

(भा०) वृद्धि संज्ञा और गुण संज्ञा में 'प्रत्येक' का ग्रहण करना चाहिए । [आ, ऐ, औ में] प्रत्येक वृद्धिसंज्ञावाला [और अ, ए, ओ में प्रत्येक] गुण संज्ञा वाला होता है—ऐसा कहना चाहिए ।

['प्रत्येक' इसे कहने का] क्या प्रयोजन है ?

[आ, ऐ, औ इस समुदाय और अ, ए, ओ इस] समुदाय की वृद्धि संज्ञा और गुण संज्ञा न होने लगे ।

(वा०) अन्य सूत्रों में 'सह' का ग्रहण करने के कारण समुदाय में संज्ञा होने का प्रसङ्ग नहीं है ।

(भा०) अन्यत्र अर्थात् इन संज्ञा सूत्रों से भिन्न सूत्रों में 'सह' शब्द का ग्रहण

कार्यं करोति तत्र सहग्रहणम्। तद्यथा "सह सुपा" (२।१।४) "उभे अभ्यस्तं सह" (६।१।२१) इति ॥

(१०२ आक्षेपवारकसिद्धान्तिवार्तिकम् ॥ ६ ॥)

॥ * ॥ प्रत्यवयवं च वाक्यपरिसमाप्तेः ॥ * ॥

(भाष्यम्)

प्रत्यवयवं च वाक्यपरिसमाप्तिर्दृश्यते। तद्यथा—देवदत्तयज्ञदत्तविष्णुमित्त्रा

प्रदीपः

सहग्रहणं नियमार्थं स्यात्समुदायस्यैव समाससंज्ञा यथा स्यान्नावयवानामिति ॥ नैतदस्ति, उभयत्र तात्पर्याभावाद्युगपदुभयत्र प्रसङ्गाभावाल्लिङ्गत्वमेव सहग्रहणस्यान्यत्र समुदाये तात्पर्यं नास्तीत्यस्यार्थस्य ॥ उभे अभ्यस्तं सहेति। अत्र सहग्रहणे वार्तिककारस्य[1] कर्तव्यत्वेन स्थितम्। भाष्यकारस्तूभेग्रहणस्यैतत्प्रयोजनं स्थापयिष्यति ॥

प्रत्यवयवं चेति। अत्र वाक्यशब्देन वाक्यार्थः फलमुच्यते। तच्च देवदत्तादीनां भोजनम्। तस्य चैतदेव रूपं यत्प्रत्येकपरिसमाप्त्या सम्पद्यतेऽन्नादनादिरूपत्वात्तृप्ति-

उद्द्योतः

उभयत्रेति। समुदायेऽवयवे चेत्यर्थः ॥ उभयत्र तात्पर्याभावे हेतुर्युगपदिति। फलाभावादिति भावः ॥ यद्यपि पर्यायः प्राप्नोति, तथापि समासविधिनियमोभयपरत्वे गौरवमित्यतो लिङ्गत्वकल्पनमेवोचितमित्यत्र तात्पर्यम् ॥ भाष्यकारस्त्विति। तदेकदेशीत्यर्थः। द्वे इत्यनुवृत्त्यैव सिद्धे उभेग्रहणं सहार्थकमिति भावः ॥

न ज्ञापकादेव, किं तु युक्तितोपि प्रत्येकं संज्ञेत्याह भाष्ये—प्रत्यवयवमिति ॥ ननु प्रत्येकं वाक्यपरिसमाप्तिमुपक्रम्य प्रत्येकं भुजिसमाप्त्युक्तिरयुक्ता, न हि भुज्यर्थोऽत्र

भावबोधिनी

रहता है [अतः वहाँ वह विधि समूह में प्रवृत्त है, यहाँ 'सह' का ग्रहण नहीं है।] इसलिए [आ, ऐ, औ तथा अ, ए, ओ इनके] समूह में वृद्धि संज्ञा और गुणसंज्ञा का प्रसङ्ग नहीं आता है। आचार्य पाणिनि जहाँ सहभूत=सम्मिलितों की संज्ञा का कार्य करना चाहते हैं वहाँ 'सह' का ग्रहण करते हैं। जैसा कि 'सह सुपा' (२।१।४) और 'उभे अभ्यस्तम्' (६।१।५) में 'सह' [और उभे] किया है।

(वा०) और प्रत्येक अवयव में वाक्यार्थ की परिसमाप्ति होने से भी ['प्रत्येक' ग्रहण आवश्यक नहीं है]।

(भा०) वाक्यघटक प्रत्येक अवयव में वाक्य (वाक्यार्थ भोजनादिफल) की परिसमाप्ति (पर्यवसान) देखी जाती है। उदाहरणार्थ—देवदत्त-यज्ञदत्त-विष्णुमित्राः

---

१. यह 'सह' ग्रहण वार्त्तिककार ने कहा है। देखें प्रदीप०

भोज्यन्तामिति। न चोच्यते प्रत्येकमिति। प्रत्येकं च भुजिः परिसमाप्यते॥

(आक्षेपभाष्यम्)

ननु चायमप्यस्ति दृष्टान्तः—"समुदाये वाक्यपरिसमाप्तिः" इति। तद्यथा—

प्रदीपः

फलत्वाच्च भोजनस्य। नाटचक्रिया तु समुदाये समाप्यते। गीतादिक्रियासमुदायरूपत्वात्तस्याः। संयोगसंज्ञा त्वन्वर्थत्वात्समुदाये प्रवर्तते। वृद्धिसंज्ञा तु लक्ष्ये पृथगादैचां दर्शनाद् मालादीनां चेति लिङ्गाच्च प्रत्येकं व्यतिष्ठते॥

गर्गाः शतं दण्डयन्तामिति। अत्र शतस्येप्सिततमत्वात् प्राधान्यम्, अपादानस्यान-

उद्द्योतः

वाक्यार्थः। किं तु ण्यन्तार्थोत आह—अत्रेति। वाक्यार्थस्तु अत्र प्रयोजकव्यापारस्तस्य समुदायविषयत्वसम्भवात्फलग्रहणम्। तच्च प्रयोज्यव्यापाररूपमित्याह—तच्चेति॥ ननु विशिष्टपरिमाणस्यादनीयस्य भोजनक्रिया समुदाये पर्याप्तेत्यपि वक्तुं शक्यमत आह—तृप्तिफलत्वाच्चेति॥ सर्वापि क्रिया प्रत्येकं समाप्यत इति भ्रमो न कार्य इत्याह—नाटचेति॥ गीतादीति। आदिना नृत्तवाद्यादि॥ अन्वर्थत्वात्—संयुज्यन्ते वर्णा अत्रेति॥ लक्ष्यानुसारात्तत्र समुदाये वाक्यपरिसमाप्तेराश्रयणमिति तत्त्वम्॥ प्रकृतेऽन्यतरन्यायाश्रयणे हेतुमाह—वृद्धिसंज्ञेति॥ लिङ्गादिति। प्रस्थेऽवृद्धमिति निषेधबाधनार्थं हि तदिति भावः॥ न च नामधेयरूपमानादीनामाद्युदात्तार्थं तत्; तस्य वा नामधेयस्येति पक्षे वृद्धत्वादिति वाच्यम्; अभिव्यक्तेति न्यायेन तत्राप्रवृत्तेः॥

समुदाये समाप्तौ युक्तिमाह—अत्र शतस्येति। एवं चाकथितसूत्रे दण्डिरपि परिगणनीय इति भाव इत्येके॥ उद्देश्यत्वरूपमार्थं प्राधान्यं शतस्येत्यनुद्देश्यत्वेन गर्गा गुणकर्म। दण्डेश्च स्वसम्प्रदानकदानानुकूलव्यापारानुकूलव्यापारः शासनरूपोऽर्थः।

भावबोधिनी

भोज्यन्ताम्' (देवदत्त, यज्ञदत्त और विष्णुमित्र खिलाये जायँ)। इस वाक्य में 'प्रत्येक' ऐसा नहीं कहा जाता है, अर्थात् तीनों में प्रत्येक को भोजन कराया जाय, ऐसा नहीं कहा जाता है किन्तु भोजन क्रिया तो प्रत्येक में पर्यवसित होती है। [इसी प्रकार 'प्रत्येक' ऐसा कहे बिना भी प्रत्येक की ही वृद्धि और गुण संज्ञा होगी समूह की नहीं[1]।]

क्यों श्रीमन्! यह भी तो दृष्टान्त है—"समुदाय में वाक्यार्थ की परिसमाप्ति होती है।" उदाहरणार्थ—'गर्गाः शतं दण्डयन्ताम्।' (गर्ग-गोत्रोत्पन्न लोगों से सौ रुपये

---

१. कहाँ प्रत्येक का और कहाँ समूह का उपयोग होता है—इसके लिए कैयटीय प्रदीप देखें।

'गर्गाः शतं दण्ड्यन्ताम्' इति । अर्थिनश्च राजानो हिरण्येन भवन्ति । न च प्रत्येकं दण्डयन्ति ॥

(समाधानभाष्यम्)

सत्येतस्मिन्दृष्टान्ते यदि तत्र सह ग्रहणं क्रियते, इहापि प्रत्येकमिति वक्तव्यम् । अथ तत्रान्तरेण सहग्रहणं सहभूतानां कार्यं भवति, इहापि नार्थः प्रत्येकमिति वचनेन ॥

प्रदीपः

प्राप्ता गर्गा गुणकर्म, न च गुणभेदे प्रधानस्य भेद इति शतदण्डनं समूहे परिसमाप्यते ॥ अर्थिनश्चेति । शतस्य प्राधान्यं प्रतिपाद्यते । दण्डपरायां हि चोदनायां शतस्य प्राधान्यमतो वाक्यादवगम्यते ॥

अथ तत्रान्तरेणेति । न्यायादन्वर्थत्वाच्च समाससंज्ञायाः समुदाये परिसमाप्तौ

उद्द्योतः

शासनं नियन्त्रणम् । तत्र ण्यन्त इव 'कर्तुरि'त्युभयोः कर्मत्वम् । कर्तृप्रत्ययसमभिव्याहारे धात्वर्थप्रधानव्यापारविशेषणफलाश्रयत्वेन गर्गाणां शाब्दं प्राधान्यम् । तत्रैव प्रधाने कर्मणि लकारः । "प्रधानकर्मण्याख्येये लादीनाहुर्द्विकर्मणाम्" इत्युक्तेः । दुहादिष्वस्याप्रामाणिकः पाठ इति वक्ष्यते ॥ अपादानस्थानप्राप्ता इत्यनेन चानुद्देश्यत्वमात्रमभिप्रेतमिति परे ॥ शतस्य प्राधान्यमिति । शारीराभिहननलक्षणदण्डव्यावर्तनेनेति भावः ॥

नन्वन्तरेणापीति वाच्ये सार्वकालिकासत्त्वप्रतिपादकमपिशब्दरहितमयुक्तमत

भावबोधिनी

दण्ड (जुर्माना) लिया जाय ।) राजा लोग तो हिरण्य (धन) को लेने वाले होते हैं किन्तु वे प्रत्येक से सौ सौ रुपये दण्ड नहीं लेते हैं । [सभी से मिलाकर सौ रुपये दण्ड लेते हैं । अतः यहाँ दण्ड क्रिया में सौ का प्राधान्य है ।]

इस (द्वितीय) दृष्टान्त के होने पर यदि [भोजनन्याय संभव मानकर] वहाँ ('सह सुपा' आदि सूत्रों में) 'सह' का ग्रहण किया जाता है तब तो प्रस्तुत स्थल में भी (गर्ग-दण्डनन्याय संभव होने से) 'प्रत्येक' यह कहना चाहिए ।

यदि वहाँ ('सह सुपा' से होने वाली समास संज्ञा में) सह—ग्रहण के बिना ही सहभूत = समुदाय का कार्य (समास संज्ञा) होता है तो प्रस्तुत स्थल (वृद्धि संज्ञा) में भी 'प्रत्येक' इस वचन की कोई आवश्यकता नहीं है ।

विमर्श—'देवदत्तयज्ञदत्तविष्णुमित्राः भोज्यन्ताम्' इस लौकिक दृष्टान्त से यह ज्ञात होता है कि प्रत्येक का कथन किये बिना भी प्रत्येक को भोजन कराया जाता है । अतः वाक्यार्थ = भोजन रूप फल का प्रत्येक में पर्यवसान होता है । इसके विपरीत

(आक्षेपभाष्यम्)

इग्ग्रहणं किमर्थम् ?

(१०५ समाधानवार्तिकम् ॥ १ ॥)

॥ * ॥ इग्ग्रहणमात्सन्ध्यक्षरव्यञ्जननिवृत्त्यर्थम् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

इग्ग्रहणं क्रियते ॥

किं प्रयोजनम् ?

आकारनिवृत्त्यर्थं सन्ध्यक्षरनिवृत्त्यर्थं व्यञ्जननिवृत्त्यर्थं च ॥

प्रदीपः

इको गुणवृद्धी ॥ ३ ॥ इग्ग्रहणमिति । वक्ष्यमाणज्ञापकवशादाकारादिनिरासादिक एव गुणवृद्धी भविष्यत इति प्रश्नः ॥

आत्सन्ध्यक्षरेति । आकारादीनां स्थानित्वस्य निवृत्त्यर्थमित्यर्थः ॥

उद्द्योतः

इको गुण० ॥ ३ ॥ गुणवृद्धिग्रहणस्योत्तरत्र निषेध्यसमर्पणायावश्यकत्वेऽपि इक्पदस्येक स्थान इत्यर्थार्थमावश्यकत्वेऽपि योगविभागविषयकोऽयं प्रश्नो भाष्ये इग्ग्रहणमिति ॥

ननु इग्ग्रहणेनाकारादीनां निवृत्तिरशक्या कर्तुमत आह—स्थानित्वस्येति ॥

भावबोधिनी

इक्—इसके ग्रहण की उपयोगिता का उपपादन

[प्रस्तुत सूत्र में] 'इक्' का ग्रहण किस लिए है ?

(वा०) इक् का ग्रहण आत् (आ), सन्ध्यक्षर (ऐ, औ) और व्यञ्जनों की निवृत्ति के लिए है।

भा०) इक् का ग्रहण किया जाता है।

[इक् का] क्या प्रयोजन है ?

आकार की निवृत्ति के लिए, सन्ध्यक्षरों की निवृत्ति के लिए और व्यञ्जनों की निवृत्ति के लिए।

विमर्श—प्रस्तुत सूत्र इक्=इ, उ, ऋ, ऌ के स्थान पर ही गुण और वृद्धि का नियम करता है। यदि इस सूत्र में इक् का ग्रहण नहीं होगा तो स्थानी का नियम नहीं हो सकेगा और आ, ऐ, औ तथा व्यञ्जन इन सभी स्थानियों के स्थान पर गुण और वृद्धि होने का प्रसंग आने लगेगा। अतः इक् का ग्रहण करने से यह नियम बन जाता है कि गुण और वृद्धि इक् के स्थान पर ही होती है, दूसरे के स्थान पर

नोट—कृपया पृ० सं० ३३७–३५२ को ३२५–३४० समझ कर पढ़ें।

(प्रथमप्रयोजनोपपादनभाष्यम्)

आकारनिवृत्त्यर्थं तावद्—याता वाता । आकारस्य गुणः प्राप्नोति । इग्ग्रहणान्न भवति ॥

(द्वितीयप्रयोजनोपपादनभाष्यम्)

सन्ध्यक्षरनिवृत्त्यर्थम्—ग्लायति म्लायति । सन्ध्यक्षरस्य गुणः प्राप्नोति । इग्ग्रहणान्न भवति ॥

प्रदीपः

आकारस्याङ्गान्त्यस्य वृद्धिविधावभावाद्विशेषाभावाच्चाकारस्य चातो लोप इति लोपविधानादाकारस्य गुणप्रसङ्गमुदाहरति—यातेति ॥

ग्लायतीति । एचां द्विमात्रत्वाविशेषात् प्रयत्नाधिक्याभावादैकारोपदेशेऽप्येकारो गुणः स्यात् ॥

उद्द्योतः

ननु आकारस्य वृद्ध्युदाहरणादाने गुणांशे च अकारोदाहरणादाने किं बीजमत आह—आकारस्येति । वृद्धिविधौ सिचिवृद्धिविधौ । अयासीदित्यादौ अपवादत्वात्सगिड्भ्यां सा बाध्यते इति भावः ॥ इतरवृद्धिविधौ सम्भवेऽप्याह—विशेषाभावादिति । अकारस्येति । ण्यल्लोपाविति पूर्वविप्रतिषेधेनातो लोपस्य वृद्धिगुणबाधकत्वादिति भावः ॥ पुत्रीयतीत्यादौ त्वविशेष इति बोध्यम् । आकारस्य गुणेति । सार्वधातुकार्धधातुकयोरित्यनेन ॥

नन्वैकारोच्चारणसामर्थ्याद् गुणो नेत्यत आह—एचामिति । सर्वेषां विवृत एव प्रयत्न इत्यभिमानः ॥

भावबोधिनी

नहीं । इस नियम के कारण यह परिभाषा सूत्र माना जाता है । इक् ग्रहण के कारण होनेवाले प्रयोजनों पर आगे विचार किया जा रहा है ।

(अनु०) आकार [स्थानी] की निवृत्ति के लिए उदा०—याता, वाता ['या' और 'वा' से लुट् लकार या तृच् प्रत्यय का रूप है ।] इनमें [या के] आकार के स्थान पर ['सार्वधातुकार्धधातुकयोः' (७।३।८४सूत्र से) गुण (अ) प्राप्त होता है परन्तु [इस परिभाषा सूत्र में] इक् के ग्रहण के कारण नहीं होता है । क्योंकि 'आ' इक् नहीं हैं ।]

सन्ध्यक्षरों (ऐ, औ इन स्थानियों) की निवृत्ति के लिए—ग्लायति, म्लायति । [ग्लै + अति, म्लै + अति इनमें] सन्ध्यक्षरों का गुण प्राप्त होता है । इक् ग्रहण के कारण नहीं होता है । [क्योंकि सन्ध्यक्षर इक् नहीं हैं । अतः इनके स्थान में भी गुण न हो ।].

(तृतीयप्रयोजनोपपादनभाष्यम्)

व्यञ्जननिवृत्त्यर्थम्—उम्भिता उम्भितुम् उम्भितव्यम् । व्यञ्जनस्य गुणः प्राप्नोति । इग्ग्रहणान्न भवति ॥

(प्रथमप्रयोजननिराकरणभाष्यम्)

आकारनिवृत्त्यर्थेन तावन्नार्थः । आचार्यप्रवृत्तिर्ज्ञापयति—नाकारस्य गुणो भवतीति । यदयम् "आतोऽनुपसर्गे कः" (३।२।३) इति ककारमनुबन्धं करोति ॥

कथं कृत्वा ज्ञापकम् ?

कित्करण एतत्प्रयोजनम्—कितीत्याकारलोपो यथा स्याद् । यदि चाकारस्य गुणः स्यात्, कित्करणमनर्थकं स्याद् । गुणे कृते द्वयोरकारयोः पररूपेण सिद्धं रूपं स्याद्—गोदः कम्बलद इति । पश्यति त्वाचार्यो—नाकारस्य गुणो भवतीति,

प्रदीपः

उम्भितेति । भकारस्यौष्ठ्यत्वादोकारो गुणः स्यात् ॥

पररूपेणेति । अतो लोपस्तु न भवत्यार्धधातुकोपदेशे यदकारान्तं तस्य लोपविधानात् ॥

उद्द्योतः

आर्धधातुकोपदेश इति । गुणनिष्पन्नश्च तदुत्तरकालिक इति भावः ॥

भावबोधिनी

व्यञ्जन (स्थानी) की निवृत्ति के लिए—उम्भिता, उम्भितुम्, उम्भितव्यम् । इनमें [उम्भ् का भकार ओष्ठ्य है अतः उसके स्थान पर ओ गुण प्राप्त होता है—] व्यञ्जन = भ् का गुण प्राप्त होता है किन्तु इक् के ग्रहण के कारण नहीं होता है । [क्योंकि भ् व्यञ्जन इक् में नहीं है ।]

उक्त प्रयोजनों का खण्डन

[प्रथम प्रयोजन का खण्डन] आकार [के स्थानित्व] की निवृत्ति के लिए [इक् ग्रहण] प्रयोजन नहीं है । क्योंकि आचार्य (पाणिनि) की प्रवृत्ति यह ज्ञापित करती है—आकार का गुण नहीं होता है । जो कि आचार्य 'आतोऽनुपसर्गे कः'' (३।२।३) इस सूत्र से विहित प्रत्यय में 'क्' अनुबन्ध लगाते हैं । [क प्रत्यय में क् व्यञ्जन अनुबन्ध होने से लुप्त होने पर 'अ' ही शेष बचता है ।]

किस प्रकार से ज्ञापक होता है ?

कित् करने में यह प्रयोजन है—कित् प्रत्यय परे रहते ['आतो लोप इटि च' ६।४।६४ सूत्र से धातु के] आकार का लोप जिस प्रकार से हो सके । यदि आकार

ततः ककारमनुबन्धं करोति[१] ॥

(द्वितीयप्रयोजननिराकरणभाष्यम्)

सन्ध्यक्षरनिवृत्त्यर्थेनापि नार्थः । उपदेशसामर्थ्यात्सन्ध्यक्षरस्य गुणो न भवति ॥

(तृतीयप्रयोजननिराकरणभाष्यम्)

व्यञ्जननिवृत्त्यर्थेनापि नार्थः । आचार्यप्रवृत्तिर्ज्ञापयति—न व्यञ्जनस्य गुणो भवतीति । यदयं जनेडं शास्ति ॥

प्रदीपः

उपदेशसामर्थ्यादिति । प्रतिपत्तिलाघवार्थमेकारमेवोपदिशेदित्यर्थः ॥

उद्द्योतः

प्रतिपत्तिलाघवम् प्रक्रियालाघवम् । "तेभ्योऽपि विवृतावेङौ ताभ्यामैचौ तथैव च ॥" इति पाणिनीयशिक्षोक्तेः प्रयत्नलाघवमपि बोध्यम् ॥

भावबोधिनी

के स्थान में भी गुण हो पाता तो [क को] कित् करना अनर्थक हो जाता[१] । क्योंकि [आ का] गुण [अ] कर देने पर दोनों अकारों के स्थान पर पररूप कर देने से रूप सिद्ध हो जाता—गोदः, कम्बलदः । परन्तु आचार्य पाणिनि यह देखते हैं कि—आ का गुण नहीं होता है । अतः [आ का लोप करने के लिए] ककार को अनुबन्ध बनाते हैं ।

[द्वितीय प्रयोजन का खण्डन]

सन्ध्यक्षर ऐ औ [के स्थानित्व] की निवृत्ति के लिये भी मानना व्यर्थ है क्योंकि ऐ, औ इनके उपदेश करने के सामर्थ्य से ही ज्ञात होता है कि] सन्ध्यक्षरों का गुण नहीं होता है । [यदि ऐ औ का उपदेश करने के बाद गुण करके ए ओ करना पाणिनि को इष्ट होता तो लाघव की दृष्टि से पहले 'ए ओ' का ही उपदेश कर देते । परन्तु ऐसा नहीं किया है । अतः यह ज्ञापित करता है कि इन सन्ध्यक्षरों ऐ, औ के स्थान पर गुण नहीं होते हैं । अतः द्वितीय प्रयोजन भी नहीं है ।]

[तृतीय प्रयोजन का खण्डन]

व्यञ्जन [के स्थानित्व] की निवृत्ति के लिए भी मानना व्यर्थ है । । क्योंकि आचार्य की प्रवृत्ति ज्ञापित करती है—व्यञ्जन के स्थान पर गुण नहीं होता है । क्योंकि ये आचार्य 'जन' धातु से 'ड' प्रत्यय का अनुशासन (विधान) करते हैं ।

---

१. गां ददाति—इस विग्रह में 'आतोऽनुपसर्गे कः'' से 'क' प्रत्यय क् अनुबन्ध की इत्संज्ञा, लोप, उपपद समास, विभक्तिलोप—गोदा + अ । यदि आ का गुण होता तो गोद + अ बनने पर 'अतो गुणे' सूत्र से पररूप हो जाता—गोदः बन ही जाता । क् अनुबन्ध की क्या आवश्यकता थी । यह क् आलोप के लिए ही है । अतः ज्ञापक बनता है—आकार का गुण नहीं होता है ।

कथं कृत्वा ज्ञापकम् ?

डित्करण एतत्प्रयोजनम्—डितीति टिलोपो यथा स्याद्। यदि व्यञ्जनस्य गुणः स्याद् डित्करणमनर्थकं स्याद्। गुणे कृते त्रयाणामकाराणां पररूपेण सिद्धं रूपं स्यादुपसरजो मन्दुरज इति। पश्यति त्वाचार्यो—न व्यञ्जनस्य गुणो भवतीति। ततो जनेर्डं शास्ति॥

(प्रथमप्रयोजनबाधकज्ञापकनिराकरणभाष्यम्)

नैतानि सन्ति ज्ञापकानि। यत्तावदुच्यते—कित्करणं ज्ञापकं नाकारस्य

प्रदीपः

यदयं जनेरिति। यद्येवं मिदेर्गुणो विधीयमानो ज्ञापकेन व्यञ्जनस्य निरस्तत्वादिग्ग्रहणाभावाच्च सर्वादेशः प्राप्नोति। मिद इर्मिदिरित्याश्रयणादिकारस्यैव भविष्यतीत्यदोषः॥

उद्द्योतः

इग्ग्रहणेति। ततश्च मिदेरिति नावयवषष्ठी, किन्तु स्थानषष्ठीति सर्वादेशो गुणः स्यादित्यर्थः॥

भावबोधिनी

किस प्रकार से ज्ञापक होता है ?

डित् करने में यही प्रयोजन है–डित् परे रहते ['टेः' ६।४।१४३ सूत्र से पूर्व की] टि का लोप जिस प्रकार से हो सके। यदि व्यञ्जन का भी गुण हो सकता तो डित् करना व्यर्थ हो जाता,क्योंकि गुण कर देने पर तीनों अकारों का [दो बार]पररूप कर देने पर इष्ट रूप सिद्ध ही हो जाता–उपसरजः, मन्दुरजः। परन्तु आचार्य पाणिनि यह देखते हैं कि—व्यञ्जन का गुण नहीं होता है। इसीलिए 'जन् धातु से ड होता है' (३।२।९७) ऐसा 'ड' का विधान करते हैं।

विमर्श—मन्दुरायां जायते—इस विग्रह में 'जनेर्डः' सूत्र से 'ड' प्रत्यय ड् अनुबन्ध लोप, उपपद समास, विभक्तिलोप के बाद मन्दुरा जन्+अ बनता है। यदि 'न' व्यञ्जन का भी गुण होता तो ज+अ+अ में 'अतो गुणे' सूत्र से दो बार पररूप एकादेश कर देने पर–'मन्दुरजः' आदि रूप बनना सम्भव था। तब टि का लोप करने के लिए डित् प्रत्यय की क्या आवश्यकता थी। वही डित् करण व्यर्थ होकर ज्ञापित करता है कि व्यञ्जन का गुण नहीं होता है। अतः जन् की टि का लोप करने के लिये डित् करण चरितार्थ होता है। इस प्रकार यह तीसरा प्रयोजन भी नहीं है।],

ज्ञापकों का खण्डन--इक् ग्रहण की आवश्यकता

ये पूर्वोक्त ज्ञापक नहीं [बन सकते] हैं। जो यह कहा जाता है—'कित् करण

गुणो भवतीति ॥ उत्तरार्थमेतत्स्यात्—"तुन्दशोकयोः परिमृजापनुदोः" (३।२।५) इति ॥

(प्रथमप्रयोजनबाधकज्ञापकान्तरभाष्यम्)

यर्त्तहि "गापोष्टक्" (३।२।८) इत्यनन्यार्थं ककारमनुबन्धं करोति ॥

(द्वितीयप्रयोजनबाधकसामर्थ्यदूषकभाष्यम्)

यदप्युच्यते—उपदेशसामर्थ्यात्सन्ध्यक्षरस्य गुणो न भवतीति ॥ यदि—

प्रदीपः

यत्तावदिति । विशेषप्रतिपादनाय सकलज्ञापकाक्षेपः । केचिदाहु—टकः कित्वेन ज्ञापकेनाकारनिवृत्त्यर्थत्वे निराकृते यदप्युच्यत इति ज्ञापकाक्षेपो ग्रन्थच्छायां न पुष्णाति । तस्मादार्थेन क्रमेण सर्वज्ञापकभङ्गोपन्यासं कृत्वा यथासम्भवं ज्ञापकसमर्थनं कर्त्तव्यम् ॥

आयादयोऽपीति । ऐकारोच्चारणस्याविकृतरूपश्रवणार्थत्वादिति भावः ॥

उद्द्योतः

भाष्ये नैतानि सन्ति ज्ञापनीति । च्छत्रिन्यायेन ॥ ननु नैतानि सन्ति ज्ञापकानीति प्रतिज्ञायाग्रे ज्ञापकसमर्थनमयुक्तमित्यत आह—विशेषेति । 'टकः कित्वं ज्ञापकम् । यं विधिं प्रति' इत्यादिविशेषप्रतिपादनायेत्यर्थः ॥ शङ्कते—केचिदिति ॥ यदप्युच्यते इति समुच्चयार्थापिशब्देनेति शेषः ॥ आर्थेन सामर्थ्यप्राप्तेन ॥ भङ्गेति । भङ्गसहश इति भावः ॥

भावबोधिनी

ज्ञापक है कि आकार का गुण नहीं होता है।' [यह कथन उचित नहीं है क्योंकि] यह क प्रत्यय तो उत्तरवर्त्ती सूत्र में अनुवृत्ति के लिए मान लिया जाय—"तुन्दशोकयोः परिमृजापनुदोः" (३।२।५)। ['तुन्दपरिमजः' आदि में कित् प्रत्यय परे होने से गुण न हो इसके लिए 'क' प्रत्यय कित् है। यह व्यर्थ नहीं है। अतः ज्ञापक नहीं माना जा सकता।]

तो फिर 'गापोष्टक्' (३।२।८) इसमें तो किसी अन्य कार्य के लिए नहीं [अपितु केवल आकार-लोप के लिए ही] ककार अनुबन्ध लगाते हैं। [यही ज्ञापक बन जाता है। सामगः आदि में 'गा' के आ का लोप करने के लिए कित् प्रत्यय किया गया है। यदि 'आ' का भी गुण होता तो पररूप से निर्वाह सम्भव होने पर कित् करना व्यर्थ हो जाता। अतः यह कित् करण व्यर्थ होने से ज्ञापक बनता है कि 'आ' का गुण नहीं होता है।]

और यह भी जो कहा जाता है—उपदेश के सामर्थ्य से सन्ध्यक्षरों का गुण नहीं होता है। [यह कथन भी ठीक नहीं है क्योंकि] यदि—सन्ध्यक्षरों के स्थान में जो जो

यद्यत्सन्ध्यक्षरस्य प्राप्नोति, तत्तदुपदेशसामर्थ्याद् बाध्यते। आयादयोऽपि तर्हि न प्राप्नुवन्ति ॥

(सामर्थ्यदूषणनिराकरणभाष्यम्)

नैष दोषः। यं विधिं प्रत्युपदेशोऽनर्थकः स विधिर्बाध्यते। यस्य तु विधेर्निमित्तमेव नासौ बाध्यते। गुणं च प्रत्युपदेशोऽनर्थकः, आयादीनां पुनर्निमित्तमेव ॥

(तृतीयप्रयोजनबाधकज्ञापकनिराकरणभाष्यम्)

यदप्युच्यते—जनेर्डवचनं ज्ञापकम् ?—न व्यञ्जनस्य गुणो भवतीति ॥

प्रदीपः

यं विधिमिति। आयादेशस्यैकार एव निमित्तमित्यायादेशो न बाध्यते। न हि ग्लायित्येवं पाठः शक्यः कर्तुम्, त्वया ग्लायत इत्यादिरूपासिद्धिप्रसङ्गात्। न ध्याख्येति निपातनाच्चात्वं गुणवन्न बाधिष्यते ॥

उद्द्योतः

ग्लायत इत्यादीति। आदिना जग्लावित्यादि ॥ नन्वेवमात्वमपि बाध्येत। न हि तस्य ऐकारो निमित्तं गूले इति पाठेऽपि सुकरत्वाद् अत आह—नध्याख्येति। ध्या इति कृतात्वनिर्देशेनैकारोच्चारणस्यात्वाबाधकत्वज्ञापनादिति भावः ॥ न चास्य सौत्रत्वम्। बाधकत्वमङ्गीकृत्य सौत्रत्वकल्पनापेक्षयाऽबाधकत्वज्ञापनस्य लघुत्वादित्याहुः ॥ न च रैशब्दादिभ्य आचारक्विपि रायतीत्यादौ सन्ध्यक्षरस्य गुणः स्यादिति वाच्यम्। एजन्तेभ्य आचारक्विबभाव एतद्भाष्यप्रामाण्यादित्यदोषात् ॥ गुणवदिति वैधर्म्ये दृष्टान्तः ॥

भावबोधिनी

प्राप्त होता है वह वह उपदेश-सामर्थ्य से बाधित कर दिया जाता है [ऐसा होगा] तब तो [ऐ औ के स्थान पर] आय् और आव् भी नहीं प्राप्त हो सकेंगे। [अतः उपदेशसामर्थ्य से ऐ औ का गुण रोकना ठीक नहीं है।]

यह कोई दोष नहीं है। क्योंकि जिस विधि के प्रति उपदेश अनर्थक होता है उसी विधि का बाध होता है। [और जिस विधि का निमित्त ही यह (सन्ध्यक्षर ऐ औ) है उसका बाधक नहीं होता है। [क्योंकि आय् आव् के निमित्त ऐ औ ही हैं अतः आय् आव् विधि का बाध नहीं होता है।] और गुण के प्रति उपदेश अनर्थक है, आय् आदि का तो निमित्त ही है। [अतः गुण का ही बाध करेगा, आय् आदि आदेश का नहीं। इसलिए दोष नहीं है।]

यह भी जो कहा जाता है—'जन् धातु से ड प्रत्यय होता है' यह वचन ज्ञापक है—व्यञ्जन का गुण नहीं होता है। [परन्तु यह भी ठीक नहीं है क्योंकि] "किसी

कुतो ह्येतत्—जनेर्गुण उच्यमानोऽकारो भवति, न पुनरेकारो वा स्यादोकारो वेति ?

(ज्ञापकसाधकभाष्यम्)

आन्तर्यतोऽर्धमात्रिकस्य व्यञ्जनस्य मात्रिकोऽकारो भविष्यति ॥

(ज्ञापकबाधकभाष्यम्)

एवमप्यनुनासिकः प्राप्नोति ॥

(ज्ञापकसाधकभाष्यम्)

पररूपेण शुद्धो भविष्यति ॥

प्रदीपः

परस्वेणेति । रूपग्रहणस्येदमेव प्रयोजनम्—यादृक् परस्य रूपं तादृगेव यथा स्यादिति ॥

उद्द्योतः

ननु पररूपेऽपि गुणानामभेदकतया कदाचित्सानुनासिकोऽपि स्यादत आह—रूपग्रहणस्येति ॥ परे तु—अत्र पररूपशब्देन परशब्देन वा यदुपस्थितं रूपं प्रयोगस्थं तस्य ग्रहणम्, स्थाने जायमानः किंगुणक इत्याकाङ्क्षायामन्तरतमपरिभाषयाभय-गुणकः। प्रकृते चोभयात्तरतमासम्भवात् परशब्देन यद्गुणस्योपस्थितिस्तद्गुणक एव भविष्यतीति भाष्याशयाद्रूपग्रहणस्येत्यादि चिन्त्यम्। गुणानां शब्दत्वादिवत् शब्द-स्वरूपत्वाभावेन व्यावृत्त्यसम्भवश्च रूपग्रहणेनेत्याहुः ॥

भावबोधिनी

अन्य से वह कार्य सिद्ध रहते हुए जिस विधि का आरम्भ किया जाता है, विधिसूत्र बनाया जाता है, वही ज्ञापन के लिए होता है। परन्तु [उपसरजः, मन्दुरजः आदि में] जन् धातु के [न् का अ] गुण करने से सिद्ध नहीं होता है। क्योंकि ऐसा कैसे होता है—जन् का गुण कहा जाता हुआ अकार ही होता है, एकार अथवा ओकार नहीं ? जन् का न् व्यञ्जन है। उसका सादृश्य अ, ए, ओ—इन तीनों के साथ एक सा है। अतः केवल 'अ' हो, ए ओ, न हों—इसमें कोई प्रमाण नहीं है।]

[व्यञ्जन अर्ध मात्रावाला होता है इसलिए] सादृश्य के कारण अर्धमात्रिक व्यञ्जन का एकमात्रिक 'अ' गुण होगा। [द्विमात्रिक ए, ओ नहीं होंगे। इसलिए निर्वाह सम्भव रहने पर विधि बनाना व्यर्थ होकर ज्ञापक होती है।]

ऐसा होने पर भी [न् अनुनासिक स्थानी के स्थान पर] अनुनासिक अकार गुण प्राप्त होता है।

सिद्धे विधिरारभ्यमाणो ज्ञापकार्थो भवति । न च जनेर्गुणेन सिद्ध्यति ।

(ज्ञापकबाधकभाष्यम्)

एवं तर्हि गमेरप्ययं डो वक्तव्यः । गमेश्च गुण उच्यमान आन्तर्यत ओकारः प्राप्नोति ॥ तस्मादिग्ग्रहणं कर्तव्यम् ॥

प्रदीपः

गमेरप्ययमिति । सप्तम्यां जनेर्ड इत्यतोऽन्येष्वपि दृश्यत इत्यत्र डोऽनुवर्तमानो गमेरपि विधीयत इत्यज्ञापकं डित्वमिति व्यञ्जननिवृत्त्यर्थं सूत्रं स्थितम् ॥

उद्द्योतः

ननु गमेरप्ययं ड इति भाष्यमनुपपन्नं गमो 'गमश्चान्तात्यन्ताध्वदूरपारेति' सूत्रे पठितेनान्यत्रापि दृश्यत इति वार्तिकेन नगोऽग इत्यादौ डस्य सत्त्वादत आह— सप्तम्यामिति । सप्तम्यां जनेरित्युत्तरं पठितेऽन्येष्वपि दृश्यत इति सूत्रे दृशिग्रहणस्य सर्वोपाधिव्यभिचारार्थत्वेन तेनैव प्रकृत्यन्तरादपि डे सिद्धेन्तात्यन्तेति प्रकरणस्थं वार्तिकं न कार्यमिति भावः ॥ भाष्ये आन्तर्यत ओकार इति । स्थानत आन्तर्यादिति भावः ॥ ननु तनोतेर्डडः सन्वच्चेति डित्करणान्न व्यञ्जनस्य गुण इति चेन्न । उणादीनामव्युत्पत्तिपक्षाङ्गीकारात् ॥ नचैवमपि स्थानप्रयत्नान्तरतमेषु इकारादिषु चरितार्थानि गुणादिशास्त्राणि व्यञ्जने न प्रवर्त्तन्त इति वाच्यम् । ईशादौ शकारे तथाप्यतिप्रसंगात् । सूत्रमते स्थानप्रयत्नैक्यादिति भाष्याशयः । स्थानेन्तरतमे इति सप्तम्यन्तपाठस्य भाष्ये प्रत्याख्यानेनास्या युक्तेरसंभवदुक्तिकत्वाच्च ॥

(इति योगविभागप्रयोजननिरूपणाधिकरणम् ॥)

भावबोधिनी

पररूप द्वारा शुद्ध हो जायगा । [पररूप में जैसा परवर्त्ती का रूप होता है वैसा ही होता है । प्रत्यय का अ शुद्ध निरनुनासिक है । अतः पररूप में भी ऐसा शुद्ध ही होने से कोई दोष नहीं है ।]

यदि ऐसा है तब तो यह 'ड' प्रत्यय 'गम्' से भी कहना होगा[1] । कारण यह है, गम् के मकार का गुण कहा जाने पर [ओष्ठस्थानिक म् का ओष्ठस्थानिक] ओकार

---

१. "सप्तम्यां जनेर्डः' (३।२।९७) सूत्र से 'ड' की अनुवृत्ति 'अन्येष्वपि दृश्यते' (३।२।१०१) में होती है । यही 'ड' गम् से भी कहना होगा । अन्यथा 'अ' करने पर सादृश्य के आधार पर गम् के म् का गुण 'ओ' होने लगेगा । जब 'ड' किया जाता है तो डित् करने के कारण 'गम्' की टि = अम् का लोप होकर इष्ट रूप बनता है । इस प्रकार 'ड' का डित् करना सप्रयोजन है, व्यर्थ नहीं है अतः ज्ञापक नहीं बन सकता कि 'व्यञ्जन का गुण न हो ।'

(अथ इक्पदोपस्थापकलिङ्गाधिकरणम्)

(आक्षेपभाष्यम्)

यदीग्ग्रहणं क्रियते, द्यौः, पन्थाः, सः, इममिति, एतेऽपीकः प्राप्नुवन्ति ॥

(१०६ सिद्धान्तिसमाधानवार्तिकम् ॥ २ ॥)

च' (६।१।५०) सूत्र से ई का आत्व करने पर ['दा' रूप होने से घुसंज्ञा हो जाने पर] 'स्थाघ्वोरिच्च' (१।२।१७) इससे आ का इत्व प्राप्त होता है । [अतः दीङ् की घुसंज्ञा का प्रतिषेध कहना चाहिए ।]

उपादास्त—इसमें यह घुसंज्ञा प्राप्तिरूप दोष किस कारण से होता है, क्या इस सूत्र में प्रकृति-ग्रहण के कारण अथवा दा रूप मान लेने के कारण ? [गूढ भाव यह है कि 'उपा दी स् त' यहाँ पर सिच् के अकित्व को मानकर 'मीनाति मीनोतिदीङां ल्यपि' से दी का दा होता है । यदि घुसंज्ञा होगी तो 'स्थाघ्वोरिच्च' सूत्र से इकारान्त आदेश के साथ-साथ अकित्वविनाश भी होगा । किन्तु ऐसा सन्निपात परिभाषा के विरोध से नहीं किया जा सकता । दूसरी बात 'प्रकृति' ग्रहण का भी ऊपर प्रत्याख्यान किया जा चुका है । इस स्थिति में इत्व प्राप्तिरूप दोष कैसे प्राप्त होता है ?]

रूपग्रहण से प्राप्त होता है, ऐसा कहते हैं । [दा रूप मिलने से घुसंज्ञा और इत्व प्राप्त है ।]

लेकिन 'उपदिदीषते'—इसमें तो प्रकृतिग्रहण से घुसंज्ञाप्राप्तिरूप दोष है । क्योंकि उपदिदीषते में दीङ् दाप्रकृति होने से घुसंज्ञा करने पर 'सनि मीमाघुरभलभ०'(७।४।५४) इससे अभ्यास-लोप तथा 'आ' के 'इस्' आदेश का प्रसंग आता है । [सन् परे 'इको झल्' से कित्व होने से गुण न हो सकने से एच् विषय नहीं रहेगा । दी ही रहेगा । तब दा की प्रकृति 'दी' शब्द की घुसंज्ञा हो जाने पर 'सनि मीमा०' सूत्र से अभ्यासलोप तथा 'इस्' आदेश की प्राप्ति होती है ।]

(दोषनिराकरणभाष्यम्)

नैष दोषः। दाप्रकृतिरित्युच्यते। न चेयं दाप्रकृतिः। आकारान्तानामेजन्ताः प्रकृतयः, एजन्तानामपीकारान्ताः। न च प्रकृतेः प्रकृतिः प्रकृतिग्रहणेन गृह्यते॥

(आक्षेपोपसंहारभाष्यम्)

स तर्हि प्रतिषेधो वक्तव्यः॥

प्रदीपः

न चेयमिति। एच एव स्थाने आत्वविधानादित्यर्थः॥

उद्द्योतः

अर्थैकदेशी एनं दोषं परिहर्तुमाह—नचेयमिति॥ तद्व्याचष्टे—एच एवेति। मीनातीत्यस्योपदेशकाले प्रवृत्तिमसौ न जानाति। एवं च साक्षाद्दाप्रकृतिसंभवे व्यवहितप्रकृतेर्न ग्रहणमिति भावः॥ अतिफल्गुत्वात्त्वेतन्मतदूषणानभिनिवेशो भाष्यकृत इति द्रष्टव्यम्॥ यत्त्विदं वार्तिकमतम्—न चैतत्पक्षेऽवदान इत्यादावादन्तत्वनिबन्धनयुजाद्यसिद्धिः। तत्राकारान्तलक्षणप्रत्ययविधिरिति वचनेनैव तत्सिद्धेः। भाष्ये त्वेतद्वचनप्रत्याख्यानार्थेज्विषये आत्वं सिद्धान्तितमित्यन्यदिति॥ तन्न,तादृशवार्तिकस्यानुपलम्भात्। विपरीतं मिनातीति सूत्रे उपदेशवचनं कर्तव्यं कघञ्युच्सिद्ध्यर्थमिति वार्तिकम्। तत्रोपदेशे एच इति विरुद्धमित्याशङ्क्य एज्विषय इति भाष्यकृता व्याख्यातम्। न तु भवदुक्तवार्तिकं तत्प्रत्याख्यानं वा भाष्ये दृश्यते। एवं च प्रकृतिग्रहणं घुसंज्ञायां वार्तिककारोक्तं दुष्टमेव। न तु तदनुरोधेन गुरुभूतवचनान्तरकल्पनाभिनिवेशः कार्यः। नह्येकदेश्युक्तमतपरिष्कारे गुरुप्रकारेण क्रियमाणे किंचित्फलमित्याहुः॥

भावबोधिनी

यह दोष नहीं है। 'दा-प्रकृति' की घुसंज्ञा होती है—ऐसा कहा जाता है। और यह दीङ् दा की प्रकृति नहीं है। कारण यह है जिनका आकारान्त आदेश किया गया है उन धातुओं की मूल प्रकृति एजन्त धातुयें ही हैं और जो एजन्त हैं उनकी प्रकृति भी ईकारान्त धातुय हैं। और प्रकृति की जो प्रकृति है वह प्रकृतिग्रहण से नही गृहीत होती है। [निष्कर्ष यह है दीङ्+सन्=उपादिदीषति में 'दी' यह दा की प्रकृति नहीं मानी जा सकती। यह 'दे' एजन्त की प्रकृति तो हो सकती है। और यह एजन्तरूप 'दा' की प्रकृति होती है। अतः 'दीङ्' की घुसंज्ञा नहीं हो सकती।]

तो फिर क्या 'दीङ्' की घुसंज्ञा का प्रतिषेध कहना चाहिए ?

(समाधानभाष्यम्)

न वक्तव्यः ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

घुसंज्ञा कस्मान्न भवति ?

(समाधानभाष्यम्)

"सन्निपातलक्षणो विधिरनिमित्तं तद्विघातस्य" इत्येवं न भविष्यति ॥

प्रदीपः

सन्निपातेति । अकित्त्वसन्निपातेनात्वं क्रियते । यदि चात्र घुसंज्ञा स्यात् स्थाघ्वो-रिच्चेति कित्वं स्यादित्यकित्वस्य व्याघातः स्यादिति घुसंज्ञां प्रति नैवाकार आत्मानं दर्शयतीति घुसंज्ञा न प्रवर्तते ॥ अत्र केचिदाहुः—दीङस्तृजादावात्वे घुसंज्ञा भवत्येवेति प्रणिदातेति णत्वं भवति । अत एव वार्तिककारेण स्थाघ्वोरित्त्व इति विशेषो निर्दिष्टः ॥ अन्ये त्वाहुः—निर्देश एवैजन्तानामनुकरणानामात्वे कृते दाण्दाञ्धानां चैकशेषे द्वन्द्वे च दाधा इति निर्देशाद्दीङो नास्ति प्राप्तिः, नहि तदनुकरणस्यात्वमस्ति, अगुणविषयत्वात् ॥

उद्द्योतः

अकित्त्वेति । एचो विषयस्याऽन्यथाऽसंभवादिति भावः ॥ कित्त्वमिति । तदभावे संनियोगशिष्टत्वादित्वमपि नेति कार्याभावाद् घुत्वस्याप्रवृत्तिरिति भावः ॥ प्रणिदातेतीति । ननु प्रणिदीयते इत्यत्र नित्यणत्वप्रसङ्गो णत्वविधौ प्रकृतिग्रहणादिति चेन्न, इष्टापत्तेः ॥ अन्ये त्वाहुरिति । अत्रारुचिबीजं तु वार्तिकभाष्यविरोधाद् न तथा सूत्रतात्पर्यमिति ॥ अगुणेति । गुणनिमित्तप्रत्ययप्रसङ्गाभावादित्यर्थः ॥

भावबोधिनी

[घुसंज्ञा का प्रतिषेध] नहीं कहना चाहिए ।

तो फिर घुसंज्ञा क्यों नहीं होती है ?

'सन्निपातलक्षण विधि उस सन्निपात के विघात का निमित्त नहीं बनती है' इस वचन से घुसंज्ञा नहीं होगी ।

विमर्श—पूर्व तथा पर इन दोनों को निमित्त मानकर यदि उनमें से किसी का कोई कार्य आदेश आदि किया जाता है तो वह हो जाने के बाद उन वर्तमान निमित्तों का विघात नहीं करवाता है—यह आशय है 'सन्निपातलक्षण' परिभाषा का । अतः 'उपा दी स् त' इसमें सिच् के अकित्व-सन्निपात के कारण दीङ् के ई का आत्व हुआ है वही आत्व घुसंज्ञा के बाद 'स्थाघ्वोरिच्च' (१।२।१७) इस सूत्र से अकित्व कराने में निमित्त नहीं बन सकता । इसलिए यह आत्व घुसंज्ञा के लिये नहीं के समान है । घुसंज्ञा नहीं होती है । फलतः न कित्व होगा और न इत्व और 'उपादास्त' यही रूप रहेगा ।

(नानुबन्धकृतमनेजन्तत्वन्यायाधिकरणम्)

(१८० आक्षेपवार्तिकम् ॥ ७ ॥)

॥ * ॥ दाप्प्रतिषेधे न दैप्यनेजन्तत्वात् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

दाप्प्रतिषेधे दैपि प्रतिषेधो न प्राप्नोति—अवदातं मुखम् ॥

ननु चाऽऽत्वे कृते भविष्यति ॥

तद्ध्यात्वं न प्राप्नोति ॥

किं कारणम् ?

अनेजन्तत्वात् ॥

प्रदीपः

दाप्प्रतिषेध इति । दाप्लवने इत्यस्यैव निषेधः स्यादित्यर्थः ॥ अवदातमिति । त्त्वमत्र प्राप्नोति ॥

उद्द्योतः

इत्यस्यैवेति । न तु दैप इत्यर्थः । तस्य पकारे श्रूयमाणे आत्वायोगादिति भावः ॥ ननु पकारे लुप्तेपि कथमात्वमुपदेशकाले एजन्तत्वाभावाद्, नानुबन्धकृतमित्याद्याश्रयणे तु प्रकृतेपि न दोष इति चेन्न । उपदेश इति षष्ठ्यर्थे सप्तम्याः स्वेनोपदिश्यमानस्यैजन्तस्येत्यर्थेन लुप्ते आत्वप्रवृत्तेः । सति तु तस्मिन्नात्वमेजन्तत्वाभावाद्, यस्मात्परो नास्ति तत्रैवान्तशब्दप्रवृत्तेरिति दिक् ॥ तत्त्वमिति । अच उपसर्गात्त इत्यनेनेत्यर्थः ॥

भावबोधिनी

(वा०) दाप् के प्रतिषेध के प्रसङ्ग में दैप् में नहीं (होगा) क्योंकि अनेजन्त है ।

(भा०) (अदाप् द्वारा) दाप् में घुसंज्ञा के प्रसंग में दैप् का प्रतिषेध नहीं प्राप्त होता है—अवदातं मुखम् । [दैप् शोधने—इसका रूप है । यहाँ 'क्त' परे घुसंज्ञा का निषेध इष्ट है किन्तु 'दाप्' न होकर दैप् होने से यह निषेध नहीं होगा, घुसंज्ञा होने लगेगी ।]

क्यों जी, ['आदेच उपदेशेऽशिति' से] आत्व कर देने पर तो (घुसंज्ञा का प्रतिषेध) हो जायगी ।

वह आत्व तो प्राप्त नहीं हो सकता ।

क्या कारण है ?

अनेजन्त होना । [दैप् पकारान्त है और आत्व एजन्त का ही होता है । अतः वह दाप् नहीं बनेगा । अदाप्प्रतिषेध इस पर लागू नहीं होगा । घु संज्ञा होने के फलस्वरूप 'अच उपसर्गात्तः' (७।४।४७) सूत्र से 'त्' होने लगेगा ।]

(१८१ समाधानवार्तिकम् ॥ ८ ॥)

॥ * सिद्धमनुबन्धस्याऽनेकान्तत्वात् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

सिद्धमेतत् ॥

कथम् ?

अनुबन्धस्यानेकान्तत्वात् । अनेकान्ता अनुबन्धाः ॥

(१८२ समाधानवार्तिकम् ॥ ९ ॥)

॥ * ॥ पित्प्रतिषेधाद्वा ॥ * ॥

(भाष्यम्)

अथ वा "दाधा घ्वपित्" इति वक्ष्यामि । तच्चाऽवश्यं वक्तव्यम् । अदाविति ह्युच्यमाने इहापि प्रसज्येत-प्रणिदापयतीति ॥

उद्द्योतः

भाष्ये अनेकान्ता इति । एवं च पकारसत्त्वेपि एजन्तत्वानपायादात्वप्रवृत्तिरिति भावः ॥

भावबोधिनी

(वा०) [आत्व आदेश] सिद्ध है क्योंकि अनुबन्ध अनुबन्धी का अवयव नहीं होता है ।

(भा०) यह आत्व होना सिद्ध है ।

किस प्रकार से सिद्ध है ?

अनुबन्ध के अनवयव होने के कारण । क्योंकि "अनुबन्ध अवयव नहीं होते हैं" यह परिभाषा है । [अतः पकार अनुबन्ध रहने पर भी एजन्त ही माना जायगा आत्व होने में बाधा नहीं है ।]

(वा०) अथवा पित् के प्रतिषेध से [दैप् का भी प्रतिषेध हो जाता है] ।

(भा०) अथवा ('दाधा घ्वदाप्' के स्थान पर) 'दाधा घ्वपित्' ऐसा कहेंगे । और यह अवश्य कहना चाहिये । क्योंकि 'अदाप्' ऐसा कहे जाने पर तो 'प्रणिदापयति' यहाँ भी घुसंज्ञा का प्रतिषेध प्रसक्त होने लगेगा । [जिससे णत्व आदि नहीं हो पायेगा ।]

(आवश्यकतानिराकरणभाष्यम्)

शक्यं तावदनेनादाबिति ब्रुवता बान्तस्य प्रतिषेधो विज्ञातुम् ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

सूत्रं तर्हि भिद्यते ॥

(सिद्धान्तिभाष्यम्)

यथान्यासमेवास्तु ॥

(आक्षेपस्मारणभाष्यम्)

ननु चोक्तम् "*दाप्प्रतिषेधे न दैपि*" इति ॥

(परिहारस्मारणभाष्यम्)

परिहृतमेतत् "*सिद्धमनुबन्धस्यानेकान्तत्वात्*" इति ॥

प्रदीपः

शक्यं तावदिति । दाप्दैपौ च धातुषु बान्तौ पठितव्यौ ।

उद्द्योतः

तच्चावश्यमित्यादि विघटयितुं भाष्ये शक्यं तावदिति । लक्षणप्रतिपदोक्तपरिभाषया तु पुगन्तेऽदाबिति निषेधो न शक्यो वारयितुं गामादाग्रहणेऽविशेषाद् । दाबित्यपि पकारोपलक्षितदाग्रहणमेवेति भावः । बान्तपक्षेऽपि चर्त्वेन पस्य सिद्धत्वान्नास्ति [1]सूत्रभेदः ॥

भावबोधिनी

'अदाप्' इस प्रकार से कहने वाले पाणिनि के द्वारा बान्त धातु का प्रतिषेध समझाया जा सकता हैं । [भाव यह है दाधा घ्वदाब् आद्यन्तवदेकस्मिन्' आदि रूप में सभी सूत्र संहिता पाठ में हैं । अतः 'अदाप्' नहीं 'अदाब्' यही पाठ है। दाप्, दैप् को बकारान्त दाब्, दैब् पढ़ना चाहिये । चूंकि 'प्रणिदापयति' में बकारान्त नहीं पकारान्त है, निषेध नहीं होगा, घुसंज्ञा होने से णत्वादि हो जायेंगे । केवल धातुपाठ बदलना होगा ।]

[यदि ऐसा हैं तब] तो सूत्रस्वरूप में भेद होता है ।

तब तो जैसा है वैसा ही रहे अर्थात् 'अदाप्' ही रहे।

क्यों जी, यह कहा जा चुका है—दाप्प्रतिषेध करने में "दैप्" का प्रतिषेध नहीं होगा ।

इसका तो परिहार किया जा चुका है—

"अनुबन्ध (पकार) अवयव नहीं होता है, इससे आत्व सिद्ध है ।" फलतः 'अदाप्' प्रतिषेध होगा ।]

---

१. सूत्रेति । परिमाणग्रहणमिति धातुसंज्ञासूत्रवार्तिकान्यथानुपपत्त्याऽर्थनिर्देशस्यापाणिनीयत्वात् पाणिनीयधातुसंहितापाठे 'दैप्पा' 'दाप्ल्या' इत्येव पाठसत्त्वादिति भावः ॥ 'दाधाघ्वदाबाद्यन्तवदेकस्मिन्' इति पाणिनीयसूत्रसंहितापाठे पान्तपक्षेपि जश्त्वेन बकारस्य सिद्धत्वान्नास्ति सूत्रभेदः । वृत्तिकृत्कल्पितसूत्रविभागे बकारस्यापि चर्त्वेन पकारे नास्ति सूत्रभेद इति तत्त्वम् ॥ इति दाधिमथाः ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

अथैकान्तेषु दोष एव ॥

(समाधानभाष्यम्)

एकान्तेष्वपि न दोषः। आत्त्वे कृते भविष्यति ॥

(समाधानानुपपत्तिभाष्यम्)

ननु चोक्तम्—'तद्धचात्वं न प्राप्नोति, किं कारणम् ? अनेजन्तत्वाद्' इति ॥

(समाधानोपपत्तिभाष्यम्)

पकारलोपे कृते भविष्यति ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

न ह्ययं तदा दाप् भवति ॥

(समाधानभाष्यम्)

भूतपूर्वगत्या भविष्यति ॥

(समाधानसाधकभाष्यम्)

एतच्चात्र युक्तम्—यत्सर्वेष्वेव सानुबन्धकग्रहणेषु भूतपूर्वगतिर्विज्ञायते।

उद्द्योतः

शङ्कते—न ह्ययमिति।

उत्तरयति—भूतपूर्वेति। दात्वं श्रुत्या, पकारवैशिष्टचं तु [1]अनयेति भावः॥

भावबोधिनी

यदि ऐसा है तो भी "अनुबन्ध अवयव होते हैं" इस पक्ष में दोष ही है।

अवयव-पक्ष में भी दोष नहीं है क्योंकि [दैप् के ऐ का] आत्त्व कर देने पर प्रतिषेध हो जायगा।

क्यों जी, यह कहा जा चुका है कि "वह आत्व नहीं प्राप्त होता है। क्या कारण है ? एजन्त नहीं है।" [और आत्व एजन्त का ही होता है।]

पकार का लोप कर देने पर एजन्त हो जायगा।

ऐसा होने पर तो यह दाप् नहीं रहता है। [केवल 'दा' रह जाता है।]

भूतपूर्व गति मान लेने से हो जायगा। [आत्व् सुनाई ही देता है। पित् पहले का है उसी को अब भी मान लिया जायगा।]

इस प्रसङ्ग में यही उचित है—जो कि सभी सानुबन्धकों के ग्रहण में भूतपूर्व गति समझी जाती है। कारण यह है कि अनुबन्धलोप किसी निमित्त को मान

---

१. भूतपूर्वगत्येत्यर्थः।

अनैमित्तिको ह्यनुबन्धलोपस्तावत्येव भवति ॥

(समाधानान्तरभाष्यम्)

अथ वाऽऽचार्यप्रवृत्तिर्ज्ञापयति—'नानुबन्धकृतमनेजन्तत्वम्' इति । यदयम् "उदीचां माङो व्यतीहारे" (३।४।१९) इति मेङः सानुबन्धकस्याऽऽत्वभूतस्य

प्रदीपः

तावत्येवेति । इत्संज्ञायां सत्यामेव, प्रयोगे दाशब्द एवायं पित्कार्यं तु लभत इत्यर्थः ॥

अथवेति । अनुबन्धानामेकान्तत्वपक्षे उपदेश एवैजन्तानामात्वमुच्यमानं दैपो न प्राप्नोतीति ज्ञापकोपन्यासः ॥ माङ इति । मेङो ग्रहणं न माङः, मेङो व्यतिहारेण नित्ययोगात् । माङस्तु विवक्षावशाद् व्यतिमिमीत इति कादाचित्कत्वाद् व्यतिहारयोगस्य । प्रणिदानं व्यतिहार इत्येकोऽर्थः । उदीचां मेङ इति तु न कृतम् । एवं हि 'नानुबन्धकृतमनेजन्तत्वम्' इति न ज्ञापितं स्यात् ॥

उद्द्योतः

इत्संज्ञायामिति । उपदेशोत्तरकालं जातायामेवेत्यर्थः ॥

मेङ इति । अन्तरङ्गत्वाद्व्यतीहारे नित्यसम्बद्ध एव गृह्यते; न तु पदान्तरसन्निधानेन बहिरङ्गव्यतीहारवृत्तिरिति भावः ॥ केचित्तु—माङोऽनभिधानात्क्त्वाप्रत्ययानुत्पत्तिरिति न तस्य ग्रहणमित्याहुः ॥ उदीचां मेङ इति । उदीचां म इत्यस्याप्युपलक्षणमिदम् । न चानुबन्धसत्त्वे मे इत्यस्य धातुत्वाभावात्कथमात्वम्, अनुबन्धलोपे एव धातुत्वमित्यर्थस्य 'न धातुलोप' सूत्रे भाष्यकैयटयोः स्पष्टत्वादिति वाच्यम् । आत्वविधायके धातोरित्यस्यासम्बन्धाद् । गवादिशब्दानामुपदेशाभावान्नात्वम् । इरेप्रभृतीनामुपदेशेपि तेषामधि-

भावबोधिनी

कर नहीं किया जाता है । [अतः सबसे पहला कार्य इत्संज्ञा और अनुबन्धलोप ही होता है । इस कारण अनुबन्ध के विषय में सर्वत्र ही भूतपूर्व गति माननी पड़ती है । अतः यहाँ भी उसी से 'पित्व' हो जाता है ।']

अथवा आचार्य पाणिनि का व्यवहार ही यह ज्ञापित करता है—"अनुबन्ध के कारण अनेजन्तत्व नहीं होता है ।" क्योंकि आचार्य ने 'उदीचां माङो व्यतीहारे' (३।४।१९) इस सूत्र में ङकार अनुबन्धसहित और आत्व आदेशप्राप्त 'माङ्' धातु का ग्रहण किया है ।

विमर्श—भाव यह है कि यदि किसी धातु में अनुबन्ध है तो उससे उसका एजन्तत्व बाधित नहीं होता है । 'उदीचां माङो व्यतीहारे' (३।४।१९) इसमें 'मेङ्

ग्रहणं करोति ॥

(समाधानान्तरभाष्यम्)

अथ वा दाब् एवायम् । न दैबस्ति ॥

कथम्—'अवदायति' इति ?

श्यन्विकरणो भविष्यति ॥ दाधा घ्वदाप् ॥१९॥

प्रदीपः

अथवेति । दिवादिषु दाप्शोधने इति पठिष्यत इत्यर्थं ॥ १९ ॥

उद्द्योतः

त्परत्वाभावाद् नात्वम् । प्रसज्यप्रतिषेधेपि प्रत्यासत्त्या शित्प्रत्ययपरत्वयोग्यानामेजन्तानामेव ग्रहणान्न दोष इति दिक् ॥

दिवादिष्विति । ननु ताच्छीलिके चानशि दायमान इत्यत्र स्वरे भेदः, श्यनि धातोरुदात्तत्वं, शपि चानशोऽन्तोदात्तत्वमिति चेन्न; सतिशिष्टादपि विकरणस्वरात् सार्वधातुकस्वरस्य बलीयस्त्वोक्तेरुभयथाप्यन्तोदात्तत्वानपायादिति दिक् ॥ १९ ॥

भावबोधिनी

प्रणिदाने' का ही ग्रहण है । और मेङ् न लिखकर आत्व करके 'माङ्' ऐसा निर्देश स्वयं पाणिनि ने किया है । अतः यह सिद्ध करता है कि 'ङ्' अनुबन्ध रहने पर भी एजन्तत्व मानकर पाणिनि ने आत्व किया है । यहाँ 'माङ्' का ग्रहण नहीं माना जा सकता क्योंकि इसके अर्थ में व्यतीहार सम्भव नहीं है । अतः यह ज्ञापक सिद्ध है । अब 'दैप्' का आत्व भी होगा, 'अदाप्' से घुसंज्ञा का प्रतिषेध भी । कोई दोष नहीं है ।

(अनु०) अथवा दैप् यह भी दाप् ही है, दैप् नहीं है ।

तब 'अवदायति' यह रूप कैसे बनेगा ? [क्योंकि ऐ का आय् न होने पर अव द् आय् अ ति = अवदायति न बनकर 'अवदाति' बनेगा ।]

यहाँ श्यन् = 'य' विकरण करने पर हो जायगा । [भाव यह है कि 'दैप् शोधने' इसे दिवादिगण में ही 'दाप् शोधने' इस प्रकार से पढ़ देने पर शप् न करके श्यन् = य विकरण करने पर रूप बन जाने से कोई समस्या नहीं रह जाती है । यही सबसे सरल मार्ग है ॥१९॥

(१८ अतिदेशसूत्रम् १।१।५ आ० ९ ॥)

आद्यन्तवदेकस्मिन् ॥ १।१।२० ॥

प्रदीपः

आद्यन्तवदेक०॥२०॥ एकशब्दोऽसहायवाची न संख्यावाची । बहुष्वपि व्यवस्थितस्यैकत्वसंख्याऽस्तीति किमेकस्मिन्नित्यनेन कृतं स्यात् । एकस्मिन्नित्युपमेये सप्तमीनिर्देशादाद्यन्तवदित्युपमानात् सप्तम्यन्ताद्वतिर्विज्ञायते । यथा मथुरावत् पाटलिपुत्रे प्राकार इति । द्वयोर्ह्युपमानोपमेययोराधाराधेयसंबन्धप्रतिपादनाय वाक्यं प्रयुज्यते । यदि च तयोर्भिन्नविभक्तिकत्वं स्याद् उपमानोपमेयभाव एव न गम्येत ॥ सर्वातिदेशानां कार्यातिदेशस्य प्राधान्यात्तस्यैवेहाश्रयणम् ॥

उद्द्योतः

आद्यन्तव० ॥ २० ॥ बहुष्वपीति । यद्यप्युत्तरा सङ्ख्या पूर्वसङ्ख्याबाधिका; तथापीतरेषां बुद्धिविषयत्वाभावे बहुमध्यस्थेप्येकत्वाङ्गीकारान्न दोषः । यथा शते पञ्चाशदितीति भावः ॥ किमेकस्मिन्नित्यनेनेति । तद्धि सभासंनयने भव इत्यर्थे आकारस्यादित्वे तस्य वृद्धत्वेन प्राप्तच्छाभावार्थं दरिद्रातेरिवणन्तलक्षणाच्चोऽभावार्थं च । अत्र च स्वरे विशेषः ॥ उपमेये सप्तमीसत्त्वे सप्तम्यन्ताद्वतौ मानमाह—द्वयोरिति ॥ उपमानोपमेययोरिति । प्राकारपदवाच्येनेति शेषः ॥ आधाराधेयसंबन्धेति । आधारत्वाधेयत्वरूपसंबन्धप्रतिपादनायेत्यर्थः ॥ न गम्येतेति । उपमानप्रकारकोपमेयविशेष्यकबोधे समानविभक्तिकत्वस्य तन्त्रत्वादिति भावः । सर्वातिदेशानामिति ।[1] रूप-निमित्त-तादात्म्य-शास्त्र-व्यपदेश-कार्यातिदेशानां मध्ये इत्यर्थः ॥ प्राधान्यादिति । सर्वेषां कार्यार्थत्वादिति भावः ॥

भावबोधिनी

आद्यन्तवदेकस्मिन् ॥ १।१।२० ॥

एक = अकेले में (भी) आदि के समान तथा अन्त के समान [व्यवहार किये जाते हैं ।]

---

१. निर्धारणषष्ठीत्याह—रूपेति । अभ्यर्हितत्वात्सर्वाधारत्वात्पूर्वनिपातः ॥ इति छाया ॥ तत्र रूपातिदेशो यथा—तृज्वत्क्रोष्टुः । निमित्तातिदेशो यथा—पूर्ववत्सनः इत्यत्र सन्नन्तेपि प्रकृतिगतमात्मनेपदनिमित्तत्वमतिदिश्यते । तादात्म्यातिदेशो यथा—सुबामन्त्रिते पराङ्गवत्स्वरे इति भिन्नपदयोरभेदातिदेशः । शास्त्रातिदेशो यथा—कर्मवत्कर्मणा तुल्येत्यत्र पाक्षिको वक्ष्यते । व्यपदेशातिदेशो यथा —आद्यन्तवदेकस्मिन् ॥ कार्यातिदेशो यथा—गोतो णित् ॥ इति दाधिमथाः ॥

(सूत्रप्रयोजनाधिकरणम्)

(आक्षेपभाष्यम्)

किमर्थमिदमुच्यते ?

(१८३ समाधानवार्तिकम् ॥ १ ॥)

॥ * ॥ सत्यन्यस्मिन्नाद्यन्तवद्भावादेकस्मिन्नाद्यन्तवद्वचनम् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

सत्यन्यस्मिन् यस्मात् पूर्वं नास्ति परमस्ति स आदिरित्युच्यते। सत्यन्यस्मिन् यस्मात् परं नास्ति पूर्वमस्ति सोऽन्त इत्युच्यते। सत्यन्यस्मिन्नाद्यन्तवद्भावादेतस्मात् कारणाद् एकस्मिन्नाद्यन्तापदिष्टानि कार्याणि न सिध्यन्ति। इष्यते च स्युरिति। तान्यन्तरेण यत्नं न सिध्यन्ति इत्येकस्मिन्नाद्यन्तवद्वचनम्। एवमर्थमिदमुच्यते ॥

प्रदीपः

किमर्थमिति। व्यपदेशिवद्भावेनैव सिद्धत्वान्न कर्तव्यमित्यर्थः ॥

इतरो मुख्ये संभवति गौणे न स्यादित्याह—सत्यन्यस्मिन्निति। आद्यन्तौ विद्येते यस्मिन् शास्त्रे तदाद्यन्तवत् तस्य भावात् प्रवर्तनादित्यर्थः। क्वचिदाद्यन्तभावादिति पाठः ॥

उद्द्योतः

मुख्ये = व्यपदेशिनि। गौणे = व्यपदेशिसदृशे ॥ नन्वाद्यन्तवद्भावादिति न वतिः, सत्यन्यस्मिन्मुख्याद्यन्तत्वात्। नापि मतुप्। आद्यन्तशब्दवच्छास्त्रसद्भावस्य परपूर्वसत्वानपेक्षत्वेन सत्यन्यस्मिन्नित्यस्यायोगादत आह— आद्यन्ताविति। आद्यन्तशब्दा-

भावबोधिनी

यह सूत्र किसलिए कहा जा रहा है ?

(वा०) अन्य (अवयवों) के रहने पर ही आदिवाले और अन्तवाद शास्त्र की प्रवृत्ति होने के कारण एक = अकेले में आदिवत् तथा अन्तवाले वचन कहा गया है।

(भा०) अन्य अवयवों के रहते जिसके पूर्व में कोई नहीं है किन्तु पर = बाद में है वह 'आदि' ऐसा कहा जाता है। और अन्य अवयवों के रहते जिसके बाद में कोई नहीं है किन्तु पूर्व में है वह 'अन्त' ऐसा कहा जाता है। चूंकि अन्य अवयव के रहने पर ही आदि तथा अन्त (व्यवहार) होता है अतः एक = अकेले में 'आदि' तथा 'अन्त' को मानकर किये जाने वाले कार्य नहीं सिद्ध हो सकते हैं। जबकि उनका होना इष्ट है। ये बिना किसी यत्न के सिद्ध नहीं हो सकते अतः एक = अकेले में आदिभाव तथा अन्तभाव हो—इसी के लिए यह सूत्र कहा जा रहा है।

(आक्षेपभाष्यम्)

अस्ति प्रयोजनमेतत् ?

(समाधानभाष्यम्)

किं तर्हीति ?

(१८४ आक्षेपवार्तिकं प्रथमखण्डम् ॥ २ ॥)

॥ * ॥ तत्र व्यपदेशिवद्वचनम् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

तत्र व्यपदेशिवद्भावो वक्तव्यः। व्यपदेशिवदेकस्मिन् कार्यं भवतीति

प्रदीपः

तत्र व्यपदेशिवद्वचनमिति । सर्वकार्यसिद्ध्यर्थं व्यापकं कर्तव्यमित्यर्थः ॥ तत्र

उद्द्योतः

वित्यर्थः। एवं चाद्यन्तवद्भावादित्यस्याद्यन्तपदवच्छास्त्रप्रवृत्तेरित्यर्थः ॥ क्वचिदिति। आद्यन्तव्यवहारादिति तदर्थः ॥

सर्वकार्येति । आद्यन्तापदिष्टाद्यन्तानपदिष्टसर्वकार्यसिद्ध्यर्थं गुर्वपि व्यपदेशिवदिति

भावबोधिनी

विमर्श—'आदि' तथा 'अन्त' ये दोनों सापेक्ष शब्द हैं। जब किसी के बाद में कोई सजातीय दूसरा है और पूर्व में नहीं है तब उसे 'आदि' कहा जाता है। इसी प्रकार जब किसी के पूर्व में कोई अन्य सजातीय है किन्तु बाद में नहीं है तब 'अन्त' कहा जाता है। इस स्थिति में 'अकेला' कभी भी आदि या अन्त नहीं माना जा सकता। किन्तु व्याकरण में अनेक कार्य अकेले में ही आदि अथवा अन्त मानकर विहित हैं। उनकी सिद्धि कराने के लिए यह अतिदेश सूत्र बनाया जा रहा है।

'एकस्मिन्' इस उपमेय में सप्तमी होने से सूत्रस्थ आदि और अन्त इनमें भी सप्तम्यन्त से ही वति प्रत्यय है—आदौ इव = आदिवत्, अन्ते इव = अन्तवत्। 'एक' शब्द संख्यावाची नहीं है अपितु असहाय = अकेला का वाचक है। अकेले में भी आदि के समान तथा अन्त के समान अतिदेश होता है। यहाँ कार्यातिदेश है।

किन्तु वार्तिक में प्रयुक्त 'आद्यन्तवद्भावात्' का अर्थ है—आदि है जिसमें तथा अन्त है जिसमें वह शास्त्र—'आदिवत्, अन्तवत्' है उसका भाव = प्रवृत्ति, अर्थात् आदि ग्रहणवाले और अन्त ग्रहणवाले शास्त्र की प्रवृत्ति अन्य के रहने पर ही होने से यह सूत्र बनाना आवश्यक है।

(अनु०) तो क्या यह प्रयोजन है ?

तब क्या ? अर्थात् यह प्रयोजन है।

(वा०) इसमें तो व्यपदेशिवद्भाव कहना चाहिए।

वक्तव्यम् ॥

(भाष्यम्)

किं प्रयोजनम् ?

(१८४ प्रयोजनवार्तिकं द्वितीयखण्डम् ॥ ३ ॥)

॥ * ॥ एकाचोद्वेप्रथमार्थम् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

वक्ष्यति—"एकाचो द्वेप्रथमस्ये"ति (६।१।१) बहुव्रीहिनिर्देशः'—इति। तस्मिन् क्रियमाणे इहैव स्यात्—पपाच पपाठ; इयाय आर इत्यत्र न स्यात्। व्यपदेशिवदेकस्मिन् कार्यं भवतीत्यत्रापि सिद्धं भवति ॥

प्रदीपः

निमित्तसद्भावान्मुख्यो व्यपदेशो यस्यास्ति स व्यपदेशी, यस्तु व्यपदेशहेत्वभावादविद्यमानव्यपदेशः स तेन तुल्यं वर्तते कार्यं प्रतीति व्यपदेशिवद्भवतीत्युच्यते ॥

उद्द्योतः

आद्यन्तवदित्यस्य स्थाने कार्यमिति भावः ॥ स तेनेति। तेन तुल्यमिति तृतीयायां सर्वविभक्त्यर्न्तिर्भावात्तृतीयान्ताद्वतिरुक्त इति बोध्यम् ॥

भाष्ये तस्मिन्क्रियमाण इति। तस्मिन्नाश्रीयमाणे इत्यर्थः ॥ पपाचेति ॥ नन्वत्र धातुरेव प्रथम एकाज्, न तु धातोः प्रथम एकाजिति कथमत्र व्यपदेशिवद्भावं विना प्राप्तिरिति चेन्न। आदित्वपर्यायप्रथमत्वस्य सूत्रेणैवातिदेशसिद्धया तन्न व्यपदेशिवद्भावारम्भस्य मुख्यं प्रयोजनमित्याशयात्। इयायेत्यादौ तु द्विर्वचनेऽचीति रूपस्थानिवत्त्वादज्व्यतिरिक्ताभावेन नैकाच्त्वमिति बोध्यम् ॥

भावबोधिनी

(भा०) इस प्रयोजन के लिए तो व्यपदेशिवद्भाव कहना चाहिए। एक= असहाय=अकेले में व्यपदेशी के समान कार्य होता है, (परि०) ऐसा कहना चाहिए। [व्यपदेश=मुख्य व्यवहार है जिसका वह व्यपदेशी, उसके समान एक में भी व्यवहार करना चाहिए—यह भावार्थ परिभाषा का है।]

[व्यपदेशिवद्भाव के] क्या प्रयोजन है ?

(वा०) एकाच् के प्रथम का द्वित्व करने के लिये [व्यपदेशिवद्भाव करना चाहिए।]

(भा०) आगे कहा जायगा—'एकाच् धातु के प्रथम एकाच् का द्वित्व होता है।' (६।१।१)'एकाच् में बहुव्रीहिनिर्देश है'-एक अच् है जिसमें उसके प्रथम का द्वित्व होता है। किन्तु ऐसा मान लेने पर यहीं पर द्वित्व हो सकेगा—पपाच, पपाठ। [इनमें पच् और पठ् ये धातुयें एक अच् वाली है क्योंकि अच् के अतिरिक्त व्यञ्जन भी हैं।]

(१८४ प्रयोजनवार्तिकं तृतीयखण्डम् ॥ ४ ॥)

॥*॥ षत्वे चाऽऽदेशसंप्रत्ययार्थम् ॥*॥

(भाष्यम्)

वक्ष्यति—'आदेशप्रत्यययोरि (८।३।५९) त्यवयवषष्ठ्येषा—' इति। एतस्मिन् क्रियमाणे इहैव स्यात्—करिष्यति हरिष्यति, इह न स्याद् '[इन्द्रो मा]' वक्षत् (ऋ० १।१३५।४)' 'स देवान्यक्षत् (ऋ० ३।४।३)' इति। व्यपदेशिवदेकस्मिन् कार्यं भवतीत्यत्रापि सिद्धं भवति ॥

प्रदीपः

वक्षदिति। वच् लेट् तिप् इतश्च लोप इतीकारलोपः, लेटोऽडाटावित्यडागमः सिप्, कुत्वम्। अत्र सकारमात्रं प्रत्ययो न तु प्रत्ययस्यावयवः सकार इति षत्वं न स्यात् ॥

उद्द्योतः

भाष्ये—अवयवषष्ठ्येषेति। प्रत्ययांशे इति भावः। एतस्मिन्क्रियमाणे इति। अवयवषष्ठीत्वे आश्रीयमाणे इत्यर्थः ॥

भावबोधिनी

परन्तु 'इयाय' 'आर' इनमें नहीं हो सकेगा। [क्योंकि इण्='इ' और 'ऋ' इनमें एक ही अच् है। अतः बहुव्रीहि सम्भव नहीं है।] 'अकेले में भी व्यपदेशी के समान कार्य होता है' यह मान लेने से इन (इण्, ऋ) में भी द्वित्व हो जाता है। [एक अच् रूप को एक अच् वाला मानकर उस 'इ' 'ऋ' का भी द्वित्व होता है—इ+लिट्, तिप्=णल्=अ, 'इ' का द्वित्व इ+अ, वृद्धि, इयङ् करने पर रूप बनता है।]

(वा०) षत्व के विषय में आदेश के संप्रत्यय के लिये [व्यपदेशिवद्भाव करना चाहिए।]

(भा०) आगे कहा जायगा—'आदेश-प्रत्यययोः' (८।३।५९)यहाँ 'प्रत्यय' के साथ षष्ठी अवयव षष्ठी है अर्थात् आदेश का जो स् और प्रत्यय का अवयवभूत जो स् उनका ष् होता है। किन्तु ऐसा मान लेने पर इन्हीं में षत्व हो सकेगा —करिष्यति, हरिष्यति। [क्योंकि इनमें 'स्य' प्रत्यय है, स् इसका अवयव है। अतः प्रत्ययावयव स् है।] किन्तु इनमें नहीं हो सकेगा—"[इन्द्रो मा] वक्षत्"। (ऋ० १।१३५।४) "स देवान्यक्षत्" (ऋ० ३।४।३) 'एक में भी व्यपदेशी के समान कार्य होता है' इसके द्वारा इनमें भी षत्व हो जायगा। [वच् अथवा वह् धातु तथा यज् धातु से लेट्=तिप् बीच में 'सिब्बहुलं लेटि' (३।१।३४) सूत्र से सिप् = स् विकरण होता है। च् का कुत्व अथवा ह् का ढत्व, कत्व करने के बाद 'आदेश-प्रत्यययोः' से षत्व

(आक्षेपोपसंहारभाष्यम्)

स तर्हि व्यपदेशिवद्भावो वक्तव्यः ?

(सिद्धान्तिसमाधानभाष्यम्)

न वक्तव्यः ॥

(१८५ समाधानवार्तिकम् ॥ ५ ॥)

॥ * ॥ अवचनाल्लोकविज्ञानात् सिद्धम् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

अन्तरेणैव वचनं लोकविज्ञानात् सिद्धमेतत् ॥

प्रदीपः

अवचनादिति । अवचनं वचनरहितं यल्लोकविज्ञानं तस्माल्लोकव्यवहारादित्यर्थः । इह तावदियायेति य इण्धातुः प्रयोगभेदाद् बहुरूपः—एति इतः यन्ति अयनम् आयकः अगात् गमयतीति । तस्यायमेकोऽवयव इव लक्ष्यते । अथवा अर्थवतो धातोरयं वर्णरूप एकोऽजित्यर्थस्य त्यागोपादानाभ्यां भवति व्यपदेश एकाजिति । एवं शिलापुत्रकस्य शरीरमित्यनेकक्रियाविषयस्याऽवस्थातुरिदमेकावस्थायुक्तं शरीरमित्यस्ति व्यपदेशः । एवं सिप्प्रत्यय इट्सहितोऽपि दृष्टो जोषिषदित्यादौ, वक्षदित्यादौ केवलोऽपीति, तस्यायं सकार इति व्यपदिश्यते । लोकनिरूढश्चायं व्यवहार इति लोकवच्छास्त्रेऽपि व्यवहाराद् गौणमुख्यन्यायोऽत्र नावतरति ॥

उद्द्योतः

विज्ञानशब्दो व्यवहारवाचीत्याह—व्यवहारादिति ॥ तत्फलितव्याख्यानं भाष्ये अन्तरेणैवेति । यथा लोके व्यवहारो वचनं विनैव सिध्यति तथा शास्त्रेपि वचनं विना सिध्यतीत्यर्थः ॥ अगादित्यादि । 'इणो गा लुङि' 'णौ गमिरबोधने' इत्यादेशौ । एकोऽच् असहायोऽजित्यर्थः ॥ नन्वेकाचोऽवयविनो द्विर्वचनमिति यस्यायमवयवस्तस्य बहुरूपस्य भवितव्यं द्वित्वेनेत्यत आह—अथवेति ॥ काल्पनिकभेदेन व्यवहारे दृष्टान्तमाह— एवमिति ॥ व्यपदेशो भेदनिबन्धनसंबन्धव्यवहारः ॥ शास्त्रेपीति । लोकाप्रसिद्धत्वमेव तत्यागे बीजं तच्च न प्रकृते इति भावः ॥

भावबोधिनी

नहीं हो सकेगा क्योंकि वह स् प्रत्ययावयव नहीं है अपितु प्रत्यय रूप है । 'व्यपदेशिवदेकस्मिन्' परिभाषा द्वारा अकेले में भी अवयवावयविभाव मान लिया जाता है, षत्व हो जाता है ।]

तो फिर वह व्यपदेशिवद्भाव कहना चाहिए ?

नहीं कहना चाहिए ।

(वा०) बिना वचन = कथन के ही लोकविज्ञान से सिद्ध है ।

इस वचन के कहे बिना ही लोकव्यवहार के आधार पर [शास्त्र में भी] यह (व्यपदेशिवद्भाव) सिद्ध है ।

(एकदेशिदृष्टान्तभाष्यम्)

तद्यथा—लोके—'शालासमुदायो ग्रामः'—इत्युच्यते । भवति चैतदेकस्मिन्नपि—"एकशालो ग्रामः"—इति ॥

(उक्तदृष्टान्तविघटनभाष्यम्)

विषम उपन्यासः । ग्रामशब्दोऽयं बह्वर्थः । अस्त्येव शालासमुदाये वर्तते । तद्यथा—'ग्रामो दग्धः' इति ॥

अस्ति वाटपरिक्षेपे वर्तते । तद्यथा—'ग्रामं प्रविष्टः'—इति ॥

अस्ति च मनुष्येषु वर्तते । तद्यथा—'ग्रामो गतो ग्राम आगतः'— इति ॥

अस्ति सारण्यके ससीमके सस्थण्डिलके वर्तते । तद्यथा—'ग्रामो लब्धः'—इति ॥

तद्यः सारण्यके ससीमके सस्थण्डिलके वर्तते, तमभिसमीक्ष्यैतत्प्रयुज्यते—'एकशालो ग्रामः' इति ॥

भावबोधिनी

यह इस प्रकार है—'लोक में शालाओं = घरों का समुदाय 'ग्राम' ऐसा कहा जाता है । किन्तु [लोक में कभी-कभी] एक शाला वाले के विषय में भी 'एकशालः = एक घरवाला ग्राम' ऐसा कहा जाता है ।

यह उदाहरण तो विषम अर्थात् ठीक नहीं है क्योंकि ग्राम शब्द बहुत अर्थोंवाला है । यह शालाओं = घरों के समुदाय अर्थ में भी प्रयुक्त होता है । जैसे—'गाँव जल गया ।' (गाँव के सभी घर जल गये ।)

यह वाटपरिक्षेप = लकड़ी, कटीले तार आदि की बाड़ अर्थ में भी प्रयुक्त है । जैसे—'ग्राम में प्रविष्ट हो गया । (गाँव को घेरनेवाली बाड़ में प्रविष्ट हो गया ।)

और बहुत से मनुष्य = मनुष्यसमूह अर्थ में भी प्रयुक्त है । जैसे 'गाँव चला गया । गाँव आ गया ।' [अर्थात् गाँव के सभी मनुष्य चले गये, या आ गये ।]

अरण्यसहित, सीमासहित, स्थण्डिलकसहित अर्थ में भी ग्राम शब्द प्रयुक्त होता है, जैसे—गाँव प्राप्त हो गया, मिल गया ।

अतः जो अरण्यसहित, सीमा (के सूचक नदी, पहाड़ आदि) के सहित, स्थण्डिलक (= बाँध, टीला आदि) के सहित अर्थ में 'ग्राम' शब्द प्रयुक्त है इसी (व्यापक अर्थ) को देखकर, मानकर यह प्रयोग किया जाता है—"एक घरवाला गाँव ।' [यहाँ गाँव शब्द अपने समीपवर्ती, नद, नदी, जंगल, पहाड़ आदि सभी अर्थों का बोधक है । इन सभी के साथ एक घर भी रहने पर 'एकशालः ग्रामः' यह प्रयोग होता है ।]

(एकदेशिदृष्टान्तान्तरभाष्यम्)

यथा तर्हि—'वर्णसमुदायः पदम्' 'पदसमुदाय ऋक्,' 'ऋक्समुदायः सूक्तम्' इत्युच्यते। भवति चैतदेकस्मिन्नपि—'एकवर्णं पदम्', 'एकपदा ऋक्,' 'एकर्चं सूक्तम्' इति ॥

(दृष्टान्तान्तरविघटनभाष्यम्)

अत्राप्यर्थेन युक्तो व्यपदेशः। पदं नामार्थः, ऋङ् नामार्थः, सूक्तं नामार्थ इति ॥

प्रदीपः

पदसमुदाय इति। पादपर्यायः पदशब्दः। तथा चैकपदा ऋगिति पाद एव विवक्षितः। न तु ऋचः कस्याश्चिदप्येकमेव पदं भवति।

अत्राप्यर्थेनेति। पदादीनां योऽर्थः सोऽन्यपदार्थ इत्यर्थः। अभेदोपचाराच्चार्थ एव पदादिभिरभिधीयते ॥

उद्द्योतः

पादपर्याय इति। वर्णसमुदायः पदमित्यत्र तु पदशब्दो यथाश्रुत एव ॥

पदादीनामिति। एकवर्णं पदमित्यादौ ॥ ननु अर्थस्य पदत्वं कथमत आह—अभेदेति। तदुपचारश्च शब्दार्थयोरनादिरिति बोध्यम् ॥ पदादिभिः=पदशब्दादिभिः ॥

भावबोधिनी

अथवा तो यह दूसरा उदाहरण है—"वर्णों का समुदाय पद होता है' 'पदों=पादों का समुदाय ऋक् होती है' 'ऋचाओं का समूह सूक्त कहा जाता है।' परन्तु (लोक में) इन एक एक में भी ये व्यवहार होते हैं—'एक वर्णवाला पद', 'एक पद=पादवाली ऋचा' 'एक ऋचा वाला सूक्त।' [जैसे इनमें समूह का कार्य एक में भी किया जाता है उसी प्रकार शास्त्र में भी अकेले में भी 'आदित्व' 'अन्तत्व' का व्यवहार हो सकता है।]

इन उपर्युक्त उदाहरणों में भी अर्थ द्वारा अर्थात् अर्थ को मानकर ये व्यवहार उचित ही हैं। एक वर्णवाला पद। एक पादवाली ऋचा। एक ऋचा वाला सूक्त। [शब्द और अर्थ का अभेद मानकर उक्त प्रयोग होते हैं। अतः पद आदि शब्द यहाँ स्वरूपबोधक न होकर उनके अर्थ के बोधक हैं। अतः पद, ऋक्, सूक्त इन शब्दों के अर्थ ही यहाँ अन्यपदार्थबहुव्रीह्यर्थ समझने चाहिए।]

(सिद्धान्तिदृष्टान्तभाष्यम्)

यथा तर्हि—बहुषु पुत्रेष्वेतदुपपन्नं भवति—'अयं मे ज्येष्ठोऽयं मे मध्यमोऽयं मे कनीयानिति । भवति चैतदेकस्मिन्नपि—'अयमेव मे ज्येष्ठोऽयमेव मे मध्यमोऽयमेव मे कनीयान्' इति ॥

(सिद्धान्तिदृष्टान्तान्तरभाष्यम्)

तथाऽसूतायामसोष्यमाणायां च भवति—'प्रथमगर्भेण हता' इति ।

प्रदीपः

अयमेव मे ज्येष्ठ इति । प्रथमरूपतयाध्यवसायात् । मध्यमकार्यकरणाच्च मध्यम इति व्यपदिश्यते । अन्यो न जनितेति बुद्धया कनीयानिति व्यपदिश्यते ॥

असूतायामिति । बहुकृत्वोऽपि प्रसूता प्रथमपुत्रेण काचिद्धन्यते । तथा या प्रसोष्यते साऽपि काचित्पूर्वोत्पन्नेन पुत्रेण हन्यत इत्युभयोरुपादानम् । नापि प्रसूता नापि

उद्द्योतः

प्रथमेति । तस्मात्पूर्वस्याभावादिति भावः ॥ मध्यमकार्यं तत्सम्बन्धजसुखादिकम् ॥

बहुकृत्वोऽपीति । यथा परशुरामेण रेणुका ॥ तथा येति । सम्प्रति गर्भिणीत्यर्थः । गर्भस्थमादाय तत्रापि प्रथमव्यवहार इत्यर्थः ॥ ननु या सूता सा न गर्भेण

भावबोधिनी

[यदि यह उदाहरण भी असंगत है] तो फिर जैसे—'बहुत से पुत्र रहने पर ही यह व्यवहार उपपन्न होता है—यह मेरा ज्येष्ठ (सबसे बड़ा) पुत्र है, यह मेरा मध्यम = मझला पुत्र है, यह मेरा कनीयान् = सबसे छोटा पुत्र है । परन्तु कहीं-कहीं एक पुत्र में भी ये व्यवहार होते हैं—'यह मेरा ज्येष्ठ पुत्र है, यह मेरा मध्यम पुत्र है, यह मेरा कनिष्ठ पुत्र है ।'

विमर्श—वास्तव में ज्येष्ठ, मध्यम, कनिष्ठ ये तीनों सापेक्ष अर्थ के वाचक हैं । जब तक मध्यम और कनिष्ठ नहीं होंगे, 'ज्येष्ठ' व्यवहार असम्भव है, इसी प्रकार ज्येष्ठ और मध्यम न रहने पर 'कनिष्ठ' व्यवहार असम्भव है, इसी प्रकार ज्येष्ठ तथा कनिष्ठ दोनों के न रहने पर 'मध्यम' व्यवहार असम्भव है । परन्तु कभी-कभी स्नेहातिशय में या पत्नी की अवस्था आदि को ध्यान में रखकर एकलौते पुत्र के रहने पर भी उक्त व्यवहार कर दिये जाते हैं । उसी प्रकार अकेले शब्द में भी 'आदि' 'अन्त' व्यवहार किये जा सकते हैं ।

(अनु०) इसी प्रकार पहले प्रसव न करने वाली तथा भविष्य में भी बच्चे न पैदा करने वाली स्त्री के विषय में यह व्यवहार होता है—"प्रथम गर्भ = सन्तान

(सिद्धान्तिदृष्टान्तान्तरभाष्यम्)

तथाऽनेत्याऽनाजिगमिषुराह—'इदं मे प्रथममागमनम्' इति ॥

प्रदीपः

प्रसोष्यते कुक्षिस्थेनैव गर्भेण हता 'प्रथमगर्भेण हते'त्युच्यते। अपत्यपर्यायो गर्भशब्दः। तत्र तस्या एव योग्यताध्यवसायेन भाविगर्भविवक्षया प्रथमगर्भेण हतेत्युच्यते। स्त्र्यन्तरेषु वा बहुपुत्रत्वे सत्याद्यगर्भस्य प्रथमव्यपदेशदर्शनात् तथाविधस्य प्रथमगर्भव्यवहारः॥

अनेत्येति। बहुकृत्वो ह्यागतः पूर्वमागमनं स्मृत्वा प्रथमव्यपदेशं तत्र मुख्यं करोत्येव, आजिगमिषुश्च भावीन्यागमनानि बुद्धया व्यवस्थाप्य कुर्यादेव प्रथमव्यवहारम्। यस्तु सकृदेवागतः सोपि करोति प्रथमव्यवहारमिति प्रतिपादनार्थमनेत्यानाजिगमिषुरित्युपात्तम्। तत्रान्यसम्बन्धिषु बहुष्वप्यागमनेष्वाद्यस्य प्रथमव्यवहारदर्शनात् तथाविधत्वात् स्यादेकस्मिन्नप्यागमने प्रथमव्यवहारः॥

उद्द्योतः

हता भवति किं त्वपत्येनेति गर्भेण हतायां तद्व्यतिरेकप्रदर्शनमयुक्तमत आह—अपत्यपर्याय इति। तच्चोदरस्थं बहिर्भूतं वेत्यन्यत्॥ तत्र प्रथमव्यवहारे बीजमाह—तस्या एवेति। स्त्र्यन्तरेषु बहुप्रसववतीषु। तथाविधस्येति। अविद्यमानपूर्वगर्भस्येत्यर्थः॥

नन्वागमनं विनेदं मे प्रथममागमनमिति व्यवहारासम्भवादनेत्येदं मे प्रथममागमनमित्यसङ्गतमत आह—बहुकृत्व इति। अनेत्येत्यस्येतः पूर्वमिति शेष इति भावः॥ तथाविधत्वादिति। अविद्यमानपूर्वागमनत्वादित्यर्थः॥

भावबोधिनी

से मारी गई।' [जबकि अनेक बार प्रसव करने वाली के विषय में ही प्रथम तथा अन्तिम आदि व्यवहार होना उचित है। जैसे रेणुका ने अनेक पुत्र उत्पन्न किये थे उन्हीं में से प्रथम पुत्र परशुराम द्वारा उसका वध कर दिया गया था। यहीं यह व्यवहार उचित है। किन्तु कभी-कभी पहली सन्तान होते ही माता की मृत्यु हो जाने पर यह कह दिया जाता है—'पहली सन्तान ने ही मार डाली।' उसी प्रकार शास्त्र में अकेले में भी 'आदि' 'अन्त' व्यवहार हो सकते हैं।]

इसी प्रकार (पहले कभी) न आकर तथा भविष्य में दुबारा न आने का इच्छुक व्यक्ति कहता है "यह मेरा पहला आना है।" [वास्तव में तो बाद में भी आने का इच्छुक ही यह कहता है कि यह मेरा पहला आगमन है। परन्तु कभी कभी एक ही बार आने वाला भी यह कह देता है—'यह मेरा पहली बार आना है।' [वैसे ही शास्त्र में भी होता है।]

(सूत्रप्रत्याख्यानभाष्यम्)

आद्यन्तवद्भावश्च शक्योऽवक्तुम् ॥

कथम् ?

(१८६ प्रत्याख्यानसाधकवार्त्तिकम् ॥ ६ ॥)

॥*॥ अपूर्वानुत्तरलक्षणत्वादाद्यन्तयोः सिद्धमेकस्मिन् ॥*॥

(भाष्यम्)

अपूर्वलक्षण आदिः, अनुत्तरलक्षणोऽन्तः । एतच्चैकस्मिन्नपि भवति । अपूर्वानुत्तरलक्षणत्वादेतस्मात् कारणाद् एकस्मिन्नप्याद्यन्तापदिष्टानि कार्याणि भविष्यन्तीति नार्थ आद्यन्तवद्भावेन ॥

प्रदीपः

इदानीं योगं प्रत्याख्यातुमाह—अपूर्वेति ॥ यद्यपि बहुष्ववस्थितेष्वाद्यन्तशब्दौ प्रयुज्येते तथाप्यपूर्वानुत्तरत्वमात्रमेतयोः प्रवृत्तिनिमित्तम् । तच्चैकस्मिन्नप्यस्तीति नार्थः सूत्रेण ॥

उद्द्योतः

परे तु—पदङ्गादिपदानि अर्थशब्दसमुदायवृत्तीनि तस्य शब्दमात्ररूपवर्णपादङ्गाद्यवयव इत्येव भाष्यार्थः । न तु शुद्धोऽर्थोऽन्यपदार्थ इति । तथाऽप्रतीतेः, एकचं सूक्तं पठेत्यादिव्यवहारानापत्तेश्च । एवं चार्थवतो धातोरयमेकोज् वर्णरूप इति अर्थस्य त्यागोपादानाख्यं भवति व्यपदेश एकाजितीति कैयटोक्तं चिन्त्यम् । एतद्भाष्यरीत्या तस्य मुख्यव्यवहारत्वेन व्यपदेशिवद्भावाविषयत्वात् । कैयटरीत्या शुद्धार्थस्यान्यपदार्थत्वेऽत्रापि तथैवास्तु शब्दार्थयोरभेदाच्च शब्देपि तत्त्वमिति अत्रापि न व्यपदेशिवद्भावप्रयोजनम् । किं चैकाजिति बहुव्रीहिणा प्रथमस्येत्युपस्थितावयवस्य विशेषणम् ।

भावबोधिनी

आद्यन्तवद्भाव के अतिदेश सूत्र का खण्डन-वार्त्तिककार का मत

इस आदिवद्भाव तथा अन्तवद्भाव को कहने की आवश्यकता नहीं है ?

किस प्रकार ?

(वा०) आदि तथा अन्त का क्रमशः अपूर्व (= जिसके पूर्व में दूसरा नहीं है) और अनुत्तर (= जिसके बाद में दूसरा नहीं है)—यह लक्षण मानने से एक में ही सिद्ध हो जाता है ।

(भा०) जिसके पूर्व में कोई नहीं है वह—आदि है । जिसके बाद में कोई नहीं है वह—अन्त है । [इतना ही लक्षण मानना चाहिये ।] यह लक्षण अकेले एक वर्ण आदि में भी घट जाता है । अपूर्व तथा अनुत्तर इतना ही लक्षण होने के कारण एक = असहाय में ही आदि तथा अन्त को मान कर किये जाने वाले कार्य हो जायेंगे, इसलिये आदिवद्भाव तथा अन्तवद्भाव का कोई प्रयोजन नहीं है ।

(प्रत्याख्यानासम्भवभाष्यम्)

गोनर्दीयस्त्वाह—सत्यमेतत् 'सति त्वन्यस्मिन्' इति ॥

प्रदीपः

भाष्यकारस्त्वाह—'सति त्वन्यस्मिन्नि'ति । न ह्यनपेक्षितप्रतियोगिनोराद्यन्तयोः प्रवृत्तिरित्यर्थः । तस्मादेकस्मिन्मुख्य आद्यन्तव्यपदेशो नास्तीति कर्तव्योऽयं योगः ॥ यद्यपि लौकिकेन व्यपदेशिवद्भावेनाद्यन्तव्यपदेश एकस्मिन्नपि सिध्यति । तथापि गौणत्वात्कार्येण न भवितव्यमिति यस्य भ्रान्तिः स्यात्तं प्रति योगोऽयमारब्धः ॥

उद्द्योतः

तस्य चानर्थकत्वमिति अर्थस्योपादान-त्यागावर्थसम्बद्धौ । एतदेव ध्वनयता पदं नामार्थं इति भाष्ये उक्तम् । धात्ववयवत्वं तु कैयटोक्तरीत्या वक्तुं शक्यम् । अत एव बहुव्रीहिनिर्देशानुपपत्तिरेव व्यपदेशिवदित्याश्रयणे बीजमुक्तम् ॥ अत्राप्यर्थेनेति भाष्यस्य पदादिशब्दार्थस्यार्थेन युक्तत्वादित्यर्थः ॥ अर्थशब्दोभयवृत्ति पदत्वकृत्वादीत्याशयः ॥ पदं नामार्थं इत्यादेरर्थोपीत्यर्थः ॥ यथा तर्हीति । यथैकस्मिंस्तत्तद्धर्मारोपेण युगपज्जयेष्ठत्वादिव्यवहारस्तथैकस्मिन्नारोपितानेकस्थाभिः समुदायरूपत्वस्याप्यारोपेणैकात्वादिव्यवहारोपपत्तिः, द्वितीये तृतीये च दृष्टान्ते प्रथमेत्युपलक्षणं चरमस्यापि । तृतीये कदाचिच्चरममागमनमित्यपि व्यवहारात् । आद्यन्तवद्भावश्च शक्योऽवक्तुमित्यस्य प्रकारान्तरेणापीति शेष इत्याहुः ॥

वस्तुतस्तु ईदृशेषु पातञ्जलोक्तं विकल्पात्मकं वस्तुशून्यमेव ज्ञानमिति आरोपानुपयोग एव । लोकव्यवहारक्तेनापि शास्त्रीयो व्यवहार इति तत्त्वम् ॥

गोनर्दीयपदं व्याचष्टे—भाष्यकार इति ॥ अनपेक्षितप्रतियोगिनोः अनपेक्षितपरपूर्वयोः ॥ आद्यन्तयोः=आद्यन्तरूपार्थयोः ॥ प्रवृत्तिः । आद्यन्तशब्दप्रवृत्तिरित्यर्थः ॥ तथापीति । वस्तुतो लोकनिरूढत्वाद् गौणत्वमेवात्र नास्तीत्यर्थः ॥

भावबोधिनी

सूत्र की आवश्यकता-भाष्यकार का मत

गोनर्दीय पतञ्जलि तो यह कहते हैं—"अन्य के रहते जिसके पूर्व में कोई नहीं है वह आदि है' 'अन्य के रहते जिसके बाद में कोई नहीं है वह अन्त है" यही लक्षण सही है ।

विमर्श—जिसके बाद में अन्य वर्ण है और पूर्व में नहीं है वही 'आदि' है । इसी प्रकार जिसके पूर्व में कोई वर्ण है किन्तु बाद में नहीं है वही 'अन्त' है । यह माना जाता है । परन्तु कुछ विद्वान् 'सति अन्यस्मिन्' यह लक्षण में नहीं रखना चाहते । इनके अनुसार—'अपूर्वः = आदिः, अनुत्तरः = अन्तः' यही है । परन्तु भाष्यकार बिना अपेक्षा के इन व्यवहारों को उचित नहीं मानते है । अतः अतिदेश के लिये यह सूत्र करना चाहिये अन्यथा गौण होने से असहाय अकेले में कार्य उपपन्न नहीं सकेंगे ।

(सूत्रोदाहरणाधिकरणम्)

(प्रयोजनजिज्ञासाभाष्यम्१)

कानि पुनरस्य योगस्य प्रयोजनानि ?

(१८७ प्रयोजनवार्तिकम् ॥ ७ ॥)

॥*॥ आदिवत्त्वे प्रयोजनं प्रत्ययञ्नितदाद्युदात्तत्वे ॥*॥

(भाष्यम्)

प्रत्ययस्यादिरुदात्तो भवतीति (३।१।३), इहैव स्यात्—कर्तव्यं, तैत्तिरीयः। औपगवः, कापटवः इत्यत्र न स्यात् ॥

प्रदीपः

प्रत्ययञ्नितदाद्युदात्तत्व इति। प्रत्ययस्याद्युदात्तत्वं ञ्निति चाद्युदात्तत्वमित्यर्थः ॥ कथं पुनर्भिन्नविभक्त्योर्द्वन्द्वः। उच्यते—प्रत्ययस्य यदाद्युदात्तत्वं तस्य प्रत्ययोऽपि विषय इति प्रत्ययेऽपि तदुच्यते। यद्वा ञ्निति यदाद्युदात्तत्वं तद् ञ्नितोऽपि संबन्धि भवतीति नास्ति भिन्नविभक्तित्वम् ॥ ऋदोरबित्याद्युदात्तत्वनिवृत्त्यर्थात्पित्त्वाल्लिङ्गादेकाचोपि प्रत्ययस्याद्युदात्तत्वं भविष्यतीति चेदकारविषयमेव लिङ्गं स्यादितीकारोकारयोः प्रत्यययोराद्युदात्तत्वं न स्यात्। विशेषणार्थं वा पित्करणं स्यात् थाथादिसूत्रे इत्यज्ञापकं स्यात् ॥

उद्द्योतः

कथमिति। भिन्नविभक्त्यन्तयोरसमप्रधानत्वेन साहित्याप्रतीतेरित्यर्थः। इकारोकारयोरिति ॥ उपाधिः, चिकीर्षुरित्यादौ ॥ सामान्यापेक्षज्ञापकत्वेप्याह—विशेषणार्थं चेति ॥

भावबोधिनी

प्रस्तुत सूत्र से आदिवद्भाव के प्रयोजन

इस सूत्र (से आदिवद्भाव) के कौन कौन से प्रयोजन हैं ?

(वा०) आदिवद्भाव मानने में प्रयोजन है प्रत्यय का तथा ञित् और नित् परे पूर्ववर्तीका आद्युदात्त होना।

(भा०) (आद्युदात्तश्च: ३।१।३ सूत्र से) प्रत्यय का आदि उदात्त होता है। यह यहीं पर हो सकेगा—'कर्तव्यम्, तैत्तिरीयः'। [क्योंकि तव्यत् तथा छ=ईय प्रत्ययों में आदि का लक्षण घटता है।] परन्तु 'औपगवः, कापटवः' इनमें (प्रत्यय का आद्युदात्त) नहीं हो सकेगा। [क्योंकि इनमें 'अण्' यह अकेला प्रत्यय है। अतः आदि का लक्षण नहीं घटेगा। अतः प्रस्तुत सूत्र ही अकेले 'अ' में 'आदिवद्भाव का अतिदेश करता है जिससे उदात्त होता है]

"ञ्नित्यादिर्नित्यम्" (६।१।१९७) इति इहैव स्याद्—अहिचुम्बकायनिः, आग्निवेश्यः। गार्ग्यः, कृतिरित्यत्र न स्यात् ॥

प्रदीपः

गार्ग्य इति। अत्र परत्वाद्यस्येति लोपे कृत आदित्वाभावात्प्रकृतेराद्युदात्तत्वं न प्राप्नोति। स्वरविधौ स्थानिवद्भावप्रतिषेधाच्च नास्ति ह्यच्त्वम्। स्वरविधौ व्यञ्जनस्याऽविद्यमानत्वान्नास्ति हलपेक्षमप्यादित्वम् ॥ कृतिरिति। क्तिनो नित्त्वं तादौ च निति कृत्यताविरत्येवमर्थं स्यात्। सौवर्यःसप्तम्यस्तदन्तसप्तम्य इत्येतदनाश्रित्यैतदुक्तम् ॥

उद्द्योतः

अहिचुम्बकात्प्राचामवृद्धादिति फिन्। अग्निवेशाद्गर्गादियञ्॥ स्वरविधाविति। नन्वस्य स्वरोद्देश्यके विधावित्यर्थौ वा हलः स्वरप्राप्ताविरयर्थौ वा। उभयथापि नेह प्राप्तिरिति चेत् ॥ सत्यम्, अत्र सूत्रेऽजन्तरापेक्षमेवादित्वं गृह्यते। अन्त्यस्याच एव तद्व्यावर्त्यत्वेनोपस्थितत्वादिति भाष्याशयात्। किं च स्त्रैणमित्यादावाद्युदात्तत्व न स्यादिति दोषः। ञित्त्वं तु वृद्ध्यर्थतया सावकाशं बोध्यम् ॥क्तिन इति। अनेकाज्भ्यस्तु चिरिजिर्यादिभ्योऽनभिधानात् क्तिन्नभाव इति भावः ॥ ननु तदन्तसप्तमीत्वे गार्ग्यादौ समुदाये मुख्य एवादिः संभवतीति न दोष इत्यत आह—सौवर्य इति ॥

भावबोधिनी

'ञ्नित्यादिर्नित्यम्' (६।१।१९७) यहीं लगेगा— अहिचुम्बकायनि, आग्निवेश्यः। किन्तु 'गार्ग्यः, कृतिः' इनमें आदि उदात्त नहीं हो सकेगा।

[अहिचुम्बक शब्द से अपत्यार्थ में 'प्राचामवृद्धात् फिन् बहुलम्'(४।१।११६)सूत्र से फिन् प्रत्यय, 'आयनेयीनीयीयः फढखछघां प्रत्ययादीनाम्' (७।१।२) सूत्र से फ=आयन् होता है। फिन् नित् है उसकी प्रकृति अहिचुम्बक में अनेक अच् हैं अतः आदि का उदात्त होता है। अग्निवेश शब्द से 'गर्गादिभ्यो यञ्' (४।१।१०५) सूत्र से यञ् ञित् प्रत्यय करने पर भ संज्ञा, अलोप कर देने पर भी अग्निवेश्+य में अनेक अच् होने से आदि अच् उदात्त हो जाता है। किन्तु गार्ग्यः=गर्ग+यञ्, भ संज्ञा, अलोप के बाद गर्ग्+य में प्रकृति एक अच् वाली ही रहती है आदित्व व्यवहार सम्भव नहीं है। कृ+क्तिन्=कृतिः में भी एक ही अच् है। अतः आदिवद्भाव मानकर ही आद्युदात्त हो सकेगा। यद्यपि 'सौवर्यः सप्तम्यस्तदन्तसप्तम्यः' अर्थात् स्वरविधि में तदन्त सप्तमी होने पर गार्ग्य आदि में समुदाय में ही मुख्य आदि सम्भव हो जाता है, उसका उदात्त हो सकता है, इस सूत्र की आवश्यकता नहीं है तथापि भाष्यकार ने उक्त परिभाषा न मानकर ही प्रस्तुत स्वरसम्बन्धी उदाहरण दिये हैं।]

(१८८ प्रयोजनवार्तिकम् ॥८॥)

॥ * ॥ वलादेरार्धधातुकस्येट् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

वलादेरार्धधातुकस्येट् प्रयोजनम् ॥ "आर्धधातुकस्येड्वलादेः" (७।२।३५) इतीहैव स्यात्--करिष्यति हरिष्यति । 'जोषिषद् (ऋ० २।३५।१)' मन्दिषदित्यत्र न स्यात् ॥

(१८९ प्रयोजनवार्तिकम् ॥९॥)

॥ * ॥ यस्मिन्विधिस्तदादित्वे ॥ * ॥

(भाष्यम्)

यस्मिन्विधिस्तदादित्वे प्रयोजनम् । वक्ष्यति--'यस्मिन्विधिस्तदादावल्-

प्रदीपः

जोषिषदिति । लिङर्थे लेट् । इट ईटीति च ज्ञापकं सिज्विषयमेव स्यादिति सिप इण्न स्यात् ॥

उद्द्योतः

लेडिति । सिब्बहुलं लेटीति सिप् ॥ इट ईटीति । न च यमरमनमातामित्यत्र वलादेरित्यस्य संबन्धे फलाभावात्कथमेतज्ज्ञापकम्; रुदादिभ्य इति सूत्रे वलादेरित्यस्य संबन्धसत्त्वेन मध्येपि संबन्धस्यैव न्याय्यत्वात् । अत एव सप्तमे (७।२।३) सूत्रे भाष्ये—"एकाचस्तौ वलीति वा" इत्युक्तम् ॥

भावबोधिनी

(वा०) वलादि आर्धधातुक को इट् आगम (भी प्रयोजन है ।)

(भा०) वलादि आर्धधातुक को इट् आगम होता है—यह भी इस अतिदेश सूत्र का प्रयोजन है । 'आर्धधातुकस्येड्वलादेः'' (७।२।३५) यह सूत्र इन्हीं में लगेगा--करिष्यति, हरिष्यति । [कृ+स्य + ति, हृ+स्य + ति में 'स्य' में दो हल् = वल् होने से एक आदि होता है उसे इट् आगम होता है ।] किन्तु—जोषिषत्, मन्दिषत्' इनमें इट् नहीं हो सकेगा । [जुष् तथा मन्द् से 'लिङर्थे लेट्' से लेट् = ति, 'सिब्बहुलं लेटि' सूत्र से सि=स् विकरण होता है, यह स्=वल् एक ही है । आदित्व-व्यवहार सम्भव नहीं है । प्रस्तुत सूत्र से ही सम्भव होने पर इट् आगम आदि कार्य होते हैं ।]

(वा०) 'यस्मिन् विधिस्तदादावल्ग्रहणे' (परि०) के विषय में तदादित्व करना भी (प्रयोजन है ।)

---

* विशेष-कृपया पृ० ६४१ से ६७२ के स्थान पर पृ० ६२९ से ६६० समझें ।

ग्रहणे' इति। तस्मिन् क्रियमाणे "अचि श्नुधातुभ्रुवां य्वोरियङुवङौ" (६।४।३७) इहैव स्यात्—श्रियः भ्रुवः। श्रियौ भ्रुवौ इत्यत्र न स्यात्॥

(१९० प्रयोजनवार्तिकम् ॥ १० ॥)

॥ * ॥ अजाद्याट्त्वे ॥ * ॥

(भाष्यम्)

अजाद्याट्त्वे प्रयोजनम्। "आडजादीनाम्" (६।४।७२) इहैव स्याद्–ऐक्षिष्ट, ऐहिष्ट। ऐष्ट, अध्यैष्टेत्यत्र न स्यात्॥

प्रदीपः

यस्मिन्विधिरिति। स्वस्य च रूपस्येति नानुवर्तते इति प्रयोजनत्वेनोपन्यासः॥

अजाद्याट्त्व इति। सूत्रपाठापेक्षया प्रयोजनोपन्यासः। वार्तिककारस्तु 'अजादीनामटा सिद्धम्' इत्याह॥

भावबोधिनी

(भा०) अल्ग्रहण-विषयक सप्तमी विभक्ति के निर्देशों में तदादिविधि होती है। आगे यह परिभाषा कही जायगी—'यस्मिन् विधिस्तदादावल्ग्रहणे' अर्थात् जिस किसी सूत्र में सप्तम्यन्त पद से अ इ उ अथवा क् ख् ग् आदि अल् वर्ण का ग्रहण करके किसी विधि को कहा गया है वह उस सूत्र में तदादि = अकारादि, ककारादि परे की जाती है। यह परिभाषा मान लेने पर "अचि श्नुधातुभ्रुवां य्वोरियङुवङौ' (६।४।३७) यह सूत्र इन्हीं में लगेगा—श्रियः, भ्रुवः। किन्तु इनमें नहीं लगेगा—श्रियौ, भ्रुवौ। [श्री तथा भ्रू शब्दों से जस् = अस्, परे रहते अजादि सम्भव है—ई का इयङ् और ऊ का उवङ् हो जायगा। किन्तु श्री तथा भ्रू से 'औ' अकेला परे रहते अजादि न मिल पाने से इयङ्, उवङ् नहीं हो सकेंगे। अतः प्रस्तुत सूत्र से आदिवद्भाव करना चाहिये।]

(वा०) अजादि को आट् करने में (प्रयोजन) है।

(भा०) अजादि अङ्ग को आट् करने में इस सूत्र का प्रयोजन है। 'आडजादीनाम्' (६।४।७२) यह सूत्र इन्हीं में आट् करेगा—ऐक्षिष्ट, ऐहिष्ट। परन्तु—'ऐष्ट, अध्यैष्ट—इनमें नहीं हो सकेगा। [ईक्ष् तथा ईह् धातुओं से आत्मनेपद में लुङ्, त, सिच् आदि होते है। इनमें अच्-हल्-समूह में अज् आदि होने से अजादि मिल जाते हैं। किन्तु 'ईङ्, अधि + इङ् इनमें तो एक ही अच् होने से उसे आदि मानना सम्भव नहीं है। अतः प्रस्तुत सूत्र से आदिवद्भाव किया जाता है। आट् आगम, वृद्धि होने पर रूप बनते हैं।]

(अन्तवत्त्वप्रयोजननिरूपणाधिकरणम्)

(आक्षेपभाष्यम्)

अथान्तवत्त्वे कानि प्रयोजनानि ?

(१९१ प्रयोजनवार्तिकम् ॥ ११ ॥)

॥*॥ अन्तवद् द्विवचनान्तप्रगृह्यत्वे ॥*॥

(भाष्यम्)

अन्तवद् द्विवचनान्तप्रगृह्यत्वे प्रयोजनम् ॥ "ईदूदेद् द्विवचनं प्रगृह्यम्" (१।१।११)इहैव स्यात्—पचेते + इति, पचेथे + इति । खट्वे + इति, माले + इतीत्यत्र न स्यात् ॥

प्रदीपः

अन्तवदिति । ॰येन विधिस्तदन्तस्य॰ इत्यनेनैव गतार्थें प्रपञ्चार्थोयमुपन्यासः ॥

उद्द्योतः

येन विधिरिति । तेनैव हीदूदेद् द्विवचनमित्यत्र तदन्तविधिरिति भावः ॥

भावबोधिनी

प्रस्तुत सूत्र से अन्तवद्भाव के प्रयोजन

अच्छा अब बतलाइये—अन्तवद्भाव करने में कौन कौन प्रयोजन हैं ?

(वा०) अन्तवद्भाव (का प्रयोजन) द्विवचनान्त की प्रगृह्य संज्ञा में ।

(भा०) अन्तवद्भाव करने में द्विवचनान्त की प्रगृह्य संज्ञा करना प्रयोजन है । 'ईदूदेद् द्विवचनं प्रगृह्यम्' (१।१।११) ईदन्त, ऊदन्त, एदन्त द्विवचन की प्रगृह्य संज्ञा होती है—यह इन्हीं में हो सकेगी—पचेते + इति, पचेथे + इति । किन्तु— 'खट्वे + इति, माले + इति—इनमें नहीं हो सकेगी । [पच् शप् + आताम्, पच् + अ + आथाम्—इनमें आ का इय् तथा टि = आम् का एत्व करने पर पच + इते, पच + इथे, गुण, पचेते + इति, पचेथे + इति में एते, एथे ईदन्त द्विवचन हैं, प्रगृह्य संज्ञा, प्रकृतिभाव होता है। किन्तु खट्वा + औ, माला + औ, 'औङ आपः' (७।१।१८) सूत्र से औ का शी = ई करने पर द्विवचन केवल 'ई' ही मिलता है । अथवा गुण कर लेने पर केवल 'ए' ही मिलता है । एक में तदन्तत्व-व्यवहार प्रस्तुत सूत्र से ही होता है ।]

(१९२ प्रयोजनवार्तिकम् ॥ १२ ॥)

॥ * ॥ मिदचोऽन्त्यात्परः ॥ * ॥

(भाष्यम्)

"मिदचोऽन्त्यात्परः" (१।१।४७) प्रयोजनम्। ["नपुंसकस्य झलचः" (७।१।७२)] इहैव स्यात्—कुण्डानि वनानि। तानि यानीत्यत्र न स्यात् ॥

(१९३ प्रयोजनवार्तिकम् ॥ १३ ॥)

॥ * ॥ अचोऽन्त्यादि टि ॥ * ॥

(भाष्यम्)

"अचोऽन्त्यादि टि" (१।१।६४) प्रयोजनम्। "टित आत्मनेपदानां टेरे" (३।४।७९) इहैव स्यात्—कुर्वाते कुर्वाथे। कुरुते, कुर्वे इत्यत्र न स्यात् ॥

प्रदीपः

कुरुत इति। अर्थवता व्यपदेशिवद्भावात् तथन्दाकारस्यानर्थकत्वादिह

उद्द्योतः

अर्थवतेति। तत्र ह्यर्थस्य त्यागोपादानाभ्यां भेदः सुकर इति भावः ॥ इदं चिन्त्यम्। 'यद्यपि व्यपदेशिवद्भावेन सिध्यति, तथापि गौणत्वान्नेति यस्य भ्रान्तिस्तं प्रति सूत्रारम्भः' इति पूर्वग्रन्थविरोधात्, सूत्रकारेण तदज्ञानात् तदुदाहरणसंभवाच्च।

भावबोधिनी

(वा०) मित् आगम अन्तिम अच् से परे करना (भी प्रयोजन है)।

(भा०) 'मित् आगम नुम् आदि अन्तिम अच् के बाद किया जाता है। नपुंसक झलन्त और अजन्त को नुम् का आगम होता है—'नपुंसकस्य झलचः' (७।१।७२) यह इन्हीं में हो सकेगा—कुण्डानि, वनानि। [कुण्ड + जस् = शि = इ, अजन्त कुण्ड तथा वन + इ में दो अच् होने से अन्तिम के बाद नुम् = न् आगम, उपधादीर्घ आदि होकर रूप बनते हैं।] परन्तु—'तानि, यानि'—इनमें नुम् नहीं हो सकेगा। [तद् + जस् = शि = इ, 'त्यदादीनामः' से अत्व, पररूप आदि के बाद त + इ, य + इ में एक ही अच् है अन्तिम यह व्यवहार सम्भव नहीं है। प्रस्तुत सूत्र से ही होता है। नुम् करने पर रूप बन जाते हैं।]

(वा०) अचों के मध्यम में जो अन्त्य अच् वह है आदि जिसका उस समूह की टि संज्ञा होती है—इसमें भी प्रयोजन है।

(भा०) 'अचोऽन्त्यादि टि' (१।१।६४) यहाँ भी (इस अन्तवद्भाव का) प्रयोजन है। 'टित आत्मनेपदानां टेरे' (३।४।७९) यह इन्हीं में टि का एत्व कर

(१९४ प्रयोजनवार्तिकम् ॥ १४ ॥)

॥ * ॥ अलोऽन्त्यस्य ॥ * ॥

(भाष्यम्)

"अलोऽन्त्यस्य" (१।१।५२) प्रयोजनम् ॥ "अतो दीर्घो यञि" (७।३।१०१) "सुपि च" (७।३।१०२) इहैव स्यात्—पटाभ्यां, घटाभ्यामिति। आभ्यामित्यत्र न स्यात् ॥

प्रदीपः

प्रयोजनत्वेनोपन्यासः ॥

आभ्यामिति। अत्र द्वे अन्तवत्त्वे उपयुज्येते, अकारान्तस्याङ्गस्य अलोऽन्त्यस्य दीर्घत्वं भवतीति पृथक् प्रयोजनत्वेनोपन्यासः ॥

उद्द्योतः

सहाय एव। येन सहायेनाचामन्तत्वस्य बहुव्रीह्यर्थस्य चोपपत्तिस्तादृशसहायाभावात्। अन्यथाऽऽद्यन्तवद्भावोपि न स्याद्, विजातीयकन्यादिसहायसत्त्वेप्येकपुत्रस्यायमेव ज्येष्ठ इत्यादिव्यवहारात् ईदृशस्थलेपि लोकसिद्धत्वमित्याहुः ॥

अर्थवतेति चासहायत्वस्यैवोपलक्षणम्, ससहायस्य प्रायेणानर्थकत्वात्। तशब्दाकारश्रा-

भावबोधिनी

सकेगा—कुर्वाते, कुर्वाथे। कुरुते, कुर्वे—इनमें नहीं हो सकेगा। [कृ+आताम्, कृ+आथाम् यहाँ प्रत्यय में अनेक अच् होने से अन्तिम अच् आ और उसके बाद का म् मिलाकर 'आम्' इतना 'टि' होता है। इसका एत्व कर देने पर कृ+आते, कृ+आथे, प्रक्रिया करने पर रूप बन जाते हैं। किन्तु कृ+त, कृ+इट्—इनमें 'त' और 'इ' अकेले ही हैं। टि संज्ञा संभव न होने पर एत्व भी नहीं हो सकेगा। अतः प्रस्तुत सूत्र अतिदेश से अन्तवद्भाव करता है, टि संज्ञा और एत्व होता है।]

(वा०) अन्त्य अल् की विधि होना (प्रयोजन) है।

(भा०) अन्त्य अल् की विधि भी प्रयोजन है—'अलोऽन्त्यस्य' (१।१।५२)। 'अतो दीर्घो यञि' (७।३।१०१) 'सुपि च' (७।३।१०२)ये सूत्र अदन्त अङ्ग का दीर्घ करते हैं, (क्योंकि 'षष्ठी विभक्ति से निर्दिष्ट कार्य उसके अन्तिम अल् के स्थान पर होता है।) अतः इन्हीं में दीर्घ हो सकेगा—घटाभ्याम्, पटाभ्याम्। किन्तु इनमें नहीं होगा—आभ्याम्। [इदम्+भ्याम्, टि का अत्व आदि करने पर अ+भ्याम् में अदन्त अङ्ग न मिल सकने से दीर्घ नहीं हो सकेगा क्योंकि 'अ' अकेला होने से अदन्त नहीं हो सकता। अन्तवद्भाव का अतिदेश होने से दीर्घ हो जाता है।]

(१९५ प्रयोजनवार्तिकम् ॥ १५ ॥)

॥ * ॥ येन विधिस्तदन्तत्वे ॥ * ॥

(भाष्यम्)

येन विधिस्तदन्तत्वे (१।१।७२) प्रयोजनम् । "अचो यत्" (३।१।९७) इहैव स्यात्--चेयम् जेयम् । एयम्, अध्येयमित्यत्र न स्यात् ।

"आद्यन्तवदेकस्मिन्" कार्यं भवतीत्यत्रापि सिद्धं भवति ॥ आद्यन्तवदेकस्मिन् ॥२०॥

(१९ घसंज्ञासूत्रम् ॥ १।१।५ आ० १० ॥)

तरप्तमपौ घः ॥ १।१।२१

प्रदीपः

एयमिति । ईङो रूपम् । इणस्तु इत्यमिति भवति ॥२०॥

उद्द्योतः

इत्यमिति । एतिस्तुशास्विति क्यपो विधानादित्यर्थः ॥२०॥

भावबोधिनी

(वा०) विशेषण द्वारा विधि में तदन्त में (प्रयोजन) है ।

(भा०) 'येन विधिस्तदन्तस्य' (१।१।७२) जिस विशेषण से विधि की जाती है वह तदन्त की होती है इसमें भी इस सूत्र का प्रयोजन है । 'अचो यत्' (३।१।९७ अजन्त धातु से यत् प्रत्यय होता है ।) यह इन्हीं में होगा—चेयम्, जेयम् । [चि, जि धातुओं में अच् हल् समुदाय होने से अच् अन्त में है, 'येन विधिस्तदन्तस्य' से अजन्त मानकर यत् हो जाता है ।] किन्तु—एयम्, अध्येयम्—इनमें नहीं हो सकेगा । [क्योंकि ईङ्, अधि + इङ में अकेला इ अजन्त नहीं माना जा सकता । [प्रकृत सूत्र से अन्तवद्भाव करने पर सम्भव होता है ।] 'एक में भी आदि के समान और अन्त के समान कार्य होते हैं' इत्यर्थक "आद्यन्तवदेकस्मिन्" इससे इन (एक अच् रूपों) में भी (अजन्तत्वव्यवहार) हो जाता है ॥२०॥

तरप्तमपौ घः ॥१।१।२१॥

तरप् तथा तमप्—इन प्रत्ययों की 'घ' संज्ञा होती है ।

(प्रकरणोत्कर्षप्रयोजनाधिकरणम्)

(अनिष्टनिवारणाधिकरणम्)

(१९६ आक्षेपवार्तिकम् ॥१॥)

॥*॥ घसंज्ञायां नदीतरे प्रतिषेधः ॥*॥

(भाष्यम्)

घसंज्ञायां नदीतरे प्रतिषेधो वक्तव्यः—नद्यास्तरो नदीतर इति ।

प्रदीपः

तरसमपौ ॥२१॥ अतिशायनिकप्रत्ययप्रकरण एव 'तादी घः' 'पितौ घः' इति वा कर्तव्ये (वक्तव्ये) प्रकरणोत्कर्षेण संज्ञाकरणं—स्वार्थेऽपि तरबस्तीति सूचनार्थम् । तेनाल्याच्तरमिति सिद्धं भवतीत्याहुः ॥

नदीतर इति । तरतेर्ॠदोरबित्यप् । सर्वत्र चानुबन्धाः स्मर्यमाणा एव कार्यं प्रति हेतुत्वं लभन्त इति घसंज्ञाप्राप्तिः । साहचर्यं चेह व्यवस्थाहेतुः सर्वत्र नाश्रीयते । तथाहि द्वित्रिश्चतुरिति कृत्वोर्थे इति कृत्वोर्थग्रहणं चतुश्शब्दविशेषणार्थं कृतम् । अन्यथा द्वित्रिशब्दसाहचर्याच्चतुश्शब्दोऽपि कृत्वोर्थ एव ग्रहीष्यत इति किं कृत्वोर्थग्रहणेन ?॥

उद्द्योतः

तरस० ॥२१॥ प्रकरणोत्कर्षेणेति । प्रकरणे = संज्ञाप्रकरणे उत्कर्षेण = गुरुभूतन्यासेनेत्यर्थः ॥ स्वार्थे इति । अनातिशायनिकस्यापि संज्ञाविधानार्थमत्र सूत्रम् । स चानिर्दिष्टार्थत्वात्स्वार्थे । तस्य संज्ञाफलं चोच्चैरेवोच्चैस्तरामित्यादौ किमेत्तिङव्ययघादित्याम्सिद्धिरिति भावः । इत्याहुरिति । अत्रारुचिबीजं तु भाष्यानुक्तिः ॥

ननु नायं तरबित्यत आह—सर्वत्र चेति ॥ ननु तमप्साहचर्यात्तद्धित एव तरो ग्रहीष्यते इति नास्त्यवन्ते तरे प्रसक्तिरत आह —साहचर्यमिति । प्रत्ययाप्रत्यययोरिति परिभाषापि नाश्रितेति बोध्यम् ॥ इह ॥ शास्त्रे ॥

भावबोधिनी

(वा०) घ संज्ञा के विषय में 'नदीतर' शब्द में प्रतिषेध (कहना चाहिए ।)

(भा०) घ संज्ञा के विषय में 'नदीतर' शब्द में प्रतिषेध कहना चाहिए अर्थात् उसकी नदी संज्ञा नहीं करनी चाहिए । उदा० नद्याः तरः = नदीतरः । [तॄ धातु से 'ॠदोरप्' (३।३।५७) सूत्र से अप् = अ प्रत्यय, गुण, रपर करने पर 'तरः' बनता है । षष्ठ्यन्त नदी के साथ समास करने पर नदीतरः शब्द है । यहाँ यदि 'घ' संज्ञा होगी तो 'घरूपकल्पचेलड्० (६।३।४३) सूत्र से ह्रस्व होने लगेगा । यद्यपि यह 'तरप्' नहीं है तथापि 'अप्' प्रत्यय के अनुबन्ध का स्मरण करने पर यह 'तरप्' मान लिया जाता है क्योंकि अनुबन्ध तो सभी जगह स्मरण करके ही कार्यनिष्पादक होते हैं ।]

(१९७ समाधानवार्तिकप्रथमखण्डम् ॥ २ ॥)

॥*॥ घसंज्ञायां नदीतरेऽप्रतिषेधः ॥*॥

(भाष्यम्)

घसंज्ञायां नदीतरेऽप्रतिषेधः = अनर्थकः प्रतिषेधोऽप्रतिषेधः ॥

घसंज्ञा कस्मान्न भवति ?

(१९७ समाधानहेतुवार्तिकद्वितीयखण्डम् ॥ २ ॥)

॥ * ॥ तरब्ग्रहणं ह्यौपदेशिकम् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

औपदेशिकस्य तरपो ग्रहणम् । न चैष उपदेशे तरप्शब्दः ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

किं वक्तव्यमेतत् ?

प्रदीपः

अप्रतिषेध इति । न प्रतिषेधः इति प्रतिषेधनक्रिया नञा निषिध्यते । भाष्यकारस्तु वस्त्वर्थं व्याचष्टे—अनर्थकः प्रतिषेध इति ॥

औपदेशिकमिति । उपदेशः प्रयोजनमस्य तत्र वा भवमौपदेशिकम् ॥

उद्द्योतः

वस्त्वर्थमिति । तात्पर्यार्थमित्यर्थः । असदेह इतिवत् प्रतिषेधस्याभाव इत्यर्थको नञ्समासः ॥ एवं चानर्थक इति भाष्योक्तेर्मध्यमपदलोपी समास इति न भ्रमितव्यमिति भावः ॥

तरप्ग्रहणं तरप्शब्दः । औपदेशिकमुपदेशप्रयोजक इत्यर्थो भाष्यस्य । तदाह—उपदेशः प्रयोजनमिति । प्रयोजक इत्यर्थः । न चैव उपदेशे तरप्शब्द इति भाष्यस्वरसादाह—तत्र वा भवमिति । उपदेशे इति भाष्ये भव इति शेषः ॥

भावबोधिनी

(वा०) घसंज्ञाविषय में 'नदीतर' में प्रतिषेध अनावश्यक है ।

(भा०) घसंज्ञा के विषय में 'नदीतर' शब्द में अप्रतिषेध = अनर्थक प्रतिषेध है, अर्थात् इसको कोई आवश्यकता नहीं है ।

तो फिर घसंज्ञा क्यों नहीं होती है ?

(वा०) औपदेशिक = उपदेश में होनेवाले तरप् का ग्रहण है ।

(भा०) उपदेश में किये गये तरप् प्रत्यय का ग्रहण है । और उपर्युक्त 'तरप्' शब्द (पाणिनि के द्वारा) उपदिष्ट नहीं है । [उन्होंने तो 'द्विवचनविभज्योपपदे तरबीयसुनौ' (५।३।५७) सूत्र से जिस 'तरप्' का उपदेश किया है । उसी का ग्रहण यहाँ है । उपदेश है प्रयोजन = प्रयोजक जिसका वह—औपदेशिक है ।]

तो फिर क्या यह (औपदेशिक का ग्रहण) कहना होगा ?

(समाधानभाष्यम्)

नहि ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

कथमनुच्यमानं गंस्यते ?

(सिद्धान्तिसमाधानभाष्यम्)

इह हि व्याकरणे सर्वेष्वेव सानुबन्धकग्रहणेषु रूपमाश्रीयते—यत्रास्यैतद्रूपमिति । रूपनिग्रहश्च शब्दस्य नान्तरेण लौकिकं प्रयोगम् । तस्मिंश्च लौकिके प्रयोगे सानुबन्धकानां प्रयोगो नास्तीति कृत्वा द्वितीयः प्रयोग उपास्यते ॥

कोऽसौ ?

उपदेशो नाम । न चैष उपदेशे तरप्शब्दः ॥

प्रदीपः

यत्रास्येति । अनुबन्धयुक्तमित्यर्थः ॥ न चैष इति । काल्पनिकमस्य तरप्त्वं न तु

उद्द्योतः

सर्वेष्वेव सानुबन्धकग्रहणेष्विति भाष्यं प्रकृताभिप्रायं, शब्दमात्रग्रहणेऽपि स्वं रूपमित्यनेन रूपाश्रयणादिति बोध्यम् ॥ यत्रास्येति । यत्रास्यैतद्रूपं तत्र घसंज्ञेत्यर्थः ॥

भावबोधिनी

नहीं (कहना होगा ।)

बिना कहे कैसे समझा जायगा ?

यहाँ व्याकरण शास्त्र में सभी अनुबन्धसहित ग्रहणों में रूप का आश्रयण किया जाता है अर्थात् जहाँ कहीं भी सानुबन्धक का ग्रहण होता है वहाँ रूप का ही आश्रयण किया जाता है, साक्षादुच्चारित पूरा शब्दरूप ही लिया जाता है—जहाँ इसका ऐसा रूप है उसी का ग्रहण होता है । और शब्द के वास्तविक रूप का ज्ञान तब तक नहीं हो पाता है जब तक कि उसका लोक में प्रयोग न किया जाय । चूंकि लौकिक प्रयोग में सानुबन्धक का प्रयोग नहीं होता है, (अनुबन्धरहित का ही प्रयोग होता है) उस अवस्था में द्वितीय प्रयोग ही आश्रित किया जाता है ।

वह दूसरा प्रयोग कौन सा है ?

उपदेश रूप । और यह तरप् शब्द उपदेश वाला नहीं है । [अर्थात् जो शास्त्रीय रूप, उपदिष्ट किया जाता है उसी का ग्रहण किया जाता है । जब सर्वत्र ऐसा है तो घसंज्ञा में भी यही शास्त्रीय रूप याद किया जाता है ।]

(घसंज्ञाभ्युपगमेऽपि दोषाभावप्रदर्शकभाष्यम्)

अथ वाऽस्त्वस्य घसंज्ञा को दोषः ?

(दोषप्रदर्शनभाष्यम्)

घादिषु नद्या ह्रस्वो भवतीति ह्रस्वत्वं प्रसज्येत ॥

(समाधानभाष्यम्)

समानाधिकरणेषु घादिष्वित्येवं तत् ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

यदा तर्हि सैव नदी, स एव तरस्तदा प्राप्नोति ?

(समाधानभाष्यम्)

स्त्रीलिङ्गेषु घादिष्वित्येवं तत् ॥ अवश्यं चैतदेवं विज्ञेयम् । समानाधि-

प्रदीपः

साक्षान्निर्दिष्टम् ॥

समानाधिकरणेष्विति । आतिशायनिकश्च स्वार्थिकत्वात् समानाधिकरणः ॥

यदा तर्हीति । ननु तीर्णिरिति भवितव्यम्, एवं तर्हि तीर्यंत इति तर इति

उद्द्योतः

एवं चोपदेश एव घसंज्ञा । प्रयोगे तु स्थानिवद्भावेन सेति बोध्यम् ॥ काल्पनिकमिति । ऋदोरबितिसूत्रपर्यालोचनावगतत्वेनानुमानिकमित्यर्थः ॥

स्वार्थिकत्वात् । प्रकृत्यभिहितद्योतकत्वात्, समानाधिकरणः = प्रकृत्या समान-विषय इत्यर्थः । सामानाधिकरण्यं चैकविशेष्यकबोधजनकत्वमिति बोध्यम् ॥

ननु तीर्णिरिति । ॠतः परस्य क्तिनो निष्ठावद्भावनान्नत्वम् ॥ सामान्येनेति ।

भावबोधिनी

अथवा इस (नदीतरः) की घसंज्ञा हो जाय, क्या दोष है ?

'घ' आदि परे रहते नदीसंज्ञक का ह्रस्व होता है (घरूपकल्प० ६।३।४३ सूत्र से), इसलिये यह ह्रस्व होने लगेगा ।

यह ह्रस्वत्व तो समानाधिकरण घ आदि परे रहते ही होता है । [जब विशेष्य विशेषण एक ही अर्थ के बोधक होते हैं तब समानाधिकरण माना जाता है । अतिशय अर्थ में होनेवाला प्रत्यय स्वार्थिक होने के कारण समानाधिकरण होता है । अतः इसी प्रत्यय के परे रहते ह्रस्व होगा । अन्यत्र नहीं होगा ।]

यदि ऐसा है तब तो—वही नदी है जो तर है अर्थात् नदी चासौ तरः-यह विग्रह करके समास होने से समानाधिकरण हो जाते हैं । इस कर्मधारय में समानाधिकरण 'तर' मिल जाने से घसंज्ञा प्रसक्त है ।]

तब तो स्त्रीलिङ्ग घ आदि परे नदीसंज्ञक का ह्रस्व होता है अर्थात् स्त्रीलिङ्ग

करणषु घादिष्वित्युच्यमाने इह प्रसज्येत—महिषी रूपमिव, ब्राह्मणी रूप-

प्रदीपः

सामान्येन पदं संस्क्रियते, पश्चात्तद्धा विशेष्यते इति न दोषः॥

स्त्रीलिङ्गेष्विति। स्वार्थिकश्च प्रकृतिलिङ्गानुविधानात् स्त्रीलिङ्गः॥ महिषी

उद्द्योतः

अनिर्धारितकर्मविशेषेणेत्यर्थः। अत एव पुंस्त्वम्। घञजपाः पुंसीत्युक्तेः॥

महिषी रूपमिवेति। नन्विदमसमस्तं समस्तं वा। नाद्यः। उत्तरपदाधिकाराद्रूप-शब्दस्य चातथात्वादप्राप्तेः। किं च रूपशब्देनाकृत्यभिधानात् कस्याकृतिरिव महिषीति साकाङ्क्षं स्यात्। नान्त्यः। षष्ठीतत्पुरुषे वैयधिकरण्याद्ध्रस्वाप्राप्तेः। विशेषणसमासे तु

भावबोधिनी

और समानाधिकरण दोनों रहने पर ही ह्रस्व होगा। ['तरः' पुंलिङ्ग है। ह्रस्व नहीं होगा।] और इस प्रकार का [पूर्वोक्त कथन] अवश्य ही समझना चाहिये। क्योंकि केवल समानाधिकरण 'घ' आदि परे रहते ह्रस्व होता है—' ऐसा कहने पर तो—महिषी रूपमिव, ब्राह्मणी रूपमिव, (महिषी इव रूपम्, ब्राह्मणी इव रूपम्) इनमें भी ह्रस्वत्व प्रसक्त होने लगेगा। [यहाँ इव अर्थ में 'सुप्सुपा' से समास के बाद इव का लोप न होने पर 'महिषीरूपमिव ब्राह्मणीरूपमिव' में ह्रस्वत्व प्रसक्त है। अतः समानाधिकरण के साथ-साथ स्त्रीलिङ्ग भी रहना आवश्यक है। चूंकि रूपम् = नपुंसक है। अतः ह्रस्व नहीं होता है।]

विमर्श—'द्विवचनविभज्योपपदे तरबीयसुनौ' (५।३।५७) 'अतिशायने तमबिष्ठनौ' (५।३।५८) सूत्रों से क्रमशः दो तथा बहुतों के मध्य में अतिशय बताने के लिये क्रमशः तरप् और तमप्, प्रत्यय होते हैं। यहाँ विचारणीय यह है कि इन प्रत्ययों की घसंज्ञा करने के लिये प्रस्तुत सूत्र के स्थान पर 'तादौ घः'अथवा 'पितौ घः' ऐसा लघुसूत्र बना कर भी इन प्रत्ययों की घसंज्ञा करनी सम्भव थी। तब उस प्रकरण में लघु सूत्र न बना कर अलग संज्ञा प्रकरण में यह गुरुभूत सूत्र बनाना यह सूचित करता है कि ये प्रत्यय कभी-कभी अतिशय अर्थरहित केवल स्वार्थ में भी हो जाते हैं जैसा कि स्वयं पाणिनि ने सूत्र में प्रयोग किया है—'अल्पाच्तरम्'

मिवेति ॥ तरप्तमपौ घः ॥ २१ ॥

(२० संख्यासंज्ञासूत्रम् ॥ १।१।५ आ० ११ ॥)

बहुगणवतुडति संख्या ॥ १।१।२२ ॥

(लोकप्रसिद्धसंख्यावाचिनां संख्यात्वसाधनाधिकरणम्)

(१९८ आक्षेपवार्तिकप्रथमखण्डम् ॥ १ ॥)

प्रदीपः

रूपमिवेति । इवशब्दो भिन्नक्रमः । तेनायमर्थः—महिषी इवेयमाकृतिरिति । तत्र सुप्सुपेति समासे कृते ह्रस्वत्वं स्यात् ॥ २१ ॥

उद्द्योतः

पूर्वनिपातवैपरीत्यापत्तिः । तस्मादुपमागर्भसमासस्य विग्रहवाक्यमिदम् । स च समासो नोपमानानि सामान्यवचनैरित्यनेन, रूपशब्दस्योपमेयवाचकत्वेऽपि साधारणधर्मवाचकत्वात् । साधारणधर्मो ह्यत्र विसंष्ठुलत्वादिः । नाप्युपमितं व्याघ्रादिभिरिति, रूपशब्दस्योपमेयवाचित्वेन पूर्वनिपातवैपरीत्यापत्तेः, तस्योपमानवाचित्वे तु कस्य रूपमिति विशेषणस्य सापेक्षत्वाद्वृत्तिर्न स्यादत आह—इवशब्द इति । सुप्सुपेति च ॥ ह्रस्वत्वं स्यादिति । अप्रत्यययोरपि घत्वे तत्साहचर्याद्रूपादेरप्रत्ययस्यापि ग्रहणं स्यादिति भावः ॥ यद्यपि रूपमित्युक्ते कस्य रूपमिति अस्त्याकाङ्क्षा तथापि प्रधानस्य साकाङ्क्षत्वान्न दोषः ॥२१॥

(२।२।३४)। अतः आजकल हिन्दी में प्रयुक्त 'श्रेष्ठतमः' आदि शब्दों की उपपत्ति इसी तर्क पर की जा सकती है ।

यद्यपि तमप् के साहचर्य से तरप् प्रत्यय ही लिया जायगा । अतः 'तर' इस निष्पन्न को मानकर ह्रस्व नहीं होगा । अतः यह समानाधिकरण आदि की चर्चा अनावश्यक है । तथापि 'सहचरितासहचरितयोः सहचरितस्यैव ग्रहणम्' इस परिभाषा के अनित्य होने के कारण प्रत्ययभिन्न भी 'तर' का ग्रहण प्रसक्त है । इसीलिये समानाधिकरण स्त्रीलिंग दोनों ही घ='तर' शब्द में होने चाहिए । तभी पूर्ववर्ती नदीसंज्ञक का ह्रस्व होता है । ऐसा मानने से नदी चासौ तरः=नदीतर में ह्रस्व की सम्भावना नहीं है क्योंकि 'तरः' यह पुल्लिङ्ग है ॥२१॥

बहु, गण, वतुप्प्रत्ययान्त और डतिप्रत्ययान्त की संख्या संज्ञा होती है ।

॥ * ॥ संख्यासंज्ञायां संख्याग्रहणं [संख्यासंप्रत्ययार्थम्] ॥ * ॥

(भाष्यम्)

संख्यासंज्ञायां संख्याग्रहणं कर्तव्यम् । बहुगणवतुडतयः संख्यासंज्ञा भवन्ति, संख्या च संख्यासंज्ञा भवतीति वक्तव्यम् ॥

किं प्रयोजनम् ?

"संख्यासंप्रत्ययार्थम्" । एकादिकायाः संख्यायाः संख्याप्रदेशेषु संख्येत्येष संप्रत्ययो यथा स्यात् ॥

प्रदीपः

बहुगणवतुडति ॥२२॥ संख्यासंप्रत्ययार्थमिति । संख्याया एकादिकायाः संख्याप्रदेशेषु संप्रत्ययार्थमित्यर्थः ॥

उद्द्योतः

बहुगण० ॥ २॥ संख्यात्वेन संप्रत्ययस्य लोकत एव सिद्धेराह एकादिकाया इति । संख्यासंप्रत्ययेति वार्तिके सङ्ख्येति संप्रत्यय इत्यर्थः । एकादिकायाः संङ्ख्यायाः सङ्ख्याप्रदेशेष्विति शेषपूरणं बोध्यम् ॥ सङ्ख्येत्येष इति भाष्यस्य सङ्ख्येत्येतच्छब्दाभिन्न इत्यर्थः ॥ 'शब्दार्थप्रत्ययानामितरेतराध्यासात्संकर' इति पातञ्जलसूत्रात् । एतच्च पातञ्जलसूत्रवृत्तावुपपादितमस्माभिः । "नारद इत्यबोधि" इत्यादावप्येवमेव । एवंच कर्मत्वाप्रसक्तिरेव ॥ सङ्ख्याशब्दजन्य इत्यर्थे सङ्ख्येत्याकारक इत्यर्थे च एषशब्दान्वयानुपपत्तिस्तदुपादानवैयर्थ्यं चेति बोध्यम् ॥

भावबोधिनी

(वा०) संख्या संज्ञा में संख्या शब्द का भी ग्रहण करना चाहिए ।

(भा०) संख्या--इस संज्ञा में 'संख्या' शब्द का ग्रहण करना चाहिए । बहु, गण, वतुप् और डति प्रत्ययान्तों की संख्या संज्ञा होती है और (एक द्वि आदि) संख्या की भी संख्या संज्ञा होती है--ऐसा कहना चाहिए ।

[ऐसा कहने का] क्या प्रयोजन है ?

संख्या का ज्ञान कराना । एक, द्वि आदि संख्याओं का संख्या प्रदेशों में 'संख्या' है इस रूप में जैसे ज्ञान हो सके । [भाव यह है कि इन एक द्वि आदि की भी संख्या संज्ञा कर देने पर ही संख्याग्रहण वाले सूत्रों में इनका ग्रहण सम्भव होने पर संख्या संज्ञा-सम्बन्धी कार्य हो सकेंगे ।]

(आक्षेपबाधकभाष्यम्)

ननु चैकादिका संख्या लोके संख्येति प्रतीता। तेनास्याः संख्याप्रदेशेषु संख्यासंप्रत्ययो भविष्यति ॥

(आक्षेपसाधकभाष्यम्)

एवमपि कर्तव्यम् ॥

किं प्रयोजनम् ?

(१९८ आक्षेपसाधकवार्तिकद्वितीयखण्डम् ॥ १ ॥)

॥ * ॥ इतरथा ह्यसंप्रत्ययोऽकृत्रिमत्वाद्यथा लोके ॥ * ॥

(भाष्यम्)

अक्रियमाणे हि संख्याग्रहणे एकादिकायाः संख्यायाः संख्येत्येष संप्रत्ययो न स्यात् ॥

किं कारणम् ?

प्रदीपः

ननु चेति। यथा पशुरपत्यं देवतेति लौकिकोऽर्थो गृह्यते, तथैकादिकापि संख्या ग्रहीष्यत इत्यर्थः ॥

उद्द्योतः

सङ्ख्या ग्रहीष्यत इति। सूत्रं त्वधिकसंग्रहार्थमिति भावः ॥

भावबोधिनी

क्यों श्रीमन् ! लोक में एक आदि संख्या तो संख्या इस रूप में प्रतीत ही हैं= प्रसिद्ध हैं। इसी से संख्या के प्रदेशों=ग्रहणस्थलों में इन एक आदि का संख्या रूप में ज्ञान हो ही जायगा।

ऐसा होने पर भी एक आदि का ग्रहण करना ही चाहिए।

इसका क्या प्रयोजन है ?

(वा०) अन्यथा अकृत्रिम होने के कारण इनका ज्ञान=ग्रहण नहीं हो सकेगा जैसा कि लोक में होता है।

(भा०) (इन एक आदि) संख्याओं के लिये संख्या का ग्रहण न करने पर एक आदि संख्याओं का 'संख्या' इस रूप में ज्ञान करना सम्भव नहीं होगा।

क्या कारण है ?

अकृत्रिमत्वात् ॥ बह्वादीनां कृत्रिमा संज्ञा। "कृत्रिमाकृत्रिमयोः कृत्रिमे कार्यसंप्रत्ययो भवति"। यथा लोके ॥ तद्यथा लोके—'गोपालकमानय' 'कटजकमानय' इति यस्यैषा संज्ञा भवति स आनीयते, न यो गाः पालयति, यो वा कटे जातः ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

यदि तर्हि कृत्रिमाऽकृत्रिमयोः कृत्रिमे कार्यसंप्रत्ययो भवति, "नदीपौर्णमास्याग्रहायणीभ्यः" (५।४।११०) इत्यत्रापि प्रसज्येत ॥

प्रदीपः

कृत्रिमाऽकृत्रिमयोरिति। न्यायोऽयम्। तथाहि सर्वार्थाभिधानशक्तियुक्तः शब्दो यदा विशिष्टेर्थे संव्यवहाराय नियम्यते, तदा तत्रैव प्रतीतिं जनयति नान्यत्र ॥

नदीपौर्णमासीति। यू स्त्र्याख्यौ नदीति संज्ञाविधानात् संज्ञिनो ग्रहणं प्राप्तं न तु स्वरूपस्याशब्दसंज्ञेति निषेधात् ॥

उद्द्योतः

न्यायोऽयमिति। अभ्यासाम्रेडितादिसंज्ञाविषये चैतन्न्यायोपयोगो द्रष्टव्यः ॥ नियम्यते इति। सर्वार्थबोधकत्वेऽपि लोके तत्रैव गृहीतशक्तिकतयाऽन्यत्र शक्त्यग्रहेण च अधिकसंग्रहार्थत्वादगृहीतशक्तिग्राहकत्वाच्चास्य नियमत्वं चिन्त्यम्। न्यायबीजं तु प्रकरणमिति भाष्ये एव स्फुटीभविष्यति ॥

भावबोधिनी

अकृत्रिम = पाणिनि द्वारा बनाया न जानने के कारण। बहु आदि शब्दों की संख्या संज्ञा कृत्रिम है, पाणिनि द्वारा बनाई गई है [जबकि लोक में बहु शब्द भी संख्या के रूप में प्रसिद्ध है] "कृत्रिम तथा अकृत्रिम के मध्य में कृत्रिम में ही कार्य का ज्ञान किया जाता है।, जैसा कि लोक में—'गो–पालक को लाओ', 'कटजक को लाओ' ऐसा कहा जाने पर जिसकी गोपालक और कटजक संज्ञा = नाम होता है उसी को लाया जाता है न कि जो गायों को पालने वाला है और कट = चटाई पर जन्म लेने वाला है, उसे लाया जाता है। [यहाँ स्पष्ट है कि जिसकी संज्ञा की गई है उसी में आनयनादि व्यवहार होता है, अकृत्रिम में नहीं होता है।]

तब तो यदि 'कृत्रिम तथा अकृत्रिम के मध्य में कृत्रिम में कार्य का ज्ञान किया जाता है' ऐसा है तब "नदीपौर्णमास्याग्रहायणीभ्यः" (५।४।११०) इसमें ('नदी' शब्द में) भी (दोष) प्रसक्त होता है [कारण यह है कि 'यू स्त्र्याख्यौ नदी' (१।४।३) इस सूत्र द्वारा जिनकी भी नदी संज्ञा की गई है, कृत्रिम हैं उन्हीं का ग्रहण हो सकेगा, 'नदी' इस शब्द का ग्रहण नहीं हो सकेगा।]

(समाधानभाष्यम्)

पौर्णमास्याग्रहायणीग्रहणसामर्थ्यान्न भविष्यति ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

तद्विशेषेभ्यस्तर्हि प्राप्नोति ।

प्रदीपः

पौर्णमासीति । नियमार्थं पौर्णमास्याग्रहायणीग्रहणमीकारान्तानां स्यादिति चेत् । एवमपि—'ऊपौर्णमास्याग्रहायणीभ्यः' इति वक्तव्यं स्याद् । ऊकारग्रहणेन च नदी-संज्ञकमेवीकारान्तं पौर्णमास्याग्रहायणीशब्दसाहचर्याद् ग्रहीष्यते ॥

तद्विशेषेभ्यः । गङ्गादिभ्यः ॥

उद्द्योतः

नियमार्थमिति । नियमश्च सामान्यविषय एव,न कालवाचिविषयः, व्याख्यानादतो गौर्याद्यन्तेऽपि न दोषः ॥ नन्वनदीसंज्ञकेभ्योऽपि खलप्वादिभ्य ऊकारान्तेभ्यः स्यादत आह—ऊकारग्रहणेनेति । वस्तुतस्तु दोषग्रस्तनियमापेक्षया नदीशब्देन कृत्रिमाकृत्रिम-न्यायबाधज्ञापनमेव ज्यायः ॥

भाष्ये तद्विशेषेभ्यस्तर्हीति प्रासङ्गिकी शङ्का । तां व्याचष्टे—गङ्गादिभ्य इति । अपगङ्गं परियमुनमित्युदाहरणे । अत्र हि टचि अन्तोदात्तत्वम् । तदभावे "परिप्रत्युपापावर्ज्यमानाहोरात्रावयवेष्वि"ति पूर्वपदप्रकृतिस्वरत्वमित्याहुः ॥

भावबोधिनी

पौर्णमासी तथा आग्रहायणी—इन शब्दों के ग्रहण-सामर्थ्य से (कृत्रिम नदी = ईकारान्त ऊकारान्त स्त्रीलिङ्ग का)ग्रहण नहीं होगा । [क्योंकि यदि कृत्रिम संज्ञावाला 'नदी' शब्द लिया जाता तब तो 'आग्रहायणी' पौर्णमासी शब्द भी नदीसंज्ञक होने से स्वतः गृहीत हो जाते, उनका पृथक् ग्रहण करना व्यर्थ होता । वही ज्ञापित करता है कि कृत्रिम नदी का ग्रहण नहीं होता है । 'नदी' शब्द से प्रत्यय होता है ।]

यदि ऐसा है तब तो नदीविशेष के वाचक गङ्गा, यमुना आदि शब्दों से भी (समासान्त टच् प्रत्यय) प्राप्त होता है । [फलतः चित् होने पर अन्तोदात्त होने लगेगा और टच् न होने पर पूर्वपद का प्रकृतिस्वर होगा ।]

(समाधानभाष्यम्)

एवं तर्हि [अत्रापि] आचार्यप्रवृत्तिर्ज्ञापयति-'न तद्विशेषेभ्यो भवति' इति। यदयं विपाट्शब्दं शरत्प्रभृतिषु पठति॥

(आक्षेपभाष्यम्)

इह तर्हि प्राप्नोति—"नदीभिश्च" (२।१।२०) इति॥

(समाधानभाष्यम्)

बहुवचननिर्देशान्न भविष्यति॥

(आक्षेपभाष्यम्)

स्वरूपविधिस्तर्हि प्राप्नोति॥

प्रदीपः

यदयमिति। नित्यार्थः पाठः स्यादिति चेद्, व्यवस्थितविभाषया विपाट्शब्दस्य नित्यष्टज् भविष्यतीत्यदोषः॥

उद्द्योतः

नित्यार्थं इति। नदीपौर्णमासीत्यत्रान्यतरस्याग्रहणानुवृत्तेरिति भावः॥ व्यवस्थितेति। अत्र च ज्ञापकपरमिदमेव भाष्यं मानम्। केचिदस्माद्भाष्यात् नदीति सूत्रेऽन्यतरस्याग्रहणं निवर्तयन्ति॥

भावबोधिनी

यदि ऐसा है तब तो (यहाँ भी) आचार्य पाणिनि का व्यवहार यह ज्ञापित करता है कि नदीविशेष के वाचक शब्दों से ['नदी-पौर्णमास्याग्रहायणीभ्यः' सूत्र से] टच् नहीं होता है। क्योंकि आचार्य पाणिनि शरत्प्रभृति गण में विपाद् शब्द का पाठ करते हैं। [भाव यह है कि यदि यहाँ नदीविशेष का ग्रहण होता तो 'विपाश्' शब्द से इसी सूत्र से समासान्त टच् हो जाता तो टच् करने के लिये शरदादिगण में उसका पाठ करना व्यर्थ होता। वही पाठ यह ज्ञापित करता है कि नदीविशेष का ग्रहण नहीं है।]

तो फिर 'नदीभिश्च' (२।१।२०) इसमें कृत्रिम नदी का ग्रहण प्राप्त होता है।

बहुवचन द्वारा निर्देश होने से कृत्रिम नदी का ग्रहण नहीं होता है। [अन्यथा 'आण्नद्याः' (७।१।११२) के समान यहाँ भी एकवचन से ही निर्देश किया गया होता।]

किन्तु स्वरूपविधि तो प्राप्त ही है। [भाव यह है 'स्वं रूपं शब्दस्याशब्दसंज्ञा' सूत्र के आधार पर 'नदी' इस शब्द से ही प्रत्यय प्राप्त होता है।]

(समाधानभाष्यम्)

बहुवचननिर्देशादेव न भविष्यति ॥

(उपसंहारभाष्यम्)

एवं च न चेदमकृतं भवति—"कृत्रिमाकृत्रिमयोः कृत्रिमे कार्यसंप्रत्ययः" इति । न च कश्चिद्दोषो भवति ॥

(१९९ आक्षेपसाधकवार्तिकम् ॥ २ ॥)

॥ * ॥ उत्तरार्थं च ॥ * ॥

(भाष्यम्)

उत्तरार्थं च संख्याग्रहणं कर्तव्यम् । "ष्णान्ता षट्" (१।१।२३) । षकार-

प्रदीपः

बहुवचनेति । अन्यथा आण्नद्या इत्यादौ यथैकवचनेन निर्देशस्तथेहापि कर्तव्यः स्यात् ॥

न चेदमकृतमिति । अनाश्रितमित्यर्थः ॥

उद्द्योतः

बहुवचननिर्देशादेवेति । तस्मादपीत्यर्थः । अशब्दसंज्ञेति निषेधादित्यपि बोध्यम् । तत्प्रत्याख्याने स्वयमेव हेतुः । अतोऽस्मान्निषेधान्नदीपौर्णमासीत्यादौ स्वरूपग्रहणमपि दुर्लभमित्यपास्तम् । लक्ष्यानुसारेण तत्प्रत्याख्यानेन सामर्थ्येन तस्यात्राप्रवृत्तेः । नदीभिश्चेत्यादौ तु लक्ष्यानुसारादेवार्थग्रहणेन तद्वाचकानां ग्रहणमिति दिक् ॥

अस्य न्यायत्वादकृतमित्ययुक्तमत आह—अनाश्रितमिति ॥

भावबोधिनी

बहुवचन के निर्देश के कारण ही स्वरूप का ग्रहण नहीं होता है । [अशब्दसंज्ञा इस प्रतिषेध के कारण भी 'नदी' स्वरूप का ग्रहण नहीं होता है ।]

इस प्रकार यह 'कृत्रिमाकृत्रिमयोः कृत्रिमे कार्यसम्प्रत्ययः' यह न्याय अकृत= अनाश्रित नहीं होता है ऐसा नहीं है अर्थात् अवश्य माना जाता है और कोई दोष भी नहीं होता है ।

(वा०) उत्तरवर्ती सूत्र के लिये भी [संख्याग्रहण करना चाहिए ।]

(भा०) 'ष्णान्ता षट्' (१।१।२३) इस अग्रिम सूत्र में अनुवृत्ति के लिये भी 'संख्या' का ग्रहण करना चाहिए । जिससे षकारान्त तथा नकारान्त संख्यावाचक की

नकारान्तायाः संख्यायाः षट्संज्ञा यथा स्यात् । इह मा भूत्-पामानः,विप्रुष इति॥

(आक्षेपनिराकरणभाष्यम्)

इहार्थेन तावन्नार्थः संख्याग्रहणेन ॥

(आक्षेपस्मारणभाष्यम्)

ननु चोक्तम्—*इतरथा ह्यसंप्रत्ययोऽकृत्रिमत्वाद् यथा लोके* इति ?

(आक्षेपपरिहारभाष्यम्)

नैष दोषः । अर्थात्प्रकरणाद्वा लोके कृत्रिमाकृत्रिमयोः कृत्रिमे कार्यसंप्रत्ययो

प्रदीपः

उत्तरार्थं चेति । अयं हि सूत्रोपात्तः संख्याशब्दः स्वरूपपदार्थकः । उत्तरत्र संज्ञिनिर्देशेन प्रयोजनम् ॥

इहार्थेनेति । इह अर्थो यस्येति सामान्यविशेषभावान्न पौनरुक्त्यम् ॥

उद्द्योतः

स्वरूपेति । न चैवं बह्वादिसामानाधिकरण्यानुपपत्तिः । शब्दार्थयोरभेदारोपेण तदुपपत्तेरिति भावः ॥ संज्ञिनिर्देशेनेति । संख्याशब्दबोध्यपञ्चादिशब्दपरेण संख्याशब्दनिर्देशेनेत्यर्थः ॥

सामान्येति । अर्थशब्दोक्तसामान्यं प्रति इहार्थो यस्येत्यस्य विशेषत्वादित्यर्थः ॥

भाष्ये अर्थादित्यादि । लोके कृत्रिमग्रहणे न कृत्रिमत्वं कारणं किं त्वन्यदेवेति भावः ॥ अर्थः=सामर्थ्यम् । तदेव दर्शयति--अर्थो वास्येति । अस्य वाक्यस्यार्थोऽध्या-

भावबोधिनी

षट् संज्ञा हो सके । और इनमें न होने लगे—पामानः, विप्रुषः । [पामन्, विप्रुष्—नकारान्त तथा षकारान्त होने पर भी संख्यावाचक नहीं हैं अतः षट् संज्ञा नहीं होने से विभक्तिलुक् नहीं होता है ।]

इस प्रस्तुत सूत्र के लिये संख्याग्रहण का कोई फल नहीं है ।

क्यों, यह कहा गया है 'अकृत्रिम होने के कारण लौकिक एक आदि संख्या का ज्ञान नहीं हो सकेगा जैसा कि लोक में [कृत्रिम तथा अकृत्रिम में कृत्रिम में ही कार्य होते देखा जाता है ।"]

यह दोष नहीं है । क्योंकि अर्थ=वस्तुसामर्थ्य से अथवा प्रकरण से लोक में कृत्रिम तथा अकृत्रिम के मध्य में कृत्रिम में कार्य का ज्ञान किया जाता है । कार्य कराने वाले का प्रयोजन इस संज्ञावाले से ही होता है । [अन्य से नहीं होता है अतः उसी का

भवति। अर्थो वाऽस्यैवंसंज्ञकेन भवति। प्रकृतं वा तत्र भवति--इदमेवंसंज्ञकेन कर्तव्यमिति।

आतश्चार्थात् प्रकरणाद्वा। अङ्ग हि भवान् ग्राम्यं पांशुलपादमप्रकरणज्ञमागतं

प्रदीपः

आतश्चेति। इतश्चेत्यर्थः॥ अर्थः सामर्थ्यम्। यथा गोपालकमानय माणवकमध्यापयिष्यतीति यष्टिहस्तस्याध्यापनासम्भवात्संज्ञिनो ग्रहणम्॥ प्रकरणं = प्रस्तावः। यथा भोजनप्रकरणे सैन्धवमानयेति लवणे प्रतीतिः, गमनप्रकरणे त्वश्वे॥ ग्राम्यमिति। ऊहितुमसमर्थम्॥ पांशुलपादमिति। अचिरोषितम्॥ अत एवाप्रकरणज्ञम्॥ उभयगतिरिति। किं संज्ञेयं यस्य कस्यचिन्निर्दिष्टा स्यादुत यष्टिहस्तोऽस्य विवक्षितः स्यादिति सन्देहवान् भवतीत्यर्थः॥ साधीयो वेति। यो मम प्रसिद्धः सोऽनेन चोदितो न च ममैवंसंज्ञकः प्रसिद्ध इत्येवं मन्यते। लोके च गोपालकशब्दः संज्ञिनि नियम्यमानः संज्ञ्यन्तरं निवर्तयति, क्रियानिमित्तं त्वर्थं न निरस्यति, तुल्यजातीयविषय एव हि नियमो भवति॥

उद्द्योतः

पनादिरूपं प्रयोजनमेवंसंज्ञकेन भवति तत्रास्यैव सामर्थ्यमित्यर्थः॥ प्रकृतं वेति। इदमेवंसंज्ञकेन कर्तव्यमिति तत्र प्रयोजनं प्रकृतं बुद्धिस्थं भवति। संज्ञाया बुद्धिस्थत्वादित्यर्थः। इदमन्येषामपि पदार्थनियामकानामुपलक्षणम्॥ यद्यपि रूढिर्योगापहारिणीत्यप्यत्र सम्भवति। तथापि प्रकरणादिसहकृतो योगोऽपि बलवानित्यभिप्रेत्येदमेवोक्तम्॥ अन्वयमुक्त्वा व्यतिरेकेणाप्यर्थादेर्हेतुत्वं प्रतिपादयितुं भाष्ये आतश्चेति। उभयगति—उभयविषयकं ज्ञानं तात्पर्यः = सन्देहरूपमित्याशयेनाह--किं संज्ञेयमिति। वक्तृतात्पर्यविषयसन्देहवानित्यर्थः॥ ननु रूढेर्योगार्थापहारकत्वेन कथं सन्देह इति चेन्न। तत्तत्पुरुषं प्रति प्रसिद्धरूढ्यर्थस्यैव योगापहारत्वं नान्यस्येति भावात्। तदेव ध्वनयन्नाह--साधीय इति। क्रियाविशेषणमव्ययं वा सम्यगर्थकम्॥ यष्टिहस्तं

भावबोधिनी

ग्रहण किया जाता है, अकृत्रिम का नहीं।] अथवा वहाँ ऐसा प्रकरण होता है कि—यह कार्य इस नामवाले को ही करना है।

और इसलिये भी, (पदार्थ के) सामर्थ्य के कारण तथा प्रकरण के कारण [कृत्रिम तथा अकृत्रिम में कृत्रिम में कार्य का ज्ञान किया जाता है क्योंकि—आप किसी धूलिधूसरित (मिट्टी लिपटे) पैरों वाले [अर्थात् उसी समय नंगे पैरों आये हुए)

ब्रवीतु---गोपालकमानम, कटजकमानयेति । उभयगतिस्तस्य भवति । साधीयो वा यष्टिहस्तं गमिष्यति ॥

(आक्षेपसाधकभाष्यम्)

यथैव तर्ह्यर्थात्प्रकरणाद्वा लोके कृत्रिमाकृत्रिमयोः कृत्रिमे कार्यसंप्रत्ययो भवति, एवमिहापि प्राप्नोति । जानाति ह्यसौ बह्वादीनामियं संज्ञा कृतेति ॥

(समाधानसाधकभाष्यम्)

न यथा लोके तथा व्याकरणे । उभयगतिः पुनरिह भवति ॥

प्रदीपः

एवमिहापिति । बह्वादय एवात्र संख्यात्वेन प्रकृता इति भावः ॥

न यथा लोक इति । संख्याशब्दो हि बह्वादिप्रतिपादनाय संज्ञात्वेन विनियुक्तो न त्वेकादिसंख्यानिरासाया । अधिकार्थप्रतिपत्त्यर्थत्वादिह संज्ञाकरणस्य ॥

उद्द्योतः

गमिष्यति । तद्विषयमेव तात्पर्यं ग्रहीष्यतीत्यर्थः ॥ ननु संज्ञाकरणस्य नियमार्थत्वाद्यो-गार्थप्रतीतिः श्रोतुर्भ्रम इत्यत आह---एवं मन्यते । लोके इति । इदमपि स्वरीत्या ॥

अत्र = शास्त्रे । प्रकृताः = बुद्धौ सन्निहिताः ॥ अनेनात्रापि प्रकरणमस्तीयुक्तं भवति । बुद्धिसन्निधिरेव प्रकरणम् ॥

संज्ञात्वेन विनियुक्त इति । ज्ञापिताज्ञातशक्तिक इत्यर्थः । अत एव न नियमार्थ-तेत्याह---नन्विति । तुल्यन्यायेन संज्ञासूत्रमात्रस्य नियमार्थत्वाभावः सूचितः ॥ इह = सङ्ख्याप्रदेशे अधिकार्थेत्यादिनान्वेति ॥ भाष्ये न यथेत्यादि । व्याख्यातृपरम्परा-वगतवक्तृतात्पर्यानुपपत्त्या प्रकरणाद्यनादरेणोभयगतिरिति भाष्यार्थ इत्यन्ये ॥

भावबोधिनी

प्रकरण = प्रसंग को न जाननेवाले ग्रामीण (अपढ़ सामान्य) व्यक्ति से कहें—"गोपालक को लाओ, कटजक को लाओ।" उसे दोनों का ज्ञान होता है। [गोपालक इस नाम वाले को अथवा वास्तव में गायें पालने वाले को—इन दोनों का ही ज्ञान करता है, दोनों को ही लाना समझता है।] फिर भी वह हाथ में डण्डा थामे हुए गाय पालने-वाले अहीर के पास ही जाता है।' | यह भी सिद्ध करता है कि प्रकरण जाने बिना अर्थ का निर्धारण नहीं हो पाता है।]

अतः जिस प्रकार [पदार्थ के किसी विशेष] सामर्थ्य से अथवा प्रकरण से लोक में कृत्रिम और अकृत्रिम में कृत्रिम में कार्य का ज्ञान किया जाता है उसी प्रकार यहाँ (व्याकरण शास्त्र के इस प्रकरण में) भी कृत्रिम में कार्य का ज्ञान प्राप्त होता है, क्योंकि व्याकरण पढ़नेवाले को यह ज्ञान रहता है कि व्याकरण में बहु आदिकी ही संख्या संज्ञा की गई है [एकादि की नहीं।]

लोक में जैसा होता है वैसा ही (सदैव)व्याकरण में नहीं होता है। यहाँ तो दोनों प्रकार के अर्थों का ज्ञान होता है। [अतः कृत्रिम और अकृत्रिम = प्रसिद्ध दोनों प्रकार की संख्याओं का ज्ञान होता है।]

(उभयगत्युदाहरणभाष्यम्)

अन्यत्रापि नावश्यमिहैव। तद्यथा "कर्तुरीप्सिततमं कर्म" (१।४।४९) इति कृत्रिमा कर्मसंज्ञा। कर्मप्रदेशेषु चोभयगतिर्भवति--"कर्मणि द्वितीया" (२।३।२) इति कृत्रिमस्य ग्रहणम्, "कर्तरि कर्मव्यतिहारे" (१।३।१४) इत्यत्राकृत्रिमस्य ॥

(उभयगत्युदाहरणभाष्यम्)

तथा "साधकतमं करणम्" (१।४।४२) इति कृत्रिमा करणसंज्ञा। करणप्रदेशेषु चोभयगतिर्भवति—"कर्तृकरणयोस्तृतीया" (२।३।१८) इति कृत्रिमस्य

प्रदीपः

कर्मणि द्वितीयेति। ङ्याप्प्रातिपदिकादनभिहिते कर्मणि संख्यायां द्वितीया विधीयते। न च क्रियायाः संख्या सम्भवतीति सामर्थ्यात्कारकस्य ग्रहणम्। 'कर्तरि कर्मव्यतिहार' इत्यत्र तु धातोः साक्षात् क्रियायां वृत्त्या क्रियाया एव ग्रहणम् ॥

उद्द्योतः

कर्मणि संख्यायामिति। कर्मगतसङ्ख्यायामित्यर्थः ॥ नचेति। तस्या अद्रव्यत्वेन द्रव्यधर्मलिङ्गाद्ययोगादिति भावः ॥ यद्यपि रूपवादिसूत्रस्थ-भाष्यादेकत्वं क्रियायामस्ति। तथापि द्वित्वाद्यभाव इति तात्पर्यम् ॥ कारकस्य। शक्तिमद्द्रव्यम् ॥ साक्षात्क्रियायामित्यस्य क्रियायामेव न तु कर्मकारके इत्यर्थः। अन्यथा साक्षात्पदप्रयोजनं चिन्त्यं स्यात्। न हि धातोः परम्परयापि कारके वृत्तिरस्ति येन तद्व्यावृत्त्या चारितार्थ्यं स्यादित्याहुः ॥

भावबोधिनी

यहाँ ही दोनों प्रकार का ज्ञान नहीं होता है अपि तु अन्य स्थलों पर भी कृत्रिम-अकृत्रिम दोनों का ज्ञान किया जाता है। उदाहरणार्थ—"कर्तुरीप्सिततमं कर्म" (१।४।४९) कर्ता की क्रिया द्वारा ईप्सिततम पदार्थ की कर्म संज्ञा होती है।) इस सूत्र से कर्म यह कृत्रिम संज्ञा की जाती है। परन्तु जहाँ कर्म का ग्रहण = उल्लेख है उन प्रदेशों = सूत्रों में दोनों = कृत्रिम तथा अकृत्रिम सभी समझ लिये जाते हैं, जैसे 'कर्मणि द्वितीया' (२।३।२) इस सूत्र में कृत्रिम कर्म संज्ञा वाले का ही ग्रहण होता है और 'कर्तरि कर्म-व्यतिहारे' (१।३।१४) यहाँ अकृत्रिम कर्म अर्थात् काम = क्रिया यह अर्थ कर्म शब्द का समझा जाता है। [इसीलिये परस्पर कार्य = क्रिया के विनिमय में यह सूत्र आत्मनेपद करता है।]

इसी प्रकार 'साधकतमं करणम्' (१।४।४२) इस सूत्र से कृत्रिम करण संज्ञा है।

ग्रहणम्, "शब्दवैरकलहाभ्रकण्वमेघेभ्यः करणे" (३।१।१७) इत्यत्राकृत्रिमस्य ॥

(उभयगत्युदाहरणभाष्यम्)

तथा —"आधारोऽधिकरणम्" (१।४।४८) इति कृत्रिमा अधिकरणसंज्ञा ॥ अधिकरणप्रदेशेषु चोभयगतिर्भवति—"सप्तम्यधिकरणे च" (२।३।३६) इति कृत्रिमस्य ग्रहणम्, "विप्रतिषिद्धं चानधिकरणवाचि" (२।४।१३) इत्याभ्रा-कृत्रिमस्य ॥

(द्वितीयसमाधानभाष्यम्)

अथ वा —नेदं संज्ञाकरणम् । तद्वदतिदेशोऽयम्—बहुगणवतुडतयः संख्या-वद्भवन्तीति ॥

प्रदीपः

कण्वमेघेभ्यः करण इति । तव्यादिप्रत्ययोत्पत्त्यर्थं धातुसंज्ञा क्रियते । क्रिया-वाचिनश्च तव्यादयः साधने उत्पद्यन्त इति सामर्थ्यात् क्रियाग्रहणम् ॥

विप्रतिषिद्धमिति । द्वन्द्वावयवानां शक्त्यनभिधायित्वादधिकरणं द्रव्यं गृह्यते ॥

तद्वदतिदेशोऽयमिति । संख्याकार्यातिदेशोऽयमित्यर्थः । यदि हि संज्ञा स्यात् टिघु-भादि-संज्ञावदेकाक्षरा क्रियेत । तस्माल्लौकिकार्थाभिधायी संख्याशब्द उपादीय-मानोऽतिदेशार्थत्वमस्य बोधयति ।

उद्द्योतः

धातुसंज्ञा क्यङन्तस्य सनाद्यन्ता इत्यनेन ॥ साधने कारके तव्यादयोऽन्तः कारका-पेक्षितक्रियावाचिन एवोत्पद्यन्त इत्यन्वयः ॥

एवं सर्वसंज्ञाविषये समाधाय प्रकृतविषये समाधानान्तराण्याह —अथवेति ।

भावबोधिनी

किन्तु करण के प्रयोगस्थलों में दोनों को समझा जाता है, जैसे 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' (२।३।१८) इसमें कृत्रिम करण का ग्रहण है और 'शब्द-वैर-कलहाभ्रकण्वमेघेभ्यः करणे' (३।१।१७) इसमें 'करण' का अकृत्रिम अर्थ = करना का ग्रहण है ।

इसी प्रकार 'आधारोऽधिकरणम्' (२।३।३६) इससे कृत्रिम अधिकरण संज्ञा है । परन्तु अधिकरण स्थलों में दोनों प्रकार का ग्रहण होता है 'सप्तम्यधिकरणे च' (१।४।४९)इसमें कृत्रिम अधिकरण का ग्रहण है और 'विप्रतिषिद्धं चानधिकरणवाचि' (२।४।१३) इसमें अकृत्रिम = द्रव्य का ग्रहण होता है ।

अन्य समाधान

अथवा यह संख्या संज्ञा नहीं की जा रही है । यह तद्वत् अतिदेश है—बहु, गण, वत्वन्त और डत्यन्त संख्यावत् होते हैं,अर्थात् ये भी संख्या के समान समझने चाहिए ।

(आक्षेपभाष्यम्)

स तर्हि वतिनिर्देशः कर्तव्यः ?

(समाधानभाष्यम्)

न कर्तव्यः ॥

(आक्षेपसाधकभाष्यम्)

न ह्यन्तरेण वतिमतिदेशो गम्यते ॥

(आक्षेपबाधकभाष्यम्)

अन्तरेणापि वतिमतिदेशो गम्यते । तद्यथा—"एष ब्रह्मदत्तः" अब्रह्मदत्तं ब्रह्मदत्त इत्याह—ते[1] मन्यामहे ब्रह्मदत्तवदयं भवतीति । एवमिहाप्यसंख्यां संख्येत्याह, संख्यावदिति गम्यते ॥

उद्द्योतः

ब्रह्मदत्त इत्युक्तिविषयस्याब्रह्मदत्तत्वं स्फोरयितुं ब्रह्मदत्तव्यक्तिं निर्दिशति—एष ब्रह्मदत्त इति ॥ असंख्यां संख्येत्याहेति । नियतविषयपरिच्छेदहेतुर्हि सङ्ख्या । एवं च बहुत्वादेरसङ्ख्यात्वमिति भावः ॥ बहुत्वं हि त्र्यादिसङ्ख्याव्यापकमखण्डोपाधिरूपम् ॥

भावबोधिनी

तो फिर वति=संख्यावत् यह निर्देश करना चाहिए ।

नहीं करना चाहिए ।

बिना 'वति' प्रत्यय के निर्देश के अतिदेश का ज्ञान नहीं किया जा सकता ।

वति-निर्देश के बिना भी अतिदेश की प्रतीति हो जाती है । जैसे —'यह ब्रह्मदत्त है ।' ब्रह्मदत्त से भिन्न को ब्रह्मदत्त कहता है—इस प्रकार के ज्ञानवाले हम लोग यह जान लेते हैं कि यह ब्रह्मदत्त के समान है । [इसमें 'वति' का प्रयोग न होने पर भी उसका अर्थ समझ लिया जाता है ।] ठीक इसी प्रकार प्रस्तुत स्थल में भी असंख्या= जो संख्या नहीं है, उसे 'संख्या' ऐसा कहा जाता है । इससे संख्यावत्=संख्या के समान—ऐसा प्रतीत हो जाता है ।

---

१. ते मन्यामहे इति । एतत्पदनिर्दिष्टमर्थमब्रह्मदत्तं प्रत्यक्षीकृत्याब्रह्मदत्तं ब्रह्मदत्त— इत्याहेति ज्ञानवन्तस्ते वयं मन्यामहे इत्यर्थः । अत्र वयमिति पदमध्याहार्यम् । ते = तादृशज्ञानवन्तः । तेन—इति पाठकल्पने तु सारल्यम् ।

(तृतीयं समाधानभाष्यम्)

अथवाऽऽचार्यप्रवृत्तिर्ज्ञापयति—भवत्येकादिकायाः संख्यायाः संख्याप्रदेशेषु संप्रत्यय—इति। यदयं "संख्याया अतिशदन्तायाः कन्" (५।१।२२) इति तिशदन्तायाः प्रतिषेधं शास्ति॥

कथं कृत्वा ज्ञापकम् ?

न हि कृत्रिमा त्यन्ता शदन्ता वा संख्याऽस्ति॥

(समाधानबाधकभाष्यम्)

ननु चेयमस्ति डतिः ?

(समाधानसाधकभाष्यम्)

यत्तर्हि शदन्तायाः प्रतिषेधं शास्ति॥

(सम्पूर्णसूत्रज्ञापकताभ्युपगमभाष्यम्)

यच्चापि त्यन्तायाः प्रतिषेधं शास्ति॥

प्रदीपः

अथवेति। गुरुसंज्ञाकरणादेकादयः संख्याशब्देन प्रदेशेषु न त्यज्यन्त इति लिङ्गेनाप्यनुमीयत इत्यर्थः॥

उद्द्योतः

गुर्वीति। नन्वतिशदन्ताया इति लिङ्गात्कन्विधौ कृत्रिमा न गृह्येतेति चेन्न। शास्त्रबाधापेक्षया उभयग्रहणज्ञापकत्वस्यैवौचित्यादिति भावः॥

भावबोधिनी

अथवा आचार्य पाणिनि का व्यवहार यह ज्ञापित करता है कि—'संख्याग्रहण स्थलों पर एक आदि संख्या का ज्ञान हो जाता है' जो आचार्य "संख्याया अतिशदन्तायाः कन्' (५।१।२२) इस सूत्र से तिप्रत्ययान्त और शत्प्रत्ययान्त से भिन्न संख्या से कन् प्रत्यय का प्रतिषेध कहते हैं।

यह किस प्रकार से ज्ञापक बनता है ?

चूंकि कोई भी पूर्वोक्त कृत्रिम संख्यावाला शब्द न तो तिप्रत्ययान्त है और न शत्प्रत्ययान्त।

क्यों श्रीमन् ! यह 'डति' तो तिप्रत्ययान्त है ?

तो फिर जो शत्प्रत्ययान्त का प्रतिषेध करते हैं। [यही ज्ञापक बन जायगा।]

और जो तिप्रत्ययान्त का प्रतिषेध कहते हैं, वह भी [ज्ञापक] है।

(आक्षेपस्मारणभाष्यम्)

ननु चोक्तम्—"डत्यर्थमेतत् स्यात्" इति ॥

(समाधानभाष्यम्)

"अर्थवद्ग्रहणे नानर्थकस्य" इति अर्थवतस्तिशब्दस्य ग्रहणम् । न च डतेस्तिशब्दोऽर्थवान् ॥

प्रदीपः

अर्थवत इति । ननूभयसम्भव इयं परिभाषोपतिष्ठते । डत्यन्ता च कृत्रिमास्ति, डतेश्च तिशब्दोऽनर्थक एवेति तस्यैव निषेधः स्यादित्यज्ञापकस्त्यन्तायाः प्रतिषेधः ॥ नैष दोषः, 'अतिशदन्ताया' इत्युच्चारणकाल एवार्थवतस्तिशब्दस्य ग्रहणमिति प्रतीतिरिति ज्ञापकत्वमेव प्रतिषेधस्य ।

उद्द्योतः

नैष इति । अतिशदन्ताया इत्यस्य बहुव्रीहिगर्भतत्पुरुषत्वेन सङ्ख्याविशेषणतया विशिष्टबुद्धौ विशेषणज्ञानस्य कारणत्वाच्च तत्पदजन्योपस्थितिकालेऽर्थवदनर्थकयोः सम्भवेन पूर्वमर्थवत एव ग्रहणे निर्णीते पश्चात्सङ्ख्यापदार्थान्वयवेलायां जायमानानुपपत्तिज्ञानेन ज्ञापकत्वमेव कल्प्यत इति भावः । एतत्पक्षद्वये महासंज्ञाया अनुग्राहकत्वं वक्तुमयुक्तम्; तन्मूलकपक्षान्तरस्याग्रे वक्ष्यमाणत्वादित्यन्ये ॥

भावबोधिनी

क्यों श्रीमन् ! यह कहा जा चुका है कि वह 'डतिप्रत्ययान्त के लिये है ।'

"अर्थवान् के ग्रहण के प्रसङ्ग में अनर्थक का ग्रहण नहीं होता है' इसके द्वारा अर्थवान् 'ति' शब्द का ही ग्रहण होता है । और 'डति' का 'ति' अकेला अर्थवान् नहीं है । [अतः 'ति' से उसका ग्रहण नहीं होगा । तब 'ति' भी ज्ञापक बनता है ।]

विमर्श—'संख्याया अतिशदन्ताया कन्'' (५।१।२२) इस सूत्र से तिप्रत्ययान्त और शत्प्रत्ययान्त संख्या से भिन्न संख्यावाची से आर्हीय अर्थों में कन् प्रत्यय किया गया है । यहाँ 'अ-त्यन्त' 'अ-शदन्त' ये दोनों विशेषण हैं । ये जब सार्थक होंगे तभी हो सकते हैं । परन्तु 'बहुगणवतुडति संख्या' इस प्रस्तुत सूत्र से जिन-जिनकी संख्या संज्ञा कृत्रिम बनाई जा रही है उनमें कोई भी त्यन्त अथवा शदन्त नहीं है । यद्यपि 'डति' त्यन्त है किन्तु यह अकेला 'ति' अर्थवान् नहीं है अपितु 'डति' पूरा समुदाय । अतः इसके लिये 'ति' सार्थक नहीं माना जा सकता । ऐसी स्थिति में यह स्पष्ट है कि—'अतिशदन्त'=त्यन्तभिन्न और 'शदन्तभिन्न' विशेषण व्यर्थ हैं । ये ही ज्ञापक बनते हैं कि संख्याग्रहण में एकादि का भी ग्रहण होता है । अतः 'एकादिसंख्या' के अलग से ग्रहण करने की कोई आवश्यकता नहीं है ।

(चतुर्थं समाधानभाष्यम्)

अथवा महतीयं संज्ञा क्रियते। संज्ञा च नाम यतो न लघीयः॥

कुत एतत् ?

लघ्वर्थं हि संज्ञाकरणम्॥ तत्र महत्याः संज्ञायाः करण एतत्प्रयोजनम्—अन्वर्थसंज्ञा यथा विज्ञायेत—संख्यायते अनया—संख्येति। एकादिकया चापि संख्यायते॥

प्रदीपः

अथ वेति। ननु महत्याः संज्ञायाः करणात्तदर्थानुगतानामुपात्तानामेव संज्ञिनां भवतु संज्ञा, यथा सर्वादीनामेव सर्वनामसंज्ञा, न त्वधिकानाम्। तेन बहुगणशब्दयोः सङ्ख्यावैपुल्यवाचिनोः संज्ञा मा भूत्, एकादीनां तु कथं स्यात्॥ नैष दोषः, इहान्वर्थसंज्ञाकरणेन तावदनुरूपः संज्ञी सर्व आक्षिप्यते। तेनैकादीनां तावद् ग्रहणं भवति

उद्द्योतः

भाष्ये—संज्ञा च नामेति। नाम प्रसिद्धमेतद् यतोऽन्यल्लघीयो न भवति सा संज्ञेति। तदर्थानुगतानामिति। सङ्ख्यान-करणत्वसमानाधिकरणसङ्ख्याशब्दवदभिन्ना बह्वादय इत्यर्थादिति भावः। कथं स्यादिति। महासंज्ञाकरणस्य चरितार्थतया कृत्रिमत्वाथबाधे मानाभावादिति भावः॥ सर्व इति। नियतानियतसङ्ख्यावाचीत्यर्थः॥ आक्षिप्यत इति। सङ्ख्येति विभक्तसूत्रे इति शेषः। एवं च सङ्ख्यानकरणीभूताः सङ्ख्यासंज्ञका इत्यर्थः। संज्ञायाः संज्ञ्याकाङ्क्षतया तद्वाचकं पदमुपस्थितान्वर्थवाचकमेव कल्प्यत इत्ययमेवात्राक्षेप इति भावः॥ नियमार्थमिति। बहुगणेति द्वितीयसूत्रे सङ्ख्येति वर्तते। अनियतसङ्ख्यावाचिनां चेद्बह्वादीनामेवेति भावः॥ अतएवेति। अन्वर्थत्वाश्रयणादेवेत्यर्थः संज्ञा न भवतीति। प्राप्तेरेवाभावादिति

भावबोधिनी

(अनु०) अथवा 'संख्या' यह बड़े आकार वाली संज्ञा बनाई जा रही है। जब कि संज्ञा वही होती है जिससे छोटा आकार न हो सके अर्थात् अल्पाक्षरा टि-घु-भ आदि संज्ञा ही उचित होती है।

ऐसा क्यों है ?

चूंकि लघु = सरल संक्षिप्त रूप से व्यवहार करने के लिये ही संज्ञा (=नाम) बनायी जाती है। इस प्रसंग में बड़ी संज्ञा करने का यह प्रयोजन होता है—अन्वर्थ संज्ञा का जैसे ज्ञान हो सके, अर्थात् =व्युत्पत्ति-लभ्य अर्थ के अनुसार ज्ञान हो सके—संख्यायते अनया = जिसके द्वारा गिना जाय वह संख्या होती है। और एक, द्वि आदि शब्दों से भी गिना जाता है अतः वे भी 'संख्या' ही हैं।

(द्वितीयप्रयोजनप्रत्याख्यानभाष्यम्)

उत्तरार्थेन चापि नार्थः संख्याग्रहणेन । इदं प्रकृतमुत्तरत्रानुवर्तिष्यते ॥

(आक्षेपभाष्यम्)

इदं वै संज्ञार्थम्, उत्तरत्र च संज्ञिविशेषणेनार्थः ।

प्रदीपः

पश्चाद्बहुगणवतुडतीति भूर्यादिनिवृत्त्यर्थं नियमार्थं व्याख्यायते । अत एव सङ्घवैपुल्यवृत्त्योर्बहुगणशब्दयोः संज्ञा न भवति । तद्वदतिदेशपक्षेऽपि परस्परसाहचर्यात् संख्यावाचिनोरेव भूर्यादिनिवृत्तये नियमायातिदेशः क्रियत इत्यतिप्रसङ्गो न भवति ॥

उद्द्योतः

भाव: ॥ सङ्ख्यावाचिनोरेवेति । बहुगणयोरित्यर्थः ॥ नियमायेति । नियमफलक इत्यर्थः ॥

परे तु—परस्परसाहचर्यात्सङ्ख्याव्यापकार्थवाचिनोरेव बहुगणयोर्ग्रहणं न तु सङ्घवैपुल्यवचनयोरिति व्यर्थान्वर्थसंज्ञा । तस्मात् प्रदेशेषु लोकप्रसिद्धकेवलयोगार्थस्यापि ग्रहणार्थं महती संज्ञेति भाष्याशयः । असङ्ख्यां सङ्ख्येत्याहेति भाष्येण बह्वादिषु सङ्ख्यापदयोगार्थभावबोधनाच्चेति योगविभागो व्यर्थः ॥ एकादिकया चापि सङ्ख्यायते इत्यस्य एकादिकया संख्यायते सापि सङ्ख्याप्रदेशेषु यथा गृह्येतेति महासंज्ञाकरणमित्यर्थः । चस्तु वाक्यालङ्कारे । उभावपि वा वाक्यालङ्कार एव । यद्वा बह्वादिकयापि सङ्ख्यायते स्वव्याप्यत्रित्वादिद्वारेत्यर्थः ॥ वत्वन्तडत्यन्तयोर्यावदादिशब्दकतिशब्दयोर्यद्यपि साक्षात्सङ्ख्यानकरणीभूतार्थप्रतिपादकत्वमुपपादयितुमशक्यम् । तथापि कतीत्यत्र सङ्ख्यानकरणीभूतार्थविषयप्रश्नार्थकत्वेन तत्त्वम् । एवं वत्वन्तेऽप्यूह्यमित्याहुः ॥

भाष्ये संज्ञार्थमिति । संज्ञा शब्दस्वरूपं तदर्थकमित्यर्थः । संज्ञिनिरूपितसङ्ख्या-

भावबोधिनी

[इससे भी सिद्ध है कि सूत्र में 'एकादि संख्या' का ग्रहण करना आवश्यक नहीं है ।]

उत्तरवर्ती सूत्र के लिये भी संख्या-ग्रहण अनावश्यक

[ष्णान्ता षट्' इस] अग्रिम सूत्र के लिये भी यहाँ संख्या-ग्रहण की आवश्यकता नहीं है । यहाँ जो 'संख्या' शब्द है उसी की आगे अनुवृत्ति हो जायगी ।

यहाँ सूत्र में तो 'संख्या' यह संज्ञाबोधक है । जबकि उत्तरवर्ती सूत्र में तो यह संज्ञोविशेषण का ज्ञान कराने के लिये अपेक्षित होगा । [षान्त और नान्त जो संख्यावाची उनकी 'संख्या' होती है—इसके लिये है ।] संज्ञा के लिये प्रयुक्त 'संख्या' शब्द संज्ञी का बोधक नहीं बन सकता ।]

न चान्यार्थं प्रकृतमन्यार्थं भवति ॥ न खल्वप्यन्यत्प्रकृतमनुवर्तनादन्यद्भवति । न हि गोधा सर्पन्ती सर्पणादहिर्भवति ॥

(आक्षेपप्रथमयुक्तिसमाधानभाष्यम्)

यत्तावदुच्यते—न चान्यार्थं प्रकृतमन्यार्थं भवतीति ॥

अन्यार्थमपि प्रकृतमन्यार्थं भवति । तद्यथा-शाल्यर्थं कुल्याः प्रणीयन्ते,

प्रदीपः

संज्ञिविशेषणेनार्थं इति । ष्णान्तेत्यनेन विशिष्टं संज्ञिनं प्रतिपादयितुमुपयोग इत्यर्थः ॥ नचान्यार्थमिति । एकशब्दस्वदर्शन इति भावः ॥ भवतु तर्हि प्रतियोगं शब्दभेद इत्याह—न खल्वपीति । यथा गोधा देशान्तरगमनमात्रेण गोधात्वं न जहात्येवं शब्दोऽपि रूपान्तरं न गृह्णात्येवेत्यर्थः ॥

अन्यार्थमपीति । पदार्थानां शक्तिवैचित्र्यात् ॥

उद्द्योतः

शब्दनिष्ठशक्त्यवगमार्थं स्वरूपपरमिति भावः ॥ ननु ष्णान्तेत्यनेन सङ्ख्या विशेष्यत इति संज्ञिविशेषणं सङ्ख्याग्रहणमित्ययुक्तमत आह—ष्णान्तेति । भाष्ये संज्ञी=षट्संज्ञासंज्ञी विशेष्यते=स्वेतरव्यावृत्ततया प्रतिपाद्यते येनेत्यर्थः ॥ ननु स्वरितत्वबलेनानुमीयमानस्य शब्दान्तरत्वाच्छब्दभेदेनार्थभेदस्य सत्त्वेन न चान्यार्थमित्ययुक्तमत आह—एकेति । यस्य स्वरितत्वं प्रतिज्ञातं तदेवानुवर्तते न तु तज्जातीयं शब्दान्तरमिति भावः ॥ अर्थाधिकार एव चाभ्यर्हितः तदर्थस्य चायोग्यत्वादिहासंबन्ध इति भावः ॥ इत्याहेति । इत्याशङ्क्याहेत्यर्थः ॥ भाष्ये—न खल्वपीति प्रकृतमनुवर्तनाद्देशान्तरगमनादन्यद्भवतीति नखलु इत्यन्वयः ॥ यथेति । सर्पणस्योभयत्र तुल्यत्वेन प्रसक्तमहित्वं गोधाया वार्यत इति नार्थः, सर्पणस्याहिशब्दप्रवृत्तिनिमित्तत्वाभावात् किं तु देशान्तरगमनं नान्यत्वापादकमित्यर्थं इति भाव; ॥ रूपान्तरम्=अर्थभेदम् ॥

पदार्थानामिति । द्वन्द्वः ॥ शक्तिवैचित्र्याद् । अनेकशक्तित्वादित्यर्थः ॥ एवंच

भावबोधिनी

जिस कार्य के लिये जो प्रयुक्त है वह आगे उससे भिन्न कार्य के लिये नहीं माना जा सकता । कारण यह है कि प्रस्तुत रूप वाला अनुवृत्ति होने पर दूसरा नहीं हो सकता । [जो संज्ञावाचक यहाँ हैं वह अनुवृत्त होता हुआ भी संज्ञावाचक ही रहेगा, संज्ञिवाचक नहीं होगा ।] क्योंकि गोह प्राणी सरकने से साँप नहीं बन जाती । [अपितु गोह ही रहती है ।]

यह जो कहा जा रहा है—'अन्य प्रयोजन के लिये प्रयुक्त शब्द उससे भिन्न प्रयोजन के लिये नहीं होता है'—[ऐसा सर्वत्र नहीं देखा जाता है ।]

अन्य प्रयोजन के लिये प्रयुक्त वस्तु भी उससे भिन्न प्रयोजन के लिये हो जाती है । उदाहरणार्थ—धान [आदि की सिंचाई] के लिये [खेतों में] कुल्या = नहरें नालियाँ बनाई जाती हैं, किन्तु उनसे पानी पिया भी जाता है [हाथ-पैर

ताभ्यश्च पानीयं पीयते, उपस्पृश्यते च, शालयश्च भाव्यन्ते ॥

(आक्षेपद्वितीयसमाधानभाष्यम्)

यदप्युच्यते—न खल्वप्यन्यत् प्रकृतमनुवर्तनादन्यद्भवति । नहि गोधा सर्पन्ती सर्पणादहिर्भवतीति ॥

भवेद्—द्रव्येष्वेतदेवं स्यात् ।

शब्दस्तु खलु येन येन विशेषेणाभिसंबध्यते, तस्य तस्य विशेषको भवति ॥

(समाधानयुक्त्यन्तरभाष्यम्)

अथ वा–सापेक्षोऽयं ["ष्णान्ता" इति] निर्देशः क्रियते । न चान्यत्किंचिद-

प्रदीपः

शब्दस्त्विति । स्वरितत्वेन वाक्यान्तरे शब्दान्तरं वाक्यार्थानुग्राहिवस्तुप्रतिपादन-

उद्द्योतः

पूर्वत्र तथा शक्त्या स्वरूपपरस्यापि उत्तरत्रान्यथा शक्त्या योग्यतावशादर्थपरत्वे बाधकाभावः । शब्दाधिकारोऽत्र लक्ष्यानुरोधादाश्रीयत इति भावः ॥

[भाष्ये] भवेद् द्रव्येष्वेतदेवं स्यादिति । स्यादिति संभावनायां लिङ् । भवेदिति

भावबोधिनी

आदि का] उपस्पर्श = प्रक्षालन भी किया जाता है और धान भी [सींच कर] उत्पन्न किये जाते हैं ।

और यह भी जो कहा जाता है—अन्य कार्य के लिये प्रयुक्त शब्द अनुवृत्ति से उससे भिन्न नहीं हो जाता है—क्योंकि गोह सरकने मात्र से साँप नहीं बन जाती है ।'

यह बात द्रव्यों के विषय में तो ठीक है । परन्तु शब्द तो जिस जिस विशेष = परिच्छेद्य = विशेष्य के साथ सम्बद्ध होता है उस उस का विशेषक = = विशेषण बन जाता है ।

अथवा ['ष्णान्ता' इसी स्त्रीलिङ्ग द्वारा किया गया] यह निर्देश सापेक्ष है । और यहाँ पर कोई दूसरा अपेक्षणीय नहीं है । [अतः अनुवृत्ति के बिना भी हम] संख्या की ही अपेक्षा करेंगे । [ष्णान्ता = षान्ता नान्ता' यह स्त्रीलिङ्ग विशेषण

पेक्ष्यमस्ति । ते संख्यामेवापेक्षिष्यामहे ॥

(२०० आक्षेपवार्तिकम् ॥३॥)

॥ * ॥अध्यर्धग्रहणं च समासकन्विध्यर्थम् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

अध्यर्धग्रहणं च कर्तव्यम् ॥

किं प्रयोजनम् ?

समासकन्विध्यर्थम् । समासविध्यर्थम्, कन्विध्यर्थं च ॥ समासविध्यर्थं

प्रदीपः

योग्यमनुमीयते । सादृश्यात्तु तत्त्वाध्यवसाय इत्यर्थः ॥

सापेक्षोऽयमिति । स्त्रीलिङ्गेन निर्देशः कृतः । तत्र प्रकृतत्वादन्यपदार्थत्वेन संख्या स्वरितत्वेन विनाप्यपेक्ष्यत इत्यर्थः ॥

उद्द्योतः

प्रार्थनायाम् । द्रव्ये विषये पूर्वोक्तार्थकर्तृका संभाविता सत्ता भवत्वित्यर्थः ॥ शब्द-भेदनयेऽपि न क्षतिरित्याह—शब्दस्त्विति ॥ येन येन विशेषेणेति । विशेष्यत इति विशेषः = परिच्छेद्यम् ॥ विशेषकः = परिच्छेदकः । तत्परिच्छेदकार्थवानन्य एव शब्दो भवतीत्यर्थः ॥ तदुपपादयति —स्वरितत्वेनेति ॥

भावबोधिनी

प्रयुक्त है । इसे विशेष्य की अपेक्षा है । स्त्रीलिङ्ग होने के कारण पूर्वप्रयुक्त 'संख्या' को ही विशेष्य के रूप में अपेक्षा करना उचित है । अतः कोई दोष नहीं है ।]

(वा०) समास तथा कन् प्रत्यय करने के लिये [प्रस्तुत सूत्र में] अध्यर्ध शब्द का [भी ग्रहण करना चाहिये] ।

(भा०) और (सूत्र में) अध्यर्ध—शब्द का भी ग्रहण करना चाहिये ।

किस प्रयोजन के लिये ?

समास और कन् प्रत्यय करने के लिये । समास करने के लिये का उदाहरण

तावत्—अध्यर्धशूर्पम् ॥ कन्विध्यर्थम्—अध्यर्धकम् ॥

(२०१ आक्षेपप्रयोजनवार्तिकम् ॥४॥)

॥ * ॥ लुकि चाऽग्रहणम् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

लुकि चाध्यर्धग्रहणं न कर्तव्यं भवति—"अध्यर्धपूर्वद्विगोर्लुगसंज्ञायाम्"

प्रदीपः

अध्यर्धग्रहणं चेति । वार्तिके संख्याग्रहणं कर्तव्यत्वेन स्थितम् । तदपेक्षया समुच्चयार्थश्चशब्दः । विध्यर्थं चेदं ग्रहणम्, अध्यर्धशब्दस्य त्रिभागचतुर्भागादिशब्दवदसंख्यावाचित्वात् । अर्धशब्दश्चैकदेशवाची न संख्यावाची एकदेशादिशब्दवत् । तस्याधिकशब्देन समासे कृते यौगिकोर्थः प्रतीयते न संख्या ॥ अध्यर्धशूर्पमिति । अध्यर्धेन शूर्पेण क्रीतमिति 'दिक्संख्ये' इत्यनुवर्तमाने 'तद्धितार्थे'ति समासः । ततः 'शूर्पादञन्यतरस्यामिति' वा अञ्ठञो वा 'अध्यर्धपूर्वेति' लुक् ॥ अध्यर्धकमिति । संख्याया अतिशदन्तायाः कन्निति कन् ॥

उद्द्योतः

अध्यर्धस्यासंख्यावाचित्वमुक्तमुपपादयति—अर्धशब्दश्चेति ॥

भावबोधिनी

है—अध्यर्धशूर्पम् और कन् प्रत्यय के लिये उदाहरण है—अध्यर्धकम् ।

विमर्श—अध्यर्धेन शूर्पेण क्रीतम्—इस अर्थ में 'शूर्पादञन्यतरस्याम्' (५।१।२६) सूत्र से से तद्धित अञ् अथवा ठञ् प्रत्यय होता है । 'तद्धितार्थोत्तरपद-समाहारे च' (२।१।५१) इस सूत्र में 'दिक्संख्ये संज्ञायाम्' (२।१।५०) सूत्र से संख्या की अनुवृत्ति होने के कारण 'अध्यर्ध' और 'शूर्प' का समास होता है । तब 'अध्यर्धपूर्वद्विगोर्लुगसंज्ञायाम्' (५।१।२८) सूत्र से अञ् और ठञ् का लुक् होने पर 'अध्यर्धशूर्प'—रूप बनता है । यदि 'अध्यर्ध' की संख्या संज्ञा नहीं होगी तो समास भी नहीं होगा, प्रत्यय का लुक् भी नहीं होगा ।

अध्यर्धेन क्रीतम्—इस अर्थ में अध्यर्ध की संख्या संज्ञा हो जाने से 'संख्याया अतिशदन्तायाः कन्' (५।१।२२) से कन् प्रत्यय होने पर अध्यर्धकम् रूप बनता है ।

(वा०) और लुक् के लिये अध्यर्ध का ग्रहण नहीं करना पड़ेगा ।

(भा०) "अध्यर्धपूर्वद्विगोर्लुगसंज्ञायाम्" (५।१।२८) इस लुक्विधायक सूत्र में

इति । "द्विगोः" (५।१।२८) इत्येव सिद्धम् ॥

(२०२ आक्षेपवार्तिकम् ॥५॥)

॥ * ॥ अर्धपूर्वपदश्च पूरणप्रत्ययान्तः ॥ * ॥

(भाष्यम्)

अर्धपूर्वपदश्च पूरणप्रत्ययान्तः संख्यासंज्ञो भवतीति वक्तव्यम् ॥

किं प्रयोजनम् ?

प्रदीपः

द्विगोरित्येव सिद्धमिति । समासकन्विद्धयर्थमिति संबन्धसामान्ये षष्ठी । तेन समासे विधीयमाने समासनिमित्ते चान्यस्मिन् कार्ये विधीयमान इत्यर्थः । तेन द्विगुनिमित्तो लुगपि लभ्यते ॥

अन्ये त्वाहुः—अध्यर्धशब्दः संख्यावाच्येव । तथाहि गण्यते–एकोऽध्यर्धः, द्वौ-अध्यर्धौ, अध्यर्धतृतीया इति । तन्मते नियमार्थमध्यर्धशब्दस्यैव संख्यात्वेन ग्रहणं यथा स्यात् सार्धादीनां मा भूदिति ॥ वाक्यभेदेन च द्वितीयो नियमस्तस्य च समासकन्विध्यर्थं संख्यात्वं न कार्यान्तरार्थमित्यर्थः ॥

उद्द्योतः

ननु समासकन्सिद्धये विधीयमाना संज्ञा कथं लुको निमित्तमत आह—समासेति । समासपदेन द्विगुसमास एव, तस्यैव सङ्ख्यानिमित्तकत्वात् । तन्निमित्तकमपि द्विगुनिमित्तकमेवेत्याह—तेन द्विग्विति ॥

भावबोधिनी

'अध्यर्धग्रहण नहीं करना पड़ता है क्योंकि "द्विगोर्लुगसंज्ञायाम् (५।१।२८) इसी सूत्र से लुक् सम्भव हो जाता है । [भाव यह है कि जब 'अध्यर्ध' शब्द को भी संख्या संज्ञा कर दी जायगी तब अध्यर्ध इस संख्यावाचक का समास भी द्विगु हो जायगा । फलतः "द्विगोर्लुगसंज्ञायाम्" (५।१।२८) इस सामान्य सूत्र से ही लुक् सम्भव हो जाने के कारण 'अध्यर्धपूर्व-द्विगोर्लुगसंज्ञायाम्' इसमें अध्यर्ध-ग्रहण की आवश्यकता नहीं रह जाती है ।]

(वा०) अर्ध—यह है पूर्वपद जिसका ऐसे पूरणार्थक-प्रत्ययान्त शब्द की [भी संख्या संज्ञा कहनी चाहिए ।]

(भा०) अर्ध जिसका पूर्वपद है ऐसे पूरणार्थक-प्रत्ययान्त (पूरणार्थक प्रत्यय है अन्त में जिसके ऐसे शब्द को संख्या संज्ञा होती है—ऐसा कहना चाहिए ।

इसका क्या प्रयोजन है ?

समासकन्विध्यर्थमेव। समासविध्यर्थं कन्विध्यर्थं च। समासविध्यर्थं तावत्—अर्धपञ्चमशूर्पम्॥ कन्विध्यर्थम्—अर्धपञ्चमकम्॥

(२०३ आक्षेपवार्तिकम् ॥६॥)

॥ * ॥ अधिकग्रहणं चालुकि समासोत्तरपदवृद्ध्यर्थम् ॥ * ॥

(भाष्यम्)

अधिकग्रहणं चालुकि कर्तव्यम्॥

किं प्रयोजनम् ?

उद्द्योतः

भाष्ये अधिकग्रहणं चेति। लुग्भिन्नसङ्ख्याकार्यसिद्ध्यर्थमधिकग्रहणं सङ्ख्यासंज्ञायां कर्तव्यमित्यर्थः॥

भावबोधिनी

समास-कन् प्रत्यय का विधान करने के लिए। समास का विधान करने के लिये और कन् प्रत्यय का विधान करने के लिये। समास का विधान करने के लिये उदाहरण–अर्धपञ्चमशूर्पम्। [अर्धेन पञ्चमः—इस विग्रह में समास करने पर 'अर्धपञ्चमः' बनता है। 'अर्धपञ्चमेन शूर्पेण क्रीतम्' इस अर्थ में 'शूर्पादञन्यतरस्याम्' (५।१।२६) यह सूत्र विकल्प से अञ् और ठञ् प्रत्यय करता है। यहाँ 'पञ्च-म' यह शब्द पूरणार्थक डट्=अ प्रत्ययान्त है और अर्ध शब्द इसमें पूर्वपद के रूप में प्रयुक्त है अतः 'अर्धपञ्चम' शब्द की संख्या संज्ञा हो जाने के फलस्वरूप 'तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च' (२।१।५१) इस सूत्र द्वारा 'शूर्प' शब्द के साथ उसका द्विगु समास हो जाने से 'अध्यर्धपूर्वद्विगोर्लुगसंज्ञायाम्' (५।१।२८) सूत्र से अञ् और ठञ् तद्धित प्रत्ययों का लुक् हो जाता है।] "संख्यायाः अतिशदन्तायाः कन्" (५।१।२२) से कन् प्रत्यय का विधान करने के लिये––अर्धपञ्चकम्।

['समासविध्यर्थम्' इसका आशय है द्विगुसमास करने के लिये तथा तन्निमित्तक अन्य कार्य=लुक् करने के लिए–अर्धपूर्वपदवाले तथा पूरणार्थक प्रत्यय अन्तवाले की संख्या संज्ञा करनी चाहिए।]

(वा०) (संख्या-संज्ञा-विधायक सूत्र में) 'अधिक' इस शब्द का भी ग्रहण करना चाहिए लुक् से भिन्न विषय में समास करने के लिये तथा उत्तरपद की वृद्धि के लिए।

(भा०) लुक् से भिन्न (संख्या कार्यों) के लिये 'अधिक' शब्द का ग्रहण करना चाहिए अर्थात् सूत्र में 'अधिक' शब्द का ग्रहण करके उसकी भी संख्या संज्ञा करनी चाहिए किन्तु लुक् विषय में नहीं।

क्या प्रयोजन है ?

